Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

खत्री हितैषी

विशेषांक

स्वर्ण जयन्ती विशेषांक

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute. Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

स्वर्ण जयन्ती वर्ष पर हार्दिक बधाइयां :

समाज की सेवा ही, भगवान की सच्ची सेवा है। संगठन में ही शक्ति है। आप समाज के लिए बहुत उपयोगी है। अपने को समाज सेवा के प्रति सक्रिय रक्खें :

卐 卐 卐

स्व० प्रताप नरायन कपूर

भू० पू० अध्यक्ष, उ० प्र० खत्री सभा

□□

मेसर्स राम नरायन प्रताप नरायन

मेसर्स राम गंगा कोल्ड स्टोरेज

कन्नौज

□

मेसर्स आर. पी. केमीकल वर्क्स

कन्नौज

□

मेसर्स पाली पैक ऊवेन सैकस प्रा. लि.

कन्नौज

□

मेसर्स प्रताप शुगर इण्डस्ट्रीज

सनऊवा, (मोहम्दी) खीरी

□

आर. पी. शुगर इन्डस्ट्रीज प्रा. लि.

पंसगवां, जिला खीरी

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री हितैषी

स्वर्ण - जयन्ती विशेषांक

वर्ष १९३६ - ८७

प्रथम खण्ड

इतिहास के झरोखों से

द्वितीय खण्ड

खत्री समाज की महान विभूतियों का परिचय
जिन पर समाज को गर्व है

प्रकाशक

श्री खत्री उपकारिणी सभा लखनऊ

खत्री भवन

डा० गयेन्द्र मार्ग, लखनऊ-२२६ ०१८

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute. Mulukata Collection

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

स्वर्ण - जयन्ती विशेषांक

विमोचन दिनांक ११ सितम्बर, १९८८ हरिद्वार

इस अंक में

प्रथम खण्ड

- खत्री जाति की उत्पत्ति
- जाति क्या है ?
- क्षत्री तथा खत्री शब्द का अन्तर
- खत्री सब एक हैं
- खत्री जाति की विशेषतायें
- खत्रियों एवं अरोड़ों की अल्लें
- खत्रियों के गोत्र
- मान्य देवी-देवता
- सूर्यवंश-चन्द्रवंश की वंशावली
- तड़बन्दी
- भारत के इतिहास में खत्रियों का स्थान
- खत्री और उनके पूर्वज
- खत्रियों की जातीय सम्पत्ति क्या है ?
- धार्मिक उत्सव तथा पर्व
- खत्रियों के जातीय गुण
- मान्य तीर्थ स्थान
- मान्य वृक्ष
- मान्य पशु-पक्षी और पवित्र अस्त्र-शस्त्र
- विवाह एक यज्ञ–विवाह एक संस्कार
- खत्रियों के संस्कार
- अन्त्येष्ठि संस्कार में हमारा प्रायः अज्ञान
- अरोड़ों का इतिहास

द्वितीय खण्ड

लगभग २५० उन महान विभूतियों की जीवनी

जिन पर समाज को गर्व है

यह पुस्तक अधिक से अधिक खत्री परिवारों में पहुंच सके इस उद्देश्य से

मूल्य मात्र २५) रु० डाक व्यय अतिरिक्त

प्रबन्ध सम्पादक

खत्री सतीशचन्द्र सेठ

सेठ सदन-विवेक खण्ड

२०, राणा प्रताप मार्ग

लखनऊ-२२६ ००१

सह सम्पादक

खत्री महेन्द्र कुमार मेहरा

सर्वश्री हिन्दी साहित्य भण्डार

५५, चौपटियाँ रोड, सरायं माली खां

लखनऊ-२२६ ००३

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

हम नत मस्तक हैं !

आपकी प्रेरणा

एवं

आशीर्वाद से

खत्री

समाज

के

इतिहास

का

यह संकलन

प्रकाशित

हो सका

सम्पादक मण्डल

एवं

प्रबन्ध-मण्डल

खत्री हितैषी मासिक

उत्तर प्रदेश



जातिरत्न

खत्री बिशनचन्द सेठ जी

वृन्दावन

मुख्य संरक्षक खत्री हितैषी मासिक

उत्तर प्रदेश

समाज के

प्रकाश

स्तम्भ



जातिभूषण

स्व० खत्री प्रताप नारायन कपूर

कन्नौज

भू०पू० अध्यक्ष उत्तर प्रदेश खत्री सभा

भू०पू० संरक्षक खत्री हितैषी मासिक

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Digital Archive.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

स्वर्ण-जयन्ती वर्ष पर खत्री समाज को

हार्दिक बधाइयाँ

कर्मठता एवं दानशीलता के लिए

स्व० सीताराम टण्डन जी

खत्री समाज में चिरस्मरणीय रहेंगे

आपके पदचिन्हों पर चलकर

अनवरत उन्नति की ओर

अग्रसर प्रतिष्ठान

फोन दुकान : ४३८६४
निवास : ३५८६२

सर्वश्री ग्राटोरज

हर प्रकार के स्कूटर व मोटर साइकिल के असली पुर्जो का एकमात्र बिक्री केन्द्र

स्टील बर्ड कं०

फाईनेकस कं०

पूजा

आदि द्वारा निर्मित आटो पार्टस तथा ऐसेसरीज आदि का

टण्डन परिवार का एकमात्र प्रतिष्ठान

८, बी० एन० रोड, लखनऊ-२२६ ००१

खत्री सुरेश कुमार टण्डन खत्री अजय कुमार टण्डन

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री

: जाति - गान

ब्रह्म विष्णु - शिव शक्ति उपासक,
निरंकार ओंकार आराधक ।
सूर्यवंश तब, चन्द्रवंश तब,
अग्निवंश जय हे, क्षत्रि जाति जय हे ।।
खत्री जाति जय हे ।

शिवा, चण्डिका, जोन बराही,
अष्टभुजी जय, विध्यवासिनी ।
वैष्णो माता ज्योताँवाली,
जय माता दी जय हे, क्षत्रि जाति जय हे ।।
खत्री जाति जय हे ।

भृगु अंगिरा अत्रिकुल संस्कृति,
नानक श्रीचन्द्र, गोविन्द संतति ।
सैनिक, शासक, भूपति पालक,
सो निहाल जय हे, क्षत्रि जाति जय हे ।।
खत्री जाति जय हे ।

ऋद्धि - सिद्ध समृद्धि दिवाकर,
पर दुःख कातर, सहज कृपाकर ।
जन-जन सेवक, सेवा प्रेरक,
आर्यवंश जय हे, क्षत्रि जाति जय हे ।।
खत्री जाति जय हे ।

रचयिता—स्व० कृष्णचन्द्र मेहरोत्रा
(जातिगौरव) वाराणसी

लखनऊ खत्री समाज के प्रकाश स्तम्भ



प्रसिद्ध वस्त्र व्यवसायी
स्व० बेनी माधव खत्री
कर्मठता एवं दानशीलता के लिए आप
खत्री समाज में चिरस्मरणीय रहेंगे
परिश्रम ही भगवान की सच्ची पूजा है

जिनके आशीर्वाद
से अनवरत प्रतिष्ठान

सर्वश्री बेनी माधव खत्री
थोक वस्त्र व्यापारी

सर्वश्री नारायण बेनी खत्री
छपी साड़ी के निर्माता (बम्बई एवं पाली)
कार्यालय-पुराना नजाजा अमीनाबाद, लखनऊ

सर्वश्री राज कुमार टन्डन
(एच० यू० एफ०)
थोक वस्त्र व्यापारी

सर्वश्री खत्री टेक्सटाइल्स
थोक वस्त्र विक्रेता
गणेशगंज, लखनऊ-२२६ ०१८
दूरभाष :—दुकान ४६१९३ निवास ३५५२४ - ७६१४४

CC-0. Bhagavad Ramanuja National P...

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक के शुभ अवसर पर टण्डन बन्धुओं की हार्दिक बधाईयाँ

मार्डन टी कम्पनी

खुली चाय के थोक व फुटकर विक्रेता

गोल दरवाजा के भीतर चौक, लखनऊ-२२६ ००३

खत्री जयकिशोर टण्डन

निवास ८२८२६ —: फोन :— ८३४१६ प्रतिष्ठान

स्वर्ण-जयन्ती के अवसर पर हमारी हार्दिक शुभकामनाएँ :

सुशील कुमार कपूर

एजेन्ट :— जीवन बीमा निगम

DIPLOMA IN LIFE INSURANCE MARKETING

MEMBER DIVISIONAL MANAGERS CLUB

LAHARPUR. SITAPUR

उपाध्यक्ष खत्री सभा लहरपुर

HEARTIAST CONGRATULATION ON CELEBRATION OF

"GOLDEN JUBLE" OF "KHATTRI HITAISHI"

WITH BEST COMPLIMENTS FROM

STUDIO VIJAY

NEAR POST OFFICE 20, KHUN KHUN JI ROAD

CHOWK LUCKNOW-226 003

Specialist in : VIDEO 4 COLOUR, PHOTO GRAPHY, MARRIAGE, BIRTHDAY, PARTY Etc

Prop. Khattri Vijay Mehrotra

खत्री हितैषी अमर रहे

हितैषी

सम्पादक मण्डल

द्वारा प्राप्त

सहयोग

से



मुद्रित :—बन्धु प्रिंटिंग प्रेस, लखनऊ

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

भूमिका



खत्री डा० बैजनाथ पुरी
बी-५८, सेक्टर-ए, महानगर
लखनऊ-२२६ ००६

खत्री जाति का इतिहास गौरवमय एवं महत्वपूर्ण है। इसका सम्पूर्ण विवरण 'क्ष' एवं 'ख' के बीच में विलुप्त है 'क्ष' का 'ख' में परिवर्तन बोलचाल भाषा की देन है। पालि एवं प्राकृत में 'क्ष' के अभाव से क्षत्री को खत्री अथवा 'खत्री' या 'खत्रिय' कह देना साधारण था। क्षयित्रों का व्यवसाय राज्य एवं युद्ध करना था पर खत्रियों का व्यापार से सम्बन्धित होना उनके सम्मानित स्तर को एक श्रेणी नीचे रखा गया। इसमें जनमत गणना के अधिकारियों की चाल थी

भारतीय इतिहास, पुरातत्व और संस्कृति के मूर्धन्य विद्वान भारतीय मनीष को अन्तर्राष्ट्रीय अभिस्वीकृत प्रदान कराने में सक्षम, गुणिषु प्रमोद, प्रबुद्ध प्रेरक 'इतिहास विशेषज्ञ" एम० ए० एल-एल० बी०, एम० लिट० डी० फिल० "इतिहास-मनीषी" सम्मान से सम्मानित—खत्री इतिहास पर शोध करता। लगभग २५ ऐतिहासिक पुस्तकों के लेखक के रूप में ख्याति प्राप्त इतिहासकार डा० बी० एन० पुरी जी ने, इस स्वर्ण जयन्ती विशेषांक की "भूमिका" लिखकर जो सहयोग प्रदान किया है, उसके लिए हम सभी आपके आभारी हैं।

—प्रबन्ध सम्पादक

और १९०१ का सामाजिक जाति आन्दोलन अपने ढग का था। इसे सफलता मिली। उसने जाति के इतिहास लिखने के लिए विद्वानों को प्रोत्साहित भी किया। सर्वश्री सर्वन लाल खडन और बाद में श्री मोती लाल सेठ ने अपने ढग से खत्रियों का इतिहास लिखा जिसमें व्याकरण एवं साहित्य के आधार पर तथा पाश्चात्य विद्वानों के मतों का सहारा लेकर 'खत्री' को 'क्षत्रिय' अथवा 'क्षत्रि' श्रेणी में डालने का प्रयास किया गया। तत्कालीन परिस्थिति में इस ढग से इतिहास लिखा जाना स्वाभाविक था।

आज इस तरह के प्रकाशन को ८० वर्षों से अधिक समय हो चुका है। इतिहास का मोड़ बदल चुका है एवं 'खत्री' 'क्षत्रिय' की समानता अथवा एकीकरण की समस्या नहीं रह गई है।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National R...

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

अब तो मध्य एवं आधुनिक कालों में राजनैतिक, आर्थिक तथा धार्मिक एवं साहित्यक क्षेत्र में खत्रियों के योगदान का अनुपात करना है। कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं रहा है जहाँ खत्रियों ने अपना सिक्का न जमाया हो। राजनीतिक एवं प्रशासनिक क्षेत्रों में मध्यकाल से ही खत्री उच्चपदों पर आसीन रहे। अलाउद्दीन से मुगलों के समय तक इनका उत्तरी भारत की राजनीति में एवं प्रशासन, शिक्षा तथा वित्तीय क्षेत्र में अधिकार रहा। इन्हें दक्षिण में भी इसी कार्य हेतु भेजा गया। कई राज्यों में यह दीवान के पदों पर आसीन रहे। व्यापार में इनकी सफलता दिल्ली, ढाका, कलकत्ता एवं अहमदाबाद (गुजरात) में इस स्तर पर पहुंच गई थी कि विदेशी यात्रियों ने इसका विवरण दिया है। साहित्य एवं धार्मिक क्षेत्रों में भी फारसी, हिन्दी एवं उर्दू में रचनाएं की। इन्होंने धर्म को राजनीति से जोड़कर एक नई दिशा दी। गुरुनानक से गुरुगोविन्द सिंह जी तक के सब सिख गुरु खत्री थे। महाराजा रंजीत सिंह तथा मराठों के यहाँ भी खत्री उच्च पदों पर थे। इनकी वीर गाथा भी हरी सिंह नलवा, मूलराज चोपड़ा इत्यादि की मिसालों से मिलती है। आधुनिक युग में भी इनका स्वधीनता आन्दोलन में हाथ रहा। स्वतन्त्रता प्राप्त करने के बाद यह सेना के क्षेत्र में तीनों अंगों में सर्वोच्च पदों पर रहे। यह उनकी प्राचीन वीरता एवं शौर्यता का प्रतीक है। जैसा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस हिदायत उल्ला ने मेरी पुस्तक 'खत्रिज' ए-शोशियल हिष्टारिकल स्टडीज' (खत्री जाति एक सामाजिक, ऐतिहासिक अध्ययन) की भूमिका में लिखा है कि "खत्री चाहे जिस क्षेत्र में रहे हों सदैव सर्वोच्च पद पर पहुंच सके हैं"।

मुझे प्रसन्नता है कि खत्री हितैषी जो लगभग पचास वर्षों से जाति की सेवा में संलग्न है अपना स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक निकाल रही है। मुझे इसे देखने और पढ़ने का अवसर मिला और इसमें जाति के सामाजिक इतिहास, रीतियों एवं जाति के गण्यमान्य व्यक्तियों के परिचय उपलब्ध हैं। यह बात विशेषतया उल्लेखनीय एवं सराहनीय है कि इतने कम पृष्ठों में खत्री जाति के इतिहास एवं सांस्कृतिक पहलुओं पर इस विशेषांक में समाज को बड़ी उपयोगी सामग्री देने का प्रयास किया गया है इसलिए सम्पादक तथा प्रबन्ध मण्डल बधाई के पात्र हैं। मुझे आशा है कि इस पत्रिका को अधिक से अधिक खत्री भाई अपनायेंगे।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS, MoE. Digitization: eGangotri.

अखिल भारतीय खत्री महासभा के भूतपूर्व अध्यक्ष
उत्तर प्रदेश खत्री सभा के संरक्षक
खत्री हितैषी मासिक के संरक्षक
साहित्यकार एवं विख्यात प्रकाशक

जातिभूषण खत्री कृष्णचन्द्र बेरी जी के

उद्गार

खत्री जाति ने प्रत्येक काल में अपनी जातीय अस्मिता बनाये रखने के साथ ही संपूर्ण समाज की उन्नति और मानवमात्र की सेवा में जो अनवरत योग दान दिया है उससे यह बात निर्मूल सिद्ध हो जाती है कि जातीय चेतना का फल संकुचित मानसिकता होती है। जाति व्यवस्था के कारण चाहे बाद में समाज में कुछ खराबियाँ आ गई हों। किन्तु इसमें संदेह नहीं कि इस व्यवस्था का आरम्भ श्रम विभाजन और विशेषीकरण के सिद्धान्तों की नींव पर हुआ था। यह दोनों सिद्धान्त आज भी अर्थशास्त्र के महत्वपूर्ण अंग हैं।

किन्तु प्रत्येक सामाजिक व्यवस्था में यह भी खतरा छिपा रहता है कि वह ऐसा विकृत रूप ले ले कि समाज को लाभान्वित करने की बजाय उसकी जड़ में कीड़ा लगाने का काम करने लगे। जातीय विशिष्टता यदि विलगीकरण का रूप ले लेती है तो वह स्वयं अपने को अनजाने ही अवनति के मार्ग पर अग्रसर करने लगती है। जहाँ किसी जाति ने अपने सदस्यों को सीमित घेरे में बंद किया और समाज के अन्य अंगों से पूर्ण संपर्क और समन्वय स्थापित न होने दिया उसी समय से वह जाति या वर्ग अपने को अलग-थलग करने लगता हैं और कालांतर में मृत या अर्धमृत होकर समाज के कंधे का बोझ बन जाता है। ऐसी दशा में उसकी प्राचीन उपलब्धियाँ प्राणहीन रूढ़ियों के रूप में ही रह जाती हैं, भाँति-भाँति की कुरीतियाँ और आत्मघाती संस्कार उसमें पैदा हो जाते हैं और उसके सदस्यों के पास एक थोथे ऐतिहासिक अभिमान के अतिरिक्त और कुछ नहीं रह जाता, क्योंकि साधारण समाज के लिये उनके अस्तित्व की अर्थवत्ता नहीं रह जाती और किसी प्रकार का सामाजिक सम्मान उन्हें नहीं मिल पाता।

सौभाग्य से खत्री जाति के समक्ष ऐसी स्थिति कभी नहीं आई। प्रत्येक युग में उसके साधारण सदस्यों ने अपनी आर्थिक और सामाजिक दृढ़ता कायम रखी है और प्रत्येक युग में उसके विशिष्ट व्यक्तियों ने प्रत्येक क्षेत्र—प्रशासन, रणकौशल, व्यापार, शिक्षा, साहित्य, कला आदि—में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। गुरूनानक, गुरू-गोविन्द सिंह, राजा टोडरमल, दीवान मूलराज, रामकृष्ण खत्री, आचार्य नरेन्द्र देव, राजर्षि पुरुषोत्तमदास टंडन उन खत्री नर-पुंगवों की लम्बी सूची में से कुछ नाम हैं, जिन्होंने तत्कालीन समाज को प्रगति के मार्ग पर ले जाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। इसी स्वस्थ् परम्परा का प्रभाव है कि यद्यपि उन शताब्दियों में जब कि सारा भारतीय समाज रुढ़िग्रस्त हो गया था। खत्री समाज में भी कुछ अस्वस्थ्य परम्पराओं ने प्रवेश पा लिया, तथापि कुल मिलाकर इस जाति के सदस्य समाज की अग्रिम पंक्तियों में बने रहे।

यह संभव इसीलिये हुआ कि प्रत्येक युग में खत्री प्रतिभाओं ने अपने काल की मुख्य समस्याओं से आगे बढ़ कर टक्कर ली, वे केवल अपनी पुरानी परम्पराओं के पोषक नहीं रहे, बल्कि उन्मुक्त मानसिकता, धैर्य, साहस और कर्मठता के शस्त्रों से सज्जित होकर सामाजिक उन्नति के रणांगण में कूद पड़े।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

किन्तु हमारे अंग्रेजों ने जो कुछ किया बात वहीं पर खत्म नही हो जाती। खत्रियों की महत्वपूर्ण भूमिका की परम्परा अगर हमें कायम रखनी है तो हमें स्व प्रेरणा के बल पर आज की समस्याओं से टक्कर लेनी होगी। यह बताने की आवश्यकता नहीं कि आज भारतीय समाज के सामने जितनी भीषण समस्याएं हैं उतनी शायद पहले कभी नहीं थी। बेरोजगारी, निर्धनता और शारीरिक स्वास्थ्य हीनता की समस्याएं तो पहले भी थीं और आज भी हैं, सबसे बड़ी समस्या सामाजिक विघटन की है। तरह-तरह के बहाने गढ़कर स्वार्थीलोग जनता के विभिन्न वर्गों और सम्प्रदायों को आपस में लड़ा रहे हैं। कहीं धर्म का नाम लेकर निर्दोष लोगों की हत्या होती है, कहीं धार्मिक जुलूस या तो झगड़ा कराने के लिये निकाले जाते हैं या झगड़ा कराने के लिए उनपर पथराव कर दिया जाता है। इसी प्रकार के स्वार्थों के वशीभूत होकर लोग सती जैसी बर्बर और अशास्त्रीय रुढ़ि का पुनरुत्थान करने में लगे हैं और कहीं धर्मग्रन्थों की शाब्दिक सीमाओं में बंधकर विधवाओं को उनके मानवीय अधिकार से वंचित किया जाता है। दहेज के लिए वधू दाह या वधू उत्पीड़न अब प्रत्येक जाति में घर कर गया है।

खत्री समाज समय-समय पर अपनी जाति में अस्वस्थ परम्पराओं के विरुद्ध संघर्ष छेड़ता रहा है और उसने यथेष्ट रूप से इसमें सफलता भी प्राप्त की है। किन्तु हमें इसी पर संतोष नहीं कर लेना चाहिये। जाति सुधार से आगे बढ़कर हमें पूरे समाज के सुधार में अग्रणी की भूमिका निभानी चाहिये। क्योंकि हमारी परम्परा यही रही है।

हम इस कार्य के लिये सक्षम भी हैं। हमारी आर्थिक, शैक्षणिक, सामाजिक और वैचारिक स्थिति ऐसी है कि हमें इस दिशा में अग्रसर होने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिये। जरूरत सिर्फ अपने दायित्व के बोध और दृढ़ निश्चय की है।

खत्री बन्धुओं की प्रत्येक जातीय संस्था अपने कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से ऐसे रचनात्मक और सुधारात्मक अंग शामिल करे जिनका लाभ जाति भाइयों से आगे बढ़कर अन्य लोगों को भी मिले। कुरीतियों के विरुद्ध अभियान, एकता के प्रयास, स्वास्थ्य और शिक्षा प्रसार, भ्रष्टाचार विरोध और इसी प्रकार के अन्य उद्देश्यों के लिए हमारे जातीय संगठनों को अग्रसर होना चाहिए। और इनमें अन्य जातियों के प्रगतिशील तत्वों का सहयोग भी लेना चाहिये। समय की यही मांग है।

जहां समाचार-पत्र, पत्र-पत्रिकायें अल्पायु में विलुप्त होते रहते हैं, वहीं "खत्री हितैषी" के स्वर्ण जयन्ती अंक का प्रकाशन सामाजिक संचार माध्यम के क्षेत्र में एक चिरस्मरणीय घटना है। पत्रिका स्वयं में मुखर रही है। जो कार्य अब भ० सा० खत्री महासभा या उत्तर प्रदेश खत्री सभा तथा अन्य स्थानीय खत्री सभाओं ने किये, उन्हें अपने निर्भीक सम्पादकीय के माध्यम से खत्री हितैषी प्रेरणा देता रहा।

विगत ५० वर्षों में इसका निष्ठावान सम्पादकीय परिवार समाज का जागृत प्रहरी रह कर सेवारत रहा। समाज के कार्यक्रमों के संपादक के रूप में खत्री हितैषी परिवार को हार्दिक धन्यवाद देते हुए हम स्वर्ण जयन्ती के इस पुण्य महान अवसर पर अपनी कृतज्ञता व्यक्त कर अपने कर्त्तव्य की औपचारिकता मात्र का निर्वाह कर रहे हैं। वस्तुतः इस महान ऐतिहासिक अवसर पर समाज को स्वयं एक महान आयोजन कर पत्रिका के पूरे परिवार को स्मृति फलक आदि प्रदान कर सम्मानित करना चाहिये।

पत्रिका के इस अंक में खत्री जाति का इतिहास, गणमान्य समाज सेवियों के परिचय, संस्थाओं के कार्यक्षेत्रों का विवरण आदि उपयोगी सामग्री प्रस्तुत की गई है। अतः इतिहास सम्बन्धी तथ्यों की पुनरावृत्ति इस लेख में करना अभीष्ट नहीं प्रतीत हुआ।

अन्त में खत्री हितैषी के प्राण विशेषांक के प्रबन्ध सम्पादक जाति भूषण युवा आंदोलन प्रेरक खत्री सतीश चन्द्र सेठ, पत्रिका के सम्पादक खत्री कैलाश नाथ जलोटा प्रबन्धक खत्री राधाकृष्ण टण्डन सह-सम्पादक खत्री महेन्द्र कुमार मेहरा तथा उनके अन्य सहयोगियों को हम साधुवाद देते हैं। हमें आशा है दृढ़व्रती, सत्यनिष्ठ यह परिवार हितैषी के स्वर्ण जयन्ती अंक के प्रकाशन के बाद समाज को दहेज समाचार 'नशीले पदार्थों' की बढ़ती प्रवृत्ति के प्रतिकार आदि विषयों पर भी विशेषांक प्रकाशित कर समाज का पथ-प्रदर्शन करेगा।

अपनी तथा समाज सेवियों की ओर से बधाई देते हुए अपने उद्गार लिखने के आमंत्रण के लिये कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ। कामना है हितैषी शतायु हो।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

सम्पादकीय एवं आभार

स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक

वर्ष १९३६ से १९८७

क्षत्रधर्म समुन्नत्ये, देविः संकिटता वयम् ।
शुभाशिष मिहास्यर्म्यं, देहितत्यूर्तये ॥

हे देवि ! शक्ति रूपामां, हम खत्री (क्षत्रिय) बन्धु क्षत्र धर्म की उन्नति के लिये सगठित हुए हैं—इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए हमें अपना शुभाशीर्वाद दो।

किसी भी राष्ट्र, समाज, समुदाय, संस्था के उत्थान में पत्र-पत्रिकाओं का विशेष महत्व होता है। इस सत्य को खत्री समाज के कर्णधारों ने समझा व स्वीकारा और वर्ष 1825 के आस पास से इस दिशा में सतत प्रयत्नशील रहे। खत्री समाज की पत्र-पत्रिकाओं का पूर्व का इतिहास तो उपलब्ध नहीं है। परन्तु 1872 में सर्वप्रथम पंजाब से खत्री समाज के पत्र का प्रकाशन उर्दू में आरम्भ होने के प्रमाण मिलते हैं। वर्ष 1879 में आगरा से "खत्री हितकारी" नामक मासिक पत्र का प्रकाशन हुआ। इसी क्रम में समय समय पर अनेक पत्रिकाओं का प्रकाशन विभिन्न प्रान्तों व नगरों से हुआ जैसे—

खत्री संसार (हैदराबाद) वरुण सन्देश (जोधपुर) खत्री समाज (कलकत्ता) अरोड़ वंश सखा (व्यावर) खत्री दर्शन (नागपुर) अरोड़ सन्देश (दिल्ली) श्री ब्रह्म क्षत्रिय हितेच्छू (अहमदाबाद) सोमादित्य (जोधपुर) भारतीय खत्री समाज (बम्बई) अरोड़ वंश सुधारक (दिल्ली) सहस्त्रार्जुन वाणी (बैंगलोर) हिंगलाज ज्योति (जोधपुर) सूद सन्देश (कपूरथला-चन्डीगढ़) ब्रह्म क्षत्रिय (बम्बई) सहस्त्रार्जुन वाणी (शोलापुर) खत्री प्रगति (झाँसी) जातिबोध (विवेकानन्द नगर म० प्र०) अरोड़ बन्धु (श्री गंगा नगर राज०) आदि का मासिक अथवा त्रैमासिक के रूप में प्रकाशन आरम्भ हुआ, परन्तु अधिकांश का अब कहीं पता नहीं है।

नवम्बर 1936 में आगरा व अवध के संयुक्त प्रान्त (वर्तमान में उत्तर प्रदेश) की राजधानी के खत्री समाज की एकमात्र प्रतिनिधि सभा "श्री खत्री उपकारिणी सभा लखनऊ" ने अपने सक्रिय सदस्य स्व० श्री महाराज किशोर टण्डन जी (जिनका चित्र इस अंक के मुख्य पृष्ठ पर मुद्रित है) की योजना को साकार रूप प्रदान करते हुए "खत्री हितैषी" मासिक का प्रकाशन आरम्भ किया जो 50 वर्षों से निरन्तर प्रकाशित हो रही है और देश के खत्री समाज की सेवा कर रही है।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute. Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

आज देश का खत्री समाज इस बात का गर्व कर सकता है कि जातीय पत्र-पत्रिकाओं की शृंखला में "खत्री हितैषी" ही एकमात्र ऐसा मासिक है, जो कि देश के सात करोड़ की संख्या वाले खत्री समाज का मार्ग दर्शन एवं सेवा करता हुआ अपनी "स्वर्ण-जयन्ती" मना रहा है।

बड़ी विडम्बना है कि आजादी के 41 वर्षों के बाद भी हमारे बच्चों को, उनका इतिहास पढ़ाया जाता है, जिन्होंने हमें सैकड़ों वर्षों तक गुलाम रखा। परन्तु हमारे बच्चों को यह जानकारी नहीं है कि हम स्वयं कौन हैं—हमारी उत्पत्ति कहाँ से हुई—हम कहाँ से आये हैं—हमारे वंशज कौन थे—हमारे बुजुर्ग क्या करते थे—हमारे देवी-देवता, त्योहार, रीतिरिवाज, खानपान, भाषा आदि क्या थी—आदि विषयों पर हमारी पीढ़ी अनभिज्ञ है और हमारी अखिल भारतीय खत्री महासभा तथा उत्तर प्रदेश खत्री सभा भी इस ओर ध्यान नहीं देती है।

पिछले 40 वर्षों से यह माँग की जाती रही है कि "खत्री जाति का इतिहास प्रकाशित किया जाय। अनेक बन्धुओं एवं संस्थाओं ने इस दिशा में कार्य भी किया, परन्तु पूर्ण सफलता न मिल सकी। उत्तर प्रदेश खत्री सभा जिसका गठन वर्ष 1936 में हुआ था, बीच में लुप्त हो गई, जब उसके पुर्नगठन का भार मुझे सौंपा गया और 1982 से 1983 तक उ० प्र० के प्रत्येक अंचल का भ्रमण कर लगभग दस हजार खत्री परिवारों से सम्पर्क किया तो यह अनुभव हुआ कि खत्री बन्धुओं को अपने विषय में जानने व समझने की लालसा है, वे अपना इतिहास जानना, समझना चाहते हैं। फिर जिन विद्वानों व इतिहासकारों ने "खत्री जाति का इतिहास" लिखा वह या तो इतना विस्तृत था कि लोगों के पास उसे पढ़ने व समझने का समय नहीं था या फिर इतनी कम मात्रा में प्रकाशित हुआ कि वह कुछ इने गिने लोगों तक ही सीमित रह गया।

उपरोक्त को दृष्टिगत रखते हुए "खत्री हितैषी" के 50 वर्ष पूर्ण होने पर प्रबन्धक मण्डल ने यह निर्णय लिया कि, जिस प्रकार "खत्री हितैषी" अकेले ही देश के खत्री समाज की सेवा करती चली आ रही है, (जो कि अन्य समाजों के लिए भी उदाहरण है) इसी शृंखला में "खत्री समाज के इतिहास" को संक्षिप्त एवं सरल भाषा में समाज को उपलब्ध करवाया जाय तथा यह दायित्व मुझे सौंपा गया।

हमें प्रसन्नता है कि इस महान कार्य में हमें समाज की खत्री सभाओं, सम्पन्न वर्ग, विद्वानों, साहित्यकारों, इतिहासकारों एवं सामान्य कार्यकर्ता का सहयोग प्राप्त हुआ। हमारी योजना "स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक" को तीन खण्डों में प्रकाशित करने की थी। प्रथम—इतिहास के झरोखों से द्वितीय—खत्री समाज की महान विभूतियाँ—जिन पर समाज को गर्व है। तृतीय—खत्रियों द्वारा स्थापित संस्थाओं का विवरण।

भारत एक विशाल देश है और देश के कोने कोने में खत्री बन्धु निवास करते हैं और हर क्षेत्र में खत्रियों ने अपनी कीर्ति पताका फहराई है। जाहिर है कि इतने विशाल क्षेत्र से प्रकाशनार्थ

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

सामग्री के संकलन एवं अनेक अन्य कारणों से विशेषांक के प्रकाशन में एक वर्ष से भी अधिक समय लग गया। ऐसी स्थिति में समाज के कुछ अत्यधिक उत्साही बन्धु हतोत्साहित हो, यह प्रचार करने लगे कि "विशेषांक" प्रकाशित नहीं होगा। अतः समाज में "खत्री हितैषी" की साख बनाए रखने के उद्देश्य से प्रबन्धक मण्डल ने यह निर्णय लिया कि "तृतीय खण्ड" के प्रकाशन को स्थगित कर दिया जाए और "विशेषांक" का विमोचन करा दिया जाए फिर भी प्रबन्धक मण्डल द्वारा घोषित 100 पन्नों के स्थान पर 307 पन्नों का यह "विशेषांक" समाज को इस आशा और विश्वास के साथ "समर्पित" है कि समाज इसके माध्यम से कुछ जानकारी प्राप्त कर लाभान्वित होगा।

"खत्रियों द्वारा स्थापित संस्थाओं" के विषय में भी हमारे पास देश के विभिन्न भागों से काफी जानकारी व विवरण प्राप्त हुए हैं। इसके अतिरिक्त "इतिहास" सम्बन्धी भी कुछ सामग्री हमारे पास उपलब्ध है जैसे—"धर्म गुरु और संत"—"खत्रियों के पाधा-पुरोहित"—सूर्यवंशी-चन्द्रवंशी" तथा "यग्निवंशी खत्रियों" के भेद—"खत्रियों की प्रथा" आदि इनके अतिरिक्त अपने समाज के कुछ प्रमुख जाति सेवियों के जीवन परिचय भी हमें समय से प्राप्त न हो सकने के कारण इस "विशेषांक" में प्रकाशित नहीं हो सके हैं। किसी अन्य अवसर पर साधन उपलब्ध होने पर प्रकाशन सम्भव हो सकेगा।

हम आभारी हैं—

"स्वर्ण जयन्ती विशेषांक" में जो सामग्री प्रकाशित की गई है। उसे हमने निम्नलिखित प्रसिद्ध इतिहासकारों की पुस्तकों तथा अन्य पुस्तकों एवं समय-समय पर विभिन्न खत्री सभाओं द्वारा प्रकाशित "स्मारिकाओं" में प्रकाशित विद्वान लेखकों के लेखों से साभार लिया है—

इतिहासकार—स्व० श्री मोती लाल सेठ जी—स्व० श्री सर्वन लाल टण्डन जी—स्व० बाबू बालकृष्ण प्रसाद खत्री जी—स्व० श्री राम रक्खामल कपूर जी तथा खत्री डा० बैज नाथ पुरी जी।

पुस्तकें—"खत्री जाति परिचय (लखनऊ से प्रकाशित)" खत्री जाति का ऐतिहासिक दस्तावेज "(कानपुर से प्रकाशित)" अरोड़वंश का सक्षिप्त इतिहास "(बीकानेर से प्रकाशित)" स्वतंत्र भारत के स्वर्गीय रणवीर" (लखनऊ से प्रकाशित) "खत्रियों की प्रथा" (कलकत्ता से प्रकाशित) "खत्रियों के रीतरिवाज" (मथुरा से प्रकाशित) "खत्री जाति का ऐतिहासिक प्रकरण" (इलाहाबाद से प्रकाशित)—'वैवाहिक-प्रथा दर्पण' (क्षत्रीय चार जाति सभा लाहौर द्वारा प्रकाशित) इनके अतिरिक्त लगभग 30 स्मारिकायें और अनेक पत्र पत्रिकायें तथा स्व० श्री दयाली राम खत्री (तालबेहट) के परिवार द्वारा उपलब्ध कराये गये खत्री हितैषी के पुराने अंक एवं पत्र-पत्रिकायें आदि।

इस अंक के प्रकाशन में हमें निम्न बन्धुओं का सहयोग प्राप्त हुआ है—खत्री विश्वेश्वर नाथ मेहरोत्रा जी (कानपुर) संयोजक—"इतिहास उप-समिति अ०भा० खत्री महासभा"—खत्री हरिमोहन

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute. Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

दास टण्डन (इलाहाबाद) अध्यक्ष उ०प्र० खत्री सभा—खत्री प्रदीप मेहरोत्रा जी (लखनऊ) समाचार सम्पादक दूरदर्शन लखनऊ—खत्री डा० भंवर अरोड़ा (चुरू राजस्थान)—खत्री गुरदेव बधवा जी (दिल्ली)—जातिगौरव खत्री श्री नारायन टण्डन जी (आगरा) खत्री गोपाल चन्द्र मेहरोत्रा जी (मथुरा) खत्री गिरीश मेहरा जी (दिल्ली) खत्री किशन चन्द्र टण्डन जी (कलकत्त) खत्री नवल खन्ना जी (कानपुर) खत्री किशोर कुमार टण्डन जी (लखनऊ) खत्री सोहन लाल मेहरोत्रा जी (वाराणसी)—खत्री सन्तोष कुमार साहनी जी (तालबेहट)—खत्री विनय खन्ना (मुरादाबाद)—खत्री सुरेश टण्डन जी (लखनऊ) खत्री रामरतन साहनी जी (झाँसी) जातिगौरव खत्री राम नाथ महेन्द्र जी (कानपुर) जातिभूषण खत्री पूरन चन्द्र बेरी जी (आगरा) खत्री राजकुमार सेठ (लखनऊ) श्रीमती खत्री कुसुम टण्डन जी (मेरठ) स्व० श्री तेजनारायन टण्डन जी (लखनऊ) जातिभूषण खत्री गोपाल दास खन्ना जी (इलाहाबाद) खत्री कमल सेठ (लखनऊ) खत्री बिजय सहगल (झाँसी) खत्री जे० एन० मेहरोत्रा (लखनऊ)।

खत्री राजकुमार सहगल जी (लखनऊ) मुख्य आवरण के छायाकार—खत्री सुनील बैजल जी (लखनऊ) मुख्य आवरण के मुद्रक तथा श्री अशोक कुमार दीक्षित जी (लखनऊ) पत्रिका के मुद्रक—सर्वश्री हिन्दी साहित्य भण्डार (चौक लखनऊ) प्रकाशक के अतिरिक्त पत्रिका के संरक्षक सदस्यों सभी विज्ञापन दाताओं—पाठकों—शुभचिन्तकों तथा जिन्होंने अप्रत्यक्ष रूप में भी सहानुभूति रखते हुये हमारे मनोबल को बनाये रखा या अन्य किसी प्रकार से सहयोग दिया उन सभी के प्रति मैं अपनी ओर से—श्री खत्री उपकारिणी सभा लखनऊ की ओर से तथा खत्री हितैषी के प्रबन्धक मण्डल व सम्पादक मण्डल की ओर से आभार प्रकट करता हूँ।

हमारा प्रयास रहा है कि सीमित साधनों तथा सीमित पन्नों में हम अधिक से अधिक उपयोगी सामग्री सकलित कर इस विशेषांक के द्वारा खत्री परिवारों तक पहुँचायें। हमारा यह प्रयास कहाँ तक सफल या असफल रहा यह तो तभी ज्ञात हो सकेगा जब हमें आपके पत्रों द्वारा आपकी प्रतिक्रिया ज्ञात हो सकेगी।

जय खत्री समाज

प्रबन्ध सम्पादक



खत्री हितैषी का संरक्षक शुल्क ५०१) रु० मात्र

CC-0. Bhanavat Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक

१९३६-८७

सम्पादक मण्डल

प्रबन्धक

खत्री राधाकृष्ण टण्डन

मन्त्री हितैषी



खत्री अशोक कुमार खन्ना

प्रबन्ध सम्पादक

जातिभूषण
खत्री संतीशचन्द्र सेठ

सम्पादक

खत्री कैलाशनाथ जलोटा

सह सम्पादक



खत्री महेन्द्र कुमार मेहरा

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute. Melukote Collection

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री हितैषी (मासिक) की प्रकाशक

श्री खत्री उपकारिणी सभा लखनऊ की

कार्यकारिणी समिति की सूची

अध्यक्ष :— श्री खत्री अमर नाथ मेहरोत्रा, एड्वोकेट
३५, खुनखुन जी रोड, चौक, लखनऊ-२२६ ००३

उपाध्यक्ष :— श्री खत्री गुलाबचन्द्र सेठ
२०, राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ-२२६ ००१

उपाध्यक्ष :— श्री खत्री मुनेन्द्र नाथ मेहरोत्रा
'शंकर आश्रम' मिर्जा मण्डी, चौक, लखनऊ-२२६ ००३

महामंत्री :— जातिभूषण खत्री सतीशचन्द्र सेठ
सेठ सदन, विवेक खण्ड, २० राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ-२२६ ००१

कोषाध्यक्ष :— श्री खत्री गोपाल दास कपूर
कन्हैया कुन्ज, ३०, खुनखुन जी रोड, चौक, लखनऊ-२२६ ००३

सहमंत्री :— श्री खत्री प्रभात मेहरोत्रा
२६५, बाजार झाऊलाल, अमीनाबाद, लखनऊ-२२६ ०१८

भण्डार मंत्री :— श्री खत्री राधा कृष्ण टण्डन
प्रबन्धक हितैषी :— २२, लेइयावाली गली, अमीनाबाद, लखनऊ-२२६ ०१८

मंत्री हितैषी :— श्री खत्री अशोक कुमार खन्ना
सर्वश्री बेनी माधव रामनाथ होलसेल
मेहरा बिल्डिंग, गुईन रोड, अमीनाबाद, लखनऊ-२२६ ०१८

सदस्य :— श्री खत्री भोला नाथ खन्ना
सर्वश्री प्रेम मेडिकल हाल
घन्टाघर पार्क, अमीनाबाद, लखनऊ-२२६ ०१८

सदस्य :— श्री खत्री गंगा नारायन कपूर
३०, खुनखुन जी रोड, चौक, लखनऊ-२२६ ००३

सदस्य :— श्री खत्री कैलाश नाथ सेठ
सन्तोष निवास, २२/४२, पीरपुर स्क्वायर, नरही, लखनऊ-२२६ ००१

सदस्य :— श्री खत्री शिवराम कपूर
सी-२०-के रोड (मन्दिर मार्ग) महानगर विस्तार-२२६ ००७

सदस्य :— श्री खत्री सुरेश कुमार टण्डन
सर्वश्री आटोएज, नं० ८ बी० एन० रोड, लखनऊ-२२६ ००१

सदस्य :— खत्री विजय नारायन कपूर
बाजार झाऊलाल, अमीनाबाद, लखनऊ-२२६ ०१८

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

उत्तरप्रदेश खत्री सभा

मुख्य संरक्षक–जातिरत्न खत्री विशनचन्द्र सेठ, रमणरेती, चुंगी चौकी के पास, वृन्दावन, मथुरा

उ.प्र. खत्री सभा के सत्र १९८६-८८ के पदाधिकारी गण

नाम	पद	पता	फोन नं० कार्यालय–निवास
खत्री हरिमोहनदास टण्डन	(अध्यक्ष)	५८, रानीमण्डी, इलाहाबाद	५११४२ ५०५१७
जातिभूषण खत्री धर्मपाल मेहरा	(निवर्तमान अध्यक्ष)	नईकोठी, आगरा रोड, हाथरस	८९८ ४१२
जातिभूषण खत्री कालीचरन टण्डन	(वरिष्ठ उपाध्यक्ष)	प्रताप कुटीर, स्टेशन रोड, कन्नौज	— —
खत्री शंकरलाल मेहरोत्रा	(महामन्त्री)	चित्रा, चौक, वाराणसी ६४०९६	६३४२१ ६४५२५
जातिभूषण खत्री सतीशचन्द्र सेठ	(निवर्तमान महामंत्री)	सेठ सदन, विवेक खण्ड २०, राणाप्रताप मार्ग, लखनऊ	३४३१८
खत्री रामलाल खन्ना	(कोषाध्यक्ष)	सर्वश्री मोहनलाल कृष्णचन्द्र, चौक, वाराणसी	६३४८४ ५४०३१
खत्री श्यामसुन्दर मेहरोत्रा	(सहमंत्री)	५४५, मालवीय नगर, इलाहाबाद	५१५५१ पी०पी०
खत्री प्रयाग नारायन कपूर	(संगठन मंत्री)	३६/३४, राममोहन हाता, कानपुर	६२४६९
खत्री डा० आर० एन० वैजल	(सांस्कृतिक मंत्री)	आशीर्वाद प्रभु टाउन गेट के-पास प्रभुटाउन, रायबरेली-२२५००१	२८४९ पी०पी० — —
खत्री नवल खन्ना	(मण्डलीय मंत्री)	५४/२६, नयागंज, कानपुर	६९४९६ ६१०१२

उपाध्यक्ष

नाम	मण्डल	पता	फोन नं० कार्यालय–निवास
जातिगौरव खत्री आर० एन० मेहरा	देहरादून	सुमन विला, वजीर हसन रोड, लखनऊ-१	३४३८४ ४९६९२
खत्री त्रिलोकचन्द्र सेठ	बरेली	३५/७८, सिविल लाइन्स, बरेली	— —
जातिगौरव खत्री त्रिभुवननाथ पुरी	शाहजहाँपुर	मे० पुरी ट्रान्सपोर्ट कं० लहरपुर, सीतापुर	२६
जातिभूषण खत्री सतीशचन्द्र सेठ	लखनऊ	२०, राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ	३४३१८ पी०पी०
खत्री मोहननारायन टण्डन	इलाहाबाद	७, सम्मेलन मार्ग, इलाहाबाद	— —
जातिगौरव खत्री रामनाथ महेन्द्र	कानपुर	मे० भगतराम जयनारायन बिरहाना रोड, कानपुर	६३३०७ २४१४०५
खत्री प्रकाश नारायन कपूर	वाराणसी	मे० रामनारायन प्रतापनारायन महात्मा गांधी मार्ग, कन्नौज	२४/२७ ७७

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute. Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

नाम	मण्डल	पता	फोन नं० कार्यालय–निवास
जातिगौरव खत्री रामभरोसे कपूर	आगरा	४७३, महंतपुरा गली, मथुरा	— —
जातिगौरव खत्री प्रकाशशंकर टंडन	मेरठ	टण्डन विला, ३/२ रामघाट रोड आर०टी०ओ० आफिस के सामने, अलीगढ़	३७५७ ४११३

मण्डल संयोजक

नाम	मण्डल	पता	फोन नम्बर
खत्री किशोर कुमार सेठ	देहरादून	वीरा बिल्डिंग, शेखपुरा कनखल, हरिद्वार	— —
खत्री सी० एल० सरीन, एडवोकेट	बरेली	११६, टिकैतगंज, बदायूं	— —
जातिगौरव जयकारनाथ कपूर	शाहजहाँपुर	महेन्द्र टोला, खैराबाद, सीतापुर	— —
किशोर कुमार टण्डन	लखनऊ	सरायं माली खां, चौक, लखनऊ	८२५०८
खत्री अनूपकुमार मेहरोत्रा	इलाहाबाद	६५, रास मण्डल, जौनपुर	— —
खत्री सुशील खन्ना	कानपुर	३६/१८, राममोहन हाता, कानपुर	— —
खत्री सुभाष मेहरा	वाराणसी	M/s सूखा हारी जानसेनगंज, इलाहाबाद	— —
खत्री प्रदीपकुमार अरोरा	आगरा	अरोरा सदन, ३०१ सीकनापान गली, रुई की मण्डी, हाथरस	— —
खत्री जे० पी० कपूर	मेरठ	जे २/४५, विजयनगर, कानपुर	— —

अध्यक्ष द्वारा कार्यकारिणी समिति के मनोनीत सदस्य

नाम	पता	फोन नं० कार्यालय–निवास
जातिभूषण खत्री काशीनाथ मेहरोत्रा	काशी निवास, काशी नगर, लखीमपुर	२००५
जातिभूषण खत्री पूरनचन्द्र बेरी	९४, कसेरट बाजार, आगरा–३	७२४८९ ७४०७३
खत्री सोहनलाल मेहरोत्रा	मेघदूत इन्जीनियरिंग, मलदहिया, वाराणसी	६५६९१ ६५७५९
खत्री राजेन्द्रनाथ मेहरोत्रा	मे० लाला केदारनाथ खत्री, महात्मा गांधी मार्ग, कन्नौज	५ ९५
खत्री प्रकाशनारायन कपूर	मे० प्रकाश आटोमोबाइल चौराहा बिलग्राम, हरदोई	— —
खत्री सन्तोषकुमार साहनी	तालबेहट, जिला–ललितपुर	— —
श्रीमती कामिनी टण्डन	२२/२२, पटकापुर, कानपुर	— ६१२०७
श्रीमती शान्ति सेठ	१३/१४ मौरावां हाउस, कैंट रोड, लखनऊ	— —
श्रीमती सुधा अरोरा	डी १५/४१, नीची ब्रह्मपुरी, बांस फाटक, वाराणसी	५३६३५ ६२८१८
कु० शोभा टण्डन	७, सम्मेलन मार्ग, इलाहाबाद	— —

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

उत्तर प्रदेश खत्री सभा

से

सम्बद्ध सभायें

१ खत्री सभा देहरादून
२ खत्री सभा (बी.ऐच.ई.एल. पंचपुरी) हरिद्वार
३ खत्री सभा सहारनपुर
४ खत्री सभा रुड़की
५ खत्री सभा बरेली
६ खत्री सभा मुरादाबाद
७ खत्री सभा अमरोहा
८ खत्री सभा रामनगर
९ खत्री सभा रामपुर
१० खत्री सभा काशीपुर
११ खत्री सभा शाहजहांपुर
१२ खत्री सभा सीतापुर
१३ खत्री सभा लहरपुर
१४ खत्री सभा बिसवां
१५ खत्री सभा खैराबाद
१६ खत्री सभा लखीमपुर-खीरी
१७ खत्री सभा मोहम्मदी
१८ खत्री सभा हरदोई
१९ खत्री सभा पिहानी
२० खत्री सभा बिलग्राम
२१ श्री खत्री उपकारिणी सभा लखनऊ
२२ खत्री सभा रायबरेली
२३ खत्री सभा अकबरपुर
२४ खत्री सभा बाराबंकी
२५ खत्री सभा प्रयाग
२६ खत्री सभा सुल्तानपुर
२७ खत्री सभा जौनपुर
२८ खत्री सभा प्रतापगढ़
२९ खत्री सभा कानपुर
३० सारस्वत खत्री सभा फर्रुखाबाद
३१ सारस्वत खत्री सभा कन्नौज
३२ खत्री सभा तालबेहट
३३ खत्री सभा झांसी
३४ खत्री सभा कालपी
३५ खत्री सभा कोंच
३६ खत्री सभा इटावा
३७ खत्री हितकारिणी सभा वाराणसी
३८ श्री खत्री सभा मीर्जापुर
३९ खत्री सभा आगरा
४० खत्री सभा अलीगढ़
४१ खत्री सभा हाथरस
४२ खत्री सभा मथुरा
४३ खत्री सभा कासगंज
४४ खत्री सभा मेरठ
४५ खत्री सभा गाजियाबाद
४६ खत्री सभा इटावा

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute. Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

स्वर्ण-जयन्ती के अवसर पर खत्री समाज को शुभ कामनायें :—

खत्री गोपाल कृष्ण कपूर

फोन— निवास ७४१६१ पी०पी०
प्रतिष्ठान ७८४२६

卐

सर्वश्री सस्ता साड़ी इम्पोरियम

सूटिंग-शर्टिंग एवं हर प्रकार की साड़ी, शाल, ड्रेस मैटीरियल, कम्बल, चादर आदि के विक्रेता

बड़ा बाजार, बरेली

खत्री नरेश कुमार नानक लाल चोपड़ा

सर्वश्री नरेन्द्र स्टोर्स

टी० बी० सेटस एवं टेपरिकार्डर आदि के विक्रेता

मेनरोड चिखली, जिला-बुलडाणा

सहयोगी प्रतिष्ठान — सर्वश्री रमेश हार्डवेयर

कथा रस्सी, नैलोन रस्सी, हार्डवेयर आदि थोक भाव मिलने का स्थान

मेनरोड चिखली, बुलडाणा

स्वामी रमेश लाल नानक लाल चोपड़ा

With best compliments from :

Phone 83246

PRESSTO PUBLISHING HOUSE (Printer)

29, NAPIER ROAD COLONY PART (I), LUCKNOW

• PRINTERS • PUBLISHER • STATIONER

• SCREEN • OFFSET PRINTERS

KHATTRI SUNIL KUMAR BAIJAL

WITH BEST COMPLIMENTS FROM :—

GOLDEN CRISPIES (INIDA) Pvt. Ltd.

LUCKNOW

INTRODUCING FIRST TIME IN INDIA

INTERNATIONAL QUALITY OF SNACK ROODS.

'MASALA PUFFS'

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

उत्तर प्रदेश खत्री सभा

द्वारा "अलंकार" से सम्मानित "खत्री हितैषी" परिवार के बन्धुओं का परिचय

उ० प्र० खत्री सभा, अन्तर्राष्ट्रीय-राष्ट्रीय अथवा प्रान्तीय स्तर के जाति सेवी, समाज सेवी, राष्ट्र सेवी, वैज्ञानिक, चिकित्सक, शिक्षाविद, अभियन्ता, अधिवक्ता, सैनिक तथा इनके समकक्ष उन खत्री बन्धुओं को जिनके कर्म से राष्ट्र तथा समाज का मस्तक ऊँचा हुआ हो, ऐसे खत्री बन्धुओं को प्रान्तीय स्तर पर "जातिभूषण" तथा जनपद स्तर पर "जातिगौरव" अलंकार प्रदान कर सम्मानित करती है।

हर्ष का विषय है कि "उत्तर प्रदेश खत्री सभा" की कार्यकारिणी समिति ने दिनांक ९ नवम्बर वर्ष १९८६ को शाहजहाँपुर में सम्पन्न अपनी बैठक में प्रदेश स्तर पर "दस" विशिष्ट जाति सेवियों को "जातिभूषण" अलंकार से तथा जनपद स्तर पर "सोलह" विशिष्ट जाति सेवियों को "जातिगौरव" अलंकार से एक-एक शील्ड एवं एक-एक ऊनी शाल भेंट कर सम्मानित किया। इनमें अधिकतर "खत्री हितैषी" परिवार के बन्धु हैं। इन सभी अलंकृत बन्धुओं को अनेकानेक बधाइयाँ। अलंकृत बन्धुओं में से जिनका सहयोग "खत्री हितैषी" को प्राप्त हुआ और उनके चित्र एवं जीवनी उपलब्ध हो सकी, उनका संक्षिप्त विवरण समाज की जानकारी हेतु प्रस्तुत है।

—सम्पादक

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute. Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

राष्ट्रीय चेतना के प्रतीक-समाज एवं जाति सेवा में अग्रणी, स्नेहमय ममत्व धनी स्व० बुद्धू लाल मेहरोत्रा जी का जन्म कानपुर के प्रतिष्ठित मेहरोत्रा परिवार में श्री ज्वाला प्रसाद मेहरोत्रा जी के घर वर्ष १८९६ में कानपुर में हुआ था।

आप जीवन भर राष्ट्रीय चेतना की मुख्य धारा से जुड़े रहे। "सादा जीवन-उच्च विचार" को उन्होंने सदा जीवन में उतारने का प्रयास किया। कानपुर नगर के खत्रियों के जन-सेवारत संस्थान उनके स्मारक के रूप में सदैव याद किये जायेंगे।

सार्वजनिक खत्री धर्मशाला—छोटे लाल गया प्रसाद ट्रस्ट—बुद्धा देवी अस्पताल—खत्री औषधालय—नवजीवन पुस्तकालय एवं अनेक संस्थायें उनके निर्देशन और मार्ग-दर्शन में सफलतापूर्वक संचालित होती रही हैं। उनकी अथक सेवाओं को ध्यान में रखते हुए अखिल भारतीय खत्री महासभा ने उन्हें "जाति-रत्न" अलंकार से सम्मानित करने का निश्चय किया। परन्तु मेहरोत्रा जी की अस्वस्थता के कारण उनके जीवन काल में समारोह यह उपाधि उन्हें दी न जा सकी।

चित्र उपलब्ध नहीं

जातिभूषण
स्व० बुद्धू लाल मेहरोत्रा

इस महान जातिसेवी का लम्बी बीमारी के बाद दिनांक २ अप्रैल १९८६ को कानपुर में निधन हो गया। श्री बुद्धू लाल मेहरोत्रा जी की विशिष्ट सेवाओं को ध्यान में रखते हुए उ० प्र० खत्री सभा ने मरणोपरान्त आप को प्रदेश के सर्वोच्च सम्मान जातिभूषण अलंकार से सम्मानित किया। आप खत्री हितैषी के "संरक्षक" रहे हैं।

हर्ष की दान दायनी धरा कन्नौज के खत्री श्री राम नारायन कपूर जी के घर १७ जनवरी १९१७ को खत्री श्री प्रताप नारायन कपूर जी का जन्म हुआ। समाज सेवा आप को पैत्रिक गुण के रूप में मिली। अपने पैत्रिक व्यापार के साथ-साथ आप अनेक संस्थाओं की स्थापना तथा संचालन का कार्य बड़ी लगन व निष्ठा के साथ करते रहे हैं। खत्री समाज के उत्थान के लिये आप सदैव प्रयत्नशील रहे हैं। उ० प्र० खत्री सभा का गठन तथा खत्री समाज के इतिहास का प्रकाशन इस स्वर्ण जयन्ती विशेषांक के रूप में खत्री प्रताप नारायन कपूर जी की प्रेरणा से ही सम्भव हो सका।

आप वर्ष १९८२ से १९८५ तक उ० प्र० खत्री सभा के प्रथम अध्यक्ष के रूप में खत्री समाज की सेवा करते रहे। फरवरी १९८३ में कन्नौज का अविश्मर्णीय ऐतिहासिक खत्री अधिवेशन आप ही की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। १६ मई १९८३ को आप सम्पूर्ण खत्री समाज को रोता बिलखता छोड़ स्वर्ग सिधार गये। खत्री जाति की सेवाओं के उपलक्ष में आप को मरणोपरान्त "जातिभूषण अलंकार" प्रदान कर सम्मानित किया गया।



जातिभूषण
स्व० प्रताप नारायन कपूर
भू० पू० संरक्षक खत्री हितैषी
भू०पू० अध्यक्ष उ०प्र० खत्री सभा

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

वाराणसी के सम्भ्रांत एवं प्रतिष्ठित खत्री परिवार के खत्री श्री पी० एन० मेहरोत्रा जी के घर १५ अगस्त १९३६ को खत्री श्री कृष्ण चन्द्र मेहरोत्रा जी का जन्म हुआ। प्रतिभावान एवं कर्मठनिष्ठ कृष्ण चन्द्र जी अनेक सामाजिक व अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं से सम्बद्ध रहे तथा जातीयता तो आप में कूट-कूट कर भरी थी। आपने "खत्री जातिगान" को लिखा जिसे आज देश की सारी खत्री सभाओं के कार्यक्रम के आरम्भ में गाया जाता है।

वर्ष १९६६ में आपने पूर्वी एशिया की यात्रा भी की थी। खत्री हितैषी के लिए मेहरोत्रा जी लेख आदि लिखते रहे हैं। आप की जातीय सेवाओं को देखते हुये उ० प्र० खत्री सभा ने आपको मरणोपरान्त "जातिभूषण अलंकार" से सम्मानित किया।



जातिभूषण
स्व० कृष्ण चन्द्र मेहरोत्रा
जातिगान के रचयिता

काशी के प्रतिष्ठित खत्री निहाल चन्द्र बेरी जी के घर १० मार्च १९२० को खत्री कृष्ण चन्द्र बेरी जी का जन्म हुआ। समाज सेवा के क्षेत्र में आप का विशेष योगदान है। १४ वर्ष की अवस्था में आपने "मलाया" तथा "वर्मा" आदि का भ्रमण किया। आप देश की अनेकों संस्थाओं से सम्बन्धित हैं। आपका नाम देश के प्रमुख पुस्तक प्रकाशकों में लिया जाता है। आप वर्ष १९६६ में अखिल भारतीय हिन्दी प्रकाशक संघ के महामंत्री तथा १९६७ में अध्यक्ष निर्वाचित हुए खत्री कृष्ण चन्द्र बेरी जी अनेक राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय गोष्ठियों के संयोजक व अध्यक्ष रहे हैं। आप ने राष्ट्रीय स्तर पर ख्यात अर्जित कर खत्री समाज को गौरव प्रदान किया है।



जातिभूषण
खत्री कृष्ण चन्द्र बेरी ..
संरक्षक खत्री हितैषी भू० पू० अध्यक्ष
अखिल भारतीय खत्री महासभा

खत्री समाज की उन्नति के लिए बेरी जी दिन रात प्रयत्नशील रहते हैं। दस वर्षों तक बन्द पड़ी अ०भा० खत्री महासभा के अध्यक्ष पद को ग्रहण कर आपने न केवल उसे प्राणदान दिया अपितु समाज को एक नया कार्यक्रम एवं दिशा दी। आप हृदय से चाहते हैं कि "खत्री हितैषी" की सदस्य संख्या एक लाख तक हो जाय। इसके लिए आप प्रयत्नशील भी हैं। आपके द्वारा समाज के उत्थान के लिए किये गये सराहनीय कार्यों के लिए आपको "जातिभूषण अलंकार" से सम्मानित किया गया है।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute. Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

जातिभूषण
खत्री धर्मपाल मेहरा जी
संरक्षक खत्री हितैषी भू० पू० अध्यक्ष
उत्तर प्रदेश खत्री सभा

श्री खत्री धर्मपाल मेहरा जी का जन्म ७ नवम्बर १९२४ को बटाला जिला गुरदासपुर (पंजाब) के सभ्रान्त मेहरा परिवार में हुआ। आपका प्रारम्भिक जीवन बड़ा ही संघर्षमय रहा है। वर्ष १९४३ में आपने व्यवसाय में पदार्पण किया और अचार तथा मुरब्बे के व्यापार में आपने सारे भारत वर्ष में प्रसिद्धि प्राप्त की। वर्तमान में आप का कार्य क्षेत्र हाथरस (उ० प्र०) है। आप विभिन्न दानशील संस्थाओं तथा स्वजातीय संगठनों के माध्यम से जरूरतमन्दों को हर प्रकार की सहायता देते रहते हैं।

दस लाख रुपये से "धर्मपाल मेहरा चैरीटेबल ट्रस्ट" की स्थापना कर "नई धर्मशाला" का निर्माण कराया जो कि जनपद अलीगढ़ में ही नहीं, उ० प्र० में अपना विशेष स्थान रखती है। खत्री धर्मपाल मेहरा जी हर वर्ष ११ कन्याओं की शादी अपने खर्च से कराते हैं।

आज उ० प्र० में सेवा तथा दान के क्षेत्र में खत्री धर्मपाल मेहरा जी पर्यावाची बन गये हैं। खत्री हितैषी मासिक के उत्थान के लिए आप सदैव चिन्तित रहते हैं। आप की दानशीलता—उदारता-जाति सेवा की लगन तथा वर्ष १९८३ से १९८५ तक उ० प्र० खत्री सभा के अध्यक्ष के रूप में सराहनीय सेवाओं के लिए आपको "जातिभूषण अलंकार" से सम्मानित किया गया।



जातिभूषण
खत्री पूरनचन्द बेरी
भू०पू० कार्यवाहक अध्यश एवं
वर्तमान संरक्षक उत्तर प्रदेश खत्री सभा
सरक्षक खत्री हितैषी मासिक

श्री खत्री पूरनचन्द बेरी एक सम्पन्न तथा विश्रुत परिवार के वंशज हैं। उनके पितामह श्री मुन्नालाल बेरी दानशील एवं धार्मिक प्रकृति के व्यक्ति थे। पूरन जी के पूज्यनीय पिता श्री भगवानदास बेरी जी थे आर्य समाज में पूर्ण निष्ठा थी। श्री पूरनचन्द जी भी विद्यालय तथा आर्य समाज मन्दिरों एवं यज्ञशालाओं के निर्माण में सदा पूर्ण सहयोग देते रहे हैं। अपने पितामह के नाम पर धर्मशालाओं का निर्माण कराया है। अ० भा० खत्री महासभा को पुनः क्रियाशील करने में मुख्य भूमिका रही है। अ० भा० खत्री महासभा के महामंत्री तथा संगठन व प्रचार मंत्री रहे हैं। प्रादेशिक खत्री सभा के गत सत्र में कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में उन्होंने पूर्णनिष्ठा से कार्य किया। आगरा नगर की अनेकों धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष हैं तथा एटा के प्रसिद्ध आर्य गुरुकुल के उप-प्रधानपद भी सम्भाले हुये हैं।

आपकी विशिष्ट सामाजिक एवं जातीय सेवाओं के लिए आपको "जातिभूषण अलंकार" से सम्मानित किया गया है।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

जातिभूषण
खत्री गोपालदास खन्ना
संरक्षक-खत्री हितैषी मासिक
संरक्षक उ० प्र० खत्री सभा

खत्री गोपाल दास खन्ना जी का जन्म स्व० लाला सांवलदास खन्ना जी के प्रतिष्ठित तथा परोपकारी परिवार में इलाहाबाद नगर में २७ जनवरी, १९२१ में हुआ था। आपके पिता जी तथा ताऊ जी स्व० सदन लाल खन्ना जी ने "सारस्वत खत्री पाठशाला" स्थापित किया। जिसकी कि ख्याति आज सारे प्रान्त में "उच्चत्तर महाविद्यालय के रूप में है।

खत्री गोपाल दास खन्ना जी ने १५ वर्ष की अवस्था में १९३६ में हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली थी। अपनी कार्यक्षमता, निर्भीकता और स्पष्ट बोलने के कारण ही वह शीघ्र सबके प्रिय हो गये। आपने वर्ष १९५८ में ५१ खत्री बच्चों का सामूहिक यज्ञोपवीत धूम-धाम से इतिहास में प्रथम बार कराया। आपके सामाजिक कार्यों की प्रशंसा सदैव स्व० राजर्षि टण्डन जी तथा स्व० महादेव प्रसाद टण्डन जी किया करते थे।

महासभा की कार्य प्रणाली से दुःखी होकर १९ सितम्बर १९८२ को आप उ० प्र० खत्री सभा के संस्थापक के रूप में प्रथम संरक्षक बने और तब से आज तक उ० प्र० खत्रीसभा को तन-मन-धन से सहयोग करते हैं। आप खत्री हितैषी के भी सक्रिय संरक्षक हैं। महान सेवाओं के लिए आपको "जातिभूषण अलकार" से सम्मानित किया गया है।



जातिभूषण
खत्री कालीचरन टण्डन जी
वरिष्ठ उपाध्यक्ष उ० प्र० खत्री सभा

खत्री काली चरन टन्डन जी का जन्म कन्नौज के लोकप्रिय श्री सीताराम टण्डन "सराफ" के घर दि० १-११-१९०८ को हुआ। आप जब सातवीं कक्षा के विद्यार्थी थे तभी स्वतन्त्रता के संग्राम में जुट गये अपने निश्चित लक्ष्य पथ पर अडिग रहना और सब कुछ हँसते हँसते सहना उनका स्वभाव जात गुण है। सबका काम सुनने तथा करने की इच्छा रहती है इसीलिए आप "बड़े भइया" के नाम से अधिक लोकप्रिय हैं।

बड़े भइया—अनेक संस्थाओं के संस्थापक व संचालक हैं। १९२५ से १९६९ तक आप नगर स्तर से अखिल भारतीय स्तर तक कांग्रेस दल के अनेक पदों पर रहे। आप अनेक बार जेल गए। बर्ष १९७० से ७६ तक कांग्रेस पार्टी के टिकट पर तथा १९७७ से १९८२ तक जनता पार्टी के टिकट पर विधायक निर्वाचित हुए वर्ष १९८२ में ज्ञानार्जन हेतु इटली, स्वीजरलैंड, फ्रांस इन्डोनेशिया एवं अमेरिका की राजकीय यात्रा की। इतने व्यस्त होते हुए भी आप खत्री सभा की सेवा में लीन रहे तथा वर्तमान में आप उ० प्र० खत्री सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैं। आपकी सेवाओं और लगन का ही फल है कि आपको "जातिभूषण अलंकार" से सम्मानित किया गया खत्री हितैषी को बाबू कालीचरन टण्डन जी का सहयोग प्राप्त है।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute. Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

जातिभूषण

खत्री सतीश चन्द्र सेठ

उपाध्यक्ष उ०प्र० खत्री सभा महामंत्री
खत्री हितैषी मासिक

उत्तर प्रदेश के उन्नाव जनपद में स्थित मौरावाँ रियासत के धर्मभूषण रायबहादुर स्व० गणेश प्रसाद सेठ जी के तृतीय पुत्र खत्री अयोध्या नाथ सेठ जी के घर दि० २४ मई १९३७ को खत्री सतीश चन्द्र सेठ जी का जन्म हुआ। संसार में विरले ही ऐसे व्यक्ति पाये जाते हैं जिन्हे अपने समाज की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त होता है। उन्हीं में एक भाग्यशाली खत्री सतीश चन्द्र सेठ जी हैं। अल्प आयु में ही माता जी का स्वर्गवास हो जाने के कारण आपका प्रारम्भिक जीवन संघर्षमय रहा। व्यापार का दायित्व आ जाने से आप अपनी स्नातक की शिक्षा-पूर्ण न कर सके। आपके पूज्य ताऊ जी—चाचा जी तथा भाई लोग खत्री उपकारिणी सभा लखनऊ के क्रमशः अध्यक्ष—कोषाध्यक्ष—महामन्त्री तथा प्रबन्धक खत्री हितैषी के पदों पर रहकर समाज की सेवा करते रहे हैं। जाति की सेवा करने की प्रेरणा आपको पारिवारिक विरासत के रूप में मिली। आप वर्ष १९६६ से ६९ तक श्री खत्री उपकारिणी सभा लखनऊ की कार्य समिति के सदस्य वर्ष १९७० से ७३ तक सहमंत्री तथा वर्ष १९७४ से आज तक महामंत्री के पद पर रहते हुए समाज की सेवा कर रहे हैं। वर्ष १९६६ से बराबर आप अखिल भारतीय खत्री महासभा में खत्री समाज का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। दि० १९ सितम्बर १९८२ को आप उ० प्र० खत्री सभा के संस्थापक महामंत्री निर्वाचित हुए। आपके ही परिश्रम से सारे प्रान्त में खत्री सभायें सक्रिय हुई और उ० प्र० खत्री सभा एक शक्तिशाली संगठन बन गया। वर्ष १९८६ में आप को प्रादेशिक उपाध्यक्ष चुना गया। वर्ष १९७६ से आपको देश के खत्री समाज की एकमात्र मासिक पत्रिका "खत्री हितैषी" का भार सौंपा गया। खत्री सतीश चन्द्र सेठ जी की निष्ठा-लगन-और समर्पित भावना का ही यह फल है कि "खत्री हितैषी" निरन्तर नियमित रूप से प्रकाशित हो रही है। और सेठ जी के ही परिश्रम के फलस्वरूप यह "स्वर्ण जयन्ती विशेषांक" के रूप में खत्री जाति का "इतिहास" प्रकाशित हो सका। खत्री सतीश चन्द्र सेठ का नाम आते ही "खत्री समाज" के लिए एक समर्पित "व्यक्ति का चित्र सामने आ जाता है। ऐसे समर्पित जाति सेवी को उ०प्र० खत्री सभा ने "जातिभूषण अलंकार" से सम्मानित किया। सेठ जी प्रान्तीय स्तर के इस सर्वोच्च अलंकार को प्राप्त करने वाले सबसे कम आयु के जाति सेवी हैं।

नहीं मिलता

लालची को चैन, कमजोर को इन्साफ। कंजूस को सम्मान, शक्की को दोस्त।
पेटू को स्वास्थ्य, डरपोक को नाम। झूठे को विश्वास, आलसी को ईनाम।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री समाज के गगन-स्तम्भ-मृदु-भाषी प्रतिभा के धनी जिनके रोयें रोयें में खत्री के लिए कुछ करने व खत्री के लिए मर-मिटने की भावना है। ऐसे बाबू काशीनाथ मेहरोत्रा जी का जन्म जनपद सीतापुर कसबा लहरपुर में प्रतिष्ठित जमीदार स्व० श्री संकटा प्रसाद मेहरोत्रा जी के घर ८ दिसम्बर १९१२ को हुआ। आप नवी कक्षा में पढ़ ही रहे थे कि आपका विवाह खत्री दाताराम सेठ जी की पुत्री से हो गया। बड़े भाई खत्री जगन्नाथ प्रसाद मेहरोत्रा का स्वर्गवास १९३२ में हो जाने पर आपको पैत्रिक व्यवसाय ठेकेदारी के कार्य को सम्भालना पड़ा जिसका कि आपने सफलतापूर्वक संचालन किया तथा प्रतिष्ठा वा ख्याति अर्जित की। आपके मात्र एक पुत्ररत्न तथा एक कन्या रत्न है।



जातिभूषण
खत्री काशीनाथ मेहरोत्रा
संरक्षक खत्री हितैषी एवं
उ० प्र० खत्री सभा

खत्री बाबू काशी नाथ मेहरोत्रा जी को धार्मिक एवं सामजिक कार्यों में बचपन से ही रुचि रही है। धर्म्मपत्नी की अस्वस्थता के कारण व्यापार से सक्रियता त्यागनी पड़ी और लखीमपुर आकर बस गये। और जातिसेवा के क्षेत्र में सक्रिय हो गये। आप खत्री सभा लखीमपुर के अध्यक्ष—उ० प्र० खत्री सभा के संस्थापक संरक्षक तथा खत्री हितैषी के भी संरक्षक हैं। आपने अपने परिवार का सोलह पीढ़ी की वंशावली पता सहित प्रकाशित कर एक अदभुद कार्य किया है। आजकल आप स्व० राजा टोडरमल (टण्डन) पर शोध कर रहे हैं। आप जरूरतमद खत्री बच्चों एवं निराश्रितों की गुप्त सहायता किया करते हैं। खत्री युवा संगठन एवं खत्री शिक्षा सहायता समिति लखीमपुर के भी आप संरक्षक हैं। आप द्वारा किये गये सराहनीय एवं प्रशन्सनीय कार्यों के लिए आपको "जातिभूण अलंकार" से सम्मानित किया गया है।

जो भरा नहीं है भावों से, बहती जिसमें रसधार नहीं।
वह हृदय नहीं है पत्थर है, जिसमें स्वजाति का प्यार नहीं॥

हम भारतीय पहले हैं खत्री बाद में

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute. Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

स्थापित 1955
स्वर्ण-जयन्ती के अवसर पर समाज का
हार्दिक अभिनंदन

फोन दुकान 44301
32368
घर 74251

लखनऊ खत्री समाज के प्रकाश नक्षत्र

स्व० श्री श्याम नारायन कपूर जी

जिनके शुभ आशीर्वाद से सेवारत प्रतिष्ठान

सर्वश्री विद्युत यन्त्रालय

हर प्रकार के विद्युत उपकरणों के विक्रेता

★ एम० एस० स्टोरेज टैंकस ★ विटुमिन टैंकर्स ★ शुगर केन इम्पलीमेन्टस

★ हाट वाटर/मोइस्ट हाट एयर शुगर केनसीड ट्रीटमेन्ट
प्लान्टस आदि के निर्माता

हर प्रकार के घरेलू विद्युत उपकरणों की मरम्मत की एकमात्र
विश्वसनीय एवं पुरानी दुकान

८२, हजरतगंज, लखनऊ-२२६ ००१

खत्री विमल कपूर — खत्री कमल कपूर

ॐ जय श्री राम ॐ

खत्री हितैषी के स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक

के सुअवसर पर

शुभकामनाओं सहित

खत्री प्रवीन शंकर कपूर

महामन्त्री

खत्री समाज, दिल्ली (पंजीकृत)

१०५३, गाँधी गली फतेहपुरी, दिल्ली-६

दूरभाष :—२५१३३ - २५१६५०६

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.



जातिगौरव
स्व० श्री कृष्ण मेहरोत्रा
वाराणसी

वाराणसी के संभ्रान्त खत्री परिवार के खत्री मुन्नी लाल मेहरोत्रा जी के घर १२ अक्तूबर १९०९ को खत्री श्री कृष्ण मेहरोत्रा जी का जन्म हुआ। शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात बनारसी साड़ी के अपने पैत्रिक व्यवसाय में प्रविष्ट हुए। बाल्य काल से ही आप असहाय तथा दुःखी मानव की सेवा में तत्पर रहे। १६ वर्ष की आयु से ३० वर्ष की आयु तक "काशी सेवा समिति" के प्रधान नायक के पद पर रह कर काशी के प्रत्येक मेले में तथा वर्ष १९४८ से निधन के समय तक नसें एवं हड्डी के रोग से ग्रस्त मानव की सेवा आपने की है। आप होम्योपैथिक चिकित्सक भी रहे हैं। आपने हजारों व्यक्तियों की निःशुल्क सेवा की है।

खत्री हितकारिणी सभा के आप ४२ वर्षों से भी अधिक समय तक सदस्य—१० वर्षों तक प्रधान मन्त्री—३ वर्षों तक अ० भा० खत्री महासभा के उपाध्यक्ष रहकर खत्री समाज की सेवा की। आपने लगभग १४ सामाजिक संस्थाओं के विभिन्न पदों पर रहकर तन-मन-धन से मानव मात्र की सेवा की है। आपकी विशिष्ट सेवाओं के लिए उ० प्र० खत्री सभा ने आप को "जातिगौरव अलंकार" से सम्मानित किया।

जातिगौरव
खत्री आर० एन० मेहरा
संरक्षक/उपाध्यक्ष उ० प्र० खत्री सभा
संरक्षक खत्री हितैषी

मुरादाबाद के प्रतिष्ठित खत्री परिवार में १९ अक्तूबर १९३२ को खत्री रामेश्वर नाथ मेहरा जी का जन्म हुआ। आपने आगरा विश्वविद्यालय से १९५३ में एम० ए० इतिहास मे किया एक शिक्षक के रूप में आपने दो वर्षों तक कार्य किया। १९६० से आप व्ययसाय में आ गये—भदोई तथा लखनऊ में हड्डी मिल लगाई। छात्र जीवन मे आप क्रिकेट के अच्छे खिलाड़ी रहे हैं। आपने ४ बार विश्व भ्रमण किया। आप लायन्स इन्टर नेशनल के सभी पदों पर रहे तथा वर्ष १९८१-८३ मे डिस्टिक गर्वनर भी रहे हैं।

आप "खत्री हितैषी" के संरक्षक तथा उ० प्र० खत्री सभा के जन्म काल से संरक्षक एवं उपाध्यक्ष हैं। श्री खत्री उपकारिणी सभा लखनऊ के हर कार्यक्रम में आप सक्रिय सहयोग करते हैं। खत्री जाति के हितार्थ आप गुप्त दान में अग्रणीय हैं। उ० प्र० खत्री सभा ने आप को "जातिगौरव अलंकार" से सम्मानित किया।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute. Mahabalipuram.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

जातिगौरव
खत्री प्रकाश शंकर टन्डन
संरक्षक/उपाध्यक्ष
उ० प्र० खत्री सभा
संरक्षक
खत्री हितैषी

Subsequently a branch of the descendants of Kusha is said to have emigrated from Kanouj to the regions known as Rajputana and to have founded the dynasty to which the present ruling family of Marwar claims to belong Similarly, some of the descendants of Lava are said to have left for the south, under the leadership of Kanaksen, and to have conquered Surat and founded a kingdom there. The Chiefs of Mewar connect themselves with these emigrants and trace their descent from Lava.

The next great crisis in the history of the Kshatriyas was the rise of Buddhism, whose founder was born in the caste itself, in the Gangetic plains in about 557 B. C. This ultimately resulted in the separation of a large number of its constituents from the original group. The tenets of the new religion worked their way with remarkable rapidity. Thousands of Kshatriyas and Vaishyas flocked to its standard. In a short time it became a formidable rival of Brahmanism and flourished side by side with

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

it, for more than one thousand years. The Brahmans and the orthodox Kshatriyas had a long and arduous contest with its followers; but nothing could arrest the tide that had set in with an irresistible force. As a *natural* consequence the Kshatriya race was split up into two groups—(1) the Brahaminic or *Vedic* and (2) the Buddhist or *Non-Vedic*.

Time rolled on; and in about 367 B. C. was born Nanda, the illegitimate son of Maharaja Mahanand, (the tenth descendant of Shishu Nag, according to the Vishnu Puran) by a Shudra wife, who also, like his father connected himself with a Shudra woman named *Mura*. This *Mura* gave birth to a son, named Chandra gupta, whose reign formed a new era in the history of the country. The influence of his mother with his father secured for him the throne of Magadh; and he became one of the most powerful princes in the land. His installation was the sounding of a new alarm to the Kshatriyas—the herald of another great crisis in their social and political life, and the opening of a new page in their chronicles The descendants of the proud races who had fought desparately in the Indian epic wars, in the Gangetic plains, the successors of the older and sturdier Aryans, who had founded large dominions in the Indus valley and the sons of those valiant chiefs who had fought and ruled in Tirhoot, all qualied before this mighty monarch. He brought the whole of Upper India, from the Panjab down to Behar, under his sway. Victory smiled upon him wherever he went. This happened in about B. C. 320.

Now approached the critical moment for both the Vedic and the Non-Vedic Kshatriyas. The victorious sovereign of Magadh, elevated by the sense of his brilliant career, pressed the legitimate kindred of his father and the whole race of Kshatriyas – the *Vedic* as well as the *Non-Vedic* group —to hold free social relations of inter-marriage with him and his descendants, and threatened like Parasuram, to extirpate the whole race, if they refused to do so. The result was, that the royal family and the ministers of the court with all their relatives and the *Non-Vedic* Kshatriyas who had hither to no social connection with him, took him into their caste. The Vedic Kshatriyas of the Gangetic Valley managed to sound the alarm of an exodus, fled in large numbers to their brethren in the Punjab and with them, escaped under the plea that they were Kshatriyas of a different type from that of his father's kindred and his court ministers, and therefore beyond the circle with which he was going to associate himself (*Vide* B. Harish Chandra's Origin of the Khattris, page 6). Those that remained behind were naturally merged into the *Non-Vedic* group.

After the death of Chandragupta, Buddhism made still further progress. His grandson Asoka, became the greatest and the staunchest supporter of the creed. In course of time, it was the predominant religion throughout the length and breadth

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute. Melukote Collection.

Digitized by Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

of the Peninsula. The Vedic party grew very weak, and the military element in it was by no means in a position to undertake a crusade against the powerful followers of Gautama (Buddha).

At last, Shankaracharya was born who undertook the mission of preaching the Vedas and succeeded in bringing back a large number of believers in Buddhism to the Vedic creed: the Brahmans in order to make up the deficiency caused in the ranks of the soldier tribe and to make themselves strong enough to expel the followers of Buddha from their land resorted to the well known conversions at Mount Abu and thus created a new *non-Aryan* and a *non-Vedic* warrior race. These converts, as is the case with all new converts, "espoused the religion of the Vedas with exceptional zeal. They were proud to be called Kshatriyas (descended from the Solar and Lunar race)." Wherever they went they conquered; Buddhist churches and monasteries went down before them; and Brahmanism was once more triumphant in Aryavarta. This was followed by the return of not a few of those Kshatriyas who, had embraced the teachings of Buddha, to the Vedic faith. The English historians fix the date of this event about A. D. 600.

Thus, leaving out of account such persons as still clung to the Buddhist faith, there grew up three distinct groups of Kshatriyas.

(1) The *Vedic Kshatriyas* who, through all the agitation caused by Gautama and Chandragupta, remained firm in their own religion.

(2) *The non-Vedic Kshatriyas* who, having once adopted the tenets of Buddha, re-embraced the Vedic principles.

(3) *The non-Vedic and the non-Aryan Kshatriyas* who had been admitted to the ranks of the military class from among the *non-Aryan* races.

The first group along with their family priests, the Saraswats, settled in the Punjab, and were the founders of the Brahmanical dynasty there, which lasted until it was overthrown by Subuktagin and his successor, Mahmud of Ghazni; the second established themselves in Behar and Oudh, and ruled the Kingdom of Magadh; and the third, along with certain families that could trace their descent from Raja Ram Chandra, colonised in and became the masters of what is now called Rajputana. All the three were admittedly Kshatriyas; but they were all Kshatriyas of different types and constituted three distinct classes to all intents and purposes. The orthodox section refused to readmit the Aryan reconverts to Brahmanism into their society, because they thought they had tainted their social position by going over to Buddhism and admitting Chandragupta to an equality with themselves, while the latter were too proud to have brotherly intercourse with the non-Aryan converts, who had been baptised by the Brahmans at Abu only to meet the exigencies of the occasion.

Centuries again passed away, Sanskrit

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

ceased to be the spoken and written language of the predominant races, and in its place sprang up a variety of new dialects now called the vernaculars of the land. This rendered the correct pronunciation of the word Kshatriya more and more difficult every day; corrupt forms of it came to be used in its place; and it was ultimately totally forgotten by the general public. The Brahmans only continued to write it correctly in horoscopes; marriage documents and Sanskrit books and to prononuce it as it should be prononuced in reciting the sacred texts and *Shakhachar, & Co.*, on occasions of ceremonial worship. For every day purposes its exact pronunciation was an impossibility and the corruptions in use satisfied the common people. In due course of time these corruptions took various definite forms, in the various vernaculars of the country and came to be recognized as authorised words by Grammarians and Lexicographers themselves. The Vedic Kshatriyas of the Punjab called themselves 'Khattris'' in their Punjabi dialect, while the non-Vedic groups came to be known as "Chhattris."

Still further lapse of time resulted in the amalgamation of the Rajputana and the Eastern Kshatriyas into one and the introduction of new elements and further new terminology in their ranks.

The Oudh section stuck fast to their newly acquired name "Chhattri," and the Vedic group continued to be called Khattris; but the Royal families of Rajputana and their brethren acquired the modern designations of "Rajput" and "Thakur," for the origin of which terms different theories have been put forward by different writers. Be the truth what it may, this much is certain that the term Rajput is still not held in any high esteem by the Chhattris of Oudh; and those who are called by that name are supposed to be of an inferior descent.

We may not without advantage give here an extract from a very sensible article, written some time ago by a native of Agra, the late master Beni Ram Seth, President of the Khattri Sabha, Ajmer. He writes :—

"If we carefully examine the present constitution of the Hindu Sociology, we shall find, that there are in the present age two distinct groups in each of the four main castes of India – *the Vedic* and the *non-Vedic*. Hence the present day Kshatriyas are also divided into two widely different communities—one, the *Vedic* and the other, the *non-Vedic*. The former in their social life conform to the ceremonial rules and regulations laid down in the sacred books of the Hindus; the latter do not observe these rituals as a universal law and whenever they do so they widely diverge from the prescribed lines. We also find, that the *Vedic* group have the priests of the old Kshatrlya race for their priests and enjoy the same privileges that were allowed to their ancestors in the *Vedic* age, while the members of *non-Vedic* branch fail painfully to exhibit traces of genuine unmixed Aryan

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute. Mahalaxmi Collection

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

blood in them and are not permitted by their so called priests to enjoy the Shastric rights due to true Kshatriyas. Whether the *non-Vedic* Kshatriya classes would not of their own accord adopt the *Vedic* principles in their entirety, in order to keep themselves free from the by-no-means-easy shackles of Brahmanic restrictions, or the Brahmans would not associate them freely with themselves is difficult to ascertain.

"Now as regards the wide gulf existing between *Kshatriyas* and *Kshatriyas*, there are some very important facts to be remembered. After the historically famous recognition of Chandragupta and the manufacturing of a new race of Kshatriyas at mount Abu, followed by the revival of Hinduism and the return of a large number of the descendants of those Kshatriyas, who had adopted the tenets of *Buddhism*, to the religion of the *Vedas*, there sprang up three distinct races, *(1) the orthodox Vedic Kshatriyas, (2) the reconverted Aryan Kshatriyas*, and *(3) the non-Aryan converted Kshatriyas.*

"In course of time the last two groups were amalgamated into one."

In support of the occurrence of this amalgamation, Master Beni Ram quotes the great philosopher and ethnologist, Professor Huxley, who says :—

"I have purposely omitted such people as the Abyssinians and the Hindus, who, there is every reason to believe, result from the intermixture of different stocks. (Huxley's Critiques and Addresses page 153)." And again the Professor observes :—"Offshoots of the Xanthrocroi (fair) stock extend into Spain, Italy and Northern India. The Melonocrol (dark) stock, on the other hand, may be represented as a broad land stretching from Ireland to Hindustan. Following this line of demarcation, it is not improbable that the Xanthrocroi strip extends no further than the Panjnaddesha, so that the amalgamation of the two fair and dark stocks most probably took place in the plains beyond the Punjab."

Meanwhile it must be remembered, that the Vedic Kshatriyas, though deprived of royalty with the overthrow of the Punjab dynasties, continued to pay as strict a regard to their ancestral blood as did the "Chosen People of God." This blood runs in the veins of true Khattris as pure as it did in the veins of their patriarchs. On the other hand, the non-Vedic Kshatriyas have not been so careful of their connubial connections as the Vedic group. A few of their princes cheerfully gave their daughters in marriage to the Moghul emperors.

"In Upper India" on the authority of "Mr. Nes-field and c., the manufacturing of Chhattris is a process still going on before our eyes; and what is happening now has been in operation for the last two thousand years at least."

Hence arise differences in complexion, mode of life religious observances, domestic ceremonies and social relations with

Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

the family priests, between the *Vedic* and the *non-Vedic* groups of Kshatriyas.

As for the unwillingness of the Khattris or the Vedic Brahmans to admit the Chattris, as they are called to an equality with themselves; we must endorse the view taken by Master Beni Ram that whatever their religion, however high the standard of their civilzation, and whatever the age in which they live, no people on the face of the earth can do away with social prejudice. Even the liberal religion of Christ and the world renowned civilization of modern Europe have not proved protent enough to strike at its root. The Christian Missionaries themselves would not tolerate such liberal principles as are likely to abolish ail social distinctions. The following case of a young Punjabi Christian, published in the Lahore Tribune of the 19th October 1892, will be read with interest :—

"Among the theological students at Chestnut is a young Punjabi Christian, who, in his studies and in his preaching has fully held his own with his English competitors He will shortly have completed his term and is wishful to proceed to India for missionary work. But, he will not go as a London Missionary society man unless he is put on an equality in all things with his European brethren. The committee, or at least some members of the committee, demur to this. Of course they admit, that God has made of one blood all nations of the Earth, and would not venture to assert that, an English man's soul: In the eye of the Almighty, is of greater value than a Punjabi's. Probably in Heaven, they will not disdian to sit side by side with an indian, but on Earth the Indian must take a lower Place."

Can there be a better proof of the natural existence of social Prejudicl in all nations than that the Chistians, and among the Christians the Missionaries them selves are not free from it ?

खत्री हितैषी स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक के अवसर पर हार्दिक शुभ कामनाएँ :

अे एकाउन्टस ब्यूरो Aey Accounts Bureau

६०, नया बांस
दिल्ली-११०००३

गुरुदेव वधवे (अरोड़ा)
हनो—२३-८८५१

आइये हम और आप सब मिलकर अपनी
"श्री खत्री उपकारिणी सभा (लखनऊ) एवं
अपनी "खत्री हितैषी" की प्रगति में सहायक बनें।
खत्री समाज की उन्नति की आकांक्षा से प्रेरित रहें।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

With best compliments from :

Estd 1933

76295 Kinari Bazar
67279 M. G. Road
66324 Maithan
26571 Kota

KRISHNA

SHOES

KRISHNA SHOE STORE

KINARI BAZAR, AGRA

KRISHNA FOOTWEAR

5 M. G. ROAD Opp. AGRA COLLEGE ROAD, AGRA

KRISHNA SHOE GROUPE

GUMANPURA KOTA, RAJ.

KRISHNA AGENCY

184, BALLAB BARI KOTA; RAJ.

WHOLESALLER, RETAILER, MANUFACTURER & EXPORTER OF QUALITY FOOTWEAR

Distributors of Libory Footwear & Zet Star

KRISHNA SALES CORPRATION

18/7, MAITHAN, RAJ.

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

क्षत्री तथा खत्री शब्द

हिन्दू-समाज में खत्रियों की क्या स्थिति है, इस विवाद-ग्रस्त प्रश्न पर आधी शती से पर्याप्त कहा-लिखा जा चुका है। इस प्राचीन सैनिक जाति को तीसरी श्रेणी में रखकर रिजले ने पर्याप्त हानि पहुँचाई। संभव है यह त्रुटि भूल या उपेक्षा से ही हुई हो। यद्यपि बाद में क्षमा माँगते हुए उन्होंने इस त्रुटि को सुधार भी लिया और इस प्रकार से निश्चय ही इस विवाद-ग्रस्त प्रश्न का अन्त हो गया, किन्तु ऐसा लगता है कि रिजले साहब की भूल का दूषित कुप्रभाव पूर्ण रूप से दूर नहीं हुआ। मृत अश्व को कोड़ा मार कर चलाने का भले ही प्रयत्न न किया गया हो, किन्तु यह अत्यन्त न्यायोचित होगा कि इस विषय को हम ऐतिहासिक आवरण पहनाकर भाषा-विज्ञान, मानव-जाति-विज्ञान तथा अन्य आधारों पर सामने लायें। 'दी सेविन मूर्स इंडियन अपील' द्वारा इस विषय पर अधिकार-पूर्ण (कानूनी) दृष्टि-कोण से पर्याप्त प्रकाश डाला गया है और लगभग एक शती पूर्व प्रीवी-कौंसिल द्वारा सदा के लिए ही निर्णय कर दिया गया है कि खत्री लोग प्राचीन फिरकों या जाति में से एक प्रस्फुटित या निर्मित जाति का प्रतिनिधित्व करते हैं। भारतीय-समाज में अपनी वास्तविक स्थिति निर्धारित करने के लिए यह पूर्णरूपेण पर्याप्त होता; किन्तु ब्रिटिश कूटनीतिज्ञता की कार्यप्रणाली को धन्यवाद। उन्नीसवीं शती के अन्तिम भाग में जन-गणना के कार्य में हाथ लगाया गया। उसमें जान बूझकर यह अपकार किस उद्देश्य से किया गया, यह-वही लोग जानें। 'यदि ट्राइब्ज एंड कास्ट्स आफ बंगाल, के पहले खंड से कुछ उपयोगी वाक्यांश उद्धृत किये जायँ तो अनुपयुक्त न होगा। 'जाति की आन्तरिक व्यवस्था इस बात की द्योतक है कि खत्री न तो ब्राह्मणों के वंशज हैं, न क्षत्रियों के ही। जो सिद्धांत उन्हें क्षत्रियों से सम्बन्धित बताता है उसका अस्तित्व किसी स्थायी नींव पर नहीं है, केवल 'नाम' मात्र की समान रूपता पर ही है जो कि प्रसंग वश हो सकता है। अपने रूप-रंग के कारण वे अधिकार-पूर्ण रूप से आर्यों के पवित्र वंश के अन्तर्गत अपने को रख सकते हैं या वे रखे जा सकते हैं; परन्तु उनके जिन विभिन्न भेदों का उल्लेख हुआ है उनमें से कोई भी [illegible] नाम राजपूत वंश की विशेषताओं के द्योतक नहीं हैं। यदि वे उसी नस्ल से होते जिनसे राजपूतों के विभिन्न कुल हैं, तो उनके भी वही जातीय (वंशीय) नाम होते, और यह समझना कठिन है कि उन्होंने इनका क्यों परित्याग कर दिया होता, उनसे भी कम महत्वपूर्ण पैतृक अल्लों के लिए।' इस अवाच्छनीय मत के प्रति सम्पूर्ण देश में क्षोभ एवं क्रोध की लहर व्याप गई, जिस कारण जनगणना के कमिश्नर ने महाराजा बर्दवान को पत्र लिखकर इस त्रुटि का संशोधन कर दिया। इसमें उन्होंने बताया है 'बिना इस वितर्क पर जोर दिये हुए मैं तुरन्त कह सकता हूँ कि मेरे सन्मुख जो प्रमाण रखा गया है उससे यह बात स्पष्ट हो जाती है कि कम से कम ब्रिटिश भारत में साधारणतया खत्री हिन्दू-परम्परा के क्षत्रियों के ही सच्चे प्रतिनिधि हैं। जन-गणना के कार्य के लिये यह बात, कि बहुत से लोगों का ऐसा विश्वास है, ही पर्याप्त है और यह पूछना कि किन बातों के आधार पर वे ऐसा कहते हैं, निस्सार होगा। अतः जन-गणना के निरीक्षकों को यह आदेश दिया जाता है कि क्षत्रियों के अन्तर्गत ही जातियों के विभाजन के समय खत्रियों को सम्मिलित कर लिया जाय।'

सर्वप्रथम और विशेष महत्वपूर्ण प्रश्न जिस पर विचार करना अति आवश्यक है, यह है :—

क्या क्षत्री तथा खत्री नामों की समानता प्रसंगवश ही है? या बाद वाला नाम पहले नाम के क्रमिक विकास के सिद्धांत पर हुआ है, जिसमें यह परिवर्तन हुआ है जब कि बोलने तथा लिखने की देश की भाषा में परिवर्तन हुआ अर्थात् संस्कृत से पाली हो गई, और फिर पाली से प्राकृत दो शतियों के अन्दर ही। इस प्रश्न के पीछे एक इतिहास है और इसको भाषा-विज्ञान की कसौटी पर, व्याकरण की दृष्टिकोण से, कसना है।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute. Mulukot Collection

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

क्षत्र, क्षत्री या खत्री – मानव-जाति के सर्व-प्रथम ग्रंथ ऋगवेद में क्षत्र शब्द का प्रयोग स्थानीय सर्वसाधारण प्रयोग में आता है जैसा कि देवता-गण तथा मनुष्य करते थे। वह सैनिक या राज्य करने वाली संस्था थी, जिसके सदस्य साधारणतया प्रारम्भ में राजन्य कहलाते थे, न कि क्षत्री-गण। उसी प्रकार अथर्ववेद में राज्य करनेवाले लोग राजन्य कहलाते थे। शत्पथ ब्राह्मण में 'क्षत्र' शब्द राज्य करने वाले या सैनिक-वर्ग का द्योतक होता था। अतः ऐसा लगता है कि राजन्य या क्षत्रिय वास्तव में वह होता था जो क्षत्र या राज्य का अधिकारी होता था। तब क्या यह पर्यायवाची शब्दों का तात्पर्य था, न केवल राज्य करने वाले का, वरन राज्य करने वाले या सैनिक वर्ग के एक सदस्य का भी। अतः इस शब्द का बाजसनेई-संहिता में प्रयोग देखा जा सकता है तथा अथर्ववेद और तैत्रेय-संहिता आदि में भी। सैनिकवर्ग या जाति या जाति की द्वितीय श्रेणी के एक सदस्य के लिए और उसी प्रकार तैत्रेय ब्राह्मण, शतपथ ब्राह्मण और पाणिनि ने क्षत्रिय-गण का उल्लेख किया है, जो राज्यों के अधिकारी थे। सर्व प्रथम मनु ने क्षत्रिय जाति का वर्णन सैनिक वर्ग या जाति के लिये किया है। मनु के अनुसार जो द्वितीय जाति के अन्तर्गत था वह क्षत्रिय कहलाता था। दूसरी जाति के मनुष्य का पुत्र भी क्षत्रिय कहलाता था।

पाणिनि तथा मनु दोनों ने ही एक अन्य शब्द 'क्षत्री' या 'क्षत्रि' का उल्लेख दिया है जिसका अर्थ होता है एक वह मनुष्य जो काटता है या खुदाई करता है या किसी वस्तु को बाँटता है, या एक सेवक, एक द्वार-रक्षक या कुली, जब कि मनु इस शब्द का एक दूसरे अर्थ में प्रयोग करते हैं—अर्थात् एक क्षत्री स्त्री का पुत्र या एक क्षत्रिय पुरुष तथा शूद्र स्त्री का पुत्र—यह 'उग्र' भी कहलाता था या एक शूद्र पुरुष और एक वैश्य स्त्री का पुत्र जिसे अयोगव कहते थे। याज्ञवल्क्य ने जो अपना मत इसके बारे में प्रकट किया है उसके अनुसार इस शब्द के अर्थ एक स्त्री-सेविका का पुत्र (दासी पुत्र) है जबकि महाभारत में इसका तात्पर्य है विदुर का पर्यायवाची-व्यास जी द्वारा एक दासी से उत्पन्न। एक और शब्द 'क्षत्र' है जिसके अर्थ हैं 'अनेक रथी' और जिसका वर्णन शत्पथ ब्राह्मण तथा कात्यायन-श्रुति सूत्र में है। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि संस्कृत कोष में 'क्षत्रिय' शब्द 'क्षत्रि' शब्द से भिन्न है। बाद वाला शब्द 'एक सारथी', 'रथी' या 'एक सेवक' के अर्थ में प्रयुक्त होता था या मनु द्वारा उसका प्रयोग वर्णसंकर के द्योतक व्यक्तियों के लिए होता था। इस भेद का ध्यान में रखना आवश्यक है क्योंकि पाली साहित्य में प्राचीन शब्द 'क्षत्रिय' में एक परिवर्तन हो गया था और पाली ग्रथों में 'खत्रिय' शब्द के रूप में प्रयुक्त हूआ है।

खत्रिय शब्द खत्तिय से बहुवचन रूप में कर्ता के भाव में आया है। यह खत्या का लघुरूप है और स्त्री-लिंग खत्तिय या खत्री और खत्रिय आर्य वंश की एक जाति या फिरके के सदस्य के भाव में लिया गया है।

ऐसा समझा जाता था कि सामाजिक व्यवस्था या क्रम में एक खत्रिय का स्थान सर्वोच्च था। ऐसे सामाजिक विभागों के प्रश्नों का बौद्धकाल में 'दि डायलाग्ज' में वर्णन किया गया है कि जब कभी उनका उल्लेख अथवा प्रयोग होता है 'खत्रिय' सदा पहले आते हैं (खत्रिय सेय्यो जानेतस्मिन्)। खत्रियों की सामाजिक महत्ता तथा सम्मान का निकाय तथा विनय में भी वर्णन है। उनके स्थान को निर्धारित करने के लिए सम्पत्ति का कोई भी ध्यान नहीं रखा जाता था। क्षत्रियों में बहुत ही कम प्रतिशत मनुष्य धनी थे, जैसीकि उस समय तथा स्थान के लिये सम्मति है, और यह बात 'संयुक्त निकाय' में वर्णित है, परन्तु सभी राजा तथा सरदार खत्रिय थे। वे राजन्य कहलाते थे। वहाँ खत्रिय कुल या खत्रिय जाति के विषय में वर्णन है जो कि 'विनय' में राजघराने के लिए प्रयुक्त है और 'सुमंगल विलासिन' में खत्रिय वंश के धनी मानी वंशजों के लिए प्रयुक्त है। अवगुत्तरा तथा मज्झिम निकाय में भी खत्रिण-स्त्री का वर्णन है इस क्रम में-ब्राह्मनी, खत्रिय, वेस्सी, सुद्दी, नेसादी, वेनी, रथकारी तथा पुक्कुसी।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

इस प्रकार से यह स्पष्ट हो जाता है कि प्राचीन काल में संस्कृत में क्षत्रिय या क्षत्रि शब्द का, जो कि एक सारथी या सेवक के अर्थ में प्रयुक्त होता था या मनु द्वारा जो वर्ण संकर समाज के मनुष्य के अर्थ में प्रयुक्त होता था, इसका स्थानापन्न शब्द नहीं है।

ऐसा इसलिए किया गया होगा जिससे शुद्ध वंश के क्षत्रियों में जो कि पाली में खत्रिय कहलाते थे और क्षत्रिय शब्द में जिसका प्रयोग प्राचीन संस्कृत ग्रंथों में दूसरे अर्थ का द्योतक था, उनमें स्पष्ट भेद समझा जा सके। निम्न श्रेणी के लोग दूसरे नामों से सम्बोधित होते थे, जैसा पहले कहा जा चुका है। यह कहना भी यहाँ अप्रासंगिक न होगा कि दूसरी श्रेणी के लोग अर्थात् क्षत्रिय कभी-कभी तो उच्चता की दृष्टि से ब्राह्मणों से भी ऊँचे समझे गये जैसा कि ऊपर देखा गया है।

क्षत्रिय शब्द खत्रिय में क्यों परिवर्तित हुआ, इसकी व्याख्या की आवश्यकता नहीं, क्योंकि पाली वर्णमाला में त्र, त्र, ज्ञ तथा श और ष का स्थान नहीं है अतः वरुरुचि के आधार, पर, क्षत्रिय शब्द को पाली में जो रूप दिया गया है, वह किसी जाति परिवर्तन का द्योतक नहीं है :—

स्कष्क क्षां खकारो भवति।
ष्कस्य ।। भुक्खं ।। पोक्खरो ।। स्कस्य ।। खेदो ।।
संघो क्षस्य ।। खदो ।। जक्खो ।।

इसी प्रकार पाकृत में ख अक्षर, संस्कृत के ष्क, स्क और क्ष का रूपान्तर है। यह निम्नलिखित उदाहरणों से स्पष्ट होगा :—

संस्कृत रूप	प्राकृत रूप
पुस्कर (एक झील)	पोखर
स्कन्ध (कन्धा)	खध
यक्ष (एक प्रकार का देवता)	जक्ख
क्षत (जख्मी)	खद

विक्रमोर्वशी में विदूषक ने अपनी सर्वसाधारण प्राकृत में खत्रिय कुमार या क्षत्रिय कुमार का कथन किया है। अतः यह शब्द 'क्षत्रिय' का द्योतक है। कालिदास के पूर्व भी खत्रिय शब्द का प्रयोग नासिक के एक शिला लेख में मिलता है, जिसमें गौतमी पुत्र श्री शातकर्णि आत्म-प्रशंसा करते हैं कि किस प्रकार उन्होंने खत्रिय लोगों (खत्तिय मान-दर्पमर्दन) के घमंड तथा महत्ता का नाश किया।

इसमें तनिक संदेह नहीं कि खत्रिय शब्द 'क्षत्रिय' का द्योतक है, पर क्या ये क्षत्रिय-गण वही हैं जो खत्री थे या यह शब्द सब सैनिक वर्ग के लोगों के लिए प्रयुक्त होता था? इस के उत्तर के लिए हमें उपलब्ध ऐतिहासिक उदाहरण तथा भाषा विज्ञान का सहारा लेना है।

ईसा से चौथी शती पूर्व उन इतिहासज्ञों ने जो सिकन्दर के साथ आये थे ऐसे प्रजातन्त्र राष्ट्र का उल्लेख किया है जो जथराई (XATHROI) कहलाता था और जो बीच सिंधु की घाटी में था। इस जाति को पहचानना इतना कठिन नहीं रह जाता यदि हम ग्रीक और संस्कृत नामों की तुलना करें। उदाहरण के लिए जरकसीज (XERXES) का संस्कृत में सरलता से खरायवुष, जूद्रक या क्षद्रक रूप हो जाता है, और यह अब निर्विवाद मान लिया गया है कि जथराई शब्द क्षत्री के लिए प्रयुक्त हुआ है। यह कहना संभव नहीं है कि वे प्राचीन क्षत्रियों से भिन्न थे; परन्तु जब सिकन्दर ने भारत पर आक्रमण किया तब सिंधु की घाटी में अनेक प्रजातन्त्र राज्यों में से एक यह भी था।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute. Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

हो सकता है कि इन प्रजातन्त्र राज्यों का सम्बन्ध-मध्य देश के रहने वाले क्षत्रियों से टूट गया हो, या वे स्वयं ही अंतिम खेवे के प्राचीन आर्यों के, जो कि सरस्वती के तट पर भटका करते थे, प्रतीक हों। कदाचित् ये प्राचीन आर्य इतने साहसिक न थे कि पूर्व की ओर जाकर कुरु-पंचाल या कोशल और मिथिला में बस जाते, पर ये दक्षिण-पश्चिम की ओर गये और इस प्रकार से इनका सम्बन्ध पैतृक संस्था से टूट गया। फिर भी हम मान सकते हैं कि ये प्राचीन 'जथराई' ही क्षत्रियों का प्रतिनिधित्व करते हों।

ईसा की दूसरी शती में मिस्र के भूगोल-विशारद टालमी ने प्रथम बार 'खत्रियाओं' का उल्लेख किया। वह लिखता है, दूर पृष्ठ प्रदेश के भाग पोलिन्दे अग्रिओफगोई (Poulindai Agriphagoi) के आधीन थे और उनके बाद खत्रियाओं (Khattraio) थे जिनके आधीन भारत के कुछ पूर्ष और कुछ पश्चिम के ये नगर थे :—

निग्रैन्ग्राम्य	(Nigrangramma)	११४°	२५०.१५
अन्तखेर	(Antakhara)	१२२°	२७.२०
सोन्दसन	(Sondesana)	१२३°	२६०.५०
स्यरनिसिक	(Syrnisika)	१२१°	२३०.३०
पतिस्तम	(Patistama)	१२१°	२५.००
तिसपतिंग	(Tisapatinga)	१२३°	२६.२०

अब पोलिन्दे अग्रिओफगोई (Poilindai Agriophagoi) के विषय में कहा गया है उनका अधिकार उन स्थानों में था जिनका वर्णन किया गया है। हिन्दू ग्रन्थों में पुलिन्द का उद्देश्य कुछ प्राचीन जंगली जातियों से है। अग्रिओफगोई एक ग्रीक शब्द है और यह बताता है कि पुलिन्द एक वह जाति थी जो कि कच्चा मांस, जड़ें या जंगली फल खाकर जीवन व्यतीत करतीं थीं। नक्शों में उनकी स्थिति कच्छ की खाड़ी के उत्तर पूर्व में बताई गई है, जो कि उत्तर में खत्रियाओं तथा दक्षिण में लरिके (Larike) के बीच में थी। इसी नाम की दूसरी जाति विन्ध्य-प्रदेश के मध्य भाग में बसती थी।

यूनानी लेखकों के अनुसार रावी और व्यास के बीच वाले भाग के अधिकारी कठ (Kathaoi) कहलाते थे तथा इनकी राजधानी शाकल थी। महाभारत तथा पाली के बौद्ध ग्रंथों के अनुसार शाकल को मद्र की राजधानी कहा गया है। ये शक्तिशाली लोग वाहलीक कहलाते थे।

इनमें से एक 'खत्रि' नाम की जाति ने जिसका निवास तथा उद्गम कदाचित् पंजाब का निचला भाग था, सौराष्ट्र में अपने को बसाया और गुजरात के बड़े प्रायद्वीप को काठियावाड़ का नाम दिया।

ईसा की तीसरी शती और उसके बाद के समय में खत्रियाओं (Khattraio) का कहीं उल्लेख नहीं मिलता। अधिकार पर निर्धारित जाति व्यवस्था की रूढ़िवादी शृंखला अब ढीली हो चुकी थी, जिस कारण अन्तर्जातीय विवाह साधारण जातियों में ही नहीं वरन् राजन्य-कुल में भी होने लगे थे। गुप्त सम्राट वैश्य थे। परन्तु उन्हें लिच्छवि वंशज होने पर गर्व था, यद्यपि मनुस्मृति में लिच्छवि वृत्य क्षत्रियों के वंशज माने जाते हैं। उस समय में अनुलोम तथा प्रतिलोम विवाह अज्ञात नहीं थे। पहले में तो वर ऊँची जाति का होता था, और दूसरे में कन्या। बहुत से लेखों में ऐसे विवाहों का वर्णन है।

वाकटक राज रुद्रसिंह ने, जो कि एक प्राचीन रूढ़िवादी ब्रह्मण वंशज था प्रभावती गुप्त से विवाह किया, जो गुप्त वंशज चन्द्रगुप्त द्वितीय की कन्या थी। याज्ञवल्क्य स्मृति में एक नीची जाति की पत्नी को धार्मिक कृत्यों में भाग लेने की अनुमति दी गई है, यदि पति की अपनी ही जाति की कोई दूसरी पत्नी न हो। याज्ञवल्क्य ने ऊँची जाति की कन्या के साथ उससे नीची जाति के वर के साथ विवाह को भी मान्यता दी है और ऐसे विवाह प्रायः समाज में होते थे। विभिन्न अन्तर्जातीय विवाह भी अज्ञात नहीं थे।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

इन सामाजिक असमानताओं के होते हुए भी ऐसे लोग थे, जिन्हें तब भी अपने रुधिर की शुद्धता पर गर्व था। कदाचित् वे खत्री (क्षत्री) ही थे जिनका अन्य जातियों के साथ अन्तर्जातीय वैवाहिक समागम नहीं हुआ था।

वर्तमान खत्रियों के वाणिज्य पर जो आक्षेप लगाया गया है उसका खंडन तो स्वयं प्राचीन लेख कर सकते है जिनमें यह पूर्णतथा विदित है कि क्षत्री भी वाणिज्य करते थे। उदाहरणार्थ-पाँचवी शताब्दी के एक लेख में इंदौर के तैलिक श्रेणी के प्रमुखों को क्षत्री कहा गया है।

गुप्त शासन के पहले और पश्चात् विदेशी शक और हूण विजेता क्षत्रियों से वैवाहिक संबंध करके क्षत्रिय कहे जाने लगे। परंतु इनकी संख्या बहुत अधिक नहीं रही। अतएव इन नये क्षत्रियों के साथ शुद्ध क्षत्रियों का अस्तित्व भी रहा। जाति-व्यवस्था में अब तक बहुत कुछ शिथिलता आ गई थी। ऊँचे वर्ण के लोगों को अपने से ठीक नीचे वर्ण में विवाह करने की आज्ञा थी और इससे संतान की जाति नीची न होती थी। हर्ष की कन्या ध्रुव भट्ट को ब्याही गई और जब कि हर्ष वैश्य थे, किन्तु जामात्र क्षत्रिय था। हर्ष की बहन का विवाह गृह वर्मन मौखरी से हुआ। हर्ष के वंश वालों के नाभ के अंत में वर्धन होता था जो उनकी वैश्य जाति का द्योतक था, तो मौखरियों के नाम वर्मन में समाप्त होते थे जो इस बात का सूचक था कि वे क्षत्रिय थे। मन्दसौर का शिलालेख जो कि यशोधर्मन के समय का है हमें बताता है कि ब्राह्मण रविकीर्ति ने वैश्य वंशीय भानु-गुप्ता से विवाह किया और उससे तीन पुत्र हुए जिनमें से एक अभयदत्त, सम्राट यशोधर्मन के नेखदा प्रान्त का क्षत्रप था।

हर्ष के पूर्व क्षत्रियों की स्थिति का इतिहासज्ञ वैद्य ने बहुत ठीक वर्णन किया है। वह लिखते हैं 'इस समय क्षत्रियों ने अपने को राजपूतों और खत्रियों में विभाजित नहीं कर दिया था। अब तक क्षत्री ३६ वंशों में न बटे थे और इन ३६ वंशों के नामों में से किसी का भी अस्तित्व न हुआ था। चौहान और सोलंकी, सिसोदिया और राठौर का जन्म अभी नहीं हुआ था और भारतवर्ष के क्षत्री अभी एक संगठित जाति थे और उनके किसी भी विशेष वंश में परस्पर विवाह-सम्बंध की मनाही न थी। वास्तविकता यह है कि जाति-बंधन ढीले थे, क्योंकि क्षत्री लोग स्वतंत्रतापूर्वक उच्च वंशों की वैश्य कन्याओं से विवाह करते थे, पवित्र क्षत्रिय लोग उन तीन बड़े वंशों को तब बहुत अधिक महत्ता नहीं देते थे, जिनके वंशज वे आज अपने को निश्चय रूप से मानते हैं। क्षत्रियों में सूर्यवंश, चंद्रवंश, तथा अग्निवंश का भी अब तक प्राचीन लेखों में उल्लेख नहीं मिलता। क्षत्रियगण एक विशेष शब्द का प्रयोग करते थे जिसका अंत वर्मा में होता था। क्षत्रियों के लिये सेन तथा भट्ट का प्रयोग भी मिलता है। ईसा की सातवीं शताब्दी के लेखों में सिंह शब्द भी जो पूर्व-मुस्लिम-कालीन राजपूतों में, अत्यधिक था प्रायः नहीं मिलता।

सन् ७५० ई० से ईसा की बारहवीं शताब्दी तक का समय बहुत महत्त्वपूर्ण रहा है क्योंकि इसमें राजनीति के क्षेत्र में ही नहीं, सामाजिक क्षेत्र में भी क्रांतिकारी परिवर्तन हुए, जिस कारण दोनों क्षेत्रों में उथल पुथल हुई। मुस्लिमों के प्रवेश से समाज में एक नयी स्थिति आ गई क्योंकि उनका भारतीय सामाजिक ढाँचे में मिलाया जाना संभव न था जैसा कि अन्य विदेशी लोगों जैसे यूनानी, शक, पहलवी, यूचीस तथा हूणों के लिए संभव हुआ।

इस स्थिति का सामना करने के लिए जो विरोधी दल समाज में प्रत्यक्ष हुए कट्टरता के पक्षपाती और प्रगतिशील। हिन्दू समाज में पहले पक्ष की विजय हुई और दूसरे पक्ष वाले धीरे धीरे यथेष्ट संख्या में मुस्लिम हो गये। इब्न खुरदा जिसने अपना ग्रंथ लगभग सन् ९०० ईसवी में लिखा, भारतीय जातियों के विषय में इस

CC-0. Bhagavad Pr...

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

प्रकार से लिखता है—(१) सब-कुत्रिया (Sabkaturia) जो कि सर्वोच्च जाति के थे और जिसमें से राजा चुने जाते थे। दूसरी श्रेणी के लोग केवल इसी श्रेणी के लोगों के प्रति प्रतिष्ठा प्रदर्शन करते थे (२) ब्राह्मण जो मदिरा से परहेज करते थे। (३) कत्रिया जो मदिरा के तीन प्यालों से अधिक न पीते थे। ब्राह्मण श्रेणी की कन्यायें इस श्रेणी के लोगों को नहीं दी जाती थीं, परन्तु ब्राह्मण लोग उनकी कन्याओं को ग्रहण करते थे। (४) शूद्र जो कि पेशे से किसान होते थे। (५) बैलुरा जो कि पेशे से कलाकार तथा घरेलू नौकर होते थे (६) संन्दलिया जो कि नीचे काम करते थे और अन्तिम (७) लहूद जिनकी स्त्रियाँ बनाव-शृंगार, करके पुरुषों की कामतृप्ति करती थीं। इस वर्णन से स्पष्ट है कि प्राचीन क्षत्रियों में विभाजन था। ऐसा लगता है कि वास्तविक विभाजन की आधार-शिला केवल सर्वव्यापी धर्म थी। किसी जाति पर कोई सामाजिक विभाजन लादा नहीं जा सकता था यदि उसके पीछे न्याय या धर्म की मंजूरी न हो। ऐसा लगता है कि इस विषय में पूरी स्वतंत्रता दी गई थी और यह बात केवल व्यक्तियों तक ही सीमित न थी वरन् विभिन्न क्षत्रिय वर्गों पर भी लागू थी।

अब हम कुछ ऐसे शिला लेखों का उल्लेख करेंगे जिनमें क्षत्रिय वंश का विवरण है। इस शब्द के भिन्न-भिन्न रूपों का भी इससे पता चल जायगा।

एक शिला लेख जो संवत् ९१८ का है जिसे कक्कुका का घारियाल शिला लेख कहते हैं और जो जोधपुर के २० मील उत्तर-पश्चिम में है। उसमें उस हाट के निर्माण का वर्णन है जिसमें विभिन्न रंगों की सड़कें सुशोभित थीं जो कि उन ब्राह्मण क्षत्रियों के घरों तक जाती थीं जिनको कि उस लेख में प्रकृति के नाम से कहा गया है। इसमें वैश्यों का भी उल्लेख है। उस हाट में जीविका कमाने तथा उस स्थान पर महाजन अर्थात् बड़े लोगों की स्थापना का भी बचन दिया था। यहाँ पर क्षत्रियों के लिये प्राकृत शब्द का प्रयोग हुआ जो कि अब व्यापारिक धन्धों में लग गए थे।

पूर्वी बंगाल के विजय सेन और लक्ष्मण सेन देव के शिला लेख विशेष ध्यान देने योग्य हैं। पहले सामंत सेन का उल्लेख होता है जो ब्रह्म-क्षत्रि वर्ग के सैनिकों का नायक था और जिसने करनाट के शत्रुओं को पराजित किया था। उसके पुत्र हेमंत सेन ने महारानी यशोदेवी से विवाह किया। उसके पुत्र विजय सेन थे जिन्होंने दिव्य, नन्यराधव, वीर और गौड़ कामरूप तथा कलिंग के राजाओं को हराया। यह शिला लेख बंगाल के राजशाही जिले के देवपारा में प्राप्त हुआ। करनाट के शत्रुओं के पराजय का वृत्तान्त यह प्रदर्शित करता है कि वास्तव में ब्रह्म-क्षत्रि कर्नाटक से आये थे। दूसरे शिला लेख में जो बंगाल के पवना जिले के मधाई नगर में प्राप्त हुआ है वीर सेन सामंत सेन, जो करनाट क्षत्रियों के राजा थे, के वंश के सम्बंध में वृत्तान्त है। उनके पुत्र हेमंत सेन, उनके लड़के विजय सेन, उनके लड़के भट्टसेन जिस ने चालुक्यवंश की राम देवी से विवाह किया, उसका पुत्र लक्ष्मणसेन जो कि ब्रह्म-क्षत्रियों में सर्वश्रेष्ठ था और जिसने कलिंग पर आक्रमण किया, काशी के राजा को हराया और कामरूप को वश में किया।

प्रश्न उठता है, क्या ब्रह्म-क्षत्रिय वही थे जो वर्तमान समय के गुजरात निवासी ब्रह्म-क्षत्रिय हैं? क्या इन क्षत्रियों की कोई शाखा दक्षिण की ओर रामनाड जिले और रियासतों की ओर तक बढ़ी और तब साहसिक लोग उत्तर-पूर्व की ओर बढ़े यहाँ तक कि उनको पूर्व बंगाल में एक सुरक्षित स्थान में शरण मिली?

इस समय का सब से महत्वपूर्ण लाडनू शिला लेख है जो संवत् १३७३ विक्रमी का है। यह समस्त विवादों का अन्त कर देता है। इसका महत्व इसलिये है कि पहली बार वास्तविक खत्री क्षत्री कहे गए हैं तथा इनके धन्धों का भी उल्लेख है इस लेख के निर्माता ने भाग्यवश अपने गोत्र का भी उल्लेख किया है।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

यह शिला लेख लाडनू में मिला जो जोधपुर रियासत में डीडवाना के ८० मील दक्षिण-पश्चिम है। इस शिला लेख में हरिन्त वर्त्तमान हरियाना देश का वर्णन है जिसमें कि ढिल्ली या दिल्ली नामक नगर है। उसमें यवन सम्राट वंशावली का उल्लेख है और दक्षिण भारत के विजेता अलाउद्दीन की प्रशंसा की गई है। १३ वें पद में हमें बताया गया है कि पुरु के अधिष्ठाता सधर्म नामक व्यक्ति, अलाउद्दीन के प्रियपात्र थे और अपनी योग्यता के कारण उनकी कोषाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति हुई। सधर्म तथा उसके सम्बन्धियों के पूर्वजों के नामों का बाद के पदों में उल्लेख है और यह वंशावली नीचे लिखे ढंग से दिखाई जा सकती है।



इस लेख में तृतीय लेख १४ पद्य से प्रारंभ होता है और सधारन के तीन पुरखों के नाम हमें मिलते हैं जिनका प्रारंभ काश्यप गोत्र के भुवन पाल से होता है। चतुर्थ भाग में केवल दो पद हैं जिसमें कि सधारन की माता की वंशावली है। दूसरा वंश श्रीपद् गोत्र का है जिसके विषय में कुछ पता नहीं है। सधारन का सम्मान राजाओं द्वारा होता था और वह एक दानशील ईश्वर परायण व्यक्ति था। उन्होंने एक लक्ष दान (एक लाख रुपये की मूल्य की वस्तुओं का दान) किया। पाँचवें भाग में केवल तीन पद हैं जिसमें सधारन के ससुर की वंशावली का विवरण है।

इस शिला लेख में सबसे महत्व की बात यह है कि इसमें क्षत्रियों के तीन वंशों के गोत्रों का भी वर्णन है। भुवन पाल कश्यप गोत्र के क्षत्रिय थे, अपनी माता की वंशावली के अनुसार, वहाँ यह भी विवरण दिया है कि सधारन श्रीपद् गोत्र के क्षत्रिय थे। और फिर उनके ससुर क्षत्रिय कहे गये हैं। इस प्रकार हम देखते हैं कि वही क्षत्री शब्द तीनों वंशों के लिए प्रयुक्त हुआ है, जिसके कारण हमें विश्वास होता है जैसा कि प्रसिद्ध इतिहासज्ञ डाक्टर डी० आर० भंडारकर ने कहा है कि वह जाति का खत्री था न कि राजपूत क्योंकि सिद्धान्ततः राजपूत वंशों में प्रथम तो ब्राह्मण गोत्र नहीं लगाए जाते; दूसरे, अगर वह एक राजपूत होता तो उसका वंश, जैसे चाहमान, परमार आदि अवश्य ही वर्णित किया गया होता। तीसरे सधारन सम्राट अलाउद्दीन का कोषाध्यक्ष था (और इस पद पर कोई राजपूत कभी नहीं था)। चौथे यवन-सम्राटों के राज्यकाल में खत्रियों की जाति ने नाम और यश दोनों प्रचुर मात्रा में प्राप्त किया, यह एक सर्व विदित बात है। उस समय खत्री सैनिक तथा शासनसम्बंधी दोनों ही प्रकार की नौकरियों में थे। तेरहवें पद में पुरापति एक शब्द आता है, वह भी बहुत कुछ अर्थ रखता है। उसका अर्थ यह भी हो सकता है कि या तो गाँव अर्थात् पुर का मालिक था या पहले काल का अध्यक्ष था। पत्थर के बाँई ओर श्री सधारन के लिए महथा शब्द का भी प्रयोग हुआ है जो स्पष्ट ही महाठाकुर के लिए प्रयुक्त हुआ है, क्योंकि गाँव का मालिक एक ठाकुर या जागीरदार कहलाता है। इसके सम्बन्ध में डाक्टर भंडारकर का कहना है कि खत्री लोग अब भी ठाकुर शब्द का प्रयोग करते हैं जब कि वे अपने समधियों या अपने दामादों के पिताओं को पत्र लिखते हैं। यह शिला-लेख अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है और यदि

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

कोई मतभेद की बात रही भी हो तो उसका अन्त हो जाना चाहिये। इससे प्रकट होता है कि खत्री अलाउद्दीन खिलजी के समय तक क्षत्रिय नाम से पुकारे जाते थे।

महत्व पूर्ण तथा उत्तरदायित्व पूर्ण शासनिक और सैनिक पदों पर मुस्लिम शासन काल में खत्री विराजमान थे। अब हम इस समय के साहित्य को देख सकते हैं जिससे यह प्रतीत हो कि नाम की भिन्नता पाई जाती थी अथवा नहीं।

चंद बरदाई के पृथ्वी राज रासो में इस शब्द के अनेक रूप हैं। 'क्षत्रिय' शब्द का भी इस प्रकार प्रयोग हुआ है—हम कहौ धुम्य क्षत्रिय सुधर, राज ध्रम ध्रत ध्रम, सालोक सामनसज्जो प्रथक कहौ मृत्ति सारुप भर। दूसरे स्थान पर 'पत्री' कहा गया है—

सुष द्रष्ट स्वामि निज सुद्धरै, इस पत्री पारही तरै

एक दूसरे स्थान पर इस शब्द का रूप षित्री है—

पठन मंत्र रिष जाय। च्यार षित्री उघाए।
कुचल दीन परिहार। पौरि रष्हुसत धाए॥ ५४

पृथ्वी राज रासो में सब से अधिक महत्त्व पूर्ण हवाला उस स्थान पर है जहाँ पर कि चन्द बरदाई को एक भीम नामक खत्री ने भोजन आदि के लिए आमन्त्रित किया जब कि कवि गजनी गया था, और जिसके घर पर वह ठहरा था। नागरी-प्रचारिणी-सभा के संपादकों ने, जहाँ से ग्रंथ प्रकाशित हुआ, उसमें आए हुए शब्द को खत्री शब्द नकल किया है।

सुनि भूपि अति आनन्द आय, लग्यो, सुपाई, पत्री सुलघ
हुज्जाव फिरयो कबि प्रिताय, लै गयौ भीम क्रित भेजि काम

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि पृथ्वी राज रासो में इस शब्द के अनेक रूप मिलते हैं जैसे छत्रिय, पत्री और षित्री। पत्री शब्द खत्रियों का द्योतक है और दूसरा शब्द छत्रिय संस्कृत के शब्द क्षत्रिय का अपभ्रंश है ऐसा लगता है। जैसे क्षत्रियों और खत्रियों ने यहाँ विभिन्न मार्गों को पकड़ लिया हो और यह भेद स्पष्ट हो चुका था।

यह भेद सरलतापूर्वक समझा जा सकता है क्योंकि लेख स्पष्ट दिखाता है कि खत्री लोग जो कि अपने वंशों तथा पुरखों के विषय में आत्म-श्लाघा करते थे और मिश्रित विवाह की पद्धति पर न चलते थे अब भी अपने को क्षत्रिय कहते थे और ऊँचे पदों पर सुशोभित थे। अपने मौलिक अर्थ में राजपूत शब्द वैदिक राजन् या राजा के लिये प्रयुक्त होता था और उसके बाद उच्च वंश वालों के लिए इस शब्द का एक राजनीतिक महत्व है न कि सामाजिक। यदि वैश्य अपने को महाराजाधिराज कह सकते थे और चार सौ वर्षों तक राज्य कर सकते थे जैसे गुप्त और वर्धमान् राजागण, तो यह गूजर लोग अपने को राजपुत्र या राजागण क्यों नहीं कह सकते। प्राचीन क्षत्रियों के पास इसके अतिरिक्त कोई दूसरा मार्ग न था कि प्रगति के अनकूल सैनिक तथा शासन-सम्बन्धी नौकरियाँ करते या व्यापार अपनाते।

मई या जून १२६० के वारंगल के युद्ध में राज्य के सब नगरों के हिन्दू महाजन तथा रुपये की अदला-बदली करने वाले (व्यापारी गण) राजाज्ञा से मार डाले गए। आर्थिक जीवन में उनका स्थान उत्तरी भारत की खत्री जाति ने लिया, जो कि विभिन्न सेनाओं के साथ आये थे जिसने दक्षिण पर आक्रमण किये थे और वह फीरोजशाह बहमनी (१३६७–१४२६) के राज्य तक व्यापार और महाजनी के धंधों में सर्वेसर्वा रहे।

जो लोग मार डाले गए थे उनकी संतानों को अधिक रुपया दे देने पर फिर से अपने पूर्वजों का व्यापार करने की आज्ञा मिल गई। यह विवरण यह बतलाता है कि वे खत्री जो कि मुस्लिम राजाओं के साथ दक्षिण

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

आये थे वे महाजनों के धंधों को अपनाने को बाध्य किए गये क्योंकि पहले के महाजन मार डाले गये थे। रिक्त स्थान की पूर्त्ति व व्यापार को ठीक रखने के लिए ऐसा आवश्यक था।

१४४६ ई० में गुजरात का एक खत्री जो कि अत्यधिक प्रसिद्ध तथा महत्वपूर्ण स्थिति में था, परिस्थितियों वश इस्लाम-धर्म स्वीकार करने पर बाध्य किया गया। यद्यपि वह मुस्लिम हो गया था तो भी उसे अपने प्राचीन वंश पर मान था। गुजरात में शेख स्थान पर शेख अहमद खत्री मसजिद तथा मकबरा गुजराती वास्तु-कला का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। उससे यह भी प्रकट होता है कि खत्री लोग गुजरात में, पूर्व-मध्य-काल ही से बस गए थे।

प्रमाणों द्वारा निम्नलिखित सारांश पर पहुंचते हैं :—

क्षत्रिय प्राचीन नाम था और जो ईसा की ११ वीं शती तक प्रचलित रहा और राजसी उच्च-वंश के लोगों ने जिनका द्योतक यह शब्द है, तब तक विभिन्न क्षेत्रों में अपने को विभाजित नहीं किया था। परन्तु विभिन्न मार्गों को अपनाने का मार्ग आत्म-महत्ता की भावना से उन क्षत्रियों द्वारा हुआ जो कि अपने को राज पुत्र कहना चाहते थे, जबकि दूसरे क्षत्रिय जिन के राज्य छिन गये थे तब भी अपना सैनिक चरित्र अपनाये रहे। कालांतर में अपनी बुद्धि और योग्यता के कारण देश के व्यावसायिक जीवन के रिक्त स्थान की पूर्ति में भी ये सफल हुए।

ये क्षत्री किसी राज्य के बारे में तो घमंड नहीं करते थे, परन्तु वास्तव में अपने धर्म पर उन्हें मान था और उन्होंने व्यापारिक धंधों को अपनाने में किसी प्रकार की भी हिचकिचाहट नहीं दिखाई। मुस्लिम काल में भी वे ऊंची सैनिक तथा शासन-सम्बन्धी नौकरियों पर सुशोभित रहे। क्षत्रिय या खत्री शब्द केवल भाषा विज्ञान के सिद्धान्तों का फल-स्वरूप है। यह दिखाया जा चुका है कि किस प्रकार चन्द बरदाई की हिन्दी में भी क्षत्री का प्रयोग कभी नहीं हुआ है। यदि फारसी, अरबी या वर्तमान उर्दू भाषा में क्ष को ख कहा जाता है, और यही बात पाली भाषा के भी संबन्ध में है, तो जाति को क्यों अपने प्राचीन गौरव से वंचित किया जाय।

(डा० बैजनाथ पुरी लखनऊ के लेख के आधार पर)

विश्वास करो

जगत् में कोई ऐसी चीज नहीं, ऐसा कोई स्थान नहीं, ऐसी कोई विद्या नहीं, ऐसी कोई स्थिति नहीं—जिसे तुम नहीं पा सकते। आत्मशक्ति पर विश्वास करो—दृढ़ विश्वास करो, अडिग निश्चय करो; फिर देखो, सफलता तुम्हारे चरणों पर लोटती है। तुम्हारे मन की चीजें तुम्हारे पास आने में ही अपने जीवन को सफल समझती हैं।

* * *

जब तक तुम जगत् के पदार्थों को अपना मानते रहोगे उनमें ममत्व रखोगे, तब तक कभी निश्चिन्त नहीं हो सकोगे; ये नाशवान् क्षणभगुर परिवर्तनशील पदार्थ कभी तुम्हें निश्चिन्त नहीं होने देंगे इन पर से ममत्व आसक्ति को हटा लो; ये जिनकी चीजें हैं, उन्हें सौंप दो। बस, जहां तुमने इनको भगवान् के समर्पण किया कि वहीं निश्चिन्त हो गये; फिर न नाश का भय है, न अभाव की चिन्ता है और न कामना की जलन है।

[स्वर्ण जयन्ती विशेषांक.

खत्री हितैषी १९३६–१९८७]

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री हितैषी स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक के अवसर पर शुभ कामनायें :—

"रजिस्टर्ड" J. S T. फोन—५६४७

बीकानेर डिवीजन् का उत्कृष्ट टाइल्स निर्माता (मोदी परिवार)

जय सन्तोषी टाईल्स फैक्ट्री

फर्श के लिए हाईड्रोलिक प्रेसड द्वारा निर्मित मोजाइक टाइल्स एवं मारवल सप्लायर्स

पट्टी पेड़ा, पुराना औद्योगिक क्षेत्र रानी बाजार, बीकानेर-३३४००१ (राज०)

नोट :—प्रतिष्ठित डीलरों की आवश्यकता है।

खत्री बबन लाल चोपड़ा (संरक्षक) खत्री हितैषी

कपड़े के थोक व्यापारी

कटपीस क्लीथ मार्केट, जगन्नाथ रोड

थोक कपड़ा मार्केट के सामने नागपुर-४४०००२

खत्री आर० पी० टण्डन

स्वामी सर्वश्री टण्डन ब्रदर्स

चौक बाजार भोपाल, म०प्र०

सहयोगी प्रतिष्ठान—भवानी स्टोर्स

बी० एच० ई० एल० भोपाल, म०प्र०

खत्री दिलीप कपूर २६७६ पी० पी०

स्वामी—जागृती प्लास्टिक एन्ड जनरल स्टोर्स

गोल बाजार चंद्रपुर-४४२४०१

निवास—बाला जी वार्ड—चंद्रपुर, महाराष्ट्र

खत्री नानक लाल नारायण लाल बोहरे

फोन २३४३

स्वामी सर्वश्री माणक स्टोर्स

जनरल मर्चेन्ट, गोल बाजार, चंद्रपुर, महाराष्ट्र

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री हितैषी स्वर्ण जयन्ती के अवसर पर हार्दिक शुभ कामनाएं :

Ested : 1962

Phone : Off. 6178
Resi. 6275

NEW BHARAT STORES

DAUJI ROAD, BIKANER

Stockists :—
The Parshuram Pottery Works Co. Ltd.
(Morvi, Than, Wankaner)
The Khodiyar Pottery Work Ltd. Sihor

Our Specialities :
Sanitary Wares Glazed Tiles,
S. W. Pipe, A. C. Pipe, A. C. Sheets
C. I. Pipe & Fitting
Cement Colours Jali, Plaster etc.

खत्री हितैषी स्वर्ण-जयन्ती के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाओं सहित :

हलो : ४८२४४

खत्री ब्रजकिशोर कपूर

आजीवन सदस्य खत्री हितैषी

१०२, कैन्टूनमेन्ट रोड, लखनऊ

'इतिहास, मात्र घटनाओं का सधात नहीं, अपितु अतीत का स्पन्दन है !'

खत्री हितैषी स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक के अवसर पर शुभ कामनाएँ :—

जातिगौरव खत्री त्रिभुवन नाथ पुरी

सर्वश्री पुरी ट्रान्सपोर्ट कम्पनी

लहरपुर, (सीतापुर) २६११३५

समस्त उत्तर प्रदेश एवं भारत के लिए हर समय मोटर ट्रक व बसें उपलब्ध हैं।

सेवा के लिए फोन नं० २६

With best complimenrs from :

ॐ

Phone Res. 5953
Fac. 5416

MODI FOOD PRODUCTS

★ मोदी फूड प्रोडक्टस ★

Manufacturers of : Tin Pack Rasgulla, Rajbhog, Keshar Bati, Chamcham, Gulub Jamun
& All Types of Bikaneri Sweets, Bhujiya & Papad.

F–200 Bichwal Industrial Area, BIKANER–334002 (Raj.)

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री हितैषी के स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक हेतु
शुभ कामनाओं सहित
खत्री सतीश साहनी

स्वामी सर्वश्री जे० पी० स्टूडियो

सदर बाजार, झाँसी
फोन :—१००७

खत्री हितैषी स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक के अवसर पर खत्री समाज को हार्दिक बधाईयाँ :
सतीश खत्री

सर्वश्री ज्योती इलेक्ट्रॉनिक्स

अधिकृत विक्रेता
टैक्सला कलर एवं काला सफेद टी०वी० सेट
जीवन शाह, झाँसी—उ० प्र०

खत्री हितैषी स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक के अवसर पर हार्दिक शुभ कामनाओं सहित :
तार—प्लास्टर ॥ फोन ४२७४ ३८१४

मॉडर्न प्लास्टर वर्क्स

१४—बी एवं १५—ए, औद्योगिक क्षेत्र, बीकानेर
सभी प्रकार के प्लास्टर आफ पैरिस के निर्माता

खत्री हितैषी स्वर्ण-जयन्ती के अवसर पर हमारी शुभ कामनाएँ :—
शादी एवं मांगलिक कार्यों के अवसर पर
भोजन एवं जलपान की उत्तम एवं उचित मूल्यों पर सुन्दर व्यवस्था हेतु
टण्डन परिवार का एकमात्र विश्वसनीय प्रतिष्ठान

सर्वश्री शिवी कैटरर्स—आउटडोर कैटरिंग के लिए

विशेषता : भारतीय व्यंजन व आईस क्रीम
सम्पर्क करें :—निकट तुलसी सिनेमा, लखनऊ—२२६००१

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री सब एक हैं

सभी खत्रियों का मूल स्थान पंजाब ही है और सभी खत्री वे चाहें जिस कुल, उपजाति या अल्ल के हों उनका सम्बन्ध मूल रूप से सूर्यवंश और चन्द्रवंश से ही है। देश काल और अनेक कारणों से अल्लों में परिवर्तन और परिवर्द्धन होता रहा है, जिसके कारण खत्रियों की सैकड़ों 'अल्ल' बन गई हैं। अपने अस्तित्व और पवित्रता की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाली एक महत्वाकांक्षी जाति में ऐसा होना स्वाभाविक ही है।

पन्चनद प्रदेश--पंजाब के महत्वाकांक्षी खत्री इस प्रदेश में ही बंधकर नहीं रह सके, वे आगे बढ़े और उनके कार्य क्षेत्र का विस्तार बढ़ते-बढ़ते गंगा-यमुना प्रदेश तक हो गया। खत्री पंजाब, दिल्ली, उत्तर-प्रदेश, बिहार और बंगाल तक फैल गये। एक विशेष बात यह भी रही कि खत्रियों ने प्रायः प्रमुख नगरों को ही अपना कार्य क्षेत्र बनाया।

अल्ल कैसे परिवर्तित होती हैं इसका एक अच्छा उदाहरण नेहरू परिवार है। श्री जवाहर लाल नेहरू ने अपनी पुस्तक 'मेरी कहानी' में लिखा है कि हमारे जो पुरखा सबसे पहले आये, उनका नाम था राजकौल। राजकौल को एक मकान और कुछ जागीर दी गई। मकान नहर के किनारे था, इसी से उनका नाम नेहरू पड़ गया। कौल जो उनका कौटुम्बिक नाम था, बदलकर कौल नेहरू हो गया और आगे चलकर कौल तो गायब हो गया और महज नेहरू रह गया।

खत्री पंजाब से निकल कर पूर्व की ओर बढ़े और इस बढ़ने के काल और क्रम से इनके तीन प्रमुख भेद भी बन गये—(१) पूर्विये (२) पच्छयें और (३) पंजाबी। इनके ऐतिहासिक काल अनुमानतः इस प्रकार हैं, ईसा की आठवीं शताब्दी से १७०० ईसवी तक जो लोग पंजाब से आगे बढ़कर यमुना-गंगा के प्रदेश के विभिन्न जनपदों में बस गये वह पूर्विये कहलाये। १७०० से १९०० के बीच जो परिवार पंजाब से आगे बढ़कर इन प्रदेशों में बसे उन्हें पच्छयें कहा जाने लगा और जो पंजाब में ही रह गये अथवा और बाद में इन प्रदेशों में आये, वह पंजाबी कहलाये।

पूर्विये

प्रारम्भ में पंजाब से आने वाले खत्रियों के साथ खत्रियों के पुरोहित 'सारस्वत ब्राह्मण' नहीं आ पाये थे और उन्हें अपने संस्कार, यज्ञोपवीत, विवाह आदि के लिए ब्राह्मणों की आवश्यकता थी। संस्कारों को विधिवत सम्पन्न कराने के लिये उन्हें स्थानीय ब्राह्मणों में से ही अपने लिए पुरोहित-पाधा को स्वीकार करना पड़ा। उनकी बोली पर भी क्षेत्र का व्यापक प्रभाव पड़ना स्वाभाविक था। अतः खड़ी बोली के साथ-साथ अवधी और ब्रजभाषा का व्यापक प्रभाव उनकी घरेलू बोल चाल पर भी पड़ा। उस समय की राजनैतिक उथल-पुथल के कारण उनका सम्पर्क पंजाब के साथ नहीं रह सका।

पूर्विये खत्रियों ने अपने मूल पुरोहित सारस्वत ब्राह्मणों के अभाव और क्षेत्रीय लोकाचार के कारण पूर्व की अनेक रीति-रिवाज अपना लीं। फिर भी यह खत्री रक्त का प्रभाव था कि प्रतिकूल परिस्थितियों में भी वे खत्री जाति के मूलरूप को बनाये रखने में सफल रहे। विवाह संस्कार के शुभ अवसर पर 'घोड़ी', 'तलवार', 'वेदी' और हाथी दांत का 'चूड़ा' आदि खत्री विवाह संस्कार की आवश्यक विशेषताओं को इन्होंने कभी नहीं छोड़ा और अपने जाति गौरव को बनाये रखा।

[स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक

खत्री हितैषी १९३६-१९८७]

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

पच्छयें

इनके आगमन का युग और उसके बाद की देश की राजनैतिक अवस्था ऐसी थी जिससे उनका पंजाब के साथ किसी न किसी प्रकार से सम्बन्ध बना रहा। पच्छयें खत्रियों के आगमन के समय इनके पुरोहित सारस्वत ब्राह्मणों का बड़ा दल भी पंजाब से आकर इन प्रदेशों में बस गया। इन्हें अपने संस्कार, रीति-रिवाज सम्पन्न कराने के लिये अपने पुरोहित सुलभ थे। इस कारण ये अपने रीति-रिवाज बनाये रखने में सफल रहे। इनमें क्षेत्रीय परिस्थितियों के कारण आवश्यक कुछ मामूली परिवर्तन ही हुये। देश के बंटवारे के पूर्व तक पच्छयें खत्रियों के अधिकांश बच्चे जीवन में एक बार 'चोटी उतरवाने के लिये '(पंजाब) में 'बाबे के मन्दिर' में जाते थे और इस प्रकार पंजाब से उनका सम्बन्ध भावनात्मक रूप से सदैव जुड़ा रहा। इनके घरों में बोली जाने वाली भाषा शुद्ध खड़ी बोली रही और उसमें भी पंजाबीपन बाकी रहा। उदाहरण के लिए पच्छयें खत्रियों के घरों में नू (बहू), धी (पुत्री), पुत्तर, (पुत्र) भावो (माँ), कुड़ी (लड़की) गुत्त (चोटी) का प्रयोग अब तक होता आ रहा है और विवाह आदि के अवसर पर दोहे-सिटनी में भी बड़ी मात्रा में पंजाबी शब्दों का प्रयोग होता है।

पंजाबी

यह बात विशेष ध्यान देने योग्य है कि ब्राह्मण तथा क्षत्रियों के गोत्र एक होते हैं। बात यह है कि प्रथम दोनों के मूल-पुरुष एक ही थे और दूसरे प्राचीन समय में ब्राह्मण तथा क्षत्रियों में आपस में विवाह-सम्बन्ध होते थे। प्राचीन इतिहास में इसके एक नहीं अनेक उदाहरण हैं। इसके अतिरिक्त अपने कर्मों से भी ब्राह्मण क्षत्रिय तथा क्षत्रिय ब्राह्मण हो सकता था। क्षत्रिय विश्वामित्र ब्राह्मण कर्मा हो गये। इसके अतिरिक्त ब्राह्मण होते हुए भी परशुराम तथा द्रोणाचार्य आदि क्षत्रिय-कर्मा थे। क्षत्रिय राजा ययाति को ब्राह्मण कुमारी शर्मिष्ठा ब्याही थी। अनेक ब्रह्मर्षियों ने क्षत्रिय कन्याओं को वरण किया था। ऐसे विवाह सम्बन्धों से जो वंश चले उसके मूल-पुरुष तो वही हुए जो गोत्र प्रवर्तक थे। यही कारण है कि ब्राह्मणों तथा क्षत्रियों के गोत्र एक हो सकते हैं तथा होते हैं। यह हम जानते ही हैं कि विवाहोपरान्त कन्या भी पति के परिवार, जाति-गोत्र की हो जाती है और उसकी संतान, पति के वर्ण तथा जाति की होती है।

उदाहरण के लिए भरद्वाज मुनि की वंशावली लिखी जाती है। भरद्वाज बृहस्पति के पुत्र थे, माता ममता थीं। (म० पु० ४६ अ):—

तस्मादेव भरद्वाजाद् ब्राह्मणः क्षत्रिय भुवि। इसी प्रकार भार्गव कुल की दो शाखायें हो गई हैं। (पं० श्याम बिहारी मिश्र का इतिहास) कौशिक गोत्री ब्राह्मण और क्षत्रिय दोनों ही हैं। ब्राह्मण तथा उपनिषद् भाग से ज्ञात होता है कि प्राचीन काल में ब्राह्मण और क्षत्रियों में घनिष्ठ सम्बन्ध था। क्षत्रियों का प्रवर पुरोहित का प्रवर ही होता था। श्रुति आज्ञा देती है कि :—

'पुरोहित प्रवरा वै राजन्याः।' आश्वालायनादि श्रोत सूत्र भी कहता है :—'पुरोहितस्य प्रवरेण राजा प्रवणीत इति विज्ञायते। पुरोहित प्रावणेन्' यहाँ तो ठीक ही है, किंतु क्षत्रियों के गोत्र के अनुसार भी गोत्र होते हैं।

हरितो युवनाश्वस्य हरितायत आत्मजाः।
ऐते ह्यङ्गिरसः पक्षेः-क्षात्रोपेता द्विजातयः॥

अर्थात् युवनाश्व के पुत्र हरित, उनके हारित अङ्गिरस पक्ष में यह क्षत्रोपेत द्विजाति कहलाते हैं (विष्णु पुराण की टीका ४।३।५)। हारित के विषय में लिखा है कि, "यतो हरिताद्धारिता आंगिरसो द्विजा हरित गोत्र प्रवराः" और हरित के आंगिरस अम्बरीत गण हरित गोत्र के प्रवर हैं। श्रीमद्भागवत में लिखा है कि पुरुरवा के पुत्र, आयु, उनके राभ, उनके रभस तिनके गम्भीर और अक्रिय उत्पन्न हुए, जिनके यहाँ ब्रह्मवित् (ब्राह्मण) हुए।

राभस्य रभसः पुत्रो गम्भीर श्चक्रियस्तथा।
तस्य क्षेत्रे ब्रह्मजज्ञे शृणु वंशन्नामशः॥ (६।१७।१०)

और राजा पुरु से आगे बारहवें महाराज अप्रतिरथ उत्पन्न हुए। उनके विषय में विष्णु पुराण में लिखा है :—

अप्रतिरथः कण्वः तस्यापि मेधातिथिः यत् काण्वायन द्विजा वभूवुः।

अर्थात अप्रतिरथ के पुत्र कण्व, कण्व के मेधातिथि, जिनसे काण्वायन ब्रह्म की उत्पत्ति हुई। और

सुमति ध्रुवोऽप्रतिरथः कण्वोऽप्रतिरथात्मजः।
तस्य मेधातिथिस्तस्मात्प्रस्कारवाद्याद्विजातयः॥
पुत्रोऽभूत्सुमते रैभ्योदुष्यन्तस्तत्सुतो मतः। (श्रीमद्भागत स्क० ६ अ० २०)

अर्थात् रंतिमार के सुमति, ध्रुव और अप्रतिरथ हुए अप्रतिरथ के पुत्र कण्व; तिनके मेधातिथि, उनके प्रस्कादिक क्षत्रियोवेत ब्राह्मण हुए। सुमति के पुत्र रैभ्या उनके दुष्यन्त हुए जो पुरु से १६ वीं पीढ़ी में दुष्यन्त थे। अतः उपर्युक्त लेख के अनुसार अजमीढ़ क्षत्रियके वंश में प्रिय मेधादिक क्षत्रियोवेत हुए। देखिये 'अजमीढिस्य वंश्याः स्युः प्रियमेधादयोद्विजाः। (म० भा० ६।२१।२१)

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

विष्णु पुराण और मत्स्य पुराण के मत से क्षत्रिय राजा अजमीढ़ की सप्तम पीढ़ी में मुद्गल का जन्म हुआ। उनसे मौद्गल्य नाम क्षेत्रोपेता ब्राह्मण हुए। यथा—

मुद्गलस्यापि मौद्गल्य क्षैत्रोपेता द्विजातयः।
ऐते ह्यङ्गिरसः पक्षे संस्थिताः कण्व मुद्गला॥

इसी प्रकार गर्ग से शिनि, शिनिसे गार्ग्य। यह गार्ग्य गण क्षत्रिय से ब्राह्मण में परिवर्तित हो गये। पुराणों में लिखा है कि गर्ग के भ्राता महावीर्य के उरुक्षय, इनके तीन पुत्र अयरुण पुष्करी और कपि हुए। तीनों क्षत्रिय होकर तप भजन आदि के प्रभाव से ब्राह्मणत्व को प्राप्त हुए।

अंगिरा ब्रह्मा के द्वितीय पुत्र हैं। इनकी भार्या का नाम, शुभा था, जिनके बृहस्पति, भानुमती, एका इत्यादि छः कन्यायें थीं। खत्रियों का गोत्र अंगिरस है। संस्कृत में 'ख' के स्थान में 'क्ष' मिलेगा। देखिये—

सोमया नाम विप्राणां क्षत्रियाणां हविर्भुजः।
सोमयास्तु कवेः पुत्राः हविष्मन्तोऽङ्गिरः सुता॥ (मनु० अ० ३)

अर्थात् क्षत्रियों के पूर्वज हविर्भुज अङ्गिरस के बेटे हैं और हविर्भुज नाम अग्नि का है।

विधः सायन्तनस्यान्ते स ददर्श तपोनिधिम्।
अन्यासितमरुन्धत्या स्वाहयेव हविर्भुजम्॥
ऋग्वेद भी कहता है "त्वमग्ने प्रथमोऽङ्गिराः॥

अर्थात् हे अग्नि! तू पहिले अङ्गिरस है। अङ्गिरस के वंशवालों का नाम ही अङ्गिरस हुआ है। सारांश यह कि श्रुतिस्मृति आदि के अनुसार आङ्गिरस गोत्री खत्री अग्निवंशी क्षत्रिय हैं। भविष्योत्तर पुराण के ४१ वें अध्याय में अग्नि वंश के विषय में है—

ततः प्रभृति ते सर्व्वे क्षत्रिया द्विजपालितः।
त्यक्त क्षत्रिय धर्म्मणो वणिग्वृत्ति समाश्रिताः॥
ते सूर्य शशि वंशीया अग्नि वंश समुद्भवा।
उत्तमाः क्षत्रियाः ख्याताः तादितोहमः स्मृताः॥

यजमानों के लड़के जो परशुराम के युद्ध में सारस्वतों से रक्षा किये गये थे तथा जो (आपत्ति के कारण) व्यापार करने लगे। वे सूर्य, चन्द्र और अग्नि वंश में हैं तथा वे श्रेष्ठ क्षत्रिय हैं और इनसे इतर मध्यम हैं वा उत्तम क्षत्रिय नहीं हैं।

यहाँ दर्पण की नाईं पुराण ने खोल कर दिखा, दिया कि खत्री, सूर्य, चन्द्र और अग्नि वंश के श्रेष्ठ क्षत्रिय हैं। खन्ने और टन्डन आदि अग्नि वंश में हैं।

कौशाल्य और कौशल्य गोत्र कहने में बड़ी भूल हो सकती है और लोग इन गोत्रों के विषय में पूछ बैठते हैं। अतः प्रमाण दिया जाता है।

अतः परमगस्त्यस्य वक्ष्ये वंशोद्भवान् द्विजान्
अगस्त्यः करम्भयः कौशाल्याः करटास्तथा॥
सुमेधसो मयोभुवस्तथा गान्धार कायणाः। (मत्स्य पुराण)

कौशिल्य ऋषि गोत्र प्रवर्तक हुए हैं। नागर खण्ड १०८।१८। कौशल्य—अगस्त्यगण में हैं (गो० प्र० नि० व० पृ० १२८)। क्षत्रियाणामात्मीय प्रवरः पुरोहित प्रवरश्चोपदिष्टः पुरोहित गौत्रैः पुरोहितप्रवरैश्च सह क्षत्रियाणम् विवाहोनोपदिष्टः। (प्रवर मन्जरी)

पुरोहितों के प्रवरानुसार ही क्षत्रियों के प्रवर होते हैं। मेधातिथि' विज्ञानेम्वरादिकों का भी निचोड़ सिद्धान्त यही है कि "विवाहेतु पुरोहित गोत्र प्रवर ग्रह ऐविति" विवाह में पुरोहितों (जो अपने वंश के हों) के गोत्र का ही ग्रहण और उच्चारण करना चाहिए। अतः जिसे अपना गोत्र याद न हो तो अपने जो पुरोहित हों उनका गोत्र लेना जैसे वत्स कुल के सेठों का गोत्र वत्स और कुमडिये पुरोहित का भी वत्स गोत्र है। वही लेना चाहिये।

[स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक

खत्री हितैषी १९३६–१९८७]

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Re...

Funding: Tattva Heritage and ... Bangalore.

गोत्रोत्पत्ति

उत्पत्ति—ब्रह्मा से—भृगु, २ अंगिराः ३ मरीचि, ४ अत्रिः ।

नम्बर (१) भृगुवंश १ च्यवन २ वीतहव्य (कश्यपवंश) ३ मित्रयु (अत्रिवंश) ४ वेन (अत्रिवंश) नम्बर २, ३, ४ भृगोः कृत्रिमपुत्रः च्यवन के—१ आप्नुवान् दूसरे प्रमति । आप्नुवान् के उर्व तिनके ऋचीक; उनके जगदग्नि (गोत्रकार-सप्तर्षि) तिनके १ वत्सः २ विद ३ आर्ष्टिषेण । वेण के अनूप प्रथम वंश चला ।

नम्बर (२) अंगिरावंश—१ उचथ्यः २ अयास्यः ३ बामदेव ४ गौतम ५ संवर्त्तः ६ उशिजः ७ बृहस्पतिः ८ पृषदश्वः ९ कण्वः १० मुदलः ११ संस्कृतिः १२ पुरुकुत्सः १३ अम्बरीषः ।

नम्बर १ के दीर्घात्मा वा गौतम (गो० स०) इनके १ कक्षीवान् इनके कौमंड २ करेणुपाल ३ बामदेव के बृहदकथः ४ गौतम इनके शरद्वान । नम्बर १, ३ और ४ के पृथग्वंश चले ।

नम्बर ७ बृहस्पति—भरद्वाज (गो० स०) इनके १ अग्निवेश २ वान्दनः इनके मातवचसः तिनके ऋक्षः । ३ गर्गः इनके शिनिः । ४ आमहीय इनके कपिः । नम्बर २, ३ और ४ के पृथग्वंश ।

नम्बर ८ पृषदश्वः कृ० पु० मरीचि वंश्यः इनके रथीतर तिनके अष्टादंष्ट्रः पृथग्वंश नम्बर ९ कण्वः कृ० पु० अत्रि तिनके मेधातिथिः (पृ० वं०) नम्बर १० मुद्गल और ११ संस्कृति दोनों के कृ० पु० अत्रिवंश्य । नम्बर १२ पुरुकुत्स कृ० पु० अत्रि, तिनके त्रसदस्यु इनके संभूति इनके विष्णु वृद्धि (पृ० वं०) नम्बर १३ अम्बरीष कृ० पु० मरीचि वंश्य इनके युवनाश्व इनके हरित पृथग्वंश ।

✱ नोट—गोत्र प्रवर निबन्धकदम्ब से ।

गो० गोत्र प्रवर्तक । स० = सप्तर्षि । कृ० = कृत्रिमपुत्र । श्रीमान पण्डित रामयत्न चतुर्वेदी द्वारा संशोधित धन्यवाद !

गोत्र प्रवर निर्णय—(प्रवर मञ्जरी) से

गोत्र	वेद	उपवेद	शाखा	सूत्र	प्रवर	शिखा	पाद	कैफियत
कश्यप	साम	गांधर्व	कौतुमी	गोभिल	कश्यप, अवत्सार, नैध्रुव	बाम	बाम	...
काश्यप	,,	,,	,,	,,	काश्यप, अवत्सार, नैध्रुव	,,	,,	कश्यपवंश
कौशिक	,,	,,	,,	,,	देवरात अघमर्षण, कौशिक	,,	,,	...
कुशिक	,,	,,	,,	,,	कुशिक, कौशिक बन्धुल	,,	,,	...
भारद्वाज	,,	,,	,,	,,	अंगिरा, बार्हस्पत्य, भारद्वाज	,,	,,	भारद्वाजाङ्गिरस
वत्स	,,	,,	,,	,,	भार्गव च्यवन, आप्नवान, और्व, जमदग्न्य	,,	,,	भृगुगण
शांडिल्य	,,	,,	,,	,,	शांडिल्य, असित देवल	,,	,,	...

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

गोत्र	वेद	उपवेद	शाखा	सूत्र	प्रवर	शिखा	पाद	कैफियत
कात्यायन	साम	गांधर्व	कौतुमी	कात्यायन	अत्रि, भृगु, वशिष्ठ	दाम	बाम	...
भरद्वाज	,,	,,	,,	,,	अंगिरा, वार्हस्पत भारद्वाज	,,	,,	...
उपमन्यु	,,	,,	,,	,,	वशिष्ठ, जमदग्न्य, उरमन्यु या भार्गव, वशिष्ठ उपमन्यु	,,	,,	...
गौतम	,,	,,	,,	,,	अंगिरस वात्स, गौतमया गौतम, वशिष्ठ, वार्हस्पत्य	दहिन	दहिन	...
गर्ग	,,	,,	,,	,,	गार्ग्य, कौस्तुभ, माराड्य या मांड्य	,,	,,	भारद्वाजङ्गिरस
मौद्गल	,,	,,	गोभिल	,,	मौद्गल, भार्गव, च्यवन, अप्नवान, जमदग्नि	,,	,,	...
धनञ्जय	,,	,,	,,	,,	धनञ्जय, मधुछन्द, विश्वामित्र	,,	,,	...
सांकृत्य	,,	,,	,,	,,	सांकृत, सांख्यायन, किल अव्याहारात्रि सांकृतयः	,,	,,	धर्म प्रदीप
आत्रि	यजुर्वेद	धनुर्वेद	मध्यन्दिनी	कात्यायन	विश्वामित्र, अघमर्षण, कौशिक, अत्र्यात्रेयशातातयाः	,,	,,	...
वशिष्ठ	,,	,,	,,	,,	एका वशिष्ठा और वशिष्ठ, शक्ति और पराशर	,,	,,	...
पराशर	,,	,,	,,	,,	पराशर, वशिष्ठ, शक्ति	,,	,,	...
हंसलस	,,	,,	,,	,,	भार्गव, वाध्र्यश्व, दिवोदास	,,	,,	...
कौशाल्य	,,	,,	,,	,,	आगस्त्य, महेन्द्र मायोभुव	,,	,,	लौगाक्षी कात्यायनोल्कोः
कौशल्य	,,	,,	,,	,,	अंगिरा, सवचोतंर्थ्य, उशिज	,,	,,	...
कौशल्य	,,	,,	,,	,,	अगस्त्य, माहेन्द्र, मायोभुव	,,	,,	...
आंगिरस	,,	,,	,,	,,	अंगिरस वशिष्ठ, बार्हस्पत्य	,,	,,	...
कुत्स	,,	,,	,,	,,	अंगिरा मानधाता, कुत्स	,,	,,	केवलाङ्गिरस
भार्गव	,,	,,	,,	,,	च्यवन, भार्गव, अप्नवान, और्व जमदग्नि	,,	,,	...
कुशिक	,,	,,	,,	,,	विश्वामित्र, अघमर्षण, कौशिक	,,	,,	...
कपि	,,	,,	,,	,,	आंगिरस, अमहय्यौ, रूक्ष्य	,,	,,	...
असिल	,,	,,	,,	,,	असिल, वाशिल, कौशल्य	,,	,,	...
श्रिगिन्निता	ऋग्वेद	...	अश्वलायन	आश्वलायन	...	बाम	बाम	...
अलोष्य या (औलस)					औतत्थ्य, आंगिरस, औशिज			

CC-0. Bhagavad Ramanuja National P...

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

मान्य देवी - देवता

—श्री लक्ष्मी नारायण टंडन (लखनऊ)

वैदिक तथा ब्राह्मण धर्म के मानने वाले मूर्ति-पूजक हिन्दू निम्नलिखित देवी-देवताओं का पूजन करते हैं।

१ ब्रह्मा—सृष्टि तथा ब्रह्मांड के निर्माता ब्रह्मा जी है। त्रिदेवों में इनका प्रथम स्थान है। इनके चार मुख हैं। इन्हीं चारों मुखों से चार वेदो का प्रादुर्भाव हुआ। भगवान की रजोगुणी शक्ति जो निर्माण करती है, वही ब्रह्मा हुई।

२ विष्णु—त्रिदेवों में सबसे अधिक महत्व विष्णु का है। वह संसार के रक्षक हैं। हिन्दुओं में ब्रह्मा जी की पूजा से अधिक पूजा का प्रचार इन्हीं देव का हैं। ईश्वर की सतोगुणी रक्षा करने वाली शक्ति का नाम ही विष्णु है।

३ शिव या महादेव—त्रिदेवों में तीसरे देव शिब हैं। आप संसार के नाश के देवता हैं। ईश्वर की वह तमोगुणी महान शक्ति जो अंधकार अथवा अज्ञान के संहार का काम करती हैं, उसका नाम शिव है। शिव—भक्ति का प्रचार भी भारत के हिन्दुओं में अत्यधिक है।

अस्तु हमने देखा कि परब्रह्म परमात्मा ही सर्जना, रक्षा तथा संहार के स्वामी हैं और उसी ईश्वर के यह तीन नाम ब्रह्मा, विष्णु तथा महेश हैं। प्रत्येक देव के अलग अलग कार्य की भाँति उनके रंग तथा विशेषताएँ भी भिन्न भिन्न हैं। यह सब ईश्वर के गुणों तथा विशेषताओं के अलंकारिक रूप हैं। ब्रह्मा रक्त (लाल) रंग के, विष्णु श्याम रंग के तथा शिव श्वेत रंग के है। शिव को नीलकंठ भी कहते हैं क्योंकि समुद्र—मन्थन के समय निकले विष का पान करके उन्होंने देव तथा दानवों की रक्षा की है। समस्त दूषणों तथा पापों के शमन करने की शक्ति जिनमें हो वह नीलकण्ठ है। कल्याण—कर्त्ता शिव का निवास स्थान कैलाश पर्वत हैं। सर्प उनके शरीर में लिपटे रहते हैं। उनकी जटा पर गङ्गा जी तथा मस्तक पर चन्द्रमा सुशोभित है। वन्य मूल, फूल फल ही उन्हें प्रिय हैं। लिंग चिन्ह स्वरूप का प्रतीक है। क्योंकि सृजन शक्ति शरीर के इसी अंग में सन्निहित है। शिवजी के अनेक नाम हैं। शैवों का गढ़ काशी है। शिवपुराण तथा उत्तम पुराण शैवों के प्रसिद्ध ग्रन्थ हैं। नगर तथा ग्राम के प्रत्येक मुहल्ले तथा बस्ती में अवश्य ही एक आध शिवालय होगा जहाँ समस्त हिन्दू शिव जी की पूजा बेल-पत्र, धतूरा, भाँग फूलों तथा फलों से करते हैं। शिव भक्त रुद्राक्ष की माला धारण करते हैं। द्वादश ज्योर्तिलिंग भारत में हैं। इन पर आगे लिखा जायगा। प्रत्येक धर्मात्मा हिन्दू नर-नारी शिवरात्रि का व्रत रखता है। मन्दिरों में बमभोला शंकर की ध्वनि के साथ घण्टों की ध्वनि आपको सर्वत्र सुनाई देगी।

ऐसा नहीं है कि जो वैष्णव हों वह शिव की पूजा न करें, यह पहले ही कहा जा चुका है। किन्तु वैष्णवों और शाक्तों में कुछ भेद होता है जो विशेष महत्व का होता है। १. वैष्णव कभी मांस का स्पर्श नहीं करेगा; पर शैवों में कुछ को मांस खाने में आपत्ति नहीं। कुछ तो भंग तथा मदिरा तक पान करने में नहीं हिचकते। वैष्णव धर्म में मदिरा पान वर्जित है। २. शैव त्रिपुण्ड लगाते हैं। मस्तक में सीधी रेखायें भस्म या चंदन की लगाते हैं किन्तु वैष्णव यदि रामानन्दी हुए तो सीधी तीन रेखायें और यदि कृष्ण भक्त वैष्णव हुए तो दो रेखाएँ खड़ी मस्तक पर लगाते हैं। ३. शैव रुद्राक्ष की तथा वैष्णव तुलसी की माला का प्रयोग करते हैं। ४. शैवों में रहस्यात्मकता तथा एकान्त या मरघट आदि को अधिक मान्यता दी जाती है जब कि वैष्णवों में उत्सव और आनन्द में भाग लेने का आदेश है।

ब्रह्मा, विष्णु, महेश के अतिरिक्त वैदिक युग के देवताओं का भी पूजन खत्रियों के यहाँ होता है।

१. इन्द्र या वरुण जल के देवता हैं, समुद्र के मालिक हैं, बिजली, बादल तथा वर्षा के स्वामी है। यह

Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

सत्य है कि उनकी पूजा विष्णु तथा शिव की भाँति प्रचलित नहीं है किन्तु विवाहादि शुभ अवसरों पर इन्द्र आदि देवों की पूजा के निमित्त वेद-मन्त्रों का उच्चारण होता है।

१. अग्नि देव भी वैदिक देवता हैं। शुभ कार्यों तथा संस्कारों के समय अग्नि देव की पूजा होती है। यज्ञ तथा हवन तो हमारे यहां प्रत्येक शुभ कार्य में अवश्य ही होते हैं।

प्राचीन समय में प्रकृति के समस्त अवयवों के प्रति कृतज्ञता तथा श्रद्धा का भाव प्रकट करने के लिये हिन्दुओं ने उन्हें देव रूप दिया। यही कारण है कि वायु देवता, सूर्य तथा चन्द्रमा आदि सभी हमारे यहाँ देव हैं।

शक्ति के भक्त, दुर्गा, काली आदि विभिन्न नामों से शक्ति की पूजा करते हैं।

राम तथा कृष्ण के मन्दिरों की तो भरमार प्रत्येक नगर तथा ग्राम में मिलती है।

हनुमान जी की पूजा भी हिन्दुओं में व्यापक है। उनके मन्दिर प्रायः सब कहीं मिलेंगे। वह शक्ति, ब्रह्मचर्य, सेवा भाव तथा वीरता के प्रतीक हैं। उन्हें वायु पुत्र कहा जाता है। प्रत्येक अखाड़े में जहाँ पहलवान कुश्ती लड़ते हैं तथा प्रत्येक कूप के निकट उनका मन्दिर तथा आला होता है। वह भय तथा संकट में हमारी रक्षा करने वाले माने जाते हैं।

गणेश जी हमारे यहाँ विघ्न-हरण, मुद-मंगलदाता, ज्ञान तथा विद्या-दायक, तथा पाप-विनाशक के रूप में पूजे जाते है। कोई भी शुभ कार्य बिना उनकी पूजा के सम्पन्न नहीं हो सकता। बच्चों की पढ़ाई प्रारम्भ करने पर उनकी तख्ती पुजाई जाती है तब उस पर श्री गणेशायनमः लिखा जाता है। यहीं नहीं, प्रत्येक नये खाते या घर में गणेश याद किये जाते हैं। कवि, वेदान्ती, विद्वान सभी अपने कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा कर देने के लिये पहले गणेश वन्दना करते हैं। राजा, व्यापारी सभी तो उनकी पूजा करते हैं। प्रत्येक मास की शुक्ल पक्ष की गणेश-चौथ पर स्त्रियाँ व्रत रहती हैं। माघ मास की गणेशचौथ तो अत्यन्त शुभ मानी जाती है। उस दिन संकट तेवता के नाम से उनकी पूजा होती है। उनके चार हाथों में गदा, चक्र, पुस्तक तथा मोदक होता है। मोदक उन्हें बहुत प्रिय है। उनका मस्तक हाथी का है और चूहा उनका वाहन है।

कहीं कहीं भैरव या भैरों जी की भी पूजा होती हैं। कुत्ता उनका साथी है। खत्रियों में उनके भक्त भी हैं। भैरव भक्त माँस मदिरा से परहेज नहीं करते।

नवग्रहों की पूजा संस्कारों के समय होती है। सूर्य, नवग्रहों में प्रमुख हैं। कोई भी धार्मिक कृत्य बिना सूर्य की पूजा के पूर्ण नहीं होता। सूर्य का महत्व पृथ्वी तथा उसके जीवों के लिए कितना है तथा मनुष्यों के भाग्य पर नवग्रहों का प्रभाव ज्योतिष के अनुसार कितना पड़ता है, यह सर्वविदित है। सेठों के यहाँ गर्भवती स्त्री के लिए "बुड्ढे बाबू" की पूजा वास्तव में सूर्य की पूजा है। यों भी प्रत्येक दिन स्नान के बाद हिन्दू सूर्य को अर्घ्य देते हैं। सूर्य प्राणायाम तथा सूर्य नमस्कार भी पूजा तथा व्यायाम के प्रमुख अग हैं। वैसे ही चन्द्रमा का नवग्रहों में द्वितीय स्थान है। जैसे रविवार को हिन्दू व्रत रहते हैं, वैसे ही चन्द्रवार को भी व्रत रखते हैं। प्रत्येक संस्कार में सूर्य की भाँति चन्द्र की भी पूजा अनिवार्य है। करवाचौथ शरद-पूनो, गणेश-चौथ आदि में चन्द्रमा ही का पूजन होता है। सूर्य, बल, शक्ति, प्रताप तथा तेज के दाता हैं। रुद्र या मंगल युद्ध के देवता हैं। बुद्ध बुद्धि तथा विद्या के देवता हैं। वृहस्पति सम्पत्ति समृद्धि तथा वाक्शक्ति के देवता हैं। शुक्र धन, प्रतिभा, प्रेम तथा वैभव के देवता हैं। शनि, राहु तथा केतु अशुभ ग्रह समझे जाते है। संस्कारों के समय इनका पूजन होता है। शनि, राहु तथा केतु का इस भय से पूजन किया जाता है कि इनकी कोप-दृष्टि न पड़े। ये देव रुष्ट न हों।

सप्तर्षियों की भी पूजा होती है। अन्य स्थानीय देवी-देवताओं की भी विभिन्न नामों से पूजा खत्रियों में होती है।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

नवग्रहों के अतिरिक्त पंचतत्वों की भी पूजा खत्री जाति के संस्कारों तथा अन्य धार्मिक कृत्यों के अवसर पर होती है। अग्नि तथा जल की पूजा विशेष रूप से होती है। अग्नि देव की संतुष्टि के लिए यज्ञ तथा हवन करना प्रत्येक उत्सव में आवश्यक होता है। केवल खत्री ही नहीं समस्त हिंदू जाति में अग्नि की पूजा होती है। प्रत्येक धर्म-भीरु हिन्दू प्रातः तथा सायं अग्निहोत्र करता है अर्थात् अग्नि की पूजा करता तथा भेंट चढ़ाता है। भोजन करने के पश्चात् एक रोटी तथा थोड़ा सा दाल चावल चूल्हे में डाल दिया जाता है। यह अग्नि देव को समर्पण है। भोजन करने के पूर्व अग्नि में यह अन्न अवश्य हवन के रूप में डाला जाता है। अब भी कुछ पुराने विचारों के वृद्ध धार्मिक कृत्य पंच गहायज्ञ करते हैं। नगरकोट में ज्वाला की ज्योति की पूजा, होलिका-दहन में अग्नि की पूजा, दुर्गाष्टमी आदि दिनों पर प्रचलित पूजा सब अग्निदेव की ही पूजा है। विवाह-संस्कार पर तो केवल हवन और यज्ञ ही नहीं होता है वरन् अग्निदेव पति तथा पत्नी के सम्बन्ध के साक्षी स्वरूप माने जाते हैं। एक विशेष प्रकार की लकड़ी से अग्नि उत्पन्न करके जो 'अग्नि आधान' कहलाती है, अनेक संस्कारों में अग्नि देव की पूजा रूपी हवन होता है। प्राचीन समय में ही ऋषि मुनि नित्य हवन करते थे। और अब भी कुछ धर्मात्मा हिन्दू नित्य हवन करते हैं। हवनों की उपयोगिता के संबंध में हमें कुछ नहीं कहना है। उसमे सभी पढ़े-लिखे परिचित हैं। हमारे धर्म-ग्रंथों में अग्नि पूजा का बड़ा महत्व लिखा है। प्राचीन आर्य तो अग्नि, जल आदि प्रकृति के अवयवों के पूजक थे ही उनके वंशज होने के नाते समस्त रीति रिवाज हम अपनाये हुए हैं।

अग्नि के अतिरिक्त जल की पूजा भी प्रत्येक धार्मिक कृत्य में होती है। इन्द्र की पूजा के संबंध में लिखा ही जा चुका है। इन्द्र, जल तथा मेघों के देवता और राजा हैं। पवित्र मंत्रों द्वारा उनका आवाहन संस्कारों के अवसर पर होता है। गङ्गासागर में स्नान का महत्व (मकर संक्राति) सर्वविदित ही है। गङ्गा जी हमारे यहाँ माता कहलाती हैं। महानदी, गोदावरी, कृष्णा, कावेरी, नर्मदा, ताप्ती, यमुना, सरस्वती, सरयू आदि सब नदियाँ हमारे यहाँ पवित्र मानी जाती हैं। बिशेष रूप से गोदावरी, नर्मदा तथा यमुना तो परम पवित्र मानी जाती हैं। संस्कारों के समय वैदिक मंत्रों द्वारा इन पवित्र नदियों का आवाहन किया जाता है। इसका तात्पर्य क्या है? यही कि हम जल की पूजा करते हैं। जल के देवता, वरुण देव की पूजा समुद्र-स्नान का भी हमारे यहाँ बड़ा महत्व है। जगन्नाथपुरी में "समुद्रद्वार" तथा दक्षिण में कन्या-कुमारी आदि में समुद्र-स्नान के महत्व का क्या कहना है। सारस्वत ऋषियों ने सरस्वती नदी के तट पर ही वेदों का पठन-पाठन किया है। गङ्गा-तट पर रह कर प्राचीन ऋषियों ने वेद तथा पुराणादि धर्म-ग्रंथों का प्रचार और प्रसार किया है। सरस्वती नदी के तट पर वेदों का प्रचार हुआ था। इसलिए सरस्वती देवी के रूप में हमारे यहाँ विद्या, ज्ञान तथा कला की देवी मानी गयीं। आज भी वैसे ही गङ्गा तट पर अनेक संस्कार किये जाते हैं। मृत्यु के समय गङ्गा जल तथा तुलसी-दल का प्रयोग होता है। मृत्यु के पश्चात् अस्थियाँ गङ्गा जल में ही विसर्जित होती हैं। गङ्गा से कृषकों का कितना लाभ होता था, गङ्गा आवागमन का उन दिनों कितनी अच्छी साधन थी, गङ्गा-जल कितना स्वास्थ्य वर्धक है, आदि भावों से कृतज्ञता के रूप में हिन्दुओं ने उनकी पूजा प्रारम्भ की। हम कितने उदार तथा महान थे। उपकारी के लिए कृतज्ञता का भाव प्रकट करना हमारी प्रकृति में था, वह जड़ हो या चेतन।

★ विश्वास करो ★

सुख चाहते हो, दूसरों को सुख दो; मान चाहते हो, मान प्रदान करो; हित चाहते हो, हित करो और बुराई चाहते हो तो बुराई करो। याद रक्खो, जैसा बीज बोओगे वैसा ही फल मिलेगा। फल की न्यूनाधिकता जमीन के अनुसार होगी।

Research Institute, Melukote Collection.

गोत्रोत्पत्ति ठीक से समझने के लिये हम चंद्रवंश की वंशावली ब्रह्मा से देते हैं क्योंकि विष्णु पुराण में लिखा है :—

ब्रह्म क्षत्रस्य यो योनिर्वंशे राजर्षि सत्कृतः ।
क्षेमकं प्राप्य राजानं संस्था प्राप्स्यते कलौ ॥

चंद्रवंश



CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.
Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

सूर्य वंश



नोट

★ ऊपर की और नीचे की कई पीढ़ियों के बीच के नाम ग्रन्थ बढ़ जाने के भय से नहीं लिखे ।

(अ) १ इस वंश के आगे के लोग ब्राह्मण हुए (भागवत पु.) ।

२ भृगु कुल वंश में हुए ।

३ प्रथक वंश ।

४ अंगिरा कुल में चले गये ।

★ पुरकुत्स और अम्बरीषि कृत्रिम पुत्र थे

५ इस वंश के क्षत्रिय क्षत्रियों पेत ब्राह्मण कहलाये (मत्स्य और विष्णु पुराण) ।

६ इन्हें अंगिरस ऋषि ने यज्ञ कराया इस वंश के वंशधर खन्ने इस वंश के हैं [भा. स्व. ९ अ २ ।]

उपरोक्त वंशावली श्रीकृष्णदास खेमराज बम्बई में सन् १९५६ की छपी रामायण–विष्णु पुराण और मत्स्य पुराण के अनुसार है किन्हीं-२ पुराणों में एक आध पीढ़ी अधिक या कम है परन्तु ऊपर जो नोट दिये हैं उनमें कोई अन्तर नहीं ।

नोट यह तालिकायें डा० प्रेम शंकर टंडन द्वारा संकलित की गई हैं जिसके लिये संपादक मण्डल उनका आभारी हैं ।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.
Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.



CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

...ge and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

तड़बन्दी

'ढाई घर' 'चार चर' 'बारह घर' आदि का भेद अलाउद्दीन खिलजी के समय की घटना से सम्बन्धित बताया जाता है। इसके पूर्व खत्रियों में किसी प्रकार की तड़बन्दी होने का प्रमाण नहीं मिलता है। 'अशरफ-उल-तारीख' में इससे सम्बन्धित घटना का वर्णन किया गया है।

खत्री शूर वीर और योद्धा जाति रही है। जीवकोपार्जन हेतु उस समय अधिकांश खत्री सैनिक-वृत्ति को ही अपनाते थे। पूरी की पूरी सेना खत्रियों की होती थी। अलाउद्दीन खिलजी के समय में गुजरात के युद्ध में दिल्ली प्रदेश के हजारों खत्री मारे गये। किसी स्त्री का पति मारा गया था, तो किसी का पुत्र। हजारों वीरांगनाओं पर वैधव्य दुःख आ पड़ा था। यह दुःखी खत्रानियां जब सूतक शुद्धि हेतु जमुना में स्नान करने गयीं तो वहाँ उनका रोना स्वाभाविक था। इतनी स्त्रियों का एक साथ रोना दिल दहलाने वाला था। अलाउद्दीन ने जब यह बिलाप सुना और इसका कारण पूछने पर जब उसे तथ्य का पता चला तो उसने अपने वजीर ऊधरमल खत्री को हुक्म दिया कि इन विधवाओं की शादी करा दी जाये। ऊधरमल ने खत्रियों के चौधरी मेहरोत्रा बन्धुओं लल्लू तथा जगधर को बुलाकर बादशाह का विधवाओं की शादी कराने का हुक्म सुना दिया। विधवा-विवाह खत्रियों में जायज नहीं है, इसलिए पूरी बिरादरी में हलचल मच गई। जहां-जहां भी खत्री थे, वहाँ यह खबर पहुँची। पंचायतें हुईं सभी ने इसका विरोध किया। अब अलाउद्दीन के सामने यह विरोध—'इन्कार' प्रकट करने की बात थी। ऊधरमल बादशाह का सामना करने में डर रहे थे। एक वृद्धा खत्रानी के जोश दिलाने कि जान जाये तो जाये पर विरोध किया जाये पर सामूहिक विरोध करने की बात तय की गयी। सामूहिक विरोध हेतु मेहरोत्रे, कपूर और खन्ने कुल के जो लोग सबसे पहले आगे आए और विरोध किया, वह 'ढाई घर' कहे गये—(१) मेहरोत्रा (२) कपूर और खन्ने, खन्ने चूंकि खण्ड—आधे कहलाते हैं अतः यह सब मिलकर ढाई कहे गये और इनके वंशज भी 'ढाई घर' कहे जाने लगे।

उसके बाद अन्य खत्री कुलों के दल आये, जिनमें मेहरोत्रा, कपूर, खन्ने तथा सेठ थे; अतः इनके वंशज 'चार घर' खत्री कहलाये। इनके बाद बारह अल्लों के अन्य खत्री वंश आये, यह लोग -बारह घर' कहलाये। क्रमशः विरोध के लिए आने वाले परिवारों और कुलों की संख्या बढ़ती गयी ५२ अल्लों के खत्री विरोध हेतु आये वे बावन जायी खत्री कहे गये। भारत भर के खत्री वंशजों—परिवारों की टोलियां दिल्ली आयीं। अपने-अपने स्थानों में भी खत्रियों ने विधवाविवाह के प्रश्न पर सभायें कीं। बादशाह की आज्ञा के विरोध में दिल्ली में सभायें हुयीं। खत्रियों के दल के दल बादशाह के पास गये और अपनी बात कही।

अन्त में बादशाह ने अपनी आज्ञा वापस ले ली और यह खत्रियों की व्यक्तिगत इच्छा पर छोड़ दिया गया कि पे विधवा विवाह करें या न करें।

बादशाह को अपना हुक्म वापस लेना पड़ा और इससे वह चिढ़ गया। उसने अपनी सेना में खत्रियों के सैनिक पदों को खत्म कर दिया। खत्रियों के जीवकोपार्जन का आधार डगमगा गया। पुरुषार्थी खत्रियों ने नया आधार ढूँढा। वे व्यापार में लग गये।

विरोध समाप्त हो गया—बात आई, गई, हो गई; परन्तु खत्री जाति पर इसका अमिट प्रभाव पड़ा। इसके फलस्वरूप खत्री ढाई घर, चार घर, बारह घर और बहुजाति आदि भेदों में बट गये। जिन लोगों ने बाद-

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

शाह की आज्ञा मान कर विधवा-विवाह का पहले समर्थन किया; परन्तु विरोध किये जाने पर इन्होंने भी विरोध किया, वे सरीन (सरह-हीन) कहलाये जाने लगे, इस प्रकार सरीन अल्ल की उत्पत्ति हुई।

दूसरे खत्रियों की सैनिक वृत्ति समाप्त हो गयी, इन्होंने व्यापार-वृत्ति को स्वीकार किया, वे विभिन्न व्यापारों में लग गये, दलाली आदि कार्य करने लगे। इसका परिणाम कालान्तर में १९०१ की जनगणना के समय, खत्रियों को वैश्य लिखे जाने से प्रकट हुआ और तब इस बेबुनियाद बात का विरोध किया गया। बरेली का ऐतिहासिक सम्मेलन हुआ और जाति-सम्मान की रक्षा की जा सकी।

सम्मान की रक्षा एक पवित्र कार्य है, इस हेतु कोई पहले तैयार हो अथवा बाद में, इससे कोई छोटा बड़ा नहीं होता।

खत्री हितैषी स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक के प्रकाशन पर

हार्दिक बधाइयों सहित

स्टील हाउस

कसेरट बाजार, आगरा

● स्टील ● पीतल ● मुरादाबादी बर्तनों

के प्रमुख विक्रेता

अध्यक्ष—खत्री भोलानाथ अरोड़ा

—: सहयोगी संस्थायें :—

अरोड़ा ब्रदर्स एवम् भारत वाच कम्पनी

जौहरी बाजार
आगरा

कसेरठ बाजार
आगरा

★ विश्वास करो ★

भगवान् सर्वशक्तिमान है। तुम्हारा दुःख चाहे कितना ही प्रबल हो, तुम्हारे संकट चाहे कितने ही पहाड़—जैसे हों और तुम्हारी विपत्ति चाहे किसी से भी न टलने वाली हो, भगवान् की शक्ति के सामने सभी तुच्छ हैं। तुम विश्वास करके सर्वशक्तिमान् को पुकारो—उनकी शक्ति अविलम्ब तुम्हारी सहायता करेगी और तत्काल तुम्हारे पहाड़-से दुःख-कष्ट काजल के ढेर की तरह उड़ जायेंगे।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

'खत्री इतिहास'

लेखक :—हाजी यूसुफ अली राख्या पटेल

[भाग १ व २ गुजराती भाषा में करांची (पाकिस्तान) से प्रकाशित भाग १ (सन् १९७५) के 'महान् खत्री कौम के अपील का हिन्दी रूपान्तर —सम्पादक].

महान खत्री कौम की अपील

खत्री कौम की भिन्न-भिन्न जमातों के हिन्दू-मुसलिम माननीय सदस्यों तथा नई पेढ़ी के नवयुवकों को मेरी नम्रता पूर्वक प्रार्थना है कि वे खत्री कौम को प्रगतिमय बनाने तथा उसे सार्वजनिक क्षेत्रों में आगे लाने के लिए सब भाई यथाशक्ति प्रयास करें। तथा इस विषय पर जिस किसी को जो कुछ जमातों में मतभेद हों, वे चाहे बड़े हों या छोटे, व्यक्तिगत हो या सार्वजनिक उन सब को कौम की भलाई एवं उन्नति के लिए दफना देना है और कौम की तरक्की के उपायों की योजना करें। इसके अलावा पंचवर्षीय योजना बनाकर स्थिरता प्राप्त करने के लिए तन, मन और धन से यथा शक्ति प्रयास करना चाहिये जिससे कौम प्रगति के पथ पर अग्रसर होकर नामना प्राप्त कर सकें।

खत्री कौम के जो सदस्य राजनीतिक एवं सामाजिक प्रवृतियों में रस लेते हैं उन्हें चाहिये कि वे अधिक सक्रिय भाग लेकर खत्री कौम के नाम को उज्जवल बनावें। हमें आजादी मिलने के बाद अपने कुछ नवयुवक भाई जरूरत से अधिक स्वतंत्र विचार-धारा के हो गये हैं। वे जमात के अग्रगण्यों तथा बुजुर्गों के प्रति चाहिये वैसा विवेक एवं आदर भाव नहीं रख रहे हैं। यह अफसोस की बात है जो कि उन्हें अपने बुजुर्गों के प्रति मान-प्रतिष्ठा रख कर उनकी इज्जत या सम्मान करना चाहिये। इसमें उनकी ही शोभा है। (हम दूसरों की इज्जत करेंगे तो दूसरे भी हमारी इज्जत करेंगे—यह संसार का नियम है।) इसलिए नवयुवक बुजुर्गों के जमाती कार्यों में अच्छा सहकार देकर जमाती निजाम को सुदृढ़ बनाना चाहिये। जमाती संविधान को क्षति पहुँचे ऐसा कोई भी कार्य नहीं करना चाहिये। बुजुर्गों का भी कर्त्तव्य है कि वे जमाती कार्य को क्षति हो ऐसे कार्यों के प्रति सख्त नजर रखें। कौम में एकता बनी रहे ऐसे कार्य प्रारंभ करें जिससे कौम समृद्ध एवं सम्पन्न हो।

खत्री कौम के प्रचार प्रसार एवं सुधार के लिए कौम के प्रामाणिक, सुज्ञ एवं सेवाभावी व्यक्तियों को चाहिए कि वे एक कौमी अखबार निकालने की भी व्यवस्था करें जिससे कौम सुखी एवं समृद्ध बने। इसके लिये भिन्न-भिन्न शहरों में व्यवस्था करनी चाहिये। अखबार साप्ताहिक पाक्षिक या मासिक और किसी भी भाषा में सुविधा अनुसार प्रकट होने चाहिए और कौम को चाहिये कि ऐसे अखबारों को प्रोत्साहन एवं बढ़ावा दे। यह कार्य कौम को अपना कर्त्तव्य समझकर करना चाहिये। जिससे कौमी वारदातों से अन्य शहर या अन्य राज्यों के भाई अवगत हो सकें और कौम को मार्गदर्शन भी प्राप्त हो। जमातों के विषय में कुछ जानकारी इस पुस्तक में मिल सकती है। यह हकीकत है कि जिस कौम का अपना निजी अखबार नहीं है वह कभी प्रगति नहीं कर सकता। अपनी कौम का कोई अखबार न होने से मुझे साहित्य सामग्री एवं जानकारी प्राप्त करने में अत्यधिक कष्ट का सामना करना पड़ा है। पुरानी हकीकतें भी प्राप्त नहीं हो रही हैं। मुझे आशा है कि मेरी इस अपील के प्रति खत्री भाई अवश्य ध्यान देंगे और अमल करेंगे। ईश्वर मेरी कौम का वर्तमान एवं भविष्य उज्जवल बनायें यही कामना है।

[स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक

खत्री हितैषी १९३६–१९८७]

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

★ बाबा लालू जसराय ★

यह स्मरणीय सिद्ध पुरुष हुए हैं, आराध्य देव हैं। कोई मत या पंथ इनका चलाया हुआ नहीं है। स्कंद पुराण, हिंगुलाद्रि खंड पूर्व संहिता में इनका उल्लेख है।

श्री लालू नामक सारस्वत ब्राह्मण ने जिस समय खन्ने खत्रियों का वंश नष्टप्राय सा हो रहा था और वंश वृद्धि नहीं हो रही थी, पुरश्चरणों की सिद्धि से ज्वाला जी को प्रसन्न किया और पुनः ज्वाला जी के निर्देश कि तुम श्री हिंगुला जी की आराधना करो, तुम्हारा मनोरथ सिद्ध होगा, मां हिंगुला जी की आराधना की। जगदम्बा प्रसन्न हुई, दर्शन दिये और कहा, 'मेरा दिया पुत्र, मेरा अंश ही है, यह लंगूर वीर है, मेरा मानसिक पुत्र है, इसका नाम जसराज रखना, इसको बड़ी प्रतिष्ठा से रखना और दुर्वचन कभी न कहना, अन्यथा दुःख पाओगे।"

श्रावण कृष्ण १० दिन रविवार को जसराज जी का प्रादुर्भाव हुआ खन्ना वंश की रक्षा हुई।

जसराज जी जब पाँच वर्ष के थे, एक दिन घर में ही एक बड़े आले में खेल रहे थे, ध्यान लगाये बैठे थे। उनकी मां ने उन्हे बार-बीर पुकारा वह बोले नहीं। माँ को क्रोध आ गया, वह जगदम्बा हिंगुला के वचन भूल गई—उन्होंने दुर्वचन कह दिये; 'बोलता क्यों नहीं ? क्या आले में घुस गया ?" इतना कहना था कि आला फटता गया और वह आले में समाते गये। माँ चिल्लाई और दौड़ कर उनकी चुटिया पकड़ ली। माँ के हाथ में केवल चुटिया ही रह गई, वह आले में समा गये। कुल पुरोहित बाबा लालू आये, स्तुति की। अवतार-पुरुष जसराज जी ने श्री दुर्गा, चण्डिका, शिवा, सराही विंधवासिनी, भुवनेश्वरी आदि नाम भेद से शक्ति की उपासना का उपदेश दिया और उस स्थान को सिद्धपीठ और शीघ्र फल देने वाला बताया। यह लाहौर से ८० मील पर दिपालपुरा की घटना है।

'बाबा लालू जसराय' के नाम से उस स्थान विशेष का पूजन किया जाने लगा। खत्री विशेषतः खन्ने यहाँ चोटी चढ़ाने लगे। प्रति मास महीने में खत्री बालक अपनी चोटी चढ़ाकर अवतार पुरुष के प्रति अपना सम्मान प्रकट करते हैं।

अरदास

चढ़े जक चन्द्र मकरन्द पूजा करैं, भानु की जोत पर रहें उजालू।
देवी और देवता सिद्ध पूजा करैं, नित्य नारद उठ वेद बोलू ॥
कहें जोधाराय तेरी जोत जागी रहे, सदा, अगम निगम पूरन नहालू।
दूध औ पूत धन लक्ष्मी देत हैं, जागती जोत जसराय लालू ॥
बड़ोई दाता, जाको सुमिरैं परभाता, नाम लेत दुख जाता ऐसे बाबा लालू जसराय जू।
लालि ही घोड़ा-जोड़ा लाल ही मन्दिर सोहे, लाल ही आभूषण रहे मन भाय जू॥
हिंगलाज के सपूत, बैरी मारे सब दूत, ऐसी कहें जोधाराय सो तौ सन्तन सहाय जू।
झिंगरन जै-जै कार करें, खन्ने जी चोटी धरें, भट्ट ठाड़े स्तुति करें भक्तन मन भाय जू॥
बोल लाल मन्दिर वाले बाबा लालू जसराय की जय ॥

---

१. देश के विभाजन से यह स्थान पाकिस्तान में चला गया। कानपुर में खन्ना बंधुओं सर्व श्री विश्वनाथ विशम्भरनाथ खन्ना ने चौक ठठराही में 'बाबा लालू जसराय' के मंदिर की स्थापना की है और अब इस स्थान पर पूजन किया जाता है एवं 'चोटी चढ़ाई' जाती है। पंजाब, देहली एवं उत्तर भारत के लगभग सभी बड़े नगरों में श्री बाबा लालू जी के मंदिरों की स्थापना हो चुकी है।

CC-0. Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री उपजातियों का परिचय

ले० विश्वेश्वर नाथ मेहरोत्रा

भारतवर्ष के पंजाब प्रदेश में बसने वाले आर्य क्षत्रिय ही प्राकृत भाषा के कारण खत्री कहलाते हैं और भाषा के विकास के बाद भी इन्होंने अपने प्राचीन नाम को नहीं छोड़ा है। खत्री आदिकाल से शक्ति के उपासक रहे हैं और आज भी शक्ति के विभिन्न रूपों—श्री दुर्गा, चन्द्रिका, शिवा, सतोषी माता, वैष्णो देवी आदि की उपासना कुलदेवी के रूप में करते हैं।

प्राचीन समय में सूर्य और चन्द्रवंश खत्रियों के दो भेद थे। प्रत्येक वंश में अवान्तर भेद भी थे। लोग मूल वंश नाम से प्रसिद्ध न होकर अपने अवान्तर नाम से प्रसिद्ध थे, यथा सूर्यवंश के परम तेजस्वी अंगिरा ऋषि के नाम पर अग्नि वंश, इक्ष्वाकु के पौत्र विदेह के नाम पर विदेह वश और रघु के नाम पर वंश प्रसिद्ध हुए हैं। चन्द्रवंशी पुरुरवा के पौत्र नहुष और नहुष के पौत्र यदु से यदुवंश चला। इसी प्रकार अवान्तर भेद बढ़ते गये और अनेक नए अवान्तरों का निर्माण होता रहा। कालान्तर में इन्हें 'अल्ल' भी कहा जाने लगा।

महा पद्मनन्द के समय में खत्रियों पर जो अत्याचार हुये, उससे विवश होकर इन्हें अपने रक्त और वैदिक धर्म की रक्षा हेतु, वंश एवं जाति नामों में परिवर्तन करना पड़ा, और इन्होंने अपने वंश-गोत्र के पर्याय-वाची शब्दों को अपनाकर अपने अस्तित्व की रक्षा की। इस ऐतिहासिक तथ्य के प्रमाण में 'मिहिर प्रकाश' का केवल एक पद्य ही लिख देना यथेष्ठ होगा।

अग्नि रवि ते सोम ए जगत होय विख्यात।
जे रखिये एह नाम तां शत्रु करदे घात॥
मिहर - वंशियाँ पौरवाँ कीता आप विचार।
अग्नि वंशियों वो मनो कीता ए निरधार॥
मूल लुकावो नाम नू पता न पावे कोई।
धर्म बीज दे कारणे सिर ते लवो सैजोई॥

सूर्यवंश की एक शाखा ने मेहरोत्रे, चन्द्रवश ने कपूर या कपूर, अग्निवंश ने खन्ने और टण्डन तथा यदुवंश वालों ने श्रेष्ठ—सेठ और कक्कड़ नाम रखकर, प्राचीन वंश परम्परा—नाम और रुधिर की रक्षा की। अन्य जाति के क्षत्रियों (राजपूतों—चन्देल चौहान आदि) से इन्होंने विवाह सम्बंध नहीं किये। समस्त खत्री चाहे वे किसी भी उपजाति, तड़, अथवा अल्ल के क्यों न हों सूर्य अथवा चन्द्रवंशी हैं।

मेहरोत्रा—सूर्यवंशियों का एक दल अपने को मिहरोत्रा कहने लगा। 'मिहिर' शब्द संस्कृत का है। मिहिर का अर्थ है—सूर्य। मेहतीति मिहिर अर्थात् जल को खींचकर मेह बरसाने वाला, मिहिरोत्तर का अर्थ है, मिहिर (सूर्य) जिस वंश का उत्तर अर्थात् प्रधान पुरुष है, वह मिहिरोत्तर है।

सूर्यवंश के लिए मिहिर वंश था मिहिर कुल प्राचीन समय में भी बोला और लिखा जाता था। 'राज तरंगिणी' (६/८७) में लिखा है—

"मिहिर कुल के राजा हस्त।" इसी पुस्तक और इसी वाक्य का प्रमाण 'हिन्दी विश्वकोष में भी देकर इसे पुष्ट किया गया है। यदि सूर्यवंश के लिए 'मिहिरकुल' का प्रयोग न होता तो राजा हस्त के लिये ऐसा कदापि न लिखा जाता। इस प्रकार तिल मात्र का भी संदेह सूर्यवंश के लिए मिहिरोत्रा कहने में नहीं हैं। यह मिहिरोत्रा शब्द ही कालाँतर में मेहरोत्रा, मल्होत्रा और सूक्ष्म रूप मेहरा बन गया।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

'गोत्र' : कौशल्य
'प्रवर' : अंगिरस, औतथ्य, औशनस,
कुल देवी : नील रुद्र की शक्ति 'शिवामाता'
पुरोहित : जैतली सारस्वत ।

कपूर--चन्द्रवंशी खत्रियों ने अपना नाम कर्पूर रख लिया । संस्कृत भाषा के संयुक्त 'र' का पंजाबी भाषा में लोप हो जाता है जैसे ब्राह्मण-बाह्मण, कर्म-कम्म, सर्प-सप्प, कर्चूर-कचूर, कर्पूर-कपूर । आजकल बोलचाल ही नहीं लिखने के समय भी कपूर ही लिखा जाता है ।

'अमर कोष' में कर्पूर के सम्बंध में लिखा है 'अथ कर्पूर मस्त्रियाम । घनसारश्चंद्रसंज्ञसितामो हिमवालुका (अमर २/६/१३) । कर्पूर घनसार, चंद्रसंज्ञ, सिताभ्र और हिमवालुका । चंद्रसज्ञ का अर्थ है-- चन्द्रस्य संज्ञा: संज्ञा: यस्य च चंद्र संज्ञ: ।

चंद्र के नाम कर्पूर के लिए भी प्रयोग किये जाते हैं । चंद्र का नाम कर्पूर होने से यह 'कर्पूर' नाम रखने में अपने मूल चंद्रवंश का भी ध्यान रखा गया है और चंद्रवश न कह कर कर्पूर नाम ले लिया गया है । वह कर्पूर ही कालांतर में कपूर बन गया है ।

गोत्र : कौशिक
प्रवर : कौशिक, देवरात, अघमर्षण;
कुलदेवी : ईश पूज्य माता 'चण्डिका'
पुरोहित : मोहले, कपूरिये सारस्वत

खन्ना--खन्ना (खन्ने) पंजाबी शब्द है । यह संस्कृत शब्द क्षण्य से बना हैं । कहना चाहिये क्षण्य का ही अपभ्रंश खन्ना हैं । सूर्यवंश के अंगिरा ऋषि के नाम पर चले अग्निवंश में ब्राह्मण और खत्रिय दोनों ही हैं अर्थात् एक वंश के दो खण्ड हैं । श्री मद्भागवत के नौवें स्कन्ध में उल्लेख है कि इस वंश के प्रायः सभी ब्रह्मनिष्ठ होकर ब्राह्मण हो गये थे । कदाचित इसी से शेष बचे खत्रियों को क्षण्य कहा जाने लगा । क्षण्य अथवा खण्ड होने के कारण अग्नि वंशी खत्रियों ने क्षण्यखन्न शब्द को अपने लिए स्वीकार कर लिया । इस प्रकार अग्निवंशियों का नाम खन्ना हो गया ।

गोत्र : कुत्स
प्रवर : अकिरा मीनधाता, कुत्स
कुलदेवी : भटयानी चण्डिका भवानी
कुलदेवता : बाबा लालू जसराय (यशराज)
पुरोहित : झिंगण सारस्वत

सेठ--संस्कृत 'श्रेष्ठ' शब्द का अपभ्रंश 'सेठ' है । चंद्रवंश के प्रतापी राजा नहुष के कुल में प्रतापी राजर्षि देवोदास ने जन्म लिया था । देवोदास के पुत्र महाराज 'प्रतर्द्धन' थे । राजर्षि देवोदास पुत्र प्रतर्द्धन को 'वत्स' कह कर पुकारते थे । पिता द्वारा प्रीति पूर्वक 'वत्स' कह कर पुकारने के कारण प्रतर्द्धन राजा 'वत्स' के नाम से ही प्रसिद्ध हुए । प्रतर्द्धन के समय में ही चंद्रवंश के वत्स कुल की 'श्रेष्ठ' संज्ञा का प्रारम्भ हुआ ।

चद्रवश के वत्स कुल की इस श्रेष्ठ संज्ञा की विशेष प्रसिद्धि राजा प्रतर्द्धन से ही हुयी । कादम्बरी में भी ऐसा ही लिखा है । श्रेष्ठ कुलोद्भव इन वत्सों का गोत्र भी 'वत्स' ही है । यह समस्त कुल शिवभक्त ही रहे हैं।

---

१. वंश रर्म्परा के प्रथम अर्थात् मूल पुरुष जिससे वंश चले, का नाम ही 'गोत्र' कहलाता है ।
२. गोत्र को प्रारम्भ करने वाले ऋषि की मंत्र दृष्टा संतानें 'प्रवर' कहलाती हैं ।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

इस विशाल वंश के वंशज (वत्स, कौक्कुर और तालजघ) अपने को सेठ ही कहते हैं।

आज भी पूर्व की बात याद दिलाने को नाई-भाट 'सेठक्कन का बंधान पंचराज' कह कर इनके पूर्व प्रताप का गौरव याद दिलाते हैं।

गोत्र : वत्स

प्रवर : भार्गव, च्यवन, आप्नेवान, और्व और जमदग्न्य

कुलदेव : बाबा शिवाउ

पुरोहित : कुमड़िये सारस्वत

कक्कड़, तलवार एवं बैजल

इस सुविशाल वंश में वस्त, कौक्कुर तालजंघ, बैजल वे सभी आज भी अपने को सेठ ही कहते हैं।

कक्कड़--चंद्रवंशी हैं इनके कुल पुरोहित भी जामदग्न्य वत्स गोत्रीय कुमडिये सारस्वत हैं। कुल देवता शिवाउ है।

तलवार--तालजंघ कुल के खत्रीय महर्षि और्व के समय से वसिष्ठ कुल को मानने लगे फिर तालवाड और तलवार कहे जाने लगें। वशिष्ठ वंशज पाराशर गोत्र के तिक्खे सारस्वत इन खत्रियों के पुरोहित हैं। यह सेठ कुल के ही माने जाते हैं।

सेठ बैजल--यह भी सेठ कुल के ही हैं। इनके पुरोहित हंसल (HANSAL) सारस्वत हैं। कुल देवी बराही या बराई है।

सहगल--शुद्ध शब्द शैगल है। काश्यप के नौध्रुवों में ही एक छागल्य गोत्र भी है। इसी का अपभ्रंश शैगल अथवा सहगल हुआ है।

पुरोहित—मोहले सारस्वत है। पुरोहित के अनुसार गोत्र 'छागल्य' है। प्रवर, काश्यप, अवत्सार और नौध्रव हैं। कुल देवी चंडिका हैं।

महेन्द्र—महा + इन्द्र = महेन्द्र यह इंद्र का पूजन करते हैं और चील्ह को मांस खिलाते हैं। एक बार बहुत बड़ा अकाल पड़ा खत्री वंश के एक उदार व्यक्ति ने अपना अन्न भण्डार खोल दिया। वह इंद्र के समान दानी कहलाये और उनके वंशज महेंद्र कहलाने लगे।

यह सूर्य वंशी हैं, गोत्र वत्स, पुरोहित भटूरिये सारस्वत, कुल-देवता शिवा हैं।

भल्ले--यह आर्य क्षत्रिय जो भाला चलाने में निपुर्ण थे भल्ले कहलाते हैं। गुरु अमरदास भल्ले खत्री थे।

चडढे—ये आर्य कौम के घोड़े सवार थे। सदा जिरहबखतर पहनते थे। लोग इंहें चडढे कह कर पुकारते थे। बही नाम इनके वंशजों का प्रसिद्ध हो गया। वहुजाई और खोखरायन दोनों बिरादरीं में यह पाये जाते हैं। खोखरायन इन्हें ढाई घर मानते हैं।

सूरी--सूर्य वंशी हैं। शूरवीर पुकारते पुकारते सूरे और फिर बिगड़ कर सूरी हो गया। इसी वंश के लोग विजय नगर के राजा बलवंत सिंह के दूत थे।

गोत्र--भारद्वाज, पुरोहित कालिया सारस्वत कुलदेवी शिवाय माता।

वेदी और सोढी—खत्रियों के ये दो अलग-अलग अल्ल हैं। गुरु नानक देव वेदी वंश के थे और गुरु गोविंद सिंह जी सोढी वंश के थे।

टन्डन--'टन' शब्द का अर्थ है जो सदा लड़ने को प्रस्तुत रहे। टन के माने हैं 'युद्ध' क्षत्रिय जाति की वह शाखा जो अत्यधिक युद्ध तथा लड़ाका थी टंडन कहलाई। यह सूर्यवंशी हैं। इसी सूर्यवंश के अगिरा ऋषि बड़े तेजस्वी हुये हैं। उनसे जो शाखा चली वह अग्नि वंशी कहलाने लगे।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

धवन—धवन शब्द संस्कृत के 'धावन' शब्द का अपभ्रंश है। युद्ध भूमि में एक स्थान से दूसरे स्थान को समाचार ले जाने वाला 'धावन' कहा जाता है। प्राचीन काल में जो खत्री 'धावन' का काम करते थे उनके वंशज धवन कहलाये।

पुरोहित—कौलिया सारस्वत हैं।

चोपड़ा—एक खत्री वंश के पुरखे अत्यंत कुशल जुआरी थे। पाँसा फेंकने में वे इतने प्रवीण थे कि लोग उन्हें राजा नल का अवतार कहते थे। इन्हे 'चौपड़' की पदवी मिली। वही बिगड़ कर चोपड़ा बन गई।
पुरोहित—बग्गा सारस्वत।

कोचर—कवच धारण करने वाले 'कोचर' कहलाये।

	गोत्र	कुल देवता	पुरोहित
बहल	—भारद्वाज	अष्टभुजो	भारत सारस्वत
वाही	— कश्यप	चंडिका	हौसला ,,
बिज	— भार्गव	,,	

बेरी—चोपड़ा का ही भेद है इनके पूर्वज का जन्म बेरी नामक झाड़ के नीचे हुआ इसीसे यह बेरी कहलाये।
पुरोहित हौसला सारस्वत।

★ विश्वास करो ★

भगवान् परम आश्रय है; चाहे सारा संसार तुम्हें भूल जाय, चाहे घर परिवार के सभी तुमसे मुख मोड़ लें, चाहे तुम सर्वथा निराश्रय हो जाओ एक बार हृदय से उनके परम आश्रयत्व पर विश्वास करके मन-ही-मन उनका स्मरण करो। देखोगे तुम्हें कितना शीघ्र और कितना मधुर और निश्चित आश्रय मिलता है।

* * *

तुम दीन-हीन नहीं हो; तुम शुद्ध-बुद्ध हो, तुम अमृत हो, तुम महान् हो; तुम्हारे अन्दर परमात्मा की शक्ति भरी है, तुम चाहो तो सब कुछ कर सकते हो। तुम भगवान् के प्यारे हो, तुमको इस बात का बिश्वास नहीं है, यही कमी है। दृढ़ विश्वास करो और भगवान् के प्यार को प्रत्यक्ष पाकर परम सुखी हो जाओ। स्मरण रक्खो, आत्मविश्वास ही सफलता की कुञ्जी है, विजय का मूल-मन्त्र है और परमात्मा की कृपा को खींचने वाला चुम्बक है।

खत्री प्रवीन कुमार आनन्द

आनन्द इलेक्ट्रिक स्टोर्स

३२/१३५, मनीराम बगिया

कानपुर—२०८००१

खत्री ओंकार कृष्ण कपूर

फोन—४३६३

सर्वश्री वैरायटी सेल्स कारपोरेशन

४७४, महतपुरा, मथुरा

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री हितैषी स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक

के अवसर पर

शुभ कामनाओं सहित :

तार : VINOD

फोन : ४१७, ५६५

ला० काशी नाथ सेठ

जवैलर्स

काशी नाथ चाँदी वाला

काशी साड़ी इम्पोरियम

सिनेमा रोड

हरदोई

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री हितैषी स्वर्ण-जयन्ती के अवसर पर हमारी शुभ कामनाएँ :—

कपूर टाइपराइटर एण्ड रेडियो कम्पनी

बाँसफाटक, वाराणसी—२२१ ००१

फोन : ६२६०६, निवास : ५६२७६, ६५५८१

हमारे यहाँ उपलब्ध हैं :—

- ब्लू स्टार के एयर कंडिशनर, वाटर कूलर, बॉटल कूलर, डीप फ्रीजर, वोल्टेज रेगुलेटर, गैस के उपकरण।
- लियोनार्ड रेफ्रिजरेटर
- बीनाटोन, वेलटेक, वेवलनिक्को, जौली, हॉटलाइन तथा वाइकिंग के टी० वी० सेट
- गोपी, बूटी, महाराजा, जेक्को के मिक्सर
- खेतान, मिन्नी तथा रैलि के सीलिंग तथा टेबुल के पंखे
- टुल्लू विजय के एक्जास्ट पंखे व कूलर पम्प
- टुल्लू वाटर पम्प
- रेकाल्ड तथा स्वान के गीजर व अन्य घरेलू बिजली के उपकरण
- प्रीमियर तथा जेको की वाशिंग मशीन
- हार्किस तथा प्रेस्टिज के प्रेशर कूकर
- वी० आई० पी० के लगेज तथा स्काइ-बैग

लगातार पिछले ६१ वर्षों से आपकी सेवा में

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री हितैषी स्वर्ण जयन्ती के अवसर पर हार्दिक शुभ कामनाएं :

खत्री मोहित टण्डन

३६/३१, जी, राममोहन हाता

कानपुर-२०८००१

खत्री वीरेन्द्र कपूर

सर्वश्री जनरल मोटर स्टोर्स

फोन ४३६५

मसानी, मथुरा-२८१००३

मे० धवन इण्टर प्राइज, फर्रुखाबाद

वितरक—पान पराग, वेकमैन होमप्रोडक्टस, तोसीबा आनन्द, मार्कफेड प्रोडक्टस, देहली फ्लावर मिल्स एवं डा० कूलज

सहयोगी प्रतिष्ठान—**धवन एसोसिएट्स**

फर्रुखाबाद

Ready-Wears

FANCY SUITS & FROCKS

GANNEY WALI GALI

LUCKNOW

खत्री विनोद कुमार मेहरोत्रा

(कान्ट्रेक्टर)

अशराफ टोला, हरदोई

सूखाहारी लाल तेल व दवा

तथा शास्त्रीय आयुर्वेद औषधियाँ

राजकीय चिकित्सालयों द्वारा मान्यता प्राप्त

निर्माता :— **सूखाहारी** (रजि०) ४७, जानसेनगंज, इलाहाबाद

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री हितैषी के संरक्षक

व

उ० प्र० खत्री सभा के कोषाध्यक्ष

खत्री राम लाल खन्ना

की

शुभकामनाएँ

आवास : ४३२४५
,, ४३६३१
,, ४३४३५

प्रतिष्ठान : ६३४८४
,, ६२४८४
,, ५५३८६

फोन—दुकान ६३४८४

तार : 'KALANIRMAN'

मोहनलाल किशनचंद

हाथकरघे पर बनी शुद्ध जरी और पक्के रंगों में बनी बनारसी सिल्क तथा
जारजेट साड़ियों के निर्माता

चौक, वाराणसी

卐 फोन ६३४८४ 卐 फोन ५५३८६ 卐

शीको प्रिन्ट्स
उत्कृष्ट, सिल्क, शाटन प्रिन्टेड
साड़ियों के विक्रेता
चौक, वाराणसी

किशको प्रिन्ट्स
नवीन अरगंजा प्रिन्ट
साड़ियों के विक्रेता
चौक, वाराणसी

एम० के० ट्रेडिंग कं०
नवीन सिल्क प्रिन्टेड एवं अरगंजा
प्रिन्टेड साड़ियों के विक्रेता
गोलघर, वाराणसी

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

भारत के इतिहास में खत्रियों का स्थान

लेखक—अशोककुमार अरोड़ा
एम० ए०, बम्बई

लेखक परिचय:—श्री अशोक कुमार अरोड़ा बम्बई में बिजली की उपनगरीय रेल चलाते हैं। इनका काम रेल चलाना है लेकिन शौक इतिहास लिखना है। इन्होंने नौकरी के साथ-साथ अध्ययन भी जारी रक्खा। सन् १९७२ में इतिहास में एम० ए० किया है। अब पूना विश्वविद्यालय के इतिहास के शोध छात्र हैं। शोध का विषय है 'राजपूत मराठा सम्बन्ध १७०७-६०'। 'खत्रिय इतिहास' भी लिख रहे हैं। आपने पश्चिम रेलवे का इतिहास तीन खण्डों में लिखा है।

भारतीय इतिहास के पन्ने खत्री जाति के शौर्य कार्यों से भरे पड़े हैं। इस जाति में वीरता, व्यापार, राजनीति और विद्वता के सभी गुणों का समावेश है और इन सभी क्षेत्रों में खत्रियों ने विभिन्न कांल में प्रतिष्ठा प्राप्त की है। इस जाति के लोग आज विश्व में सर्वत्र बिखरे हुए हैं। खत्रियों का उद्भव सूर्यवंश, चन्द्रवंश और अग्निवंश तीनों से है। कालान्तर में इनके उपवंश बन गये। उदाहरणार्थ कुश के वंश में राजा परिक्षित के वंशज आरोड़ ने सिंध में अरोड़ कोट की स्थापना की। इसी प्रकार श्री कृष्ण जी और बलदेव जी की मृत्यु के पश्चात् द्वारका का पतन हो जाने पर उनके वंशज सिंध चले गये और इसी वंश में राजा यदु के वंशज भट्टी या भाटी ने विक्रम संवत् १२१२ सावन वदी १२ को जैसलमेर नगर की स्थापना की। इनके वंशज सर्वत्र फैल गये और अब भाटिया खत्री कहलाते हैं। राजस्थान में इन्हें भाटी राजपूत कहा जाता है। यदु के वंश में ही 'जाडेजा' नामक कुमार ने कच्छ में अपने राज्य की स्थापना की। अरोड़ों और भाटियों का राज्य काश्मीर तेहरान तक फैला लेकिन मुसलमानों के उदय के साथ ये अपने राज्यो को खो बैठे। मुसलमानों के हमलों के कारण अरोड़े और भाटिये खत्री राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब आदि प्रदेशों मे बसने लगे।

भारत में जब सुलतानों का राज्य शुरू हुआ तो दिल्ली के सुल्तानों ने इन्हें अपना लिया। दिल्ली के सुल्तान खत्रियों को सबसे अधिक वफादार और व्यवहार कुशल मानते थे। सर्वप्रथम अलाउद्दीन खिलजी ने खत्रियों की शासन प्रबन्ध दक्षता का उपयोग किया। राजपूतों और खत्रियों में सबसे बड़ा भेद यही था कि राजपूत केवल वीर थे लेकिन खत्री वीर और राजनीतिज्ञ दोनों थे। दिल्ली के सुल्तानों का राज्य स्थिर न था इसलिये

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री अधिक आगे न बढ़ सके। शेरशाह के युग में राजा टोडरमल दिल्ली प्रशासन में आये और उन्होंने शेरशाह का शासन प्रबन्ध सुव्यवस्थित किया और भू-नापन किया।

दिल्ली सम्राट अकबर ने राजा टोडरमल का सही मूल्याँकन किया तथा इनका उपयोग रण और शासन दोनों में किया। टोडरमल ने गुजरात, बिहार, बंगाल आदि सूबों का सर्वेक्षण किया तथा राजस्व के कानूनों को सुधारा। इनके प्रबन्ध में सूबों की आय ५० लाख रु० वार्षिक से अधिक थी। टोडरमल की संगति में रहकर अकबर का झुकाव हिन्दू धर्म की तरफ हुआ।

राजा टोडरमल अकबर को गोकुल में श्रीनाथ जी दर्शन कराने ले गये। १५८० ई० में राजा टोडरमल ने बंगाल में एक विद्रोह को दबाया। ६ वर्ष पश्चात् इन्होंने उत्तर पश्चिम की जातियों को काबू किया और सीमा पर अनेक किले बनवाये। टोडरमल अनेक वर्षों तक वित्त और राजस्व मंत्री रहे। कुछ काल तक वह वजीर भी रहे। उनका वजीर बनना मुस्लिम मनसबदारों को न भाया लेकिन अकबर को टोडरमल दक्षता पर पूर्ण भरोसा था। टोडरमल ने राज्य के १८४ जिलों में से ६४ का सर्वेक्षण कराया। इस समय भारत की आबादी १० करोड़ के लगभग थी। टोडरमल की सलाह से अकबर ने अनेक सूबों में टकसाले खोलीं। टोडरमल के प्रतिद्वंद्वी अबुल फजल ने अपने ग्रन्थ अकबरनामा में उनकी प्रशंसा की है। टोडरमल प्रथम हिन्दू थे जिन्हें ७,००० का मनसब प्राप्त था। २१ नवम्बर, १५८९ ई० को लाहौर में टोडरमल का देहान्त हो गया। इनके दाह संस्कार के अवसर पर जयपुर के राजा उपस्थित थे। राजा भगवानदास टोडरमल को छोड़ न सके। पाँच दिन बाद उनका भी देहान्त लाहौर में हो गया। राजा टोडरमल के काल में सैकड़ों खत्रियों को राज्य के विभिन्न सूबों में प्रशासन का कार्य मिला और ये खत्री वहीं बस गये। इन खत्रियों के सहयोग से ही राजा टोडरमल राज्य की सही आमदनी का मूल्याँकन और प्रबन्ध कर सके थे। औरंगजेब ने इन खत्री प्रशासकों की योग्यता को नहीं समझा और इन्हें सरकारी नौकरियों से निकाल दिया।

मुगलों के दक्षिण सैनिक अभियानों में बहुत से खत्री गये थे जो धर्म-परिवर्तन या सैनिक हार के पश्चात् दण्ड के डर से वापस नहीं लौटे। इन खत्रियों को मराठा सरदारों ने जागीरें दीं और ये व्यापार करने लगे। आज भी महाराष्ट्र के खामगाँव, अकोला और नासिक जिले के सिन्नर गाँव में हजारों खत्री परिवार रहते हैं जिनकी भाषा अब मराठी है लेकिन विवाह सम्बन्ध उत्तर में ही करते हैं। ऐसे ही एक मेहरा खत्री की जुन्नर में जागीर है।

सन् १७१७ ई० में जब मुगल बादशाह ने फिर से हिन्दुओं पर 'जजिया कर' लगाया तो साम्राज्य के दीवान रतन चन्द्र खत्री ने इसका कड़ा विरोध किया और सम्राट को 'जजिया' हटाना पड़ा।

१८ वीं शताब्दी में खत्री अपने गौरव की पराकाष्ठा पर थे। मुगल साम्राज्य टूट चुका था। भारत में अनेक रियासतें बन गई थीं और भारत में शायद ही कोई ऐसी रियासत हो जिसका दीवान कोई खत्री न हो। दिल्ली के सम्राट बनाने वाले सैयद बन्धु खत्रियों के संरक्षक थे। १७१७ ई० में राजा मुकम सिंह खत्री सैयद हुसैन अली के दीवान थे और रतन चन्द हुसैन अब्दुला के। १७२० ई० में राजा रतनचन्द खत्री ने अपनी सारी सम्पत्ति गरीबों में बाँट दी।

१७१८ ई० के लगभग लाहौर से राजा आयामल खत्री आये। इनके साथ इनके भाई राजा नारायण दास, राय शिवदास और नन्दराम थे। ये खन्ना खत्री थे। जयपुर के संस्थापक राजा सवाई जयसिंह ने इन खत्री रत्नों के मूल्य को पहचाना। शीघ्र ही राजा आयामल को नारनौल का नायब फौजदार बना दिया गया। १७२४ ई० में जय सिंह ने राय शिवदास को जोधपुर के राजा अभय सिंह की मदद के लिए भेजा। राजा जय-

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

सिंह ने राजा आयामल को अपना दीवान बनाया। राजा आयामल मुगल सम्राट मुहम्मदशाह के मित्र भी थे। इसलिए जयसिंह को सम्राट से अनेक लाभ हुये। १७३५ ई० में जब पेशवा बाजीराव की माता राधा बाई जयपुर आईं तो राजा आयामल ने उनकी काशी यात्रा का पूरा प्रबंध किया।

१७३६ ई० में जब पेशवा बाजीराव जयपुर आये तो राजा आयामल ने उदयपुर के समीप उनका स्वागत किया तथा जयपुर आने का निमंत्रण दिया। २६ फरवरी, १७३६ ई० को राजा आयामल जयपुर के समीप बाजीराव से मिले। १७३८ ई० में जब मराठों और निजाम के बीच भोपाल के समीप युद्ध हुआ तो राजा आयामल ने निजाम की मदद की और मराठों से संधि करायी। राजा आयामल शाँति के दूत थे। समस्त भारत के नवाब और राजे इन्हें निर्णायक बनाना पसन्द करते थे।

१७४२ ई० में राजा आयामल खत्री ने नरवड़ के राजा छत्र सिंह को मराठों से लड़ने के लिये प्रेरित किया क्योंकि मराठे आगरा सूबा पर कब्जा करना चाहते थे। १७४३ ई० में दिल्ली सम्राट मुहम्मद शाह ने राजा आयामल खत्री को ५ वस्त्रों की खिलत देकर सम्मानित किया। इन्हीं के भाई शिवदास और नारायण-दास ने जयपुर राज्य के सेनापति के रूप में बूंदी, कोटा, उदयपुर, शाहपुरा और जोधपुर के राजाओं से अनेक लड़ाइयाँ लड़ीं। राजा नारायण दास इतने दयालु थे कि बूंदी के राजा उम्मेद सिंह को रण क्षेत्र में हराने के बाद भी उसके परिवार को २०० रुपये प्रतिदिन देते रहे और रण क्षेत्र में खेत हुये शत्रु के सैनिकों का स्वयं दाह संस्कार किया। जयपुर के राजा की अनुपस्थिति में जब उदयपुर के महाराणा और कोटा के राजा ने जयपुर पर हमला किया तो राजा आयामल ने मराठों को अपनी ओर मिला लिया और महाराणा को समझा बुझाकर लौटा दिया।

दूसरी ओर लाहौर के सूबेदार जकरिया खाँ के सचिव और परामर्शदाता क्रमशः लाला लखपतराय और जसपतराय लाहौरी खत्री थे जिन्हें 'राजा' का खिताब प्राप्त था। १७३९ ई० में दिल्ली से लौटते समय नादिरशाह ने ५००० हिन्दू और मुसलमानों को लाहौर में बंदी बना लिया। तब लाला लखपतराय खत्री ने ३ लाख रुपये नादिरशाह को देकर इन लोगों को कैद से छुड़ाया। जकरिया खाँ खत्रियों पर बहुत विश्वास रखता था।

इसी समय १७४१ ई० में राजा हरनंद अरोड़ा मुरादाबाद के सूबेदार थे। इनके काल में बहुत से खत्री मुरादाबाद जिले में बसे। आज भी मुरादाबाद, हरदोई, बदायूं, अमरोहा और शाहजहाँपुर में हजारों खत्री घराने हैं।

६ फरवरी, १७४७ को राजा आयामल खत्री का देहान्त हो गया। इनकी मृत्यु पर सारे देश की रियासतों में शोक मनाया गया। अनेक रियासतों के प्रतिनिधि शोक सन्देश लेकर जयपुर पहुँचे। सतारा के छत्रपति शाहू और मराठा साम्राज्य के प्रधान पेशवा बालाजी बाजीराव को भी इनकी मृत्यु से घोर आघात पहुँचा।

राजा आयामल की मृत्यु के बाद उनके पुत्र केशवदास राज्य के दीवान बने। १७४८ ई० में ये जयपुर के समीप नेवाई नामक स्थान पर पेशवा से मिले और जयपुर राज्य को मराठों से बचाया। इसी वर्ष अगस्त में जब बगरू की लड़ाई हुई तो इन्होंने जयपुर के राजा ईश्वर सिंह और इन्दौर के मल्हारराव होलकर के बीच संधि कराई।

राजा आयामल के नाम से जोधपुर में 'राजामल का तालाब' हैं जिसमें कभी पानी भरा रहता था, समीप ही 'राय जी का घेर' नामक स्थान है जहाँ पर राजामलजी की हवेली है। समीप ही 'बादल महल' है

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

जो शायद राजामलजी ने ही बनवाया था। हवेली में सूखे हुये फव्वारे आज भी उस युग के खत्रियों के वैभव की याद दिलाते हैं। आज इस हवेली में रायबहादुर शम्भूनाथ जी खन्ना खत्री का परिवार रहता है। 'राय जी के घेर' में अनेक खत्री परिवार रहते हैं।

१७५७ ई० में देवी सिंह मेहता मुगल सम्राट की तरफ से रणथम्भौर के किलेदार थे। जब मराठे रणथम्भोर पर हमले करने लगे तो देवी सिंह ने किला जयपुर महाराजा को सौंप दिया और जयपुर राज्य से सवाई माधोपुर में १२००० वार्षिक की जागीर प्राप्त की। ये जाति के खन्ना थे। अफसोस है कि राज्य सरकार ने इनकी जागीर पर कब्जा कर रखा है। इस तरह से अनेक सेठ परिवार हैं जिनकी हवेलियों, मन्दिरों और बागीचियों पर पंडितों ने कब्जा कर रखा है। ऐसे ही अजमेर में 'खत्रियों की बगीची' खत्रियों के हाथ से निकल चुकी है।

१७५९ ई० में मुगल साम्राज्य के सिपहसालार मुहम्मद अहमद गजनफरूद ने स्वर्गीय केशवदास खत्री के दामाद हरसहाय खत्री को ५००० जाट और ४००० घुड़सवारों का मनसब मय नक्कारे के प्रदान किया। हरसहाय का साला गुरसहाय भी जयपुर की सेना में एक अफसर था।

उधर १७५९ ई० में जब अहमद शाह अब्दाली ने भारत पर हमला किया तो लाहौर के सूबेदार की अनुपस्थिति में सूरतसिंह खत्री ने लाहौर की रक्षा की।

१७६६ ई० में हरसहाय और गुरुसहाय खत्री जयपुर राज्य के सेनापति बनकर भरतपुर के राजा जवाहर सिंह जाट से लड़ने गये। खेतड़ के समीप मावंडा नामक स्थान पर १८ वीं शताब्दी का सबसे भयंकर युद्ध हुआ। युद्ध में हरसहाय और गुरुसहाय खत्री वीरतापूर्वक लड़ते हुये मारे गये। भरतपुर का राजा भाग गया। जयपुर राज्य के लगभग सभी क्षत्रिय युद्ध में काम आ गये। राजपूतों के घरों में केवल १०-१० वर्ष के बालक रह गये। रेवाड़ी-फुलेरा रेलमार्ग पर नीम का थाना स्टेशन से ५-६ मील की दूरी पर हरसहाय और गुरसहाय की छतरियाँ आज भी गाड़ी में से देखी जा सकती हैं। १७६८ ई० में ये छतरियाँ बनी। ये छतरियाँ १५ हाथ चौड़े और २६ हाथ लम्बे पक्के चबूतरे पर संगमरमर की है और जयपुर की सबसे भव्य छतरियों में से हैं।

खत्री मोती लाल चोपड़ा

सर्वश्री चोपड़ा डीजल स्पेयर्स

फोन ५०२७

सिविल लाइन्स रामपुर—(उ० प्र०)

अधिकृत विक्रेता

● भारत-किर्लोस्कर ● बजाज-मैसी ● सत्यजीत डीजल इंजन

तथा भारत जैनरेटिंग सेट

नोट :—हमारे यहां सभी प्रकार के डीजल इंजन के ओरीजिनल पार्ट हमेशा उपलब्ध रहते हैं।

कृपया एक बार सेवा का मौका अवश्य दें।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री और उनके पूर्वज :

"एक विवेचन"

—खत्री विश्वेश्वर नाथ मेहरोत्रा, कानपुर

खत्री जाति का भारतीय इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान रहा है। अत्यन्त प्राचीन काल से यह जाति द्विजातियों के द्वितीय वर्ण की प्रतिष्ठा से प्रतिष्ठित रही है। प्राचीन आर्यों का विभाजन गोत्र, वेद, उपनिषद आदि के आधार पर हुआ था। खत्रियों के जो गोत्र हैं। वे इस बात का प्रमाण हैं कि खत्री प्राचीन आर्यों के वंशज है। श्रेष्ठ सारस्वत ब्राह्मण इनके पुरोहित हैं।

खत्री एवं क्षत्री शब्दों को लेकर अनेक भ्रम उत्पन्न करने की चेष्टा की गई है परन्तु भाषा विज्ञान ने यह सिद्ध कर दिया है कि प्राकृत और संस्कृत के उच्चारण भेद के अतिरिक्त इनमें कोई भेद नहीं है। इसी भेद के कारण क्षत्री को खत्री कहा जाता रहा है और इन दोनों शब्दों के अर्थ में प्राचीन काल में कोई भेद नहीं रहा है।

खत्री वीर भी थे और धीर भी, उनकी वीरता में बर्बरता नहीं शालीनता रही है।

कनिंघम अपनी पुस्तक 'सिक्खों का इतिहास' में लिखते हैं 'उत्तर भारत के जिन मैदानों में ब्राह्मणों एवं क्षत्रियों ने एक अद्वितीय सभ्यता को जन्म दिया था उसके कारण पूरे देश में जातीय उच्चता या धार्मिक उच्चता ही श्रेष्ठ मानी जाती है और भारत ही ऐसा देश है जहाँ जातीय भावना धार्मिक भावना से भी गहरी है। आर्थिक स्थिति की उच्चता का यहाँ कम ही आदर है।'

'पंजाब के शहरों में रहने वाले खत्री तथा अरोड़ा लोग केवल शहरों में ही रहते हैं और श्रेष्ठ व्योपारी होते हैं वे ही लोग देश के लोगों को व्योपार इत्यादि के लिये पैसा देने वाले तथा आय-व्यय का समुचित हिसाब करने वाले हैं, परन्तु एक दिन यह खत्री ही देश में राज्य करते थे और उनका वह जनून कभी उमड़ जाता है।'

वे आगे लिखते हैं 'वे कभी प्रान्तों के गवर्नर कभी-कभी सेनापति भी होते हैं। रणजीत सिंह के सेनापतियों में सर्वाधिक साहसी प्रकृति का सेनापति हरीसिंह खत्री था वह एक सफल शासक भी था। मोहकम चन्द और सावनमल भी खत्री थे निजाम हैदराबाद के मैनेजर पद पर जिसने बहुत दिनों तक सफलतापूर्वक काम किया वह चन्दूलाल भी उत्तर भारत का खत्री था।'

पुनः वे लिखते हैं इनके कुछ वीरतापूर्ण कार्य ऐसे थे, जिनकी तुलना संसार के इतिहास में नहीं मिलती। दारा की शक्ति एवं सिकन्दर के गौरव को इसी देश ने महत्व दिया। ईसा पूर्व नवीं शताब्दी में मनु ने अपना धर्मशास्त्र लिखा। इस युग में हिन्दुओं की प्रतिभा खूब उन्नत थी। इनके रामायण और महाभारत के विवरणों में इतनी शक्ति है कि वे लोगों के मानस को मथ कर रख देते हैं।'

क्षत्रिय और खत्री :

प्रश्न है कि क्या क्षत्रिय और खत्री शब्दों की समानता संयोग मात्र है ? ऐसा नहीं है। यह समानता भाषा विज्ञान के सिद्धान्तों के अनुरूप हैं। यह रूपान्तरण एक सुपरिचित भाषा विज्ञान सम्बन्धी परिवर्तन है। महाकवि 'कालिदास' ने अपने नाटक विक्रमोर्वशी के पाँचवे अंक में संस्कृत के 'क्षत्रियस्य' शब्दों के लिए प्राकृत के 'खत्रियस्य' शब्द का प्रयोग किया है। इसी प्रकार महाकवि 'भवभूति' रचित नाटकों में संस्कृत 'क्षत्रिय' और उसके प्राकृत रूपान्तर 'खत्रिय' दोनों शब्दों का प्रयोग हुआ है। प्रोफेसर एच. एच. विल्सन ने 'खत्री'

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri. Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

शब्द की व्याख्या करते हुए लिखा है 'खत्री' जिसका बिगड़ा हुआ रूप खत्रिय अथवा खतरी है हिन्दी का शब्द है (संस्कृत क्षत्रिय है) जिसका अर्थ है दूसरी विशुद्ध जाति का व्यक्ति, सैनिक एवं राजकुल का।'

यूनानी लेखकों के अनुसार वे लोग जो रावी व्यास नदियों के बीच के क्षेत्र में राज्य करते थे 'खत्रियाओं' थे। इनकी राजधानी संगल थी। स्पष्ट है कि खत्रियाओं नाम खत्रियों की ओर इंगित करता है। श्री मैक्रिंडल ने भी इसी क्षेत्र के बारे में यह टिप्पणी लिखी है 'रावी और व्यास नदियों के बीच व्याप्त भूक्षेत्र के खत्री शासक थे।' यही क्षेत्र खत्री जाति का मूल स्थान है।

नव क्षत्रिय' (राजपूत इत्यादि) :

इस विषय में कनिंधम अपनी उसी पुस्तक में लिखते हैं 'उस स्थान पर अग्निकुल के चारों परिवारों की ओर संकेत किया गया है। ये चार कुल हैं:— चौहान, सोलंकी, पावर और परिहार। ऐसा सम्भव है कि ये लोग भी आक्रामक रहे हों, जिन्होंने बौद्धों से संघर्ष में ब्राह्मणों का पक्ष लिया हो। इनकी सफलता से प्रभावित होकर ब्राह्मणों ने उन्हें अग्निकुल का बना दिया ताकि वे सूर्य तथा चन्द्रवंशियों से अलग ही रहें।' यह यज्ञ 'माउन्ट बाबू' पर किया गया था।

फारसी में लिखित भारत का इतिहास 'तारीखे फरिस्ता' के लेखक ने लिखा है 'ब्राह्मण और क्षत्रिय वैदिक कालीन वंश हैं। राजपूत एक आधुनिक वंश है यह एक तथ्य है कि महान राजपूतों के किसी वंश का उल्लेख चतुर्थ शताब्दी के पहले नहीं मिलता।

श्री रमेशचन्द्र दत्त ने अपनी पुस्तक 'हिस्ट्री आफ सिविलाइजेशन इन इन्डिया' में लिखा है 'राजपूत लोग भारत पर आक्रमण करने वाले 'सिथियानो' के वंशज हैं जो क्रमागत अनेक शताब्दियों तक भारत में आते रहे।'

सिख धर्म के समस्त १० गुरु खत्री ही थे।

पुरोहित गोत्र एवं प्रवर

खत्रियों के पुरोहित निर्विवाद रूप से सारस्वत ब्राह्मण रहे हैं। सूर्यवंश के पारिवारिक पुरोहित वशिष्ट थे इन्ही के आठवें पुत्र 'जीतल' के वंशज 'जैतली' हुये जो सारस्वतों की ही एक उपजाति है और आज भी मेहरोत्रों (सूर्यवंशीयों) के पुरोहित होते हैं।

'सेकन्ड बुक्स आफ दि ईस्ट' में गोत्र तथा प्रवर के सम्बन्ध में कहा है 'गोत्र' शब्द का संकेत ग्यारह ऋषियों अथवा अगस्त्य के वंशजों से है। 'प्रवर' शब्द का संकेत अपने कुल के मंत्राकृत अर्थात् यज्ञ के शुभारंभ पर ब्राह्मणों द्वारा प्रतिष्ठित पूर्वजों में है। गोत्र दो प्रकार के होते हैं लौकिक गोत्र एवं वैदिक गोत्र। लौकिक गोत्र परिवारिक नाम से सम्बन्धित है और वैदिक गोत्र पुरोहित ऋषि से सम्बन्धित है। 'जमदग्नि, भरद्वाज' तथा कुछ अन्य ऋषि गोत्र निर्माता थे। खत्री भी गोत्रों का प्रयोग अपने वंश के प्रिय पुरोहितों का संकेत करने के लिये हीं करते हैं। विभिन्न परिवारों का पुरोहित एक ही ऋषी हो सकता है अतः उनका गोत्र भी एक ही होगा।

मनुस्मृति में कहा गया है दान, श्राद्ध तथा विवाह आदि के अवसर पर संकल्प क्रिया के समय लोगों के नामों के बाद इन नामों का प्रयोग अनिवार्य रूप से वैदिक काल से होता आया है। ब्राह्मण 'शर्मा' क्षत्रिय "वर्मा" वैश्य "गुप्ता"

धार्मिक कृत्यों एवं संस्कारों को कराते समय खत्रियों के पुरोहित उनके नाम के आगे उपनाम वर्मा का प्रयोग अनिवार्य रूप से करते हैं तथा पुरोहित गण खत्रियों के लिये रचित जन्मपत्र, लग्नपत्रिका आदि में अनादिकाल से उनके लिये क्षत्रिय, गोत्र तथा उपनाम वर्मा का प्रयोग करते आ रहे हैं।

खत्री और व्यापार :

बौद्ध धर्म को स्वीकार न करने के कारण महान संकट में पड़ गये खत्रियों ने मनुस्मृति में निर्देशित व्यवस्था के अनुसार वाणिज्य व्यवसाय अपना लिया। यह एक इतिहासिक तथ्य है कि एक युग के सैनिक विजेता दूसरे युग के कुशल व्यापारी बन जावे क्रियाशील मस्तिष्क वाले अपने लिये उचित व्यवसाय खोज ही लेते हैं अतः खत्रियों ने भी औद्योग एवं व्यापार को अपना लिया।

ऊपर के विवरणों को प्रस्तुत करने का उद्देश्य मात्र केवल इतना है कि अपनी नयी पीढ़ी को खत्री जाति के ऐतिहासिक महत्व की कुछ बातें बतलाई जा सकें।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

सेठों के यहाँ फागुन अवारन क्यों है ?

—खत्री मूलचन्द सेठ, कानपुर

खत्री जाति उज्ज्वल संस्कार सम्पन्न जाति रही है। "कुल धर्म" पालन की परिपाटी यथासाध्य यह जाति निरन्तर मानती जा रही है। पंजाबी खत्री नित्य पुरोहित और यदि वह न हो तो किसी सारस्वत ब्राह्मण को 'हन्दा' देकर भोजन करते थे। सोलह ग्रास अन्न का दान 'हन्दा' कहलाता था। इसी हन्दे की रोटी के कारण मुसलमानों के जमाने में एक सारस्वत ब्राह्मण को प्राण तक देना पड़ा, जिसकी कथा इस प्रकार है :—

एक योग्य सारस्वत ब्राह्मण को किसी बादशाह ने अपना दीवान या मन्त्री बनाया। फागुन के महीने में दुशाला ओढ़े हाथी पर सवार उपरोक्त दीवान जी की सवारी शहर के अन्दर शाही वैभव के साथ चली जा रही थी। इसी अवसर पर मार्ग में पड़ने वाले एक मुहल्ले की रहने वाली किसी वृद्धा ने 'हन्दे' को दो रोटियाँ हाथ में लिये अपने पुरोहित दीवान साहब को सुनाकर ताना मारा कि अब तो पुरोहित जो दीवान हो गये हैं अब इनको रोटियों की क्या परवाह है ? वृद्धा के मुँह से यह बात निकलते ही दीवान जी ने हाथी को बैठाने की आज्ञा दी और स्वयं हाथी से उतर वृद्ध माता के सामने जा दुशाले को झोली पसार दी और बोले, 'ला दे दे, इन रोटियों को तो मैं अपनी दीवानी से बढ़कर मानता हूँ," उसने भी झोली में रोटी डाल ही तो दी। दीवान जी भी झोली दबाये पुनः हाथी पर सवार हो अभीष्ट स्थान को चले गये।

परन्तु संसार में चुगलखोरों की कमी तो है नहीं, किसी ने बादशाह के कानों तक यह बात पहुँचा दी। सुनते ही बादशाह ने क्रोधित हो दीवान जी को बुलाकर कहा कि ऐसी ऊँची दरबारी नौकरी से भी तुम्हारा पेट नहीं भरता कि राह चलते रोटी के टुकड़े माँग कर, बादशाही ओहदे की मिट्टी खराब करते हो। मैं तुम्हारी लियाकत से अब तक तुम पर मेहरबान रहा, इसी से तुम इतना बड़ा कुसूर करने पर भी इस वक्त तक जिन्दा रहने पाये। खबरदार ! अब कभी ऐसी हरकत न करना। नहीं तो अपनी जान से हाथ धो बैठोगे। अगर खर्च तुम्हारा पूरा न पड़ता हो तो इस शर्त पर तुम्हें दरबार से जागीर मिल सकती है कि इस भीख माँगने के पेशे को हमेशा के लिए कतई छोड़ दो। परन्तु दीवान जी ने हाथ जोड़कर विनयपूर्वक प्रार्थना की कि 'इस दरबार से मेरा पालन पोषण भली भाँति होता है। अवश्य राह में रोटी लेने का मैं अपराधी हूँ। परन्तु उस बुड्ढी का ताना मैं सहन नहीं कर सका। अपनी जान हथेली पर लेकर मैंने यह काम विचारपूर्वक ही किया था। सच तो यह है कि आपकी दी हुई जागीर और नौकरी दोनों से मैं अपनी कुल-परम्परा की इस वृत्ति को विशेष मूल्यवान समझता हूँ। जिसने जन्म लिया, उसे एक दिन मरना अवश्य है। मौत के डर से मैं सत्य का त्याग नहीं कर सकता। आपकी कृपा से मैंने आज तक आपकी सेवा की, अपने इस कर्तव्य पालन में मैं अपनी योग्यता कुछ भी नहीं समझा, सब आपका ही प्रताप है। परन्तु मेरे मरने के बाद मेरी सन्तति यदि मूर्ख और अयोग्य निकली तो यह पद मिलना तो दूर रहा, आपकी दी हुई जागीर भी या तो उनसे छिन जायेगी, या वे स्वयं कौड़ियों के मोल बेंच डालेंगे और दाने-दाने के लिए दूसरों का मुंह ताकते रहेंगें। परन्तु उस समय पर, मेरी कुल परम्परा की यह यजमानी वृत्ति यदि बनी रहेगी तो वे चार को खिलाकर खाने लायक अवश्य रहेंगें। यजमानों की इस अमूल्य जागीर को हमारे पूर्व पुरुष भोगते आये हैं और भविष्य में जब तक हमारा वंश पृथ्वी पर रहेगा, इसका अधिकारी रहेगा। मैंने भली भाँति विचार कर देख लिया है, इस वृत्ति को तो मैं कभी नहीं छोड़ूंगा। समय के फेर से इस समय आपका दास अवश्य हूँ परन्तु पूर्व पुरुषों की इस अर्जित अनमोल जागीर को खोने का अधिकार धर्मतः मुझको नहीं

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

है। मेरे अपराध का दण्ड आप दे सकते हैं, मैं भोगने को तैयार हूँ।" दीवान जी का यह स्पष्ट गम्भीर उत्तर सुनकर बादशाह ने क्रुद्ध होकर जल्लादों से उनकी खाल खींच लेने की आज्ञा दे दी। उसी समय बात की बात में उनकी खाल खिंच गई। तभी से उनकी सन्तान की 'अल्ल-खलखिंच, कुमड़िये हुई और फागुन का महीना भी इस कुल में तथा उनके यजमान वत्सकुल के सेठ, बैजल, कक्कड़, तलवार आदि में भी अवारन अर्थात् शुभ कर्म मात्र के लिए त्याज्य माना जाता है। आज भी इस महीने में सेठ नया वस्त्र तक नहीं पहनते। विशेषकर पुराने लोग तो फागुन भर अशौच का चिन्ह धारण कर अपने पुरोहित जी के शोक में बिताते हैं।

उपरोक्त सत्य कथा से यह स्पष्ट है कि पुरोहित-यजमान का वह प्राचीनतम सम्बन्ध कितना सुदृढ़ है जिसकी रक्षा के लिए अमूल्य प्राणों को तृणवत समझ त्याग करना भी कोई बड़ी बात नहीं समझी गई।

(यह कथा बाबू बालकृष्ण प्रसाद द्वारा रचित "खत्री इतिहास" के आधार पर प्रस्तुत की जा रही है।)

गीता का उपदेश :

श्रेयान्स्वधर्मो विगुणः परधर्मात्स्वनुष्ठितात् ।
स्वभावनियत कर्म कुर्वन्नाप्नोति किल्विषम् ॥

卐 याद रक्खो 卐

किसी गरीब के सामने गर्व भरी वाणी बोलना, उनके साथ रूखा और कठोर व्यवहार करना भगवान् का अपराध है; क्योंकि उस गरीब के रूप में भगवान् ही तुम्हारे सामने प्रकट हैं। अतएव सभी के साथ नम्र होकर मधुर वाणी बोलो; अपनी विनय-विनम्र पीयूषवर्षिणी वाणी तथा व्यवहार के द्वारा सर्वत्र शीतल मधुर-सुधा की धारा बहा दो; दुःख की विष-ज्वाला से जलते हुए हृदयों में सुधा ढालकर उन्हें विष शून्य, शीतल शान्त और मधुर बना दो और यह सब करो केवल भगवान् की सेवा के लिए और करो सब कुछ उन्हीं को शक्ति, प्रेरणा और वस्तु मानकर। तुम्हारी निरभिमान त्यागमयी सेवा से भगवान् बड़े प्रसन्न होंगे और उनकी प्रसन्नता तुम्हारे जीवन को परम सफल बना देगी।

* * *

बदला लेने की भावना कभी मन में मत आने दो। अपना बुरा करने पर, गाली देने पर, निन्दा करने पर, मारने पर भी किसी का कभी न बुरा करो, न बुरा चाहो, न बुरा होते देखकर प्रसन्न होओ, उसको हृदय से क्षमा कर दो। जैसे स्वयं के अपराध पर व्यक्ति अपने को दण्ड देना नहीं चाहता—क्षमा चाहता है, ऐसे ही सब में अपनी आत्मा को समझ कर सबको क्षमा करो। बदला लेने की भावना बहुत बुरी है। बदला लेने की भावना मन में रखने वाला मनुष्य इस जीवन में कभी शांति, सुख और प्रेम नहीं पाता तथा मरने पर पिशाच होता है। वह स्वयं डूबता है और वैर भाव के बुरे परमाणु वायुमण्डल में फैलाकर दूसरों का भी अनिष्ट करता है।

* * *

दुःख मनुष्य के विकास का साधन है। सच्चे मनुष्य का जीवन दुःख में ही खिल उठता है। सोने का रंग तपने पर ही चमकता है।

* * *

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री हितैषी स्वर्ण-जयन्ती वर्ष पर
हार्दिक अभिवादन सहित :
श्रीमती खत्री कामिनी टण्डन
फोन
२५२०४१
सर्वश्री आस्था ज्वैलर्स
एवं
अमर शापिंग सेन्टर
८/१२३, आर्यनगर (सब्जी मंडी के पास)
कानपुर

With best compliments from :

Phone : Office : 54292
Resi : 52089

SCIENCE CORPORATION
104, LEADER ROAD, ALLAHABAD-211003

Dealers of :
ALL KIND OF SCIENTIFIC INSTRUMENTS LABORATORY & INDUSTRIAL CHEMICALS

Authorised Stockist :

- B. D. H. Chemicals
- Loba Chemicals
- Qualigens Fine Chemicals
- REMI INSTRUMENTS
- S M. Chemicals
- BOROSIL Glasswares
- Yorco Instrwments
- POLAR Cover Glasses and Micro Slides (Blue Star)
- E. Merck Chemicals
- IDPL Chemicals
- K. ROY Balances

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री हितैषी स्वर्ण-जयन्ती वर्ष पर शुभकामनाएँ

खत्री सोमनाथ, बहल

धर्मो रक्षति रक्षितः

मैट्रो शूज़

अधिकृत विक्रेता

बेटी शूज़

आधुनिक डिजाइनों में स्त्रियों एवं बच्चों के जूते, सैन्डिल, चप्पलों के विक्रेता

किनारी बाजार, आगरा-३

WITH BEST COMPLIMENTS FROM

Phone
77051
77052
76335

M/S DAS MOTORS

Das Buildings
Begum Bridge
Meerut Cantt.

●

Acthorised Dealers for :

CLASSIC, AMBASEDOR CARS, HINDUSTAN
COMMERCIAL VEHICLES, MAHINDRA JEEPS,
MINI TRUCKS AND MINI BUSES

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री हितैषी स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक

के अवसर पर

हार्दिक-अभिनन्दन

स्व. श्री विश्वनाथ प्रसाद टण्डन जी

जिनके आशीर्वाद से

निरन्तर सेवारत प्रतिष्ठान

आधुनिक एवं आकर्षक

साड़ियों का

एकमात्र प्रतिष्ठान

फोन : ६३२५२

सर्वश्री विश्वनाथप्रसाद नन्दलाल

हर प्रकार की बनारसी एवं

जरी सामान के विक्रेता

मच्छरहट्टा चौक

वाराणसी-२२१००१

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री हितैषी स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक के
प्रकाशन पर हार्दिक बधाइयाँ :

खत्री पूरन चन्द्र बेरी

आगरा खत्री समाज के नक्षत्र

स्व० श्री भगवान दास बेरी द्वारा स्थापित

प्रतिष्ठान बेरी ब्रादर्स

स्थापित १९२२ ★ स्वर्ण जयन्ती १९७२

हर प्रकार के उच्चकोटि के आधुनिक डिजाइनों में
जूते, सैन्डिल एवं चप्पलों के लिये सेवारत

सहयोगी प्रतिष्ठान

बेरी शूज़ कारपोरेशन

एथलेटिक्स स्पोर्ट शू (रामनाथ प्रोडेक्ट)
के उ० प्र० के लिये अधिकृत थोक बिक्रेता।

किनारी बाजार, आगरा-३

निवास ७४०७३ —: फोन :— ७२४८९

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्रियों की जातीय सम्पत्ति क्या है ?

—खत्री विश्वेश्वर नाथ मेहरोत्रा

हमारी संस्कृति, सभ्यता, संस्कार और जातीय परम्परायें ही हमारी सम्पत्ति हैं। खत्री जाति की इस अमूल्य सम्पत्ति की रक्षा करने और उसे आज के युग में भी अति आधुनिक परन्तु जातीय तौर पर अलग पहचान बनाये रखने में हमारे पूर्वजों को अथक परिश्रम के साथ ही अनेक संघर्षों से होकर गुजरना पड़ा है।

वह कौन सी शक्ति है जिसके कारण खत्री जाति ने हर युग में असाधारण प्रतिभा और स्फूर्ति के लोगों को जन्म दिया और आज भी उसकी सन्तानें जीवन के हर क्षेत्र में उच्चतम पदों पर विराजमान हैं। वह है हमारी सभ्यता और संस्कार।

क्या सभ्यता, संस्कार एवं परम्पराओं की बातें केवल किताबी बातें हैं? नहीं। इनका हमारे जीवन से बहुत घनिष्ठ सम्बन्ध है। हम खत्री लोग वैदिक संस्कृति को मानने वाले हैं जो अति प्राचीन होते हुये भी जीवित और गतिशील है। किसी भी संस्कृति को गतिमान बनाये रखने में दो व्यवस्थाओं का बहुत बड़ा हाथ होता है।

१—पिन्ड-गत प्रगति को सुरक्षित बनाये रखना।

२—संस्कार-गत प्रगति को संतुलित रखने का प्रयास।

इनका अर्थ क्या है? पिन्ड की शक्ति की सुरक्षा का अर्थ है—रक्त की श्रेष्ठता को बनाये रखने का प्रयास अर्थात विवाह सम्बन्धों पर प्रभावी नियंत्रण।

विवाह सम्बन्ध साधारणतः तीन प्रकार के होते है :—

१—(EXOGAMY) अर्थात सगोत्र विवाह। (अति निकट के रक्त सम्बन्धों में विवाह करना)।

२—(ENDOGAMY) अर्थात सजातीय विवाह (एक ही प्रकार के रक्त समूह में परन्तु अति निकट के सम्बन्धों को बचाकर विवाह सम्बन्ध)।

३—(HYPERGAMY) अर्थात विजातीय विवाह (बिना किसी प्रकार के रक्त समूह का विचार किये विवाह सम्बन्ध स्थापित करना)।

आज के वैज्ञानिक युग में यह सिद्ध हो चुका है कि अति निकट के विवाह सम्बन्ध सन्तान के मानसिक एवं शारीरिक प्रगति में बाधक होते हैं और विजातीय विवाह विकृतियाँ उत्पन्न करते हैं।

इन्हीं वैज्ञानिक कारणों को ध्यान में रखते हुये हमारे पूर्वजों ने माता की पाँच पीढ़ी और पिता की सात पीढ़ी तक विवाह सम्बन्धों को वर्जित माना तथा अपने ही समूह में विवाह सम्बन्ध स्थापित करने की अनुमति दी जो हमारी जातीय परम्परा बनी जिसके कारण आज भी हमारे यहाँ

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खन्ना-खन्नों में लड़की नहीं देता, मेहरोत्रा, टण्डन, कपूर, सेठ आदि कोई भी परिवार अपनी ही अल्ल की लड़की लेना पसन्द नहीं करता।

विजातीय विवाह सम्बन्धों को हमारे समाज ने कभी स्वीकार नहीं किया।

बहुत से युवा यह कहते सुने जाते हैं कि विवाह हमारा व्यक्तिगत मामला है इसमें परिवार के बड़ों तथा समाज को हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। ऐसा नहीं है। विवाह पूर्णतः एक सामाजिक क्रिया है इसके द्वारा हम अपने समाज में एक नये परिवार की स्थापना करते हैं जो आगे चलकर हमारे समाज को नयी पीढ़ी प्रदान करता है। हमारी नयी पीढ़ी मानसिक और शारीरिक तौर पर प्रतिभाशाली हो तथा समाज के बौद्धिक स्तर को ऊंचा बनाये रखने में सफल हो यह देखना और उसी के अनुकूल विवाह सम्बन्धों की अनुमति देना समाज का उत्तरदायित्व है। यह आवश्यक है कि हमारी सीमाओं के अन्दर रहते हुये हर युवक-युवती को अपना जीवन चुनने की पूर्ण स्वाधीनता मिले।

संस्कारगत प्रगति का अर्थ क्या है ?

विधान-नियम, राजनीति, शास्त्र, साहित्य, विज्ञान इत्यादि के क्षेत्र में की गई मानव प्रगति संस्कारगत प्रगति कही जायेगी। इन सभी क्षेत्रों में दूसरी सभ्यताओं से मिलन एवं आदान-प्रदान अनिवार्य है। इन क्षेत्रों में की गई प्रगति में से श्रेष्ठ को ग्रहण करना और अपने सामाजिक जीवन के संतुलन को बनाये रखते हुये विकास क्रिया को गति देना यही संस्कारगत प्रगति को संतुलित बनाये रखने का अर्थ है। जिसे हमारे पूर्वजों ने बड़ी कुशलता से पूरा किया है।

जिस प्रकार किसी भी मकान अथवा महल का बाहरी वैभव उसकी मजबूत बुनियाद पर टिका होता है परन्तु वह दिखाई नहीं देती उसी प्रकार हमारे आर्थिक और सामाजिक वैभव की इमारत पिण्डगत-प्रगति और संस्कारगत प्रगति के संतुलन पर टिकी होती है जो अदृश्य है। मनुष्य के शरीर में छिपे शक्तिशाली रक्त पिण्ड और उसके संस्कार ही उसके वैभव की बुनियाद होती है। इसलिये यदि हमें अपनी आर्थिक और सामाजिक प्रगति को टिकाये रखना है तो हमें अपनी परम्पराओं और संस्कारों की रक्षा करनी होगी तथा अपनी नयी पीढ़ियों को उसकी वैज्ञानिकता और अनिवार्यता बतानी पड़ेगी।

इस हेतु जरूरी है कि हम अपने इतिहास और संस्कारगत पुराने साहित्य को प्रकाश में लायें। महासभा ने इस ओर प्रयत्न शुरू किये हैं। आज हमारी वर्तमान पीढ़ी का यह अनिवार्य कर्त्तव्य है कि खत्री जाति के अपने समस्त प्राचीन ग्रन्थों को पुनः प्रकाशित कर नयी पीढ़ियों के लिये उसे सुरक्षित करें।

'हिन्दी एक जानदार भाषा है वह जितनी बढ़ेगी, देश को उतना ही लाभ होगा।'
यह स्वयं अपनी ताकत से बढ़ेगी। —प० जवाहरलाल नेहरू

यदि हम अपनी मातृ भाषा को खो बैठे तो निश्चय ही हमारी राष्ट्रीयता का भी लोप हो जायगा।' —राजर्षि पुरुषोत्तमदास टण्डन

CC-0. Panmuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

"खत्री दिवस" विजयोत्सव घोष

रचयिता:—स्व० कृष्णचन्द्र मेहरोत्रा
वाराणसी

मैं 'विजयोत्सव' हूँ। वीरता, शौर्य तथा विजय की प्रतीक। सूर्यवंशी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की अजेय क्षत्रिय कुल परम्परा हूँ। सदा सत्य, सदा शिव, सदा सुन्दर महाशक्ति का पुनीत आह्वान-काल हूँ। प्रीति, उल्लास-आनंद का संगम हूँ।

अज्ञान पर ज्ञान की विजय, अंधकार पर प्रकाश की विजय, जड़ता और मोह पर वैराग्य की विजय, अनीति पर नीति की विजय, निष्क्रियता पर सक्रियता की विजय, विघटन पर संघटन की विजय हूँ। इसलिए मैं 'विजयोत्सव' हूँ।

पवित्र भारत भूमि पर हिमालय से कन्याकुमारी तक निवास करने वाली खत्रिय संतानों! उठो! जागो!! परस्पर मिलो, प्रेम से, उत्साह से, आनंद से। तुम्हारा रोम-रोम शौर्य से पुलकित हो। दुख से सुख को, सुख से दुख को बाँटो। धारण करो अपनी भेरी में विजय निनाद और चतुर्दिक व्याप्त सामाजिक चुनौतियों को स्वीकार करो। तुम वीर पुत्र हो, अमृत पुत्र हो। तुच्छ अवरोधों से भयभीत होना कायरता है। जहाँ भी हो, जिस क्षेत्र में हो, गतिमान रहो, श्रेष्ठता का परिचय दो, अकंपित हो निश्चय पूर्वक बढ़ते जाओ, यही विजय संदेश है।

★ जाति - गान ★

अखिल भारतीय खत्री महासभा

ब्रह्म-विष्णु-शिव शक्ति उपासक, निर्कार ओंकार आराधक।
सूर्यवंश तव, चंद्रवंश तव, अग्निवंश जय हे, क्षत्रि जाति जय हे॥
खत्रि जाति जय हे।

शिवा, चण्डिका, जोन वाराही, अष्टभुजी जय विन्ध्यवासिनी।
वैष्णों माता ज्योताँवाली, जय माता दी जय हे, क्षत्रि जाति जय हे।
खत्रि जाति जय हे।

भृगु अंगिरा अत्रिकुल संस्कृति, नानक, श्रीचन्द, गोविन्द, संतति।
सैनिक, शासक, भूपति, पालक, सो निहाल जय हे, क्षत्रि जाति जय हे।
खत्रि जाति जय हे।

ऋद्धि-सिद्धि समृद्धि दिवाकर, पर दुःख कातर, सहज कृपाकर।
जन-जन सेवक, सेवा प्रेरक, आर्यवंश जय हे, क्षत्रि जाति जय हे।
खत्रि जाति जय हे।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री हितैषी स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक के अवसर पर खत्री समाज को हार्दिक बधाईयां :
खत्री दीनानाथ कपूर संरक्षक 'खत्री हितैषी'

फोन–६७७७६ तार–राम दरबार

मे० बैजनाथ एण्ड सन्स (स्थापित १८६४) क्लाथ मर्चेन्टस

मे० राममोहन ब्रादर्स (,, १६५७), सेलिंग ऐजेन्ट्स

जयश्री टैक्सटाइल्स रिसड़ा (कलकत्ता)

१७/१२६/३, सेवका बाजार आगरा

खत्री हितैषी स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक के अवसर पर हार्दिक शुभ कामनाओं सहित :

अरोड़ा ऑटो मोबाईल्स

आइल, जुट, ग्रीस, मोटर व ट्रैक्टर पार्ट्स के विक्रेता

Stockist : G. S. Auto Parts, Franko Hub Drums, Thrishul Shafts, Hella Bulbs

● बाल किशन अरोड़ा
मंत्री, श्री नागौरी खत्री पंचायत
नागौर-३४१००१

● रविन्द्र कुमार अरोड़ा
सदस्य, श्री नवयुवक खत्री मण्डल
नागौर-३४१००१

मे० मंगलाल बालकिशन अरोड़ा–दिल्ली दरवाजा के बाहर, नागौर-३४१००१ राज.

With best compliments from :

ॐ

S. N. TANDON & BROS

Phones
Shop : 69718
Resi. : 52845

Specialist in : GOVT. ORDER SUPPLIERS & CONTRACTORS

Chief Stockists of :
- Shalimar Paints Ltd.
- Goodlass Nerolac Paints Ltd.
- Jenson & Nicholson (India) Ltd.
- Garware Paints Ltd.
- Bombay Paint & Allied Products
- Gillanders Arbuthnot & Co. Ltd.
- Anglo Dutch Paints Etc.

Wholesalers & Retailers in :
All Kinds of Paints, Varnish
Turpentine, Thinner, Coaltar
Bitumen, Trafelt & Dry
Colours Ete.

47/6, BAGIA MANI RAM
KANPUR–208001

With best compliments from :

MECH INDUSTRIAL CONSULTANTS

HEAD OFF. 6, SUBHASH BAZAR MEERUT CITY–250002

Facilities Available

IDENTIFICATION OF PROJECTS PROJECT PROFILES, LOAN FROM U. P F. C.,
P. I. C. U. P. BANKS, I. D. B. I ALSO ERECT, COMMISSION AND
INSTALL MACHINERY.

National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री हितैषी स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक के अवसर पर शुभ कामनायें :—



खत्री श्रीमती एवं श्री मणि राम साहनी

के परिवार की ओर से खत्री हितैषी के ऐतिहासिक

स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक

के प्रकाशन के अवसर पर

हार्दिक शुभ कामनाएँ

साहनी ट्रेडर्स

तालबेहट

खत्री सभा लहरपुर वर्ष १९८७-८८

कार्यसमिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों के नाम :

१—खत्री त्रिभुवननाथ पुरी (अध्यक्ष)
२—खत्री सुशीलकुमार कपूर (उपाध्यक्ष)
३—खत्री कैलाशचन्द्र पुरी (महामंत्री)
४—खत्री अमरनाथ पुरी (कार्यालय मन्त्री)
५—खत्री हरगोविन्द पुरी (संगठन मंत्री)
६—खत्री राम गोपाल पुरी (कोषाध्यक्ष)
७—खत्री रमाशंकर कपूर (सदस्य)
८—श्याम सुन्दर पुरी (सदस्य)
९—रघुवीरशरण मेहरोत्रा (सदस्य)
१०—उमेश कुमार पुरी (सदस्य)
११—वीरेन्द्रनाथ कपूर (सदस्य)

मुनीमजी की मशहूर सट्टी की बनारसी साड़ी की विश्वसनीय आढ़त

मे० शान्ती सिल्क स्टोर्स

सी-के २०/२४, लक्खी चौराहा
चौक, वाराणसी

—उपरोक्त—

मे० बनारसी सिल्क स्टोर्स

ब्रान्च—शाप नं० १ ग्राउन्ड फ्लोर—
यूनियन बैंक बिल्डिंग गोलघर,
वाराणसी (उ०प्र०)

फोन घर:—५२४१९
६६२४९

सहयोगी प्रतिष्ठान :—

मे० जे०जे० एसोसिएट्स

बिल्डर्स व गवर्नमेन्ट कान्ट्रैक्टर
२४, शिवाजी नगर कालोनी
महमूरगंज, वाराणसी
फोन : ५२२११

मे० जे०सी० मेहरोत्रा कान्ट्रैक्टर्स

के-२२/७७, ब्रह्माघाट, वाराणसी (उ०प्र०)

यूनिक कार्मशियल कारपोरेशन

के-२२/७७, ब्रह्माघाट, वाराणसी (उ०प्र०)

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री हितैषी स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक के अवसर पर हार्दिक शुभ कामनाओं सहित :

खत्री कमलेश कुमार कंचन

रवि कटपीस कार्नर

तालबेहट (ललितपुर)

कांचन मेडिकल हाल

डा० रघुबर दयाल कंचन

तालबेहट

खत्री श्री बृजभूषण कश्यप

प्रो० साधना साड़ी सेन्टर

तालबेहट

आशीष ट्रेडर्स

तालबेहट

प्रो० नीरज कुमार खत्री

राजेश इलेक्ट्रानिक्स

तालबेहट (ललितपुर)

सुदामा ओंमकार सरन

फोन दुकान १६०
घर ८०

मर्चेन्ट एवं एजेन्ट

काशीपुर–२४४७१३ जि० नैनीताल

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री हितैषी स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक के अवसर पर खत्री समाज को हार्दिक बधाईयाँ :

खत्री भोला नाथ कंचन

भोला किराना स्टोर

तालबेहट

खत्री राकेश कुमार मनोज कुमार कंचन

अंजली परमाल वर्क्स

तालबेहट

खत्री श्रीराम कमलेश कुमार साहनी

शासकीय ठेकेदार

तालबेहट

सर्वश्री सुशील राठी ईश्वरन त्रिवेदी

● ऐडक्रिमेशन ● डिजाईनर्स ● ब्लाक स्क्रीन प्रिंटर्स
● सेल्फ एडहिसिव स्टीकर्स निर्माता

माल्वाड (पश्चिम) बम्बई-४०००६४

Phone : 53119

K. J. SONS

45/62-A, GAYA PRASHAD STREET. KANPUR

Dealers in :---ALL KINDS OF ELECTRICAL GOODS

स्व० श्री राजनारायन टण्डन जी

के आशीर्वाद से सेवारत प्रतिष्ठान

सर्वश्री जी०के० इलेक्ट्रिकल्स

३३/१५०, गया प्रसाद लेन, कानपुर

फोन प्रतिष्ठान
६०२२७, ६७०४१ P P
निवास : २१२३०७

जी.ई.सी., जेनलेक ई.सी.ई.एंकर कोस्टेल मेगी एवं सुपर जेम मेक बिजली की वस्तुओं के बिक्रेता एवं स्टाकिस्ट

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री हितैषी स्वर्ण-जयन्ती के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाओं सहित :

राजेन्द्र मोहन इंडस्ट्रीज एंड संस फोन ५७

● थोक वस्त्र विक्रेता ●

★ राजेन्द्र आयरन एण्ड मिल्क स्टोर

★ राजेन्द्र ब्रिक इंडस्ट्रीज ★ राजेन्द्र होजरी

काशीपुर (नैनीताल)

सहगल प्रोपर्टी डीलर फोन आफिस ५८२ घर २७१

चल व अचल सम्पत्ति, जमीन जायदाद, मकान, दुकान आदि की बिक्री एवं खरीद के लिए सम्पर्क करें :—

रमेश चन्द्र सहगल

खत्रियान स्ट्रीट, काशीपुर (नैनीताल)

सर्वश्री नवीन साड़ी इम्पोरियम

सूटिंग, शर्टिंग, साड़ियों की एकमात्र दूकान

टरनरगंज मेन चौराहा, कालपी

स्वामी-जयकुमार खत्री

खत्री प्रह्लाद प्रसाद मेहरोत्रा (संरक्षक)

स्वतन्त्रता सेनानी भू० पू० उपाध्यक्ष मुजफ्फरपुर नगरपालिका

खत्री सभा, मुजफ्फरपुर (उत्तर बिहार)

राजा ट्रेडिंग सिन्डीकेट, मुजफ्फरपुर

विद्युत सामग्रियों का एकमात्र विश्वसनीय प्रतिष्ठान

खत्री अनूप कुमार कंचन

रशमी इलैक्ट्रिकल्स

तालबेहट

अशोक कुमार मोहनलाल वट्टा

वट्टा रेस्टोरेन्ट

तालबेहट

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

धार्मिक उत्सव तथा पर्व

—खत्री लक्ष्मी नारायण टंडन (लखनऊ)

हमारा नया वर्ष होलिका दहन के पश्चात चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से प्रारम्भ होता है। हिंदू त्यौहारों के विषय में लोकोक्ति 'सात बार नौ त्यौहार' ठीक ही है। किन्तु हिन्दुओं के चार त्यौहार अत्याधिक महत्व के हैं। १. (रक्षा बन्धन या सलीनों ब्राह्मणों का) २. दशहरा या विजया दशमी (क्षत्रियों का) ३. दीपावली या दिवाली (वैश्यों का) तथा ४ होली (शूद्रों का) इन चारों त्यौहारों को सभी वर्णों के लोग समान उत्साह प्रेम और श्रद्धा से मानते हैं। पर विशेष महत्व का त्यौहार ब्राह्मणों का रक्षा बंधन, क्षत्रियों का दशहरा, वैश्यों का दिवाली तथा शूद्रों का होली होता है। यह इस बात का प्रमाण है कि हम हिन्दू किस प्रकार एक दूसरे के त्यौहारों के प्रति श्रद्धाभाव रखते थे। इन चारों को हम राष्ट्रीय त्यौहार भी कह सकते हैं।

इन राष्ट्रीय त्यौहारों के अतिरिक्त कुछ वे त्योहार या पर्व हैं जिन्हें हम 'धार्मिक पर्व या उत्सव' कह सकते हैं। इन दोनों में भेद स्पष्ट देखा जा सकता है। यद्यपि राष्ट्रीय त्यौहारों में भी 'धार्मिकता' का अंश है पर ईन दो प्रकार के उत्सवों में कोई विभाजन रेखा खींचनी कठिन है और वास्तव में देखा जाय तो इनमें विशेष भेद है भी नहीं। हां, उपर्युक्त चार त्यौहार देशव्यापी हैं। कश्मीर से कुमारी अंतरीप और पंजाब बम्बई प्रांत से आसाम बंगाल प्रांत तक यह समान भाव से मनाए जाते हैं जबकि 'धार्मिक पर्व' स्थान विशेष पर मनाए जाते हैं। उदाहरणार्थ काशी में शिवरात्रि, अयोध्या में रामनवमी तथा मथुरा में जन्माष्टमी, दक्षिण भारत में गणेश चौथ (विशेष कर महाराष्ट्र में) सबसे अधिक उत्साह से मनाए जाते हैं। पर साथ ही यह भी हम न भूलें कि देश के अन्य स्थानों में भी रामनवमी, जन्माष्टमी आदि किसी न किसी अंश में मनाई ही जाती है।

कुछ ऐसे भी उत्सव या पर्व होते हैं जिनका संबंध हमारे पुरखों से होता है। उदाहरणार्थ पितृ विसर्जन अमावस्या तथा पितृपक्ष, अक्षय तीज, निर्जल एकादशी तथा मकर संक्रांति आदि। राष्ट्रीय त्यौहारों पर भी कहीं-कहीं पितरों के उपलक्ष में पूजा पाठ तथा श्रद्धांजलि दी जाती है, किन्तु 'धार्मिक पर्वों' पर ऐसा कभी नहीं किया जाता।

कुछ पर्वों का संबंध 'गुरु' से होता है। व्यास पूजा, बसंत पंचमी आदि इसके उदाहरण हैं। कुछ पर्व केवल स्त्रियों के होते हैं जैसे कजली तीज। फिर कुछ ऐसे पर्व या त्यौहार होते हैं जो केवल कुछ विशेष जातियों अल्लों या वंशों तक ही सीमित है। वे विशेष पर्व कहला सकते हैं।

इसके अतिरिक्त प्रत्येक अमावस्या तथा विशेष रूप से सोमवती अमावस, प्रत्येक रविवार (सूर्यदेव का दिन), चन्द्रवार (चन्द्रदेव का दिन), मंगलवार (महाबीर का दिन), विशेष रूप से श्रावण मास के चन्द्रवार शिव भक्तों के लिए और असाढ़ मास के चन्द्रवार, शीतला तथा काली जी के भक्तों के लिए पवित्र दिवस हैं। प्रत्येक मंगलवार मंगल चण्डी तथा हनुमान जी के विचार से पवित्र दिन हैं तथा बुधवार शीतला भक्तों के लिए पवित्र दिन हैं। कुछ कृषकों के पर्व बैशाखी, असाढ़ी, नवा, मौनी अमावस आदि हैं। इनमें से कुछ खत्रियों के यहाँ मनाए जाते हैं और कुछ नहीं। महीने में दो एकादशी के तथा दो प्रदोष के व्रत भी हिन्दू रखते है। पूर्णमासी का व्रत भी रखा जाता है। जब कभी पूर्णमासी को चन्द्र ग्रहण पड़ जाता है तथा अमावस्या को सूर्यग्रहण तब उन दिनों विशेष रूप से व्रत, दान पुण्य तथा पूजा पाठ हिन्दू करते हैं।

हमारे यहाँ जब ऋतु परिवर्तन होता है, नया-नया खेत बोया जाता है या पका खेत काटा जाता है तब ही होली, दिवाली, दशहरा आदि उद्देश्य विशेष से रखे गए हैं। अन्य त्यौहारों का भी, भले ही वे छोटे हों या

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

बड़े, कुछ न कुछ उद्देश्य होता है। ये त्यौहार खत्री घरों में किस प्रकार मनाये जाते हैं, इसका मासिक क्रम से विवरण इस प्रकार है।

१—चैत (मार्च)

चैत मास के चारों सोमवारों को तिसुआ सोमवार कहते हैं। तिसुआ सोमवार में जगदीश के पट की पूजा होती है पर उसी घर में जहाँ का कोई जगन्नाथपुरी हो आया हो। जगन्नाथपुरी का जाने वाला व्रत रखता है। पहले सोमवार को फूले हुए देवल और गुड़ से, दूसरे सोमवार को गुड़धनियां से, तीसरे सोमवार को पंचामृत से तथा चौथे सोमवार को गंगभोग या कच्चा-पक्का सब तरह का पकवान बनाकर भोग लगता है।

१. परेवा की धुरेरी। इस दिन १२ बजे दोपहर तक रंग खेलकर फिर नहा धोकर कपड़े पहन कर पुरुष तथा बालक सब परिचितों से गले मिलते है तथा मेला देखते हैं। आज सब लोग पिछले बैर को भूल कर आपस में प्रेमपूर्वक गले मिलते हैं। दामाद तथा कन्यायें धुरेरी के दिन निमंत्रित किये जाते हैं। आज से लोग जाड़ों के कपड़े तहाकर रख देते है और गरमी के कपड़े निकालते हैं। दूसरे दिन भाई-दुईज मनाई जाती है।

२. आठ दिन बाद 'बसिहुड़े' की अष्टमी होती है। यह चार बसिहुड़ों में पहला होता है। देवी जी की पूजा होती है और बासी खाया जाता है। लखनऊ में धुरेरी को कोनेश्वर महादेव का चौक में मेला होता है और अष्टमी को सआदतगंज में टिकैत राय के तालाब तथा शीतला का बहुत बड़ा मेला होता है। दुर्गाष्टमी के दिनू देवी जी की हलवे से पूजा होती है। नारियल की भेंट भी दी जाती है। घर में सब को हलवा, पूड़ी, गरी प्रसादी में मिलता है। सम्बन्धियों तथा मित्रों के यहाँ भी हलवा आदि प्रसाद बाँटा जाता है। देवी जी की अग्नि के रूप में पूजा होती है।

३. ८ दिन बाद परेवा से देवीव्रत प्रारम्भ होता है। घी द्वारा दीपक की 'ज्योति' की पूजा होती है। अष्टमी तथा नौमी को अविवाहित कन्याओं की जो देवी समझी जाती हैं, भी पूजा होती है। उन्हें नये वस्त्र तथा नगदी दी जाती है भोजन कराया जाता है। शुक्ल पक्ष के प्रथम नौ दिन 'नवरात्रि' कहलाते हैं जो देवी भक्तों के लिए अत्यंत पवित्र होते हैं। देवी की प्रत्येक दिन नियमित समय पर पूजा होती है। प्रथम दिन की पूजा 'दुर्गास्थापन' और अंतिम दिन की 'ज्योति बढ़ाने की पूजा' कहलाती है। कुछ खत्री लोग नौ दिन बराबर व्रत रहते हैं। अष्टमी की पूजा सबसे अधिक महत्व की होती है। नवरात्रि का मेला ८ दिन होता है। नवें दिन नवरात्रि होती है। काली, दुर्गा, चण्डिका आदि के मन्दिरों में इन दिनों बड़ी भीड़ होती है तथा मेला लगता है।

४. चैत्र शुक्ला तीज को गुण गौरी या गूने गौर होती है। इसमें गौरी की पूजा होती है। यह त्योहार स्त्रियाँ अपने पति की शुभ कामना के लिये करती हैं। जवान तथा वृद्ध सभी विवाहित स्त्रियाँ घी तले पकवान अपनी सासों तथा उनके न होने पर पति की अन्य बड़ी सम्बंधिनियों को देती हैं। साथ में कुछ नगदी भी देती हैं। आज ही शिव जी ने पार्वती को सौभाग्य का वर दिया था। दोपहर तक व्रत रखती है तब सौभाग्य वस्तुओं से पूजन तथा कथा के पश्चात् माँग में सेंदुर लगाती हैं। कथा का प्रसाद मर्दों को नहीं दिया जाता।

५. मास की अष्टमी को देवी अष्टमी की पूजा होती है तथा ज्योति जगाती हैं।

६. प्रातः काल राम नौमी होती है। आज ही राम चन्द्र जी का जन्म हुआ था अयोध्या में आज मंदिरों में बड़ी धूमधाम रहती है। स्त्रियाँ अपने सौभाग्य के लिए अरुन्धती व्रत करती हैं जो वशिष्ठ जी की पत्नी थी।

७ चैत्र शुक्ला पूर्णिमा को जूनो पूनो भी कहते हैं। जिस घर में कोई लड़का होता है वहाँ पूजा होती है, यदि केवल लड़की होती है तो नहीं होती है। इससे व्रत नहीं रहा जाता। पाँच या सात मटकी और करवा रंग कर पवन कुमार की पूजा होती है।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

२—वैशाख (अप्रेल-मई)

पहली अष्टमी को बसिहुड़ा होता है। यह तीसरा हैं। यह देवी का त्योहार है। स्त्रियाँ लोढ़े की पूजा करती हैं। आज बासी खाना खाया जाता है। १. अमावस्या को महुआ दान दिया जाता है। २. शुक्ल पक्ष की तीज को अक्षयतीज होती है। आज मृत पुरुषों की स्मृति में जौ का सत्तू, फल, मिठाई, पंखा पानी से भरा झज्जर तथा कुछ नगदी ब्राह्मणों को पुरखों के नाम पर दिया जाता है। ३. सप्तमी को गंगा सप्तमी होती है। आज गंगोत्पत्ति का दिन है। ४. नौमी को जानकी जी का जन्म दिवस है। ५. चौदस को नृसिंह चौदस होता है। आज ही नृसिंह जी का अवतार हुआ था। आज व्रत में सायंकाल के समय केवल फल और दूध खाया जाता है। २. बैशाख, असाढ़ और माघ इन्हीं तीनों महीनों की किसी तिथि में रविवार के दिन आसमाई की पूजा होती है। यह पूजा किसी कार्य सिद्ध के लिये ही की जाती है। कहीं-कहीं तो वर्ष में दो तीन बार भी पूजा होती है। बारा जीत बारह आदित्यों तथा आसमाई (आशा पूर्ण करने वाली शक्ति की) पूजा एक साथ होती है। प्रायः लड़के की माँ पूजा करती है। नमक नहीं खाया जाता।

३—जेठ (मई-जुन)

१. पहली अष्टमी को बसिहुड़ा। यह तीसरा बसिहुड़ा होता है। २. अमावस्या को बट सावित्री व्रत या बट अमावस का त्योहार है। इसमें बरगद की पूजा स्त्रियाँ अपने पति के कल्याण के लिये करती है। ३. बेझरा भी अमावस्या को ही स्त्रियों का त्योहार है। आज वे 'पोंजा' मंसती हैं। गौरी की पूजा तथा अपने पति की कल्याण कामना के बाद विवाहित स्त्रियाँ घी में तले पकवान अपनी सासों या उनके न होने पर पति की अन्य सम्बंधिनियों कों देती हैं। यही 'पोंजा' कहलाता है। प्रत्येक 'पोंजा' के बाद 'रानी पूजे राज को मैं पूंजू सुहाग को' कहकर पूजा की जाती है। आज के पोंजे में कई प्रकार के अन्न होते हैं। ४. शुक्ल की दशमी को गंगा दशहरा होता है। आज ही गंगावतरण हुआ था। ५. शुक्ल की एकादशी को निर्जला एकादशी होती है। पुरखों की स्मृति में व्रत किया जाता है। स्त्रियाँ तो २४ घंटे का व्रत करती हैं। ब्राह्मणों को पुरखों के नाम पर दान दिया जाता है (सत्तू को छोड़कर)।

४—असाढ़ (जून-जुलाई)

प्रथम अष्टमी को अंतिम बसिहुड़ा होता है। इसे 'दाह बैठउनी' भी कहते हैं। चैत और बैसाख के बसिहुड़े बड़े होते हैं। देवी की पूजा होती है। २. कृष्ण पक्ष की दुइज को रथयात्रा होती है। आज भगवान् जगन्नाथपुरी में आज के दिन बड़ा समारोह होता है। १. असाढ़ के अंतिम दिन व्यास पूजा की गुरुओं की पूजा बड़े धूमधाम से होती है। सभी जगह गुरु पूजा होती है, पर पंजाब में यह पर्व बड़े जोर-शोर से मनाया जाता है।

५—सावन (जुलाई-अगस्त)

१. कृष्णपक्ष में हरियाली अमावस होती है। २. शुक्ल पक्ष की तीज को तिजियाँ होती हैं। यह भी स्त्रियों का त्योहार है जो अपने पतियों की कल्याण कामना में मनाया जाता है। आज आटे शकर के कसार का स्त्रियाँ पोंजा मंसती हैं। ३. कृष्ण पक्ष की नागपंचमी में भाई बहिनों का त्योहार पड़ता है। शुक्ल पक्ष की पंचमी को नागपंचमी पड़ती है। नागों में १२ नाग प्रसिद्ध हैं—अनंत, बासुकी, शेष, पद्म, कंबल कर्कोटक, अस्वतर, धृतराष्ट्र, शंस्याल, कालिया, तक्षक, पिंगल। एक-एक नाग की एक-एक मास पूजा करने का विधान है। आज गुड़ियों का त्योहार है। यह भाई बहिनों का त्योहार होता है। आज साँप की पूजा होती है और बच्चे चौराहों पर लकड़ियों से कपड़े की बनी गुड़ियाँ पीटते हैं। आज के दिन लोग अखाड़ों मे कुश्ती लड़ते हैं। पूर्बिये खत्रियों में यह त्योहार विशेष मनाया जाता है। पंचमी को सायंकाल को ही भोजन करना चाहिये। ४. श्रावण कृष्ण दशमी को बाबा लालू जस्सू राय महोत्सव, केवल खन्ना खत्रियों द्वारा बाबा जस्सू राय की स्मृति में मनाया जाता है तथा उनकी पूजा होती है। ५. श्रावण कृष्ण तेरस को 'मूल माता' की पूजा केवल कपूर खत्रियों के कुछ

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बंशों में मनाई जाती है। ६. श्रावण शुक्ला तीज को तिजियाँ या गुड़िया तीज होती है। यह केवल स्त्रियों का त्यौहार है। विवाहित स्त्रियों के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण पर्व होता है। पिछले दिन से ही वे पूर्ण शृंगार से रहती हैं। उत्तमोत्तम भोजन करती हैं, झूला झूलती हैं तथा अपने सौभाग्य के लिए गाना गाती है। प्रसन्नता ही प्रसन्नता मनाती हैं। आज भी वे अपनी सासों तथा पद में बड़ी पति की सम्बन्धिनियों को पोंजा भेजती हैं और जो नव विवाहित होती हैं तथा अपने मैके में होती हैं उन्हें बढ़िया कपड़े, सुन्दर गुड़ियाँ, चाँदी, लकड़ी आदि के सुन्दर खिलौने आदि श्वसुरों से मिलते हैं ताकि वे इस दिन आनन्द मनावें। ७. श्रावल शुक्ला छठ को बाराह अवतार हुआ था। ७. श्रावण शुक्ला १४ को श्री चन्द्रिका महोत्सव केवल कपूरों में होता है। वे अपनी कुल देवी चन्द्रिका की पूजा करते हैं। ६. पूर्णमासी को रक्षाबन्धन या सलीनों होती है। आज बहनें अपने भाइयों और ब्राह्मण अपने यजमानों के हाथों में राखी बाँधते हैं। यह ऐतिहासिक पर्व बड़े महत्व का है। आज सिमाई से पूजा होती है। घर के दरवाजों के दोनों ओर तथा दीवारों पर राम रोली आदि से लिखते हैं। उस पर भात, सेमई तथा राखी आदि चिपकाकर पूजते हैं। कहीं लोग दाल चावल रोटी आदि पुरखों के नाम पर दान करते हैं। भविष्य में भगवान रक्षा करें तथा पूर्व कृत पापों का ह्रास हो जाय, यह आज की पूजा का उद्देश्य होता है। कहीं कहीं माखन, दही, दूध, शहद, गोबर, गो मूत्र तथा कुशा आदि से पूजा होती है। सलीनों के दूसरे दिन दामाद तथा कन्याओं को निमंत्रित किया जाता है। अरुन्धती समेत सप्तर्षियों की पूजा की विधान है। कजरी पूर्णिमा भी आज होती है। नवमी से किया एक सप्ताह का व्रत आज पूरा होता है। लड़के वाली स्त्रियाँ व्रत रहती हैं।

६--भादों (अगस्त-सितम्बर)

१ कृष्ण पक्ष की तीज को कजलीतीज होती है।

२. चौथ को बगुला चौथ, बगलू चौथ या गणेश चौथ होती है। यह लड़कों का त्यौहार है। आज जौ की पूड़ी खायी जाती है और गऊ-बछड़े की पूजा होती है। आज को 'छीक छक्कानी' भी कहते हैं। आज समस्त हिन्दू बालक गुरुओं की चटसाल में जाते हैं। वहाँ फल, मिठाई आदि से गणेश जी की पूजा करते हैं तथा ब्राह्मण को कुछ दक्षिणा देते हैं। प्रत्येक पाठशाला में बालक खूब आनन्द मनाते हैं। वे दिन भर गाते बजाते तथा नाचते कूदते हैं और गणेश जी की पूजा करते हैं। वैसे तो कृष्ण पक्ष की प्रत्येक चौथ को गणेश व्रत होता है, पर श्रावण, भाद्रपद तथा मार्गशीर्ष में गणेश व्रत का विशेष महात्म्य है।

३. प्रातःकाल भाई बिन्ना या नागपंचमी होती है। यह भाइयों का त्यौहार बहिनें मनाती हैं। भाइयों के बहनें टीका काढ़ती हैं और भाइयों से रुपये पाती हैं। सांप की पूजा भाइयों की कल्याण कामना से की जाती है।

४. हरछठ लड़कों का त्योहार है। आज ढाक के डाल की पूजा होती है जिसमें कुशा लगा रहता है। आज तिन्नी के चावल खाए जाते हैं। हल द्वारा बोया अन्न और गाय का दूध दही नहीं खाया जाता है।

५. दो दिन बाद अष्टमी को जन्माष्टमी होती है। आज ही योगेश्वर कृष्ण का जन्म मथुरा में हुआ था। आज दिन भर व्रत, ठाकुर जी शृंगार और १२ बजे रात को भगवान की पूजा करके भोजन किया जाता है। ब्रज में आज का उत्सव बड़े जोरों से मनाया जाता है। यदि इस तिथि रात्रि को रोहिणी नक्षत्र हो तो कृष्ण जयन्ती होती है।

६. प्रातःकाल नन्दोत्सव या दधिकांधो होता है। यह त्योहार मंदिरों में, विशेष कर ब्रज तथा श्रीनाथ द्वारा में बड़े समारोह से होता है।

७. फिर बन द्वादशी या गोवत्स द्वादशी होती है। यह भी लड़कों का त्योहार है। घास की पूजा होती है और लड़कों की जाँघ में मिट्टी लगाई जाती है।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

८. शुक्ल पक्ष की तीज को कजली तीज होती है। आज शिव पार्वती पूजा होती है। भादों शुक्ला तीज को 'बेंड़ा तीज' या हरतालिका भी स्त्रियों का त्योहार है। आज भी पोजा मंसा जाता है। तीन तीजों में आज अंतिम तीज होती है। खत्रियों के यहाँ विवाह के प्रथम वर्ष से बहुएँ हरतालिका व्रत करने लगती हैं। मेहरा खत्री अपनी कुल देवी सवाई माता की भी आज ही पूजा करते हैं।

९. प्रातः पथरा चौथ होती है। आज चन्द्रमा नहीं देखना चाहिए। कहते हैं भगवान कृष्ण को चन्द्रमा देखने के कारण ही 'मणि' की चोरी लगी थी, जिसकी कथा प्रसिद्ध ही है। आज रात को लोग पत्थर फेंकते हैं। आज सिद्धि विनायक व्रत भी है। गणेश जी के समस्त व्रतों में यह प्रधान है। श्रावण शुक्ल ४ से भादों शुक्ला ४ तक एक समय भोजन करके कपर्दि गणेश का व्रत होता है।

१०. प्रातः ऋषि पंचमी होती है। आज व्रत रहता है। स्त्रियों का ही व्रत है, पर पुरुष भी स्त्री के साथ व्रत रह सकता है। सप्तर्षि कश्यप, अत्रि, भरद्वाज, विश्वामित्र, गौतम, जमदग्नि और वशिष्ठ सपत्नीक पूजा जाता है।

११. तीन दिन बाद राधाष्टमी होती है। आज राधा जी का जन्म दिन है। आज बुड्ढी-बुड्ढा की पूजा होती है और बासी खाया जाता है। महालक्ष्मी का 'तागा बन्धन' आज मनाया जाता है तथा व्रत होता है। कच्चे सूत के १६ तागे होते हैं जिसमें १६ गाँठे लगती हैं। एक दिन पूर्व सप्तमी को संतान सप्तमी का व्रत होता है।

१२. प्रातःकाल 'नया' होता है। आज चने की कढ़ी खाई जाती है और पूजा होती है।

१३. द्वादशी को गऊ बछड़े का त्योहार मनाया जाता है, इसे वामन द्वादशी भी कहते हैं। आज गेहूँ न खाकर बेसन खाया जाता है। गऊ बछड़े की पूजा होती है और लड़कों से गले मिला जाता है।

१४. दो दिन बाद अनन्त चौदश होती है। आज गुड़ भरी रोटी खाई तथा मंसी जाती है। स्त्रियाँ अपने पतियों का त्योहार मनाती हैं। आज परब्रह्म परमात्मा का पूजन होता है। आज रेशम तथा स्वर्ण के धागों में १४ गाँठें लगाकर अनन्त भगवान की पूजा होती है। एक बार अलोना भोजन करते हैं।

१५. पूर्णमासी से पितृ पक्ष प्रारम्भ हो जाता है। यह १५ दिन रहता है। स्वर्गीय संबंधियों की मृतात्मा की शाँति के लिए पूजा होती है तथा ब्राह्मणों को भोजन और दक्षिणा दी जाती है।

७--कुआँर (सितम्बर-अक्टूबर)

१. पहली अष्टमी को महालक्ष्मी की पूजा होती है और व्रत रहा जाता है यह बहुत बड़ी पूजा होती है। आगरेवाले और दिल्लीवाले खत्रियों के यहां विशेष रूप से मिट्टी की मूर्ति बनाकर १६ प्रकार के पकवान, (प्रत्येक पकवान के १६ अदद) से पूजा होती है। राधाष्टमी को हल्दी में रंग कर कच्चे सूत की १६ गाँठों का गण्डा हाथ में पहना गया था, वह आज खोला जाता है।

२. अमावस को 'पितृ विसर्जन' होता है। इन १५ दिनों में ब्राह्मणों को भोजन कराते हैं। श्राद्ध कर्म आदि होते हैं।

३. पितृ विसर्जन के बाद प्रातःकाल से नवरात्रि प्रारंभ होती है (वर्ष में दो नवरात्रि होती है चैत्र और कुआँर में)।

४. अष्टमी को 'थाल' होते हैं। देवी जी की पूजा होती है। प्रति बालक के लिए मिठाई के १० ठौर रखे जाते हैं। जीवित पुत्रिका नामक निर्जला व्रत पुत्रवती स्त्रियां आज रखतीं है।

५. शुक्लपक्ष की दशमी को दशहरा या विजया दशमी में बच्चों को 'थाल' दिये जाते हैं। यह भी राष्ट्रीय त्योहार है। देशी राज्यों में बड़ी धूम धाम से यह त्योहार मनाया जाता था। अस्त्र-शस्त्र घोड़ा, हाथी आदि युद्ध के पशुओं, तथा कलम, दावात, गजबही आदि की पूजा होती है। आज ही राम ने रावण पर विजय पाई थी। बंगाली लोगों का यह सबसे बड़ा दुर्गापूजा त्योहार है। आज ही सरस्वती जी की प्रतिमा नदी में

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पूजनोपरांत विसर्जन की जाती है। इन दिनों स्थान-स्थान रामलीला होती है, आज रावण जलाया जाता है और मेला लगता है। रामलीला १५ दिन होती है।

पुरोहित तथा ब्राह्मण मंत्र पढ़कर जौ की बालियों द्वारा यजमानों को आशीर्वाद देते हैं और बदले में दक्षिणा पाते हैं। व्यापारी लोग आज से अपना हिसाब किताब प्रारंभ करते हैं तथा अपने वर्ष का नया दिन मानते हैं। व्यापार, यात्रा तथा अन्य शुभ कार्यों के लिए आज का दिवस परम पवित्र माना जाता है। किसी कारण वंश निषिद्ध तथा वर्जित उत्सव का कुप्रभाव भी आज के दिन रह गया, नहीं माना जाता। आश्विन शुक्ल प्रतिपदा के घट स्थापन से दशमी तक नौ दिन व्रत और शक्ति की पूजा की जाती है। 'दुर्गा सप्तशती' द्वारा भगवती का माहात्म्य प्रकट है। इसी आधार पर देवी नवरात्रि महोत्सव का प्रचार हुआ। देवी नवरात्रि के पूजन का सब मनुष्यों को समान अधिकार है। प्रतिपदा को घट स्थापन करे। घट के पास नौ धान्यों को बोए। पंचमी को उद्योग ललिता व्रत करे। अष्टमी और नवमी को महातिथि कहते हैं। यह 'नवरात्रि' की पूजा है। आश्विन तथा चैत्र मास में प्रत्येक मनुष्य को घटस्थापना से शक्ति की उपासना तथा आराधना करनी चाहिए।

६ आज से पाँचवें दिन शरद् पूर्णिमा होती है। आज ठाकुर जी ओस में बैठाये जाते हैं। पूजा होती है। स्त्रियाँ पति के कल्याण के लिय व्रत रहती हैं।

८--कार्तिक (अक्टूबर-नवम्बर)

१. आज पहली करवा चौथ होती है। आज भी स्त्रियाँ पति के लिए व्रत रहती हैं। सुहाल मंसे जाते हैं। चन्द्रमा देखकर तथा नए मिट्टी के बर्तन से उसे जल देकर, भोजन किया जाता है। पूजा के बाद एक दूसरे से बर्तन बदलती हैं।

२. चार दिन बाद अहोई अष्टमी होती है। यह लड़को का त्योहार है। व्रत रहा जाता है। काली जी की पूजा होती है। चन्द्रमा या तारे को देखकर भोजन होता है। आज सब लड़के (लड़कियाँ नहीं) नए वस्त्र (कम से कम एक तो अवश्य ही) पहनते हैं। व्रत रखकर कच्ची रसोई बनाते हैं।

३. कार्तिक कृष्ण द्वादशी को गोधूलि बेला में गायों की पूजा होती है। दिन भर माता निराहार व्रत रहती हैं। कोदों का चावल, चने की दाल तथा काकुन के चावल, बेसन की अठवाई खाई जाती है। गेहूं और धान के अतिरिक्त चाहे जो खाय कोई श्रावण में चार बार पूजा करते हैं, कोई कार्तिक, माघ, बैशाख और श्रावण के चारों मासों में।

४. (अ) चौदस को नरक चौदस या अंजाझारा होता है। आज दिया जलाकर लड़के नहलाये जाते हैं। हटरी के आगे दिया जलाया जाता है। आज महावीर जन्म दिन है।

४. (आ) प्रातःकाल अमावस्या को बड़ी दीवाली होती है। रात को हटरी के आगे लक्ष्मी गणेश की पूजा खील बताशे और पकवानों से पुरोहित कराते और सबके टीका काढ़ते हैं। घर-घर दिये जलाये जाते हैं। धूमधाम से मेला होता है। रात भर लोग जुआ खेलते हैं। हिंदुओं का यह बहुत बड़ा त्योहार है।

वर्षा ऋतु का अंत हो चुका होता है। शरद ऋतु का आगमन आज से माना जाता है। लोग गरमी के कपड़ों के स्थान पर जाड़ों के कपड़ों का प्रयोग प्रारंभ करते हैं। ऋतुपरिवर्तन के महत्व में यह त्योहार मनाया जाता है। खरीफ की फसल काटी जा चुकती है। घरों की पूरी सफाई की जाती है। सफेदी पुतवाई जा चुकती है। व्यापारियों का विश्वास है कि आज के दिन हाथ में रुपये पैसे आने पर वर्ष भर लाभ होता है। गोवर्धन में बड़ा मेला होता है। कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी से शुक्ला दुइज तक पांच दिन महोत्सव का क्रम रहता है। त्रयोदशी, नरक चतुर्दशी, लक्ष्मी पूजन-तीनों का परस्पर घनिष्ठ सम्बन्ध है। त्रयोदशी को यमराज का पूजन होता है। धनतेरस को दीपक जला कर सब अपने-अपने द्वार पर रखते हैं और यमराज का पूजन करते हैं। प्रातः दिन निकलने के पूर्व स्नान, पुरखों को तर्पण और यमराज की पूजा। सांय को दीप दान। इन्हीं तीनों दिनों में वामन

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

भगवान ने राजा बलि की पृथ्वी को नापा था। कहते हैं राजा बलि के वरदान माँगने पर वामन जी ने वर दिया था कि जो मनुष्य इन तीन दिनों में दीपोत्सव और महोत्सव करेगा, उसे लक्ष्मी जी कभी न छोड़ेगीं तथा उसे यम यातना न होगी।

५. प्रातःकाल अन्नकूट या जमघट होता है। लड़के दिन भर पतंग उड़ाते हैं। आज ठाकुर जी का भोग लगता है। ब्रज में यह उत्सव बड़े धूम से मंदिरों में मनाया जाता है तथा भाई दुइज को भी। दामाद तथा कन्या निमंत्रित किये जाते हैं। जतीपुरा में बड़ा मेला होता है।

६. प्रातःकाल भाई दुईज होती है। यह बहिनों का त्योहार है। वे भाई के टीका काढ़ती हैं तथा मिठाई आदि देती हैं और भाई रुपया तथा कपड़ा आदि बहिन को देता है। मथुरा में विश्राम घाट के स्नान का बड़ा महत्व है।

७. फिर प्रातःकाल 'मनचिता' होती है। इसमें आटे की मछली की पूजा होती है।

८. कार्तिक शुक्ला अष्टमी को गोपाष्टमी होती है। आज गउओं की पूजा होती है।

९. फिर तीसरे दिन देवोत्थान या देवोठन या देवयनी एकादशी होती है। ऊख से देव की पूजा होती है तथा व्रत होता है। आज वंश के देवता की पूजा होती है। कहते हैं कि चार मास की निद्रा के बाद देव जागते हैं। इन चारों महीनों में उत्तर प्रदेश में कोई शुभ कार्य खत्री नहीं करते यद्यपि पंजाब में यह नहीं माना जाता। वहाँ इन मासों में भी सब शुभ कार्य होते हैं। हो सकता है कि वर्षा ऋतु के कारण पुराने जमाने में खत्रियों ने इन चार मासों में सब धार्मिक कार्य इसलिये स्थगित कर दिये होंगे क्योंकि वर्षा में घर के बाहर तथा परदेश जाने में कठिनाई पड़ती होगी और शुभ कार्यों के लिये प्रायः परदेश जाना ही पड़ता था। पर पंजाब में वर्षा इन चार मासों में नहीं होती, अतः वहाँ निषेध तथा स्थगित करने की आवश्यकता नहीं समझी गयी। लम्बी यात्राओं के लिये ये मास अनुपयुक्त हैं। वर्ष में ये चार मास जलवायु की दृष्टि से निकृष्ट होते हैं। अतः ऐसा लगता है कि इन चार मास में देवों के सोने तथा इनके पश्चात् जागने का यही अभिप्राय था। आज एकादशी को तुलसी विवाह उत्सव भी होता है। तुलसी का दूसरा नाम विष्णु प्रिया तथा बृन्दा है।

१०. कार्तिक पूर्णिमा को गंगा स्नान का पर्व है। लाखों की संख्या में लोग गढ़मुक्तेश्वर, बिठूर, कानपुर आदि में गंगा स्नान करते हैं; अन्यथा अपने २ स्थानों की नदियों में ही। आज बड़ा मेला होता है। कार्तिक शुक्ला एकादशी से आरंभ होकर पूर्णिमा को समाप्त होनेवाला व्रत 'भीष्म पंचक' कहलाता है। पाँचों दिन घी के दीपक जलते हैं, जप होता है तथा १०८ आहुतियां दी जाती हैं। इन्हीं पांच दिनों भीष्म पितामह ने शर शैय्या पर पांडवों को उपदेश दिया था।

९—अगहन (नवम्बर-दिसम्बर)

इस मास में कोई त्योहार नही हैं।

१०—पूस (दिसम्बर-जनवरी)

मासांत में मकर संक्रांति के एक दिन पहले पंजाब में 'लोहड़ी' नाम का त्योहार धूमधाम से मनाया जाता है। रात को अग्नि का पूजन करके प्रसाद में भुने चने और रेवड़ी बाँटी जाती है।

कहते हैं इस मास में शुभ काम नहीं होता, विशेष कर टंडनों के यहाँ। वैसे ही धवनों के यहाँ कार्तिक में कोई शुभ काम नहीं होता; जैसे नई कूड़ी बदलना आदि।

११—माघ (जनवरी-फरवरी)

१. मास की पहली चौथ को सौगर चौथ, सकट या गणेश चौथ कहते हैं। आज गणेश जी पूजा होती है और तिल का भोग लगता है। आज स्त्री पुरुष व्रत रखते हैं। स्त्रियाँ रात्रि को चन्द्र की पूजा करती हैं। विवाहित स्त्रियों का आज पूजा का दिन भी होता है। आज घर में मिठाई पकवान आदि बनाया जाता है जो पूजा में प्रयुक्त होता है।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

२. मकर संक्रांति के एक दिन पूर्व 'लोहड़ी' का त्योहार बहुत छोटी आयु की कन्याएं मनाती हैं। फल, मिठाई, चबेना आदि कन्याओं के पल्ले में डाला जाता है। यह स्त्रियों का त्योहार हैं।

३. मकर संक्रांति को संकरात या खिचड़ी भी कहते हैं। आज खिचड़ी और पोंजा मंसा जाता है। वर्ष की प्रत्येक १३ या १४ जनवरी को पड़ती है। आज ही से ज्योतिष के हिसाब से सूर्य धन से मकर राशि में आता है। आज भी अक्षय तीज की भांति पुरखों की स्मृति में खिचड़ी का दान (सत्तू के स्थान पर) ब्राह्मणों को दिया जाता है। स्त्रियाँ बर्तन, कपड़े, फल, मिठाई, अनाज आदि ब्राह्मणों, अपनी सासों तथा पति के सम्बन्धियों को देती हैं। आज स्त्रियाँ पोंजा भी मंसती हैं। आज गंगा सागर को स्नान होता है। राजा सगर के ६० हजार पुत्र आज ही भागीरथ की कृपा से तरे थे।

४. अमावस को मौनी अमावस होती है। आज दान पुण्य करके लोग 'मौन' रहते हैं।

५. माघ शुक्ला परेवा को 'पुष्प अभिषेक का पर्व है। रामचन्द्र द्वारा यह उत्सव मनाया गया था। महाराजा बर्दवान के वंश में यह त्योहार मनाया जाता है।

६. शुक्ल पक्ष में बसंत पंचमी होती है। आज आम के बौर का भोग भगवान को लगता है। बालक बालिकाएँ बसंती रंग के कपड़े पहनते हैं। यह भी गुरु का दिन होता है। पंजाब में यह भी व्यास पूनों की भांति बड़े जोरों से मनाया जाता है। आज विष्णु पूजन का विधान है। पितृ तर्पण भी करना चाहिये। कामदेव तथा रति की पूजा का भी विधान है।

७. शुक्ल पक्ष में षटतिला एकादशी होती है।

८. माघ शुक्ला सप्तमी को अचला सप्तमी का व्रत होता है इसे सौर सप्तमी भी कहते हैं।

९. माघ शुक्ला अष्टमी को भीमाष्टमी कहते हैं। आज ही भीष्म पितामह ने शरीर त्यागा था।

माघ मास में गंगा तथा नदी-स्नान का बड़ा महत्व है। प्रयाग आदि में माघ मास पर धर्मात्मा लोग गंगा स्नान करते हैं।

१२—फाल्गुन (फरवरी-मार्च)

१. कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को शिव रात्रि होती है। आज शिव की पूजा बेलपत्र से होती है और व्रत रहा जाता है। आज शिव जी का विवाह हुआ। कुछ लोग रात्रि भर जागते हैं और शिवजी के भजन गाते रहते हैं। कुछ स्त्रियाँ तो शिव रात्रि के बाद वाले दिन भी व्रत रखती हैं किन्तु रात में मंदिरों में नहीं जाती। धतूरा, भंग, बेलपत्र, फूल, फल, बी का दीपक आदि से शिव लिंग की पूजा होती है तथा उस पर जल, चंदन, अक्षत, पुष्प आदि चढ़ाया जाता है। बम बम भोला महादेव तथा घंटा की ध्वनि से मंदिर गूंजते रहते हैं।

२. प्रातः 'बम भोला शिव शंकर नाथ' के साथ शृंगी बजाकर शिव भिक्षुक भिक्षा मांगते हैं। उन्हें रोटी दाल, चावल कढ़ी के साथ तरकारी, पापड़ आदि दिया जाता है। उसे खप्पर भर कहते हैं।

३. पूर्णमासी को होलिका दहन होता है। प्रातःकाल धुर्रेरी से नया वर्ष माना जाता है। आज हिरण्यकश्यपु की बहिन होलिका अग्नि में जल मरी थी। रबी फसल कट जाने तथा जाड़े के समाप्त होने के और ग्रीष्म ऋतु लगने के ऋतु परिवर्तन की खुशी में यह त्योहार मनाया जाता है। नया अन्न उत्पन्न होने की खुशी में कृषक भी खूब गाते बजाते हैं तथा रंग खेलते हैं। होलिका में बूट, गेहूँ आदि की हरी डाली जलाई जाती है। कहीं-कहीं तो एक सप्ताह पूर्व से ही लोग होली और धमार गाते, रंग खेलते तथा खुशियाँ मनाते हैं। कुछ लोग भंग, माजूम की बर्फी आदि खाते हैं। कुछ असभ्य लोग गालियाँ आदि बकते तथा गंदे गीत और कबीर गाते हैं। कहते हैं कि आज सब माफ है। तरह-तरह के स्वांग आदि निकलते हैं। गुलाल अबीर की जगह कीचड़ आदि भी उछालते हैं - इसी से इसे शूद्रों का त्योहार माना गया है। इस बुराई से मुक्त होने पर यह पर्व अत्यंत आनंदमय है। दामाद तथा कन्याये धुरेरी के दिन निमंत्रित की जानीं हैं।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्रियों के जातीय गुण

विवाह—सभी परिवारों में कन्या और पुत्र का विवाह करना माता पिता अपना धार्मिक कर्तव्य समझते हैं। ठहरौनी की प्रथा खत्रियों में नहीं है। इसी कारण कन्या के जन्म को बहुत बुरा नहीं समझा जाता। प्रायः खत्री पिता का स्नेह कन्या के प्रति अधिक होता है। विवाह संबंध की बात स्त्रियाँ आरम्भ करती हैं और कन्या पक्ष वर पक्ष वालों से जन्म पत्र माँगते हैं। खत्री सम्मेलनों के फलस्वरूप पूर्विये, पछईये, पचाधे, दश्ये और चार घरों का भेद उठ गया है और सभी वर्गों के खत्री विवाह संबंध आपस में करते हैं। सगोत्र विवाह नहीं किये जाते। एक स्त्री के जीवित रहते प्रायः दूसरी से विवाह नहीं किया जाता। रखैल अथवा बहुपत्नी रखने वाले पुरुषों को तिरस्कार से देखा जाता है। एक बार विवाह होकर स्त्री या पति का परित्याग इस समाज में अनहोनी बात है - स्त्री धर्म त्याग कर दे अथवा दूषित हो जाय, उसी दशा में बिरादरी और पति परिवार द्वारा त्यागी जा सकती है। विधवा विवाह को अब मान्यता दी जाती है। परन्तु नियोग की उपेक्षा ही की जाती है। पहले विवाह के बाद गौना होता था परन्तु अब प्रायः दोनों रस्में एक साथ हो जाती हैं। विवाह मण्डप के नीचे होता है, केले के खम्भों से बेदी बनाई जाती है और फूलों से सजाई जाती है, मण्डप में जाने के पूर्व जयमाल की प्रथा पहले केवल पछइये खत्रियों में थी। अब प्रायः सभी वर्गों में होती है वर मौर नहीं बाँधता। लाहौरी खत्रियों में मुकुट बाँधा जाता है। तलवार लिये घोड़े पर सवार होकर वर विवाह के लिए जाता है। जयमाल वेदी और वीर वेष खत्रियों की विशेष प्रथा है, जो इनका क्षत्री वर्ग में होने का सूचक है। विवाह में भाँवर, सप्तपदी और शाखोच्चार ब्राह्म-विवाह की रीति से होता है। भाँवर के उपरांत ही कन्या वर के वामांग में आती है और उस समय उसका गोत्र पति गोत्र हो जाता है।

भोजन--प्राचीन काल में खत्री घरों में प्याज, लहसुन, गोश्त नहीं बनता था। अब भी प्रीति भोजों में और संस्कारों के अवसरों पर इनका बहिष्कार किया जाता है।

२--खत्री गाय, भैंस, बकरी आदि का दूध पीते हैं और ऊँटनी तथा अन्य चौपायों के दूध को त्याज्य मानते हैं।

३--प्रायः दिन में कच्ची रसोई और शाम को पूरी खाने की प्रथा है। बुढ़ियाँ प्रायः बहुओं की पकाई कच्ची रसोई नहीं खातीं। कुछ वर्ष पहले तक गंगा-जमुना के मैदान में और दक्षिण में रसोई चौके में ही खाने की प्रथा थी। स्त्रियाँ पुरुषों के बाद भोजन करती हैं।

४--प्राचीन काल में केवल द्विज एक साथ बैठकर पक्की रसोई खाते थे, कच्ची तो खत्री केवल खत्री परिवार में या सारस्वत ब्राह्मणों के यहाँ चौके में खाते थे।

५—स्त्रियाँ अब भी माँस, मदिरा का सेवन बुरा समझती हैं।

सामाजिक व्यवहार

१. खत्री जैन मन्दिरों में नहीं जाते।
२. देवकाज के पहिले अपनी कुल देवी के दर्शन नहीं करते।
३. खत्रानी पति के साथ में ही यज्ञादि करती है।
४. गर्भिणी उसी तल पर खड़े होकर मृतक को नहीं देखती जहाँ लाश पड़ी हो।
५. स्त्रियाँ या बिना जनेऊ हुए बालक श्राद्ध नहीं करते।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

६. पुरुष रजस्वला से भोग नहीं करते। पाँच मास से अधिक गर्भिणी से भी भोग नहीं किया जाता।
७. स्त्री या पुरुष भिक्षा नहीं माँगते, या दान नहीं लेते।
८. खत्री गौ बेचना या हल चलाना बुरा समझते हैं।

स्त्री समाज

१ स्त्रियाँ घर की प्रबन्धक होती हैं। भोजन व्यवस्था, बच्चों की देख-भाल, घर के सामान की देख-भाल और सुरक्षा का स्त्रियों पर दायित्व होता हे। दैनिक खर्च और परिवार की आमदनी के खर्च का हिसाब भी प्रायः स्त्रियाँ ही करती हैं।

२. विधवा रंगीन कपड़े और आभूषण नहीं पहनतीं, बिंदी भी नहीं लगातीं।

३. बालिकाओं का पूजन देवी की तरह किया जाता है।

४. स्त्रियाँ प्रायः पुरुषों से पहले उठती हैं और घर की सफाई करती हैं। भोजन पकाकर पहले पुरुषों को खिलाती हैं; फिर आप खाती हैं। दोपहर में कपड़े आदि संवारती हैं

संस्कार

खत्रियों में वैदिक आर्यों की भाँति १६ संस्कार होते हैं, यद्यपि क्रिया रूपांतर हो गया है। इसमें प्रथम सन्तान के मूंडन के पूर्व देवकाज, चूड़ाकर्म, यज्ञोपवीत, विवाह ये विशेष महत्वपूर्ण माने जाते हैं।

मृतक को बाँस की टिकटी या पटरे पर श्मशान ले जाते हैं। बालकों को गाड़ा जाता है। यज्ञोपवीत धारियों का अग्नि-संस्कार होता है - युवकों का कफन सफेद और सन्तान युक्त प्रौढ़ों को चादरा उढ़ाया जाता है। पौत्रों और दोहितों से सम्पन्न वृद्धों का विमान बनता है। सुहागिन की महायात्रा सजाकर और चूंदरी उढ़ाकर की जाती है। दामाद शव को नहीं छूते।

याद रक्खो

तुम्हारे पास जो कुछ है, सब भगवान् का है और भगवान् की सेवा के लिए ही है। उसे अपना मानकर उसका केवल अपने भोग में उपयोग करना बेईमानी है। इस बेईमानी से बचो और समस्त प्राप्त साधनों को भगवान् की सेवा में लगाओ।

खत्री श्री राधाकृष्ण मेहरोत्रा
मेहरोत्रा आप्टीशियन
छत्ता बाजार, मथुरा

फोन ६३२
खत्री संजय कुमार मेहरोत्रा
संवाददाता खत्री हितैषी
बड़ा फाटक खत्रियान स्ट्रीट
काशीपुर (नैनीताल)

स्थापित सन् १८८५ फोन ४२३३
मे० चिरंजीलाल फोटोग्राफर्स
मथुरा

खत्री मनोज कुमार वाही
४७, शील नगर कालोनी
महमूर गंज
वाराणसी

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

मान्य तीर्थ स्थान

प्रत्येक खत्री गृही के लिए एक गृह देवता या देवी आवश्यक है। प्रायः प्रत्येक घर में एक कमरा खिड़की या स्थान ऐसा होता हैं जो देव स्थान या ठाकुरद्वारा कहलाता है। प्रायः संध्या, गायत्री तथा पूजन आदि वहीं किया जाता है। किन्तु यह आवश्यक नहीं है कि पूजा उसी स्थान पर की जाय। पूजा तथा हवन आदि घर के किसी भी स्वच्छ तथा पवित्र स्थान में हो सकते हैं। ठाकुरद्वारे में भगवान, राम, राधा, कृष्ण तथा शालिग्राम आदि की मूर्तियाँ सिंहासन पर होती हैं जिनको नित्य स्नान कराया जाता है, पुष्पों तथा चंदन से पूजा होती है और भोग लगाया जाता है। घरों में पूजा करने के अतिरिक्त मोहल्लों में स्थित सार्वजनिक मन्दिरों में भी हिन्दू प्रातः सायं दर्शन करने जाते हैं। इसके अतिरिक्त अपने स्थानों या बंश की परम्परा तथा रीति-रिवाज के अनुसार विभिन्न विशेष अवसरों तथा कृत्यों और संस्कारों के अवसर पर विभिन्न मन्दिरों या विभिन्न स्थानों पर पूजा तथा धार्मिक कृत्य पूरा करने जाते हैं। उदाहरणार्थ, बच्चा पैदा होने के कुछ मास पश्चात् पहले माता उसे काली जी या हनुमान जी के मंदिर ले जाती हैं। इसके पूर्व उसे कोई बाजार नहीं ले जा सकता। विवाहोपरांत घर तथा वधू को पहले काली जी के मंदिर में दर्शन कर लेने पड़ते हैं या चेचक ठीक हो जाने के बाद रोगी पहले काली जी के दर्शन कर लेता है और तब अपना साधारण दैनिक जीवन व्यतीत करता है। वैसे ही कपूर विशेषतया आगरे के, देवता-बाग, आगरा में बच्चों के शुभ संस्कारों के लिये जाते हैं। इटावा के खन्ना कानपुर जिले के शिवराज पुर को; बिसवां के सेठ, कन्नौज को; कुछ दिल्ली के लाहौरिया खन्ना मुलतान के निकट दीपालपुर को; फरीदाबाद के कुछ कक्कड़ जिला मेरठ के गढ़मुक्तेश्वर को तथा कुछ पुरानी दिल्ली के लाल किले को जाते हैं। इसका कारण यह है कि जिन वंशों के पूर्वज पहले जिन स्थानों पर रहते थे, उन स्थानों के प्रति ममत्व तथा श्रद्धा का भाव आज भी उनके बंशजों के हृदय में है। जिस देवी-देवता को उनके पूर्वज मानते थे, उनके वंशज आज भी उन्हें मानते हैं।

इसके अतिरिक्त कुछ तीर्थ स्थान अत्यन्त पवित्र समझे जाते हैं। जीवन में उनकी यात्रा करना एक कर्त्तव्य समझा जाता है। कम से कम प्रत्येक हिन्दू के हृदय में यह प्रबल इच्छा होती है कि वह इन तीर्थ स्थानों में जाकर अपना परलोक सुधारे। कुछ प्रमुख तीर्थ स्थान निम्नलिखित हैं।

'चारों धाम' के अन्तर्गत १. उत्तर में बद्रिकाश्रम है। हरिद्वार से यात्रा आरम्भ होती है। प्रायः केदारनाथ होते हुए बदरीनाथ लोग जाते हैं। कुछ लोग गंगोत्तरी तथा यमुनोत्तरी होते हुए भी केदारनाथ बदरीनाथ जाते हैं। यह उत्तराखंड की यात्रा कहलाती है। अनेक यात्री धर्म भाव से न प्रेरित होकर केवल हिमालय के अद्भुत प्राकृतिक दृश्य के अवलोकनार्थ तथा सैर-सपाटों के लिए भी इन स्थानों को जाते हैं। २. दक्षिण में रामेश्वरम् धाम है। इसके आस-पास अनेक तीर्थ स्थान हैं। दक्षिण भारत के प्रायः तीर्थ स्थानों को रामेश्वरम् को जाने वाला जाता है। इन पर विस्तारपूर्वक यहाँ लिखने की आवश्यकता नहीं है। ३. पूर्व में जगन्नाथपुरी है। साक्षी गोपाल, भुवनेश्वर तथा कोणार्क प्रसिद्ध तीर्थ स्थान इसके निकट ही हैं। ४. पश्चिम में द्वारकाधाम है। इन चारों धामों के यात्री को यह अनुभव होता है कि समस्त देश हमारी मातृभूमि है। जगत् गुरु शंकराचार्य ने इन धामों पर अपनी गद्दियाँ स्थापित कीं। डाकोर जी, गिरनार, प्रभासक्षेत्र आदि इसके आसपास तीर्थ हैं।

चारों धामों के अतिरिक्त 'सप्तपुरी' के अन्तर्गत १. अयोध्या, राजा रामचन्द्र की राजधानी सरयू नदी के तट पर है। २. मथुरा. योगेश्वर कृष्ण की कार्य भूमि यमुना तट पर है। ८४ कोस ब्रज के अन्दर नन्द गाँव,

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri. Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

प्रेम सरोवर, बरसाना, कोसी, छाता, कामबन, डीग, गोवर्धन, जतीपुरा, राधा-कुंड, रावल, गोकुल, महावन, ब्रह्मांड घाट, रमणरेती, बड़े दाऊजी, कुधुबन, गरुण-गोविंद, वृन्दाबन आदि पवित्र तीर्थ हैं। ३. हरिद्वार में कुम्भ क अवसर पर लाखों की भीड़ होती है। गंगा-दशहरा तथा अन्य पर्वों पर भी गंगा-स्नान को यात्री आते हैं। कनखल, चन्डी देवी, भीमगोड़ा सत्य नारायण चट्टी, ऋषिकेश, लक्ष्मण झूला, स्वर्गाश्रम आदि भी अपूर्व दर्शनीय स्थान आस पास हैं। ४. काशी शैवों का केन्द्र बाबा विश्व नाथ तथा गंगा के कारण अत्यन्त पुरातन एवं पवित्र तीर्थ है। बौद्धों का तीर्थ सारनाथ भी निकट ही है। ५. कांजीवरम् दक्षिण भारत में विष्णु-कांची तथा शिव कांची के रूप में प्रसिद्ध है। ६. उज्जैन क्षिप्रा नदी के तट पर महाकालेश्वर शिव लिंग के कारण विक्रमादित्य की राजधानी रहा है। ७. द्वारका भी सप्तपुरियों में एक है। सोमनाथ, सुदामापुरी आदि तीर्थ स्थान भी आस पास हैं।

शैवों के लिए द्वादश ज्योतिर्लिंग अत्यन्त महत्व एवं श्रद्धा के तीर्थ स्थान हैं। १. सोमनाथ गुजरात में से प्रत्येक इतिहास प्रेमी परिचित है। २. त्रयम्बकेश्वर नासिक के निकट है। ३. ओंकारेश्वर नर्मदा तट पर है। ४. महाकालेश्वर उज्जैन में है। ५. केदारनाथ हिमालय पर स्थित है। ६. विश्वनाथ महादेव काशी में है। ७. बैजनाथ धाम बिहार प्रान्त में है। ८. रामेश्वरम् दक्षिण में है। ९. मल्लिकार्जुन १०. नागनाथ। ११. घृष्णेश्वर इलोरा की गुफाओं के पास दक्षिण-हैदराबाद में है। १२. तथा भीमाशंकर पूना के पास है।

इसके अतिरिक्त काश्मीर में अमरनाथ की गुफा भी प्रसिद्ध है। काली भक्तों के तीर्थ वहाँ-वहाँ है जहाँ-जहाँ उनके मठ हैं। उदाहरणार्थ नागर कोट का दुर्गा मन्दिर। यहाँ चैत और कुआर के महीनों में यात्री अधिक आते हैं। जिला मिर्जापुर में विंध्यवासिनी देवी, कलकत्ते में काली माई का मन्दिर, दिल्ली के निकट गुरुगांव की शीतला देवी हैं जहाँ चैतमास में अधिक यात्री जाता है। कांगड़ा की ज्वालामुखी देवी का मन्दिर भी प्रसिद्ध है।

सिक्खों का प्रसिद्ध तीर्थ अमृतसर का स्वर्ण मन्दिर है। पंजाब में अनेक अन्य पवित्र तीर्थ सिक्खों के हैं।

गंगा तट पर १. काशी संस्कृत विद्या का केन्द्र रहा है। २. प्रयाग गंगा, यमुना सरस्वती के संगम पर प्रसिद्ध तीर्थ है। माघ मास में यहाँ बहुत स्नानार्थी आते हैं और कुंभ तथा अर्ध कुंभी के अवसर पर तो लाखों की भीड़ होती है। ३. हरिद्वार ४. जिला एटा में कास गंज के निकट सोरों ५. जिला अलीगढ़ में गंगा तट पर राजघाट ६. जिला मेरठ में गढ़ मुक्तेश्वर ७. ब्रह्मावर्त या बिठूर तथा गंगासागर आदि प्रसिद्ध तीर्थ हैं। वैष्णवों के प्रधान तीर्थ श्री नाथ द्वारा (उदयपुर), मथुरा तथा द्वारका हैं। कुरुक्षेत्र पंजाब में पानीपत के निकट है। गयाजी फल्गू नदी के तट पर मृत पुरुषों के पिंड-दान के लिए पवित्र स्थान है। हरिहर क्षेत्र बिहार में गंगा तट पर अपने मेले के लिए संसार में प्रसिद्ध है। जहाँ-जहाँ प्राचीन ऋषि-मुनियों ने तपस्या की थी, या धार्मिक उद्देश्यों इकट्ठे हुए थे वे भी सब तीर्थ स्थान बन गये है। नैमिषारण्य: मिश्रिक, हत्याहरण चित्रकूट, गोला गोकर्ण नाथ, आदि उत्तर प्रदेश में, जनकपुर, सीतामढ़ी, राजगृह, नालंदा आदि बिहार में, तारकेश्वर नवदीप (चैतन्य महाप्रभु का जन्म-स्थान) बंगाल में, कामाख्या, परशुराम कुंड, ब्रह्मतीर्थपुर आदि आसाम में, पशुपत नाथ महादेव नैपाल में, भेड़ाघाट (जबलपुर), रामटेक (नागपुर), मध्य प्रदश में, श्रीरंगम, मदुरा, देवी पत्तन, तोताद्री, बालाजी, तिरुपति, घिदंवरम्, पक्षी तीर्थ, लक्ष्मण बाला आदि मद्रास प्रान्त में प्रसिद्ध तीर्थ हैं।

हिन्दी भाषा को शक्ति का प्रवाह बदला नहीं जा सकता। —महाना पं० मदन मोहन मालवीय

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

मान्य वृक्ष

खत्रियों के यहाँ बढ़ या बरगद, पीपल, जंड, आम, जामुन, पलाश, खीदर, बिल्व, आमला आदि के वृक्ष पवित्र समझे जाते हैं तथा इनकी पूजा की जाती है। जंड का वृक्ष तो सबसे अधिक पवित्र माना जाता है। बच्चों के मुन्डन तथा अन्य संस्कारों में इस वृक्ष का पूजन अनिवार्य है। एक संस्कार का तो नाम ही इस वृक्ष के नाम पर 'जंडे' पड़ गया है। ज्येष्ठ की सप्तमी को बरसातें त्योहार पर स्त्रियाँ बरगद के वृक्ष की पूजा करती है। पीपल की भी पूजा होती है किन्तु अपेक्षाकृत कम। पीपल की लकड़ी जलाना खत्रियों के यहाँ मना है। केवल मृतक संस्कार तथा विशेष अवसरों को छोड़कर पीपल की लकड़ी कभी नही जलाई जाती।

पौधों में सबसे पवित्र तुलसी या वृन्दा का पौधा है। रामा तथा श्यामा दोनों प्रकार की तुलसी के पौधे हिन्दू घरों में पूज्य हैं। बृन्दा के पौधों की अधिकता के कारण ही कृष्ण की लीला-भूमि वृन्दावन कहलाई। तुलसी के असंख्य लाभों को गिनाने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि उसका ज्ञान प्रत्येक भारतीय को है। धतूरे का फूल तथा बीज और फल भी पवित्र समझे जाते हैं। धतूरा महादेव जी का प्रिय भोज्य है। शिवलिंग पर धतूरा तथा बेलपत्र चढ़ाया जाता है। बेल की पत्तियाँ (बेल-पत्र) भी अत्यन्त पवित्र समझी जाती है।

यों तो भगवान् की पूजा में प्रायः सभी फूल चढ़ाये जाते हैं। किन्तु सबसे अधिक महत्व कमल का माना जाता है। कमल का फूल अत्यन्त पवित्र माना जाता है। कवियों का तो कमल के बिना काम ही नहीं चलता।

अशोक वृक्ष का महत्व भी इसलिए हिन्दुओं में है कि अशोक वाटिका में रावण के यहाँ इसी वृक्ष के नीचे सीताजी रही थी। कहते हैं जब कोई संभवा नवयौवना के चरण अशोक वृक्ष में लग जाते हैं तभी वह पुष्पित होता है।

कुन्द का पुष्प भी पवित्र माना जाता है। श्वेत कुन्द के फूल से ही शिव जी के शरीर की उपमा दी जाती है जैसे नीलकमल से विष्णु, राम तथा कृष्ण के शरीर की। पलाश (टेसू) के फूलों के रंग से ही होली खेली जाती है। अतः टेसू, कुन्द, कमल तथा धतूरे के पुष्प पवित्र माने जाते हैं।

याद रक्खो

तुम पर भगवान् की कृपा नित्य-निरन्तर बरस रही है; वह सदा, सब ओर से तुम्हें नहला रही है। ऐसा कोई क्षण नहीं जाता, जिस समय तुम भगवान् की कृपा से वञ्चित रहते हो। वञ्चित रहते भी कैसे? तुम उनकी अपनी प्यारी-से-प्यारी रचना जो ठहरे! तुम पर वे कृपा क्या करते; उनके हृदय में तो पल-पल में स्नेह उमड़ा आता है। सचमुच विश्वास करो—जब से तुम हुए—न जाने किस अज्ञातकाल से—तभी से उन्होंने तुम्हें अपनी गोद में ले रखा है। एक क्षण के लिए भी कभी उन्होंने तुमको दूर नहीं किया। उनका कल्याणमय कर-कमल निरन्तर तुम्हारे सिर पर रहता है और निरन्तर तुम उनका शीतल-मधुर स्पर्श पा रहे हो।

* * *

दीन-हीन, सरल, असहाय बच्चे माँ को ज्यादा प्यारे हुआ करते हैं; भगवान्-रूपी जगज्जननी को भी उसके गरीब बच्चे अधिक प्रिय हैं। इसलिए यदि तुम माता का प्यार पाना चाहते हो तो माता के उन प्यारे बच्चों से प्रेम करो, उन्हें सुख पहुंचाओ; माता आप ही प्रसन्न हो अपना वरद-हस्त तुम्हारे मस्तक पर रख देगी; तुम सहज ही कृतार्थ हो जाओगे।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

मान्य पशु-पक्षी और पवित्र अस्त्र-शस्त्र

गाय समस्त हिन्दुओं की माता है। गाय का बेचना एक महान पाप है। प्रत्येक गृहस्थ के घर में गाय पाली जाती है। मृत्यु के समय भी गोदान सर्वोत्तम होता है। प्रत्येक शुभ संस्कार के अवसर पर गोदान महत्वपूर्ण माना जाता है। मृत्यु के उपरांत गाय की पूंछ पकड़कर ही मृत की आत्मा बैतरणी पार करती है, ऐसी मान्यता हिन्दुओं में है। गोदान में ब्राह्मण को दक्षिणा, वस्त्र, बर्तन, अनाज तथा गाय के खाने के लिए कुछ रुपया आदि भी यथा-शक्ति हिन्दू ब्राह्मण को देते हैं। गोशाला का खोलना तथा चलाना अत्यन्त शुभ और पवित्र कार्य हिन्दू मानते हैं। प्राचीन युग के राजाओं की दंत कथायें, उनका गाय के प्रति श्रद्धा-भाव झलकाता है। गाय यदि रखने की सामर्थ्य गृहस्थ में न हो तो वह उसे किसी ब्राह्मण या गऊशाला में दे देता है। प्रत्येक हिन्दू के लिए अधिक से अधिक गऊओं का दान करना धार्मिक दृष्टि से शोभनीय है। गोदान के बदले में गोदान के नाम पर, निर्धन चार आने से लेकर पाँच रुपए तक यथाशक्ति पुरोहित ब्राह्मणों को दान देते हैं। बछड़ा दान का भी महत्व है। गाय बछड़े की पूजा भी वर्ष में एक बार बड़ी धूम धाम से मनाई जाती है। यह 'गऊ-बछड़ा पूजा' कहलाती है। गाय तथा बछड़े के मस्तक में रोली का टीका लगाते हैं, उस पर अक्षत डालते हैं, पुष्पमाला पहनाते हैं तथा स्वादिष्ट भोजन कराते हैं। नवग्रह-पूजा में भी गोदान तथा पूजा होती है। इसके अतिरिक्त प्रति दिन भोजन बन जाने के बाद पहले गो-ग्रास निकाल लिया जाता है। धर्मात्मा हिन्दू पहले गाय को खिला कर तब खाते हैं। इससे यह प्रकट है कि खत्रियों के यहाँ ब्राह्मण से भी अधिक गाय का महत्व है।

साँप भी हमारे यहाँ पवित्र माना जाता है। नागपंचमी पर नागदेवता की पूजा होती है। बाल्यावस्था के कुछ संस्कारों में, विशेषकर कपूरों के यहाँ, नाग को दूध पिलाया जाता है। भाई-बहिना के अवसर पर भी नाग पूजा होती है। हिन्दू लोग कितने अहिंसक थे, यह इस बात का प्रमाण है। साँप जैसे विषैले जीव के प्रति भी वह दया तथा प्रेम भाव रखते थे। चरित्र की उच्चता का यह प्रदर्शन स्तुत्य है।

हिन्दू की दृष्टि मे तोता एक पवित्र पक्षी है। इसीलिए हिन्दू घरों में तोता पालने का चलन है।

मोर सरस्वती का वाहन है। कुछ घरों में मोर भी पाला जाता है। मोर होने से साँप का भय नहीं रहता। शोभा की खान तो मोर ही है।

दशहरे के दिन नीलकंठ का देखना अत्यन्त शुभ माना जाता है। नीलकंठ भी एक पवित्र पक्षी माना जाता है।

खत्री (क्षत्री) शूर जाति है। अतः प्राचीन अस्त्र-शस्त्र जैसे धनुष, बाण, भाला, कटार, तलवार आदि क्षत्रियों के हथियार थे। अब अस्त्र-शस्त्र सब खत्रियों के यहाँ नहीं मिलेंगे, पर तो भी सिक्खों के यहाँ जैसे कटार (कृपाण) का रखना अनिवार्य है, वैसे ही तलवार खत्रियों का पवित्र हथियार है। दशहरे के दिन अस्त्र-शस्त्र, विशेषकर तलवार की पूजा प्रत्येक खत्री करता है। तलवार न होने पर कटार या चाकू की ही सही। विवाह के अवसर पर वर तलवार लिये घोड़े पर सवार होकर ब्याह करने जाता है और अपनी तलवार से नारियल पर वार करता है।

याद रक्खो

सच्ची सेवा करने वाला जगत में सदा-सर्वत्र-सब में भगवान् के दर्शन करता है। सेवा करना उसका स्वभाव ही है। वह ऊंच-नीच, अपना-पराया, मित्र-शत्रु नहीं देखता। उसे जब सेवा का अवसर मिलता है, तब वह अपना सौभाग्य समझता है।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री हितैषी स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक पर हार्दिक शुभ कामनाएं :

खत्री सभा, कानपुर

पदाधिकारी एवं सदस्य कार्यसमिति वर्ष १९८७

१-अध्यक्ष
खत्री सिद्धनाथ कपूर
७/८६ गोविन्द नगर, तिलक नगर, कानपुर
फोन नं० निवास २४४८६४-२४६१०९
कार्य : ६३४८३

२-उपाध्यक्ष
खत्री प्रयाग नारायण कपूर
फोन नं० निवास ६२४६९

३-**खत्री के० के० मेहरोत्रा**
फोन निवास ६६१०५-५४५६३
कार्य० ६४४६५ ६१८९५

४-महामंत्री
खत्री उदय शंकर मेहरोत्रा
६१, गोला घाट, छावनी, कानपुर-४
फोन निवास ६०१६४ कार्य ६८९३५

५-सहमंत्री
खत्री चन्द्र नाथ मेहरोत्रा
३६/२८, हाता राम मोहन, कानपुर

६-संगठन मंत्री
खत्री त्रिलोकी नाथ मेहरोत्रा

७-सांस्कृतिक मंत्री
खत्री वीर कुमार सेठ

८-कोषाध्यक्ष
खत्री शिवनाथ टण्डन
३७/२९, तार घर रोड, कानपुर

सदस्य कार्यसमिति :

९-**खत्री राम नाथ महेन्द्र**
फोन नं० निवास २४१४०५ कार्य० ६३३०७

१०-**खत्री नवल खन्ना**
फोन कार्य ६५१५४

११-**खत्री गुरु प्रसाद टण्डन**
फोन निवास २१०३४१

१२-**खत्री जे० पी० कपूर**
फोन निवास २२१९२६ कार्य ५३२५१

१३-**खत्री मदन चन्द्र कपूर**
फोन निवास ६६३३३ कार्य ६०५२०

१४-**खत्री प्रहलाद नारायण कपूर**
फोन कार्य ७१४३९

१५-**खत्री मुरारी लाल पुरी**
फोन निवास ६००८३

१६-**खत्री जगदीश नारायण मेहरोत्रा**
फोन निवास ६६३९७

१७-**खत्री डा० एस० बी० मेहरोत्रा**
फोन निवास २४०३३२

१८ **खत्री विश्वनाथ कपूर एडवोकेट**
फोन नं० निवास ६३१११

१९ **खत्री जगनन्दन लाल मेहरोत्रा**

२०-**खत्री रवीन्द्र कुमार मेहरोत्रा**

२१-**खत्री गोपाल टण्डन**
फोन निवास ५२८४५ कार्य ६९७१८

२२-**खत्री जे० सी० सेठ** २४२२६०

२३-**खत्री श्रीराम टण्डन** २१२१२६

२४-**खत्री राजेश मेहरोत्रा**
अध्यक्ष खत्री युवा संघ, कानपुर
३६/३१ इ हाता राम मोहन, कानपुर
फोन कार्य ६०८४०

२५-**खत्री विनय माधव खन्ना**
महामंत्री खत्री युवा संघ, कानपुर
३८/४, गिलीश बाजार, कानपुर

२६-**श्रीमती पूनम कपूर**
अध्यक्ष, खत्री महिला सभा, कानपुर
१६/८० बी सिविल लाइंस, कानपुर
फोन निवास २११३९५

२७-**श्रीमती कामिनी टण्डन**
महामंत्री खत्री महिला सभा, कानपुर
२२/२२, पटकापुर, कानपुर
फोन निवास ६१२७

२८-**पं० पुरुषोत्तम जेतली**
(सारस्वत ब्राह्मण)

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री हितैषी स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक पर हमारी अनेकानेक शुभकामनएं :

नेहा बोतल्स इन्डस्ट्रीज

सभी प्रकार के (पी० टी० सी० के) पोली जार के निर्माता

इन्डस्ट्रीज
८, इन्डस्ट्रीयल स्टेट
पीतल मिल चौराहा
विदिशा

आफिस फोन ७०८
नेहा बोतल्स इन्डस्ट्रीज
२३, माधवगंज
विदिशा

खत्री योगेन्द्र प्रसाद आजाद
रामावतार प्रसाद खत्री पथ

दिवान मुहल्ला (हमाम)
पटना सिटी–८०० ००८
आजीवन-सदस्य—'खत्री हितैषी' पत्रिका एवं अखिल भारतीय खत्री महासभा

यशबन्त प्लास्टिक स्टोर

(बिहार सरकार के उपक्रम 'रबड़ एण्ड प्लास्टिक कम्पलेक्स बिहिरा' के अथोराइज्ड स्टाकिस्ट)
सिटी दालान, पटना सिटी–८०० ००८
प्रोपराइटर–खत्री यशबन्त प्रसाद खत्री

सर्वश्री मानक स्टोर्स

टोबैको मर्चेन्ट गोलदरवाजा, चन्द्रपुर (महाराष्ट्र)
सर्वश्री मानक मिनरल्स—स्टोन क्रशर वरोरा, जि०-चन्द्रपुर
सर्वश्री शिल्पा स्टील फर्नीचर्स—जटपुरा गेट, चन्द्रपुर (महाराष्ट्र)
खत्री मानक लाल नारायण लाल बोहरे

खत्री किशन लाल नारायण लाल बोहरे

सर्वश्री खत्री टेलीवीजन्स २४/२५, सराई मार्केट जटपुरा गेट, चन्द्रपुर

सर्वश्री आनन्द जनरल स्टोर्स जटपुरा गेट चन्द्रपुर, महाराष्ट्र

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

विवाह एक यज्ञ
विवाह एक संस्कार

–जातिभूषण खत्री सतीशचन्द्र सेठ
उपाध्यक्ष–उ० प्र० खत्री सभा
महामन्त्री–खत्री हितैषी
संयोजक–अलंकार समिति उ० प्र० खत्री सभा

हिन्दू विवाह एक पवित्र धार्मिक संस्कार है। मनुष्य पशु की भाँति अमर्यादित, स्वेच्छाचारी न हो जाये, उसकी इन्द्रिय-चरितार्थ करने की वासना संयमित हो, भोग लालसा मर्यादित रहे, भाव में विशुद्धि बनी रहे, सन्तानोत्पादन के द्वारा वंश की रक्षा और पितृ-ऋण का शोध हो, भोग का तत्व जानकर संयम के द्वारा मनुष्य क्रमशः त्याग की ओर अग्रसर हो सके, प्रेम को केन्द्रीभूत करके उसे पवित्र बनाने का बल प्राप्त हो 'स्वार्थ का संकोच और परार्थ-त्याग' की बुद्धि जाग्रत होकर वैसे ही परार्थ-त्यागमय जीवन का निर्माण हो और अंत में मानव-जीवन की सफलता रूप भगवत्प्राप्ति हो जाये, इन्हीं सब पवित्र उद्देश्यों को लेकर हिंदू-विवाह का पावन विधान है। विवाह से यथार्थ में विलासवासना का सूत्रपात नहीं होता, अपितु संयम-नियमपूर्ण जीवन का प्रारंभ होता है।

इस छोटे से लेख में विवाह-संस्कार की महत्ता और आवश्यकता, विवाह-संस्कार के पवित्र भाव, विवाह-संस्कार के प्रधान मंत्रों का साराँश, नारी के पवित्र आदर्श, त्याग तथा उसकी कर्तव्यनिष्ठा रूप तपस्या एवं वर और वधू दोनों के लिये अवश्य पालनीय धर्म एव कर्तव्य आदि के सम्बन्ध में सदुपदेश तथा मंगलाशीष के रूप में आदर्श महत् वाक्यों का संग्रह किया गया है। वे सभी पढ़ने, समझने और जीवन में उतारने योग्य हैं। इस पुस्तिका का मर्म समझना कन्या-वर के अतिरिक्त दोनों परिवारों के सभी आदरणीय पुरुषों, महिलाओं तथा वर-वधू की मंगल कामना के लिये विवाह समारोह में आये सभी व्यक्तियों के लिये अत्यन्त लाभदायक होगा, इस आशा से इसे प्रकाशित किया जा रहा है।

विवाह : एक यज्ञ

वैदिक विवाह-संस्कार की पद्धति में तीन मुख्य कृत्य हैं। प्रथम-कन्यादान द्वितीय-अग्नि–प्रदक्षिणा के समय समंत्रक वरकर्तृक कन्या का पाणिग्रहण, तृतीय सप्तपदी कृत्य इन तीनों के सम्पादन होने पर विवाह की सम्पन्नता मानी जाती है। विशेष रूप से वेदविधि का जिसमें वहन किया जाये, पालन किया जाये, उसे विवाह कहते हैं।

कन्यादान के समय दाता अपने पूर्वापर बीस वंशजों के साथ अपने भी उद्धार की कामना करके कन्या का दान देता है, कन्या को लक्ष्मी और वर को विष्णु मानकर इस कृत्य को सम्पन्न करता है। वह सबका उद्धार चाहता है।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

हिंदू धर्मशास्त्रों में विवाह को यज्ञ कहा गया है। इस वैवाहिक यज्ञ में पति-पत्नी का सम्बन्ध जीवन-पर्यन्त के लिये एक रूप में परिणत हो जाता है। पति-पत्नी को एक सूत्र में सदा के लिये प्रेम रूप में ग्रंथित करने के कारण विवाह-संस्कार का शास्त्रों में बड़ा महत्व है।

माया जगत् में 'पति-पत्नी' का सम्बन्ध सबसे बड़ा कहा जाता है। इसकी उत्तमता पर जीवन का सौष्ठव निहित है। वर और वधू दोनों ही सुयोग्य हों तभी विवाह का यथार्थ आनन्द और महत्व प्रतीत होता है।

वर-वधू की उत्तमता से चिरकाल तक विवाह-यज्ञ यशस्कर होता है, और पुत्री-पुत्रादि पारिवारिक सुखों का अर्जन करता है। वस्तुतः सुयोग्य वर-वधू के सम्बंध को स्थापित करने का एक मात्र श्रेय कन्या के पिता और वर के पिता के ऊपर निर्भर रहता है। विशेष कर, कन्या के पिता का उत्तरदायित्व अधिक होता है।

विवाह-संस्कार

वैदिक धर्म के अनुयायी विवाह को 'संस्कार' मानते हैं। संस्कार का अर्थ है आत्मशुद्धि का उपाय। संस्कार से संयमी एवं विशुद्ध बनी हुई आत्मा ही अपने असली सत् का प्रकाश एवं ज्ञानात्मक स्वरूप का साक्षात्कार कर सकती है एवं विश्वात्मा के साथ एक बन सकती है। वेदों में प्रचलित धर्म में विवाह केवल एक स्त्री एवं पुरुष का परस्पर मिलना और घर गृहस्थी चलाना एवं संतति उत्पन्न करना ही नहीं है, किन्तु विशुद्ध संयमपूर्ण जीवन के द्वारा समाज और राष्ट्र का उत्तम अंग बनना एवं परमार्थ यानी मुक्ति तक पहुँचने की दीक्षा लेना है।

इस उद्देश्य को ध्यान में रखकर ही विवाह विधि का निर्माण हुआ, अग्नि, ब्राह्मण, गुरुजन एवं आप्त-जनों के समक्ष स्त्री पुरुष परस्पर के सुख और कल्याण के लिये प्रतिज्ञा लेते हैं, एवं आदर्श गृहस्थ तथा उत्तम संस्कारी संतति द्वारा समाज के अभ्युदय में सहायक बनने का निश्चय करते हैं। विवाह का उद्देश्य भोग नहीं किन्तु सतत जागरूकतापूर्ण उद्यम एवं बलिदान है। विवाह विधि में अग्नि पूजा एवं होम प्रधान है। अग्नि तेजोमयी देवता है एवं अन्य देवताओं का मुख है। अग्नि की प्रार्थना करते हम उनसे यह माँगते हैं—

हे अग्नि, आपके तेज से मैं तेजस्वी बनूं। आपके प्रभावपूर्ण वर्चस से मैं वर्चस्वी बनूं। आप जैसे मलिनता के नाशक हैं वैसे मैं भी अपने आन्तर्बाह्य को मिटा दूं।

कन्यादान

कन्या के माता पिता शरीर एवं मन बुद्धि के स्वास्थ्य से सम्पन्न गुणयुक्त योग्य वर को अपनी गुणवान सुशील पुत्री का सहर्ष दान करते हैं। कन्यादान का अर्थ है समर्पण, जो अत्यन्त पुण्यवान् माना गया है। इसमें उभय पक्ष से धन या वस्तुओं के आनान प्रदान की अपेक्षा नहीं होनी चाहिये। आदान प्रदान सौदा या विक्रय है जिसे वैदिक धर्म ने पाप समझा है। पिता पुत्री को समर्पित करते हुए इस प्रकार संकल्प करता है :—

वेद स्मृति एवं पुराणों में निर्दिष्ट पुण्य प्राप्ति के लिये इस पवित्र दिन में मैं अपनी 'लक्ष्मीरूपा' कन्या को 'विष्णुरूप, इस वर को इष्टजनों के एवं अग्निदेव के समक्ष विवाह विधि से समर्हित करता हूँ आदि—

सप्तपदी

विवाह संकल्प एवं कन्यादान होने के पश्चात् नव वर वधू बनते हुए स्त्री पुरुष अग्नि में होम करते हैं। तदनन्तर अग्नि की प्रदक्षिणा करते हुए सात कदम चलते हैं जिसे 'सप्तपदी' कहा जाता है। इस सप्तपदी के प्रत्येक कदम पर वर एवं वधू परस्पर के प्रति अपनी आकांक्षा एवं कर्तव्य की प्रतिज्ञा करते हैं। इस प्रतिज्ञा में

"We must learn how to combine, to help and to be helped in return."

—रायबहादुर श्री प्राग नारायण सेठ (मौरावाँ) मंत्री, अखिल भारतीय खत्री महासभा (१९२०)

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

केवल शरीर ही नहीं अपितु मन, बुद्धि एवं आत्मा का ऐक्य सिद्ध करने की सद्भावना है। अन्यान्य को सुखी करते हुए गृहस्थजीवन को उदात्त बनाने की शुभकामना है।

सप्तपदी इस प्रकार है :—

(१) **वर**—मेरी अन्नादि समृद्धि की रक्षा के लिये भगवान विष्णु ने तुम्हें मुझे दिया है। तुम मेरे घर चलो और मेरा अनुवर्तन करो।

कन्या—यहाँ से तुम्हारे घर आकर कृमि कीटादि जंतुओं से धर्म प्राप्त अन्नादि की रक्षा करूंगी और तुम्हारे अनुकूल बनने को सतत प्रयत्नशील रहूंगी।

(२) **वर**—मेरा बल एवं तेज बढ़े इसलिये विष्णु ने तुम्हें मुझे दिया है। तुम मेरे घर चलो और मेरी बलवृद्धि में सहायक बनो।

कन्या—अन्न से ही प्राण का बल बढ़ता है। अतः मैं तुम्हारे एवं तुम्हारे परिवार के लिये इस प्रकार पाक पकाऊँगी जिससे नाथ! हम सब का बल बढ़े।

(३) **वर** तीसरे पद पर परमात्मा ने तुम्हें मुझे धन वृद्धि के लिये दिया है। कन्ये, तुम मेरे घर आओ और मेरा अनुसरण करो।

कन्या—नाथ! योग्यायोग्य खर्च का विचार करके मैं अपनी शक्ति एवं बुद्धि के अनुसार आपकी धन संपत्ति की वृद्धि करूंगी, ऐसा तृतीय पद में नव वधू वर को विश्वास दिलाती है।

(४) **वर**—हे कन्ये? मुझे और मेरे परिवार को सुख मिले इसलिये भगवान ने मुझे तुम्हें दिया है। मेरे घर को चलो और वहाँ सुख वृद्धि करो।

कन्या—आप और आपके परिवार को सुख मिले इसलिये मैं आऊँगी। 'यह मेरा और यह दूसरे का' ऐसी भेद बुद्धि को छोड़ दूंगी यह मेरी चतुर्थ पद में प्रतिज्ञा है।

(५) **वर**:—हे कन्ये, मेरे पशु (समयानुरूप घर की सब सामग्री) की रक्षा के लिये विष्णु ने तुम्हें मुझे दिया है, तो चलो और मेरे अनकूल बनो।

कन्या :—मैं आपके पशुओं की हर प्रकार से रक्षा करूंगी, और अन्य सब धर्मसाधक साधनों को भी रक्षा करूंगी, इस प्रकार पंचम पद में नव वधू प्रतिज्ञा करती है।

(६) **वर** :—संवत्सर की छहों ऋतुएं अनुकूल हों, इसलिये भगवान ने तुम्हें मुझे दिया हैं। मेरे घर चलो और अनुकूल बनो।

कन्या : —नाथ! आपके दिये हुए ऋतु-अनुसार वस्त्र एवं अलंकार पहन कर, संतोष के साथ आपके साथ रमण करूंगी। जीवन भर हमेशा मन वचन एवं कर्म से आपके साथ रहूंगी। यह मेरी षष्ठ पद पर प्रतिज्ञा है।

(७) **वर** :—आज से इस सप्तपदी के फलस्वरूप तुम मेरी सखी मित्र हुई हो। मेरे घर आकर मेरी अनुवर्तिनी बनो।

कन्या :—इस सातवें पद के अनंतर आप मेरे सखा और मैं आपकी सखी बनी हूं। नाथ! अब मैं आप से बंध गई हूं आपका अनुवर्तन मेरा धर्म है। आप कभी मेरा अतिक्रमण न करे और न मैं कभी आपका अतिक्रमण करूंगी। हमारे इस प्रकार प्रेमपूर्ण विश्वस्त एवं सदाचारी व्यवहार से हमारा घर सदैव प्रीति, सुख एवं शांति से हरा भरा रहेगा।

"I, therefore say, brethren, advance, but advance cautiously"

—महाराजाधिराज बन विजय चन्द्र महताब

अध्यक्ष आगरा अधिवेशन, सन् १९१२ अखिल भारतीय खत्री महासभा

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

जब धर्म और भार्या परस्पर अनुरूप होते हैं, अर्थात जब स्त्री पति के धर्मकार्य की सहायिका होती है, यर्थार्थ सहधर्मचारिणी बनती है, तब धर्म अर्थ एवं काम ये तीनों पुरुषार्थ एक दूसरे के पूरक एवं संवर्धक बनते हैं।

दाम्पत्य का आदर्श

पति पत्नी परस्पर के परम मित्र हैं, सर्वोत्तम सगे हैं, सब कामनाओं के अधिष्ठान हैं, सबसे मूल्यवान निधि हैं, अधिक क्या कहें एक दूसरे जीवन है,; यह बात उनको, दाम्पत्य के इच्छुकों को, सदा ज्ञात रहे।

जिस परिवार में पत्नी से पति एवं पति से पत्नी संतुष्ट रहते हैं, वहाँ नित्य निश्चय रूप से कल्याण होता रहता है।

पतिव्रताओं के आँसू पृथ्वी पर निरर्थक नही गिरते। अर्थात, पतिव्रता स्त्री को दुःख पहुँचाना भारी अनर्थकारी होता है।

अनुकूल और प्रतिकूल, सुख और दुःख एवं भूत तथा भविष्य के विषय में जो समभाव रखता है धैर्य से च्युत नहीं होता, वही व्यक्ति सर्ब संपति का भाजन बनता है।

शराब खाद्यों का मल है, शराब-मदिरापान यह वस्तुतः 'पाप' पान ही है। इसलिये ब्राह्मण, क्षत्रिय एवं वैश्य लन कभी इसका सेवन न करें।

विवाह-संस्कार के कारण ही गृहस्थाश्रम की महिमा

विवाह संस्कार के कारण ही गृहस्थाश्रम की शास्त्रों में बड़ी महिमा है। मनु के अनुसार, जिस प्रकार नदीनदादि अपनी सुस्थिरता के लिये समुद्र का आश्रय लेते हैं, उसी प्रकार अन्य आश्रमी भी अपने भरण पोषणादि के लिये गृहस्थ का आश्रय लेते हैं। इसलिये गृहस्थ को ज्येष्ठाश्रमी कहा गया है, क्योंकि वह अन्य तीन आश्रमियों का पोषक है।

पुरुष जाति का कर्तव्य है कि वह सर्वतोभावेन नारी की रक्षा करे। जिस गृह में समाज में स्त्रियों का आदर होता है, वही देवों का निवास होता है। जहाँ उनका अपमान है, वहां के सभी कार्य निष्फल हैं।

जहां स्त्रियों की पूजा आदर संत्कार से होती है वहां देवता प्रसन्न रहते हैं अर्थात कल्याण बरसाते हैं, और जहाँ उनका अनादर होता है वहां सब क्रियाएं निष्फल होती हैं। जिस कुल में पति से पत्नी एवं पत्नी से पति संतुष्ट होते हैं वहां निश्चित ही कल्याण होता है।

पत्नी पतिव्रत्य-धर्म के बल पर ही पति को दीर्घायु प्रदान करती हुई एक मात्र पति की परिचर्या द्वारा ही पतिमयी बनकर कैवल्य की अधिकारिणी बनती है।

हिन्दू विवाह का आदर्श

विवाह इंद्रिय-सुख के निमित नहीं, किन्तु मानव-वंश को आगे चलाने के लिये है। विवाह का भारतीय आदर्श यही है। समाज में उसी प्रकार के विवाह का प्रसार होता है जिससे समाज का अधिक से अधिक कल्याण साबित हो सके। अतएव पति पत्नी को समाज और देश के कल्याण साधन के निमित्त अपने व्यक्तिगत आनंद और सुख की आहुति देने को सदैव तत्पर रहना चाहिए।

जिस स्त्री का लज्जा ही वस्त्र है, विशुद्ध शील स्वभाव ही भूषण है, जिसकी धर्म मार्ग में प्रवृति है, और जिसकी वाणी मधुर है, वह नित्य पति सेवापरायणा धन्य श्रेष्ठ नारी इस पृथ्वी को पवित्र करती है।

"वीर क्षत्रिय हृदय किन्हीं चिन्ताओं और कार्यों में कितना ही ग्रसित तथा व्यग्र क्यों न हो, आर्तनाद सुनते ही वह कार्य क्षेत्र में आन उपस्थित हो जाता है।"

—लखनऊ अधिवेशन (१९१६) अखिल भारतीय खत्री महासभा

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री हितैषी स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक
के अवसर पर

हार्दिक शुभ कामनाएँ

दूरभाष : १११२

ला० केशव दास टंडन

बड़ा बाजार, कन्नौज

संबंधित प्रतिष्ठान

दूरभाष २१२

मे० खत्री संदल बुड आयल-एन्ड एसेंसियल आयल

डिस्टिलर्स, तालवारान, कन्नौज

● चंदन तेल ● चंदन मुठ्ठा ● चंदन पाउडर

के उच्चकोटि के निर्माता एवं विक्रेता

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

खत्री हितैषी स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक

के अवसर पर

हार्दिक शुभ कामनाएँ :

卐

खत्री सोहन लाल मेहरोत्रा

संरक्षक खत्री हितैषी उ० प्र०

विशिष्ट फर्नीचर के निर्माता—स्टील तथा लकड़ी सरकारी रेट कान्ट्रैक्ट पर

मान्यता प्राप्त सप्लायर्स

★ बैंक फर्नीचर के अपूर्ति कर्त्ता

★ 'स्टीलएज' के सेक्योरिटी इक्वीपमेन्टस के वितरक

★ 'अजन्ता' स्टील रैक्स के स्टाकिस्ट

★ 'माईना चेयर्स' के स्टाकिस्ट

★ रूम-कूलर्स तथा हर प्रकार के मैट्रेसेज के विक्रेता

श्री मेघदूत एंड कंपनी

मलदहिया, वाराणसी

फोन—४३८९१

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.



खत्रियों के संस्कार

—खत्री हरिमोहन दास टण्डन

संस्कृत कोष के अनुसार संस्कार का मुख्य अर्थ है शिक्षा, अनुशीलन, मानसिक प्रशिक्षण, अन्तः शुद्धि, पवित्रीकरण, पुनीत कृत्य शृंगार, चमकाना, शुद्धिकरण आदि। मनुष्य का प्रशिक्षण, पवित्रीकरण कर उसको अधिक से अधिक चमकाना, मानव चरित्र को परिमार्जन कर उसके अन्दर सद्भावना, सत्य, अहिंसा, दया, सहनशीलता आदि सद्गुणों का विकास करना संस्कार का उद्देश्य है। यह एक लम्बी कष्टसाधन प्रक्रिया है जिसके द्वारा जाति या समाज की पहिचान बनती है और यही पहिचान संस्कृति कहलाती है।

भारतीय (आर्य) मनीषियों ने चिन्तन, मनन और अनुभव के द्वारा मानव जीवन का उद्देश्य, उसका लक्ष्य तथा उसके स्वरूप का निश्चय किया। पशु जगत में व्याप्त मनोविकारों, मोह आदि के आकर्षणों से मन को हटाकर सत्यानुभूति की ओर उन्मुख करने की चेष्टा ऋषियों ने की अर्थात् मनुष्य को कतिपय संस्कारों से शुद्धकर उसे शास्वत मूल्यों को ग्रहण करने की प्रेरणा दी। सृष्टि सचालन के ध्येय से भौतिकता का महत्व स्वीकार करते हुए परमतत्व की प्राप्ति को जीवन का लक्ष्य निर्धारित किया गया। इस तरह नश्वरता से अनश्वरता की ओर बढ़ने का प्रयास अध्यात्मिकता का आधार है। यह भारतीय संस्कृति की विशिष्टता है, उसकी पहिचान है। सनातन सत्य की खोज और ज्ञान का निरन्तर परिष्कार सनातन धर्म की शक्ति है। श्री हरि भाई उपाध्याय के शब्दों में "जो मार्ग, जो विधि, जो क्रिया हमें ईश्वरत्व की ओर ले जाती है, वह हिन्दू संस्कृति, आर्य संस्कृति, सज्जन संस्कृति, सुस्कृति है।" इसके अन्तर्गत ही आचार, व्यवहार तथा विचार सभी का समावेश होता है।

सत्, चित् एवं आनन्द स्वरूप अनश्वर सत्य का ही नाम मनीषियों ने रक्खा। उन्होंने यह भी निश्चय किया कि "आकर चार लाख चौरासी" रूपों वाले जीवों का नाश और उत्पत्ति का अविच्छिन्न क्रम तभी संभव है जब पुनर्जन्म का सिद्धान्त माना जाये। कारण, स्थूल और सूक्ष्म शरीर की मान्यता पुनर्जन्म के सिद्धांत पर आधारित है। यही भारतीय आर्य संस्कारों का मूलाधार है। अधिकांश संस्कार चरित्र एवं व्यवहारगत हैं। कतिपय संस्कार जन्म जन्मांतर तक साथ चलने वाले निर्धारित किये गये हैं, उन्हें ही पुष्ट करने के लिये कर्म-सिद्धांत का प्रतिपादन हुआ है—"कर्म प्रधान विश्व करि राखा। जो जस करई सो तस फल चाखा।" कर्म का सम्बन्ध आचार, व्यवहार, मन तथा बुद्धि से है।

मानव जीवन को पवित्र एवं उत्कृष्ठ बनाने वाले अध्यात्मिक उपचार का नाम संस्कार है। वह श्रेष्ठता की ओर बढ़ने के हेतु लिया गया संकल्प है। कर्म सिद्धांत के कारण हमने जीवन में संयम, नियम, त्याग, प्रेम,

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

अहिंसा, दान, दया, क्षमा और सहिष्णुता आदि गुणों को आवश्यक मान लिया। संयुक्त परिवार, विश्व बन्धुत्व, विविधता में एकता आदि अनेक ऐसे गुण हैं, भारतीय संस्कृति के जिन्होंने उसे अबाध गति से विकास करने में सहायता दी।

शरीर, इन्द्रियाँ मन बुद्धि, चित्, आदि इन सबके अत्यधिक उत्कर्ष तक संस्कार होते हैं। योग, जप, तप आदि सभी संस्कार ही हैं। मोटे तौर पर संस्कार दो प्रकार के होते हैं—मलापनयन और अतिशयाधान। दर्पण को किसी चूर्ण या साबुन से साफ करने को मलापनयन संस्कार कहते हैं। तेल या रंग द्वारा हाथी के मस्तक या काठ या धातु की वस्तु को चमकाना अर्थवा सुन्दर रूप देने को अतिशयाधान संस्कार कहते हैं। ४८ संस्कारों में कुछ के द्वारा शारीरिक एवं मानसिक मल, पाप, अज्ञान आदि का अपनयन और कुछ के द्वारा पवित्रता, शुद्धि, विद्या आदि की अतिशयता का प्रयास किया जाता है।

संस्कार और रीति-रिवाज में अन्तर है। रीति-रिवाज परिवार तथा समाज के सुख दुःख, उत्साह, संबंध शुभाशुभ आदि के प्रदर्शन से जन्म लेते हैं। पुत्र जन्म, विवाह आदि अवसरों पर सम्बन्धियों को भेंट देना, तनी या मण्डप के नीचे हल्दी तोड़ना, सेहरा बाँधना आदि और मृत्यु होने पर अगले जन्म में समस्त सामग्रियों की पूर्ति के लिये महापात्र को दान देना, वर्ष भर ब्राह्मण को भोजन कराना, कब्र में मूल्यवान वस्तुओं को रखना इत्यादि रीति-रिवाजों के अन्तर्गत हैं। संस्कारों का विधान शास्त्रों में वर्णित है। वर्णों के अनुसार उनमें यत्किञ्चित भेद तो है, परन्तु मूलभूत विधान में एकता है। देश, काल और परिस्थिति के कारण रीति-रिवाजों में सदा परिवर्तन होता रहा और आगे भी होता रहेगा। सनातन धर्म की रक्षा संस्कारों द्वारा ही होती रही है। संस्कार बदलने या त्याग देने से धर्म अथवा सम्प्रदाय बदल जाता है। वर्तमान काल में आर्य समाज, ब्रह्म समाज, राधा स्वामी, सिख आदि सम्प्रदायों का जन्म इसी प्रकार हुआ है। किसी भी धर्म या सम्प्रदाय में दीक्षित होने के पहले और बाद में भी कुछ संस्कार होते हैं, अन्यथा सभी धर्मों के मूलभूत सिद्धान्त एक से हैं। जीव दया, दान, सहिष्णुता, संयम, समता, परस्पर सहानुभूति आदि को ग्रहण करने का उपदेश सभी धर्म देते हैं। वैदिक काल के अब तक प्रचलित हिन्दू धर्म (सनातन धर्म) के स्तम्भ प्रधान रूप से १६ संस्कार है और कर्म की सुविधा के लिये चतुवर्ण की व्यवस्था है।

सनातन धर्म मनुष्य मात्र में समता-भावना की शिक्षा देता है। "सियाराम मय सब जग जानी।" अथवा "सर्वे भवन्ति सुखिना" आदि वाक्य समता के उद्बोधक हैं। समय समय पर बौद्धिक एवं शारीरिक शक्ति सम्पन्न वर्ग के निर्बल वर्ग को हीन भावना से देखा है। फलतः महान व्यक्तियों का प्रादुर्भाव (अवतार आदि) होता है। श्रीराम ने न केवल शक्तिशाली, अत्याचारी रावण से समाज को मुक्ति दिलाई, उन्होंने निषाद, शबरी, वानर, ऋक्ष आदि उपेक्षित जातियों के बीच भाईचारे की भावना पैदा की श्री कृष्ण ने न केवल अत्याचारी कंस, शिशुपाल, जरासंध आदि को विनष्ट किया, उन्होंने ग्रामीण जीवन से जुड़े उपेक्षित समाज को निर्भय कर सम्मान दिलाया। गौतम बुद्धि आदि युग पुरुषों ने राजवैभव को तुच्छ मानकर अहिंसा, दया, समता का प्रचार किया। धर्म की रक्षा निरन्तर होती रहे, समाज और देश में शान्ति बनी रहे और अनाचार पर अंकुश लगा रहे इस उद्देश्य से क्षत्रियों को उसके नियन्त्रण की जिम्मेदारी सौंपी गई। उनके लिये एक सूत्र बना "धर्मो रक्षति रक्षिता" अर्थात् जो धर्म की रक्षा करता है उसकी रक्षा धर्म करता है। क्षत्रियों (खत्रियों) ने अपने कर्तव्य का सदा पालन किया। यदि कभी उन्होंने धर्म की उपेक्षा की तो उन्हें कष्ट झेलना पड़ा, सजा भुगतनी पड़ी। विश्वामित्र की कथा, मोर्यो के उत्कर्ष का इतिहास आदि इस तथ्य को उजागर करते हैं। आज हम पुनः संक्रान्ति काल से गुजर रहे हैं क्योंकि हम अपने धर्म के मूल आधार संस्कारों की उपेक्षा करने में अपना बड़प्पन मान रहे हैं।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

वर्तमान समय में संस्कारों की उपेक्षा में केवलमात्र पाश्चात्य शिक्षा तथा संसर्ग और कलिकाल ही एक मात्र कारण नहीं है। उसका एक प्रमुख कारण पूर्वजों के अज्ञान, आचरण, अशिक्षा एवं अन्ध-विश्वास में भी रहा है। लगभग १२०० वर्ष के विदेशी शासन और उसके कारण उत्पन्न अस्थिरता के फलस्वरूप हमारी शिक्षा तथा सामाजिक व्यवस्था छिन्न भिन्न हो गई। पूर्वजों ने संस्कार, रीति, रिवाज और धार्मिक कट्टरता को एक सूत्र में पिरो दिया। धीरे-धीरे सब कुछ इतना गडमड्ड हो गया कि आर वस्तु को अलग करना बहुत कठिन हो गया, भारतीय मान्यता के अनुसार संस्कार का सम्बन्ध न केवल इसी जन्म से है, वरन् जन्मांतर से भी है और रीति-रिवाज देश, काल तथा परिस्थिति जन्य है और परिवर्तनशील है। हम एक उदाहरण लें। पूर्वकाल में मुंडन और विवाह के अवसर पर एक ठीलाढाला वस्त्र पहनाया जाता था जिसे बागा कहते थे, वह केवल शोभा थी कोई संस्कार नहीं। इसी तरह विवाह के अवसर पर आमोद विनोद के लिए कई रस्में हुआ करती थी, जैसे वर के जूते को छिपा देना, वर से छन्द सुनना, कठौती, कंगना खोलना आदि। आज समयाभाव, आर्थिक विचार आदि के कारणों से ये रीतियाँ प्रायः समाप्त हो रही हैं। संस्कार हिंदुत्व के अभिन्न अंग हैं। उनके त्याग से हिंदू धर्म का ही लोप हो जायेगा।

हिन्दू शास्त्रकारों के मतानुसार जन्म से बच्चे का कोई धर्म नहीं होता है। उसका जब किसी विशेष धर्म के अनुसार संस्कार जाता है, तब वह धर्म के नाम से अभिहित होता है ईसाई, पारसी, मुसलमान, हिन्दू, बौद्ध आदि धर्मों में ऐसे संस्कारों की व्यवस्था है, जिनके कर्मकाण्डों को पूरा करने के बाद ही बालक उसका अंग बनता है। शिक्षा एवं अन्य जीवन पद्धतियों के द्वारा विशिष्ट धर्म पर आँस्था पैदा की जाती और सद्सद् के फलस्वरूप शुभाशुभ फल के प्रति विश्वास पैदा किया जाता है।

हिन्दू शास्त्रों का मत है कि जैसा बीज बोया जाता है ? वैसा ही वृक्ष होता है। उस पर भूमि, जल, वायु, प्रकाश का भी प्रभाव पड़ता है। इसी प्रकार चरित्रवान, विचारवान, सुशिक्षित, स्वस्थ एवं धार्मिक व्यक्ति की सन्तान सुसंस्कृत परिवार और समाज के सहयोग से अधिकाधिक गुणवान एवं प्रतिभाशाली है। जिस तरह कृषक का धर्म है कि दोष रहित बीज को ऋतु एवं मिट्टी का ध्यान रखते हुए आरोपित करे, उसी तरह गर्भाधान में भी काल, अवसर, स्वास्थ्य एवं मानसिक शान्ति का ध्यान रखना आवश्यक होता है। केवल पशुवत वासना तृप्ति ही जीवन का ध्येय नहीं है।

जिस प्रकार कुछ समय बीतने पर बीज से अंकुर निकल कर पल्लवित होता है। उसके बाद फल प्राप्ति होने के पूर्व तक माली को विशेष देखरेख करनी पड़ती है, उसी प्रकार गर्भाधान के बाद सन्तान जन्म के पूर्व दो संस्कार किये जाते है। पुंसवन तीसरे महीने और सीमन्त सीमन्तोन्नयन संस्कार छठे या आठवें महीने सम्पन्न होता है। पुंसवन के बाद से माता के विचार और व्यवहार का प्रभाव निर्माणाधीन शिशु पर पड़ने लगता है। सीमान्त संस्कार के काल से गर्भस्थ में ग्रहण शक्ति आ जाती है। अर्जुन पुत्र अभिमन्यु ने चक्रव्यूह भेदन का ज्ञान और अष्टावक्र ने अध्यात्म ज्ञान उसी अवस्था में ग्रहण किया था। खत्रियों के यहाँ ये दो संस्कार रीति और भोरें या गोद भरने के रूप में प्रचलित है।

जातकर्म, नामकर्म, निष्क्रमण (घर से बाहर निकलना) अन्नप्राशन, विद्यारम्भ और कर्णभेद संस्कार नाम से ही स्पष्ट है। जीवन से सम्बन्धित हर काम धार्मिक दृष्टि से ही इस भावना से इन संस्कारों को करने का विधान है। सुमंगल की दृष्टि से उनके लिये तिथि वार नक्षत्र आदि का विचार करने की व्यवस्था की गई है। षष्ठी पूजन (छठी) संस्कार नहीं एक अनुष्ठान है। वह भगवती षष्ठी (देवसेना) जो स्वामिकार्तिकेय की पत्नी है और बालकों की अधिष्ठात्री देवी हैं, को प्रसन्न करने के लिये किया जाता है। सन्तान की दीर्घायु, सुरक्षा और भरण-पोषण के लिये देवी की पूजा का प्रचलन हुआ।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

चूड़ा कर्म (मुण्डन) संस्कार के बिना शिशु हिन्दू नहीं बनता। सभी वर्णों के लिये यह अनिवार्य संस्कार है। जन्म से शिशु का कोई धर्म नहीं होता। अतः सभी धर्मों में कतिपय विशेष संस्कार होते हैं, जिसके द्वारा ही बालक विशिष्ट धार्मिक समाज में प्रवेश करता है। ईसाईयों में बातित्मा, मुसलामानों में खतना आदि संस्कार इसी प्रकार के हैं। चूड़ाकर्म के द्वारा बालक के गर्भ के बालों का क्षौर कर चोटी रख दी जाती है। प्रत्येक हिन्दू के लिये शिक्षा (चोटी) की रक्षा करना आवश्यक है, क्योंकि धार्मिक अनुष्ठान, सन्ध्या, श्राद्ध आदि कर्मकाण्डों में उसकी आवश्यकता रहती है। वह हिन्दुत्व की पहिचान भी है।

विद्यारम्भ से लेकर समावर्तन तक के पाँच संस्कार शैक्षणिक संस्कार कहलाते हैं। वे क्रमशः विद्यारम्भ, उपनयन, वेदारम्भ, केशान्त एवं समावर्तन के नाम से प्रसिद्ध हैं। बालक/बालिका को पाँच वर्ष तक आचार, व्यवहार आदि की शिक्षा देना माता का धर्म है। उसके बाद अक्षरारम्भ और आरम्भिक ज्ञान का अवसर आता है। बालक समाज के बीच विचरण करने लगता है तब उसके आचरण और चरित्रिक गुणों का विकास करना पिता का कर्तव्य है।

क्षत्रियों का उपनयन (जनेऊ) संस्कार ११ वें वर्ष में करने का विधान है। उसके बाद बालक/बालिका की उच्च शिक्षा चरित्र निर्माण आदि का भार सुयोग्य गुरू को सौंप देना उसका उद्देश्य है। ब्रह्मचर्य पालन के साथ-साथ यम, नियम आदि का पालन और योग्यतानुसार विद्या का अभ्यास समावर्तन तक चलता रहता है। खत्रियों के लिये उपनयन की अधिकतम आयु २१ वर्ष तक है। उसके बाद व्रात्य संस्कारहीन ब्राह्म कहलाता है। केशान्त उपनयन और समावर्तन दोनों अवसरों पर किया जाता है। शीश पर केश शोभ की वस्तु है, जिसे त्याग करना श्रेयस्कर माना गया है, क्योंकि संसारिकता के मोह का त्याग संस्कारों का लक्ष्य है। समावर्तन वर्तमान दीक्षांत समारोह के समान है, जिसमें गुरू विद्यार्थी को भविष्य के जीवन के कर्तव्यों, विद्या के सदुपयोग तथा बाधाओं से जूझने के लिये उपदेश देता है।

हिन्दू धर्म में उपनयन का महत्व बहुत अधिक है। इस संस्कार को बालक के समझदार होने पर करने का विधान है जिससे वह धार्मिक कृत्य संध्या आदि को सुव्यवस्थित ढंग से कर सके और चरित्र निर्माण सम्बन्धी बातों को समझ पावे। इसके बाद ही उसे धार्मिक कर्म (यज्ञ, पूजन श्राद्ध आदि) तथा शास्त्राध्ययन का अधिकार प्राप्त होता है। उसे द्विजता प्राप्त होती है और वह गायत्री मन्त्र का अधिकारी बनता है। द्विज का अर्थ है दूसरा जन्म। बालक प्रथम जन्म में माता के उदर के अन्धकार से मुक्त होता है और सांस्कारित जन्म में वह अज्ञान से मुक्त होकर ज्ञान के प्रकाश की ओर उन्मुख होता है। उसे गायत्री मंत्र संध्याकृत्य के साथ दिन में दो बार जाप करने का निर्देश किया जाता है। ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यम् भर्गो देवस्य धीमहिधियों यो नः प्रचोदयात्" का जाप "तमसो मा ज्योतिर्गमय" के रहस्य को उद्घाटित करने में सहायक होता है। संसार में सबसे ज्योतिर्मय सूर्य है। उससे ही स्थिरता, संयमितता एवं प्रखर बुद्धि के विकास की द्विज कामना करता है। विवेक बुद्धि से मनुष्य प्रतिभाशाली और महान बनता है। उपनयन के समय ब्रह्मचारी को उपवीत सूत्र (जनेऊ) पहनाया जाता है जो कर्मकांड से सम्बन्धित है। उसके तीन गुणे तीन अर्थात् नौ सूत्र सृष्टि के रहस्य से सम्बन्धित है। पहले बालक और बालिका दोनों का उपनयन होता था, परन्तु कालान्तर में बालिकाओं का यह संस्कार बन्द हो गया, क्योंकि उनका गुरुकल में रहकर विद्यार्जन बन्द हो गया। इसी कारण विवाहोपरान्त जोड़ा जनेऊ पहना जाता है क्योंकि सभी धार्मिक कृत्य पति-पत्नी मिलकर करते हैं।

समावर्तन के बाद ब्रह्मचारी को विवाहोपरान्त गृहस्थ जीवन व्यतीत करने का अधिकार मिलता है। हिन्दू धर्म में विवाह को केवल काम योग की कानूनी स्वीकृति नहीं माना गया है। वह स्त्री पुरुष के बीच मिल कर गृहस्थी चलाने का समझौता भी नहीं है, जिसे जब चाहा रद्द कर दिया जा सकता है। यहाँ वह एक समर्पण

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

है, सहयोगी भावना से धार्मिक जीवन बिताने का एक संकल्प है। स्त्री सहधर्मिणी है, अर्द्धांगिनी है। विवाह का बन्धन अटूट है। सुत, शील और धर्म तीनों ही पति-पत्नी के सामंजस्य पर निर्भर है।

जो जन्म लेता है उसकी मृत्यु भी होती है। हिन्दू धर्म पुनर्जन्म पर दृढ़ विश्वास रखता है। अतः अंत्येष्टि संस्कार में अनेक ऐसे कर्मकाण्ड हैं जिनसे अगले जन्म में शरीर अपंग न होने पाये और व्यक्ति ने यदि कोई पाप किया हो तो उसका प्रक्षालन हो सके, वह शान्ति से दूसरा जीवन बिता सके। पूर्वजों से प्राणी का सम्बन्ध स्थापित कर उसे गौरव प्रदान करने की भावना प्रमुख रहती है। दशगात्र (दस पिंड से पूर्ण शरीर की रचना) सपिंडी तथा पितृ मिलन की क्रिया तदर्थ ही निहित है। वार्षिक श्राद्ध करने की परम्परा आर्य गौरव तथा संस्कृति की रक्षा की भावना से प्रचलित हुई। उसका ध्येय है कि पूर्वजों द्वारा अर्जित धवल यश कीर्ति सदैव आकाशदीप बनकर हमारा मार्ग प्रदर्शन करती रहे।

आजकल ऐसा प्रचलन बढ़ रहा है कि कुछ संस्कार सनातन धर्म के अनुसार करते हैं और कुछ आर्य समाज के अनुसार। यह स्थिति श्रेयस्कर कदापि नहीं है। निजी सुविधा, धार्मिक कृत्य पर अविश्वास और आर्थिक कारणों से यह अव्यवस्था फैल रही है। मनुष्य को एक धर्म अथवा सम्प्रदाय के अनुसार अपनी जीवन प्रणाली निश्चित करनी चाहिये, यह नहीं कि अपनी सुविधानुसार कभी कुछ कर्म किया कभी कुछ। यदि हमारी सनातन धर्म पर आस्था है तो तदनुसार ही संस्कार करना चाहिये और यदि आर्य समाज पर आस्था है तो जन्म से लेकर मृत्यु तक के संस्कार उसके अनुसार करने चाहिये। गीता में कहा गया है कि "पर धर्म भयावहः"। उसका तात्पर्य यही है। हम सनातन धर्मी हैं और उसी के बल पर संसार की सर्वोत्तम संस्कृति का निर्माण कर सके हैं। अतः सनातन धर्म के अनुसार संस्कार करने में हमारी भलाई है। गीता में कहा गया है कि पिंड क्रिया न करने से कुल और तदनन्तर समाज नष्ट हो जाता है—"पतन्ति पितरो ह्येषां लुप्त पिण्डोदक क्रिया" (गीता १/४२)

अन्त में एक बात स्पष्ट करना आवश्यक है कि संस्कार एक शिक्षा है और कर्मकाण्ड विधि। देश, काल, पात्र और परिस्थिति के अनुसार कर्मकाण्ड में सुधार हो सकता है, परन्तु संस्कार नित्य हैं। कर्मकाण्ड विवेचना एक वृहद् विषय है और उस पर आज की विशेष परिस्थिति में विद्वज्जन ही प्रकाश डाल सकते हैं। इत्यलम।

अपने बच्चो के उत्तम स्वास्थ्य एवं मानसिक विकास के लिए जन्म से ही लगायें

--: निर्माता :--

खत्री डा० नन्दकिशोर प्रसाद आर्य

मेसर्स-आर्य. फार्मेसी

जहानाबाद (बिहार)

प्लास्टिक इम्पोरियम

Plastick Emporiom

गोकुलपेठ, नागपुर-१०.

प्रो० हरीशंकर कौशल

नागपुर-४४००१०

OMPRAKASH B/O JAGDISHRAI CHOPRA

Chopra & Company

Merritt, Rice Radar Sewing Machins

Dealer City Post Office Road

Nagpur-440002

प्रकाश आटो मोबाईल्स

इण्डियन आयल डील

बिलग्राम, हरदोई

प्रकाश सर्विस स्टेशन

चौराहा बिलग्राम, हरदोई

कपूर मशीनरी स्टोर्स

चौराहा बिलग्राम, हरदोई

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

Gram : MURABBAWALA

Phone Office 29
Resi. 412

MEHRA FOOD INDUSTRIES

MFGS. & SUPPLIERS OF :

"TIRUPATI BRAND" MURABBA

Gurihawala Pech

HATHRAS

Pin-204 101

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

अरोड़ वंश का इतिहास

उत्पत्ति :—

भविष्य पुराण के जिस श्लोक के अनुसार अरोड़ वंशी अपने को त्रेतायुग में हुए महाराजा श्री अरुट का वंशज मानते हैं, वह इस प्रकार है :—

"नाग वंशोद्या दिव्या, क्षत्रियास्म मुदाहृता ।
ब्रह्म वंशोदयवाश्चान्ये, तथा अरुट वंश संभवा ।।"

(भविष्य पुराण, जगत प्रसंग अध्याय १५)

अर्थात् नाग वंश में होने वाले और वैसे ही ब्रह्म वंश में होने वाले तथा अरुट वंश (अरोड़ वंश) में होने वाले श्रेष्ठ क्षत्रिय कहलावे ।

त्रेता युग में श्री परशुराम से सम्मानपूर्वक अभयदान पाकर सूर्य वंशी क्षत्रिय श्री अरुट ने सिंधु नदी के किनारे एक किला बनाकर उसका नाम अरुट कोट रखा जिसे समयानुसार अरोड़ कोट कहा जाने लगा । महाराजा अरुट के साथी और वंशज ही अरोड़ा कहलाये ।

सिकंदर को भी महाराजा अरुट के वंशजों से लड़ना पड़ा था । इतिहास लेखक प्लिनी ने अरोड़ों को 'अरोटुरी' लिखा है । कालांतर में अरोड़ राज्य की गद्दी देवाजी ब्राह्मण के हाथ में आ गई । देवा जी ब्राह्मण के वंशज बौद्ध थे और उनकी राजधानी सिंधु नदी के पूर्वी किनारे पर 'अलोर' या 'अरोड़ कोट' ही थी जिसे आज-कल रोड़ी कहते हैं । अरबों के आक्रमण के समय अरोड़कोट के अंतिम राजा दाहर बड़े प्रतापी थे । उनके शासन काल में अरब आक्रमणकारियों ने समुद्र मार्ग से कई हमले किये, जिन्हें विफल किया जाता रहा । मुहम्मद बिन कासिम के आक्रमण के समय आपसी फूट के कारण अरोड़ कोट हमलावरों के हाथ में चला गया । इस भगदड़ में अरोड़ वंशियों का एक दल जो उत्तर दिशा को चला, वह उतराधा कहलाया, दक्षिण दिशा को जाने वाला दक्षिणाधा और पश्चिम दिशा को जाने वाला दाहिरा कहलाया । इसके बाद अरोड़ वंशियों ने व्यापार और खेती को जीवन-निर्वाह का प्रमुख साधन बना लिया ।

ऐतिहासिक तथ्य :

अरोड़ शब्द की व्याख्या के अनुसार अरोड़ प्रांत के राजा या क्षत्रिय अरोड़ा खत्री कहलाये । इतिहासकार टॉड की राय है कि अरोड़ नगर सिंधु नदी के किनारे पर वर्तमान रोड़ी या अरोड़ी नगर से पांच मील पूर्व की ओर था और सिंधु नदी किसी पुराने समय में अरोड़ नगर के नीचे बहती थी ।

लाहौर विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में मौजूद फारसी में लिखी हुई दो हस्तलिखित पुस्तकों के आधार पर बताया जाता है कि अरोड़ सिंध की राजधानी थी । अरबों के आक्रमण के बाद आठवीं शताब्दी के प्रारंभ में अरोड़ा सिंधु नदी के किनारे-किनारे उत्तर की ओर बढ़ते गये और जहां उन्हें उचित स्थान मिला बसते गये जो व्यवसाय धंधे मिलते गये उन्हीं को अपनाते गये ।

करीब तीन सौ वर्ष बाद जब पंजाब पर आक्रमण हुये तो अनेक अरोड़ वंशी सिंध की ओर लौट गये । कुछ परिवारों के समूह कच्छ और काठियावाड़ में भी जाकर बस गय । जहां उन्होंने स्वयं को लोहा वरना और

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

लोहावर कहा। धीरे-धीरे उच्चारण भेद से वे लोहाने कहलाने लगे। आजकल भी लोहानों में विवाह के समय जो गीत गाये जाते हैं, वे लाहौर की ओर ही इशारा करते हैं।

अरोड़ वंशियों की दिशांतर भेदों के अलावा धीरे-धीरे स्थान और पूर्वजों के आधार पर भी अनेक शाखायें हो गईं जैसा कि उनकी सैकड़ों अल्लों से पता चलता है। अरोड़ वंश की अल्लों का विवरण इसी विशेषांक में अन्यत्र दिया गया है। अरोड़ वंशी स्वयं को कश्यप गोत्र के क्षत्रिय मानते हैं।

अरोड़वंशी और राजस्थान :

ग्यारहवीं शताब्दी के प्रारम्भ में जब पंजाब पर विदेशी आक्रमण हुये तो कुछ अरोड़वंशी राजस्थान की ओर भी चले गये थे। चिरकाल तक उनका सम्बंध पंजाबी अरोड़ वंशियों के साथ भी बना रहा। इस बात के अनेक प्रमाण मिलते हैं कि राजस्थान के अरोड़ वंशी पंजाब से होकर राजपूताना में बसे। शव रैलाना निवासी श्री मोतीलाल के पास मौजूद कुछ हस्तलिखित ग्रंथों में इस तथ्य का उल्लेख मिलता है। अरोड़ वंशी खत्रियों द्वारा बनवाया हुआ श्री दरियाव देव जी का मंदिर श्री पुष्करराज में विद्यमान हैं। इसके अतिरिक्त जिन बड़े कस्बों और नगरों में अरोड़ वंशी बिरादरी के घर अधिक हैं, वहाँ भी श्री दरियावदेव जी के मंदिर स्थापित हैं। राजस्थान में अरोड़ वंशी खत्रियों की ८४ अल्लें हैं।

राजपूताना निवासी अरोड़वंशियों में उत्तराधी, दरवने, डाहरे आदि भेदों का कोई समुदाय नहीं है। अधिकांश लोग इन भेदों से भी अनभिज्ञ हैं। लोगों के रीति रिवाज को देखने से राजस्थान के अरोड़ा दरवने प्रतीत होते हैं। राजस्थान के अरोड़ा लोगों में ज्यादातर व्यापार में लगे हैं। इस शताब्दी के प्रारम्भ में राजस्थान के अरोड़ा समुदाय में एक विधवा के विवाह को लेकर फूट पड़ गई और पूरी बिरादरी दो दलों में बंट गई। यह दलबदी अब दखने में आती है। एक दल का नाम जोधपुरी अरोड़ा खत्री पड़ा तथा दूसरे दल वाले नागौरी अरोड़ा खत्री कहलाते हैं।

अरोड़ वंश में पूज्य श्री अमर लाल (श्री झूलेलाल)

सिंध के नसरपुर शहर में अरोड़ वंशी-ठक्कर-भक्त रतन राय के घर सम्वत् १००७ चैत्र सुदी दूज शुक्रवार प्रातः चार बजे श्री वरुण-दरियाव देव (पूज्य अमरलाल—झूलेलाल) साकार स्वरूप में माता देवकी की गोद में प्रकट हुये। उस समय सिंध में मराव नाम का मुसलमान बादशाह का राज्य था। सिंध की राजधानी तब ठटानगर थी। मराव बादशाह को जब इस तेजस्वी बालक के जन्म का पता चला तो उसने अपने वजीर अह्या को नसरपुर भेजा। वजीर ने भक्त ठक्कर राय के घर नवजात बालक को पालने में देखा। श्री अमरलाल जी ने पालने में ही जो चमत्कार दिखाये, उनसे अह्या नतमस्तक हो गया। अह्या की प्रार्थना पर श्री अमरलाल ने नीले घोड़े पर युवक के रूप में जाकर बादशाह का भी अहंकार दूर किया। आज भी सिंध में पूज्य अमरलाल जी के नाम से उड़ेरालाल ग्राम, सुंदर विशाल मंदिर यथा क्षमायाचक मराव बादशाह द्वारा बनवाया हुआ किला मौजूद है।

सावन भादों मासों में अरोड़वंशी पूज्य अमरलाल दरियाव देव जी को अपना इष्ट मानते हुये वरुण—दरियाव देव का जल के किनारे पूजन करते हैं। राजस्थान निवासी अरोड़ वंशी मिति भादों बदी सात को श्री दरियाव देव का पूजन करते हैं। सिंधी भाई चैत्र सुदी दूज को सारे भारत में पूज्य झूलेलाल का उत्सव दो-तीन दिन तक बड़ी धूम धाम से मनाते हैं जिसे चेटी चंड कहा जाता है।

आभार : प्रस्तुत लेख डा० ओम प्रकाश छाबड़ा द्वारा लिखित पुस्तक "अरोड़ वंश इतिहास" में उपलब्ध जानकारी पर आधारित है।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

अन्त्येष्टि संस्कार में हमारा प्रायः अज्ञान, अदूरदर्शिता, मतभेद एवं भूल-चूक

लेखक—खत्री मदन गोपाल अरोड़ा, मोती नगर, लखनऊ

"ब्रह्म सत्यं जगत मिथ्या" के अंतर्गत जो मूल सत्य है वह यही कि प्रत्येक प्राणी को एक न एक दिन मरना है और उसे कभी न कभी अपने कर्म भोगने के बाद पुनर्जन्म भी लेना है। जहाँ यह सत्य है कि हम हर समय यदि अपनी मृत्यु का ध्यान रक्खेंगे तो अपने जीवन कर्त्तव्यों को उत्साहपूर्वक नहीं कर पायेंगे, वहाँ यह भी कम सत्य नहीं है कि यदि हम इसके विषय में बिल्कुल बेखबर रहेंगे तो भी हम अपने कर्तव्य यथोचित धर्मानुसार पूरा न कर पाएंगे।

विवाह व अन्य संस्कार तो अनेक बार होते ही रहते हैं जिसके बारे में, दक्ष न होते हुए भी हम पर्याप्त जानकारी रखने में रुचि लेते हैं, पर अंत्येष्टि संस्कार हम किसी का एक ही बार करते हैं इसलिए उसके सम्बंध में भी हमें, यथा सम्भव सही जानकारी रखनी चाहिये। यह संस्कार तो किसी न किसी प्रकार हो ही जाता है। क्योंकि यह रोका नहीं जा सकता, पर इसको शास्त्रानुकूल, विधिवत्, श्रद्धा व सामर्थानुकूल करना चाहिये यद्यपि मृतक हमसे शिकायत करने नहीं आता, पर हमारा उद्देश्य उसकी आत्मा को शांतिमय रखने का होता है, अतः हमारी कमियों या भूल-चूक में उसकी शांति भंग होगी और हम अपने कर्म से भी च्युत होंगे।

दो पद्धतियां

इस संस्कार की दो पद्धतियाँ हैं एक सनातनी, दूसरी आर्य समाजी। दोनों में कुछ भेद हैं। पर हम यदि कोई एक सिद्धांत को सदैव के लिये मान लेते हैं तो ठीक है, हमें उसी के अनुसार सभी काम करने चाहिये, पर यदि हम आधुनिक तेज दौड़ने वाले जीवन में, इसी काम के लिये समय का अभाव, सुविधा व चट-पट इसे निपटाकर मुक्त होना चाहें, दो-चार दिन के काम में, पर बाकी दिनों सनातनी रीति से चलते रहें, यह न्याय संगत नहीं है। निसंदेह, आज की माँग है कि बुढ़िया पुराण, रूढ़िवादिता, निरर्थक बातों पर दोनों धार्मिक एवं वैज्ञानिक दृष्टि डालकार, उनमें कुछ परिवर्तन करें परंतु बिना उसकी गहराई समझे उन्हें एकदम समाप्त कर देना उचित न होगा। आज, न तो हमें, हमारे पूर्वजों ने सही मार्ग बताया (क्योंकि वे स्वयं अनभिज्ञ थे), जिन्होंने धर्म ग्रंथों का अध्ययन व सत्संग कर ज्ञान उपार्जित कर बताना चाहा, वह हमने अपनी आधुनिक शिक्षा के कारण लेना न चाहा इसी ढील ढाल से देश की संस्कृति धीरे-धीरे समाप्त होती जाती है इस विषय में हम अधिकांश लोग अज्ञानी हैं, और भूल-चूक करते रहते हैं, प्राणी के मरणासन से लेकर उसके अंतकर्मों तक बहुत कुछ अनभिज्ञता रहती है।

हम सामाजिक गति विधियों को गलत नहीं कहते, हम उतने ही सनातनी हैं जितने वेद, इसलिए हमारी वेदों में कुछ कम आस्था नहीं है। पर प्रश्न यह है कि वेद भगवान् की वाणी होने से श्रुति रूप में सूक्ष्म और

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

गम्भीर है। जिसको हमारे ऋषियों ने भी समझा कि सामान्य मनुष्य को इन्हें पूर्णरूप से समझना व उन पर चलना कठिन होगा, अतः उन्हीं वेदाचार्यों ने उन्हें सरलता व सम्पूर्णता से समझाने के लिये पहले उपनिषद्, फिर स्मृतियाँ व पुराण रचे और उनमें कर्मकाण्ड के विषय में वैज्ञानिक दृष्टिकोण से लिखा। यदि वेद पर्याप्त थे, तो फिर अन्य शास्त्रों-पुराणों की आवश्यकता ही न थी।

उचित व्यवस्था

जब किसी प्राणी का निधन होता है तो संतप्त परिवार के सदस्य तो कर्तव्यविमूढ़ से हो जाते हैं और अन्य आगंतुक एक दूसरे का मुँह ताकते हैं या अपनी-अपनी पक्की।कच्ची राय देते हैं—जैसा कुछ उन्होंने प्रायः सुना, देखा हैं, या जैसा वह आज के समय में अति सुविधाजनक समझते हैं। सत्य तो यह है कि हममें से कितनों ने वेद पढ़े या देखे भी हैं और किन-किन शास्त्रों व पुराणों का ज्ञान हमें होता है। जिन्हें कुछ अनुभव है भी वे संकोच करते हैं राय देने में कि उनकी बात आधुनिक काल में मान्य न होगी अतः चुप रहना ही बुद्धिमानी है। इसलिए आवश्यक है कि निकट सम्बंधियों, मित्रों में एक दो को चित्त शांत व बुद्धि प्रखर रखनी चाहिये जिससे मृतक के सब संस्कार श्रद्धा व वैज्ञानिक रूप से हो सकें। निःसंदेह, वह हमसे शिकायत करने नहीं आयेगा, उसको अपने कर्मानुसार सुख दुख भी भोगने हैं, परंतु उसकी सुख शांति के लिये जो हमें शास्त्रों ने निर्देश दिया है, हम अपना कर्तव्य अवश्य पूरा कर दें। यदि यह कहा जाय कि शरीर भस्म हो गया, आत्मा अमर है, हमारे कुछ भी करने से सिद्धार्थ समय नष्ट के और क्या होगा तो आखिर वह सूक्ष्म व कारण शरीर जिसे सुख-दुख भोगते हुए पुनः जन्म लेना है, उसके निमित शास्त्र क्यों गढ़े जाते और आज के लिये उपहास बनते? विषय बहुत बड़ा है जिस पर पुस्तक लिखी जा सकती है अतः इस लम्बे लेख में ही बहुत सूक्ष्म में ही सब कृत्यों पर कुछ अपनी अल्प बुद्धि के अनुसार प्रकाश डालने का प्रयास किया गया है और हर पाठक को इससे असहमत होने का अधिकार होते हुये उनके विचार आमंत्रित हैं।

अन्तिम समय की व्यवस्था

जब प्राणी मरणासन्न समझा जाता है, भले ही उसे थोड़ा बहुत होश हो, पर यदि उसके बचने की कोई आशा नहीं है तो अनेक बातों पर पहले से विचार कर रखना चाहिये भले ही अपने मन की शांति के लिये औषधियाँ भी चलती रहें। पर अन्त समय की मुख्य-मुख्य औषधियों को न भूलें।

(१) यदि घर में तखत उपलब्ध हो तो बजाए खाट-पलंग के तखत पर ही लिटाया जाय। बीच-बीच में पवित्र गंगा-जल तुलसी-दल देते रहें। (३) बजाए उससे सांसारिक, घर गृहस्थी, व्यवसाय, बाल-बच्चों व मोह जाल की बातें करने, पूछने आदि के उससे भगवन नाम उसके इष्ट का नाम लेते रहने का अनुरोध करें, उसके इष्ट के चित्र का दर्शन कराते रहें यह कह कर कि दर्शन व नाम से कष्ट दूर होगा। (४) यदि वह होश खो बैठा है तो उसके निकट रहने वाला व्यक्ति मन में ही जाप करता रहे। (५) जब तक प्राण हैं कोई एक व्यक्ति वहाँ बैठकर गीता, रामायण आदि का पाठ करे ताकि कुछ ध्वनि उसके कानों तक पहुँच सके क्योंकि शायद बोल बन्द हो गया हो पर कर्ण इन्द्रिय कुछ स्वस्थ हो? (६) यह पहले सोच रक्खें कि प्राणान्त पर उसे कहाँ लिटाना है ताकि उस स्थान को वैज्ञानिक रूप से पवित्र किया जा सके। (७) लिटाने वाले स्थान की भूमि कितनी साफ सुथरी संगमरमरी हो, फिर भी उस पर गोबर का लेप लगाकर कुशा बिछा दें और काले तिल छिड़क दें फिर एक चादर बिछाकर, प्राण निकलने के पूर्व ही लिटा दें ताकि प्राण भूमि पर ही निकलें। उसके पैर दक्खिन की ओर ही रक्खें। चूंकि उत्तर में स्थित ध्रुव के आकर्षण से प्राण आकर्षित होकर पैरों में खिचकर सिर की तरफ होकर ऊपर छिद्रों से ही निकल सकें। (८) सम्भवतः उसके होश रहते, अन्यथा प्राणान्त

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

के पूर्व सामर्थ्यनुकूल कुछ द्रव्य दान करा दें। उपरोक्त बातों का प्रयोजन क्या है? शास्त्रों ने मरण काल में प्राणों की गति ऊर्ध्वमुखी होना श्रेयकर बताया है, अर्थात् मुख, नेत्र, नाक, कान आदि के छिद्रों से प्राणों का निकलना (कपाल से तो प्राण पहुंचे हुए योगियों के ही निकलते हैं) बजाय अधोमुखी रीति (गुदा, लिंग आदि) से। शास्त्रानुकूल अधोमुखी प्राणान्त से पुनः जन्म पशु-पक्षी का होता है या नरकगामी।

स्थान की वैज्ञानिक पवित्रता

इसको बचाने के लिए वैज्ञानिक कारण यह बताया गया है कि पृथ्वी की आकर्षण शक्ति प्राणी के प्राणों को अपनी ओर खींचने से अधोमुखी कर देती है, अतः गोबर का लेपन व कुशा प्राणों की गति को ऊर्ध्वमुखी करने में सहायक होते हैं क्योंकि यह दोनों विद्युत असंचालक होते हैं। (तभी पूजन पर बैठने के लिये भी पटरे के ऊपर या जमीन में ही पहले कुशासन, फिर मृग चर्म तब कोई वस्त्र (गद्दी) रखने का विधान गीता में बताया है)। तिल प्रेत बाधा नाशक होने से डाले जाते हैं। गंगा जल व तुलसी दल भगवान की प्रिया है अतः उनका सम्मान, भगवान का ही सम्मान होता है और उनकी दया भी प्राप्त हो जाती है। मरते समय प्राणी को प्रायः उसके पाप याद आने पर बड़ा कष्ट होता है इस कष्ट को कम करने के लिये भगवत् नाम से सांत्वना मिलती है। भगवान राम के स्मरण कराने के लिये गीता के ८वें अध्याय के ५वें श्लोक में भगवान ने स्वयं कहा है कि "जो अन्त काल में मेरा स्मरण करता हुआ शरीर त्याग कर जाता है वह मेरे स्वरूप को प्राप्त होता है—इसमें भी कुछ संशय नहीं है"। यद्यपि होना तो सब कुछ उसके कर्मानुसार ही है—पर यदि उसमें कुछ लाभ मिलने का उपाय न होता तो बताया ही क्यों जाता? आखिर ज्योतिषियों से उपाय पूंछ कर हम क्यों चलते हैं? कर्म मिटते नहीं पर कष्ट कम अवश्य हो सकता है। यथा विधि और यथा समय यथोचित औषधियाँ प्राण बचाने में भी समर्थ हो जाती हैं, इसलिये हमें अपना कर्तव्य करना ही चाहिये।

स्थान की कीटाणु नाशक व्यवस्था

शरीर में और उसके इर्द-गिर्द रोग के कीटाणु तो रहते ही हैं, दिन में मृत्यु होने से दाह के समय तक काफी समय लग जाता है और रात्रि में मृत्यु होने से बहुत अधिक समय तक शव घर पर ही रहता है, अतः दुर्गन्ध भी फैलने लगती है। अतः उसके चारों ओर बीच-बीच में गुलाब जल (जो पहले से मँगा कर रख ले) छिड़का जाया करे, एक कोयले की अंगीठी सुलगा कर उसमें निरन्तर गूगल या लोहवान जैसी औषधियाँ पड़ती रहें, सुगंधित (शिव रंजनी जैसी) अगर बत्तियाँ जलती रहें, ताकि इससे व गोबर के लेपन (जो कीटाणु नाशक होता है) कीटाणु भी मरे और दुर्गन्ध भी कम हो। उस स्थान में एक दीपक दिन रात जलता रहे। क्योंकि प्राण वायु को अन्धकार से गुजरना पड़ता है जैसा कि मरने के कुछ समय बाद जीवित होकर लोगों ने अपने अनुभव बताए हैं।

रात्रि कार्य-क्रम

रात भर बारी-बारी से दो व्यक्ति वहाँ बैठ कर मद्धिम स्वर में कीर्तन किया करें (सबका जागना उचित नहीं) क्योंकि उसका सूक्ष्म शरीर वहीं रमण करता रहता है। रोया पीटी न हो। यदि गर्मी की रात है तो बरफ की एक सिल्ली पर लिटाना आवश्यक है।

अब सूचना मिलने पर सम्बन्धियों का आना आरम्भ होता है। यदि रात को इतना समय हो कि समाचार-पत्रों में सूचना दी जा सके तो अवश्य भेज दी जाए ऐसा लिखकर किसी को समझने में कोई संशय न हो, वरना प्रातः भेज दें और सम्बंधी व मित्र यथा सम्भव अपने फोन, नौकर या अन्य माध्यम से सम्बन्धित लोगों को सूचना भिजवाने में स्वयं ही सहायता करें—करते भी हैं।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

आगतुकों का कर्त्तव्य

ऐसे कृत्यों पर सभी शुभ कुछ कृत्यों की तरह वातावरण होते हुए भी कार्य विपरीत तरीकों से ही किये जाते हैं; अर्थात, आने पर किसीको भी नमस्कार आदि से अभिनन्दन नहीं किया जाता, जैसा कि अब करने लगे हैं। आने वालों के लिये बैठने की साधारण सी सुव्यवस्था कर दें, परन्तु उस समय चाय-पानी नहीं देनी चाहिये जैसा कहीं-कही देखा गया है।

देखा गया है कि प्रायः लोग अपने सूट बूट में व महिलाएं छटकीली रंगीली साड़ी में आती हैं। यदि उन्हें हाजिरी देकर बाहर ही-बाहर चले जाना है, तब तो ठीक है, अन्यथा इस पर विचार करें कि अन्य भिन्न-भिन्न स्थानों में अर्थात दफ्तर, उत्सव, किसी बड़े अधिकारी आदि के पास तो उसी तरह के वस्त्र पहने जाते हैं तो क्या इस समय के लिये भी वही ठाठ वाले कपड़े उपयुक्त हो सकते हैं ? साथ में श्मशान तक जाने वालों को बहुत साधारण–पजामा–धोती-कुर्ता (जाड़े में स्वेटर) आदि ही ठीक जान पड़ता है यदि स्वास्थ्य-विज्ञान (हायजनि) का कोई महत्व है तो साथ जाकर कन्धा देकर वहीं नदी में नहा कर घर आना चाहिये (भले ही घर में दुबारा नहा लें यदि चाहे तो) इसलिये साथ में बदलने वाले वस्त्र भी ले जाना चाहिये। इसे एक दुःखोत्सव समझें।

यथोचित दाह विधि का निर्णय

उस समय की यथोचित सामग्री की बहुतों को अनभिज्ञता रहती है भूलें हो जाती हैं (जो यहाँ बताने में लेख बहुत बढ़ जायेगा) पहले निश्चित करना है सामाजिक पं० से कृत्य करवाना है या सनातनी से। निसन्देह मन्त्रों द्वारा आहुति से दाह करना सर्वोत्तम है। समाजी पं० का कहना है कि वह वेद मन्त्रों द्वारा आहुति दिलवाते हैं। सनातनी का कहना है कि (१) वेद में अन्त्येष्टि संस्कार के मन्त्र न होकर पुराणों में है, (२) वेद अत्यन्त पवित्र होने से उनके मन्त्रों को ऐसे कृत्य के लिये उपयोग करना भी उचित नहीं है। हम न वेद के मन्त्रों से परिचित होते हैं न पुराणों के मन्त्रों से। पर यदि पौराणिक मन्त्रों से आहुति द्वारा दाह हो सकता है तो क्या हर्ज है ?

दाह एवं कलाप क्रिया विधि

दूसरे, समाजी लोग कपाल क्रिया को वेदोक्त नहीं बताते। यदि ऐसा है भी तो क्या हम इसके अलावा वेदों की अन्य बातों को मानकर चलते हैं शास्त्रानुकूल व वैज्ञानिक दृष्टि से कपाल क्रिया होनी चाहिये। अन्य अंगों से कड़ी छाती और उससे कड़ा कपाल होता है जो पूर्ण रूप से जलने में बहुत समय लेता है। दूसरे हमारे जीवन भर की व मरते दम तक की इच्छाएं वासनाएं होती हैं वे दिमाग में ही तो रहती हैं। प्राणान्त के बाद भी वासनाएं कपाल में काफी समय तक न रहे इसलिए उसका जलाने के एक घन्टे बाद भेदन कर देना आवश्यक है। इसके न करने में लाभ क्या है ? और करने में हानि क्या है ? करना ज्यादा समझ में आता है। ऐसा निश्चित करके वैसे करें, आचार्य को बुलवाकर या वहाँ जाकर सामान पूंछ ले साधारणतया निम्नांकित सामान होता है–

यथोचित सामग्री-व्यवस्था

प्राणी के वजन के हिसाब मे बांसों की मोटाई, दो ठोस बांस साधारण ७ फिट लम्बे, उनमें जोड़ने वाले २ गोल डन्डे और ७-८ बीच से चिरे हुए, पर्याप्त फूस, लंकलाट लगभग ६ फिट नीचे के लिये, इतना ही ऊपर के लिये, चौड़ाई २॥-३ फिट, वृद्ध के लिये एक सामर्थानुसार शाल, ५ फिट का कपड़ा (मलमल मोटी) प्राणी के गुप्तांग को ढकने के लिये, दो फिट की पट्टी सर पर बांधने के लिये, (स्त्री के लिये पूरी नई धोती, सुहागिन के लिये पूरा शृंगार) एक घड़ा, एक कुल्हड़, हवन सामग्री दाह भर को लगभग १ किलो घी देशी

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

लगभग आधा किलो, चीनी २५० ग्राम, मखाने २५० ग्राम, गोला, चिरौंजी, किशमिश १०० ग्राम, चन्दन आधा किलो, २ जनेऊ, दही १०० ग्राम, बेसन १०० ग्राम, एक शीशी इत्र, एक अद्धा गुलाब जल, मजबूत सुतली व मौली लगभग ४०० ग्राम, फूल जितने भी हों, दो लड़ें लगभग ६ मीटर की तीन चार सुन्दर सुगंधित फूलों की, मालाएं तीन चार छोटे कलकतिया गोले। दाह संस्कार करने वाले के लिये दो धोती, दो बनियान, एक अंगोछा (जाड़े में एक पुलोवर पूरी बांह का)। इसमें जो कुछ कम ज्यादा करना हो पं० जी से व अनुभवी लोगों से पूँछ कर परिवर्तन कर लें तथा निजी कुल की रीति के अनुसार भी कुछ परिवर्तन हो सकता है।

दाह कर्ता कौन हो ?

इस बात को प्रायः सभी मानते हैं कि माता और पिता दोनों का दाह मुख्यतः ज्येष्ठतम पुत्र को ही करना चाहिए (माँ का भी दाह उसका पति नहीं करेगा यदि पुत्र है तो) उसके बाद सबसे छोटे पुत्र को करना होता है सन्तान की उत्पत्ति का मूल उद्देश्य है—माता-पिता को अपने हाथों उनके दैवी स्थान के लिये विदा करना। पुत्र का प्रथम कर्तव्य यही होता है कि अपने माता-पिता की जीवन भर सेवा करने के बाद उनका अन्त्येष्टि कृत्य कर ऋण से उद्धार होना और जो स्वरूप को सबसे अधिक सुन्दर बनाने वाले 'बाल' हैं उनको उस दिन उनके निमित्त मुड़वा डालना (पिता के लिये मूँछ भी)।

बाल मुड़वाने की आवश्यकता

पहले यह संदेह था कि बाल मुंडवाना शास्त्रोक्त न होकर लौकिक व अशुभ सूचना का प्रतीक है और प्रमाण में कहा जाता था कि दशरथ के मरने पर भरत-शत्रुघ्न ने बाल नहीं मुंडवाए और जब वह राम से बन में मिलने गए तो वशिष्ट ने उनसे तर्पण व पिण्ड दान करवाया, बाल नहीं मुड़े। इसका उत्तर यह है कि बड़े भाई राम के होते भरत या शत्रुघ्न बाल देकर उत्तराधिकारी बनना नही चाहते थे (दाह को नहीं रोका जा सकता था) और राम, वन यात्रा में अपने वन की वेष भूषा को बदलने में असमर्थ थे तीसरे वैज्ञानिक दृष्टि से बालों के माध्यम से कीटाणुओं का प्रवेश जल्द होता है। दाह कर्ता निकटस्थ होने से उससे बचने के लिये बाल मंड़वाता है। अन्य भाई दसवें के दिन।

मृतक का स्नान

अतः दाह कर्ता अपना क्षौर करवा कर सर पर दही से सर मलकर उसकी गर्मी शांत करे, स्नान करे, जनेऊ बदले, नई धोती पहन कर अब प्राणी को स्थान कराए। प्राणी के शरीर का वस्त्र हाथ से या चाकू से (कैंची से नहीं) चीर कर निकाल दे। सारे शरीर में बेसन घोल कर मले (जो कीटाणु नाशक है) फिर जल से खूब अच्छी तरह स्नान कर सफाई करे यदि गुदा में मल हो तो उसे भी दूर करे। बदन पोंछ कर गुप्तांक ढके, जनेऊ डाले इत्र शरीर में लगा दे, गुलाब जल छिड़के, फिर तैय्यार अर्थी पर लिटाए। पुष्पों से सुसज्जित कर सुतली व मौली के संयुक्त जड़ से मजबूती से शव को, इस भावना से बांधे कि 'आज हम आपकी अमर आत्मा को, श्रद्धा व प्रेम से सुसज्जित कर, सदैव याद रक्खेंगे और आपके इस पुराने चोले को पंचतत्व में मिश्रित कर देंगे ताकि आपका सूक्ष्म शरीर दूसरा नवीन वस्त्र (शरीर) धारण कर सके। हमारा आपका सम्पर्क अब विभिन्न नाशवान शरीरों से न रह कर आपकी अविनाशी आत्मा से ही रहेगा जिसकी स्मृति को हम प्रत्येक वर्ष (कनागतों में आज की ही तिथि पर) ताजा रक्खेंगे।

लोक रीति

फिर, बहुएं, बच्चे, पोते आदि (जो भी उपस्थित हों) अपने कुल रीति के अनुसार, उनके चरणों में एक गोला रख कर अंतिम प्रणाम द्वारा उनके अचल आशीर्वाद की प्रार्थना करें।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

पत्नी की चूड़ियाँ

कहीं-कहीं मृतक की पत्नी शोक के भावावेष में आकर, पति की मृत्यु पर ही अपनी कांच की चूड़ियां खण्डित कर पटक देती हैं, पर कहीं कुछ कुलों में (जो एक उत्तम प्रथा लगती है) उतार तो तुरन्त देती हैं, परन्तु अर्थी तैय्यार होने के बाद वह उतरी हुई चूड़ियाँ अर्थी में वस्त्र के नीचे, इस मानसिक भावना से दाब कर रख देती हैं कि 'जो आपके कारण मेरे सुहाग की एक प्रतीक मेरे करों में थीं उसे आप के साथ इस प्रतिज्ञा के साथ लौटाती हूं कि अब इस जीवन में यहाँ न पहन कर आपसे मिलने पर आपके हाथों द्वारा ही पुनः पहनूंगी और अंतिम प्रणाम के साथ भगवान से उनकी आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना करें (ऐसा तभी चूड़ियों के लिये भावना प्रगट की जाए जब बाल विधवा होने के कारण दूसरे विवाह की सम्भावना न हो)। वह चूड़ियां शरीर के साथ ही भस्म हो जानी चाहिये-(महा-पात्र न ले ले)। (आज कल कहीं-कहीं आधुनिक संस्कृति वाली महिलाएं कांच की चूड़ियाँ पहनती भी नहीं हैं)।

शव वाहन में आध्यात्मिक वातावरण

शव को, शव वाहन तक कन्धे पर ले जाते समय उसके पैर मार्ग की ओर ही होने चाहिये (जिसकी कभी कभी भूल से सर-उधर कर दिया जाता है)।

शव वाहन में बैठ कर, बजाए इधर उधर सांसारिक बातों के केवल राम ध्वनि सब मिल कर श्रद्धा-पूर्वक करते रहें। यदि एक ही ध्वनि से जी ऊबे, तो कोई एक नाम कीर्तन की कड़ी कहें, बाकी सब उसे दुहराएं। १०-२० मिनट का रास्ता आध्यात्मिक वातावरण में कट जाने से उस सूक्ष्म भ्रमित शरीर की सेवा और इसी बहाने, स्वयं कुछ घड़ी भगवत् नाम से लाभ होगा।

दाह संस्कार

श्मशान पर, शरीर के वजंन के अनुरूप लकड़ी ८ से १० मन तक क्रय कर सब उपस्थित लोग टाल से चिता के स्थान तक लाने व शरीर पर रखने की अन्तिम सेवा करते ही हैं।

तत्पश्चात्, आचार्य मन्त्रों द्वारा, दाह-कर्ता से अग्नि प्रज्वलित करवा दाह कर आहुतियाँ छुड़वाएं। इस कार्य में कोई अन्य भाई तक भी हाथ न लगाए केवल दाह कर्ता ही इस कार्य को करे व आहुतियाँ दे।

शान्ति उपदेश आगे के कार्यक्रम का निश्चय व स्नान आदि

जितनी देर शरीर जले, लगभग एक-डेढ़ घन्टा रुक कर आचार्य द्वारा शांति उपदेश सुने ताकि संतप्तो का शोक निवारण हो।

नदी पर ही स्नान

यथा सम्भव, स्वास्थ्य-विज्ञान के अन्तर्गत सभी लोगों को वहीं नदी पर स्नान करना चाहिये (भले ही घर आकर भी यदि चाहें तो दुबारा स्नान कर लें)। क्योंकि शव स्पर्श के बाद अधिक समय तक अपवित्र शरीर रखना स्वास्थ्य विरोधी होगा। स्नान के पूर्व और शांति उपदेश के बाद वहीं घर वाले अन्य कृत्यों की तिथियाँ निश्चित कर उपस्थित जनों को बता दें ताकि फिर उन लोगों के घर दुबारासूचना दिलवाने की असुविधा से बच जाए। जो नहीं पहुंच पाए हैं उस दिन, उनको किसी प्रकार सूचना भिजवाई जा सकती है।

साधारण जल-पान

यदि मृतक वृद्ध जल रहा है, तो श्मशान से लौटते समय किसी उपयुक्त स्थान पर अथवा चाय की दुकान पर रुक कर साधारण चाय-साथ में कोई एक नमकीन या बिस्कुट से थकावट दूर कर दें, अथवा घर पहुंच कर

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

बिदा करने के पूर्व ऐसा करें। इस समय दाह कर्ता सबों को बिदा करते समय धन्यवादी नमस्कार करता है और सब लोग भी प्रति उत्तर देकर लौट जाते हैं।

संतप्त परिवार के लिए भोजन की व्यवस्था

इस बीच घर की अन्य स्त्रियाँ आदि उस स्थान की सफाई कर स्वयं भी नहा चुकती हैं। परन्तु स्वाभाविक है कि उस दिन घर में चूल्हा जला कर खाना नहीं बनाया जाता। ऐसे अवसर पर कोई एक अन्य सम्बन्धी, मित्र, पड़ोसी आदि अपने घर या बाजार से संतप्त परिवार के सदस्यों के लिये भोजन की व्यवस्था कर देते हैं जो करनी भी चाहिये। परन्तु मालूम हो जाए ताकि एक से अधिक लोग खाना दुहरा न दें। ऐसा होना तो उस संध्या के लिये भी अन्य द्वारा चाहिये, पर आमतौर पर दिन का ही किया जाता है।

शान्ति हवन व पिंड दान ?

अब दूसरा एक गंभीर प्रश्न उठता है कि सामाजिक रीति से क्या चावथे (चौथे दिन) हवन शांति कर पूर्ण शुद्धि व अंतिम कामों से मुक्ति पा ली जाए या पिण्ड दान आदि की प्रथा निभाते हुए दसवें के दिन शुद्धि मानी जाए ? पिण्ड करना क्या जरूरी है ? सूतक क्या उस दिन तक माना ही जाए आदि ? पहले चावथे तक की बात कर लें तब आगे समझें।

अस्थि चयन

लेकिन इसके भी पूर्व तीसरे दिन चिता पर जाकर दाह-कर्ता अस्थि चयन करें। यदि कहीं दूर गंगा में प्रवाह कराना है तो उसे किसी पात्र में रख कर के घर के निकट किसी 'पीपल' या अन्य वृक्ष के समीप सुरक्षित रखवा दें ताकि उसे बाहर ले जाने वाला निर्धारित दिन ले जाकर वहाँ मध्य धारा में प्रवाह कर दे, अन्यथा वहीं जो नदी हो, नाव या अन्य साधन से किनारे से कुछ सीमा तक आगे जाकर प्रवाह कर दे और प्रणाम करे। जहाँ से अस्थि चयन की हैं वह स्थान जल से भली भांति स्वच्छ कर वहाँ रोली से सतिया 卐 बनाकर वापस आ जाएँ (वहीं स्नान करने के बाद)।

चावथा

इस दिन नगर से बाहर अथवा दूर रहने वाले सम्बंधियों व मित्रों को औपचारिक सूचना-पत्र भेजने होते हैं। यह कार्य सूर्यास्त से पहले समाप्त हो जाना चाहिये। लोग लगभग चार बजे से आना आरम्भ करते हैं। समय बचाने के लिये कुछ घर के प्राणी पहले से बैठकर पोस्ट कार्ड लिख रक्खें ताकि न तो आने वालों को अधिक रुकना पड़े न कार्य में देर हो। पत्र में कुछ भूलें आजकल लिखने व कोना फाड़ने में होती रहती हैं। इस पत्र में कोई 'सरनामा' जैसे बन्धु, महोदय आदि नहीं लिखना चाहिये। बाईं ओर का कोना फाड़ने की सुविधा के लिये खड़ा (वर्टिकल) पोस्टकार्ड जिसमें पीछे पते का स्थान नीचे की ओर हो, पत्र लिखें जिसमें साधारण पर स्पष्ट मृतक का नाम, मृत्यु की तारीख व दिन और अगले कार्यक्रम की तिथियाँ लिखी हों। इससे भी पूर्व, जो कभी न भूलें, ऊपर दाहिनी ओर अपना स्पष्ट पूरा पता अवश्य लिख दें ताकि किसी को संवेदना पत्र भेजने में असुविधा न हो। (पता लिखने की भी भूल देखी गई हैं)। सबों के एकत्रित होने पर १ पत्र का आलेख सबों को सुना दें, ताकि कोई भूल चूक हो तो मालुम हो जाए तथा आगामी कार्यक्रम की इन्हें भी सूचना मिल जाए। इसके बाद सब विदा हो जाएं।

चूंकि अभी पूर्ण शुद्धि नहीं हुई है, इसलिये दाहकर्ता हवन द्वारा देवताओं को आहुति नहीं कर सकता। परंतु उस स्थान को पवित्र रखने के लिये, रोज धूप, अगरबत्ती आदि बीच बीच में जलती रहें, दीपक भी जला करें और दाह कर्ता उसी स्थान में तखत पर, पवित्रता व ब्रह्मचर्य से दस दिन तक सूतक में रहे। आजकल

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

के व्यस्त जीवन में इतने दिन तक बंधे रहना सबों को खलता अवश्य है—पर इसकी आवश्यकता को अमान्य तभी किया जा सकता है जब शास्त्रों को अमान्य कर दिया जाएं यह कह करू कि इस वैज्ञानिक युग में यह सब अर्थहीन है। पर शास्त्रों ने विज्ञान को भली भांति समझ रक्खा है।

वशिष्ठ और राम क्या वेदाचार्य न थे जो उन्होंने वन में राम से तर्पण व पिण्डदान करवाया? क्या पाण्डव वेद ज्ञाता नहीं थे? गीता में प्रथम विषाद-योग अध्याय श्लोक ४२ में अर्जुन ने क्यों कहा कि पिण्ड और तर्पण की क्रिया लोप हो जाने पितर नरक में गिर पड़ते हैं (पतंति पितरो ह्येषां लुप्त पिण्डोदक क्रिया)। एक ओर हम सनातनी होकर मूर्ति पूजक होते हैं, मित्रों के विषय में यह सब खटराग समझते हैं। कष्ट पड़ने पर बुढ़िया पुराण व टुटका टोना भी मानते हैं--वैसे समाजी विचार रखते हैं। अर्थात सुविधानुकूल जिस समय जो बात अनुकूल होती है वही मान लेते हैं न कि कोई सिद्धान्तानुकूल।

पिंडत्व श्राद्ध की व्याख्या व आवश्यकता

गीता के विषाद योग में ही व्याख्या की गई है कि "पिण्डदोक" क्रिया परम वैज्ञानिक है जो मन्त्रों एवं पदार्थों की अलौकिक शक्तियों के योग से सिद्ध होती है और इसीलिये यह विद्या 'पदार्थ विद्या और 'आत्म विद्या' दोनों से सम्बन्ध रखती है। पिण्ड से अभिप्राय इस शरीर रूप पिंड से है जो रोम, चर्म, रुधिर, मांस इत्यादि के मिश्रण से बना हुआ है, 'उदक' का अभिप्राय जीवात्मा (चेतना) से है। इसलिये इस शरीर और आत्मा दोनों के कल्याण निमित्त जो वैज्ञानिक क्रिया की जाती है उसे 'पिण्डोदक' क्रिया कहते हैं जिस प्रकार ९-१० मास में गर्भ में बच्चा विकसित होता है, उसी प्रकार एक पिंड रोज-दस दिन तक करने से सूक्ष्म शरीर के उसमें प्रवेश हेतु नवीन शरीर का (प्रतीक रूप) निर्माण किया जाता है। (वैसे तो अपने कर्मानुसार उसे कौन से जीव का शरीर धारण करना है किसीको पता नहीं, पर अपने कर्तव्यानुकूल हम उसके पुनर्जन्म को मनुष्य रूप में भी होने हेतु एक प्रक्रिया करते हैं। आज तक नवयुवक वर्ग, कुछ वयस्क वर्ग नवशिक्षित व शास्त्रों से अनभिज्ञ होने के कारण इन कामों से विमुख रहते हैं। चूंकि प्रायः जब लोग बातों में रुचिकर नहीं होते, अतः उनमें कुछ सुनने का भय नहीं रहता, जाने वाला कुछ कहने आएगा नहीं। इसी प्रकार श्राद्ध कर्ता अपनी संकल्प शक्ति से मंत्र शक्ति तथा द्रव्य शक्ति (अर्थात श्राद्ध में समर्पित सामग्री व द्रव्यों की शक्ति से पितरों को सहायता करते हैं जिससे शक्ति संयोग द्वारा प्रेतत्वनाश अथवा पितृलोक वासी पितरों की तृप्ति और उन्नति होती है। इसी कारण सन्तान को ही श्राद्ध करने का अधिकार है क्योंकि पिता माता का आत्मज होने के कारण उनके साथ अपनी आत्मा की समभूमि रहती है। सन्तान के लिये आवश्यक है कि वह जनेऊ का परित्याग कर द्विज से अद्विज न हो वरना श्राद्ध करने का अधिकार नहीं हो पाता। इस लेख में जनेऊ की महत्ता को समझाने का स्थान व अवसर नहीं हैं। यह भी एक हास्यप्रद स्थिति होगी कि जब कभी किसी कर्म करने के लिये जनेऊ की आवश्यकता हो तब पहन लिया जाया करे, बाकी समय उतने बड़े बोझ को उतार फेंक दिया जाए यह समझ कर कि सूत के कुछ तार का महत्व ही क्या हो सकता है। वह पुरुष के वक्षस्थल का एक सुन्दर महत्वपूर्ण एवं शोभनीय आभूषण भी है। खैर मजबूरी में समय पर भी पहन लिया जाए तो कुछ तो सान्त्वना मिलेगी ही।

आर्यों में पिंड श्राद्ध आदि कर्म बहुत प्राचीन काल से चले आ रहे हैं, सारे धर्म सूत्रों और गृह्य सूत्रों में इनका निरूपण है। हम सब आर्य ही तो हैं। कान्य कर्म (वैदिक हो या लौकिक) सांगोपान न करने से वांछित फल नहीं मिलता, उल्टा प्रत्यावाय (विधि के उल्लवन का पाप) ही होता है।

इसके अतिरिक्त यह सभी जानते हैं कि कुछ भी ध्वनि या मुख से शब्द निकलता है वह आकाश में व्याप्त हो जाता है, क्योंकि आकाश का गुण ही शब्द है और इसी आधार पर ही तो वैज्ञानिकों ने आकाश तरंगों

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

से रेडियो के माध्यम से गाने, बात चीत, भाषण दूर दूर तक पहुँचाने में समर्थता प्राप्त की है। तो क्या मंत्रों की शक्ति तथा संकल्प रूप शक्ति हमारी भावनाओं को पितरों तक नहीं पहुंचा सकती बशर्ते विद्वान, सदाचारी, मंत्रों के सही उच्चारण में दक्ष यह सब कर्म कराए ? श्रद्धा से ही श्राद्ध बना है श्रद्धा भी तीव्र होनी चाहिये। सनातनी सिद्धान्त हैं कि हमारा सम्बन्ध केवल शरीर तक ही होने से समाप्त नहीं हो जाता, अपितु आत्मा से निरन्तर सम्बन्ध के हेतु उसकी स्मृति को न भुलाने के लिये ही श्राद्ध द्वारा अपनी श्रद्धा अर्पित करते रहते हैं।

यदि यह सत्य न होता तो शब्द टैलिपैथी की उत्पत्ति व मान्यता–जिसका अर्थ है (Communication between mind & mind otherwise than through known channels of senses) क्यों होती? प्लैन्चेट द्वारा आत्माएं बुलाकर कैसे बातचीत की जाती ? परमहंस योगानन्द जी के गुरू श्री मुक्तेश्वर जी निधन के बाद स्वर्ग से उतर कर सशरीर योगानन्द जी को दर्शन दे गले मिल स्वर्ग का विस्तृत वर्णन कर अन्तर ध्यान कैसे हो गए ? आज हमारे शास्त्रों को समझ कर उस पर चलने वाले अमेरिका, जापान, जर्मनी, लन्दन आदि में बढ़ते जा रहे हैं। ठीक है, बहुत कम हैं, पर ऐसा नहीं कि खोज पर कोई न मिल सके। फिर सच्ची भावना जो हमारे मन की है अर्थात 'संकल्प' वही हमारी मनन शक्ति हमें मनोवैज्ञानिक शान्ति दे सकती है कि हमने अपने पितृ के प्रति कर्तव्य पूरा कर दिया।

अत: बिना विश्वास वाले को, यह सब कुछ, दुनिया दिखावे को या समझ कर कि 'हमारे माता-पिता ऐसा चाहते थे इसलिये कर रहे हैं, नहीं करना चाहिये, क्योंकि इसमें वह शक्ति न होगी जिससे मृत्यु तक भावना पहुंच कर किसी को भी वांछित शान्ति मिले। यदि विश्वास है तो पहला पिंड मृत्यु स्थान पर, दूसरा द्वार पर, तीसरा विश्राम स्थल पर, तीन पिंड चिता पर करने होते हैं। फिर एक पिंड, रोज, दसवें तक किसी नदी पर या पीपल के वृक्ष के नीचे करना होता है जो आचार्य रोज कराता रहेगा। ग्यारहवें दिन का पिंड महा पात्र द्वारा करवाया जाता है।

बाद को सबों के साथ दाह कर्ता किसी मन्दिर में जाए, प्रार्थना करे कि 'उसके पितृ को शान्ति प्राप्त हो तथा उसको अब उनका उत्तरदायित्व सुचारुता से सम्हालने की शक्ति प्रदान करें और उनके उत्तम पथ पर चलने की प्रेरणा दें। फिर कुछ हरा साग या फल खरीद कर घर आकर आगंतुकों को धन्यवाद सहित विदा कर दें।

दसवां

दसवें के दिन इस कृत्य के बाद, अन्य निकटस्थ भाई आदि भी बाल बनवाए (दाह कर्ता तो बनवायेगा ही) और स्नान आदि से पवित्र हो, घर पर विधि पूर्वक उसी स्थान पर हवन करें, आचार्य को भोजन कराके श्रद्धा व सामर्थानुकूल दान देकर बिदा करें (कुछ वस्त्र-कुछ द्रव्य)। उस दिन पूर्ण शुद्धि हो जाती है। पर ग्यारहवें दिन का सूक्ष्म कार्य करके थोड़ा दान, नापात्र को दिया जाए।

पगड़ी

बारहवें दिन हर्षोउल्लास का कृत्य है कि उस दिन आपने जिसे उत्तराधिकारी मान रक्खा है (ज्येष्ठ या कनिष्ठ पुत्र को) उसके सर पर पगड़ी बांधी जाती है। यह उसी प्रकार है जैसा राज भवनों में होता

"खत्री जाति वैदिक कालीन शुद्ध क्षत्रिय जाति की अवशेष है। वह समर विजयी जाति संसार में किसी की ऋणी नहीं रहना चाहती।"

—लखनऊ अधिवेशन (१९१६) अखिल भारतीय खत्री महासभा

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

है अर्थात (King is dead, Long Live the King)। राज्य राजा से रिक्त नहीं रहता। इसमें थोड़ा संशोधन यह हो सकता है कि इतनी लम्बी पगड़ी उस समय के बाद फिर किसी काम नहीं आती। यद्यपि आजकल कोई टोपी भी नहीं पहनता, फिर भी टोपी (गांधी कैप) सस्ती, हलकी, समय-समय पर काम आने वाली होने से वह रख ली जाए। दूसरा परिवर्तन कुछ ऐसा हो चला है कि आर्थिक दृष्टि से सबों से पगड़ी के समय भेंट (नकद) नहीं ली जाती क्योंकि जब अन्य नहीं लेते तो हम कैसे लें—यह विचार आ जाता है, ठीक है, अब उत्तराधिकारी नए वस्त्र पहनकर बैठे। निकटस्थ जो उत्तराधिकारी से ज्येष्ठ हैं, वे आचार्य के प्रथम टीके के बाद तिलक कर केवल प्रतीक रूप मे कम से कम १), अधिकतम २) दे दें और अन्य छोटे भाइयों के केवल तिलक लगा दे (भेंट नहीं दें) पगड़ी का समय भी सन्ध्या ही रक्खा गया है। इससे पूर्व दिन में पुनः हवन, कुछ कीर्तन कर, सामर्थानुसार ४ से १२ ब्राह्मणों को भोजन करा दे, कुछ भोजन अनाथालय में भिजवा दें (या घर बुलवाकर खिला दें)।

प्रसाद

सन्ध्या को आगन्तुको को श्रद्धा व सामर्थानुसार कुछ ढंग का प्रसाद रूप में जल-पान-चाय (वृद्ध के विषय में ही) अन्य केस में केवल सूक्ष्म प्रसाद वितरण करे। घर वाले निकटतस्थ सम्बन्धियो-मित्रों को भोजन करवा दे।

वैसे तो वह दसवें के बाद अपने काम-काज पर जा सकता है क्योंकि सूतक हटकर पवित्र हो गया, सब कृत्य पूरे हो गए। पर अच्छा हो यदि और निभा कर पगड़ी के बाद से कार्यरत हो।

सधवा स्त्री का देहावसान

पत्नी के देहावसान पर (यदि पति जीवित है) जो सुहागिन होने के कारण सब कुछ वैसा ही करते हुए; उसे पूर्ण शृंगार से सुसज्जित करना होता है। दाह उसका भी पुत्र ही करेगा (पति नही)। पति बाल भी नहीं बनवाएगा। पगड़ी भी पुत्र के बंधेगी।

छोटे बालक या बालिका का निधन

यदि कोई बालक या बालिका १० या १० वर्ष से कम है तो उसको अच्छी तरह स्नान कराके, साधारण कपड़ों में भली भांति लपेट कर गाड़ने का प्राविधान है। उसका सूतक केवल पांच दिन तक होता है। ६ से छोटे का ३ दिन का सूतक होता है जिसके बाद शान्ति हवन कर कुछ बच्चों को (अनाथालय आदि या ब्राह्मण को भी) भोजन कराके कुछ दक्षिणा सहित विदा किया जाता है। पिंड नही होता।

१० वर्ष से अधिक वाले, जनेऊ हो जाने वाले, विवाहित आदि का बड़ों की तरह ही काम किया जाता है।

शास्त्रों की जानकारी, आचार्यों से परामर्श व निजी अनुभव से उपरोक्त विचार प्रकट किये गए हैं। इसमें किसी पर कोई आक्षेप है न आलोचना। यह व्यक्तिगत विचार हैं। यह लेख किसी को मेरे विचारानुकूल पद्धति पर चलने के लिये बाध्य नहीं करता है। प्रत्येक व्यक्ति अपनी मान्यता पर चलने के लिये स्वतन्त्र है। उपरोक्त में कुछ कमी, भूलें भिन्नता हो सकती हैं जिसके लिये इच्छुक लोगों के विचार आमन्त्रित हैं।

"अपने को क्षत्रिय समझें और सिंह की भाँति दहाड़ें।"

—राय बहादुर लाला राम शरण दास
अध्यक्ष, कलकत्ता अधिवेशन (१९४१) अखिल भारतीय खत्री महासभा

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

जन्म-पत्र एवं विवाह सम्बन्धी महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर



—विद्या सागर महथा

प्रश्न—जन्म पत्र मिलाने की प्रथा कब से चली ? क्योंकि अपने यहाँ भगवान रामचंद्र जी के समय तक तो स्वयंवर होता रहा है ?

उत्तर—वैदिक काल, श्री रामचंद्र जी के समय, महाभारत काल तथा प्राक्-ऐतिहासिक काल में अक्सर ही स्वयंवर हुआ करते थे। जन्म पत्र मिलाने की प्रथा कब से चली इसकी निश्चित तिथि का उल्लेख करना कठिन है, किन्तु इतनी बात स्पष्ट है कि स्वयंवर काल में वर कन्या निश्चित रूप से बालिग और समझदार हुआ करते थे। विवाह सुनिश्चित करने में परिवार के सदस्यों की तुलना में वर या कन्या की भूमिका निर्णायक हुआ करती थी। किन्तु हजार दो हजार वर्षों के भीतर भारत में अनेकों बार विदेशी आक्रमण हुए फलस्वरूप सामाजिक और सांस्कृतिक परिस्थितियाँ बहुत अधिक प्रभावित हुई। कई बार प्रतिष्ठा की रक्षा के क्रम में बाल विवाह का सिलसिला चला और सम्भवतः इन्हीं दिनों पात्र पात्रों की चारित्रिक विशेषताओं की जानकारी हेतु कुण्डली मिलाने की प्रथा चल पड़ी।

जन्म पत्र मिलाना कितना आवश्यक—कितना अनावश्यक

एक गोत्र या अल्ल में विवाह क्यों वर्जित है ? गोत्र या अल्ल में क्या अन्तर है ? क्या विवाह चार विवाह फेरों में भी मान्य है ? क्या दिन में भी हो सकते हैं ?

ये वे तमाम ऐसे प्रश्न हैं जिनका उत्तर जानने की जिज्ञासा खत्री हितैषी के पाठकों के मन में बराबर बनी रहती है और वे अक्सर इस सम्बन्ध में खत्री हितैषी को पत्र लिखते रहते हैं।

इन सभी प्रश्नों का उत्तर दे रहे हैं। पेटरवार—गिरिडीह—बिहार निवासी "ज्योतिष वाचस्पति ज्योतिष रत्न" खत्री विद्यासागर महथा जी—सम्पादक

प्रश्न—जब हम जानते हैं कि जोड़े ऊपर से ही बनकर आए हैं, तब फिर पत्री मिलाने से क्या लाभ है ?

उत्तर—जन्मपत्री मिलाना, जो परम्परा जारी है, बहुत वैज्ञानिक नहीं लगती कारण सभी ग्रहों को नजरंदाज करते हुए एक मात्र चंद्रमा के नक्षत्र के आधार पर विवाह सुनिश्चित किए जाते हैं। किन्तु सभी ग्रहों पर सम्यक् रूप से ध्यान दिया जाए तो वर या कन्या की चारित्रिक विशेषताओं को जाना जा सकता है—कुण्डली मिलाने से यही लाभ है। यों यह बात ज्यादा सटीक है कि जोड़े ऊपर से ही बनकर आते हैं। कुण्डली मिलाने के बहाने दूरस्थ भविष्य की जानकारी होती है, हम जोड़े का चयन करते हैं, वैसी बात नहीं है।

प्रश्न—विवाह रात्रि में ही क्यों होते हैं ? दिन में क्यों नहीं किए जा सकते या फिर विवाह दिन में करना चाहिए ?

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

उत्तर—हर युग में प्राय: वरपक्ष अपने काफिले के साथ कन्या पक्ष के यहाँ जाता रहा है। जिस युग में यातायात की सुविधा नहीं थी और आज जब यातायात की सुविधा हैं, दोनों ही समय प्राय: वरपक्ष को सुबह से शाम तक कई लोकाचार और यातायात में ही व्यतीत हो जाते हैं। आर्य आतिथ्य सत्कार को सबसे बड़ा धर्म मानते थे, जिसमें रात्रि के कई प्रहर व्यतीत हो जाते होंगे। सम्भवत: यही कारण है कि विवाह प्राय: रात्रि में ही हुआ करता था। परिपाटी यही है। किन्तु साज सजावट में यह व्यय साध्य प्रतीत हो, तो शादी दिन में करने में कोई हर्ज नहीं है।

प्रश्न—गोत्र या अल्लों का क्या मतलब है? एक ही गोत्र या अल्ल में विवाह क्यों वर्जित है?

उत्तर—यों तो भारतीय समाज ही पुरुष प्रधान है और हमारा खत्री समाज इससे भिन्न नहीं है। जो समाज बहुत दिन तक अपनी संस्कृति ढोने की क्षमता रखता है, उसकी एक बड़ी विशेषता अपने पूर्वजों को किसी न किसी रूप में याद रखने की होती है। सभी गोत्र का नामकरण ऋषियों के नाम पर आधृत है। इससे स्पष्ट है कि सभी गोत्र वाले अपने पूर्व पुरुषों में किसी तत्कालीन अपने वंशज के ऋषि (वैज्ञानिक) को याद करते हैं। उस महत्वपूर्ण व्यक्ति विशेष का जो अल्ल था, वही उस गोत्र का अल्ल कहलाता है। इस तरह सभी व्यक्ति अपने गोत्र और अल्ल से गौरवान्वित होते हैं। कालान्तर में जब उसी गोत्र या अल्ल में कोई स्मरणीय महत्वपूर्ण व्यक्ति किसी भिन्न खिताब से अलकृत किया जाता है, तो गोत्र के अन्तर्गत कई अल्ल आ जाते हैं कुछ अल्ल कर्मानुसार भी जुड़ते चले आते हैं। संक्षेप में एक वंश की परिकल्पना एक गोत्र और एक अल्ल कभी रहा है अत: परस्पर विवाह वर्जित था, किन्तु इस समय एक ही गोत्र और अल्ल में लोगों की संख्या लाखों में है अत: प्रमुख रक्तधारा की बात केवल काल्पनिक ही हो जाती है कारण भले ही समाज पुरुष प्रधान है, व्यावहारिक दृष्टि से देखा जाए तो अर्द्धांगिनी के रूप में भिन्न-भिन्न वंशजों की नारियाँ इतनी ही संख्या में सम्मिलित होकर रक्तधारा, सभ्यता, संस्कृति सभी में महत्वपूर्ण परिवर्तन कर डालती है। अत: एक ही गोत्र और अल्ल में विवाह हो सकता हैं, बशर्ते दोनों के पूर्वज परस्पर परिचित न हों।

प्रश्न—क्या विवाह वैदिक रीति से ही होना चाहिए या आर्य समाज रीति से भी ठीक है?

उत्तर—विवाह वैदिक रीति से हो या आर्यसमाज रीति से दोनों ही मान्य है। दोनों की अपनी-अपनी विशेषताएं हैं।

प्रश्न—क्या विवाह में चार फेरें भी मान्य हैं?

उत्तर—दिनों का नामकरण उस समय तक विदित प्रमुख सात आकाशीय पिंडों के नाम पर हुआ है। सप्तर्षि मंडल में सात सुविख्यात ऋषि को साक्षी रखकर ही सातों की कल्पना या ब्रह्म की भाँति दाम्पत्य जीवन में पूर्णता सात ग्रहों की परिक्रमा का अनुकरण संभावित है अत: सात फेरों में किसी प्रकार की कटौती का कोई औचित्य नहीं लगता।

खर्चीली शादियाँ हमें बेईमान व दरिद्र बनाती हैं। विवाह एक धार्मिक कार्य है इसे दहेज से कलंकित न करें।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

खत्री हितैषी स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक

के अवसर पर

हार्दिक शुभ कामनाएँ :

तार :—SOWRABH

दूरभाष :—८७

मे० सौरभ इन्डस्ट्रीज

इत्र एवं नेचुरल ऐसेन्शियल आयल

के निर्माता एवं विक्रेता

मोहल्ला तालवारान रोड, सब्जीमंडी

कन्नौज—२०९७२५

(उ० प्र०)

हमारी विशेषतायें :—

★ रुहखस भरतपुर ★ रुहखस मूसानगर

★ इत्र गुलाब ★ इत्र केवड़ा, मोतिया

★ रौंसा अमरावती ★ रौंसा सौफिया

★ नागरमोथा आयल ★ गुलाबजल

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

क्षत्री हितैषी स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक
प्रकाशन के शुभ अवसर पर
शुभ कामनाओं सहित

● होजरी ● ऊन ● ऊनी होजरी
एवम्
सभी प्रकार के रेडीमेड कपड़ों का
आधुनिक एवं
विश्वसनीय प्रतिष्ठान

मे. लाल जी गोपाल जी टंडन एंड कं.

एवं

सुमति ट्रैवेल्स



शुभ - विवाह एवं तीर्थ यात्रा के लिए
डीलक्स बसों की उचित व्यवस्था
सदर बाजार, हरदोई
दूरभाष : ५७१

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

खत्री हितैषी स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक

के पुनीत अवसर पर

समस्त खत्री बन्धुओं को

शुभ कामनाएँ

उपरोक्त के साथ ही मेरा यह दृढ़ अभिमत है

कि समाज को सुसंगठित बनाने में

पत्रिका का प्रकाशन विशेष

उपयोगी रहेगा।

卐

खत्री द्वारका प्रसाद खत्री

संरक्षक खत्री हितैषी प्र० उ०

एवं

उ० प्र० खत्री सभा

*

प्रतिष्ठान

मोहन लाल द्वारका प्रसाद सर्राफ

तालबेहट (ललितपुर)

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

खत्री हितैषी स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक

के अवसर पर

शुभ कामनाओं सहित :

ग्राम : 'अन्नपूर्णा'

फोन : २४५६५६, २४६७६६

अन्नपूर्णा बिस्कुट

(मैन्यू०) कं०

८४/६७, जी० टी० रोड

कानपुर (उ० प्र०)

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

खत्री हितैषी के स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक पर
खत्री समाज को
शुभ कामनाएँ

फोन—५३२६८

सैम्सन्स ड्रेस डिपो

२७, म० गाँ० मार्ग, इलाहाबाद

स्कूल यूनीफार्म व
नवीनतम पोशाकों के विक्रेता

खत्री हितैषी स्वर्ण-जयन्ती के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाओं सहित :

खत्री राजेश मेहरोत्रा (अध्यक्ष)

उ० प्र० खत्री युवा संघ

फोन ६०८४०

सर्वश्री मेहरोत्रा टेन्ट हाउस

४५/३२, मूलगंज, कानपुर-२०८००१

शादी ब्याह व अन्य शुभ अवसरों पर सेवा के लिये सम्पर्क करें।

खत्री हितैषी स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक के अवसर पर शुभ कामनायें :—

उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक बिकने वाली :—

• मसहरी •

हर साइज में तैयार— ★ कैलिको ★ टाटा ★ प्लास्टिक ★ नाइलोन ★ सूती

थोक व फुटकर

गोपाल दास खन्ना १०, चौक, इलाहाबाद

फोन—५१६१६

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री हितैषी स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक
के अवसर पर
शुभ कामनाओं सहित :

फोन : ३२०, ७३८

गोपाल ज्वैलर्स

सदर बाजार
हरदोई
सोने चाँदी के आभूषणों का विक्रय केन्द्र

खत्री हितैषी स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक
के अवसर पर
हार्दिक शुभ कामनाएँ :

खत्री राकेश मेहरोत्रा

सर्वश्री दाताराम धनीराम

(सर्राफ)

रेलवेगंज, हरदोई

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

खत्री हितैषी स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक के
अवसर पर समस्त खत्री बन्धुओं को
शुभ कामनाएँ

अम्बा प्रसाद जादव जीं एण्ड कं.

विक्रेता (रजिस्टर्ड)

★ रंग ★ रसायन ★ नील ★ ईगंल ★ सोडियम
★ सल्फाइड एवं वाशिंग पाउडर

फोन

२५१ २३५३, २५२७ ६३५

सम्पर्क सूत्र :—
खत्री पूर्णचन्द्र अरोड़ा
कटरा तम्बाकू, तिलक बाजार, खारी बावड़ी, दिल्ली–६

खत्री हितैषी स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक के अवसर पर शुभ कामनाएँ :—

निर्माता :—

केसरवानी जर्दा भण्डार

सहसों (इलाहाबाद) के विशिष्ट उत्पादन
★ चान्दनी पत्ती तथा
★ भोला छाप ★ पान छाप
(जाफरानी पत्ती)

अधिकृत विक्रेता :—

भारत सेल्स कारपोरेशन

६०, नया बांस, दिल्ली

पाटनर :
खत्री आनन्द अरोड़ा
खत्री अरविन्द अरोड़ा

टेलीफोन
घर २२४१८३१
दुकान २३१६८५

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री हितैषी के स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक हेतु
शुभ कामनाओं सहित

खत्री प्रेमनाथ खन्ना

गारन्टी युक्त सोने व चाँदी के आभूषणों के
निर्माता व विक्रेता

फोन : ५३४२१
निवास : ५६५२८

खन्ना ज्वैलर्स

३८७/१, मनमोहन दास मार्केट, रानीमंडी,
इलाहाबाद

खत्री हितैषी स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक के
प्रकाशन के शुभ अवसर पर
शुभ कामनाओं सहित

हलो : २००५

जातिभूषण खत्री काशीनाथ मेहरोत्रा

(राजकीय ठेकेदार, सीतापुर, लहरपुर वाले)

संरक्षक

खत्री हितैषी मासिक एवं उ० प्र० खत्री सभा

प्रतिष्ठान

सर्वश्री वस्त्र लोक 卐 सर्वश्री वस्त्र संसार

बिन्नी एवं रेमण्डस वस्त्रों के—अधिकृत विक्रेता—जियाजी मिल्स के वस्त्रों के

३५ खुशवक्तराय मार्केट—लखीमपुर खीरी उ० प्र०

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

With best Compliments from :

"Jai Khattri Samaj"

Heartiast Congratulation on Celebration of "Golden Jublee" of "KHATTRI HITAISHI"

□□□

JAI DAYAL PRAN NATH KAPUR

Manufacturers Representatives & Paper Merchants

46/1, GWYNNE ROAD, PULL JHAO LAL, LUCKNOW-226 018

Grams : JAIKAPSO

Phone : Offi. 42961
Resi. 48860

□□□

Dealers :

BALLARPUR INDUSTRIES LTD.

(Shree Gopal & Ballarpur Units)

Khattri Sudarshan Kumar Kapur

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री समाज से अपील

क्या आप अपने पूर्वजों की स्मृति में
दान करना चाहते हैं–तो

खत्री महिला सभा, लखनऊ

द्वारा संचालित

दीन हीन निराश्रित महिलाओं के सहायतार्थ

महिला प्रगति केन्द्र

तथा

खत्री युवा संघ, लखनऊ

द्वारा संचालित

निर्धनों एवं जरूरत मन्द लोगों की मदत हेतु

निःशुल्क खत्री होम्योंपैथिक चिकित्सालय

को

तन-मन-धन से सहयोग कर

यश के भागी बनें

प्रधान कार्यालय

खत्री भवन

डा० गयन्द्र मार्ग (अमीनाबाद)

लखनऊ-२२६०१८

श्रीमती शान्ती सेठ (मंत्री)
खत्री महिला सभा लखनऊ

खत्री वीरेन्द्र कुमार धवन (मंत्री)
खत्री युवा संघ लखनऊ

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

स्वर्ण जयन्ती विशेषांक

द्वितीय खण्ड

खत्री समाज की महान विभूतियाँ

जिन पर समाज को

गर्व है ।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

जाति सेवा एवं संगठन के प्रति समर्पित
खत्री राधाकृष्ण टण्डन

संरक्षक :

१—उत्तर प्रदेश खत्री सभा ।

२—घनश्याम दास टण्डन सरस्वती विद्या मन्दिर, कैलसा ।

३—राधाकृष्ण पब्लिक स्कूल, अमरोहा ।

४—खत्री हितैषी मासिक उ०प्र०

अध्यक्ष :

१—उत्तर प्रदेश खण्डसारी निर्माता संघ ।

२—जगदीश सरन हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमरोहा ।

३—घनश्याम दास टण्डन रोटरी नेत्र चिकित्सालय, अमरोहा ।

४—घनश्याम दास टण्डन चैरिटेबिल ट्रस्ट, अमरोहा ।

५—श्रीराम कृष्ण सेवा ट्रस्ट अमरोहा ।

६—रोटरी क्लब, अमरोहा ६९-७०, ७३-७४ तथा ८०-८१ ।

७—शान्ती भवन "फ्लैट आनर्स" वैलफिएर एसोसियेशन, हरिद्वार ।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष :

१—दयानन्द आर्य कन्या महाविद्यालय, मुरादाबाद ।

२—आल इण्डिया इम्प्रूव्ड खण्डसारी मैन्यूफैक्चरर्स एसोसियेशन ।

प्रतिष्ठान :

१—घनश्याम शुगर फैक्ट्री, अमरोहा । (रामचन्द्र सहगल)

२—कृष्ण शुगर फैक्ट्री, ग्राम कैलसा, अमरोहा । (गोपाल कृष्ण टण्डन)

३—जी० आर० सॉल्वेन्ट्स एण्ड एलाइड इण्ड० प्रा० लि०, अमरोहा । (अजय टण्डन)

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

जिन पर समाज को गर्व है

"जिसको न निज कुल, जाति, धर्म, स्वदेश का कुछ ध्यान है।
वह 'मनु' जीवन में पले, फिर भी न होता मान है॥
वह जाति का है लाल, जो नित प्रेम का वर्षण करे।
प्रिय जाति की पीड़ा हरे, निज प्राण भी अर्पण करे॥

★

सम्पादकीय

खत्री जाति एक प्रेरणा स्रोत

वर्ण-व्यवस्था रही हो या जाति-प्रेम, खत्री जाति सदा ही समाज का सिरमौर रही है। इसने सभी को आश्रय दिया। हम राम के वंशज हैं यह निर्विवाद सत्य है। अतः यदि हम उस काल के इतिहास पर दृष्टि डालें तो ज्ञात होगा कि भगवान राम ने ब्राह्मणों, वैश्यों एवं शूद्रों को प्रश्रय ही नहीं दिया अपितु उन्हें गले से भी लगाया। उन्होंने संसार के समक्ष अपनी विशाल हृदयता का परिचय भी प्रस्तुत किया। समाज के प्रत्येक अंग की उन्नति एवं सुख-सम्पन्नता को बनाये रखने में सदा हमने अपने को अग्रसर रक्खा।

युद्ध का क्षेत्र रहा हो अथवा शांति का साम्राज्य, प्रत्येक अवसर पर हमने स्वदेश-प्रेम का प्रगाढ़ परिचय दिया है। शिक्षा, विज्ञान, युद्ध, राजनीति, आर्थिक क्षेत्र, खेलकूद तथा समाज सेवा में बढ़ चढ़कर हमने अपना अपूर्व योगदान दिया।

स्वयं को उत्सर्ग करके भी समाज के प्रत्येक अंग की रक्षा की। इसके प्रतीक हैं पश्चिम भारत में विदेशियों के आक्रमण जिनका हम क्षत्रियों (खत्रियों) ने शौर्यपूर्वक मुकाबला किया। इसी भाँति अन्य क्षेत्रों में भी हमारे सितारे चमके जिन्होंने संसार का मार्गदर्शन ही नहीं किया अपितु अपना सिक्का भी जमा लिया। ऐसे महापुरुषों की शौर्य गाथाएं आपको इसी विशेषांक में अन्यत्र पढ़ने को मिलेंगी।

कौन सा ऐसा क्षेत्र छूटा है जहाँ हम प्रेरणा के स्रोत नहीं रहे? अपनी सूझबूझ एवं बल-कौशल से संसार को चकाचौंध करने वाले व्यक्ति विशेष खत्री समाज के ही रहे हैं। इतिहास इसका साक्षी है। फिर क्यों न गर्व से हमारा मस्तक ऊँचा हो? हम उन सभी महापुरुषों एवं वीरों के प्रति नत-मस्तक हैं।

★

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

...ding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization...

लेखक

कैलाशनाथ जलोटा

"मंजु"

बी०ए० साहित्यरत्न

सम्पादक एवं

संरक्षक सदस्य

"खत्री हितैषी"

पत्रिका

लखनऊ

किन्तु वर्तमान युग में हमारी जाति के लोग भटक रहे हैं। अपनी आन-बान-शान को हम आज धूलि धूसरित होता देखकर भी अपनी आँखें बन्द किये हैं। जो सफलता हमारे चरण चूमती थी वह आज हमसे कोसों दूर भाग रही है। हम कहाँ से कमजोर हो गये हैं ? यह विचारणीय प्रश्न है। एक छोटा सा उदाहरण दूँ—अपनी जाति की एकमात्र पत्रिका "खत्री हितैषी", जो लखनऊ से प्रकाशित होती है, कितने भाइयों के घरों में पहुँचती है ? सारे भारत में लाखों खत्री भाई हैं और सम्पन्न भी हैं पर उनमें से कितने इस पत्रिका के सदस्य हैं ? यह संख्या नगण्य है और उँगलियों पर गिनी जा सकती है। इस छोटे से उदाहरण से स्पष्ट है कि हम कितने तटस्थ हैं। साथ ही हम अपनी जाति-उन्नति के प्रति जागरूक नहीं हैं। हम अपने इस मुखपत्र के माध्यम से जाति-जागरण का कार्य भली भाँति कर सकते हैं पर आप सभी भाइयों का सहयोग अपेक्षित है। फिर क्यों न हम आगे आयें और आज से ही इसके ग्राहक बनें तथा पत्रिका के माध्यम से अपने विचार जाति भाइयों के समक्ष प्रस्तुत करें और उन्नति के नये मार्ग खोजें।

यह सर्वथा निश्चित है कि यदि हम सभी चाहें तो पुनः सम्पूर्ण भारत में जाति-जागरण का डंका बजा सकते हैं और अपनी खोई हुई कीर्ति को वापस लाने का प्रयास कर सकते हैं। इस प्रकार हम पुनः समाज का प्रेरणा-स्रोत बनकर विश्वकल्याण का मार्ग प्रशस्त करने में समर्थ हो सकते हैं। यही हमारा जाति के प्रति धर्म एवं त्याग होगा।

तो आइये हम संकल्प लें कि सभी आज से जाति के प्रति निष्ठावान होकर उसके उत्थान एवं सम्पन्नता के लिये जी जान से जुट जायेंगे और अपनी बिखरी शक्ति को बटोरकर एक बार पुनः प्रमाणित कर देंगे कि हम वास्तव में सारे भारतीय समाज के प्रेरणास्रोत हैं। अस्तु।

गर्व से कहो हम खत्री हैं।

CC-0. Panjab National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री समाज की महान विभूतियों का संक्षिप्त परिचय जिन पर समाज को गर्व है

खत्री गुरु गोविन्द सिंह—पंजाब

सिक्खों के सभी गुरु खत्री थे। उनके दसवें और अंतिम गुरु गोविन्द सिंह ने अपनी व सिक्ख धर्म प्रवर्तक गुरु नानक देव वंशावली "विचित्र नाटक" में प्रस्तुत कर यह सिद्ध कर दिया था कि वे सूर्यवंशी महाराज रामचंद्र के पुत्र लव एवं कुश के वंशज हैं। गुरु नानक साहब कुश के वंशज "वेदी" खत्री थे और गुरु गोविंद सिंह लव के वंशज "सोढी" खत्री।

उन्होंने धार्मिक शिक्षा के साथ-साथ क्षत्रियोचित सैनिक शिक्षा भी अपने शिष्यों को दी। उन्हें अपनी उत्तम वंशावली पर गर्व था। वे बड़े वीर एवं पुरुषार्थी थे।

खत्री महाराज पुरु—पंजाब

सिकन्दर ने जब ३२६ (बी० सी०) में भारतवर्ष पर चढ़ाई की तो उस समय सिंध प्रदेश पर राज्य करने वाली जाति खत्री थी। महाराज पुरु जिन्होंने सिकंदर के दाँत खट्टे किये थे कपूर खत्री थे। उनका पराक्रम, शौर्य, मनोबल और आत्मसम्मान सदा याद रहेगा।

खत्री पंजाब केसरी महाराज रणजीत सिंह—पंजाब

पंजाब केसरी महाराज रणजीत सिंह खत्री थे। उनके राज्य के प्रबंधकर्ता और उनकी फौज के बीस हजार से अधिक योद्धा खत्री थे। उनके साम्राज्य का विस्तार भारतीय सीमा के पार अफगानिस्तान के कुछ भाग तक था।

खत्री जनरल हरीसिंह नलवह—पंजाब

जनरल हरीसिंह नलवह गुजरानवाला निवासी खत्री थे। उन्होंने उद्दंड अफगानों के हाथ से सन् १९३४ में पेशावर छीन लिया था। इनके नाम से मुसलमानों का कलेजा काँपता था। इनके शौर्य का बोलबाला इतना अधिक था कि अफगान औरतें इनका नाम लेकर बच्चों को भयाक्रांत कर सुला देती थीं।

खत्री दीवान मोहकमचन्द—पंजाब

आप भी खत्री थे तथा महाराज रणजीत सिंह के प्रधान सेनापति थे। आपका सारा जीवन युद्ध में ही कटा। आपने कश्मीर पर चढ़ाई कर शेरगढ़ और हरि पर्वत पर कब्जा किया। भूतपूर्व काबुल के बादशाह शाह सुजाउलमुल्क जो वहाँ कैदी थे, को छुड़ाकर इज्जत के साथ काबुल भेज दिया था। शाह की बेगम ने कोहिनूर हीरा दीवान साहब को इनाम में दिया। दीवान जी ने वह हीरा अपने महाराज रणजीत सिंह को दिया था।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

...nding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization...

खत्री राजा टोडरमल—लहरपुर (सीतापुर)

बादशाह अकबर के नौ रत्नों में राजा टोडरमल टण्डन खत्री थे। वे बड़े वीर एवं पराक्रमी थे। आपका जन्म लहरपुर (सीतापुर) में हुआ था। पहले आप शेरशाह के यहाँ उच्चाधिकारी थे। बाद में शेरशाह के मरने पर बादशाह अकबर ने इन्हें अपने यहाँ बुला लिया। इन्हीं के नेतृत्व में शाही सेना ने बंगाल के विद्रोह को शांत कर उसे शाही सल्तनत में मिला लिया था। राजा साहब दीवान बनाये गये तथा शासन की बागडोर उनके हाथ में आई। अबुल फजल ने लिखा है कि ईमानदारी, सच्चाई, जवांमर्दी, कार्य कुशलता, युद्ध में फौज का संचालन करने की शक्ति, राज्य सँभालने की योग्यता में राजा टोडरमल हिन्दुस्तान में अद्वितीय थे। इन्होंने भूमि को नपवाकर मालगुजारी में नकद या गल्ला लेने की प्रथा चलवाई। भूमि का नियतकालिक बंदोबस्त इन्हीं का चलाया हुआ है जो आज भी चल रहा है।

खत्री राजा आयामल—जयपुर

शाहजहाँ बादशाह की पाँच हजार फौज के कमाण्डर राजा आयामल वाही खत्री थे। इन्हें बहुत सम्मान प्राप्त था। महाराज सवाई सिंह के राज्य में आप मुख्य मंत्री (मदारल मुल्क) थे। इन्हीं के देखरेख में सन् १७२७ में जयपुर बसाया गया था। इनके दिवंगत होने पर महाराज ने आदेश दिया था कि इनका दाह संस्कार उसी स्थान पर होगा जहाँ राजवंश का होता था। इनका इतना मान था कि इनकी अन्त्येष्टि में सर्वप्रथम सारे देश के सभी राज्यों के राजा या प्रतिनिधि उपस्थित हुये थे।

खत्री राजा विक्रमाजीत राय रायाँ हरदास

लाला हरदास खत्री को बादशाह अकबर ने राय रायाँ और बादशाह जहाँगीर ने "राजा विक्रमाजीत" की उपाधि से सम्मानित किया था। बादशाह जहाँगीर ने इन्हें पचास हजार बंदूक चलाने वाले सिपाही और तीन हजार तोपों का सेनापति बनाया था।

खत्री राजा त्रिलोकचन्द—दिल्ली

राजा त्रिलोकचंद, जो बहराइच के राजा थे, ने विक्रमपाल से युद्ध किया। विक्रमपाल मारे गये। राजा त्रिलोक चंद ने दिल्ली को जीतकर अपना राज्य स्थापित किया। इस वंश में दस पीढ़ी तक दिल्ली का राज्य रहा।

खत्री योगिराज श्रीचन्द्र—पंजाब

आप गुरु नानक देव के पुत्र थे। मुसलमान शासकों के समय आपने अपनी यौगिक शक्तियों से जहाँ हिंदुओं में नवीन प्राणों का संचार किया वहीं मुसलमान शासक इनसे इतने प्रभावित हुये कि हिंदुओं पर अत्याचार बंद हो गये।

एक बार योगी जी चम्बा के पहाड़ों पर भ्रमण कर रहे थे। वे रावी नदी के दूसरी पार जाना चाहते थे। अपने शिष्य से नाव का प्रबंध करने को कहा तो किसी और ने कहा कि महात्माओं को नाव की क्या आवश्यकता, वे तो पत्थर भी पानी में तैरा लेते हैं। योगी जी ने एक पत्थर नदी में फेंका जो तैरने लगा और वे उससे रावी के उस पार चले गये।

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

काश्मीर में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहे थे। योगी जी वहाँ गये और घोषणा की कि काश्मीर में शीघ्र ही हिंदू राज्य स्थापित होगा फिर उन्होंने मुसलमान शासकों को कहला भेजा कि यदि वे उन्हें मुसलमान बना लें तो सभी हिंदू इस्लाम धर्म स्वीकार कर लेंगे। मुसलमान शासक ने अपने मंत्री को योगी जी के पास भेजा। उसने जब योगी जी के दर्शन किये तो इतना प्रभावित हुआ कि बिना कुछ कहे वापस चला गया। योगिराज ने एक जलती हुई लकड़ी लेकर जमीन में गाड़ दी जो एक हरे भरे वृक्ष में परिवर्तित हो गई। वह वृक्ष श्रीनगर के पास प्रताप बाग में श्रीचंद्र चुनार के नाम से प्रसिद्ध है। कालांतर में योगिराज की भविष्यवाणी सार्थक हुई और काश्मीर में हिंदू राज्य स्थापित हो गया।

खत्री सुथरे शाह—पंजाब

सिक्खों के छठवें गुरु हरगोविंद साहब सोढ़ी खत्री थे। एक बार उन्होंने जंगल में एक नवजात शिशु को चीथड़ों में लिपटा पाया। शिष्यों ने कहा कि यह कुरूप बालक है। गुरु जी बोले नहीं यह 'सुथरा' है। बालक का जन्म बहिरामपुर में एक नन्हे खत्री के घर में हुआ था। बड़े होकर यही बालक सुथरे शाह के नाम से प्रसिद्ध हुआ। ये चमत्कारी जीव थे। सिक्खों के सातवें गुरु हरिराम ने सुथरे शाह को आशीर्वाद देकर दिल्ली भेजा। यह वह समय था जब औरंगजेब की ओर से तिलक और जनेऊ पर जिहाद बोल दी गई थी। सुथरे शाह मस्तक पर गोबर का तिलक और शरीर पर सुअर की आंतों का जनेऊ पहनकर गये उन्होंने काजी से कहा कि मेरा तिलक चाटो और जनेऊ तोड़ो अथवा तिलक चाटना और जनेऊ तोड़ना छोड़ दो। काजी ने तोबा की और उसी दिन से तिलक न चाटने और जनेऊ न तोड़ने की मुनादी करा दी गई।

खत्री बाबा जसराय—पंजाब

बाबा जसराय की कथा स्कंद पुराण हिंगुलाद्रि खण्ड पूर्व संहिता में लिखी है। राजा श्रीचंद्र खत्री के कोई पुत्र नहीं था। उनके पुरोहित लालू नामक सारस्वत ब्राह्मण थे। इन्होंने अपने राजा को पुत्र प्राप्ति हेतु महाशक्ति ज्वाला को प्रसन्न किया। वहाँ से वरदान मिला कि तुम श्री हिंगुला जी की आराधना करो, तुम्हारा मनोरथ सिद्ध होगा। राज पुरोहित ने ऐसा ही किया। उन्हें जगदम्बा ने दर्शन दिया और उन्हीं की कृपा से बाबा जसराय का प्रादुर्भाव हुआ। एक दिन जब वे पाँच वर्ष के थे एक बड़े आले में ध्यान लगाये बैठे थे। उन्हें उनकी माता ने पुकारा पर चूंकि वे ध्यान में थे सो नहीं सुना। माता बिना सोचे समझे क्रोध में बोली कि क्या आले में ही समा गये। तुरंत आला बड़ा होता गया और वे उसमें समाते गये। माता ने दौड़ कर उन्हें पकड़ना चाहा पर तब तक वे आले में समा चुके थे केवल चोटी बाहर थी सो माँ ने पकड़ ली। वहीं पर उनका मंदिर बना जो लालू जसराय के मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है। खत्री परिवार के अनेक बच्चों की चोटी यहीं उतारी जाती थी। ये लोग भारत के अनेक नगरों से आते थे।

खत्री बाबा मलूकदास—इलाहाबाद

आपका जन्म इलाहाबाद में कक्कड़ परिवार में हुआ था। बचपन से ही आप भगवद् भक्ति से ओतप्रोत थे। आप सिद्ध महात्मा और कवि थे। आप १०८ वर्ष के होकर संसार छोड़ गये। आपने मरने से पूर्व बता दिया था और कहा था कि उनका शरीर गंगा में बहा देना। आपका शरीर काशी तक गंगा में बहा। तत्पश्चात् श्री जगन्नाथ में प्रकट हुआ। समुद्र तट पर पुरी में आज भी आपका मंदिर है जहाँ "मलूकदास का टुकड़ा"

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization

नाम से प्रत्येक दर्शनार्थी को प्रसाद दिया जाता है। आपके भजन अत्यंत प्रसिद्ध हैं। एक छटा हुआ दोहे की देखें :—

"अजगर करै न नौकरी, पंछी करै न काम।
दास मलूका कह गये, सबके दाता राम।।"

खत्री स्वामी शिवदयाल सिंह—आगरा

आप आगरा निवासी सेठ खत्री थे। आप ही राधा स्वामी मत के प्रवर्तक थे। आपका उपदेश था कि सूरत ध्यान में रखने से ईश्वर मुक्ति मिलती है। इनका दावा था कि इन्होंने मोक्ष प्राप्त करने का उपाय ज्ञात कर लिया है। राधास्वामी मत वाले गुरु की ईश्वर से भी अधिक भक्ति करते हैं। इनका सम्प्रदाय दूर-दूर तक फैल गया है। इसमें सभी जाति के लोग हैं।

खत्री महात्मा हंसराज—पंजाब

खत्री मात्र को महात्मा हंसराज पर गर्व होना चाहिये। उन्होंने निस्वार्थ जाति और समाज सेवा की। आर्य समाज के तो वे प्राण थे हिन्दू धर्म और हिंदू संगठन के वे बड़े हिमायती थे। जो हिंदू मुसलमान बन गये थे उन्हें पुनः उन्होंने हिंदू धर्म स्वीकार कराया।

डी० ए० वी० कालेज लाहौर के वे २५ वर्ष तक प्रिंसिपल रहे। लाहौर आर्य समाज के वे सभापति तब चुने गये जब वह केवल २५ वर्ष के थे। १८९५ में आपने आर्य समाजियों को संगठित करने हेतु आर्य गजट नामक पत्र निकाला। वे लाजपतराय के बहुत निकट थे। १८९६ में जालंधर व १८९८ में होशियार पुर में आपने एक-एक संस्कृत पाठशाला स्थापित की। महात्मा जी संस्कृत व हिंदी के प्रकांड विद्वान थे। वे कई वर्ष तक वेदों के मंत्रों का संग्रह करते रहे। कई संस्थाओं के वे संरक्षक व संचालक रहे और निस्वार्थ सेवा की। डी० ए० वी० कालेज लाहौर के विद्यार्थियों ने एक विशाल हाल कालेज में बनवाया जिसका नाम हंसराज हाल रखा गया। आप डी० ए० वी० कालेज की मैनेजिंग कमेटी के सभापति भी रहे। आप एजुकेशनल कांफ्रेंस तथा राष्ट्रीय सोशल कांफ्रेंस के सभापति रहे। आपने अकाल पीड़ितों के लिये बहुत धन एकत्र किया। क्वेटा में आने वाले भूचालों के पीड़ितों के लिये भी आपने धन एकत्र किया। वे बड़े सज्जन, उदार और महात्मा थे। लोग उनका बड़ा सम्मान करते थे। पंजाब, बिलोचिस्तान और सिंध में महात्मा जी का बड़ा प्रभाव था। उनकी स्मृति में एक टेक्निकल स्कूल, एक कालोनी, हंसराज पुस्तकालय भी खोला गया। बालिकाओं की शिक्षा के लिये आपने एक महिला विद्यालय भी खोला।

खत्री मदनलाल धींगरा—अमृतसर

धींगरा जी का जन्म एक सम्भ्रांत खत्री कुल में अमृतसर में हुआ। जब वे इंगलैण्ड पढ़ने गये तो भारत को स्वतंत्र करने के उत्सुक क्रांतिकारी दल में शामिल हो गये।

धींगरा जी ने १ जुलाई सन् १९०९ को सर कर्जन वाइली को गोली मार दी। अदालत में उन्होंने कहा कि यदि हमारी मातृभूमि के विरुद्ध कोई जुल्म करता है तो वह ईश्वर का अपमान करता है। इस समय भारत-

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

वासी केवल मरना सीखें अपनी मातृभूमि के लिये। यह सीखने का उपाय है कि वे स्वयं मरें। मैं भी मरूंगा और मुझे इस शहादत पर गर्व है।

१६ अगस्त, १९०९ को उन्हें फाँसी दे दी गई। खत्री जाति का मस्तक ऊँचा उठाने वाले इस वीर पुरुष को कोटिशः प्रणाम।

खत्री डा० बीरबल साहनी

देश के गौरव डा. साहनी अपने विज्ञान-कार्यों एवं श्रेष्ठता के लिये केम्ब्रिज विश्वविद्यालय द्वारा D.Sc. की उपाधि से विभूषित किये गये थे। आपका प्रिय विषय वनस्पति विज्ञान था। १४ नवम्बर, १८९१ में आपका जन्म भेड़ा नामक कस्बे में हुआ था।

१९१९ में आप भारत लौटे और तभी आपको हिंदू विश्वविद्यालय काशी में वनस्पति विभाग का मुख्य प्राचार्य नियुक्त किया गया। आपने पंजाब विश्वविद्यालय लाहौर तथा लखनऊ विश्वविद्यालय में वनस्पति विज्ञान विभाग में भी कार्य किया। १९३० व १९३५ में इण्टर नेशनल बोटानिकल सोसाइटी के सभापति भी रहे। आप अपने अंत समय तक लखनऊ विश्वविद्यालय के साइंस विभाग के डीन रहे। इण्डियन साइंस सोसाइटी में आप दो बार प्रेसीडेण्ट बनाये जा चुके हैं। वर्ष १९२१, १९२६ व १९३८ में आप ज्योलाजिकल विभाग के प्रेसीडेण्ट बनाये गये।

आपने अनेक वैज्ञानिक संस्थाओं को जन्म दिया। अपने अमूल्य कार्यों के लिये आपको कितनी ही उपाधियां और पदक प्रदान किये गये।

आप देशोन्नति के अन्य अनेक कार्यों में भी रुचि लेते थे। सार्वजनिक, सामाजिक, शिक्षा सम्बंधी कार्यों के अतिरिक्त देश में होने वाले राष्ट्रीय आंदोलनों में भी आपकी सहानुभूति रहती थी। आप खद्दर को शेरवानी, चूड़ीदार पैजामा तथा गांधी टोपी भी पहनते थे।

आपके मुख्य कार्यों में "दक्षिण पठार की आयु", "हिमालय का इतिहास" "गोंडवाना और अंगारा महाद्वीप" आदि प्रसिद्ध हैं।

३ अप्रैल, १९४९ में आपने "पैलाबाटनी इंसटीट्यूट" की स्थापना की जिसकी नींव स्व० प्रधान मंत्री पं० जवाहरलाल नेहरू ने रखी थी।

खत्री दीवान सावनमल, मुलतान

आपका जन्म वर्ष १७८२ में हुआ था। आपको मुलतान का शासक नियुक्त किया गया था तथा साथ ही में डेरा गाजी खाँ का प्रबंध भी सौंपा गया था। आपने जीवनपर्यंत कुशलतापूर्वक अपने दायित्व को निभाया तथा वर्ष १८४४ में स्वर्गवासी हुये। हमें आप पर गर्व है।

खत्री कालिदास कपूर, एम० ए० एल० टी०—लखनऊ

आपका जन्म चौक लखनऊ में ११ अगस्त सन् १८९२ में हुआ। आप हिंदी व अंग्रेजी के प्रकाण्ड विद्वान माने गये। साहित्यिक, सामाजिक व जातीय सेवा में लगे रहे। आप अखिल भारतीय खत्री महासभा की सन्

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

...nding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitiza...

१९१० की (प्रयाग की प्रदर्शिनी के साथ) बैठक में सम्मिलित हुये। आप लखनऊ, फरुंखाबाद, लाहौर, कानपुर, शाहजहाँपुर व सीतापुर के अधिवेशनों में भी सम्मिलित हुये। प्रांतीय सभा के प्रथम मंत्री भी आप रह चुके हैं। खत्री उपकारिणी सभा, लखनऊ, की कार्यकारिणी के आप अनेक वर्षों से सदस्य हैं।

आप काली चरण हाई स्कूल, जुबली हाई स्कूल, लखनऊ व के० डी० जे० हाई स्कूल मौरावां में अध्यापक रहे। कालांतर में आप कालीचरण हाई स्कूल, लखनऊ में हेडमास्टर नियुक्त हुये।

आप १९२५ में हाई स्कूल बोर्ड के मेम्बर, १९२८ में टेक्स्ट बुक कमेटी की हिंदी सब कमेटी के सभापति तथा १९३१ से १९३७ तक बोर्ड की हिंदी कमेटी के सभापति रहे। इसके अतिरिक्त यू० पी० सेकेण्डरी एजूकेशन एसोसिएशन के सभापति (१९२५-२६) व प्रधान मंत्री (१९३४-३५), बोर्ड आफ हाई स्कूल एण्ड इण्टरमीजिएट एजुकेशन में प्रांतीय हेडमास्टरों के प्रतिनिधि (१९२५-३१), टीचर्स कोआपरेटिव सोसाइटी के सभापति (१९३३-४२) में रहे। आपने शिक्षा सम्बंधी उद्देश्य से सन् १९३६ मे जापान यात्रा की।

आपने लगभग १४ पुस्तकें लिखीं जो ज्ञानवर्धक हैं। खत्री समाज को आप पर गर्व है।

खत्री लाला बुद्धूलाल मेहरोत्रा—कानपुर

सच्ची राष्ट्रीय भावना के ज्वलंत उदाहरण, समाज एवं उन्नति सेवा के धनी, स्नेह एवं ममत्व के सजीव स्वरूप लाला जी का जन्म कानपुर में सन् १८९६ में हुआ था। आपके पिता लाला ज्वालाप्रसाद कानपुर नगर के प्रतिष्ठित लोगों में से थे।

आपने अपने को सामाजिक कार्यों में खूब लगाया। फलस्वरूप अनेक ऐसी संस्थायें है जो उनके कर्मठ व्यक्तित्व का ज्वलंत उदाहरण हैं।

कानपुर के अनेक ट्रस्ट व संस्थायें आपके मार्गदर्शन में सदा फली फूलीं।

अखिल भारतीय खत्री महासभा के २९ वें (सन् १९६४) अधिवेशन तथा उसकी सफलता का सेहरा आप के सर पर रहा।

कपड़ा व्यापार में आपने अभूतपूर्व सफलता पाई और इसी कारण तथा अपने सद्व्यवहार के कारण आप सबके सिरमौर रहे।

खत्री समाज आपके समक्ष नतमस्तक है।

खत्री श्री प्रेम किशन खन्ना—शाहजहाँपुर

श्री खन्ना जी उ० प्र० स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संगठन के अध्यक्ष बने। आप भूतपूर्व संसद सदस्य भी हैं।

क्रांतिकारियों के पुराने साथी तथा भारत की आजादी के किये कटिबद्ध आपने सभी कार्यों में सहयोग दिया। आप सभी क्रांतकारियों के साथ कंधे से कंधा मिला कर चलते रहे और उनका साथ दिया।

अनेक स्कूल, कालेजों के संस्थापन में आपका पूरा योगदान रहा। आपने अपने जीवन के बहुमूल्य ७० वर्ष देश और सामाजिक सेवा में लगा दिये। आपको कोटि-कोटि प्रणाम।

खत्री स्व० लक्ष्मीनारायण जी टण्डन—लखनऊ

श्री टण्डन जी ने अपना बचपन अभावों में काटा था। अतः अपने सम्पूर्ण जीवन में, सम्पन्न होने पर, वे गरीब बच्चों की तन, मन, धन से सहायता करते रहे।

...Research Institute, Melukote Collection

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

वे इलाहाबाद बैंक कलकत्ता में बड़े बाबू के पद पर वर्षों कार्यरत रहे। अत: लोग उन्हें बड़े बाबू के नाम से ही पुकारते थे। अपने बैंकिंग जीवन काल में आपने अनेक गरीब खत्री लड़कों को बैंक में नौकरियाँ दिलवाईं। उनका व्यक्तित्व महान था। वे एक ईमानदार एवं चरित्रवान व्यक्ति थे। उनके साधनाशील जीवन में कर्म, ज्ञान एवं भक्ति का अनोखा संगम था। वे सादगी पसंद प्राणी थे और आडम्बर से दूर रहते थे। वे कहा करते थे कि "कर से कर्म करो विधि नाना, मन राखो प्रभु कृपा निधाना"।

उनका कहना था कि बच्चों को ऐसी उचित व उत्तम शिक्षा देनी चाहिये ताकि वे अपने जीवन में स्वयं अपने पैरों खड़े हो सकें, माता पिता की बैसाखी पर नहीं।

सदग्रंथों के पारायण के साथ-साथ आप साधु संतों का मान सम्मान भी किया करते थे। सम्भवत: यह वर्ष १९०१ या १९०२ का समय था जब गंगा प्रसाद मेमोरियल हाल, लखनऊ में अपने भाषण के बीच स्वामी रामतीर्थ ने उनकी पीठ ठोंककर शाबाशी दी थी।

खत्री स्व० रणछोड़दास जी अरोड़ा, ब्यावर–राजस्थान

तेजस्वी समाज सेवी स्व० रणछोड़दास जी अरोड़ों के अगुआ थे। आप राजपूताना अरोड़वंश महासभा के सदस्य थे। सन् १९२४ में महासभा के नसीराबाद अधिवेशन के आप सर्वसम्मति से सभापति बनाये गये थे। टेढ़े से टेढ़े मामालों को सुलझाने में आप अद्वितीय ज्ञान रखते थे। जाति के मुख्य पंचों में आपका सर्वोच्च स्थान था। आपका सभी मान करते थे।

आप पाली में "आनरेरी मैजिस्ट्रेट" थे। आप जैसे विशिष्ट प्रतिभा सम्पन्न व्यक्ति को समाज ब्यावर में आयोजित महा सम्मेलन का सभापति चुना। आपके हृदय में जाति प्रेम की ज्योति सदा प्रज्ज्वलित रही। १५० वर्ष से चली आ रही नागौरी और जोधपुरी अरोड़ों की दलबंदी को आपने इतने अच्छे ढंग से निबटाया कि किसी को कोई दुख न हुआ और बिछुड़े हुये भाई गले मिले। इस कार्य के किये आपकी भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। फलस्वरूप युवा वर्ग आगे आया और दूने उत्साह से जाति सेवा में जुट गया।

आप टेनिस के एड अच्छे खिलाड़ी भी थे। आपने एक इतिहास भी लिखा था किंतु दुर्भाग्य, उनके निधन से वह छप न सका।

खत्री स्व० निहालचन्द बेरी, वाराणसी (१८२६-१९७०)

श्री निहालचन्द का जन्म अमृतसर में हुआ था पर आपकी कर्मभूमि वाराणसी थी। आप अच्छे लेखक, कवि, साहित्यकार, उपन्यासकार, नाटककार एवं जासूसी उपन्यासकार के साथ-साथ अच्छे पत्रकार एवं सम्पादक भी थे।

आपने अनेक पुस्तकें, उपन्यास ऐय्यारी के उपन्यास, गीत तथा भजनों की पुस्तकें लिखीं।

आपने एक प्रकाशन संस्था भी खोली थी जो वाराणसी से कलकत्ता चली गई। बड़ी-बड़ी महत्वपूर्ण पुस्तकें कृतियाँ रिपोर्टें एवं राष्ट्रीय पुस्तकें इस संस्था ने छापीं।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

...nding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitiza...

खत्री स्व० कुन्दनलाल सहगल—बम्बई

वर्तमान समय के तानसेन स्वर्गीय कुन्दनलाल सहगल ने जो धूम गायन के क्षेत्र में मचाई और अपनी विशिष्ट गायन शैली को संसार के सामने उजागर कर गये उसका जोड़ नहीं। उनकी बराबरी करने वाला कोई दूसरा गायक नहीं है।

उन्होंने अनेक फिल्मों में काम भी किया और अपने गीत स्वयं गाये। वे अमर गायक है। उनके प्रसिद्ध एवं दिल को छूने वाले गीत निम्नलिखित हैं :—

(१) बालम आय बसो मेरे मन में

(२) बाबुल मोरा नैहर छूटो ही जाय

(३) जगमग जगमग दिया जलाओ.

(४) जब दिल ही टूट गया

(५) दो नैना मतवारे तिहारे

खत्री कुल कमल दिवाकर गुरु नानक देव जी—पंजाब

आपका जन्म बहलोल लोदी के समय खत्री वंश के वेदी अल्ल में तलबंडी (लाहौर) में हुआ था। इसे ननकाना साहब भी कहते हैं। इस समय यह पाकिस्तान में है। आपको पहले गुरु जी ने "ॐ" पढ़ाया। पूछने पर गुरु जी ने कुछ अर्थ बता दिये। परन्तु आपने उसकी व्याख्या कुछ और ही कर दी। फारसी के विद्वान मौलवी भी पढ़ाते समय समझ गये कि यह विलक्षण बुद्धि का बालक है। नानक देव जी ने जब देखा कि हिन्दू जाति खतरे में है तो छूत अछूत ऊँच नीच का विचार न करते हुये सभी भारतवासियों को एकता के सूत्र में बाँधने हेतु उपदेश दिया कि "ईश्वर ने मनुष्य को बनाया, उसको मानो, गरूर छोड़ो, मौत की चिन्ता न करो और बनाने वाले को जपो। जो परमात्मा को हृदय में रखे, अपने ईमान को चेते, वही सच्चा है।

अनेकाणिक खत्री सिख थे। सिखों के दसों गुरु खत्री वंशावतंश हैं।

खत्री लाला गयाप्रसाद कपूर—कानपुर

लाला गयाप्रसाद ने सन् १८५७ के विप्लव के पश्चात् लाखो रुपया पैदा किया। अपने मरने से तीन दिन पूर्व अपने वसीयतनामे के द्वारा आपने थोड़ी सम्पत्ति अपनी विधवा पत्नी, अपनी विधवा पुत्रवधू और अपनी बहन व उसके लड़कों, अपने अहलकारों तथा छोटे-बड़े कर्मचारियों को देने के उपरान्त शेष सम्पत्ति को लोक हितैषी कार्यों हेतु दे दिया। "छोटेलाल गयाप्रसाद ट्रस्ट" की स्थापना की जो उत्तर प्रदेश की लोकहितैषिणी संस्थाओं में एक है। ट्रस्ट से होने वाली आमदनी ही केवल खर्च की जायेगी, मूलधन नहीं छुआ जायेगा। इस ट्रष्ट के द्वारा अनेक महत्वपूर्ण कार्य किये गये हैं। ट्रस्ट के महत्वपूर्ण कार्यों में कानपुर की दो धर्मशालायें "छोटे-लाल गया प्रसाद धर्मशाला" व बेनीमाधव धर्मशाला" विशेषरूप से विख्यात हैं। अनेक कालेजों को दान, कुआँ बनवाना, बच्चों को वजीफें, पुस्तकें, पास, परीक्षाशुल्क आदि प्रदान करना, सरसैया घाट पर पार्क व टट्टियाँ बनवाना "गया प्रसाद लाइफ सेविंग फण्ड" की स्थापना आदि कार्य विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री स्व० बाबू माधो प्रसाद जी, धवन–मिर्जापुर (१८५१–१९२२)

जाति सेवक बाबू साहब एक निर्भीक पत्रकार भी थे। आपने सन् १८८८ में 'खिचरी समाचार'–(राष्ट्रीय एवं सामाजिक सुधार हेतु प्रकाशित)—पत्र के प्रकाशक, मुद्रक एवं निर्भीक सम्पादक थे। आप न्यूयार्क (अमेरिका) के 'साइको ससेक्स' क्लब के भारतीय सदस्यों में एक थे।

खत्री स्व० लाला दुर्गाप्रसाद जी सहगल–कानपुर (१८४९–१९२४)

आपने खत्री जाति का बड़ा उपकार किया। आपने अपने पैसे से सैकड़ों खत्री भाइयों की कन्याओं का विवाह करवा दिया। आपने इलाहाबाद में मुहल्ला कल्यानीदेवी में हनुमान जी के मंदिर की स्थापना की। अनेक गरीब खत्री बच्चों को शिक्षा हेतु सहायता की। आपने अपने पैसे से एक मकान बनवाया और उसमें असहाय गरीब खत्री विधवाओं को रहने का स्थान दिया। इन विधवाओं को भोजन और वस्त्र भी वे अपने पास से देते थे। प्लेग के दिनों में मकानों में पड़ी सड़ती लाशों को निकलवा कर आप ही मृतक क्रिया करने वाले थे। शहर के कलेक्टर ने प्लेग की समाप्ति पर आपको धन्यवाद पत्र दिया। आप रोगियों की सेवा के साथ-साथ दवा भी बाँटते थे। पेट की मालिश करने में आप निपुण थे और इससे अनेक रोग दूर कर देते थे।

खत्री लाला दयालीराम जी चोपड़ा–पटियाला

सन् १८८८ में महेन्द्र कालेज के प्रोफेसर की हैसियत से आपने खत्री जाति की सेवा का बीड़ा उठाया। आप उस कमेटी के सदस्य बने जो जातीय सुधार हेतु पंजाब में १८८५ में बनी थी। कालान्तर से आप इसके जनरल सेक्रेटरी बने। आपने सारे भारत के प्रमुख नगरों का भ्रमण किया और बिखरे हुये जाति के लोगों को आपस में मिलाया जिसका फल यह हुआ कि १९३१ की मनुष्य गणना में हमारी संख्या पिछली सख्या से पचास हजार बढ़ गई। इससे प्रेरणा लेकर अन्य प्रांतों में कमेटियाँ बनीं। १८९९ में पटियाले में पंजाबी खत्री सभा हुई। इसके लिये पटियाला महाराज ने सभी खत्रियों को एक सप्ताह की छुट्टी प्रदान की। २६–२७ दिसम्बर १८९९ में अखिल भारतीय खत्री कांफ्रेंस का प्रथम अधिवेशन हुआ जिसे सफल बनाने में लाला जी ने बड़ा प्रयत्न किया। फर्रुखाबाद के १२ वें अखिल भारतीय खत्री सम्मेलन के आप प्रधान रहे।

खत्री लाला हरिचंद बाँबा–लाहौर

आप खत्रिय सेन्ट्रल कमेटी, लाहौर के मंत्री बनाये गये थे। अखिल भारतीय खत्री सम्मेलन के जन्म-दाताओं में आपका नाम भी आदर से लिया जाता है। 'चैरजाति' और 'बाहुजाति' के झगड़े को मिटाकर दोनों वर्ग के खत्रियों में मेल कराने का श्रेय आप ही को है। चूँकि आपको खत्री जाति से बड़ा प्रेम था अतः जातीय इतिहास की खोज के लिये आपने बड़ा परिश्रम किया था। आप सदा जाति सेवा में लगे रहे।

खत्री मास्टर मोतीलाल जी सेठ बी. ए.–आगरा (१८५३–१९११)

बी० ए० में उत्तीर्ण होने के पश्चात् आप डिप्टी इन्सपेक्टर आफ स्कूल्स लगाये गये। आपने एक पुस्तक अँग्रेजी में लिखी जिसका नाम था—'एथनालाजिकल सर्वे आफ द खत्रीज'। इसी के कारण मनुष्य गणना में खत्रियों को उचित स्थान मिला। आपने 'खत्री-हितकारी' पत्र का सम्पादन करते हुये विवादग्रस्त विषयों पर प्रकाश डाला। इन कारणों से सेठ जी खत्री इतिहास में अमर हो गये।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitized

खत्री स्व० लाला कालीचरन मेहरोत्रा-लखनऊ. (१८४२—१९०६)

उन्नीसवीं शताब्दी के अर्द्धांश में लखनऊ चौक क्षेत्राकाश में एक ऐसे दीप्तिमान नक्षत्र का उदय हुआ, जिसने अपने सौम्य व्यक्तित्व की प्रभा से समस्त शिक्षा जगत को चमत्कृत कर दिया, सेवा का एक ऐसा आदर्श उपस्थित किया, जो आज भी वंदनीय है, परोपकार की ऐसी ज्योत्स्ना छिटका दी, जो आज भी धवल-धवला सी आच्छादित है। साधारण से खत्री परिवार में जन्मा होकर, घर में छोटे होने पर, स्वजनों की प्रतारणा को सहन करते हुए, अल्पवय में विवाह जैसे दायित्व-बोझ से लदकर भी जिसने, साहस, उद्यम और जीवन-साधना नहीं त्यागी, वह थे चिरस्मरणीय स्व० लाला कालीचरण जी मेहरोत्रा। आर्थिक कठिनाइयों के झंझावात से जूझने का चरमादर्श उन्होंने प्रस्तुत किया। दान और उदारता की यह सचमुच अद्वितीय मूर्ति बन गये। जो अपने पितृ-श्राद्ध के अवसर पर शत-शत ब्राह्मणों को भोजन करवा प्रत्येक को एक-एक स्वर्ण मुद्रिका दे सकता था, उसके हृदय की विशालता और पूर्वजों के प्रति आदर भाव का सहज ही अनुमान किया जा सकता है।

सन् १८४२ में जन्म लेकर, आर्थिक विषमताओं में पलकर जब श्रद्धेय ला० कालीचरण जी १२ वर्ष के हुए तभी उनका विवाह सम्पन्न हुआ। सुबह-शाम रोटी के लाले पड़ गये। दायित्व बढ़ ही गया था। एक रात वह अपनी पत्नी की नाक की नथ लेकर कहीं चले गये और एक वर्ष तक अज्ञातवास में रहे। बाद में उन्होंने एक पत्र अपनी कुशल क्षेम का मुर्शिदाबाद से घर पर लिखा। वहीं रहकर उन्होंने पर्याप्त धनोपार्जन किया।

लाला कालीचरण खत्री की अंतिम इच्छा पत्रानुसार, जिसका प्रारूप कलकत्ते के प्रसिद्ध एवं वरिष्ठ अधिवक्ता बाबू आपूरला केलार गंगूली द्वारा लिपिबद्ध किया गया था, और जिसपर लाला कालीचरण जी के हस्ताक्षर दिनांक २५ मई १८९९ को बाबू गोपाल दास क्षत्रिय तथा बाबू अविनाश चन्द्र के साक्ष्य में हुये थे, उनकी समस्त चल और अचल सम्पत्ति पर लखनऊ जनपद के डिप्टी कलेक्टर महोदय का नियंत्रण होगा और स्व० लाला कालीचरण जी के नाम पर एक शिक्षा संस्था खोली जाय। इस निमित्त कलकत्ता स्थित बैंक आफ बंगाल में एक लाख रुपये की धनराशि को प्रोमीसरी नोट्स के रूप में जमा थी, का ब्याज शिक्षा संस्था के पोषण में लगाया जाय। स्व० लाला काली चरण जी के मन में जनसेवा की, जनहित की तथा शिक्षा-जगत सेवा की प्रसुप्त चिनगारी विद्यमान थी, जिसको उनके चचेरे भ्राता स्व० श्री नरोत्तम दास जी ने क्रमशः प्रज्ज्वलित किया और उन्हें अपनी सुश्रम अर्जित सम्पत्ति को सत्कार्य में व्ययार्थ संप्रेरित किया।

२५ मई सन् १८९९ ई० में उस उदात्तमना ने अन्तिम इच्छा पत्र पर कलकत्ते में हस्ताक्षर किये थे। शनैः शनैः उनका स्वास्थ्य गिरता गया और सन् १९०६ के ११ अगस्त को, वह दिव्य भावना युक्त महान आत्मा, कलकत्ता स्थित मटियाबुर्ज निवास पर पंचत्व को प्राप्त हो गयी। उनकी मृत्यु के समय उनके दत्तकपुत्र लाला तेजकृष्ण खत्री जिनकी आयु उस समय लगभग १४–१५ वर्ष की रही होगी, अपनी माता जी के साथ कलकत्ता में उपस्थित थे।

खत्री बाबू महेश्वर प्रसाद सिंह-पटना (१८६७–१९१७)

आप में जातीय प्रेम कूट-कूट कर भरा था। बाबू जी १९०० के प्रथम खत्री सम्मेलन, लाहौर में तथा १९०१ के खत्री कांफ्रेंस, जम्बू, में बिहार के प्रतिनिधि होकर गये थे। आपने पटना में खत्री सभा की स्थापना की और मंत्री के रूप में जाति सेवा करते रहे। आपकी पुण्य स्मृति में 'महेश्वर शील्ड' चालू की गई जिसमें सारे भारत के खिलाड़ी भाग लेते हैं।

CC-0. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection. National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री स्व० राय छोटेलाल जी टण्डन–जालना (१८६२–१९६१)

आप एक अच्छे समाज सेवक तथा गरीबों के भगवान बनकर आये थे। वह चाहते थे कि जिस समाज में वे रह रहे हैं उसका हर अंग हर प्रकार की उन्नति करे। वे सुसम्पन्न परिवार में जन्मे थे किन्तु गरीब की ओर उनका ध्यान भगवान की ही देन थी।

वे मराठी, हिन्दी, गुरुमुखी, उर्दू और फारसी के ज्ञाता थे। अपनी योग्यता से ही उन्होंने निजाम की राजसत्ता का विश्वास प्राप्त किया था और रायसाहब औरंगाबाद की नगर परिषद एवं जिला बोर्ड के सदस्य नियुक्त किये गये।

वर्ष १८९९ में सूखा पड़ने पर आपने अनेक प्रकार से समाज की सेवा की। आपने शिक्षा प्रसार की ओर भी अपना ध्यान लगाया तथा अन्य सहयोगियों के साथ सरस्वती भुवन विद्यालय और शारदा मंदिर संस्था की नींव डाली। वे दोनों संस्थाओं के संस्थापक और निर्देशक रहे।

नियमानुसार तो प्राथमिक शाला खोलने के लिये निजाम की स्वीकृति परमावश्यक थी किन्तु राय साहब ने ऐसा नहीं किया। किन्तु निजाम में इतना साहस नहीं था कि उसे अस्वीकृत कर दें।

राय साहब अनेक संस्थाओं से अंत तक जुड़े रहे और सभी को उन्नति के शिखर पर पहुंचाने की चेष्टा करते रहे। इन संस्थाओं में वे अध्यक्ष, संस्थापक एवं सलाहकार के रूप में कार्यरत रहे। निजाम राज्य ने भी इनकी नीतिओं की सराहना की तथा इन्हें स्वर्ण पदक, रौप्य पदक एवं ताम्र पदकों से सुशोभित किया। जहाँ आप खत्री समाज के अध्यक्ष रहे वहीं आल इण्डिया खत्री कांफ्रेंस हैदराबाद के वर्ष १९४५ में अध्यक्ष रहे।

खत्री समाज ऐसे उच्च कोटि के समाज सेवक को शतशः प्रणाम करता है।

खत्री स्व० गंगा प्रसाद वर्मा–लखनऊ (१८६३–१९१४)

श्री गंगा प्रसाद जी को यदि लखनऊ शहर का चाँद कहा जाय तो अत्युक्ति न होगी। जहाँ आप सार्वजनिक जीवन में एक उच्चकोटि के समाज सेवी एवं खत्री हितैषी थे वहीं आप एक कर्मठ, विद्वान, निर्भीक पत्रकार भी थे। आपने एडवोकेट व हिन्दुस्तानी नामक समाचार पत्रों का बड़ी कुशलता से सम्पादन किया। अपनी कर्तव्यनिष्ठा, कार्यक्षमता, मातृभूमि एवं जनता की निस्वार्थ सेवा हेतु समर्पित जीवन से उन्होंने उन्नति की और संयुक्त प्रान्त विधान परिषद के सम्मानित सदस्य, इलाहाबाद यूनीवर्सिटी सिनेट के सदस्य, लखनऊ म्युनिसिपल बोर्ड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रदेशीय सेनेटरी बोर्ड के सदस्य, संयुक्त प्रांत हिन्दू सभा तथा लखनऊ पीपुल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर रहे।

सी० वाई० चिन्तामणि ने अपनी पुस्तक 'इण्डियन पालिटिक्स सिन्स म्युटिनी' में लिखा है कि लखनऊ से बम्बई तक अपरिचित व साधारण २२ वर्षीय युवा बाबू गंगा प्रसाद वर्मा ने १८८५ में बम्बई में कांग्रेस के प्रथम अधिवेशन में भाग लिया और जीवन पर्यन्त २८ वर्षों तक कांग्रेस व मातृभूमि के महान भक्त रहे और संयुक्त प्रांत कांग्रेस के प्रथम अध्यक्ष रहे।

डा० पट्टाभि सीतारमैइया ने अपनी पुस्तक 'हिस्ट्री आफ दि कांग्रेस' में लिखा है कि कांग्रेस के प्रथम अधिवेशन (बम्बई) में भाग लेने वाले देश भक्तों में लखनऊ से मुंशी गंगा प्रसाद वर्मा थे।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

...nding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitiza...

आप जब लखनऊ म्युनिसिपल बोर्ड में अनेक पदों पर कार्यरत थे तो आपने अमीनाबाद में पार्क क्लाक टावर, फब्बारा बाजार एवं पुस्तकालय एवं वाचनालय का निर्माण करवाया था। इस पुस्तकालय की आधारशिला दादा भाई नौरोजी ने रक्खी जिसका श्रेय मुंशी जी को ही जाता है।

बाबू गंगाप्रसाद वर्मा मेमोरियल सोसाईटी आपकी यादगार में चल रही है। इस संस्था ने बुधवार दिनांक १३ अगस्त १९८६ को बाबू जी के जयन्ती समारोह पर गंगा प्रसाद वर्मा मेमोरियल हाल, अमीनाबाद लखनऊ में एक उत्सव मनाया जिसका उद्घाटन एवं अध्यक्षता पं० कमलापति त्रिपाठी जी ने की। इसके मुख्य वक्ता थे श्री जगदीशचन्द्र दीक्षित एम० एल० सी०। इस संस्था के अवैतनिक महामंत्री हैं डा० मदन मोहन सिद्धू तथा अध्यक्ष श्री कैलाश प्रकाश जी हैं।

हम अपने ऐसे महामानव के प्रति श्रद्धा से नमन करते हैं।

खत्री रायबहादुर लाला रामसरनदास जी—लाहौर

आपको सन् १९१४ में 'कैसर हिंद' की उपाधि से विभूषित किया गया। आप अनेक सामाजिक एवं प्रसिद्ध संस्थाओं के सभापति तथा 'खत्री हितैषी' के संरक्षक बने। लखनऊ में होने वाली १८ वीं अखिल भारतीय खत्री कांफ्रेंस के आप सभापति चुने गये थे।

खत्री रायबहादुर कैप्टेन रामरखामल जी भंडारी—लाहौर

आपका जन्म गुरुदासपुर में हुआ। आप पेशे से वकील थे। आप अनेक सामाजिक संस्थाओं से जुड़े रहे। आपने विधवा विवाह को बढ़ावा दिया। आपने कई लेख पत्र-पत्रिकाओं मे लिखे कि 'हिन्दू क्यों कम हो रहे हैं।' जब हिन्दुओं को रियासत भावलपुर में बन्द किया गया तो आपने अथक प्रयास करके उन्हें छुड़ाया। विलायत में रहकर आपने हिन्दू सभा बनाई। हिन्दू पर्व दीवाली, दशहरा आदि त्योहार मनाने शुरू किये। आपने बैरिस्ट्री की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। आप बिलोचिस्तान में रेडक्रास के कमिश्नर नियुक्त किये गये। आपको कप्तान की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने सारी सेवा निःशुल्क की। आप अपनी जान की परवाह न करके युद्ध पर भी गये। आपका पोता जो बहुत बीमार था मर गया किन्तु आप अपने काम पर डटे रहे। रेडक्रास की ओर आप वर्मा, श्याम आदि देशों को गये जहाँ आपका बहुत सम्मान किया गया। आप अखिल भारतीय पंजाबी खत्री कांफ्रेंस, अमृतसर के अध्यक्ष बनाये गये। आप अनेक सामाजिक संस्थाओं से जुड़े रहे।

खत्री माननीय श्री पुरुषोत्तमदासजी टंडन-प्रयाग (१८८३—१९६२)

टण्डन जी जाति सेवा में कभी पीछे नहीं रहे। इसका उदाहरण कानपुर में प्रथम युक्त प्रान्तीय अधिवेशन में दिया गया भाषण। आप हिन्दी के सदा हिमायती रहे। जन सेवक श्रद्धेय टण्डन जी बड़े ही सरल स्वभाव के थे। उनमें आत्माभिमान कूट-कूट कर भरा था।

आपको राजर्षि की उपाधि वर्ष १९४८ में प्रातः स्मरणीय महासन्त ऋद्धि सिद्धि प्राप्त देवरहा बाबा ने प्रदान की थी। उन्हीं की प्रेरणा से ओत-प्रोत टण्डन जी जीवन पर्यन्त अपनी राष्ट्रीयता एवं हिन्दी से जुड़े रहे। ऐसे थे निस्पृह जीव टण्डन जी जिन्होंने सादा जीवन व्यतीत करना और वह भी एक सिपाही के समान स्वीकार किया और उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री पद को अस्वीकार कर दिया।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग, आज भी उनका ऋणी हैं। वे इसके अध्यक्ष सन् १९२३ में चुने गये थे। अहिन्दी भाषी दक्षिण से यहाँ हिन्दी पढ़ने आते थे। यह प्रेरणा बाबू साहब ने ही दी थी।

वे किसी से कभी सहायता नहीं लेते थे। गरीबी में साधु जीवन व्यतीत करते हुये आप हिन्दी से जुड़े रहे। राजर्षि जी को 'भारतरत्न' की उपाधि से विभूषित किया भारत सरकार ने। यह उनके असीम तपस्वी एवं निस्पृह व्यक्तित्व का परिचायक था।

आज ऐसे तपोनिष्ठ एवं हिन्दी के प्रति समर्पित व्यक्तित्व की तलाश है जो उनके अधूरे कार्य को पूरा करे।

खत्री रायबहादुर बाबू श्यामसुन्दरदास, बी० ए०—बनारस

कौमुदी काशी नागरी प्रचारिणी सभा के संस्थापन में बाबू शाहब का बहुत बड़ा हाथ था। विश्व विद्यालय में हिन्दी की प्रतिष्ठा कराने का बहुत कुछ श्रेय आप ही को है। आपने हिन्दी पुस्तकें लिखकर बड़ा उपकार किया। हिन्दी साहित्य सेवियों में आपका नाम सदा अमर रहेगा। अपने सदुपयोग का सुफल एवं सुयश जितना बाबू साहब को मिला उतना सम्भवतः अन्य को नहीं मिला होगा। अक्टूबर १९३१ में अखिल भारतीय खत्री इतिहास कमेटी की बैठक जो इसी इतिहास के लिये काशी में हुई थी उसके आप ही सभापति मनोनीत किये गये थे। आप सदा-सदा खत्री जाति के साहित्य शिरोमणि रहेंगे।

खत्री बाबू महाराजकिशोरजी टण्डन—लखनऊ (१८८४-१९३८)

संघर्षमय जीवन ने आपको एक जीवट का योद्धा बना दिया। आप खत्री जाति के प्राणों में व्याप्त थे। जाति के प्रति आपका स्नेह, शीलता एवं दया तथा त्याग खत्री भाइयों में सदा-सदा स्फूर्ति प्रदान करता रहेगा। कृत्रिमता और आडम्बर से दूर निस्वार्थ सेवा भाव अपनी जाति के लिये सदा ही स्मरण किया जायेगा। आपका आत्माभिमान, धैर्य और सदाचार खत्री भाइयों के लिये सदा प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय रहेगा। उन्होंने समाज को अपना कुटुम्ब समझ लिया था। जाति सेवा में वे तन, मन, धन से समर्पित थे। स्थानीय खत्री सभा को स्थापित करने का श्रेय आपको ही है। खत्री भवन की प्रेरणा आपने ही दी और आपके ही कर कमलों से उसकी नींव रखी गई। प्रांतीय कांफ्रेंस हो या अखिल भारतीय कांफ्रेंस आपका सभी में योगदान रहा। 'खत्री हितैषी' के जन्मदाता भी आप ही थे। महिला विद्यालय तथा अनाथालय की कार्यकारिणी के कई वर्ष तक लगातार आप सदस्य रहे। आपने सभी सामाजिक कार्यों में अपना सम्पूर्ण योगदान दिया।

खत्री राजा सर गुरुबख्शसिंहजी—रावलपिण्डी

आप गुरु नानकदेव जी के वंशज हैं। आप आरम्भ से ही धर्मात्मा रहे। सार्वजनिक कार्यों में आप बड़ी रुचि लेते रहे। लाहौर में होने वाली दसवीं अखिल भारतीय खत्री कांफ्रेंस के सभापति आप ही थे।

खत्री राजा बनबिहारीजी—बर्दवान (१८५३-१९२४)

राजा जी बरेली के अखिल भारतीय खत्री सभा के विशेष अधिवेशन के प्रधान थे। आपकी अध्यक्षता में समस्त खत्री जाति की तरफ से जो आंदोलन हुआ उसका फल यह हुआ कि मनुष्य गणना में खत्री जाति का स्थान दूसरे स्थान पर लिखा गया। १८९३ में आपको राजा का, १९०३ में सी० एस० आई० और १९११ में राजा

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

...nding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitiza...

बहादुर की उपाधि से विभूषित किया गया। इन्हें १९१४ में "कैसर हिंद" स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। १८७७ में आप बर्दवान के दीवान राज नियत हुये। आप बंगाल लेजिस्लेटिव कौंसिल के मेम्बर तथा बहुत दिनों तक मैजिस्ट्रेट रहे।

खत्री महाराजाधिराज सर विजयचन्द महताब बहादुर—बर्दवान

१९०९ की अ० भा० ख० का० के आप सभापति रहे। आपकी अध्यक्षता में खत्री नेशनल फण्ड स्थापित हुआ और भण्डार कमेटी बनाई गई। आपने सेण्ट्रल कमेटी अखिल भारतीय कांफ्रेंस को मासिक सहायता देना आरम्भ किया था। अपनी ओर से एक उपदेशक नियुक्त किया। जो खत्री नवयुवक आई० सी० एस० के लिये विलायत जाता था उसे आप मासिक छात्र वृत्ति भी देते थे। १९१८ की अ०भा०क० के आप प्रधान हुये। १९०३ में आप गद्दी पर बैठे थे और आपको महाराजाधिराज की उपाधि दी गई। १९०८ में के० सी० आई० ई० तथा १९०९ के० सी० एस० आई० की उपाधि दी गई। आप कई वर्ष तक बंगाल कौंसिल के सदस्य तथा अन्य सार्वजनिक सभाओं के प्रधान रहे। हिन्दू मुस्लिम समझौते के लिये बनी कमेटी के आप प्रधान थे प्रजा की हित कामना एवं भारतीय हितों की रक्षा का आप सदा ध्यान रखते थे।

खत्री रायबहादुर लाला प्रयागनारायण, एम०एल०ए०—मौरावाँ (१८९७–१९६६)

आप मौरावाँ के प्रसिद्ध खत्री घराने के हैं। आप भूतपूर्व आनरेरी मैजिस्ट्रेट, एडवाइजरी कमेटी कोर्ट आफ वार्डस् और लेजिस्लेटिव असेम्बली के मेम्बर रहे। १९३० में आपको रायबहादुर की उपाधि से विभूषित किया गया। आप एक हाई स्कूल, एक संस्कृत पाठशाला तथा एक आयुर्वेदीय औषधालय का संचालन करते रहे। प्रति वर्ष आप लगभग १५०० रुपये निर्धन बच्चों को छात्रवृत्ति के रूप में देते रहे। विभिन्न विश्वविद्यालयों को भी आपने पर्याप्त धन दान में दिया। उन्नाव में प्रथम प्राइमरी विद्यालय आपने ही खोला था जहाँ निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। आप अखिल भारतीय खत्री सम्मेलन (१९३४) गुरुदासपुर (पंजाब) के सभापति तथा अखिल भारतीय खत्री काँफ्रेंस लखनऊ के स्वागताध्यक्ष भी रह चुके हैं।

विधान सभा एवं विधान परिषद के सदस्य रहने के अतिरिक्त आप स्थानीय कालिवन तालुकेदार कालेज के सदस्य, हाई स्कूल से इण्टर मीजिएट शिक्षा परिषद् के सदस्य, खत्री सभा के सदस्य, अंजुमन हिन्द, अवध की कार्यकारिणी के सदस्य रहे। सामाजिक, धार्मिक एवं जन कल्याण के कार्यों में आपकी विशेष रुचि थी। आप मृदुभाषी, हंसमुख, उदार, सहृदय, कर्मठ तथा महामनीषी थे। समाज का प्रत्येक वर्ग उनसे स्नेह करता था। खत्री समाज से एक ऐसा जाज्वल्यमान नक्षत्र विलुप्त हो गया जिसका सभी को शोक है।

खत्री श्री माधोराम हरप्रसाद (कोकामल) टण्डन—लखनऊ

खत्री श्री माधोराम हरप्रसाद बड़े ही उदार व्यक्तित्व के धनी थे सामाजिक सेवा में लीन, अपने पैसे से समाज की सेवा करना उनके रक्त में था। वे भगवान शंकर के भक्त थे। अतः अपने ही धन से उन्होंने फूलवाली गली, चौक, लखनऊ में एक मंदिर की स्थापना की। इस मंदिर का नाम 'जागेश्वर महादेव' हुआ। इसकी संस्थापना सन् १९११ ईसवी को हुई।

आप समाज में कोकामल टण्डन के नाम से विख्यात थे। उस समय चौक लखनऊ का बच्चा-बच्चा कोकामल जी टण्डन से परिचित था। आपका देहावसान सन् १९४६ को हुआ।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री चन्द्रकिरन जौहरी—दिल्ली (१८९४–१९५१)

यद्यपि लाला जी केवल मैट्रिक तक पढ़े थे किन्तु बड़े चतुर एवं दृढ़ संकल्प वाले पुरुष थे। वे सदा खत्री समाज से जुड़े रहे। उन्होंने अपने जीवनकाल में, खत्री कोआपरेटिव बैंक, खत्री उपकारक स्कूल, सरस्वती गर्ल्स स्कूल की स्थापना की। स्वतंत्रता संग्राम के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में आपने अपनी विलायती कपड़ों की दुकान गांधी जी के विदेशी वस्तु वहिष्कार आन्दोलन पर बंद कर दी। गांधी जी से इनका पत्र व्यवहार चलता रहता था। वे गरीब बच्चों की पढ़ाई हेतु गुप्त दान देते रहते थे। अपने व्यवसाय को दूसरों को सिखाने में वे गौरव का अनुभव करते थे। कुरीतियों के विरुद्ध लड़ना और अपनी गलती न होने पर कभी न झुकना उनके रक्त में था।

खत्री श्रीकृष्ण पहलवान—कानपुर (१८९१–१९७२)

आपका जन्म १२ दिसम्बर १८९१ को ग्राम हड़हा उन्नाव में हुआ था।

खत्री श्रीकृष्ण जी कानपुर के निवासी थे। वे समाज में बड़े लोकप्रिय रहे। अपने उपनाम 'पहलवान' से वे बच्चे-बच्चे में जाने जाते थे। अपने सामाजिक कार्य कलापों के कारण वे राष्ट्रपति जाकिर हुसेन द्वारा पुरस्कृत भी हुये। यह पुरस्कार आपको 'नौटंकी' विधा पर सृजन कार्य हेतु प्रदान किया गया। आपका स्वर्गवास ७ अप्रैल १९७२ ई० को कानपुर में हुआ। उनकी पावन स्मृति में 'श्रीकृष्ण पहलवान स्मृति संस्थान' की स्थापना ४३/८३, चौक, कानपुर में हुई।

खत्री लाला शामलाल चाँदीवाले—दिल्ली

लाला जी बड़े ही दिलेर व्यक्तित्व के धनी थे। दिल्ली के साम्प्रदायिक दंगे में अपने मुहल्ले की स्त्रियों और बच्चों को बचाने हेतु १०–१५ युवकों को लेकर स्वयं लाठी चलाते हुये उनकी रक्षा करते रहे। वे जीवट के बड़े मजबूत थे। अपनी जाति के लिये जी जान से समर्पित थे।

खत्री लालीमल चौधरी—दिल्ली

लाला जी सामाजिक कार्यकर्ता थे। वे सदा मितव्ययता का संदेश देते थे। एक बार किसी ने एक वृद्ध की मृत्यु पर चाँदी का बजरी बनवाने का प्रबन्ध किया। लाला जी ने इस अपव्यय की ओर ध्यान दिलाया। किन्तु न मानने पर इस अनुचित कृत्य के विरुद्ध धरना दिया और अन्ततः उनकी बात सभी को मानना पड़ी। वे सदैव खत्री समाज के समक्ष अपनी सुघड़तम और जनहित की माँगों को ही रखते थे। स्वार्थ तो लेशमात्र भी उनके पास नहीं फटकता था।

खत्री जातिरत्न फकीरचन्द मेहरोत्रा—बरेली–दिल्ली (१८९५–१९८०)

आपने बी० ए० तक शिक्षा प्राप्त की और सरकारी नौकरी में आ गये। आप खत्री सभा दिल्ली के लम्बे समय तक अध्यक्ष रहे। आपने खत्री बैंक की स्थापना में अपना सम्पूर्ण योगदान दिया। डा० युद्धवीरसिंह ट्रस्ट के माध्यम से आपने बड़ी जन सेवा की। हर खत्री भाई के दुःख दर्द में शामिल होना आपकी दिनचर्या सी बन गया था। विधवाओं की सहायता एवं गरीब बच्चों को छात्रवृत्ति दिलाना आपने अपना कर्त्तव्य माना था।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

...nding: Tattva Heritage and IKS-MCL Digiti...

खत्री बाबू बालकृष्ण प्रसाद जी—पटना (खत्री इतिहास लेखक)

बाबू साहब पेशे से तो शिक्षाविद थे किन्तु खत्री समाज से सदा जुड़े रहे और यही कारण है कि उससे प्रेरणा लेकर आपने सन् १९२७ में खत्रिय इतिहास का बड़ा पोथा लिखकर तैयार किया। आपने छपरा में सनातन धर्म की १० वर्ष तक सेवा की। आपके कार्यों से प्रसन्न होकर भारत धर्म महामण्डल ने आपको धर्म मानपत्र तथा 'धर्म-विनोद' की उपाधि प्रदान की।

आप १९२१ में, फरुखाबाद में जो खत्रिय इतिहास लिखने हेतु कमेटी बनी थी, बिहार प्रांत से चुने गये थे।

काशी खत्री सभा ने आहको मानपत्र भी दिया तथा पटना खत्री सभा ने जाति-सेवा के लिये स्वर्ण-पदक से सम्मानित किया। 'खत्री जाति का इतिहास' एक अमूल्य निधि है। आपका निधन ९ अक्तूबर १९४५ को हुआ।

खत्री बाबू छैलबिहारी कपूर एडवोकेट—बरेली

आप इतने मेधावी छात्र थे कि आपने बरेली कालेज से इण्टरमीडिएट की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। १८९३ से १९०२ तक बरेली कालेज से एक भी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण नहीं हुआ। इस प्रकार दस साल का रिकार्ड तोड़ने का श्रेय आपको ही मिला। दो बार आप प्रांतीय कौंसिल के सदस्य चुने गये। आप शिक्षा सम्बन्धी कार्यों में बड़ी रुचि लेते थे। अतः आप शिक्षा के अनेक बोर्डों के मेम्बर रहे। अनेक विषयों में एम० ए० क्लासों को बरेली कालेज में चलवाने का श्रेय आपको ही है। बरेली कारपोरेशन बैंक लिमिटेड के जन्मदाता और चेयरमैन आप ही थे।

खत्री कांफ्रेंस में आपने बड़े महत्वपूर्ण प्रस्ताव रक्खे। राजनीति में आपके विचार बड़े उदार रहे हैं किन्तु आप हाँ में हाँ मिलाने वालों में से नहीं थे। खत्री जाति की उन्नति हेतु समय-समय पर बड़े बहुमूल्य सुझाव देते रहते थे।

खत्री श्री १०८ स्वामी पतितपावनजी महाराज प्रसिद्ध नाम सरकार स्वामी (१८५३-१९१३)

पावन आत्मा ने एक खत्री धवन परिवार में अवतरण किया था। आपका बचपन का नाम कन्हैयालाल था। इसका रहस्य था कि आपके जन्म का समय और नक्षत्र वही था जो महाराज श्रीकृष्ण भगवान के जन्म का था। अतः बाल्यकाल से ही आप में भगवद् भक्ति का प्रादुर्भाव हुआ। जैसे ही आपके माता पिता और पत्नी का स्वर्गवास हुआ वैसे ही मानो आप लौकिक बंधन से मुक्त हो गये। आपने घर बार छोड़ दिया और साधु संतों के मध्य रहते हुये भगवान के चरणों में लीन रहे। जीवन के अंतिम वर्षों में आप लखनऊ लौट आये और अधिकांश समय उपदेश आदि में लगाते रहे। उन्हें देखने से और उनके उपदेश सुनने से ऐसा प्रतीत होता था मानो वैराग्य, योग और भक्ति सम्मिलित होकर उनमें विराजमान हो गई हो। वे बहुभाषी थे। अँग्रेजी फारसी, संस्कृत, अरबी, उर्दू, हिन्दी, बंगला, गुरुमुखी प्रभृति भाषाओं पर उन्हें अधिकार था। वे इस्लाम एवं ईसाई धर्मों पर पूर्ण आस्था रखते थे।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

वे अंतर्यामी थे। जो उनसे जिस विषय पर वार्ता करना चाहता था वे उसके बिना कहे उसी विषय पर वार्ता आरम्भ कर देते थे। उनमें विलक्षण शक्ति थी। एक बार किसी व्यक्ति ने अपने भाई की हिचकी बन्द न होने की व्यथा उनसे कही। उन्होंने तुरन्त एक नवयुवक से कहा कि जाओ और हिचकी बन्द कर आओ। जब दोनों घर पहुंचे उससे पहले ही हिचकी बन्द हो चुकी थी।

स्वर्गीया खत्री श्रीमती मेमोबाई—दिल्ली

आप बाल विधवा थीं। वैधत्य जीवन को सकाम प्रयोग में लाने हेतु आप स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़ीं। आप बुआ जी के नाम से विख्यात थीं। खत्री समाज की वीरांगना बुआ जी हर समाज सेवा को सदैव तत्पर रहती थीं। इनके निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करने स्व० श्रीमती इन्दिरा गांधी का लाल किले का आजादी का समारोह छोड़कर बीच में ही छोटी २ सी गलियों से होकर निधन स्थल पर पहुँचना, बुआ जी के व्यक्तित्व और कृतित्व की विशालता और महत्व दर्शाता है। उनके हृदय में खत्री समाज के गौरव के लिये सदा उच्च और उत्तम भावनायें निहित थीं।

स्वर्गीय खत्री लाला फकीरचन्द मल्होत्रा—दिल्ली

समाज के निस्वार्थ सेवक जो सदा प्रत्येक प्रकार की सेवा के लिये तत्पर रहते थे। खत्री समाज के पोषक, उसकी बागडोर जीवन पर्यन्त थामे रहे। जाति सेवक जिनमें सेवा भाव कूट-कूट कर भरा हुआ था। दूसरे के दुःख से दुखी ऐसे प्राणी सदा-सदा याद रहेंगे।

खत्री श्यामकिशोर खन्ना—दिल्ली (१८९९–१९७६)

श्रमजीवी खन्ना जी जीवन में अत्यन्त संघर्षरत रहे। अनेक खत्री युवकों को रोजगार दिलाये। खत्री समुदाय की सेवा में लगे रहे। खत्री कोआपरेटिव बैंक की स्थापना में योगदान दिया तथा लोगों को प्रेरित किया कि वे अपना धन इसमें जमा करें। आप १९६५ से १९७६ तक बैंक के अध्यक्ष रहे। आप मृत्यु के समय तक अखिल भारतीय खत्री महासभा की कार्य समिति के सदस्य रहे।

खत्री स्व० लाला पुत्तूलाल जलोटा—फर्रुखाबाद

लाला जी फर्रुखाबाद नगर के एक संभ्रांत खत्री परिवार के थे। आप गृहस्थी में रहकर भी साधु थे। एक समय खाना खाते थ और दूसरे समय गंगा स्नान, साधु संतों से समागम, जनता के दुख दर्द में शामिल होकर उनके कष्टों को दूर करने की चेष्टा में सदारत रहे। जाति आपका मूलमंत्र था। आप कहते थे कि यदि मनुष्य अपनी जाति का ही उत्थान नहीं करेगा तो देश का उत्थान कैसे होगा। आप मुहल्ले के चौधरी कहे जाते थे। मुहल्ले के लोगों के आपस के झगड़े आप आनन-फानन सुलझा देते थे। होली के अवसर पर जाति भाइयों के घर और दूकानों पर जाकर स्वयं मिलते थे और अन्य जाति वालों से गले मिलते थे। वे एकता की प्रतिमूर्ति थे। यद्यपि भगवाम राम उनके इष्टदेव रहे पर वह हर धर्म का आदर करते थे।

जाति के नवयुवकों को सदा प्रोत्साहित करते रहे कि एकता और अखण्डता देश को ऊँचा उठायेगी अतः तुम लोग पहले एक और अखण्ड बनो। उनके पुत्र ने ठीक ही कहा है :—

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digit

"निर्विकार, निश्छल हृदय, अति विनित, निष्पाप ।
रामभक्त, निष्कपट मन, गंगा सेवक आप ।।
जन जन की सेवा करत रहे सदा निष्काम ।
ऐसे पितुहि सुमंजु को शत शत बार प्रणाम ।।"

लाला जी को दूसरों की सहायता करने में अत्यन्त आत्मिक सुख मिलता था। जाति भेद को भुलाकर वे हर वर्ग के मनुष्य से प्रेमपूर्वक मिलते जैसे भगवान ने केवट और निषादराज को अपने गले लगाया। बहुत से जरूरतमंद लोगों की वह चुपचाप मदद करते थे। इसके विषय में परिवार वालों तक को पता नहीं रहता था। यह तो केवल उन्हीं लोगों के मुंह से पता चलता था जो इस मदद से लाभान्वित होते थे। हम ऐसे सच्चे जाति सेवक के प्रति अपनी सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। लाला जी न्यायप्रियता, सिद्धांत, सत्यनिष्ठा, त्याग, कर्मठता, निर्भीकता एवं उदात्त राष्ट्रप्रेम की प्रतिमूर्ति एवं ज्वलंत उदाहरण थे। खत्री समाज उनके प्रति नतमस्तक है।

खत्री स्व० वंशीलाल सिंह एडवोकेट, लखनऊ

आप जाति-सेवा के नाते लखनऊ के खत्रियों के सिरमौर थे तथा वे इनके नेतृत्व में अपने आपको गौरवान्वित अनुभव करते थे। आप पक्के कांग्रेसी थे तथा १८९९ की लखनऊ काँग्रेस के स्वगताध्यक्ष थे। आपने खत्रियों की विभिन्न अल्लों की एक पुस्तक विस्तारपूर्वक तैयार की थी। १९०१ की मनुष्य गणना सम्बंधी आंदोलन में आपने सक्रिय भाग लिया था।

खत्री स्व० लाला भोलानाथ, लखनऊ

अपने अनेक खत्री भाइयों को उनके व्यापार में वांछित सहायता दी थी। आप जाति-प्रेमी थे। आपने गोमती तट पर एक घाट तथा चौक में धर्मशाला का निर्माण कराया। आप जाति भाइयों की विभिन्न प्रकार से सेवा करते थे।

खत्री रायबहादुर लाला रामचरनदास, प्रयाग

आप प्रयाग के अत्यंत प्रतिष्ठित रईस थे। ३१ मार्च १९०१ को प्रयाग में हुई मनुष्य गणना हेतु सभा की सफलता का सारा श्रेय आपको ही है। प्रयाग में होने वाले सातवें अखिल भारतीय सम्मेलन को स्वागत-कारिणी समिति के स्वागताध्यक्ष भी आप ही थे। आप ही के कठिन उद्योग से यह सम्मेलन सफल हुआ था। इसके अतिरिक्त आप जातीय कार्यों के लिये सदा प्रयत्नशील रहे। आपने काशी हिन्दू विश्व विद्यालय को एक लाख रुपया दान में दिया था। आपने प्रयाग के सी० ए० वी० नाम स्कूल का भवन, यमुना नदी के किनारे एक सुन्दर घाट बनवाया तथा सारस्वत-खत्री विधवाओं के रहने हेतु अपने भवन का एक भाग दे दिया। ऐसे जाति हितैषी महापुरुष हमारा गौरव हैं।

खत्री राजा रघुवरदयाल सेठ, कोटरा (सीतापुर)

जाति सेवी राजा जी ने सीतापुर में राजा रघुवरदयाल हाईस्कूल की स्थापना की। आप अच्छे प्रतिष्ठालब्ध अवध के ताल्लुकेदार घराने से संबंधित थे। जाति सेवा हेतु सदा तत्पर रहते थे।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री श्री रामप्रसाद जी टण्डन, प्रयाग

श्री टण्डन नगर के खत्री समाज के एक वयोवृद्ध कीर्ति स्तम्भ हैं। त्याग, परोपकार, सेवा, कर्तव्य परायणता, निर्लोभ, परिश्रम, स्फूर्ति आदि गुण आप में विद्यमान हैं। आप समाज के प्रत्येक वर्ग द्वारा सम्मान पाते हैं। आपके प्रयास से श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में एक सत्संग भवन का निर्माण हुआ जहाँ आप धर्म चर्चा का विकास करते रहते हैं। आपने गौरी पाठशाला, खत्री पाठशाला को हजारों रुपये दान में दिये। निर्धन बच्चों के लिये छात्रवृत्ति की व्यवस्था की।

आपके मंत्रित्वकाल में महिला विद्या मंदिर में शिशु विहार व महिला उद्योग सदन की स्थापना हुई। आपने खत्री सभा की पूंजी को भी अधिकाधिक बढ़ाया और गरीब बच्चों को आर्थिक सहायता दिलवाई।

श्री टण्डन जी पूर्ण जागरूक और चैतन्य समाज सेवी व जाति हितैषी हैं। आप बच्चों के लिये विकास कार्य, विधवाओं की सहायता और उद्योगों के द्वारा महिलाओं के धन जिनमें गहरी रुचि लेते हैं।

खत्री रायबहादुर लाला बिहारीलाल जी, प्रयाग

लाला जी बड़े ही उदार प्रकृति के पुरुष थे। आपने अपने चाचा रायबहादुर श्री रामचरणदास के साथ मिलकर प्रयाग का मशहूर घंटाघर बनवाया था। आप समाज में इतने लोकप्रिय थे कि आप जीवन भर आनरेरी मैजिस्ट्रेट रहे तथा स्थानीय म्युनिसिपल बोर्ड के मेम्बर तथा बाद म डिस्ट्रिक्ट बोर्ड के चेयरमैन चुने गये। आप अनेकानेक संस्थाओं से जुड़े रहे और सूझबूझ कार्य कुशलता, उदारता एवं व्यवहार कुशलता के कारण जनता जनार्दन के दिलों में बस गये। प्रयाग के खत्री समाज में बच्चा ही क्या सभी बड़े बूढ़े दिल से आपका सम्मान करते थे। हिन्दू समाज के आप कर्णधार थे। आप प्रयाग खत्री सभा के सभापति भी रहे।

खत्री श्रीयुत् शालिचरनजी वर्मन, बिहार शरीफ

श्री बर्मन जी के प्रयास से उनके जन्म स्थल मधड़ा एवं आस पास के ग्रामों में बसने वाले कोई पचास घर खत्रियों के एक सूत्र में बँधे। सबने मिलकर खत्री उपकारिणी सभा का संस्थापन किया और अपनी जाति की उन्नति हेतु विभिन्न कार्य किये जाने लगे। आपने, गरीब, अंधे, अपाहिजों की भक्तिपूर्वक सेवा की। आपको बच्चों से विशेष प्रेम था। स्थानीय स्कूलों में, जहाँ भी वह रहे, विद्यार्थियों को छात्रवृत्तिवाँ दी। वे अपने शील स्वभाव के कारण छूत-अछूत, ऊँच-नीच, हिन्दू-मुस्लिम सभी के प्रेमी हो गये। आपने "प्रेम-पुस्तकालय" नाम से एक पुस्तकालय स्थापित किया। आपका कहना अक्षरशः सत्य है कि जब तक आपस में द्वेष-भाव हटाकर, क्या ऊँच क्या नीच, सभी के साथ गले मिलने की योग्यता प्राप्त न हो तब तक यह घोर अंधकार में पड़ी जाति उन्नत नहीं हो सकती।

खत्री स्व० श्री डालूरामजी बालेचा, बीकानेर

श्री बालेचा जी जयपुर में रहकर खत्री जाति का इतिहास बड़ी छानबीन के साथ लिखा। यह बीकानेरी खत्री भाइयो का इतिहास था। आपने अपनी नौकरी के साथ साथ जाति सेवा भी की।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

खत्री श्री श्यामलाल जी टण्डन, मिर्जापुर

श्री टण्डन जी अपना व्यवसाय करते हुए भी सेवा भाव से जन सेवा करते रहे। मिर्जापुर खत्री समाज से आप सदा जुड़े रहे। आप सन् १९३४ में गवर्नमेण्ट आफिसिएल रिसविर नियुक्त हुये। आपका सरल स्वभाव और समाज हितकारी कार्यों में सहयोग सर्वविदित है। मिर्जापुर खत्री सभा स्थापित करने में विशेष रूप से आपका हाथ रहा है। आप सर्वसम्मति से इस सभा के मंत्री चुने गये। सन् १९४० में आप अखिल भारतीय खत्री सभा के सदस्य चुने गये। प्रांतीय हिन्दू संगठन कमेटी के भी आप सदस्य रहे।

खत्री श्री गिरधारीलाल जी अम्माणी (बालेचा) बीकानेर

आपने खत्री समाज की ऐतिहासिक खोज करके बड़ी सेवायें की हैं। आपने बीकानेरी भाइयों की अल्लों का विस्तृत रूप से वर्णन किया है। आप खत्री मण्डल की सदा सेवा करते रहे।

खत्री रायबहादुर दीवान अमरनाथ, काश्मीर

आप एमनाबाद नंदे खत्रिय हैं। आप काश्मीर में जम्मू के गवर्नर रहे तथा सी० आई० ई० की उपाधि से विभूषित किये गये।

जातीय कार्यों में आप सदा रुचि लेते रहे। रावलपिण्डी, प्रयाग और लखनऊ में होने वाली पाँचवीं, साछवीं और ग्यारहवीं अखिल भारतीय कांफ्रेन्सों के आप सभापति भी रह चुके हैं। आपने रावलपिण्डी की कांफ्रेन्स में खत्री जाति का इतिहास लिखने वालों को रु० ५००) देने का वचन दिया था।

खत्री स्व० लक्ष्मी नारायन कपूर, कन्नौज

कन्नौज साहित्य तथा संस्कृति का प्रमुख केन्द्र रहा है। देश के अन्यान्य भागों में यहाँ के विद्वान आदर की दृष्टि से देखे जाते थे। असम राज्य के अहोम राजाओं ने कन्नौज से विद्वानों को बुलाकर अपने यहाँ रक्खा था जो राजकाज चलाने में उनको सहयोग देते थे।

कन्नौज के मोहल्ला बुधवारी निवासी स्व० लक्ष्मी नारायन जी कपूर, नगर में 'महाशय जी' के नाम से प्रसिद्ध थे। आर्य समाज के प्रति समर्पित व्यक्ति थे। आपने ही सर्वप्रथम एक पुस्तकालय भवन का निर्माण कराया था। इसमे आर्यसमाज पुस्तकालय की स्थापना सन् १८९७ में की तथा जिसमें बहुमूल्य प्राचीन हस्तलिखित पाण्डुलिपियों एवं दुर्लभ ग्रन्थों का विशाल संग्रह किया गया। आप एक अच्छे समाजसेवी थे। खत्री समाज आपकी सेवाओं को सदा याद करेगा।

खत्री रायबहादुर मुंशी गंगा प्रसाद वर्मा, लखनऊ (१८६३—१९६४)

(पिछले पत्रों मे प्रकाशित का शेष भाग)

मुंशी जी के पूर्वज टण्डन खत्री थे। वे पिहानी (हरदोई) में जाकर बस गये थे। उनके वंशज आज पिहानी के टण्डन कहलाते हैं। वे आर्यसमाजी थे और राजनीति के विषय में रुचि लेते थे। वे कांग्रेस के पक्ष में थे और उसके अधिवेशनों में भाग लेते थे। लखनऊ शहर की म्युनिसिपैलिटी के कमिश्नर रहे। लेजिस्लेटिव कौंसिल के मेम्बर रहे। जब आप म्युनिसिपैलिटी के वाइस चेयरमैन थे तो आपने लखनऊ में अमीनाबाद पार्क तथा

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

लाटूश रोड की रूप रेखा बनाई थी। आपने अपने भाई के नाम से ५२ हजार रुपया लगाकर एक धर्मशाला बनवाई जो कि छेदीलाल धर्मशाले के नाम से प्रसिद्ध है। उन्होंने ही कालीचरण हाई स्कूल भी बनवाया था।

मुंशी जी एक योगी थे। मुरादाबाद के मुंशी देवी प्रसाद की कृपा से योग द्वारा आप दिव्य सूर्य के दर्शन तक कर लेते थे।

खत्री लाला मुंशीराम—पंजाब

लाला मुंशीराम का जन्म तलवन ग्राम (जलंधर) में हुआ था। आपने १९१४ में सन्यास ले लिया। गुरुकुल कांगड़ी इन्हीं की कीर्ति है। सन्यास लेने के पश्चात् आपका नाम स्वामी श्रद्धानन्द पड़ा। जब मुसलमानों ने इस्लामीकरण की नीति अपनाई तो खत्री जाति के देदीप्यमान सूर्य स्वामी जी ने इसका मुंहतोड़ जवाब हिन्दुओं में शुद्धिकरण का मंत्र फूंककर किया। उन्होंने देश भर में पांच लाख मुसलमानों को शुद्ध करके हिन्दू बनाया। इसके प्रतिशोध में कायरता व धोखे से स्वामी जी की हत्या कर दी। स्वामी जी का हिन्दू धर्मार्थ बलिदान इतिहास में चिरस्मरणीय रहेगा।

खत्री स्व० श्री मुन्नीलाल जी टण्डन—(१८६८—१९४५)

श्री टण्डन जी का व्यक्तित्व अत्यन्त प्रभावशाली था। उन्होंने अपने जीवनकाल में अनेक संस्थाओं एवं व्यक्तियों को सहायता दी। सुशीला देवी गर्ल्स इण्टर कालेज, कन्नौज आप ही की देन है। आप सादगी, सरलता एवं बुद्धिमत्ता की प्रतिमूर्ति थे। बड़े से बड़ा दान या सहायता देकर भी सम्बन्धित व्यक्ति के सामने उसका उल्लेख नहीं करते थे। आपने हजारों रुपये का गुप्तदान भी किया।

नारी शिक्षा के इतिहास में आपका नाम सदैव गौरव से लिया जायेगा। वर्ष १९१५ के आसपास चण्डिका जी के स्थान पर आपने विशाल भवन निर्माण किया था।

आपने अपना समय धर्म कार्यों में लगाया। आपने आसेतु हिमाचल यात्रा की और हिन्दुओं के धर्म स्थानों के दर्शन किये। आपने कलकत्ता में एक धर्मशाला बनवाई। आपने बहुत बड़ी धनराशि सरस्वती खत्री बालिका विद्यालय, कलकत्ता, के भवन के निर्माण हेतु दान की थी।

अपने अन्तिम दिनों में आप गंगा के तट पर मिर्जापुर में रहने लगे। अनाथों, विधवाओं एवं जरूरतमंदों तथा स्त्री शिक्षा हेतु आपने एक ट्रस्ट बनाया जिसका नाम लाला मुन्नीलाल खत्री ट्रस्ट रक्खा गया।

आप जैसे समाज सेवी एवं दानवीर के समक्ष खत्री समाज गौरव से नमन करता है।

खत्री श्री हृदयनारायण मेहरोत्रा—प्रयाग

श्री मेहरोत्रा जी गिद्दा बाबू के नाम से अधिक जाने जाते हैं। अपनी बहुमुखी सेवाओं और सज्जनता के लिये आप सभी के आदरणीय हैं। आप अनेक कम्पनियों में महत्वपूर्ण पदों पर कुशलता से कार्य करते हुये सन् १९५० में सेवा निवृत्त हुये। अपनी नौकरी के साथ-साथ आप सदा सामाजिक कार्यों में भी रुचि लेते रहे जो सेवा निवृत्ति के पश्चात् और निखर कर सामने आई है।

[स्वर्ण-जयन्ती विशेषांक

खत्री हितैषी १९८६—१९८७]

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

चूंकि पहले आप अध्यापन भी कर चुके हैं अतः आपकी, दूरदर्शिता को देखकर आपको द्वारका प्रसाद गर्ल्स इण्टर कालेज के कार्यवाहक प्रधान नियुक्त किये गये। आप सारस्वत खत्री पाठशाला के भी अनेक वर्षों तक मंत्री रहे। अखिल भारतीय सेवा समिति, डिवाइन लाइफ सोसाइटी, इलाहाबाद शाखा आदि से भी आप सम्बद्ध रहे।

खत्री सभा प्रयाग श्री मेहरोत्रा की सेवाओं के लिये अत्यन्त ऋणी हैं। आप अनेक वर्षों तक इसके मंत्री रहे। आपने स्व० रामकृष्ण सूरी के साथ मिलकर खत्री सभा, प्रयाग का संविधान तैयार किया था। आपने खत्री सभा में रहते हुये अनेक कुरीतियों को दूर कराया।

खत्री स्व० रामनारायन कपूर—कन्नौज

कन्नौज का बच्चा-बच्चा स्व० लाला रामनारायन कपूर से भलीभाँति परिचित था। वे सभी के थे। एक गरीब परिवार में जन्मे परिश्रम को ही भगवान मानने वाले दृढ़ प्रतिज्ञा तथा सहयोगी प्रवृत्ति के धनी एक अनोखे महापुरुष थे। आर्य समाज हो या सनातन धर्म, हिन्दू हो या मुसलमान, कांग्रेस हो या उसका विरोधी लाला जी ने कभी सहयोग देने में कृपणता नहीं दिखाई।

आपने अपने बुद्धिबल एवं परिश्रम से अच्छा धन कमाया और परिवार को बाँधा। ऐसे दानवीर कि अनेक परिवार आज उसी सहायता से वटवृक्ष जैसे सुदृढ़ हो गये हैं और उनकी याद करते हैं। उन्होंने अपने दान का ढिंढोरा कभी नहीं पीटा। केवल पाने वालों की कृतज्ञता ही इसका भान कराती थी। समाज के हर वर्ग के लोगों को अपनी आम की बगिया में बुलाकर पिकनिक मनाते थे। वे ऐसे थे कि जीवन को भी जीवन्तता प्रदान करते नजर आते थे।

अपने अनुज के निधन से उन पर मानो वज्रपात ही हो गया। वे जैसे टूट से गये। पर अपने को सम्हाला और साध्वी देवी तुल्य बहू से प्रेरणा लेकर एक विद्यालय बनवाया जिसका नाम सुशीलादेवी इण्टर कालेज रक्खा गया। राष्ट्रपिता महात्मागांधी के कन्नौज शुभागमन पर सन् १९२९ में उनका आशीर्वाद प्राप्त कर यह कार्य सम्पन्न कराया। यह कालेज एन० सी० सी० का प्रमुख महिला प्रशिक्षण केन्द्र भी है।

अपनी पत्नी के नाम से आपने एक अतिथिशाला "रामगंगा" का भी निर्माण कराया। यह बारातशाला के नाम से भी विख्यात है। इसे "गंगादेवी धर्मार्थ भवन" भी कहते हैं।

ऐसे विनम्र, दानी, परोपकारी, समाजसेवी, परिश्रमी एवं अध्यवसायी को खत्री समाज प्रणाम करता है।

खत्री स्व० बेनीमाधव टण्डन—कलकत्ता

दान तो अनेक करते हैं पर वह दान जिससे सैकड़ों, हजारों नर-नारियों, पशु पक्षियों को सम्बल मिले, महादान की श्रेणी में आता है। ऐसा ही दान है जन साधारण हेतु पीने का जल का प्रबन्ध करना। लोग अस्थाई रूप में तो प्याऊ बिठा देते हैं पर स्थाई रूप से समस्या का समाधान करना और वह भी गुप्तदान के रूप में अपने में महाकार्य है। ऐसे ही महादानी महापुरुषों में थे हमारे पूज्य स्व० लाला बेनीमाधव टण्डन जो रहते तो थे कलकत्ता में पर उन्होंने एक बड़ा सा मीठे पानी का कुआँ अपने पूर्वजों के नाम से मोहल्ला फर्श, कन्नौज में बनवाया जो आज हजारों-हजारों लोगों की प्यास बुझा रहा है। हम इनके प्रति नतमस्तक हैं।

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री स्व० ब्रजबिहारी लाल टण्डन—अमरौधा (कानपुर)

बाबू ब्रजबिहारी लाल टण्डन जी अमरौधा के उन सम्माननीय महापुरुषों में थे जिन्हें वहाँ का बच्चा-बच्चा जानता तथा पूजता था।

टण्डन जी में अपनी एक विलक्षण विशेषता थी कि वह, गुरु पूर्णिमा के दिन अपनी माँ को एक चौकी पर बिठाकर उनकी पूजा करते थे। उनका विश्वास था कि संसार में माँ से बढ़कर दूसरा गुरु नहीं। उनके ये विचार एवं चिन्तनधारा सर्वथा विलक्षण एवं मौलिक थी। वे पुरानी रूढ़ियों से बँधे लकीर के फकीर नहीं थे।

वे सरकारी तथा गैर सरकारी दोनों क्षेत्रों में लोकप्रिय थे। कानपुर के नेताओं बड़े लोगों एवं सरकारी अफसरों के बीच उनका उठना बैठना तथा अच्छी जान पहचान थी।

किसी गरीब या जरूरत मन्द की चुपचाप सहायता करना उनकी आदत थी। उन्होंने फारसी व हिन्दी धर्म ग्रन्थों का गूढ़ अध्ययन किया था। उनके नाम पर उनके पुत्रों ने एक मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय की स्थापना का। बाबू साहब में स्नेह, मृदुभाषिता, साधु स्वभाव एवं सेवा भावी विनयशील व्यक्तित्व विद्यमान था।

एक साधु ने कहा था कि ब्रजबिहारी टण्डन नामधारी मनुष्य में ईश्वरत्व का अवतरण हुआ है। जगदाचार्य स्व० स्वामी नारदानन्द सरस्वती ने कहा था :

"मैं तो संसार से पलायन कर गया और सन्यास लेकर साधना करने लगा पर टण्डन बाबा ऐसे गृहस्थ सन्त आपके यहाँ मौजूद हैं जो मानवता की महान सेवा में लगे हैं। आप सभी इन्हीं का अनुसरण करें।"

टण्डन जी एक निस्वार्थ जनसेवक तथा सबके प्रिय और आदरणीय, निस्पृह एवं उदारमना सज्जन पुरुष थे। इन्होंने देशसेवक बन आजादी की लड़ाई अन्य साथियों के साथ मिलकर लड़ी।

उन्होंने स्कूल, मंदिर व अनेक संस्थाओ को सहायता दी। उनका जीवन अनुकरणीय था। वे गाँव की सहज सादगी से सिक्त एक गौरवशाली व्यक्तित्व के धनी थे। वे ग्रामोदय के सच्चे हिमायती, अत्यन्त लोकप्रिय एवं ग्रामवासियों के मसीहा थे।

आप जिला बोर्ड तथा कई अन्य समितियों के सदस्य थे। वे स्पेशल जूरी भी रह चुके थे। वे कर्मवीर, दानवीर, निष्ठाधाम एवं नैतिक मूल्यों का आदर करने वाले एक धर्मनिष्ठ व्यक्ति थे।

वे जीवन भर अपनी स्वयं की मधुरता अपने रसमय पेड़ों के द्वारा सबको देते रहे। उनके पेड़ों को खाने वाले उन्हें सदा याद रखेंगे। वे निष्काम कर्मयोगी, परोपकारी, दानवीर एवं अतिथि सत्कार के प्रेमी थे।

आप गाँव की रामलीला के प्रेरणा स्रोत थे। आप अमरौधा के कीर्ति स्तम्भ थे।

आपने अंगछपुर मे एक किसान विद्यालय की स्थापना की।

खत्री श्रीमती सुशीलादेवी कपूर—कन्नौज

भारतीय समाज में नारी का एक विशेष स्थान रहा है। वह वीरप्रसवा, वीर माँ, बहिन पत्नी एवं पुत्री रही है। विद्या का क्षेत्र रहा हो या युद्ध का, समाज सेवा का क्षेत्र हो या धर्म, नारी सदा पुरुष के कंधे से कंधा मिलाकर चली है।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

ऐसी ही पुण्यात्माओं में हैं हमारा पूज्या "चाची जी" श्रीमती सुशीलादेवी कपूर आपकी। उत्कट-प्रेरणा से राष्ट्रीय आन्दोलन काल में कन्नौज में एक "महिला सुधार भवन" की स्थापना हुई सन् १९२९ में। इसी वर्ष पूज्य महात्मा गांधी जी ने उनकी मंगल कामनाओं को अपना आशीर्वाद दिया। इसके फलस्वरूप "चाचा जी" के द्वारा सन् १९३० में सुशीलादेवी गर्ल्स स्कूल का शुभारम्भ हुआ। आज यह इण्टर कालेज सर्व मंगल सर्व अर्थ साधक होकर नारियों की जिस ज्ञान ज्योति का प्रकाश भर रहा है उसके पीछे इन त्यागमूर्ति महिला की सघन तपस्या ही है। समय-समय पर राष्ट्र की महान विभूतियां इस विद्यालय को अपनी उपस्थिति से गौरवान्वित करती रही हैं। इनमें विशेष रूप से पूज्य महात्मा गाँधी तथा श्रीमती इन्दिरा गाँधी हैं।

हम सभी "चाची जी" के जीवन की श्री वृद्धि की कामना करते हैं।

खत्री स्व० गुरु प्रसाद तांगड़ी—लखनऊ (१९०९—१९१४)

आप लखनऊ के चौक मुहल्ले की शान थे। आप थानेश्वर महादेव, बड़ी काली जी व संदोहन देवी के ट्रस्टी रहे। छोटी काली जी मंदिर तो आपका जीवित स्मारक है। आप धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में तन, मन, धन से रुचि लेते थे। चालीस साल तक आप चौक रामलीला समिति के सर्वेसर्वा रहे। १९२३ में आपने खद्दी भंडार चौक स्थापित किया और आजीवन उसके कर्ताधर्ता रहे।

खत्री स्व० लाला खुन्नीलाल टण्डन—कन्नौज

मोहल्ला बुधवारी निवासी, स्व० लाला खुन्नीलाल जी टण्डन धर्म-कर्म को समर्पित व्यवसायी थे। आप प्रायः दरिद्रनारायण भोज (भण्डारा) का आयोजन करते थे। आपने सुशीला देवी गर्ल्स इण्टर कालेज, कन्नौज के मुख्य विद्यालय भवन के निर्माण हेतु भूमि दान में दी। मोहल्ला चौहट्टा तथा ग्वाल मैदान में आपने दो सार्वजनिक कुओं का निर्माण कराया। आप सूखा रोग की औषधि, बच्चों के लिये निःशुल्क वितरित करते थे। उनके द्वारा स्थापित फर्म देवी प्रसाद सुन्दरलाल परफ्युमर्स, कन्नौज के द्वारा आज भी उस दवा का निःशुल्क वितरण किया जाता है। इससे सैकड़ों बच्चे प्रतिवर्ष लाभान्वित होते हैं।

खत्री समाज सदा आपकी सेवाओं को स्मरण करता रहेगा।

खत्री-जगत गोपाल मेंहरा-स्वदेशी, दिल्ली (जन्म मुरादाबाद—१९०० निधन १९७१)

आप सत्रह वर्ष की आयु से ही काँग्रेस के कर्मठ कार्यकर्ता बने। आपके राजनैतिक गुरु श्री शंकरलाल थे। १९२१, १९३० व १९३३ में जेल में आपने बड़ी अमानुषिक यातनायें सहीं। वे कभी अपने ध्येय से नहीं डिगे। भारत की स्वतंत्रता के पश्चात् आप सक्रिय रूप से खत्री समाज से जुड़ गये। आपने दिल्ली में बिखरी खत्री जाति को एक सूत्र में पिरोने हेतु कठिन परिश्रम किया। अखिल भारतीय खत्री महासभा के अधिवेशन हेतु आपने राजस्थान आन्ध्र पश्चिमी उत्तर प्रदेश का दौरा किया और प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया तथा इसे सफल बनाया।

खत्री स्व० बनारसीदास मेहरोत्रा—लखनऊ (१९०९—१९८२)

स्व० बनारसीदास मेहरोत्रा को यदि "रामा बाबू" के नाम से सम्बोधित किया जाय तो कुछ अटपटा न होगा क्योंकि "रामा" ही उनके जीवनाधार बन गये थे तथा इस नाम का उन्होंने जमकर प्रचार किया।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

राजकीय सेवारत श्री मेहरोत्रा ने पिता की आज्ञा मानकर नौकरी छोड़ दी और व्यवसाय में लग गये। इसमें कई उतार चढ़ाव देखे पर अन्ततः लखनऊ में "रामा एण्ड कम्पनी", "रामा प्रेस", "रामा प्रकाशन", "रामा आटो केयर" आदि प्रभृति संस्थानों का बीजारोपण किया।

वे वर्ष १९५१ से सतत् २७ वर्ष तक जाति सेवा हेतु "खत्री हितैषी" पत्रिका के अवैतनिक प्रबंधक रहे तथा अपने प्रेस में ही स्वयं समस्त मासिक व्यय वहन करते हुये पत्रिका का मुद्रण तथा प्रकाशन करते रहे।

वे सदा लोगों से कहते रहते थे कि मनुष्य को चार चीजें कभी शेष नहीं छोड़नी चाहिये—

(१) ऋण (२) शुभ (३) अग्नि (४) रोग

ऐसे विद्वान, जाति सेवक, भगवान के भक्त एवं सूझ-बूझ वाले कर्मठ व्यक्तित्व को नमन।

खत्री श्री राजाराम मेहरा—आगरा (जन्म १९-११-१९०० स्वर्गवास २४-६-१९८७)

खत्री समाज के गौरव श्री मेहरा जी आगरा में जन्मे। आप खत्री पाठशाला आगरा में हेडमास्टर रहे। बाद में वकालत करने लगे किन्तु शीघ्र ही आप पी०सी०एस० (जुडीशियल) में चुन लिये गये और प्रान्त के विभिन्न स्थानों पर अनेक पदों पर कार्य करते हुये जिला सेशन जज बने। इस पद पर भी कई वर्षों तक कार्य किया।

सेवानिवृत्ति के पश्चात् आपको पुनः जज (अपील) सेल्स टैक्स बनाया गया।

आप स्वभाव से नम्र एवं मिलनसार थे। ऊँचे पदों पर रहने के बाद भी नम्रता आप में वैसी ही बनी रही।

खत्री समाज को ऐसी विभूति पर गर्व है।

खत्री लाला रामस्वरूप खन्ना—दिल्ली

खन्ना जी व्यवसायी होते हुये भी जनसेवा में लगे रहे। उन्हें यह शौक था कि गरीबों को छोटे छोटे व्यवसाय कराये जायें और यह कार्य वे जीवनपर्यन्त करते रहे। जन साधारण एवं पूरे समाज के लिये बड़े-बड़े कार्य किये। इनमें मेहरौली का टी०बी० अस्पताल व बनारस विश्वविद्यालय की प्रगति हेतु बड़ी धनराशि देना सम्मिलित है। इनकी विशेष कृपा से काफी खत्री बच्चे इन्जीनियर बने। ये वास्तव में खत्री जाति के स्तम्भ रहे। हमें इन पर गर्व है।

पद्म भूषण खत्री डा० युद्धवीर सिंह—दिल्ली

डाक्टर साहब ने अपने कार्य कलापों के द्वारा जहाँ दिल्ली के खत्री समाज का गौरव बढ़ाया वहीं उनकी निस्वार्थ स्वास्थ्य सेवा भी सराहनीय है। डाक्टर साहब ने कभी पैसे का लोभ नहीं किया। उनके लिये समाज सबसे ऊपर था। अपने निस्वार्थ एवं समाज सेवा के कार्यों के लिये भारत सरकार ने आपको पद्मभूषण से सम्मानित किया।

खत्री श्री हकीम मुकुन्दलाल वर्मन—मथुरा

मथुरा नगर के जनमानस के प्राण हकीम जी बचपन से हीं सार्वजनिक कार्यों में रुचि लेते रहे हैं। १३ वर्ष की अल्पायु में ही आपने अपनी संगठन शक्ति का परिचय दिया और "राष्ट्रीय बाल मण्डल" की स्थापना

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

की। वर्ष १९२१ में केवल १४ वर्ष की आयु में प्रसिद्ध रामलीला केस में आप भी गिरफ्तार हुये थे। आपने शहर की सेवासमिति में अभूतपूर्व कार्य किया और जनता की सेवा की। सेवासमिति के आप मंत्री व अध्यक्ष भी रह चुके हैं। पिछले ४३ वर्षों से आप जनता की सेवा में लगे हुये हैं। वर्ष १९३२ व १९४२ में राष्ट्रीय आन्दोलनों में आप गिरफ्तार हुये थे। आप स्वभाव से बड़े मिलनसार तथा लगनशील, उत्साही और कर्मठ कार्यकर्ता हैं। आप नगर व जिला कांग्रेस कमेटियों के पदाधिकारी भी रह चुके हैं। स्थानीय जानकी बाई जूनियर हाईस्कूल के आप उपाध्यक्ष हैं। हमें आप पर गर्व है।

खत्री श्री विशन नारायण टण्डन–आगरा (१९०९—१९४९)

श्री टण्डन जी आगरा में कलम के योद्धा के नाम से विख्यात थे। देश हित में लड़ाई लड़ने के लिये जो जहाँ है वहीं से अपने काम के द्वारा देश हित में लड़ सकता है किन्तु कलम की लड़ाई बड़ी विचित्र होती है। अंग्रेजों के विरुद्ध निर्भयता से लिखना उस समय बड़ा जीवट का काम था किन्तु टण्डन जी इससे घबराते न थे और निरन्तर अंग्रेजों के विरुद्ध लिखते रहे। ये वास्तव में उनके शौर्य का प्रतीक था। खत्री समाज को उन पर गर्व है।

खत्री स्व० क्रान्तिवीर सुखदेवराज महेन्द्र–लाहौर (७-१२-१९०७—५-७-१९७३)

क्रान्तिकारी चन्द्रशेखर आजाद के साथी श्री सुखदेवराज महेन्द्र बड़े आदर के साथ स्मरण किये जाते हैं।

लाहौर में जन्मे श्री सुखदेव स्वाधीनता संग्राम में अपने छात्र जीवन से ही कूद पड़े। सायमन कमीशन के विरोध में छात्रों द्वारा किये गये प्रदर्शन के दौरान लाहौर षड्यन्त्र काण्ड में आपको ५ वर्ष का कठोर कारावास दिया गया।

आजादी की लड़ाई के जिंदा दस्तावेज सुखदेवराज ने संघर्ष के सारे दौर को भीतर से देखा और भोगा भी।

कारावास की लम्बी सजायें और यातनायें भोगने से उनका शरीर जर्जर हो गया था। अन्ततः वे अधिक दिनों जीवित न रह सके।

अपने उष्ण खून से स्वतन्त्रता की ज्योति को प्रज्ज्वलित रखने वाले, भारतमाता के सुपुत्र, क्रान्तिवीर स्व० सुखदेवराज महेन्द्र को खत्री समाज की विनम्र श्रद्धांजलि।

खत्री मणिराम कंचन–तालवेहट जिला ललितपुर (१० जनवरी १९१०–१६ मार्च १९७५)

आप एक नैष्ठिक समाजवादी थे। स्वाधीनता संग्राम में सक्रिय भाग लेने पर जेल यात्रा की। वे सदा मजदूर यूनियनों से सम्बद्ध रहे। जमींदारी प्रथा की समाप्ति व बेगारी बंद कराने हेतु संघर्षरत रहे। वे हिन्दू मुस्लिम एकता के पक्षधर थे। झाँसी जिला बोर्ड के चेयरमैन रहे। सफल पत्रकार, साहित्यकार, लेखन सर्वहारा वर्गनीति के ओजवान, वक्ता, भारत रूस मैत्री के संस्थापक सदस्य एवं सादा जीवन जीने वाले जाति गौरव महापुरुष थे। जाति ऐसी विभूति के प्रति नतमस्तक है।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute. Melukote Collection

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री श्री श्रीराम मोतीराम खत्री—अमरावती

आप ब्रह्म खत्री हैं। आपको आयुर्वेद में काफी रुचि है। आप बहुत से मरीजों की सेवा शुश्रूषा बिना मूल्य करते रहे। आपकी सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में सदा रुचि रही। आपने पोकरण ग्राम में अपनी जाति के लिये एक स्वतंत्र भवन का निर्माण किया जिससे जाति वालों को काफी सुविधा हो गई है। आप १९१६ में ब्रह्म क्षत्रिय पंचायत के प्रेसीडेण्ट चुने गये।

खत्री श्री पुरुषोत्तम प्रसाद सेठ—पटना

श्री सेठ जी जातीय प्रेम की सजीव मूर्ति रहे। सार्वजनिक कार्यों में विशेष रुचि सदा रही। १९२८ से से १९३३ तक आप खत्री सभा के मंत्री पद को सुशोभित करते रहे। आपने १९३१ में काशी अखिल भारतवर्षीय खत्रिय इतिहास सम्मेलन में अपना पूरा-पूरा सहयोग दिया। पटना में आपने "महेश्वर पब्लिक पुस्तकालय" की स्थापना अपने पिता श्री की पुण्य स्मृति में १९२८ में की। आप इलाहाबाद के अ०भा० खत्रिय सम्मेलन में अ० भा० वर्किंग कमेटी के सदस्य चुने गये थे।

पदमभूषण खत्री रायसाहब डाक्टर महेशप्रसाद मेहरे—(खैराबाद सीतापुर)

देश विदेश में विख्यात डा० महेश प्रसाद मेहरे आँख के बड़े ही सफल चिकित्सक थे। खैराबाद-सीतापुर में रहकर आपने आँख के हजारों रोगी ठीक किये। आपको रायसाहब तथा अन्य उपाधियाँ भारत सरकार की ओर से प्रदत्त की गईं। खत्री समाज में आपका बड़ा मान सम्मान था। आप उत्तर प्रदेश के और शहरों में भी आँख के रोगियों को निःशुल्क देखते तथा उनका उपचार करते थे।

खत्री बाबू राजनरायन जी टण्डन—प्रयाग

आप डिप्टी कलेक्टर के पद से सेवा निवृत्त होने के पश्चात् समाज सेवा में लग गये। आप प्रयाग खत्री सभा के सभापति चुने गये। आप सदा सुधार सम्बंधी योजनायें बनाते तथा उन्हें कार्यान्वित करते रहे।

खत्री रायबहादुर लाला जगतनारायण जी कपूर—प्रयाग

जाति के गौरव लाला जी डिस्ट्रिक्ट तथा सेशन जज के पद से सेवा निवृत्त हुये। आपने खत्री-मात्र की सेवा तो की ही साथ ही में ऐसे-ऐसे जटिल अन्य लोगों के मुकदमे बिना किसी प्रलोभन के निपुणता, निष्पक्षता, प्रेम और ईमानदारी से निपटाये कि लोग उन्हें आज भी याद करते हैं। आपने प्रांविसियल जुडीशियल कान्फ्रेंस की स्थापना की। आप इसके कई वर्ष तक प्रधान भी रहे। आप प्रयाग खत्री सभा तथा खत्री पाठशाला के सभापति भी रहे। आपके समय में सभा में विशेष जागृति उत्पन्न हुई और उसने तरक्की की जिसके फलस्वरूप अ० भा० खत्री कान्फ्रेंस को प्रयाग में आमंत्रित किया गया और इसका २१ वाँ अधिवेशन फरवरी सन् १९४० में रा० ब० श्री कामताप्रसाद जी कक्कड़ की स्वागताध्यक्षता में बड़ी शान से हुआ।

खत्री श्रीमती रानी साहिबा मिसेज डी बरकतराय—हैदराबाद (दक्षिण)

आप खत्री महिला मण्डल हैदराबाद की अध्यक्ष, सेवासदन की संचालिका, महिला मण्डल की उपाध्यक्षा और कई अन्य संस्थाओं की मुख्य कार्यकत्री रही हैं। आपके प्रयत्न से औरंगाबाद महिला संघ का जन्म हुआ। आप खत्री जाति की एक रत्न के समान हैं।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

खत्री स्व० लाला नारायण प्रसाद जी पुरी—चाँदा, सी० पी०

लाला जी स्वनामधन्य नारायण का प्रसाद ही बाँटते थे। आप खत्री जाति की सेवा में सदा लगे रहते थे। गरीबों की सहायता करना आप परमात्मा की सेवा मानते थे। आपने अखिल भारतीय खत्री कांफ्रेंस जबलपुर के अवसर पर तन, मन, धन से काफी सहायता की जो सदा-सदा याद रहेगी।

ख़त्री श्री बालमुकुन्द वर्मा—बनारस

आपने अनेक सार्वजनिक संस्थाओं में सदस्य एवं मंत्री पद को सुशोभित किया। इनमें से प्रमुख हैं—भारती क्लब, सेंट्रल सिटी स्कूल, विद्या बिहार पुस्तकालय, हिन्दी साहित्य सम्मेलन, खत्री कांफ्रेंस, सारस्वत खत्री सभा, नागरी प्रचारिणी सभा, खत्री हितकारिणी सभा, कवि समाज, सारस्वत खत्री विद्यालय, संगीत कांफ्रेंस, मठाधीश सम्मेलन, चौक वार्ड पंचायत, भारत सेवा मण्डल, कारमाइकेल लाइब्रेरी, हिंदी साहित्य विद्यालय, नागरी नाटक मण्डली, हिंदू सभा, सनातन धर्म सम्मेलन, खत्री एजुकेशन कमेटी, किंग जुबली चौक वार्ड कमेटी आदि।

आपने ईश्वरीय मेमोरियल अस्पताल व काशी अनाथालय के लिये चंदा जमा किया। चंदा और कपड़ा इकट्ठा करके खत्री भू-कम्प पीड़ितों को मुजफ्फरपुर भेजा।

खत्री इतिहास के लिये आपने वृहद् आयोजन किया। "खत्री हितकारिणी सभा" के आप जन्मदाता हैं।

खत्री आनरेबुल जस्टिस, मनोहरलाल मेहरोत्रा—मुजफ्फरपुर

आपने अपनी नौकरी के साथ-साथ खत्री जाति व सभा और समाज की उन्नति के लिये सदा कार्य किया। आपने अपनी सूझ-बूझ और साहस से समाज की अनेक पुरानी कुरीतियाँ जड़मूल से निकाल फेंकी।

आप यद्यपि लाहौर के रहने वाले थे किन्तु अपने मुजफ्फरपुर में विवाह होने के उपरान्त यहीं आकर बस गये। १९१२ में आपने विलायत में आई० सी० एस० की परीक्षा पास की। कालान्तर से आप पटना हाईकोर्ट के जस्टिस पद पर नियुक्त हुये।

खत्री श्री प्रेमनारायण टण्डन—बिहार

आप अपने महत्वपूर्ण पद पर रहते हुए खत्री जाति की उन्नति हेतु कार्य करते रहे। आपने आई० सी० एस० की परीक्षा उत्तीर्ण की और गया (बिहार) में असिस्टेंट मजिस्ट्रेट और कलक्टर हुये। तत्पश्चात् एस० डी० ओ रहे। बिहार गवर्नमेन्ट के पोलिटिकल डिपार्टमेण्ट में पहले हिन्दुस्तानी अण्डर सेक्रेटरी के पद पर नियुक्त हुये।

खत्री स्व० मदनमोहन खन्ना—लखनऊ

बाबू साहब ने अनेक खत्री लड़कों को इलाहाबाद बैंक में नौकरी से लगवाया। आप सदा जाति सेवा में लगे रहते थे। अन्य खत्री जाति भाइयों को आपने रोजगार लगाने में सहायता प्रदान की।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री स्व० माधो प्रसाद जी धवन—मिर्जापुर

जाति सेवक श्री धवन जी हिन्दी के भी कट्टर हिमायती थे। आपने प्रथम हिन्दी साप्ताहिक "खिवड़ी समाचार" का सम्पादन किया तथा इसके संरक्षक भी रहे।

आपको अँग्रेजी पर भी समान अधिकार था और आपने चार ग्रंथ अंग्रेजी भाषा में भी लिखे।

खत्री स्व० महादेव प्रसाद जी सेठ—मिर्जापुर

जहाँ समाज सेवा में जुटे रहते थे वहीं आपने खत्री जाति की भी खूब सेवा की। बाबू पुरुषोत्तमदास टण्डन की विशेष कृपा से आपका रुझान हिन्दी की ओर हुआ और आपने "मतवाला" पत्र का सम्पादन करके हिन्दी की धूम मचा दी।

खत्री राजा बाबू दामोदरदास जी बर्मन—कलकत्ता

राजा बाबू के नाम से आप प्रसिद्ध थे। आप संगीत और साहित्य के प्रेमी थे। आप अपनी दया, दक्षिणा, सच्चरित्रता, धर्मिष्ठता एवं नम्रता के कारण सारे भारत में प्रसिद्ध थे। आपने स्ट्रैण्ड रोड कलकत्ता में गौरी शंकर का एक शिवालय स्थापित किया। आपका सार्वजनिक संस्थाओं और सरकार से घनिष्ठ सम्बन्ध था। आप विशेष रूप से एशियाटिक सोसाइटी, ब्रिटिश इण्डियन एसोसिएशन, बंगाल नेशनल चेम्बर आफ कामर्स, पींजरापोल आदि के मेम्बर तथा बड़ी सिख संगत और सारस्वत क्षत्रिय विद्यालय के ट्रस्टी थे।

आपने खूब जाति सेवा की।

खत्री स्व० गोवर्धनदास जी चड्ढा—मिर्जापुर

आप अत्यन्त दानी प्रवृत्ति के पुरुष थे। खत्री जाति की सेवा के प्रतीक स्वरूप आपने खत्री धर्मशाला के लिये भूमि दान में दी।

सुश्री दुर्गा भाभी—इलाहाबाद

क्रान्तिकारियों एवं देशभक्तों में एक अत्यधिक परिचित नाम है दुर्गा भाभी का। अल्पवयस्क अवस्था में आपका निवाह श्री शिवशरण बोहरा जी से हो गया। आप अपने पति के साथ कंधे से कंधा भिड़ा कर देश सेवा में लग गईं। आपके साथी थे भगतसिंह, राजगुरु, सुखदेव आदि क्रान्तिकारी। इनके बीच आप दुर्गा भाभी के नाम से प्रसिद्ध थीं। एक बार भगतसिंह को बचाने हेतु आप उनकी बीबी बनकर अँग्रेजों की आँखों में धूल झोंककर निकल गईं। क्रान्तिकारियों की हर तरह से सहायता करने का आपने व्रत सा ले लिया था। कालान्तर में लाला लाजपतराय की मृत्यु, भगतसिंह, राजगुरु व सुखदेव को फाँसी व चन्द्रशेखर आजाद के बलिदान ने दुर्गा भाभी को तोड़ दिया। अन्त में वे गांधी जी से प्रेरित होकर काँग्रेस अध्यक्ष भी बनीं और देश सेवा में जुट गईं। वर्तमान में आप लखनऊ में एक विद्यालय की संचालिका हैं।

ऐसी निर्भीक, क्रान्तिकारी, देशभक्त, नारीरत्न महिला को देश सदा-सदा स्मरण करेगा।

हम सभी उनके प्रति नत मस्तक हैं।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

खत्री बिन्दूलाल मेहरा—दिल्ली (१६१५—२२-३-१६८३)

कटरा नील, दिल्ली निवासी श्री मेहरा अल्प आयु से ही समाज सेवा से जुड़ गये थे। आपने एम० ए० तक शिक्षा प्राप्त की और बीस वर्ष तक ब्रिटिश हाई कमीशन में सेवारत रहे। सन् १६३६ में प्रतिष्ठित यंगमैन एसोसिएशन के सदस्य बने। अनेक खत्री युवकों को रोजगार दिलाये। आपने खत्री बैंक तथा डा० युद्धवीर सिंह ट्रस्ट के ट्रस्टी रहकर सराहनीय कार्य किया। आपके कार्यकाल में खत्री सभा ने भी अभूतपूर्व कार्य किया। श्री मेहरा ने खादी प्रचार में अपना योगदान दिया।

खत्री श्री नन्दूलाल मेहरा—दिल्ली (१६२२—६-४-१६८७)

आप खत्री समाज के गौरव स्तम्भ थे। व्यवसाय था कपड़े की दलाली। आप देश प्रेमी थे तथा सदा खद्दर पहनते थे। आप कांग्रेस भक्त थे। आप कैम्प लगाकर शरणार्थियों की सेवा करते रहे। आपने खत्री समाज दिल्ली की स्थापना की। आपको अपने अभूतपूर्व कार्यों के लिये "दिल्ली स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संगम" ने सम्मानित किया।

खत्री कैलाशनाथ जलोटा—फर्रुखाबाद

खत्री कैलाशनाथ जलोटा का जन्म १ अगस्त, १६२३ को फर्रुखाबाद के एक सम्भ्रान्त खत्री परिवार में हुआ था। आप बचपन से ही एक मेधावी छात्र थे। हाईस्कूल आपने फर्रुखाबाद से ही किया। पढ़ाई के साथ-साथ आप खेलों में भी रुचि लेते थे और विभिन्न पारितोषिक अर्जित करते रहे। आप जैसे मातृ-पितृ भक्त इस समय में कमही मिलते हैं। आपको तैराकी एवं कुश्ती का भी शौक था। आपने लगभग एक दर्जन डूबते हुए लोगों को अपने जीवन में अब तक बचाया।

जिस समय इम्पीरियल बैंक में नौकरी बड़ी कठिनाई से मिलती थी आपने अपने स्वयं के प्रयत्न से यहां नौकरी प्राप्त की। बैंक में रहकर ही आपने कठिन परिश्रम करते हुए बी० ए० एवं हिन्दी साहित्यरत्न किया। आप जीवन भर परिश्रमी रहे। बैंक में उत्तरोत्तर उन्नति करते हुये आप प्रशासनिक अधिकारी के पद से वर्ष १६८३ में सेवा निवृत्त हुये। अपने कार्यकाल में आप दिल्ली से आसाम तक विभिन्न स्थानों पर विभिन्न पदों पर रहे जिनमें शाखा प्रबन्धक का पद भी शामिल है। आपके साथ कार्य करने वाले कर्मचारियों ने सदा आपका आदर किया और सेवा निवृत्ति के पश्चात् भी आपको बैंक में पूरा सहयोग एवं सम्मान मिलता है।

आप एक स्वावलम्बी एवं मधुर प्रवृति के व्यक्ति हैं तथा सदा दूसरों की सहायता करने हेतु तत्पर रहते हैं। आपने अपने परिवार तथा अन्य अनेक खत्री भाइयों को, उन्हें बैंक में नौकरी दिलवाकर सहायता की। वैसे आप एक कठोर अनुशासन प्रिय, ईमानदार बैंक अधिकारी रहे।

आप हिन्दी के बचपन से ही पक्षधर हैं और जहाँ भी अवसर मिलता है हिन्दी माँ की सेवा करते रहते हैं। आप भारतीय स्टेट बैंक, प्रशिक्षण केन्द्र कानपुर के हिन्दी अतिथि प्रवक्ता हैं। आप एक अच्छे लेखक एवं कवि हैं। अनन्य पत्र-पत्रिकाओं में आपके लेख व कवितायें छपती रहती हैं और पारितोषिक मिलते रहते हैं। किन्तु आप मंच के कवि कभी नहीं रहे। आपका कथन है कि वे सदा स्वान्तः सुखाय ही लिखते हैं। आपने निम्न-लिखित पुस्तकें लिखी हैं जिनमें से कुछ छप चुकी है और जनता में वितरित हो चुकी हैं और अन्य प्रेस में हैं। यह सभी पुस्तकें आप बिना मूल्य जनता के सुपात्रों को प्रदान करते रहते हैं।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

पुस्तकों के नाम

(१) रामगंगा (२) रामरक्षा दोहावली (अनुवाद) (३) राममहिमा (४) भजन जाह्नवी
(५) नन्हें बच्चे (६) बालमन (७) आओ बच्चों (८) बचपन

"खत्री हितैषी" पत्रिका को आप अपनी निःशुल्क सेवाएं अर्पित करते रहते हैं। आप दूरदर्शन, लखनऊ, के छः माह तक प्रोग्राम समीक्षक रहे। इसके अतिरिक्त जब तब आप दूरदर्शन लखनऊ, के कार्यक्रमों में भाग लेते रहते हैं। आप अन्य राष्ट्रीकृत बैंकों से भी जुड़े हैं और उनकी गृह पत्रिकाओं में आपकी रचनायें छपती रहती हैं। भारतीय स्टेट बैंक की सभी गृह पत्रिकाओं में भी आपकी रचनायें स्थान पाती हैं।

ऐसे सहृदय, जाति सेवी, सहयोगी एवं कर्मठ पुरुष पर समाज को गर्व है। भगवान राम आपको शतायु प्रदान करें।

जातिगौरव खत्री श्री श्रीकृष्ण मेहरोत्रा—वाराणसी

श्री मेहरोत्रा जी का जन्म वाराणसी के एक संभ्रान्त खत्री घराने में १२-१०-१९०९ को हुआ था। आप बचपन से ही समाज सेवा से जुड़े रहे। मात्र १६ वर्ष की आयु से ही आपने सेवा समिति में कार्य करना आरम्भ कर दिया था। आपने लगातार ३० वर्षों तक इस संस्था में प्रधान नायक पद पर रहकर काशी नगरी के प्रत्येक मेले ग्रहण तथा अन्य सामाजिक कार्यों में अपने को लगाये रखा। खोये हुये बच्चों को उनके अभिभावकों तक पहुँचाने में आपको तथा उन अभिभावकों को हार्दिक आनन्द मिलता था।

आप नस बैठाने में माहिर रहे हैं। वर्षों इस प्रकार की सेवा आप समाज को देते रहे हैं। आप होमियोपैथिक चिकित्सक भी हैं और हजारों व्यक्तियों को लाभ पहुँचा चुके हैं।

आप अनेक संस्थाओं से जुड़े रहे और इस प्रकार बराबर जनता की सेवा करते रहे। आपका जीवन अनुकरणीय है।

उ०प्र०खत्री सभा ने आप को ९-११-८६ को जातिगौरव अलंकार से सम्मानित किया। आपका निधन वर्ष ८७ में हुआ।

खत्री स्व० शिवप्रसाद सेठ—शाहजहाँपुर (२२-१०-१९१७—२९-३-८३)

शाहजहाँपुर के लाला काशीनाथ सेठ के प्रतिष्ठित परिवार में आपका जन्म हुआ था। समय पड़ने पर आप पढ़ाई छोड़कर व्यवसाय में हाथ बटाने अपने घर पहुँच गये। अपने अथक प्रयास से आपने व्यवसाय को खूब बढ़ाया और अनेक संस्थान खोले। काशीनाथ सेठ बैंक की स्थापना सन् १९४८ में अपने बड़े भ्राता श्री विशनचन्द्र सेठ द्वारा करवाई।

सेठ जी बचपन से ही सन्त स्वभाव के थे। अपने जीवन काल में जो भी अवसर सत्संग एवं साधु सेवा के मिले वह उन्होंने कभी नहीं छोड़े। दान पुण्य के अलावा आपने जगह-जगह कमरे व स्थान बनवाकर जन सेवा की। गरीब बच्चों, अपंगों एवं जरूरतमन्दों की सदा सहायता की।

यूं तो खत्री समाज की उन्होंने सहायता की किन्तु दूसरी जाति वालों की भी भरपूर सेवा की। परन्तु यह सब सेवा कार्य करते हुये उन्होंने किसी स्थान या कार्य में अपना नाम कहीं भी नहीं लिखवाया।

समाज आपको सदा याद करता रहेगा।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

जातिगौरव खत्री श्री प्रकाश शंकर टण्डन—अलीगढ़ (जन्म २२-८-१९२७)

राष्ट्र भक्त श्री प्रकाश शंकर जी माईथान आगरा में देश भक्त एवं स्वतंत्रता सेनानी स्व० भवानीशंकर टण्डन के घर जन्मे। आपने कांग्रेस सेवा दल के जिला, शहर इंचार्ज के रूप में एक कीर्तिमान स्थापित किया और ऐसा सुदृढ़ संगठन बनाया जिसकी अपनी अलग मिसाल थी।

आपकी कार्यकुशलता से प्रभावित होकर अखिल भारतीय कांग्रेस के मेरठ अधिवेशन के पंडाल का इंचार्ज आपको बनाया गया जिसे आपने बड़ी कुशलता से निभाया।

आप पर सीमान्त गांधी खान अब्दुल गफ्फार खाँ के "लालकुर्तीदल" का प्रभाव है। इसी कारण आप अनुशासन प्रिय हैं। इसे आप अपने सामाजिक एवं राजनैतिक जीवन में बहुत महत्व देते रहे हैं। आपका नारा है कि "काम करो या कुर्सी छोड़ो"।

स्वतंत्रता संग्राम में सन् १९४२ में अल्पायु में ही आप जेल गये और अँग्रेजी शासन की यातनायें सहीं। सन् १९७२ में आगरा में आपको उ० प्र० के गवर्नर द्वारा "ताम्रपत्र" देकर सम्मानित किया गया। सन् १९८५ में काँग्रेस शताब्दी समारोह के अवसर पर शहर काँग्रेस कमेटी ने आपको मानपत्र देकर सम्मानित किया। वर्तमान में आप अलीगढ़ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिषद के कोषाध्यक्ष हैं। आप अलीगढ़ नगर व जिले की अनेक सामाजिक एवं शैक्षिक संस्थाओं से सम्बद्ध हैं। अलीगढ़ गाँधी नेत्र चिकित्सालय ट्रस्ट के आप आजीवन सदस्य हैं।

आपने अपनी आगरा की पैतृक सम्पत्ति कस्तूरी बाई जैन इण्टर कालेज, माईथान, आगरा को अपने पूज्य पिता की स्मृति में दे दी।

सन् १९८३ से खत्री सभा अलीगढ़ के आप स्थापना अध्यक्ष होकर अब भी उसी पद पर हैं।

खत्री डा० भँवर अरोड़ा—सुजानगढ़ (राजस्थान) (५-९-१९३५)

डा० भँवरलाल अरोड़ा अपने जीवन के प्रारम्भ से ही शिक्षा जगत से जुड़े रहे। आपने कलकत्ता एवं राजस्थान में अनेकानेक सामाजिक कार्य किये और अनेक संस्थाओं से जुड़े रहे। आप इतने साहसिक विभूति हैं कि आपने अपने परिश्रम से स्टेशन पर यात्रियों को पानी पिलाया। नलों के न होने से आपने कुओं से पानी भरा और यात्रियों की सेवा की। बाल सेना, युवक सेना, आबालवृद्ध नर-नारी सभी की सेवा में आप सदा लगे रहे।

सन् १९८५ में आपने सिंधी, हिन्दी, पंजाबी एवं राजस्थानी खत्री परिवारों को इकट्ठा किया और एक मंच तैयार किया। खत्री वंश युवक संघ की स्थापना की। विजय दशमी का दिन खत्री मिलन दिवस, शस्त्र पूजा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में मनाना आरम्भ किया। खत्री सभा के कार्य को आगे बढ़ाने में आप पूरा योगदान दे रहे हैं। आप अथक प्रयास से जाति सेवा में संलग्न हैं। साथ ही दीन दुखियों की निःशुल्क चिकित्सा भी करते हैं।

खत्री श्री अमरनाथ टण्डन—कन्नौज

कन्नौज सारस्वत-खत्री सभा के वरिष्ठ सदस्य लाला अमरनाथ अपनी सहृदयता के लिये प्रसिद्ध हैं। आप खत्री बालक, बालिकाओं को छात्रवृत्ति देते रहकर उनके उत्थान में सहयोग दे रहे हैं। दीपावली के पश्चात् अपने घर पर "मधुर मिलन" का आयोजन कर समाज के सभी खत्री भाइयों को सपरिवार आमंत्रित करके आपस में भाईचारे की भावना को सुदृढ़ कर रहे हैं।

CC-0. Bhagwad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

आप खत्री सभा में विशेष रुचि लेते हैं, तथा उसके प्रति पूरी तरह निष्ठावान हैं। आप सभा के प्रत्येक कार्य में रुचि ही नहीं लेते अपितु सहयोग और सहायता भी करते हैं। कठिनाइयों को आनन फानन में दूर करते हैं और सौहार्द्र स्थापित करते हैं।

आपको धर्म में भी अपार निष्ठा है। आप अपने निवास स्थान पर महामण्डलेश्वर स्वामी भजनानन्द जी महराज के नेतृत्व में संत महात्माओं का वृहत् स्तर पर सम्मेलन आयोजित करते हैं।

आपने स्वर्गीय ज्येष्ठ भ्राता श्री बैजनाथ जी टण्डन एवं पूज्या भाभी की पुण्य स्मृति में बाबा गौरीशंकर मंदिर में एक विशाल कक्ष के निर्माण का कार्य सम्पन्न करा रहे हैं। इसमें धार्मिक पुस्तकों का संग्रह रहेगा।

आपको कोटिशः धन्यवाद।

खत्री श्री महेश प्रसाद जी—कलकत्ता

आपका जन्म कलकत्ता के धनी मानी खत्री परिवार में हुआ। आप हिन्दी, अँग्रेजी, संस्कृत- बंगला, उर्दू एवं मुड़िया भाषा के विद्वान एवं ज्ञाता हैं। आपने वकालत का पेशा अपनाया। आपने अपनी प्रतिभा, आत्मबल, विद्वता और उत्कृष्ट साधना से इस पेशे को चमकाया और एक मूर्धन्य सिविल अधिवक्ता बने।

आप दीर्घकाल तक पश्चिम बंग बार कौंसिल के उपाध्यक्ष, क्रिया समिति के अध्यक्ष तथा प्रभावशाली सदस्य के रूप में सक्रिय रहे हैं। आप प्रेसिडेंसी स्माल कालेज कोर्ट बार एसोसिएशन के सभापति बनाये गये।

कलकत्ते में निम्नलिखित बैंकों के मुसद्दी ही नहीं रहे अपितु इस शहर में उनकी स्थापना एवं संचालन आपका अविस्मरणीय योगदान रहा है।

(क) इलाहाबाद बैंक (ख) हिन्दुस्तान कमर्शियल बैंक (ग) ओरिएण्टल बैंक आफ कामर्स (घ) पंजाब नेशनल बैंक (ङ) भारत बैंक।

राष्ट्रोन्मुखी चेतना एवं शिक्षा प्रचार हेतु आप अनन्य संस्थानों में रक्षक, संरक्षक एवं सदस्य के रूप में निःस्वार्थ, सक्रिय योगदान देते रहे। आप अनेक परिवारों की जीविका के पावन स्रोत हैं।

समाज आपका अभिनन्दन करता है।

खत्री डा० हीरालाल चोपड़ा—कलकत्ता

आपने पंजाब विश्वविद्यालय में एम० ए० की परीक्षा में प्रथम बार लाहौर में प्रथम स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया। आपके सफल निर्देशन में अनेक अनुसंधानियों ने पी-एच० डी० तथा डी० लिट० की उपाधि प्राप्त की।

१९५८ में आप ईरान सरकार के आमंत्रण पर एक वर्ष के लिये ईरान गये और वहाँ परसियन भाषा में श्रीमद्भगवद्गीता का अनुवाद किया। ईरान सरकार ने डाक्टरेट की उपाधि से आपको सम्मानित किया। आप अरबी, फारसी, उर्दू एवं पश्तो के विद्वान हैं।

आप सभी जाति, समाज धर्म और संस्कृतियों के बीच महानरूप से देदीप्यमान हैं। पंजाबी संस्कृति के उन्नयन में आपके योगदान के लिये पंजाब सरकार ने आपको पुरस्कृत किया।

खत्री समाज आपके चिरायु जीवन की कामना करता है।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

खत्री श्री विश्वेश्वरनाथ मेहरोत्रा—कलकत्ता

खत्री समाज के संरक्षक, स्वजाति एवं स्वधर्म उन्नायक, कर्मनिष्ठ एवं सेवाव्रती, प्रेरक समन्वयवादी दृढ़व्रती विद्वान तथा संस्कृति के उन्नायक श्री मेहरोत्रा जी के द्वार प्रत्येक के लिये सदा खुले रहते हैं। आपका जीवन अनुकरणीय है। आप अनेक संस्थाओं से जुड़े रहकर समाज सेवा में लीन हैं।

खत्री समाज आपके प्रति नतमस्तक है।

खत्री श्री पूरनचन्द्र जी वर्मन—कलकत्ता

कर्मक्षेत्र के मर्मज्ञ महारथी, परिबार के गौरव, समाज के आलोक स्तम्भ, कार्यरत मौन सेवाव्रती, विद्या के धनी एव प्रशांत विचार वेत्ता, हम आपके सहयोग के लिये कृतज्ञ हैं। बिद्यादान आपका धर्म है तो जाति सेवा आपका कर्म। इसी कर्म धर्म पर टिका आपका महान जीवन समाज की विलक्षण सेवा कर रहा है।

हम आपके प्रति कृतज्ञ हैं।

खत्री स्व० बेनीमाधव खन्ना—कानपुर

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व० बेनीमाधव खन्ना का राजनैतिक, सामाजिक एवं साहित्यिक क्षेत्र में एक प्रमुख स्थान रहा है। आप देश भक्ति तथा स्वतंत्रता संघर्ष की सर्वश्रेष्ठ हिन्दी काव्य रचनाओं पर "खन्ना पुरस्कार" प्रदान करते रहे। आप शहर कांग्रेस कमेटी, गांधी सेवा समिति, हिंदी प्रचारिणी सभा, हिंदी साहित्य सम्मेलन आदि विभिन्न संस्थाओं में प्रमुख पदों पर सुशोभित रहे। भारतेन्दु वाराणसी ने तो आपको अपने अग्रलेख में "काव्य कल्पतरु" की उपाधि से विभूषित किया। आपका स्वर्गवास १२-१-१९६० को हुआ था।

खत्री स्व० भीखमचन्द अरोड़ा—जोधपुर (राजस्थान)

अरोड़ा जी निःसंतान थे। अतः आपने अपनी सम्पत्ति को सामाजिक कार्यों में लगाया। आप बड़े ही धार्मिक प्रवृत्ति के महापुरुष थे।

आपने श्मशान घाट भवन तथा स्नान गृह बनवाया। इसे सुचारु रूप से चलाने हेतु आपने अनेक दुकानें बनवाई ताकि किराये की आमदनी से इसकी देखरेख हो सके। साथ ही आपने एक ट्रस्ट भी चला दिया। आपने जागौर में एक धर्मशाला बनवाई और यहाँ भी एक ट्रस्ट का गठन किया ताकि इसका कार्य भी सुचारु रूप से चल सके। नागौर में ही दिल्ली द्वार पर आपने एक स्मारक तथा प्याऊ बिठाया। कुछ दुकानें बनवा दीं ताकि किराये से इसका ठीक संचालन हो सके।

वे इन संस्थानों, भवनों एवं स्मारकों को अपना पुत्र समझते थे।

हम सभी जाति भाई उनके प्रति नतमस्तक हैं।

खत्री रायसाहब गुरुप्रसाद कपूर—दिल्ली

आप बड़े ही उदार प्रवृत्ति के महानुभाव हैं। आपने जैसे बिरादरी की सेवा का संकल्प सा ले रखा है। मुक्तहस्त से सहायतार्थ धन देना आपकी आदत बन गई है। आप खत्री मात्र की सहायतार्थ सदा तत्पर रहते हैं और इसे अपना परम कर्त्तव्य समझते हैं।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री रायसाहब गिरधारीलाल—दिल्ली

रायसाहब ने अपने स्वभाव को ऐसा उदार बना रखा था कि किसी का भी काम हो अगर आपके किये होता था तो स्वयं जाकर करवा देते थे। शिक्षा के क्षेत्र में आपका बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने पूरी दिल्ली में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चलाये जो आज अच्छे स्तर के स्कूल माने जाते हैं।

खत्री लाला हरध्यान सिंह चाँदीवाले—दिल्ली

आप भारत की स्वतंत्रता के सपने सँजोये बहुत ही छोटी आयु में इस संग्राम में कूद पड़े। जहाँ आपने खत्री समाज की सेवा की वहीं वृहद् स्तर पर आपने देश की सेवा की।

खत्री श्री हरषचन्द्रजी (बालेचा)—बीकानेर

खत्री मण्डल की स्थापना में आपका बड़ा योगदान रहा। इस मण्डल की उन्नति करने में आपने बड़े कष्ट उठाये। आप समय-समय पर मण्डल की धन से भी सहायता करते रहे। आप निरंतर अपने काम के साथ खत्री मण्डल की सेवा में लगे रहते हैं।

खत्री लाला दौलतराम सेठी—पटना

आप खत्री जाति प्रेम से ओत-प्रोत सदा जातीय उन्नति के लिये कार्य करते रहे। आप बिहार प्रांत के कृषि विभाग के डाइरेक्टर के पद पर नियुक्त हुये।

खत्री रायबहादुर श्रीनारायण महथा—पटना

आप बिहार प्रांत में खत्रियों में एक बड़े जमींदार थे। आप कौंसिल आफ स्टेट्स के मेम्बर भी बनाये गये। आप सदा जाति तथा खत्री समाज की उन्नति में हाथ बंटाते रहे।

खत्री स्व० जगन्नाथ प्रसाद जी पवाधा—मिर्जापुर

आप सर्वविदित समाजसेवी तथा खत्री समाज के प्राण थे। खत्री समाज मिर्जापुर आपका बड़ा आदर सम्मान करता था। खत्री धर्मशाला मिर्जापुर के सही माने में आप ही निर्माता थे और सदा याद किये जायेंगे।

खत्री स्व० लाला बिहारीलाल मेहरोत्रा—मिर्जापुर

खत्री समाज मिर्जापुर सदा-सदा ऐसी विभूति को याद करता रहेगा जिसने अपने अथक प्रयास से खत्री सभा भवन का निर्माण कराया। आप विभिन्न वर्षों में खत्री सभा के विभिन्न पदों पर रहे तथा सक्रिय रूप से जाति सेवा में लीन रहे।

खत्री श्री श्रीराम मैनी—मिर्जापुर

खत्री जाति के वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री मैनी अनेक वर्षों तक खत्री सभा के कोषाध्यक्ष रहे तथा सभा के कोष को बढ़ाने का प्रयत्न करते रहे। आप स्वयं भी एक दानी पुरुष रहे। आपने खत्री सभा भवन में एक कमरे का निर्माण भी अपने धन से कराया।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

खत्री स्व० भरतनाथ सेठ (पत्थरवाले)—मिर्जापुर

आप सच्चे जाति सेवक थे। आप खत्री सभा मिर्जापुर के अध्यक्ष भी रहे तथा अपने कार्यकाल में जाति सेवा डटकर की। आप जिला पाषाण व्यवसायी संघ के अध्यक्ष तथा रेलवे स्टेशन मिर्जापुर (उ० रे०) की परामर्शदात्री समिति के कई वर्षों तक सदस्य भी रहे।

खत्री स्व० बाबू महादेवप्रसाद जी सेठ—मिर्जापुर

आप सच्चे जाति सेवक थे। यद्यपि आपने अल्प आयु पाई किन्तु उतनी ही अवधि में आप सदा, जाति सेवा में संलग्न रहे। आप मिर्जापुर के प्रसिद्ध पत्थरवाल सेठों के परिवार के एक सदस्य थे। आपने कलकत्ता से "मतवाला" (हिंदी में हास्य रस का एकमात्र राष्ट्रीय पत्र) का प्रकाशन, मुद्रण और संपादन किया। नमक सत्याग्रह के समय मिर्जापुर के प्रथम डिक्टेटर, अखिल भारतीय एवं प्रांतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य थे।

खत्री जातिरत्न श्री बिशनचन्द सेठ—वृन्दावन

आप अखिल भारतीय खत्री महासभा के संरक्षक हैं। आप बाल्यकाल से ही धार्मिक प्रवृत्ति के थे। प्रारम्भ से ही आप राष्ट्रीय भावना से ओत प्रोत रहे। मात्र २० वर्ष की अल्पायु में ही आप एक साहसी सेनानी की भांति स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने हेतु राष्ट्रीय कांग्रेस में आ गये। तत्पश्चात् हिंदुत्व की रक्षाहित आपने १९३८ में हिंदू महासभा में प्रवेश किया। आप हिंदू महासभा उत्तर प्रदेश के महामंत्री थे। हिंदी को राष्ट्रभाषा का स्थान दिलाने के लिये सन् १९४७ में आपने पूरे प्रदेश में आंदोलन चलाया और ५०० समर्थकों के साथ जेल यात्रा की।

आपने शाहजहाँपुर में साम्प्रदायिकता की धधकती आग को अपने प्राणों की बाजी लगाकर शांत किया। सन् १९५२ में आप शाहजहाँपुर नगरपालिका के अध्यक्ष निर्वाचित हुये। सन् १९५७ में आप शाहजहाँपुर से हिंदू महासभा के प्रत्याशी के रूप में संसद सदस्य निर्वाचित हुये। अखिल भारतीय खत्री महासभा के अनेक पदों को आपने सुशोभित किया। महासभा के आप अध्यक्ष भी रहे। आपकी संगठन शक्ति, आत्ममनोबल एवं कार्य क्षमता से प्रभावित होकर ही खत्री महासभा ने आपको "जातिरत्न" की उपाधि से विभूषित किया।

आप प्राचीन सभ्यता एवं संस्कृति के प्रतीक, अत्यंत धर्मनिष्ठ, सरल स्वभाव एवं उदार प्रवृत्ति, पर सेवालीन महापुरुष की श्रेणी में आते हैं। आप में अभिमान और आडम्बर तो नाम मात्र को भी नहीं। आजकल आप जाति हित और देशहित के अतिरिक्त अपना समय ईश्वर उपासना में देते हुये वृन्दाबन में वास कर रहे हैं।

खत्री जातिरत्न श्री मूलचन्द खन्ना—कानपुर

अपने विस्तृत व्यवसाय में व्यस्त रहने पर भी आप समाज, जाति और देश सेवा के लिये समय निकाल ही लेते हैं। आप अनेक सामाजिक संस्थाओं से सम्बद्ध हैं। आप गरीब छात्रों को सहायता तथा नवयुवकों का मार्गदर्शन करते रहते हैं।

जाति सेवा कार्यों में आपकी विशेष अभिरुचि है। अखिल भारतीय खत्री महासभा के आगरा अधिवेशन में सन् १९७६ में आप उपाध्यक्ष चुने गये। आपने खत्री जातीय संगठन को मजबूत करने हेतु उत्तर भारत का दूर दूर तक दौरा किया और जाति बन्धुओं से सम्पर्क स्थापित किया। आपकी संगठन शक्ति, कर्मठता, योग्यता, उदारता एवं जाति प्रियता से प्रभावित होकर आपको ३१ वें अधिवेशन में अखिल भारतीय खत्री महासभा के अध्यक्ष पद पर आसान किया गया।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

आचार्य नरेन्द्र देव

विख्यात विचारक, समाजवादी नेता और शिक्षाशास्त्री आचार्य नरेन्द्र देव का जन्म ३१ अक्तूबर, १८८९ को सीतापुर में हुआ था। बचपन से ही आचार्य नरेन्द्र देव को संस्कृत तथा धार्मिक ग्रन्थों की शिक्षा मिली। उनकी उच्च शिक्षा इलाहाबाद और वाराणसी में हुई।

इलाहाबाद में बाल गंगाधर तिलक, लाला लाजपतराय, बिपिन चन्द्र पाल तथा अरविन्द घोष जैसे नेताओं का छात्र नरेन्द्र देव पर गहरा प्रभाव पड़ा और १९१६ में उन्होंने फैजाबाद में होम रूल लीग की शाखा प्रारम्भ की। पं० जवाहर लाल के आग्रह पर उन्होंने काशी विद्यापीठ में शिक्षण कार्य स्वीकार किया और बाद में वे विद्यापीठ के प्रिंसिपल बने। यहीं से उनके नाम के आगे आचार्य जुड़ गया। आचार्य नरेन्द्र देव स्वाधीनता आन्दोलन से निरन्तर जुड़े रहे। १९४६ में वे उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य चुने गये। वे लखनऊ विश्व विद्यालय के कुलपति भी रहे। समाजवादी चिंतन और बौद्ध दर्शन पर उनकी पुस्तकें भारतीय विचारधारा पर अमिट छाप छोड़ गयी हैं।

जाति भूषण खत्री श्री कृष्णाचन्द्र बेरी—वाराणसी

पारिवारिक जिम्मेदारियाँ होते हुये भी आपने सविनय अवज्ञा आन्दोलन में सक्रिय भाग लिया। आप नेताजी सुभाषचन्द्र बोस, डा० राम मनोहर लोहिया, सज्जाद जहीर, यूसुफ मेहरअली आदि नेताओं के घनिष्ठ लोगों में से थे। आपने हिन्दी के प्रचार में पूर्ण सहयोग दिया और सन १९४० में भारत विख्यात "हिन्दी प्रचारक पुस्तकालय की" वाराणसी शाखा की स्थापना की।

सन् १९५९ में वियना की अन्तर्राष्ट्रीय प्रकाशक कांग्रेस में आपने भारतीय प्रतिनिधि मण्डल के सचिव के रूप मे भाग लिया। प्रकाशकों के अन्तर्राष्ट्रीय आयोग के सदस्य होने के नाते आप स्पेन के बारसीलोना नगर में होने वाली बैठक में आमन्त्रित किये गये। आप सन् १९६० में अखिल भारतीय हिन्दी प्रकाशक संघ के पटना अधिवेशन के व १९६६ में पूना अधिवेशन के व तीसरी बार सन् १९७३ में दिल्ली अधिवेशन के अध्यक्ष चुने गये व उसी वर्ष यूनेस्को की मद्रास में आयोजित दक्षिण पूर्व एशिया के देशों की विचारगोष्ठी में आपने प्रतिनिधि सदस्य के रूप में भाग लिया। सन् १९६५ में नेशनल बुक ट्रस्ट आफ इण्डिया द्वारा लखनऊ में आयोजित "हिन्दी प्रकाशन" विचारगोष्ठी के आप संयोजक रहे। फेडरेशन आफ मास्टर प्रिन्टर्स की गवर्निंग कौंसिल के १५ वर्षों तक आप सदस्य रहे। सन् १९५२ से १९७४ तक आप के संयोजकत्व में पन्द्रह बड़ी-बड़ी पुस्तक प्रदर्शनियों का आयोजन हुआ।

आपने अपने समय में २५ पुस्तकें लिखी हैं जिनमें हिटलर की आत्मकथा "मेनकैंफ" का हिन्दी अनुवाद "मेरा जीवन संग्राम" "चेकोस्लोवाकिया लूटा गया" एवं "बाल महाभारत" उल्लेखनीय हैं।

वाराणसी की खत्री हितकारिणी सभा, खत्री एजूकेशन ट्रस्ट, सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, समाज सेवा संघ, समाज हितकारिणी सभा, अरविन्द सोसाइटी आदि संस्थाओं से आप वर्षों से सम्बद्ध हैं।

आप अखिल भारतीय खत्री महासभा के ३०वें आगरा अधिवेशन में अध्यक्ष चुने गये। अपने कार्यकाल में आपने जाति के सभी वर्गों को एक मंच पर लाने और जातीय संगठन को मजबूत बनाकर समाज में प्रेम व सौहार्द का वातावरण उत्पन्न करने का सराहनीय कार्य किया। एक वर्ष के अल्पकाल में ही आपने "दहेज

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

विरोधी सम्मेलन" "अपूलालन्टल विरोधी गोष्ठी" तथा "विवाह मंच" का आयोजन कर समाज सुधार की गतिविधियों को नई दिशा दी। आप खत्री समाज के सजग प्रहरी और प्रेरणास्रोत हैं। खत्री जाति को अपने इस अमूल्य रत्न पर गर्व है।

श्री गुलज़ारी लाल नंदा

श्री गुलज़ारी लाल नंदा का जन्म ४ जुलाई, १९१४ को स्यालकोट में हुआ। आपके पिता श्री का नाम श्री बुलाकी राम और माता का नाम श्रीमती ईश्वर देवी था। एम० ए० और एल-एल० बी० की परीक्षायें पास की और असहयोग आन्दोलन में शामिल हो गये। नेशनल कालेज बम्बई में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर हुये। स्वतन्त्रता संग्राम के दौरान श्री नंदा ने अनेक बार जेलयात्रा की। स्वाधीनता प्राप्ति के पश्चात् १९५१ में केन्द्रीय मंत्री बने और १९७१ तक विभिन्न समयों पर केन्द्रीय मन्त्रिमंडल के विभिन्न पद भार सम्हालते रहे। १९६४ और १९६६ में कुछ समय के लिये कार्यवाहक प्रधानमंत्री का पदभार भी नंदा जी ने सम्भाला।

जातिरत्न खत्री श्री सोहनलाल मेहरोत्रा—प्रयाग

आप बचपन से ही विभिन्न सामाजिक एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों में सक्रिय रहे। सन् १९३६-३७ में आपने हरिद्वार के अचानक अग्निकाण्ड में प्रशंसनीय सेवा कार्य किया। सन् १९५४ में प्रयाग कुम्भ मेले के अवसर पर खत्री सभा का अखिल भारतीय स्तर पर कैंप लगाया। प्रयाग निवासी खत्रियों की रामलीला कमेटी, राइफल क्लब, गान्धी शताब्दी समारोह मलूक चतुरशती समारोह अनेक सामाजिक संस्थाओं एवं समारोहों के लिये आपका योगदान सराहनीय रहा है। सन् १९५५ से १९६२ तक आप अवैतनिक मजिस्ट्रेट रहे। सन् १९६८ में प्रान्तीय रक्षादल के डिप्टी कमाण्डर नियुक्त हुये। सन् १९६० से १९६७ तक केन्द्रीय सरकार द्वारा मनोनीत अवैतनिक सेना भर्ती अधिकारी रहे।

खत्री जाति के संगठन एवं उन्नति के लिये तो आपने अथक परिश्रम किया है। आप १९६२ से १९७२ तक अखिल भारतीय खत्री महासभा के प्रचारमंत्री तथा सन् १९७२ से १९७६ तक प्रधानमंत्री एवं सन् १९७६ से कार्यवाहक अध्यक्ष रहकर जाति सेवा करते रहे। आप एक कर्मठ एवं निष्ठावान जाति सेवी हैं। आप जातिरत्न की उपाधि से विभूषित किये गये।

डा० श्याम नारायण मेहरोत्रा

इटावा में २ जनवरी, १९२० को जन्मे डा० मेहरोत्रा १९८२ से जोधपुर विश्वविद्यालय के कुलपति हैं। इसके पहले वे आगरा विश्वविद्यालय के कुलपति तथा उत्तर प्रदेश शासन में शिक्षा विभाग के अनेक महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं।

खत्री पृथ्वीराज कपूर—बम्बई

श्री कपूर कला प्रेमी, पृथ्वी थियेटर के माध्यम से नाट्य कला को जीवन देने वाले सिनेमा संसार के प्रतिष्ठित कलाकार थे। वे कवि, शायर, गायक, वाहक और लेखक थे। उन्हें अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू, गुरूमुखी, बंगला, गुजराती, मराठी, तामिल, तेलगू आदि भाषाओं का ज्ञान था। भारत सरकार ने उन्हे पद्म भूषण से विभूषित किया था उनका जन्म पेशावर में हुआ था। उनका व्यक्तित्व बड़ा आकर्षक और प्रभावशाली था। वे

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

जरूरतमन्द लोगों की भरपूर सहायता करते थे। वे अपने पिता व विमाता का बड़ा सम्मान करते थे। उनकी विमाता अपने पुत्र त्रिलोक कपूर के पास कम पृथ्वीराज कपूर के पास रहना अधिक पसन्द करती थीं। वे राज्य सभा के मनोनीत सदस्य भी रहे।

वे महान शिव भक्त थे। भगवान पर भरोसा रखना उनकी सफलता का रहस्य है। उन्हें कानपुर से विशेष लगाव था। वे खत्री समाज द्वारा स्थापित नवजीवन पुस्तकालय, हटिया, में भी गये। इस पुस्तकालय और संस्थाओं के लिमे उन्होंने झोली फैलाकर धन एकत्र किया। एक बार होली के अवसर पर अपनी नाट्य मंडली के साथ उन्होंने कानपुर में होली मनाई। वे जाति गौरव थे।

श्री हरि किशन लाल कपूर

जन्म २३ दिसम्बर १९२३ में। १९४३ में वायुसेना में कमीशन प्राप्त किया। बाद में वायुसेना के जज एडवोकेट जनरल बने। खेल जगत से विशेष रूप से सम्बद्ध रहे। परम विशिष्ट सेवा मेडल और पद्म श्री से विभूषित श्री कपूर इस समय दिल्ली के उप राज्यपाल पद पर हैं।

खत्री श्री मुन्नूलाल जी सेठ—प्रयाग

सेठ जी ने खत्री सभा भण्डार की समृद्धि में पूर्ण सहयोग दिया। आप सभा में अनेक पदों पर रहे। आपने जाति की सेवा सभा में रहकर बीस वर्षों तक की। आप रामचरित मानस के अच्छे ज्ञाता हैं। आप खत्री समाज में लगभग ४० वर्षों से मानस का पाठ करते चले आ रहे हैं। भगवान राम के भक्त सेठ जी मानव समाज को उत्थान की ओर ले जाने के लिये अग्रसर हैं। खत्री समाज को ऐसे आध्यात्मिक नेतृत्व पर गर्व है।

श्री प्रकाश मेहरोत्रा

जन्मतिथि २६ फरवरी, १९२५। भारत छोड़ो आन्दोलन में सक्रिय भाग लिया और जेलयात्रा की। १९७६ से ८१ तक राज्य सभा के सदस्य रहे। १९८१ से ८३ तक असम और मेघालय के राज्यपाल और ८४-८५ में भूटान में उच्चायुक्त के पदों का भार सम्भाला।

खत्री श्री महेशप्रसाद टण्डन—प्रयाग

श्री टण्डन राजपत्रित् पद से सेवा निवृत्त हुये हैं। अपनी सज्जनता एवं सेवा भावना से आपने सबके दिलों को जीता है। खत्री सभा के माध्यम से आपने गरीब, असहाय लोगों की अमूल्य सेवा की। आप सभा के मंत्री पद पर अनेक वर्षों तक रहकर सेवा करते रहे।

आप असहाय विधवाओं के लिये अन्न-वस्त्र का प्रबंध करते रहते थे। आपने कभी अपना गुणानुवाद नहीं चाहा।

श्री सुन्दर लाल खुराना

१९ फरवरी, १९२८ को झंग (अब पाकिस्तान में) जन्मे श्री खुराना की शिक्षा-दीक्षा लाहौर में हुई। भारत सरकार के अनेक महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर कार्य करने के बाद दिल्ली के उपराज्यपाल तथा तामिलनाडु के राज्यपाल के पदों पर नियुक्त हुये।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

खत्री श्री मूल नारायण टण्डन, प्रयाग

श्री टण्डन जी ने खत्री सभा, प्रमाग के माध्यम से उल्लेखनीय सामाजिक उपकार किये हैं। आपने भण्डारी, उपमंत्री और दुर्गाप्रसाद ट्रस्ट के संयोजक के रूप में सभा को अपनी सेवायें प्रदान कीं। आप ३० वर्षों से भी अधिक समय से सभा की सेवा कर रहे हैं। आप एक कर्मठ समाज सेवी है।

खत्री श्री ब्रजमोहन टण्डन—प्रयाग

आप १४-१५ वर्ष तक खत्री सभा, प्रयाग के मंत्री रहे। आपके समय में एक भण्डार गृह का निर्माण हुआ ताकि सामान सुरक्षित रखा जा सके। इसके लिये आपने अपने अथक परिश्रम से चंदा इकट्ठा किया। आप खत्री समाज के विवाहों में सभा के लिये दान लेने पहुँचते रहे।

अपने विशेष सेवा कार्यों के लिये अभिनन्दनीय हैं।

खत्री श्री सीताराम कंचन 'मृगेन्द्र'—तालबेहट (ललितपुर)

श्री कंचन जी तालबेहट निवासी, "हिंदी भूषण" बयोवृद्ध खत्री समाज के स्ततम्भ हैं। लगभग सन् १९४० से आप खत्री हितैषी से जुड़े हैं। निरन्तर साहित्य सेवा में लीन आपने अनेक पुश्तकें लिखी हैं। आप सामाजिक कार्यों में भी अपना अधिक से अधिक समय देते रहते हैं। बुढ़ापा आप पर हावी नहीं वरन् आपने बुढ़ापे को जीता हुआ है।

खत्री ब्रिगेडियर पी.सी. पुरी—फतेहगढ़

श्री पुरी सेना में जून १९५७ में आफीसर के पद पर नियुक्त हुये। सन् १९६५ और १९७१ के लड़ाइयों में आपने अपना रण कौशल प्रदर्शित किया। आप राजपूत रेजीमेण्ट, फतेहगढ़ के कमाण्डेण्ट नियुक्त हुये।

आप १९६९-७१ में इथोपिया तथा १९७८-७९ में ईरान प्रतिनियुक्ति पर गये

आपको भारत सरकार ने विशिष्ट सेवा पदक से १९७२ में सम्मानित किया। खत्री जाति को आप पर गर्व है।

खत्री ललित मोहन थापर—कलकत्ता

श्री थापर एक बहुत बड़े उद्योगपति हैं। थापर ग्रुप के आप मालिक हैं। ऐसी अनेक कम्पनियाँ भारत में हैं जिसके श्री थापर चेयरमैन हैं तथा अन्य ऐसी भी कम्पनियाँ हैं जिनमें आप डाइरेक्टर हैं।

आपने अपनी कई कम्पनियाँ विदेशों में भी खोली हैं। भारत के राष्ट्रपति ने आपको सन् १९७३ में आई० आई० टी० कानपुर, के बोर्ड आफ गवर्नर्स का चेयरमैन नियुक्त किया था जिस पद पर आप १९८० तक रहे। आप जाति के गौरव स्तम्भ हैं।

खत्री रायबहादुर एम.ए. ओबेराय—बम्बई

श्री ओबेराय होटलों के राजा कहे जाते हैं। आपका थचपन बड़े कष्ट में बीता। आप गांव के रहने वाले सीधे साधे व्यक्ति थे पर समय के थपेड़ों ने आपको शिमला ला पटका जहाँ आपने एक होटल में मामूली सी नौकरी की।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

अपनी सूझबूझ और मेहनत से कालान्तर में आप एक होटल के मालिक बने जो उत्तरोत्तर उन्नति करता गया।

आज ओबेराज जी के अनेक होटल हैं। इसमें ओबेराय इण्टरकॉण्टीनेण्टल होटल, नई दिल्ली तथा ओबेराय शेरटन बम्बई प्रसिद्ध होटलों में हैं।

श्री ओबेराय यद्यपि अस्सी पार कर चुके हैं किन्तु अभी भी आपकी दिनचर्चा प्रातः ५ बजे आरम्भ हो जाती है। वे हफ्ते के सातों दिन कठिन परिश्रम करते हैं। आपमें भारतीय भावना विद्यमान है और अप जरूरतमंद की मदद करते रहते हैं।

खत्री जाति को आप पर गर्व है।

खत्री श्री जगदीश कपूर—सोनीपत

बाइसिकिल व्यवसाय में श्री जगदीश कपूर का नाम जाना माना है। एटलस साइकिल इण्डस्ट्रीज लि०, सोनीपत, के आप एक्जीक्यूटिव डाइरेक्टर हैं। पहले आप अपने पिता के व्यवसाय में हाथ बटाते थे। आप बड़े कुशल और अनुभवी व्यवसायी हैं। आपने देश विदेश की सफल यात्रायें की हैं और आपके व्यवसाय में लगे लोग आपसे बड़े प्रभावित हुये।

आप देश की अनेक कम्पनियों के प्रेसीडेण्ट, डाइरेक्टर, मेम्बर आदि हैं और सफलतापूर्वक अपना मार्ग-दर्शन देते हैं। भारत सरकार ने भी आपको सम्मानित किया है।

इसके अतिरिक्त आप अनेक ऐसी ट्रस्टों व संस्थाओं से जुड़े जो गरीबों और जरूरतमंद लोगों की निरन्तर सहायता करती रहती हैं। इसके अलावा अपनी ओर से आप गरीबों की सहायता करते रहते हैं। उक्त ट्रस्ट व संस्थान कई अस्पताल दाँत व आँख के भी सफलता से चला रहे हैं। कई वाचनालय, पुस्तकालय एवं क्रीड़ा केन्द्र की चला रक्खें हैं। तीर्थ यात्रियों की सुविधा हेतु ट्रस्ट हरिद्वार में तिमंजिला एक आश्रम भी चला रहा है।

आप एक ही साथ बड़े व्यवसायी, उद्योगपति, शिक्षाविद एवं सामाजिक जनसेवी सब हैं। आप रोटरी इण्टरनेशनल के जिला गवर्नर भी रह चुके है। आपने अपने समय में मूलचन्द खैराती राम अस्पताल को एक लाख पचास हजार की एक वैन भेंट करवाई। रोटरी में सेवा करते हुये आपको अनेक पारितोषिक भी मिले।

खत्री जाति को आप पर गर्व है।

खत्री डा० एम० पी० मेहरोत्रा—कन्नौज

डा० मेहरोत्रा का जन्म कन्नौज में हुआ किंतु आप देश विदेश में अपना नाम रोशन कर सके अपने कठिन परिश्रम और लगन से। आपने देश विदेश में अनेक डिग्रियाँ हासिल कीं। यह हमारी जाति का गौरव है। अनेक स्थानों पर कार्य करने के पश्चात् अन्ततः आप आगरा मेडिकल कालेज से जुड़ गये। आपकी सेवाओं से संतुष्ट आगरा कालेज ने सेवा निवृत्ति के पश्चात् भी आपको नहीं छोड़ा और मार्गदर्शन के लिये आपको अपने साथ बनाये रक्खा।

आपको विशिष्ट सेवाओं के लिये डा० बी० सी० राय एवार्ड मिला। इसके अतिरिक्त अनेक पुरस्कार भी आपकी झोली में आ गिरे।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

डा० महादेव प्रसाद मेहरोत्रा उन जाने माने नामों में एक हैं जिन्हें अनेक पुरष्कारों से सम्मानित किया गया है। आप सरोजिनी नायडू मेडिकल कालेज आगरा के मेडिसिन विभाग के एनी राइट्स प्रोफेसर रहे। आपको सशस्त्र सेना मेडिकल कालेज, पुणे, के विशेष दीक्षांत समारोह में फिजीशियन एसोसिएशन आफ इंडिया की ओर से फाउण्डर फेलोशिप प्रदान कर सम्मानित किया गया। २३ जनवरी, १९८८ से आप मेडिसिन विभाग के सेवा-निवृत्त निदेशक हैं। नोबुल पुरस्कार विजेता, हावर्ड स्कूल पब्लिक हेल्थ के हृदय रोग विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर डा० वर्नाड लान ने अपने कर कमलों से डा० मेहरोत्रा को पुरस्कार प्रदान किया। आपका नाम "भारत में कौन, क्या १९८८" पुस्तक में दर्ज किया गया है। डा० मेहरोत्रा को निकट भूतकाल में भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद की गवर्निंग वाडी का सदस्य मनोनीत किया गया है।

हम सभी को अपने ऐसे विद्वान जाति भाई पर गर्व है।

खत्री श्री लाल जी मेहरोत्रा—जौनपुर

प्रथम बार जब भारत में आई० सी० एस० की परीक्षा हुई तो श्री लाल जी मेहरोत्रा इसमें उत्तीर्ण हुये। पर उसी के आसपास महात्मा गांधी से प्रभावित श्री मेहरोत्रा आनन्द भवन इलाहाबाद आ गये और अंग्रेजी के अखबार "इण्डिपेण्डेण्ट" के सम्पादक मण्डल में शामिल होकर देश की आजादी की लड़ाई में कूद पड़े।

ब्रिटिश सरकार ने जब इस अखबार पर प्रतिबंध लगा दिया और इसके सम्पादक श्री महादेव देसाई गिरफ्तार हो गये और पंडित जवाहर लाल नेहरू जेल से छूट कर आ गये तो आप नेहरू जी के काफी निकट हो गये। बाद में श्री मोतीलाल नेहरू ने आपको अपना निजी गोपनीय सचिव बना लिया। तब आप बड़े-बड़े दिग्गज राजनीतिज्ञों से परिचित हुये।

कालांतर में श्री हकीम अजमल खाँ द्वारा निर्मित कमेटी के आप सचिव चुने गये। इस संदर्भ में आपने सारे देश का भ्रमण किया और बड़े-बड़े राजनीतिज्ञों के सम्पर्क में आये।

कुछ समय बाद पं० मोतीलाल नेहरू ने आपको सेठ जमनालाल बजाज के साथ व्यापार सीखने के लिये कर दिया किंतु राजनीति के लिये भी सक्रिय रहने को कह दिया। सेठ जी ने आपको करांची भेजा जहाँ आपने एक शाखा खोली और अच्छा व्यापार किया। साथ ही राजनीति में भी काम करते रहे आप १९४१-४२ में करांची के मेयर रहे तथा १९४०-४२ में इण्डियन मर्चेण्ट चेम्बर के प्रेसीडेण्ट भी।

इनका घर कांग्रेस के सभी बड़े राजनीतिज्ञों का अड्डा था। अपने बीस साल के सिंध प्रवास में रहकर ५ वर्ष जेल में रहे। १९३२ में आप अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के एक सचिव भी नियुक्त हुये।

व्यापार के सिलसिले में आप लंदन में भी रहे जहाँ आप इण्डियन चेम्बर आफ कामर्स के प्रेसीडेण्ट भी रहे। आपने सारे विश्व के देशों में भ्रमण किया और अपनी छाप छोड़ी।

आप बराबर बजाज ग्रुप से जुड़े रहे किंतु १९५६ में आपको इसे छोड़ना पड़ा जब पंडित नेहरू ने आपको राजदूत बनाकर वर्मा भेजा और बाद में जापान जहाँ आप १९६५ तक रहे।

तत्पश्चात् उत्तर प्रदेश शासन के साथ तथा गोरखपुर विश्वविद्यालय में बाइस चांसलर के पद पर सफलतापूर्वक कार्य सम्पन्न किया।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

आप अनेक कम्पनियों के डाइरेक्टर हैं तथा समाज सेवा में लगे हुये हैं। आपने अपने धन से तीन ट्रस्ट खोले। इससे जौनपुर में एक अस्पताल एक संगीत शिक्षा केन्द्र बम्बई में अन्य से गरीब बच्चों की सहायता होती है। आपका निधन २३-२-८८ को हुआ।

आपके कार्यकलापों ने खत्री जाति का मस्तक ऊंचा किया है।

खत्री श्री पुरुषोत्तम दास जलोटा—बम्बई

बाबू पुरुषोत्तम दास जलोटा भजन संसार में एक जाना माना नाम है। आप भजन सम्राट के नाम से जाने जाते हैं। पहले आप लखनऊ में ही निवास करते थे और आकाशवाणी लखनऊ से भजन सुनाया करते थे। तत्कालीन प्रदेश सरकार की गवर्नर सुश्री सरोजिनी नायडू का आप पर वरद् हस्त था। उनके आरक्षण में श्री जलोटा ने दिन दूनी रात चौगुनी उन्नत्ति की। वैसे और भी सभाओं और विशेष कार्यक्रमों में लखनऊ तथा उससे बाहर भी भजन सुनाने जाते थे और अपने सुमधुर स्वर से जनता को मंत्रमुग्ध कर लेते थे। आपके भजनों के अनेक रिकार्ड व कैसेट बन गये हैं। आपका प्रिय भजन जो सभी को पसंद है इस प्रकार है :—

"ठुमुक चलत रामचन्द्र बाजत पैंजनिया"

यह भजन बहुत प्रसिद्ध हुआ और महफिलों में इसकी मांग अवश्य होती है। आजकल आप बम्बई में रहते हैं और एक संगीत विद्यालय चला रहे हैं। इस प्रकार संगीत की सेवा करते हुये उसका प्रचार प्रसार भी कर रहे हैं।

आपके सुपुत्र आपके ही समान प्रसिद्धि प्राप्त कर रहे हैं। आप हैं श्री अनूप जलोटा जो भजन सम्राट के नाम से जाने जाते हैं। वैसे ये गजल भी गाते हैं। आपकी ख्याति देश विदेश में व्याप्त है। अनेक रिकार्ड व कैसेट बाजार में खब बिक रहे हैं।

खत्री श्री पी० डी० टण्डन—इलाहाबाद

श्री टण्डन मूलत: लेखक एवं पत्रकार हैं। आपकी लगभग ३० पुस्तकें हिंदी, उर्दू, अंग्रेजी और तमिल व तेलगू में छप चुकी हैं। आप उत्तर प्रदेश सरकार में सूचना, सांस्कृतिक एवं वैज्ञानिक अनुसंधान के मंत्री और उच्च शिक्षा के राज्य मंत्री रह चुके हैं। आप उत्तर प्रदेश वर्किंग जर्नलिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष और इलाहाबाद यूनीवर्सिटी की कार्यकारिणी कौंसिल के सदस्य भी रहे हैं।

स्वाधीनता संग्राम से आप बराबर जुड़े रहे। अन्तत: १६ महीने नैनी जेल में बिताये। उत्तर प्रदेश के राज्यपाल ने आपको मई १९६० में ६ साल के लिये विधान परिषद का सदस्य मनोनीत किया था। १९६८ में आप फिर ६ साल के लिये नामजद किये गये थे। १९७२ में उन्हें फिर उत्तर प्रदेश विधान सभा ने विधान परिषद के लिये चुना।

१९७१ में उत्तर प्रदेश सरकार ने आपको आपकी पुस्तक "नेहरू—न जानी हुई बातें" के लिये पुरस्कृत किया था।

आपकी पुस्तक "नेहरू आपके पड़ोसी" की प्रस्तावना महात्मा गांधी ने लिखी थी। आप जाति तथा समाज सेवक हैं।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

खत्री गोपाल चन्द्र मेहरोत्रा—मथुरा

आपका जन्म आगरा के प्रतिष्ठित मेहरोत्रा परिवार में १३-८-१९१६ को हुआ। वर्ष १९१७ में आप मथुरा आ गये और तब से सतघड़े मोहल्ले में रहकर समाज सेवा कर रहे हैं।

मथुरा के प्रसिद्ध जाति सेवी स्व० चौधरी गोवंधनदास सेठ के नेतृत्व में आप वर्ष १९३५ से खत्री समाज की सेवा में लगे हुये हैं। वैसे तो बचपने से आप में समाज सेवा की रुचि रही पर वर्ष १९६० से आप खत्री सभा मथुरा के सक्रिय कार्यकर्ता रहे। किसी भी परिवार में किसी के स्वर्गवास हो जाने पर उसके दाह संस्कार की सारी व्यवस्था आप करते थे।

आप खत्री सभा के उपमंत्री, मंत्री तथा बर्तन विभाग के मंत्री के रूप में २० वर्षों तक खत्री समाज की सराहनीय सेवा करते रहे।

वर्ष १९३६ से आप खत्री हितैषी से सम्बंधित रहे हैं। अब भी ७१ वर्ष की आयु होने पर भी आप खत्री हितैषी की रुचिपूर्वक सेवा कर रहे हैं।

खत्री जाति भूषण काशीनाथ मेहरोत्रा—लखीमपुर खीरी

आपने खत्री जाति की अद्वितीय सेवा की जिसके फलस्वरूप शाहजहांपुर की बैठक में ११-११-८६ को आपको "जातिभूषण" की उपाधि से अलंकृत किया गया।

आपने एक ऐसा विलक्षण सामाजिक लेख पत्र तैयार किया और अपने १५० परिवार जनों तथा कुछ विशिष्ट सज्जनों को भेंट किया जिसका कोई जोड़ नहीं। यह है अपने परिवार का वंशवृक्ष जो वर्ष १९५६ से वर्ष १९८५ तक का है। इसे तैयार करने में आपको चार वर्ष तक कठिन परिश्रम करना पड़ा। इसमें कई विशेष सूचनायें भी दी गई हैं। इसे आपने एक कैलेण्डर का रूप दिया। इसी संदर्भ में आप एक निर्देशिका भी प्रकाशित करवा रहे हैं जिसमें अपने परिवार के कार्यरत १५० परिजनों के नाम, उम्र व्यवसाय व पूरे पते सम्मिलित होंगे।

खत्री समाज की सेवाओं के लिये लोग आपको स्मरण करते हैं।

खत्री डा० गुरुप्रसाद कक्कड़, एम० काम० एम० एड० पी० एच० डी०—वर्धा

वर्ष १९३० में हिंगनी ग्राम जिला वर्धा में जन्में डा० कक्कड़ एक मेधावी और जाने माने व्यक्तित्व वाले समाज सेवी सारे महाराष्ट्र में अपने शैक्षिक विचारों एवं योगदान के लिये प्रसिद्ध हैं।

शिक्षा संस्थाओं से जुड़े रहकर अध्यापन कार्य करते हुये आपने अनुभव किया कि भारत में जो अध्यापक तैयार किये जाते हैं वे हमारे उपयुक्त नहीं हैं। अतः आपने अपनी रिसर्च इसी विषय को लेकर की और खोज प्रस्तुत की कि भारत का अध्यापक कैसा होना चाहिये। ये आपका निश्चय ही प्रथम प्रयास था जिसे भूरि-भूरि प्रशंसा मिली और अन्ततः नागपुर विद्यापीठ ने आपको पी-एच० डी० की उपाधि से विभूषित किया। हमारे खत्री समाज के लिये यह बड़े गौरव का विषय है। अपने इस शोध प्रबंध पर आधारित एक अनूठा ग्रंथ "माध्यमिक अध्यापक शिक्षा नये आयाम एवं दिशायें" प्रस्तुत किया।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute. Melukote Collection

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

आप बी० ए० डी० कालेज के प्राचार्य हैं। आप नाटककार तथा निर्देशक भी रहे हैं। अनेक नाटकों को प्रस्तुत कर उसकी आमदनी को आपने पाठशालाओं एवं समाज सेवी संस्थाओं को दान कर दिया। आप शिक्षा से जुड़ी हुई अनेक संस्थाओं के अध्यक्ष अथवा सदस्य हैं। आपने पत्रकारिता के क्षेत्र में भी प्रयास किया है। आकाशवाणी एवं दूरदर्शन पर आपके कार्यक्रम प्रस्तुत होते रहते हैं। आप अपने सामाजिक कार्यों के लिये इस क्षेत्र में बड़े लोकप्रिय हैं। वे अखिल भारतीय खत्री महासभा के आजीवन सदस्य तथा कार्यकारिणी में विदर्भ का प्रतिनिधित्व करते हैं। विदर्भ खत्री सभा के आधार स्तम्भ तथा कार्यकारिणी के सदस्य हैं। आपके मार्गदर्शन में खत्री सभा उत्तरोत्तर उन्नति कर रही है।

खत्री देवी दास भगत बेरी—कानपुर

आपने अपने व्यापार से बहुत धन कमाया। आपका पं० मोतीलाल नेहरू, पं० मदन मोहन मालवीय तथा अन्य बड़े-बड़े नेताओं से परिचय था। हिंदू विश्वविद्यालय बनारस की स्थापना के लिये चंदा जमा करने में आपने अपना पूरा सहयोग दिया। कानपुर हिंदू अनाथालय के आप संस्थापक थे। आप स्पष्टवक्ता थे।

खत्री रायसाहब गोपीनाथ मेहरोत्रा—कानपुर

आप कानपुर नगर के प्रतिष्ठित व्यक्तियों में एक हैं। आपके पिता श्री के प्रयत्न से कानपुर में "गुरुनारायण खत्री इण्टर कालेज" आज भी विद्यमान है। यह खत्री समाज का गौरव है।

आपने अपने व्यवसाय में बहुत उन्नति की और आज प्रतिष्ठित व्यापारियों में आपकी गिनती है।

खत्री लाला छंगामल कपूर—कानपुर

आपने व्यापार में अपनी अच्छी धाक जमाई। सामाजिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि रही। आपके ही प्रयास से कानपुर हटिया में "नव जीवन पुस्तकालय" की स्थापना हुई। माता गंगा जी के प्रेमी, कलाकारों का आदर करने वाले तथा राष्ट्रीय आंदोलनों में सहयोग देने वाले आप एक विशेष व्यक्तित्व के धनी रहे।

कानपुर के प्रसिद्ध "तिलक हाल" के निर्माण में आपका हाथ रहा तथा जीवनपर्यंत आप "तिलक मेमोरियल के अध्यक्ष रहे।

खत्री गोपालदास टण्डन—कानपुर

आपके पूर्वज फर्रुखाबाद से आकर कानपुर में बस गये थे। लाला बुद्धूलाल मेहरोत्रा से मिलकर आपने "ज्वालाप्रसाद राधाकृष्ण" नामक फर्म की स्थापना की जिसने उत्तर भारत में अपना नाम उज्ज्वल किया। आप सदा देश भक्त रहे। आप सामाजिक कार्यों में विशेष रुचि लेते रहे। आपके ही प्रयास से "सार्वजनिक खत्री धर्मशाला" व "खत्री होमियोपैथिक डिस्पेंसरी" बनी।

आप के ही प्रयास से फर्म ज्वाला प्रसाद राधाकृष्ण ने निराश्रितों के सहायतार्थ खत्री बेनीफिट सोसाईटी लखनऊ को २००० रु० दान दिए थे।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

खत्री श्री विद्यासागर महथा—गिरिडीह (बिहार)

"ज्योतिष वाचस्पति" एवं "ज्योतिषरत्न" जैसी उपाधियों से विभूषित गुणगण युक्त ज्योतिषाचार्य श्री विद्यासागर जी महंथा जी फलित ज्योतिष में विश्वास करते हैं। अतः आपने इसे एक नई दिशा दी है।

विभिन्न प्रांतों से प्रकाशित अनेक पत्र-पत्रिकाओं में आपके गुणकारी एवं आलोचनात्मक लेख निकलते रहते हैं। उदाहरणार्थ दिल्ली से "भारतीय ज्योतिष", सहारनपुर (उ० प्र०) से "ज्योतिष बोध" एवं जयपुर (राजस्थान) से "ज्योतिष मार्तण्ड" कुछ ऐसी जानी मानी ज्योतिष की पत्रिकायें हैं जो इस बात के लिए लालायित रहती हैं कि उनकी पत्रिकाओं में श्री महथा जी का लेख अवश्य हो।

खत्री समाज ऐसी विभूतियों के प्रति नत मस्तक है।

खत्री श्री कृष्ण नरायन मेहरोत्रा—बरेली

बरेली के एक सम्पन्न खत्री परिवार में जन्मे श्री मेहरोत्रा पेशे से एक वकील रहे। किंतु सरकारी नौकरी में आ गये। विशेष रूप से आप सेल्स टैक्स विभाग में उच्च पदों पर प्रांत के विभिन्न नगरों में कार्यरत रहे।

आपके सभी बच्चे अच्छी नौकरियों में लगे हैं और देश की सेवा कर रहे हैं।

खत्री श्री पन्नालाल कपूर—इलाहाबाद

खत्री समाज एवं विशेष रूप से धर्मावलम्बी हिंदू आप पर गर्व करता है। अपने व्यवसाय के साथ-साथ आप धर्म की जो सेवा कर रहे हैं वह अद्वितीय है। आपने अनेक पुस्तकें निकाल कर जहाँ हिंदू समाज का कल्याण किया है वहीं धर्म के निरंतर प्रचार से हिंदू मात्र की सेवा कर रहे हैं।

विशेष रूप से निम्नलिखित पुस्तकें उल्लेखनीय हैं :—

(१) प्रभू दर्शन (२) सन्त दर्शन (३) भजन लहरी (४) दुर्गा लहरी (५) हनुमान चालीसा (६) बजरंग बाण (७) तिथि, पर्व, त्योहार पत्रिका।

आप इस प्रकार जो निष्काम सेवा जनता की कर रहे हैं उसके लिये आप धन्यवाद के पात्र हैं।

भगवान आपको चिरायु करे ताकि अनेक वर्ष आप हिंदू की, धर्म की, खत्री जाति एवं समाज की भरपूर सेवा करते रहे। आप खत्री सभा प्रयाग के उपाध्यक्ष भी हैं।

खत्री डा० गोपालदास सेठ—मथुरा

आपका नाम राजनीतिक क्षेत्र में चर्चा का विषय है। आप १९३० में नमक सत्याग्रह में गिरफ्तार हुये। दिल्ली कांग्रेस में आप मथुरा से जत्था लेकर पहुंचे थे और गिरफ्तार हुये। १९३२ में पुनः गिरफ्तार हुये। सन् १९४० में सत्याग्रह में भाग लिया और १९४१ में गिरफ्तार हुये। १९४२ के आंदोलन में सक्रिय भाग लेने पर पुनः गिरफ्तार हुये।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

देश की स्वतंत्रता के पश्चात् होमगार्डस-ट्रेनिंग पी० आर० डी० के संगठन में आपका प्रमुख भाग रहा। नगर कांग्रेस कमेटी के सभापति, मंत्री, कोषाध्यक्ष आदि पदों को सुशोभित कर चुके हैं। आप निस्पृह जीव निस्वार्थ स्वतंत्रता युद्धो के सक्रिय सेनानी रहे हैं। आप मथुरा नगर की विभूति हैं तथा आप पर गांधीवाद की छाप है।

खत्री श्री सुन्दरलाल अरोड़ा—मथुरा

श्री अरोड़ा जी की शिक्षा दीक्षांत कलकत्ता में हुई किंतु आपने वकालत मथुरा में की। कलकत्ता में रहकर आप पर भी राजनैतिक क्रांति का बड़ा प्रभाव पड़ा और यही कारण था कि वकालत करते हुये आप राष्ट्रीय कार्यक्रमों व आंदोलनों में भाग लेते रहे। अन्ततः १९३२ में आपको जेल जाना पड़ा। वर्ष १९३५ में आप कांग्रेस कमेटी के वाइस प्रेसीडेण्ट रहे। आप जिला अदालत के भी अध्यक्ष रहे। जीवन के अंतिम क्षणों तक आप राष्ट्रीयता के प्रतीक बने रहे। इन्होंने प्रो० चिंतामणि शुक्ल के विरुद्ध (१९५४–५७) में लड़ाई जीती जो नगरपालिका वृन्दावन के विषय में थी। इसमें एक स्वतंत्रता सेनानी का मामला था जिसमें विजय श्री उनके हाथों रही। इसी प्रकार अनेक राष्ट्रीय कार्यकर्ताओं की सदा सहायता करते रहे।

मथुरा का जन मानस आने वाले समय में वर्षों आपको याद करता रहेगा।

खत्री स्व० हृदयनरायन टण्डन—मथुरा

आपने अपने व्यवसाय के साथ-साथ ३० वर्षों तक समाज की खब सेवा की तथा अन्नपूर्णा देवी ट्रस्ट के अध्यक्ष रहे। वर्ष १९८६ में आपका देहांत हो गया।

खत्री स्व० मौजीलाल साहनी—तालबेहट

महारानी लक्ष्मीबाई झांसी के यहां आप राजकीय स्तर के श्रेष्ठ पहलवान रहे। समय-समय पर आपको राजकीय कोष से पुरस्कार स्वरूप भारी धनराशि मिलती रही जिसे आपने सदुपयोग के कार्य में लगाया। तालबेहट मानसरोवर झील के किनारे बाहरकोट पर पक्का घाट बनवाया जिस पर हजारों की संख्या में आज भी लोग स्नान करते हैं। घाट पर एक भव्य शिवालय भी बनवाया। भगवान का जन्म बिहार उत्सव भी उसी घाट पर मनाया जाता है। ये आपके गौरव का प्रतीक है।

खत्री स्व० बैजनाथ प्रसाद खत्री—चंदाउनी जिला ललितपुर

तालबेहट में तालाब के अंदर कोट में एक हनुमान मंदिर का निर्माण करवाया जो अपनी रमणीयता एवं प्राकृतिक सौंदर्य के लिये आज भी विख्यात है। इसका निर्माण सम्वत् १९७४ वि० में हुआ था।

खत्री स्व० कुंजीलाल उर्फ कुंजे खत्री—गुर्जा (ललितपुर)

हार्दिक प्रेरणा से आपने देव स्थानों एवं रास्तों पर अनेक कुयें बनवाये जिससे राहगीरों एवं जन मानस की प्यास की तृप्ति हो। आपने अपनी अच्छी धनराशि इन कुओं के निर्माण में लगाई।

गुस्सा अकल को खा जाता है।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

खत्री डा० रामशरण कंचन—तालबेहट

आप तालबेहट के प्रथम सर्जन हैं। आजकल आप मेडिकल कालेज, औरंगाबाद में डीन के पद पर आसीन हैं। आप नम्र, मृदुभाषी एवं सरल स्वभाव के हैं। आप गरीबों की निस्वार्थ एवं निशुल्क सेवा करते हैं।

खत्री स्व० जातिभूषण प्रताप नरायन कपूर—कन्नौज

स्वर्गीय कपूर जी को उनकी उत्तम सेवाओं के लिये खत्री समाज ने "जाति भूषण" की उपाधि से अलंकृत किया था। आप उ० प्र० खत्री सभा के वर्ष १९८२ से १९८५ तक अध्यक्ष रहे। आपके समय में अभूतपूर्व कार्य हुये। आपके नेतृत्व में कन्नौज का ऐतिहासिक खत्री अधिवेशन सम्पन्न हुआ था। गुप्तदानी एवं समाज सेवियों में आपका उच्च स्थान है। अनेक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं से अंत तक आप जुड़े रहे। हम उन्हें सदा याद रखेंगे।

खत्री श्री जातिभूषण कालीचरण जी टण्डन—कन्नौज

जाति भूषण वयोवृद्ध कांग्रेसी नेता एवं खत्री समाज के कर्मठ कार्यकर्ता एवं जाति स्तम्भ बाबू कालीचरण टण्डन जी सदा ही समाज के मार्गदर्शक रहें हैं। भगवान आपको चिरायु करे। आप प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी रहे। महात्मा गांधी के नेतृत्व में आपने खुलकर १९३०, १९३२, १९४१ एवं १९४२ में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया। वर्ष १९४६ से १९५७ तक आप उ० प्र० विधान सभा में कन्नौज क्षेत्र से विधायक, सचेतक एवं कांग्रेस दल के मंत्री रहे। १९६१ से १९७० तक जिला परिषद के अध्यक्ष रहे। १९६३ से अब तक आप अखिल भारतीय पंचायत संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य हैं। १९६७ से १९६८ तक आपने गाँव-गाँव में घूमकर विनोबा भावे के भूदान आंदोलन के अंतर्गत ग्राम दान कराया। सन् १९८२ में आपने इटली, स्वीटजरलैण्ड, फ्रांस, इंगलैण्ड एवं अमेरिका की सद्भावना यात्रा की।

खत्री जाति के उन्नयन में आपने स्थानीय, प्रांतीय तथा अखिल भारतीय स्तर पर अनेक हित के कार्यक्रमों द्वारा जाति हित किया। सन् १९८३ में कन्नौज अधिवेशन में स्वागताध्यक्ष के रूप में आपका सहयोग सदा स्मरणीय रहेगा। वर्तमान में आप उ० प्र० खत्री सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैं। आपको "जातिभूषण" से अलंकृत किया गया।

खत्री जातिभूषण पूरनचन्द बेरी—आगरा

आपको "जातिभूषण" की उपाधि से विभूषित किया गया। उत्कट समाज सेवी तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री बेरी को सभी चाहते हैं। आप विभिन्न संस्थाओं में कार्य करते हुये अनेक लोगों को आर्थिक सहायता प्रदान कर रहे हैं। आपने अपने पितामह के नाम पर एक धर्मशाला का निर्माण कराया। आप खत्री समाज के सुदृढ़ स्तम्भ हैं। आप स्थानीय व प्रांतीय एवं अखिल भारतीय खत्री सेभाओं को सदा अपना सक्रिय योगदान देते रहे हैं। आप अखिल भारतीय खत्री महासभा के महामंत्री, संगठन व प्रचार मंत्री भी रहे हैं। आप उ० प्र० खत्री सभा के निवर्तमान कार्यवाहक अध्यक्ष रहे हैं। आप आगरा नगर की अनेक धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के उपाध्यक्ष व अध्यक्ष हैं। खत्री समाज आपके समक्ष नत मस्तक है।

अहंकार मान को खा जाता है।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री श्री विनोद कुमार कंचन—तालबेहट

आप इस क्षेत्र के प्रथम भू-वैज्ञानिकी में एम० टेक० हैं। आपके निर्देशन में बँगलोर में स्वर्ण भण्डार प्राप्त हुआ। वर्तमान में आपके संरक्षण में अलवर (राजस्थान) में ताँबे की खुदाई का काम चल रहा है। आप भूटान राज्य में भी प्रति नियुक्ति पर रहे हैं। वहाँ आपने सराहनीय कार्य करके अपने देश को सम्मान दिलाया।

खत्री स्व० श्री कुंजबिहारीलाल जी शिवानी—तालबेहट

आप पेशे से वकील थे। अपने जमे हुये व्यवसाय के साथ ही आपने आजादी की लड़ाई में भाग लिया और कई बार जेल गये तथा यातनायें सहीं।

आप प्रथम बार स्वतंत्र भारत में झांसी क्षेत्र से विधायक बने तथा अपने कार्य कलापों के लिये प्रशसनीय रहे।

खत्री स्व० गौरीशंकर टण्डन—लखनऊ

आप जीवन पर्यन्त अध्यापन कार्य करते रहे तथा कालीचरण हाई स्कूल से सम्बद्ध रहे। आपने डटकर समाज सेवा की। खत्री समाज के तो आप जैसे प्राण थे। आपने द्वितीय सम्पादक के रूप में "खत्री हितैषी" पत्रिका की १९३६ से १९४१ तक अभूतपूर्व सेवा की। आप आजीवन खत्री उपकारिणी सभा के सक्रिय मंत्री रहे। आपने लखनऊ खत्री सभा की भी बहुत सेवा की।

आप एक कुशल सम्पादक, सुयोग्य अध्यापक तथा सच्चे समाज सेवी थे। आपने अंग्रेजी तथा हिन्दी में अनेक पुस्तकें लिखीं।

खत्री स्व० डा० प्रेम नारायण टण्डन—लखनऊ

डाक्टर साहब लखनऊ विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के रीडर थे। आपने एम० ए० पी० एच० डी० किया था। जिस समय सरकार कम्पनी ने वर्ष १९३६ में "खत्री हितैषी" पत्रिका का आरम्भ किया तो सरकार कम्पनी के बाबू महाराज किशोर टण्डन जी ने इसके प्रथम अंक का प्रकाशन बड़ी सजधज के साथ कराया। सम्पादक मण्डल के तीन सदस्यों में डा० टण्डन भी एक थे। परंतु सारा कार्य डा० टण्डन जी ने ही सम्पन्न कराया था। आप वर्ष १९४१ तक लगभग पांच वर्ष 'खत्री हितैषी" के सम्पादक रहे।

डा० टण्डन अध्यापक के साथ-साथ हिंदी के लब्ध प्रतिष्ठ एवं ख्याति प्राप्त लेखक तथा आलोचक थे। आपने लगभग १५० पुस्तकें लिखीं जिनका पूरे भारत तथा विदेशों में व्यापक प्रचार एवं प्रसार हुआ। आपका निधन २० अप्रैल १९७३ को हो गया।

खत्री स्व० श्रीकृष्ण चन्द मेहरोत्रा—वाराणसी

वाराणसी में एक सम्भ्रान्त खत्री परिवार में जन्मे माँ सरस्वती के पुत्र जीवन भर विद्या की ही सेवा में लगे रहे। आपने जीवन पर्यन्त अध्यापन कार्य किया। आपका जन्म राष्ट्रीय पर्व १५ अगस्त १९३६ को हुआ था। सामाजिक, साहित्यिक एवं राजनैतिक क्षेत्रों में आपका विशिष्ट स्थान था। अनेक संस्थाओं से आप सम्बद्ध थे। सन् १९६६ में आपने संघ के सांस्कृतिक मंत्री के रूप में दक्षिण पूर्व एशिया की यात्रा की।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री हितकारिणी सभा के आप कर्मठ पदाधिकारी तथा खत्री संदेश के सम्पादक थे। आप ही विजया-दशमी पर्व को वर्तमान रूप देने वाले द्रष्टा थे। खत्री जाति की उन्नति के लिये आपने अनेक लेख व गोष्ठियां आयोजित की थीं।

खत्री गोपालदास खन्ना—इलाहाबाद

स्वावलम्बी, निर्भीक एवं स्पष्टवक्ता श्री खन्ना जी का जन्म इलाहाबाद के एक लम्बे प्रतिष्ठित घराने में २० जनवरी वर्ष १९२१ में हुआ था।

आप एक कुशल, कर्मठ, सहृदय समाजसेवी हैं। अपने बाल्यकाल में आपने बड़ी कुशलता से बाल सम्मेलन संस्था का संचालन किया था। स्व० राजर्षि पुरुषोत्तम दास जी टंडन एवं स्व० महादेव प्रसाद टण्डन द्वारा प्रशंसित श्री खन्ना जी ने सूर्वप्रथम ५१ बालकों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार बड़ी धूमधाम से करवाया तथा खत्री सभा को कुछ राशि बचाकर ही दी उससे कुछ लिया नहीं।

श्री खन्ना जी उ० प्र० खत्री सभा के प्रथम संरक्षक सदस्य हैं। वर्ष १९८२ में आपने खत्री सभा प्रयाग के तत्वावधान में होली मिलन का सफल आयोजन किया था।

खत्री श्री शान्ति नारायण चड्ढा—इलाहाबाद

कर्मठ, लगनशील एवं जाति सेवी श्री चड्ढा का जन्म इलाहाबाद के एक प्रतिष्ठित घराने में वर्ष १९१३ में हुआ था। आप मृदु भाषी और व्यवहार कुशल व्यक्तित्व के धनी हैं। आपकी ईमानदारी, कार्यक्षमता एवं निःस्वार्थ सेवा भावना की चहुँदिशि चर्चा है।

इलाहाबाद में खत्री सभा के सक्रिय सदस्य रहकर आपने सभा के भण्डार का बहुत दिनों तक भार संभाला था।

स्व० ब्रजमोहन टण्डन, मंत्री, के साथ आप नियमित रूप से साइकिल पर जाकर प्रत्येक शादी के घर में बधाई पत्र देकर सभा के लिये दान प्राप्त करते थे।

आपके ही प्रयास से खत्री सभा के लिये भण्डार भवन की जमीन तथा कुआँ दानवीर स्व० राजेश्वरी नारायन चड्ढा तथा उनके वारिसों से दान में प्राप्त हो सकी था। भण्डार भवन के निर्माण में आपने तन, मन, धन से सहयोग दिया था।

अखिल भारतीय खत्री महासभा के प्रयाग अधिवेशन में आपने समस्त बाहर से आये अतिथियों के रहने तथा खाने का बड़ा ही सुन्दर प्रबंध किया था जिसकी मुक्तकंठ से प्रशंसा की गई थी।

वर्ष १९४२ के द्वितीय विश्वयुद्ध में आपने गरीबों को निःशुल्क अनाज का वितरण कराया था। आपने स्व० श्रीमती विलासो देवी से खत्री सभा के लिये दो मकान दान में प्राप्त करने के लिये बड़ा परिश्रम किया था। खत्री समाज आपके प्रति आभार प्रकट करता है।

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री जातिगौरव श्री नारायण टण्डन—आगरा

अखिल भारतीय समाज सेवी श्री टण्डन जी ने खत्री जाति के उन्नयन हेतु कठिन परिश्रम किया है। जाति चिन्ह व आदर्श वाक्य आपकी ही देन है। अखिल भारतीय खत्री महासभा व प्रादेशिक सभा के संविधान के निर्माण में आपका अपूर्व योगदान रहा।

आप अखिल भारतीय महासभा के कोषाध्यक्ष रह चुके हैं। आजकल आप उसकी कार्य समिति के मनोनीत सदस्य हैं। अगली पीढ़ी आपसे नेतृत्व की भावना प्राप्त करेगी।

ऐसे कर्मठ व निष्ठावान व्यक्ति से समाज को बहुत सी अपेक्षायें हैं।

खत्री श्री रामेश्वरनाथ मेहरा—लखनऊ

श्री मेहरा का जन्म मुरादाबाद के एक प्रसिद्ध खत्री परिवार में १९ अक्टूबर १९३२ को हुआ था। आपने दो वर्ष तक अध्यापन कार्य भी किया।

वर्ष १९६० में आपने भदोही में खाद बनाने का कारखाना स्थापित किया जिसकी एक शाखा लखनऊ में भी है।

आप कुशल खिलाड़ी होने के कारण आगरा विश्वविद्यालय की खेलकूद व क्रिकेट टीम में रह चुके हैं। आपने चार बार विश्व का भ्रमण किया।

आप लायन्स क्लब के सभी पदों पर रह चुके हैं। वर्ष १९८२–८३ में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर भी रह चुके हैं। आप लखनऊ में इण्डी जी० डी० आर० स्पार्टस् क्लब के अध्यक्ष हैं।

आप खत्री सभा लखनऊ के तीन बार उपाध्यक्ष रह चुके हैं। खत्री जाति के हितार्थ आप गुप्तदान में अग्रणी हैं।

खत्री जातिगौरव श्री रामनाथ महेन्द्र—कानपुर

खैराबाद (सीतापुर) निवासी श्री गोपी नाथ महेन्द्र, जिनका ज्वेलर्स एवं बैंकर्स का व्यवसाय अब कानपुर में मेसर्स भगतराम जयनरायन के नाम से सुविख्यात है, के प्रतिष्ठित परिवार में श्री रामनाथ महेन्द्र ने ११ जून १९३९ में जन्म लिया।

"होनहार बिरवान के होत चीकने पात" वाली कहावत आप पर पूर्णतः चरितार्थ होती है। आपने स्नातक तक की शैक्षिक योग्यता प्राप्त की और तत्पश्चात् अपने पैतृक व्यवसाय को बड़ी कुशलता, कर्मठता; ईमानदारी, सूझबूझ एवं पक्के इरादे के साथ संभाला। इतनी कम आयु में आपने अचरज भरे कार्य कर दिखाये।

आपने अन्तर्राष्ट्रीय संस्था रोटरी इण्टरनेशनल के माध्यम से विभिन्न पदों को सुशोभित करते हुये तथा और भी अनेक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं के माध्यम से समाज की सेवा करते हुए अपने कर्त्तव्य का पालन किया तथा अपने को समाज में प्रतिष्ठित किया।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

आप उत्तर प्रदेश सर्राफा समिति के संगठन मंत्री हैं तथा और भी अनेक पदों को सुशोभित करते हुये कार्यरत हैं।

खत्री सभा कानपुर के आप अध्यक्ष रहे और आपने अनेक सामूहिक विवाह, जनेऊ तथा मुण्डन करवाये। गत् फरवरी १९८६ में आपके कुशल नेतृत्व में उ० प्र० खत्री महासभा का ऐतिहासिक अधिवेशन समाप्त हुआ।

खत्री समाज को आपसे अनेक अपेक्षायें हैं। भगवान आपको चिरायु करे ताकि आप दूने जोश के साथ समाज की सेवा कर सकें। आपकी उत्तम सेवाओं के लिए खत्री सभा ने आपको "जातिगौरव" की उपाधि से विभूषित किया।

खत्री श्री त्रिभुवन नाथ पुरी—लहरपुर

जनप्रिय श्री त्रिभुवन नाथ का जन्म लहरपुर के एक प्रतिष्ठित खत्री घराने में २९ दिसम्बर वर्ष १९३२ को हुआ।

१२ सितम्बर १९५८ को खाद्य आंदोलन में सत्याग्रह करने पर आप जेल में डाल दिये गये। तत्पश्चात् आप सामाजिक जीवन में खुलकर सामने आये। वर्ष १९५८ में खत्री सभा लहरपुर का जन्म हुआ तथा आप इसके सक्रिय सदस्य हुये। आपने उपमंत्री का कार्य भार भी संभाला। वर्ष १९६२ में उ० प्र० में जब होमगार्ड का प्रादुर्भाव हुआ तो आपने कम्पनी सेकेण्ड-इन-कमाण्ड का पद भार संभाला। सहकारी संघ लहरपुर में सदस्यता हेतु चुनाव जीता। आप कालान्तर में नगर सुधार समिति लहरपुर के महामंत्री व ब्लाक कांग्रेस कमेटी के मंत्री नियुक्त हुये।

वर्ष १९८२ में लहरपुर ट्रक अपरेटर्स यूनियन के महामंत्री बने। श्री खेमकरन इण्टर कालेज, लहरपुर की कार्य समिति के सदस्य चुने गये। आप वर्ष १९८४ से अब तक जनपद सीतापुर की सीतापुर बस आपरेटर्स यूनियन के महामंत्री हैं। वर्ष १९८५ में लहरपुर बस आपरेटर्स यूनियन की सलाहकार समिति के सदस्य चुने गये।

वर्तमान समय में आप खत्री सभा में निम्नलिखित पदों पर कार्यरत हैं :—

(१) उ० प्र० खत्री सभा के उपाध्यक्ष

(२) उ० प्र० खत्री सभा के शाहजहांपुर मंडल के मण्डलाध्यक्ष

(३) खत्री सभा लहरपुर के अध्यक्ष।

खत्री समाज को आपसे बड़ी आशायें एवं अपेक्षायें हैं। आप चिरायु हों यही भगवान से प्रार्थना है।

खत्री जातिगौरव राम भरोसे कपूर—मथुरा

खत्री श्री राम भरोसे जी ने अल्प समय में ही खत्री जाति के एक सक्रिय सदस्य के रूप में अपने को प्रतिस्थापित किया है। केवल १७ वर्ष की आयु में आर० एस० एस० के सत्याग्रह में प्रथम जेल यात्रा की थी। वर्ष १९६५ में राजर्षि पुरुषोत्तमदास टण्डन पुस्तकालय की स्थापना की। श्री अन्नपूर्णा मन्दिर ट्रस्ट के आप सदस्य हैं। १९७४ में द्वितीय बार आपात स्थिति में जेल यात्रा की। आप नेशनल मजदूर यूनियन के अध्यक्ष रहे। वर्तमान में आप मध्य रेलवे के स्टेशन अधीक्षक के पद पर कार्यरत हैं।

आप खत्री जाति के उन्नयन हेतु सदा सक्रिय और तत्पर हैं।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

"खत्री हितैषी" की स्वर्ण-जयन्ती के अवसर पर
हार्दिक शुभकामनाओं सहित :

शिवनाथ काशीनाथ
५१६, कालका देवी, बम्बई
फोन 318737 आफिस
299490 निवास

गौरीशंकर गोपीनाथ
बड़ा बाजार, बरेली
फोन 74362

विश्वनाथ नंदलाल
रेशम कटरा, वाराणसी
फोन 63252

विश्वनाथ प्रसाद शिवनाथ
मधुरहा फाटक, चौक, वाराणसी
फोन 54071

विश्वनाथ प्रसाद काशीनाथ एजेन्सीज
चौक, वाराणसी

श्री सिद्ध कं० (कानपुर)
५६/५६, काहू कोठी, कानपुर
फोन 53250 68305 आफिस
54565 68988 निवास

काशीनाथ मुकुन्दलाल
नहरम रोड, फर्रुखाबाद
फोन 286 आफिस
540 निवास

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

"खत्री हितैषी" की स्वर्ण-जयन्ती के अवसर पर

हार्दिक मंगल कामनाओं सहित :

धर्मो रक्षति रक्षितः

फोन : २३३६४
२६१७५
घर : २५३८६

श्रीराम फूड्स

ऐगमार्क चेतक ब्रांड बेसन के निर्माता

देहली रोड, मुरादाबाद-२४४ ००१

प्रो० खत्री विनोद कुमार खन्ना

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

ON OCCASION OF GOLDEN JUBLEE OF

"KHATTRI HITAISHI"

ESTD 1961

BRISTOL

LOCKS

AUTO LOCKS

and

SCOOTERS LOCKS

PIONEER

IN

INDIA

LOCKS AND ACCESSORIES

For

SCOOTERS & MOTORCYCLES

MANUFACTURER—

BRISTOL & Co.

KRISHNA PURI, ALIGARH-202 001

PHONE-3757-4113

CABLE-BRISTOL

FOUNDER-PROPRITER "JATI GAURAV" KHATTRI PRAKASH SHANKAR TANDON.

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

...ng and IKS MoE. Digitization: eGangotri.

"JAI KHATTRI SAMAJ"

GOOD WISHES ON GOLDEN JUBLE OF

"KHATTRI HITAISHI"

SHRI V. K. ARORA

Telex : 0591-298 RAVI IN

Cable-"ARORA" Moradabad

Phone : (0591) 23009, (0591) 25578, (0591) 27300

RAVI INDIAN HANDICRAFT

MANUFACTURERS–EXPORTERS

Registered Office—

Dr. Ram Sarup Colony
MORADABAD – 18 Pin 244001
(INDIA)

- BRASS ART WARES
- E. P. N. S. WARES
- HORN GIFT WARES
- WOODEN HONDICRAFTS
- GLASS WARES
- OTHER NOVELTIES

CC-0. Dharmand Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

जातिगौरव खत्री जयकार नाथ कपूर (खैराबाद)

सामाजिक कार्यकर्ता श्री जयकार नाथ का जन्म खैराबाद के प्रतिष्ठित कपूर घराने में वर्ष १९३० में हुआ। सन् १९४२ के आंदोलन में आपने सक्रिय भाग लिया और अनेक यातनायें सहीं।

आप सदा ही निस्पृह भाव से समर्पण की भावना रखते हुये व्यापार में सारे परिवार की भलाई के लिये लगे रहे। खैराबाद में खत्री सभा के संगठन का श्रेय आप ही को है। वर्ष १९८३ में आपने खैराबाद में उ० प्र० खत्री सभा की बैठक तथा खत्री धर्मशाला का शिलान्यास जातिरत्न खत्री श्री विशनचन्द जी सेठ व खत्री धर्मपाल मेहरा द्वारा सम्पन्न कराया। आप विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष हैं। खैराबाद की अनेक संस्थाओं में रहकर आपने सामाजिक उत्थान के ऐसे उत्तम कार्य किये कि जनता उन्हें सदा स्मरण करेगी।

जातिगौरव खत्री प्रताप नारायण टण्डन—बिसवाँ (सीतापुर)

श्री प्रताप नारायण जी पेशे से वकील हैं। अपनी योग्यता स्वरूप लखनऊ विश्व विद्यालय ने आपको स्वर्ण पदक प्रदान किया।

प्रारम्भ से ही वकालत के साथ-साथ आप साहित्यिक, सांस्कृतिक समारोहों से जुड़े रहे तथा स्थानीय शिक्षण संस्थाओं को अपना पूरा योगदान देते रहे।

वर्ष १९८१ से आप खत्री सभाओं में बिस्वाँ, कन्नौज, खैराबाद आदि स्थानों पर सक्रिय रूप से भाग लेते रहे। आप बिसवाँ खत्री सभा में अध्यक्ष पद पर रह चुके हैं। अपने कार्यकाल में आपने वार्षिक अधिवेशन तथा बिसवाँ कचेहरी प्रांगण में समय समय पर विशेष आयोजन करवाये। खत्री सभा के द्वारा आपने खत्री न्यायाधीशों व मंत्रियों आदि का अभिनन्दन करवाया।

जातिगौरव खत्री द्वारिका प्रसाद कंचन, तालबेहट (ललितपुर)-जन्म २४-१२-४८

सामाजिक सेवा की प्रवृत्ति होने के कारण आपने वर्ष १९८२ में खत्री समाज की संस्था उ० प्र० खत्री सभा एवं फरवरी, १९८३ में अखिल भारतीय खत्री सभा की आजीवन सदस्यता ग्रहण की। आप उ० प्र० खत्री सभा के संरक्षक सदस्य भी बने १९८५ में तालबेहट खत्री सभा की अध्यक्षता ग्रहण की। वर्ष १९८६ में उ० प्र० खत्री सभा के द्वितीय अधिवेशन में भाग लिया। वाराणसी स्थित सेण्ट्रल खत्री एजूकेशन कमेटी वाराणसी छात्र-वृत्ति कोष में अपनी पूज्य माता जी स्वर्गीया झुनका देवी की पुण्य स्मृति में रु० २१००) की धनराशि दी। इसी भाँति मिर्जापुर में राजर्षि पुरुषोत्तमदास टण्डन शिशु मन्दिर को यथायोग्य दान दिया।

वर्ष १९८२-८३ में एक टाउन हाल का निर्माण जिसकी अनुमानित लागत रु० ३०,०००) आती है, अपने पूज्य ताऊ जी स्व० रामदास जी खत्री की पुण्य स्मृति में कराया।

जातिगौरव खत्री कन्हैयालाल मेहरोत्रा (बरेली)

शाहजहाँपुर में जन्में श्री कन्हैयालाल जी बरेली में आ बसे और अपना सर्राफे का व्यापार शुरू किया। आप सर्राफा मण्डल के अध्यक्ष हैं। धर्म कर्म में आस्था रखने वाले श्री मेहरोत्रा जी खत्री समाज के प्रति आस्था रखते हुए सामाजिक कार्यकर्ता हैं। आप कथनी की अपेक्षा करनी में अधिक विश्वास रखते हैं।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

आपके ही प्रयास से बरेली में खत्री सभा की स्थापना एवं पंजीकरण हुआ। संविधान तैयार कराने में आपका पूरा योगदान रहा। सन् १९८० में आप खत्री सभा बरेली के महामंत्री नियुक्त हुये। आपके कार्यकाल में समाज के पूर्ण सहयोग से खत्री बाडा में कम्यूनिटी हाल, एक छोटा कम्यूनिटी हाल तथा खत्री माण्टेसरा स्कूल की स्थापना हुई।

ज्ञातिगौरव खत्री डा० पी० एन० मेहरोत्रा—रायबरेली

डा० मेहरोत्रा खत्री समाज के एक उदीयमान अंग हैं। जहाँ आप अपने कार्य में कुशलता से लगे हैं वहीं आप एक प्रसिद्ध समाज सेवी भी हैं। रायबरेली की अनेक संस्थाओं से आप जुड़े हुए हैं और अपना बहुमूल्य समय देकर जनता की सेवा में लगे हैं।

खत्री स्व० दयाराम बेरी—कलकत्ता

यद्यपि श्री बेरी का जन्म अमृतसर में हुआ था परन्तु उनका कार्यक्षेत्र कलकत्ता रहा। वर्ष १९५२, १९६२ व पुनः १९६७ में आप पश्चिमी बंगाल विधान सभा के लिये चुने गये। स्वतंत्रता से पूर्व २२ वर्षों तक आप समय-समय पर जेल में रहकर यातनायें सहते रहे और बीमार होने पर भी पैरोल पर छूटने के लिए आवेदन नहीं दिया।

सम्भवतः श्री वी० वी० गिरि के पश्चात् आप दूसरे प्रभावशाली मजदूर नेता थे। आई० एन० टी० यू० सी० में १९४५ में उपाध्यक्ष रहकर आप सर्वश्री पटेल, कृपलानी व शंकरराव देव के साथ-साथ इस संस्था में मजदूरों की भलाई के लिये कार्य करते रहे। तीस वर्षों तक आप आई० ए० यू० टी० बंगाल के लगातार जनरल सेक्रेटरी रहे। वर्ष १९५२ से अपने जीवन के अन्तिम क्षणों तक आप जूट फेडरेशन के अध्यक्ष रहे। जब भारत में जूट का उत्पादन आरम्भ हुआ तो आपने स्काटलैण्ड के डंडी के जूट के आयात का विरोध किया। किंतु ऐसा करने पर भी जब आप स्काटलैण्ड गये तो जूट के श्रमिकों ने आपका हार्दिक स्वागत किया। वह भी मजदूरों के मसीहा के रूप में।

पहले मजदूरों के लिये रविवार की छुट्टी नहीं होती थी। आपने वर्ष १९३३ में इसके लिये आन्दोलन किया और मजदूरों को भी हर रविवार को छुट्टी दिलाई।

आई० एन० ओ० के अन्तर्गत आपने बीस देशों की यात्रा की और ५७ भाषण दिये।

गंगासागर मेले में बालण्टियर दल ले जाना, सारस्वत खत्री सेवा दल व बंगाल में बच्चों की बानर सेना का गठन कुछ ऐसे महत्वपूर्ण सामाजिक कार्य थे जिनसे उनका राजनैतिक जीवन का आरम्भ हुआ। आप नेता जी के भी सम्पर्क में आये। बंगाल से जिस रथ पर नेता जी रायगढ़ कांग्रेस में गये थे उसी पर आप बंगाल ज्योति ले गये थे।

हिन्दू मुस्लिम एकता के सराहनीय कार्य जो आपने किये वे समाज को सदा याद रहेंगे। स्वतंत्रता से पहले और बाद में जब साम्प्रदायिकता का ज्वालामुखी फूटा था तब उसके पिघलते लावे से मुसलमानों का जीवन्त निकालने के लिये आपने जो साहसिक कार्य किया और मजदूरों को साम्प्रदायिक सहिष्णुता का पाठ पढ़ाया और वातावरण बनाने की प्रेरणा दी, वह सदा-सदा याद रहेगा।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

जब हिन्दी पत्रों के विरुत्त दमनचक्र चल रहा था तो आपने 'सेनापति' नामक साप्ताहिक निकालकर राष्ट्रीय नव जागरण को मुखर किया। उग्र कवि श्री निराला का आपको पूर्ण सहयोग मिला। अन्ततः आप सरकार के कोपभाजन हुये और बंगाल से निष्कासित किये गये जहाँ आप पुनः वर्ष १९४६ के पश्चात् ही प्रवेश पा सके।

सविनय अवज्ञा, खिलाफत आन्दोलन का विरला योद्धा, भारतीय मददूरों का मसीहा एवं निस्पृह समाज सेवक आज हमारे बीच नहीं है परन्तु उसकी सेवायें सदा-सदा स्मरण की जायेंगी।

खत्री स्व० श्री मिश्रीलाल जी (बच्चा) अरोड़ा "सन्त"—ब्यावर

समाज सेवा के व्रती श्री सन्त जी ने जोधपुरी व नागोरी भाइयों को मिलाकर समाज का बहुत बड़ा हित किया था। समाज सेवा के साथ-साथ अपने विकट अनुभव से वह समाज के भटके हुये लोगों का उचित व सच्चा मार्गदर्शन करते थे।

वे अच्छे पत्रकार थे। उन्होंने अरोड़ा वंश का एक प्रमुख पत्र 'सखा' के नाम से चलाया था जो वे जीवन पर्यन्त चलाते रहे और अरोड़ों का मार्गदर्शन करते रहे। अरोड़ वंश आपका ऋणी है।

वे एक सच्चे और अच्छे अध्यापक थे। वे बच्चों को यही सिखाते थे कि "जाहि विधि राखै राम ताही विधि रहिये।" भगवान राम के अनन्य भक्त का बचपन बड़े सुखों में बीता था किन्तु अपना स्वयं का जीवन होश संभालने के पश्चात् आरम्भ करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा पर यथा नामः तथा गुणः वाली कहावत चरितार्थ करते हुए 'संत' जी ने सुख और दुख को एक समान मानकर जीवन यापन बड़ी प्रसन्नता से किया।

सन्त जी सभी के सुख दुख के साथी थे। खत्री समाज की सेवा में सदा लगे रहे। वे अमर हो गये। आज ही क्या आने वाले अनेक वर्षों तक आपका नाम लोग स्मरण करते रहेंगे ऐसे थे हमारे समाज सेवी पथ-प्रदर्शक, निस्पृह और सतकर्मी, निर्भीक सन्त जी।

राजस्थानी खत्री समाज ही क्यों सारे विश्व के खत्री समाज के व्यक्ति ऐसे महापुरुष के समक्ष नतमस्तक हैं।

खत्री श्री रामचन्द्र मेहरोत्रा—कानपुर

श्री मेहरोत्रा जी ने भूदान आन्दोलन में भाग लिया और बाबू जय प्रकाश नारायण के साथ चम्बल के बीहड़ जंगलों में डाकुओं से आत्म समर्पण कराने के कार्य में लगे रहे।

आप सन् १९७३ से जखिल भारतीय फ्रीडम फाइटर एसोसिएशन के संयुक्त सचिव एवं अखिल भारतीय कौमी एकता संघ के महामंत्री रहे।

समाज सेवा में स्त्री के कारण कोई बाधा न पहुँचे अतः आपने विवाह नहीं किया। कौमी एकता हेतु आपने २७ मई १९८४ से १३ फरवरी १९८५ तक पवित्र गंगोत्री से कन्याकुमारी तक ४५५१ कि० मी० की पदयात्रा कर देश सेवा की। सारे देश में आपका सम्मान हुआ एवं आप समाचार पत्रों की सुर्खियों में आये।

खत्री समाज आपका अत्यन्त आदर करते हुये आभार प्रकट करता है।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

खत्री श्री बी० एस० बेदी—कानपुर

श्री बेदी का जन्म पश्चिम पंजाब में वर्ष १९३४ में हुआ था। आप पंजाब विश्व विद्यालय में वर्ष १९५७ में अंग्रेजी विभाग में वक्ता थे। तत्पश्चात् आप अखिल भारतीय सेना आई० पी० एस० में चुन लिये गये।

अपने २३ वर्ष के कार्यकाल में आप पुलिस अधीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अलीगढ़, इलाहाबाद, लखनऊ, आगरा एवं कानपुर में रहे। वर्ष १९८० में आपकी पदोन्नति हो गई और आप डी० आई० जी हुये। इस पद पर आप गोरखपुर, वाराणसी व कानपुर में रहे।

इस समय आप बड़ी कुशलता से इस पद पर कानपुर में सेवारत हैं।

वर्ष १९७४ में आपको मुख्यमंत्री एवार्ड एवं योग्यता प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया। वर्ष १९७८ में राष्ट्रपति एवार्ड आपने ग्रहण किया जो आपको अपनी विशिष्ट सेवाओं के लिये प्रदान किया गया।

अलीगढ़, इलाहाबाद, लखनऊ, आगरा एवं कानपुर में रहकर आपने अनेक साम्प्रदायिक, मजदूरों तथा छात्रों की समस्याओं को बखूबी सुलझाया। कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को ठीक रखने में आपने सदा अपनी सूझ-बूझ का परिचय दिया जिसे जनता ने सराहा। सेवा और मनुष्यता आपका स्वभाव है। आप एक परिश्रमी, ईमानदार जनसेवक हैं। हमें तथा सारे खत्री समाज को आप पर गर्व है।

खत्री श्री राजकपूर—बम्बई (जन्म १४ दिसम्बर, १९२४)

फिल्म जगत के उदीयमान सितारे जो विश्व में अपनी चमक बिखेर रहे हैं अपने खत्री समाज के जाने माने व्यक्ति श्री राजकपूर हैं। आप जगत प्रसिद्ध श्री पृथ्वीराज कपूर के ज्येष्ठ पुत्र हैं। आपने अनेक ऐसी फिल्में बनाईं जो सबने सराही और अमर हो गईं। आप निर्माता, निर्देशक एवं कुशल अभिनेता हैं। फिल्म उद्योग की जानी मानी हस्ती श्री राज कपूर खत्री समाज का गौरव है। आपका विवाह १२ मई, १९४६ को सुश्री रीता नन्दा के साथ जबलपुर में हुआ था।

सोवियत संघ के लोग पं० जवाहरलाल नेहरू के पश्चात् किसी को जानते और चाहते हैं तो वे श्री राज कपूर ही हैं। वर्ष १९८२ में आपको "नेहरू सोवियत लैण्ड पुरस्कार" से सम्मानित किया गया।

२ मई, १९८८ को दादा साहब फालके पुरस्कार को राष्ट्रपति से लेते समय आप अस्वस्थ हो गए तथा एक माह तक मृत्यु से संघर्ष करते हुए २ जून, १९८८ को आप सारे देश को रोता बिलखता छोड़ गए।

खत्री स्व० मदन पुरी—बम्बई

वर्ष १९१६ में जालंधर में जन्मे श्री मदनपुरी फिल्मों में चरित्र अभिनेता के रूप में आये। आपने अनेक सफल फिल्मों में आकर्षक एवं जानदार अभिनय किया जो सभी ने सराहा। बुरे आदमी के रूप में पर्दे पर दिखने वाले मदन दिल से बड़े अच्छे थे। उनकी सफलता इसी में थी कि सारी जनता उनके रोल को देखकर उन्हें बुरा कहे। चरित्र अभिनेता के रूप में उन्होंने अनेक प्रकार के रोल किये। ऐसे रोल उनकी प्रतिभा को लेकर सचमुच नये पक्ष को उजागर कर गये। वे आज हमारे बीच नहीं हैं किन्तु अपनी प्रतिभा के लिये वे जनता द्वारा सदा-सदा स्मरण किये जायेंगे।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

खत्री राम भरोसे लाल टण्डन जी—(बरेली) जन्म १०-६-१९१३

श्री मोती राम टण्डन जी के घर खत्री राम भरोसे लाल टण्डन जी का जन्म १० जून, १९१३ को हुआ। आप की माता का नाम श्रीमती गिंदोड़ी देवी टण्डन था। वर्ष १९२८ से आपने एडवर्ड मेमोरियल हाईस्कूल में विद्या अध्ययन आरम्भ किया। इसी समय आप के पिता का पैत्रिक धन्धा सूद पर रुपये देने का रकम डूब जाने के कारण समाप्त हो गया। अतः पिता श्री मोतीराम जी को नौकरी करनी पड़ी। परिवार की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई और इस प्रकार चौथी कक्षा की पढ़ाई आपको बीच में ही छोड़नी पड़ी। आपने मात्र १२ रु० मासिक पर मुनीमी की नौकरी की। बाद में साझेदारी में कपड़े का व्यापार किया जिसमें अस्वस्थ हो जाने के कारण हानि हुई। वर्ष १९३० में आपने आगरा के शीरे के व्यापार की फर्म चुन्नीलाल मंशाराम में १५) माहवार पर नौकरी की। वहाँ पर ईमानदारी और लगन से काम करने के कारण १९३३ में आप का वेतन २५ रु० माहवार कर दिया गया। इसी दौरान १९३४ में आप के पिता जी का स्वर्गवास हो गया।

वर्ष १९३५ में हाथरस निवासी स्व० घनश्याम दास जी मेहरोत्रा जी की सुपुत्री हीरो देवी से आप की शादी हुई। आप के अनुभवों के कारण ही आपके मालिकान को ४० हजार का लाभ हुआ जिस पर १२ प्रतिशत का लाभ देने के वायदे से मालिक झूठ बोल गये। इससे आप को बड़ा धक्का लगा। परन्तु बाबू रामभरोसे लाल टण्डन जी धुन और इरादों के पक्के थे। संघर्षों का सामना करते हुए आपने अनेक नौकरियाँ भी कीं साझेदारी तथा व्यक्तिगत व्यापार भी किया और अन्त में आपको सफलता मिली तथा लक्ष्मी की कृपा हुई। इस समय आप की गिनती करोड़पतियों में की जाती है तथा आपके निम्न प्रतिष्ठान सेवारत हैं :—

१-राम भरोसे लाल राजेन्द्र कुमार टण्डन २—सट्टरपुर इंडस्ट्रीज ३-टण्डन ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन ४-बल्क कैरियर्स ५—ड्रम सेल्स एण्ड सर्विस ६—आर० बी० टण्डन एजेन्सीज प्रा० लि० आदि ये सारे प्रतिष्ठान—बरेली—दिल्ली व गुडगाँव में स्थित हैं।

प्रसन्नता की बात है कि जैसे-जैसे बाबू जी की तरक्की होती गई—आप में जनसेवा व दान की प्रवृत्ति भी बढ़ती गई। आपने बहुत से निर्धन छात्र-छात्राओं को शिक्षा दिलाई तथा निराश्रितों की सहायता की। वर्तमान में आप खत्री सभा बरेली के अध्यक्ष पद से खत्री समाज की सेवा कर रहे हैं तथा मई ८८ से अपने एक विद्यालय का शुभारम्भ कर रहे हैं जिसकी पूरी योजना पर लगभग एक करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

स्व० खत्री बलराज साहनी—बम्बई

फिल्मों में अविस्मरणीय भूमिका निभाने वाले खत्री समाज के चहेते स्व० बलराज साहनी सदा याद आते रहेंगे। वे लोकप्रिय चरित्र अभिनेता एवं रंगमंच के कलाकार थे। फिल्म जगत में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिये भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया था।

श्री साहनी योग्य, विद्वान एवं अच्छे पढ़े, लिखे लोगों में से थे। वे स्वभाव से निर्मल किन्तु कर्म से हठी एवं परिश्रमी थे। उनमें अटूट लगन थी जिसके कारण वे कभी काम से जी नहीं चुराते थे। फिल्म जगत में सभी उनका नाम लेते हैं और सम्मान देते हैं। वे संयमी, अनुशासनप्रिय और देश प्रेमी थे, मजदूरों व गरीबों के मसीहा थे। हम उनके प्रति नत मस्तक हैं।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

खत्री समाज ने और भी अनेक कलाकार फिल्म जगत को दिये हैं। इनमें से विशेष उल्लेखनीय हैं—शम्मी कपूर, शशि कपूर, ऋषि कपूर, रणधीर कपूर, विनोद खन्ना, राजेश खन्ना, विनोद मेहरा, अजय साहनी, पद्मा खन्ना, ऊषा खन्ना, बी० आर० चोपड़ा, ओ० पी० मेहरा, महेन्द्र कपूर, अनिल धवन, अनिल कपूर, शक्ति कपूर, प्रेमनाथ, इत्यादि। ये सभी खत्री समाज के गौरव हैं।

खत्री स्व० बाबू हरिद्वारीलाल टण्डन—कानपुर

भारतीय स्टेट बैंक की कर्मचारी यूनियन में हरिद्वारीलाल टण्डन जी का नाम बड़ी श्रद्धा और विश्वास के साथ लिया जाता है। उनके निस्पृह कार्यकलापों ने उन्हें अमर कर दिया। अच्छे स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल चरित्र के धनी टण्डन जी सभी के श्रद्धेय रहे। वे जीवन पर्यन्त खत्री समाज के प्रति नत मस्तक रहे और जो सेवा उनसे बन पड़ी की।

टण्डन जी ने अपना जीवन बड़े संघर्षों के मध्य आरम्भ किया किंतु अपने परिश्रम, लगन, कर्मठता एवं ईमानदारी से उन्होंने रोटी कमाई और सदा सम्मानित हुए। अपने बच्चों को अच्छी और उच्च शिक्षा दी। उन्ही के पुण्य प्रताप एवं आशीर्वाद से आज उनके सभी बच्चे भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय स्टेट बैंक एवं सेन्ट्रल बैंक में उच्च पदों पर कार्यरत हैं।

उन्होंने अपने जीवन में अनेक गरीब और जरूरतमंद लड़कों को बैंक में लगवाया और उनकी रोटी का साधन दिलाया। यही नहीं समाज में अन्य किसी को भी जब भी उनकी सहायता की आवश्यकता पड़ी तो उन्होंने तन, मन, धन से सहायता की। उनकी उदारता, सहृदयता, कृपालुता एवं ईमानदारी को आज भी लोग स्मरण करते हैं।

वे यूनियन के आरम्भ से पहले चेयरमैन थे। कानपुर यूनियन का गढ़ था। बैंक का हर कर्मचारी, उनका आदर करता था। वह भी हर व्यक्ति के काम आते थे। अनेकों उलझे हुये मसलों को वे आनन-फानन सुलझा देते थे। वे परिश्रम में विश्वास करते थे।

वे कुशल खिलाड़ी भी थे। अपनी अधिक आयु के बावजूद वे खिलाड़ियों की टीमों के साथ बाहर जाते रहते थे और उन्हें प्रोत्साहन देते थे। वे बड़े हँसमुख और मुक्त हास्य के धनी थे। उनका आनन रोबीला, गोरा एवं अरुणिमा लिए हुए था। सामने वाला उनके इस व्यक्तित्व से ही प्रभावित हो जाता था और आधा काम बिना कहे हो जाता था। वे बड़े निर्भीक, दबंग एवं स्पष्टवक्ता थे। डरना तो जैसे उनके शब्द कोश में था ही नहीं। वे इतने ईमानदार और परिश्रमी थे कि उनके मन में भय नाम की कोई वस्तु परिलक्षित ही नहीं होती थी। उन्होंने कभी किसी के समक्ष हाथ नहीं फैलाया।

जाति सेवा भी उन्होंने भरपूर की। अपने क्षेत्र में रहकर न जाने कितने युवकों को सहायता दी और भूल गये। आज सभी उन्हें याद करते हैं। खत्री समाज उनके प्रति नत मस्तक है।

खत्री स्व० ले० कर्नल दीवान रणजीत राय—निलोर (आंध्र)

कर्नल रणजीत के पिता एक निर्भीक और धार्मिक प्रवृत्ति के पुरुष थे। उनके घर में रामचरितमानस का नित्य पाठ होता था। जिस दिन उनके घर में लंकाकाण्ड का पाठ हो रहा था तो रणजीत का जन्म हुआ।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

अतः उनका नाम रणजीत रक्खा गया। इनकी माता जी सदा चाहती थीं कि उनका बेटा शूरवीर, रणधीर और देश सेवक बने। अतः वे उसे इसी प्रकार की लोरी भी सुनाकर सुलाया करती थीं इस सबका प्रभाव शनैः शनैः बालक रणजीत पर पड़ा। वह बाल्यावस्था से ही सिपाहियों की कवायद देखता था। स्वयं फौजी वर्दी पहनता था। इसके पिता फौज में बड़े सर्जन थे।

कालांतर में इन बातों का उनके जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ा और वे सैनिक अधिकारी हो गये। चूँकि ये निर्भीक एव सूझ बूझ वाले अधिकारी थे अतः आनन फानन आपकी उन्नति होती गई। काश्मीर में जब पाकिस्तानी उपद्रवियों ने गड़बड़ी मचा रक्खी थी तो काश्मीर सरकार ने भारत सरकार से सहायता माँगी और अपने को भारत में विलय कर दिया। इस समय ले० क० दीवान रणजीतराय के नेतृत्व में तीन कम्पनियाँ हवाई जहाज द्वारा वहाँ भेजी गईं।

ले० कर्नल जब बारहमूला की ओर बढ़े जहाँ पाकिस्तानियों ने कब्जा कर रखा था तो इनके पास सेना कम थी। ऐसे समय यदि ये पीछे से सेना मँगाते तो देर हो जाती। अतः आप अपने बचे खुचे सैनिकों को लेकर आगे बढ़ गये। वहाँ उन्होंने बड़ी बहादुरी से पाकिस्तानियों को आगे बढ़ने से रोक दिया किन्तु इनके बहुत से सैनिक मारे गये थे क्योंकि पाकिस्तानियों के पास बहुत अधिक फौज थी। जब इनके घिर जाने की नौबत आई तो आपने फौज को पीछे लौटने के आदेश दिये। इस समय ये सबसे पीछे थे। अतः दुश्मन ने इन्हें गोली मार दी और ये वीरगति को प्राप्त हुये। इन्होंने देशहित में अपना बलिदान दिया। भारत सरकार ने इन्हें मरणोपरांत महावीर चक्र प्रदान किया जिसे इनकी पत्नी श्री शीला ने शोक संतप्त होते हुये भी ग्रहण किया। यह पुरस्कार तत्कालीन राष्ट्रपति डा० राजेन्द्र प्रसाद जी ने दिया। हम अपने ऐसे महान वीर पुत्र के प्रति नत मस्तक हैं।

खत्री स्व० मेजर सत्यपाल चोपड़ा—पंजाब

मेजर सत्यपाल का इरादा सेना में कभी जाने का नहीं था। वे तो आई० सी० एस० होना चाहते थे पर "मन चीती नहि होत है, प्रभु चीती तत्काल" की तरह आपके भी सपने पूरे नहीं हुये।

दूसरा महायुद्ध छिड़ा और सरकार ने आई० सी० एस० की परीक्षा प्रतियोगिता बन्द कर दी। अतः बरबस आप सेना में भरती हो गये। जब आप २१ वर्ष के थे तो कैप्टेन हो गये। उन्होंने वर्मा युद्ध में भाग लिया। जापानियों से जब युद्ध चल रहा था तो आप फिर गये। यह स्थिति एक महीने चली। अन्ततः जापानियों ने आत्म समर्पण किया। उस समय मेजर चोपड़ा आसाम वर्मा मोर्चे पर लड़ रहे थे।

एक बार अंग्रेजों के दुर्व्यवहार के कारण आपने फौज की नौकरी छोड़ने का इरादा किया किन्तु इनके पिता ने समझाया कि देश के हालात तेजी से बदल रहे हैं। अतः नौकरी न छोड़ो।

लड़ाई समाप्त होने पर बहुत से सैनिकों व अफसरों की छटनी हो गई किन्तु चूँकि आपका रिकार्ड बहुत अच्छा था अतः आपको सेना में रख लिया गया।

पश्चिमी पंजाब के गुजरात जिले में जो लोग फँसे थे उनको निकालने का काम आपको सौंपा गया। आप जब इस काम में लगे थे तो स्वयं हथियार बंद पठानों के घेरे में आ गये। उन्हें अफसर के पास ले जाया गया। ये अफसर उनका पुराना परिचित था। उसने इन्हें पहचान लिया और इस तरह यह बच गये।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तत्पश्चात् खबरें मिलीं कि कश्मीर में कबाइली घुसने की फिराक में हैं। वे चार महीनों तक उस मोर्चे पर रहे। अन्ततः वीरता से लड़ते हुये उन्होंने उन्हें खदेड़ दिया भारत सरकार ने उनके इस शौर्य के लिये महावीर चक्र देने की घोषणा की किन्तु वे इसे पा न सके क्योंकि झंगड़े क्षेत्र में असाधारण शौर्य का परिचय देते हुये वीरगति को प्राप्त हुये।

खत्री स्व० ले० कर्नल मदनलाल चड्ढा—पंजाब

रणबाँकुरे मदन सैनिक वातावरण में जन्मे, पले और बड़े हुए। इनके पूज्य पिता स्व० काशीराम चड्ढा सेना में सूबेदार मेजर थे। आपका जन्म ३१ अगस्त वर्ष १९२७ को केबलपुर के ग्राम में हुआ था। ये तेजस्वी बालक बाल्यकाल से ही प्रतिभाशाली था। मैट्रीकुलेशन तथा इण्टरमीडिएट की परीक्षायें प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की तथा सर्वश्रेष्ठ कैडेट माने जाकर पुरस्कृत भी हुये। ये देहरादून की इण्डियन मिलिटरी अकादमी में भर्ती हुए और वर्ष १९४७ के दिसम्बर मास में इन्हें कमीशन मिला।

आप पहले भारतीय थे जिन्हें गुरखा रेजीमेण्ट में कमीशन मिला था। तत्पश्चात् आपने पैराट्रूपर का प्रशिक्षण लिया जो बहुत ही जोखिम भरा था। जब गोआ पर भारतीय आक्रमण हुआ तो ब्रिगेड मेजर मदनलाल चड्ढा ही के नेतृत्व में सैनिकों ने सर्वप्रथम गोआ पर अधिकार किया।

तत्पश्चात् आपने पर्वतीय रणकला का प्रशिक्षण लिया। अलास्का के प्रशिक्षण केन्द्र के लिए दो सैनिक अधिकारी चुने गए जिनमें एक थे हमारे चरित्रनायक। इस संस्था में पर्वतीय रणकला का विलक्षण प्रशिक्षण दिया जाता था। आपको यहाँ से बड़ा महत्वपूर्ण प्रशस्ति पत्र दिया गया आप पर्वतीय रणकला के प्रमुख भारतीय विशेषज्ञ माने जाने लगे।

कालान्तर में जब अगस्त, १९६५ में पाकिस्तान घुसपैठिये श्रीनगर लेह के महत्वपूर्ण मार्ग पर भारतीय सेना और रसद पर छापे मारने लगे तो सरकार की ओर से आपको नियुक्त किया गया। आपने अपने बुद्धिबल से उन घुसपैठियों को खदेड़ा ही नहीं वरन् इन इलाकों को निरापद करके कब्जा ले लिया ऐसे ही समय जब वह अपने सैनिकों को उचित निर्देश दे रहे थे कि बैरी की ओर से उनके एक गोली लगी जिसने इस रणवीर को धराशायी कर दिया।

संयोग की बात है कि जिस तिथि, वार और समय पर इन रणवीर का जन्म हुआ था, सन् १९६५ की उसी तिथि, वार और समय पर इनका प्राणान्त हुआ। ये सदा कहते थे कि ईश्वर उन्हें वीरगति दे सो मिली। राष्ट्रपति ने इन्हें वीरचक्र से पुरस्कृत किया जो चड्ढा परिवार की अमूल्य निधि है।

खत्री स्व० ले० कर्नल नरेन्द्रनाथ खन्ना—लरकाना (सिंध)

धार्मिक चेतना का केन्द्र आस्था है। आस्था का चित्रण प्रभामंडल के रुप में किया गया है। जब किसी प्राकृतिक तत्त्व को या किसी लाक्षणिक चित्र को या किसी व्यक्ति को प्रभामंडल से अलंकृत दिखाया जाता है तो वह उसे चमत्कारी अमानवीय शक्ति से समन्वित कर देता है जो भय उत्पन्न करती है और आस्था को चालित करती है। स्वस्तिक, त्रिशूल-त्रिदंड-त्रिरत्न, क्रूश और अर्द्धचन्द्र विश्व के बहुजन-प्रिय आस्थागत धर्मों के प्रतिमान हैं जिनमें से प्रत्येक अंतिम सत्य का निरुपण करने का दावा करता है और मानव के दुखों का अन्यतम समाधान निर्धारित करता है, और यद्यपि वे सभी मानव को अंतत: मुक्ति की ओर ले जाना चाहते हैं, परन्तु उन्होंने इतने पथ बना दिये हैं और उन पथों पर क्रियाकाण्ड, हठधर्मिता और धर्म-स्थानों के रूप में इतने अतिक्रमण उपस्थित कर दिये हैं कि वे पथ संकीर्ण और संकीर्णतर होते गये हैं और उन पर कचड़ा व कीचड़ के गड्ढे बनते गये हैं कि विशाल मानव जाति राह में ही खो जाती है।

ऊहा-पोहात्मक चिन्तन पथ का कूड़ा-कचड़ा हटाकर उसे स्वच्छ करने का प्रयास करता है। अर्चना जिसका चित्रण जुड़ी हुई हथेलियों के रुप में किया गया है, शंका-समाधान जिसका चित्रण खुली हथेली द्वारा किया गया है, और चिन्तन एवं ध्यान जिसका चित्रण एक के ऊपर एक रखी हुयी हथेलियों से किया गया है, ऊर्ध्वगत क्रम में तीन प्रक्रियायें हैं जो परम नि:श्रेयस् की स्थिति की ओर ले जाती हैं। परम नि:श्रेयस् की स्थिति परस्पर पास आते हुए वृत्तों के आकार द्वारा चित्रित की गयी है जो कि सम्पूर्ण ऊर्जा के बिन्दु पर केन्द्रित हो जाती है जो दु:ख और सुख के प्रति एक समान उदासीन होता है।

ऊपर के भाग में मानव सभ्यता के संदर्भ से इतिहास के क्रम का चित्रण है। पहले संघर्ष और विवाद होता है, जिसका चित्रण एक क्रूश के द्वारा किया गया है। तत्पश्चात् शांति और समझौता होता है, जिसका चित्रण दो पट पड़ी हुयी समानान्तर रेखाओं द्वारा किया गया है। पुन: आंदोलन एवं क्रान्ति होती है, जिसका चित्रण एक वृत्त के माध्यम से किया गया है।

शीर्षभाग में एक अंड का आकार है जो ऊर्ध्वगत रखा है और अमृतकणों से वेष्टित है। यह अंतिम परम प्राप्तव्य शाश्वत शांति एवं चिरंतन उदासीन स्थिति जो असीम आकाश और अनन्त काल से अब आबद्ध नहीं है, को लक्षित करता है।

संक्षेप में यह मंजूषा मानव की स्थूल से सूक्ष्म की ओर, सांसारिक से दिव्य की ओर, और क्षणिक से चिरन्तन की ओर, यात्रा की परिकल्पना को चित्रित करती है। इस यात्रा के दौरान इतिहास-क्रम के उतार-चढ़ाव आते हैं, परन्तु फिर भी मानव काल और आकाश के परे परम प्राप्तव्य तक पहुंचने का प्रयास करता रहता है। भौतिक प्रगति, बौद्धिक संस्कार और आध्यात्मिक संस्कृति एक प्रकार से मनुष्य की सत्यं, शिवं और सुन्दरं की कल्पना को क्रमश: प्रस्तुत करते हैं।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

ITIHASA-MANJUSHA

(Casket of History)

History moves on the orbit of time. All the activities are actuated and controlled by time. The oval, put horizontally, with six phalanges, at the base of the casket represents the cycle of time. The six phalanges indicate the rhythm of seasons.

The homo-sapien is a distinct animal in this world. The development of history and culture runs around the homo-sapien. Intelligence, harmony and equanimity make a human, and these human characteristics are noted on the oval. The history of our progress is based on whatever the human achieved in the material, intellectual and spiritual fields through the exercise of these three faculties.

The left panel symbolises the man's journey in the material field. He is running madly to get mastery over the elements – to be the lord of all he surveys, at its worst, or to make life more comfortable for all, at its best. The journey through millions of years is not yet at end – it is *ad infinitum;* he is tired, bruised and baulked, but still he must run on. The fatigued but undaunted man at the bottom of the panel symbolises the racing mankind in pursuit of physical progress heading towards the culmination of material civilisation.

The stages in ascending order are : 1. a sense of time and momentum, symbolised by wheel with 24 axles; 2. fire or energy, symbolised by flames; 3. agriculture and beginning of settled life, symbolised by plough; 4. industry and beginning of city and corporate life, symbolised by hammer; 5. literary pursuits to make leisure fruitful and life useful, symbolised by book; 6. artistic accomplishments to make leisure enjoyable and life mirthful, symbolised by flute, the earliest intricate organ to be played with dexterity; and 7. scientific inventions, discoveries and researches to ultimately gain mastery and control over the elements, symbolised by atom, the latest discovery as source of infinite energy which can destroy the known world through fission and may also create a new world through fusion.

The middle panel depicts the intellectual plane. Intellect works subtly, develops the faculties which make life useful, agreeable and graceful, and enables the discretion to differentiate between good and bad and to discern the realities of existence. The graceful lady in fine beauty, at the bottom of the panel, best symbolises the growth and cultivation of the culture of intellect. The panel shows two symbolisms from below.

Firstly, the three human faculties which distinguish the homo-sapien from other living creatures, are depicted. These are intelligence represented by an egg-shape, harmony represented by converging triangles, and equanimity represented by a square which has all the four sides of equal dimension and all the four angles of the same degrees. Intelligence makes us think, harmony enables us to live in peace, and equanimity gives us poise to bear with differences, diversities and adversities.

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute. Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

Secondly, the cycle of existence is depicted. The reality is that a man is born, he is dead and he is forgotten. The embryo depicts birth, the corpse symbolises death, and the circle with receding and fading outer circles shows how in course of time we would recede into the oblivion and get lost into the morass of history.

The right panel indicates the speculative and spiritual quest. It is epitomised in a serene but smiling countenance of a person who has detached from the mundane and is above fear, craving and passion. The soft, serene and smiling face of a person satisfied inwardly and pacified outwardly, at the bottom of the panel, represents man's quest for spiritual quintessence. Faith and speculative meditation are its manifestations.

Religious consciousness is centred around faith. Faith is symbolised by halo or aura. The halo or aura attributed to any element, symbol or person fills it with miraculous super-natural which inspires awe and generates faith. Svastika, trident, cross and crescent symbolise the major systems of faith, each feigning the final truth and prescribing the last recipe, and though all are seeking to take the mankind to the ultimate redemption, they have created so many paths and put up so many encroachments in the shape of rituals, dogmas and shrines that the paths have grown narrower and narrower with cesspools of mud and slush, and the vast humanity is lost on the way itself.

Speculative meditation tries to cleanse the path. Obeisance represented by folded palms closed together, speculation represented by open palms joined together, and meditation represented by overlapping palms placed one above the other, are the three processes in an ascending order, which lead to the stage of final redemption symbolised by concentric circles, centring into an all energy orbit which would be neutral to pain and pleasure alike.

The upper section depicts the cycle of history in the context of human civilisation. First there is struggle and conflict, symbolised by a cross; then there is peace and compromise, symbolised by a pair of horizontal parallel lines; and again, there is movement and revolution, symbolised by a circle.

On top is an egg, put vertically, immersed in nectar. It symbolises the ultimate desideratum – universal peace and permanent calm, no longer bound by the limits of infinite space and endless time.

In substance, this casket thus symbolises the mankind's journey from the gross to the subtle, from the mundane to the supernal, and from the ephemeral to the eternal, passing through the vicissitudes of historical cycle, and racing to reach the ultimate beyond time and space. Material progress, intellectual cultivation and spiritual culture, in essence, represent the human concept of realism, well-being and grace, respectively.

CC-0. Dharmapuja National Research Institute. Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

इतिहास-संदेश

काल का चक्र चलता रहेगा, इतिहास प्रतिपल बनता रहेगा ।।
शक्ति का निरंकुश प्रवर्तन
मानवता को कुचलता रहेगा ।
दानव का मुखोटा नोचकर
फिर भी मानव संभलता रहेगा ।।१।।

काल का चक्र चलता रहेगा, इतिहास प्रतिपल बनता रहेगा ।।
काल की धुरी पर युगों का
याम क्षणों में बदलता रहेगा ।
व्यक्ति का अहंकार और अन्ध स्वार्थ
उसे ही कुचलता रहेगा ।।२।।

काल का चक्र चलता रहेगा, इतिहास प्रतिपल बनता रहेगा ।।
संचितो वंचितों का संघर्ष
क्रान्ति का सूत्रपात करता रहेगा ।
मूल्यों का अवमूल्यन
नव मूल्यों का सृजन करता रहेगा ।।३।।

काल का चक्र चलता रहेगा, इतिहास प्रतिपल बनता रहेगा ।।
काल की सीमा असीम
व्यक्ति को निस्सीम करती रहेगी ।
क्रान्ति के बाद विश्रान्ति
और पुन: क्रान्ति होती रहेगी ।।४।।

काल का चक्र चलता रहेगा, इतिहास प्रतिपल बनता रहेगा ।।
स्वार्थ के पक्षधर भ्रमजाल
और भक्ति का नाटक रचाते रहेंगे ।
तो भी शोधक छलावों से उबर
सत्य की ओर बढ़ते रहेंगे ।।५।।

काल का चक्र चलता रहेगा, इतिहास प्रतिपल बनता रहेगा ।।
समय रुकेगा नहीं,
इतिहास बढ़ता चलेगा ।
व्यक्ति झुकेगा नहीं,
पद-चिन्ह छोड़ता चलेगा ।।६।।

काल का चक्र चलता रहेगा, इतिहास प्रतिपल बनता रहेगा ।।
ऐसे पद-चिन्ह छोड़ना
जो बटोही को रास्ता दिखाते रहेंगे ।
ऐसी ठोकरें बनाना नहीं
जो आने वाले को गिराते रहेंगे ।।७।।

काल का चक्र चलता रहेगा, इतिहास प्रतिपल बनता रहेगा ।।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute. Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

MESSAGE OF HISTORY

The cycle of time will move on, And every moment history will go no.
The tyranny of despots
Will keep on crushing the humanity.
Yet, tearing off the mask from the devil
Man will keep on rising.. (1)
The cycle of time will move on, And every moment history will go on.
On the axis of time, the ages
Will keep on turning into moments.
The arrogance and self-aggrandisement
Of manswill keep on crushing him itself.. (2)
The cycle of time will move on, And every moment history will go on.
The struggle between the haves and the have-nots
Will keep on generating revolution.
Devaluation of the old values
Will keep on creating new values.. (3)
The cycle of time will move on, And every moment history will go on.
The limitless bounds of time
Will keep on transporting man into the beyond.
Compromise after confrontation, and then
Revolution - thus the cycle will move on.. (4)
The cycle of time will move on, And every moment history will go on.
The vested interests will keep on
Creating confusion and playing sycophancy.
But the researchers will get over the pitfalls
And keep on keeping track of the reality.. (5)
The cycle of time will move on, And every moment history will go on.
Time will not stop,
History will go on marching ahead.
Man will not bend,
He will walk on leaving foot-prints behind.. (6)
The cycle of time will move on, And every moment history will go on.
Leave such foot-prints behind
Which may keep on showing the way to the oncomers.
Don't make such stumbling blocks
Which would keep on the oncomers stumble and fall.. (7)
The cycle of time will move on, And every moment history will go on.

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

इतिहास पर शोध : परिचर्चा

अनन्त-ज्योति विद्यापीठ के तत्त्वावधान में इतिहास के क्षेत्र में शोध से संबंधित समस्याओं पर पाँच परिचर्चाओं का आयोजन क्रमशः ७ नवम्बर, १९७७, ७ नवम्बर, १९७८, ७ नवम्बर, १९७९, ६ फरवरी, १९८२ और ७ नवम्बर, १९८२ को किया गया।

प्रथम संगोष्ठी चर्चा का विषय था - शोध एक अनवरत प्रक्रिया है। चर्चा इस प्रस्तावना पर प्रारम्भ हुयी कि जिज्ञासु और शोधार्थी को प्रायः उचित मार्गदर्शन और अपेक्षित साधनों का अभाव रहता है जिसके कारण यद्यपि शोध ग्रंथों का परिमाण बढ़ गया है और शोधशालाओं की संख्या काफ़ी बढ़ गयी है, शोध का स्तर नहीं उठ पाया है। प्रायः शोधार्थी मौलिक उद्भावनाओं को नहीं प्रस्तुत करता – क्यों ऐसा है, यह एक ज्वलंत प्रश्न है और भारतीय बौद्धिक जगत इससे आन्दोलित है।

परिचर्चा में दिशाबोध वरिष्ठ पत्रकार और लेखक, श्री ज्ञानचन्द जैन ने किया। उन्होंने बताया कि शोध का स्तर न उठ पाने का एक कारण उसका अर्थ महत्त्व है। हिन्दी में विशेष रूप से स्तर गिरा है और शोध का हास्यास्पद रूप मुखर हुआ है। प्रायः खानापूरी, पुनरावृत्ति और साहित्यिक चोरी भी शोध ग्रन्थों में देखने को मिलती है। शोध का माध्यम मातृभाषा होना अभीष्ट है। शोध की प्रक्रिया सत्य के समान अनवरत है और इसमें दृष्टि की गम्भीरता अभीष्ट है। स्तर ऊंचा होने के लिए शोधार्थी का स्वतंत्र और पक्षधरता से मुक्त होना आवश्यक है।

परिचर्चा में डा० नीलकंठ पुरुषोत्तम जोशी ने यह प्रतिपत्ति प्रस्तुत की कि शोध सम्यक् शोधन की प्रक्रिया है जिसमें प्रारम्भ से खोजना अभीष्ट है। अतएव पहले खोज का विषय होना चाहिए। पहले समस्या हो, तब समस्या का समाधान होगा। सामान्य विषय भी खोजी के लिए बड़े महत्त्व के होते हैं और उनका प्रतिपादन स्वयं लेखक ही नहीं वरन् पाठक के लिए भी विशेष रोचकता प्रस्तुत कर सकता है। उन्होंने स्वयं "खिचड़ी" पर शोध की और डा० परशुराम केशव गोडे ने "जलेबी", "इडली", 'बिन्दी" जैसे विषयों पर बड़े रोचक शोध पत्र लिखे।

परिचर्चा में यह बात उभरी कि शोध का सम्बन्ध सेवायोजन से नहीं होना चाहिए; शोध के लिए जिस एकाग्रता एवं साधना की आवश्यकता है उस दृष्टि से शोध कार्य को अध्यापन कार्य से स्वतंत्र रखा जाना चाहिये। यह अनुभूत किया गया कि शोध के लिए एकाग्रता और चयन की दृष्टि आवश्यक है, तथा शोधकार्य टीम के रुप में अधिक साध्य है। शोध प्रक्रिया पर एक ग्रन्थ भी अपेक्षित है जिसके माध्यम से शोध छात्र जान सके कि उसे क्या करना चाहिये।

चर्चा का समापन करते हुये डा० ज्योति प्रसाद जैन ने बताया कि शोध एक प्रक्रिया है जो समाप्त नहीं होती। इसमें पक्ष विशेष का आग्रह सम्भव नहीं है। आज तक की सूचना के अनुसार जो सही ज्ञात होता है, नये प्रमाण उपलब्ध होने पर उसमें संशोधन आवश्यक हो सकता है। शोधार्थी की स्वयं की दृष्टि और उसका स्वयं का श्रम उसको शोध में सहायता देते हैं। मार्ग-दर्शक उसे विधा बताता है, विषय नहीं। जब इसके विपरीत होता है तो शोध कार्य नहीं वरन् अधिकतम एक विष्टपेषण प्रस्तुत करने में ही वह समर्थ हो सकता है।

दूसरी संगोष्ठी विषय था–इतिहास की विधा। परिचर्चा इस प्रस्तावना को लेकर हुयी कि इतिहास को लेकर कुछ भ्रम है। वह सूचना का संकलन मात्र नहीं है वरन् सामग्री के वस्तुपरक विश्लेषण और भावपरक विवेचन

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

का अद्भुत सम्मिश्रण है। अतः उसका उपयोग जनता का मनोबल बढ़ाने और गिराने, दोनों ही रूपों में किया जा सकता है। भारत के इतिहास का जो स्वरूप ब्रिटिश शासन काल में मुखर हुआ और जिसका प्रतिपादन देशी-विदेशी शोध-शालाओं में किया गया, वह बहुधा भारतीय जनता का मनोबल गिराने, उसे विभ्रमित और विभाजित करने, तथा उसे ब्रिटिशसत्ता की श्रेष्ठता से अभिभूत करने का था। खेद की बात है कि स्वतंत्र भारत में इतिहास की शोध उन प्रवृत्तियों से मुक्त नहीं हो पायी है जो परतंत्रता में इसके लिऐ अनिष्टकर थी। इतिहास के प्रति समीचीन दृष्टि क्या हो, इतिहास शोधन का मापदण्ड क्या हो, शोध के लिए विषय का चयन कैसे हो – ये प्रश्न आज बौद्धिक जगत को आन्दोलित किये हैं और जिज्ञासु और शोधार्थी दोनों ही इन का समाधान पाने को आतुर हैं।

परिचर्चा में दिशाबोध लखनऊ विश्वविद्यालय के कला संकाय के भूतपूर्व डीन और प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्त्व विभाग के प्राचार्य एवं अध्यक्ष स्वर्गीय डा० रामकुमार दीक्षित ने किया था। उन्होंने इस बात पर सन्ताप व्यक्त किया था कि शोध का स्तर गिर रहा है और इतिहास को भ्रष्ट करने का प्रयत्न यथावत है। शोध-दर्शक का कार्य विशेष रूप से शोधार्थी को विषय का चयन, स्रोत सामग्री के साधन और चयन, एवं विषय के प्रस्तुतिकरण की विधा में मार्गदर्शन करना होना चाहिए। यदि यह मार्ग-दर्शन अपेक्षित श्रम एवं सावधानीपूर्वक किया जाय तो परिणाम अवश्य ही उन्नत होगा। इतिहासकार का मुख्य कार्य तथ्यों को उचित परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत करना है, तथ्यों को झुठलाना नहीं है।

चर्चा में यह बात उभरी कि इस प्रकार के इतिहास-लेखन से सतर्क रहना है जिसमें पूर्ण मिथ्याकथन या मुख्य तथ्यों का पूर्ण दमन तो नहीं होता परन्तु तथ्यों का परीक्षण विभिन्न मानदण्डों से किया जाता है और परिश्रमपूर्वक अर्ध-सत्यों का संकलन किया जाता है, कुछ तथ्यों को उभारा जाता है और कुछ को दबाया जाता है, कथानक को स्वतः स्पष्ट न होने देकर घटनाओं और तथ्यों को विशेष प्रकार से ऐतिहासिक संदर्भों में प्रस्तुत किया जाता है, और इस सबका उद्देश्य एक दूषित या भ्रामक कथानक प्रस्तुत करना होता है। हमें जनता के स्रोतों का भी उपयोग करना चाहिए और राजकीय अभिलेखों के कथ्यों की जनस्रोतों के आधार से परीक्षा करनी चाहिए। वर्तमान परिस्थितियों में इतिहास का कोई उपयोग नहीं होगा यदि वह मात्र शासक वर्ग के कार्यकलापों की ही गाथा हो।

चर्चा का समापन करते हुए डा० ज्योति प्रसाद जैन ने कहा कि शोध-दर्शक का प्रथम कार्य शोधार्थी में शोध कार्य के लिए अपेक्षित दृष्टि जागृत करना है। उन्होने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि जो लोग शिक्षण अधिष्ठानों में प्रतिष्ठित हैं और प्रबुद्ध होने का दावा करते हैं उनकी गम्भीर अध्ययन और बौद्धिक आयोजनों में किंचित् ही अभिरुचि है वरन् उनका उपयोग धनोपार्जन एवं स्वपक्ष साधन में ही विशेष रहता है।

तीसरी संगोष्ठी विषय था– इतिहास की शोध के पथ में छलावे। परिचर्चा इस प्रस्तावना को लेकर प्रारम्भ हुई कि जिन साधनों पर हमें निर्भर करना पड़ता है उनमें से कितनों का आधार एकांगी, एक-पक्षीय, स्वयंप्रशंसामूलक, सयत्नप्रचार-मूलक और सत्य को ढकने वाला है, इसको कैसे जाँचा जाय। इतिहास के शोधार्थी का यह दायित्व है कि वह पक्षधरों द्वारा प्रस्तुत भ्रमजाल को काट डाले और उन छलावों को प्रकट करे जो स्वार्थ-लोलुपों ने समय-समय पर सत्ता के सहारे और धर्म, सम्प्रदाय, जाति, भाषा, प्रदेश आदि के बहाने बनाये हैं। जो मिथक (मिथ्या-कथ्य) निहित स्वार्थों ने प्रचारित कर दिये हैं उनको अनावृत्त करने के लिए कैसे साहस जुटाया जाय– यह बौद्धिक चिन्तकों के लिए एक ललकार है।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

चर्चा में दिशाबोध राज्य संग्रहालय, लखनऊ, के तत्कालीन निदेशक डा० नीलकंठ पुरुषोत्तम जोशी ने किया। उन्होने इस बात पर बल दिया कि शोधार्थी को स्वयं मूल स्रोतों का अध्ययन करना चाहिए, और मात्र उद्धरणों के अधार पर ही या मात्र पल्लवग्राही पाण्डित्य के आधार पर निष्कर्ष पर पहुँचने की प्रवृत्ति से बचना चाहिए। यह आवश्यक है कि शोधार्थी के पास शोध के लिए समुचित साधन हों और शोधी में स्वयं अपनी सामग्री का परीक्षण करने के लिए धैर्य एवं निष्कर्षों को प्राप्त करने के लिए विवेक हो।

चर्चा में यह बात उभरी कि कथा साहित्य के आधार से जो मिथक प्रसार पा गये हैं उनकी विवेचना की जाय ताकि सत्य का लोप न हो जाय। यदि हम तथ्यों को काल्पनिक कथ्यों से अलग नहीं कर सकेंगे तो इतिहास पुराणगाथा बनकर रह जायेगा, घटनायें आस्था, अन्ध-विश्वास और कल्पना से आवृत्त हो जायेंगी, और स्वयं इतिहास के तथ्य डूब जायेंगे।

चर्चा का समापन करते हुए डा० ज्योति प्रसाद जैन ने बताया कि इतिहास एक व्यापक विषय है और इसमें सभी पक्षों पर विचार किया जाना अभीष्ट है। जब हम स्रोत सामग्री का विश्लेषण करें तो हमें इस बात को ध्यान में रखना चाहिए कि ऐतिहासिक विवरण प्रायः साम्प्रदायिक उत्साह या निहित स्वार्थो के प्रचार के कारण दूषित कर दिये जाते हैं; इतिहास के शोधार्थी में सामग्री का सम्यक् विश्लेषण करने की सामर्थ्य होना अपेक्षित है।

चौथी संगोष्ठी विषय था– भारत के इतिहास के स्रोत्रों का मूल्यांकन। परिचर्चा इस प्रस्तावना को लेकर प्रारम्भ हुई कि यह बात निर्विवाद है कि भारत का इतिहास प्रायः छः हजार वर्ष से एक अनवरत क्रम में उपलब्ध है। इतना लम्बा इतिहास विश्व के किसी अन्य भूखण्ड का अभी नहीं है। इतिहास के साधन बहुल हैं। विगत दो सौ वर्षों में प्राचीन साहित्य का अध्ययन और विश्लेषण, पुरातात्त्विक उत्खननों से प्राप्त सामग्री, पुरालेख, सिक्के और मुद्रायें, भारत के बाहर भारत के सम्बंध में लिखा गया साहित्य और पुरालेख - यह सब इतनी सामग्री है कि जो हमारे देश का इतिहास प्रस्तुत करने में हमें सहायक हो सकती हैं। परन्तु इस सब विविध साधन-सम्पदा का हमारे शोधार्थी और इतिहासकार उचित मूल्यांकन नहीं कर रहे हैं। आवश्यक यह है कि इस संबंध में पक्षधरता का निषेध किया जाय और विवेकशीलता पर बल दिया जाय। परन्तु खेद की बात यह हैं कि जिन लोगों पर शोध निर्देशन का दायित्व है वे अपना दायित्व निष्ठापूर्वक नहीं निभा रहे हैं। प्राचीन इतिहास की शोध में कुछ मिथक साम्प्रदायिक पक्षधरता के कारण जुड़ गये और स्रोतों का मूल्यांकन इस दृष्टि से किया जाता रहा कि किसी सम्प्रदाय विशेष की श्रेष्ठता तथा प्राचीनता का उससे प्रतिपादन हो सके। मध्ययुगीन इतिहास के निरुपण में कुछ पक्ष शामिल हो गये। जिन साधनों को उस युग के इतिहास के लिए आधार बनाया गया वे प्रायः सरकारी संरक्षण में लिखे गये विवरण हैं जिनका मुख्य उद्देश्य सम्प्रदाय-विद्वेष को प्रोत्साहित करना था। दरबारी साहित्य के अतिरिक्त जनता के साहित्य का बहुत ही कम उपयोग उस युग का इतिहास संजोने में किया गया है। आधुनिक युग में प्रायः ब्रिटिश शासन की श्रेष्ठता, ब्रिटिश बौद्धिकता का अनुसरण और भारतीयत्व के प्रति एक प्रकार की अवमानना का प्रस्तुतिकरण ही इतिहासकारों का प्रिय विषय रहा है। इस बात को निरुपित करने में हमारे इतिहासकार अपने को असमर्थ पाते हैं कि वे क्या परिस्थितियाँ थीं जिनके कारण मुट्ठी भर यूरोपियन, विशेषकर अँग्रेज, इस महादेश पर अपनी सत्ता स्थापित करने में समर्थ हुए। जो प्रतिपत्ति देश के स्वतंत्रता आंदोलन की दृष्टि से प्रस्तुत की गयी वह और भी भ्रामक रही। स्वतंत्रता के बाद के इतिहास के साथ तो बराबर उपाहासास्पद व्यवहार किया जा रहा है। आज के युग में ऐसे मिथ्या-कथ्य सत्ताधारी लोगों द्वारा बच्चों की पाठ्य पुस्तकों में प्रसारित कर दिये गये हैं जो तथ्य तो हैं ही नहीं, बुद्धिग्राह्य भी नहीं है। यह सब ऐसी स्थिति उत्पन्न करता है जिसमें भारतीय इतिहास के सभी युगों के स्रोतों का सम्यक् मूल्यांकन कैसे

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute. Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

किया जाय और ऐसा मूल्यांकन करते समय सत्तारूढ़ निहित स्वार्थों को किस प्रकार इतिहास को भ्रष्ट करने से रोका जाय–यह एक ज्वलन्त प्रश्न है जिस पर भारत के सभी बौद्धिक चिन्तक चिन्तित एवं आन्दोलित हैं।

दिशा-बोध राज्य संग्रहालय, लखनऊ, के तत्कालीन निदेशक डा० रमेश चन्द्र शर्मा ने किया। उन्होंने बताया कि कठिनाई यह है कि आजकल शोधार्थी प्राय: मौलिक स्रोतों तक पहुंचते ही नहीं और साहित्यिक संदर्भों का तात्कालिक सामाजिक परिस्थितियों से सामंजस्य जानने का प्रयत्न नहीं करते। 'रघुवंश' के संदर्भ से बयाना से प्राप्त गुप्तवंशीय सिक्कों का रहस्य समझा जा सकता है। मथुरा में बुद्ध की मूर्ति केवल ध्यान मुद्रा में हैं क्योंकि वहाँ बुद्ध को दिव्यास्पद पारलौकिक रुप में देखा गया जबकि गन्धार में उन्हें लौकिक मानव रुप में अंकित करने का प्रयास किया गया; यह दोनों स्थानों के उपासकों की भिन्न प्रवृत्ति का परिचायक है। शिलालेखों के सही अर्थ को जानने के लिए प्राचीन लिपि और भाषाओं का सम्यक् ज्ञान और तुलनात्मक अध्ययन अपेक्षित है। आलमगीरपुर में पेन्टेड ग्रे वेयर ट्रेन्च में लोहा मिल गया परन्तु तत्कालीन पुरातत्त्व अधिकारी अपने दुराग्रह से बद्ध थे कि "पेन्टड ग्रे वेयर" के साथ लोहा नहीं मिलना चाहिए, जो बाद में उन्हें बदलना पड़ा। शोध के मार्ग में दुराग्रह सबसे बड़ा कंटक है। मार्गदर्शक का कार्य शोधार्थियों की सुप्त प्रवृत्ति को जगाना है ताकि अग्नि ज्वाला की तरह शोध की प्रवृत्ति बराबर प्रज्वलित रहे।

चर्चा में यह बात उभरी कि पक्षधरता से विरत हुआ जाय और विवेकशीलता पर बल दिया जाये, ऐतिहासिक पुनर्निर्माण में विभिन्न विधाओं का यथावश्यक उपयोग किया जाये, राजनैतिक या साम्प्रदायिक दृष्टि से प्रतिपादित गलत कथ्यों को उजागर किया जाये, और स्रोतों के मूल्यांकन में तुलनात्मक समीक्षा की दृष्टि अपनायी जाये।

चर्चा का समापन करते हुए डा० ज्योति प्रसाद जैन ने इस बात पर बल दिया कि शोधार्थी के लिए लोक-जीवन की परम्पराओं का सम्यक् ज्ञान होना अभीष्ट है। यह कहना गलत है कि एक अनुश्रति तो ठीक है और दूसरी पूर्णत: कल्पित। जो अवशेष प्राप्त हुए हैं उनसे अंतिम निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता क्योंकि सब कुछ एक साथ ही प्रकाश में नहीं आ जाता। उन्होने कहा कि इतिहास-लेखन एक तपस्या है जिसके लिए एक निष्पक्ष तटस्थ वैज्ञानिक और विश्लेषणात्मक दृष्टि तथा तुलनात्मक मूल्यांकन अपेक्षित है। किसी साहित्य को मात्र धार्मिक या साम्प्रदायिक कहकर उसकी उपेक्षा किया जाना अनुचित है।

पंचम संगोष्ठी विवेच्य विषय था– इतिहास और पुराण में अंतर्भेद। परिचर्चा इस प्रस्तावना को लेकर प्रारम्भ हुयी कि आज बौद्धिक चिन्तकों के सामने यह एक ज्वलन्त प्रश्न है कि किस प्रकार इतिहास और पुराण में भेद किया जाए, आगे आने वाली पीढ़ी द्वारा मूर्तिभंजक बनकर मिथ्या-कथ्यों का भण्डा-फोड़ किया जाये और समस्त समीचीन दृष्टि का विकास किया जाये।

दिशा-बोध काशी विश्वविद्यालय के दर्शन विभाग के अवकाश-प्राप्त प्राचार्य एवं अध्यक्ष डा० ऐन० के० देवराज ने किया। उन्होने इस बात पर बल दिया कि मिथक से लड़ने की बराबर आवश्यकता है। किसी काल विशेष को गौरवपूर्ण दिखलाने का कदाग्रह समीचीन नहीं है। प्राचीन काल में भारत में गणतन्त्र था, परन्तु वह भारत में क्यों नहीं पनप सका, इसके स्वरुप का विश्लेषण किया जाना अपेक्षित है। आधुनिक जनतांत्रिक प्रणाली से उस प्रणाली की समता किया जाना मिथक ही कहा जायेगा। इतिहास ही नहीं, दर्शन में भी परम्परा के प्रति कदाग्रह लक्षित होता है। स्वामी दयानन्द तथा अन्य धर्म सुधारक जो पिछली एक शताब्दी में हुए एक प्रकार की हीन भावना से ग्रस्त थे, परन्तु हम उनके कृतित्व को तर्क एवं तथ्य की कसौटी

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

पर कसने के बजाय भावनाओं और पूर्वाग्रह से प्रभावित होते हैं। ऐसी वैज्ञानिक शोध बुद्धि की आवश्यकता है जो सत्य की खोज और मिथक को अनावृत्त करके वास्तविक स्थिति को सामने लाये, तभी सार्वजनिक नैतिकता के स्तर में भी उन्नति होने की सम्भावना है।

चर्चा में यह बात उभरी कि यह क्षोभ की बात है कि हमारे देश में धर्म की इतनी अधिक चर्चा के बावजूद नैतिक स्तर में बहुत गिरावट परिलक्षित होती है। सत्य भावात्मक है और धर्म सत्य का आचरण में अनुपालन है। पुराण कथाओं और परम्परागत अनुश्रुतियों का विश्लेषण किया जाना अपेक्षित है ताकि कल्पना और वास्तविकता का निदान किया जा सके।

चर्चा का समापन करते हुए डा० ज्योति प्रसाद जैन ने भारतीय अनुश्रुतिगम्य साहित्य में इतिहास की परिभाषा का उल्लेख करते हुए बताया कि पूर्वाग्रह से असम्पृक्त रहते हुए हमें परम्परागत अनुश्रुतियों का और आधुनिक साहित्य एवं समाचारों का भी शोध-परक वैज्ञानिक दृष्टि से इस प्रकार विश्लेषण करना चाहिए कि हम तथ्य के निकट पहुँच सकें और इतिहास को उसके सही रूप में प्रस्तुत कर सकें।

सभी संगोष्ठियों में चर्चा की प्रस्तावना डा० शशिकान्त द्वारा प्रस्तुत की गयी और उन्होंने परिचर्चा का समाकलन भी किया। डा० नीलकंठ पुरुषोत्तम जोशी, डा० अमर पाल सिंह, डा० रामकुमार दीक्षित, डा० श्यामलाल पाण्डेय, डा० रमेश चन्द्र शर्मा, डा० नन्द किशोर देवराज, डा० (कु०) उषा माथुर, डा० (कु०) किरन मराल, श्रीमती प्रियम्वदा जिन्दल, तथा सर्वश्री नर्बदेश्वर चतुर्वेदी, अजित प्रसाद जैन, खुशाल चन्द गोरावाला, रमाकान्त जैन, काशीनाथ गोपाल गोरे, वीरनन्दन जिन्दल, जगजोत सिंह, कैलाशनाथ पाण्डे, ए० सेन गुप्ता, बिद्युत बरन सरकार, शैलेन्द्र रस्तोगी और ज्ञान चन्द जैन ने परिचर्चा में भाग लिया।



CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute. Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

Research on History : Discussion

Five symposia were held under the auspices of the Ananta-Jyoti Vidyapitha on Nov. 7, 1977, Nov. 7, 1978, Nov. 7, 1979, Feb. 6, 1982 and Nov. 7, 1982, on the problems of conducting research in matters pertaining to history.

First Symposium : The theme was- Research is a continuous process. The discussion began on the note that although the number of research publications has gone up and there is also a good number of research institutes, the quality of research work has not improved and the scholars are shy of presenting original propositions, possibly because they are unable to get proper guidance and are short of necessary equipment.

Mr. Gyan Chand Jain, veteran journalist and author, initiated the discussion. In his opinion, one of the reasons for non-improvement in research work was its linking with monetary gains. The standard has particularly deteriorated in Hindi and research has been reduced to mockery. Irrelevant matter, repetition and plagiarism are often seen in research publications. It is desirable that the medium of research should be the mother-tongue. The process of research is a continuous one like that of truth and it requires in-depth vision. The standard can be raised if the researcher is free to think and is above bias and prejudice.

Dr. N. P. Joshi, the then Director, State Museum, put in that research is a process of proper search and the search should start from the beginning. First of all there should be a subject for search. A problem can be resolved only after it has been presented. Ordinary subjects are also of much importance to a researcher, and their treatment can be very interesting not only for the writer but also for the readers. He himself wrote a paper on 'Khichadi', and Dr. P. K. Gode wrote very interesting papers on subjects like 'Jalebi', 'Idli' and 'Bindi'.

The discussion veered round to the point that research should not be linked with employment, and in view of the concentration required for research work, it should be kept independent of teaching work. It was felt that concentration and discretion are essential for research work, and it needs team work. A manual on the methodology of research also seemed a desideratum so that research scholar may know how he should proceed.

Summing up, Dr. J. P. Jain said that research is a process which never comes to an end. It does not have a room for dogmatism. Whatever appears correct on the basis of information available to date, may have to be revised when new evidence comes to the fore. A researcher's own vision and own hard work alone help in research work. The guide would tell him only the method, and not the subject-matter. Otherwise the researcher would only produce a reproduction and not a research work.

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

Second Symposium : The theme was- Approach to history. The discussion began on the note that there is some misunderstanding about history. It is not a mere collection of information, but it is a curious mixture of objective analysis and subjective discussion of the available material. Hence it can be used to boost the morale of the people as well as to demoralise them. The format of Indian History presented, and developed in the Indian and foreign research institutes, during the British rule, was designed to demoralise the Indian people, to mislead and divide them, and to overawe them with the superiority of the British authority. It is a matter of regret that in independent India the research on history has not been able to get rid of the obnoxious and evil tendencies of the dependence period. The student and researcher, both are eager to know as to what should be the proper approach to history, what should be the standards for research on history, and how should the subject for research be selected.

The late Dr. R. K. Dikshit, formerly Professor of Ancient Indian History and Archaeology and Dean, Faculty of Arts, Lucknow University, had initiated the discussion. He was worried over the falling standard in research and about the efforts to corrupt history as before. The job of the guide is primarily to advise the research scholar on the selection of topic, the source material and mode of sifting it, and the method of presentation of the thesis. If such guidance is rendered with due diligence and care, the result would certainly be good. The primary job of a historian is to present facts in the correct perspective and not to falsify them.

The discussion veered round to the point that we should beware of such historiography in which neither patent falsehood is resorted to nor the principal evidence is fully suppressed, but different standards are applied in the examination of known facts and half-truths are assiduosly planted, some facts are highlighted and some are suppressed, the narrative is allowed to be vague and events and facts are presented in a curious historical context, and all this is done to project a completely misleading narrative We should also use the common man's sources and verify the official records from the people's sources. Under the present circumstances history will be of no use if it is merely a chronicle of the rulers' doings.

Summing up, Dr. J. P. Jain said that the primary duty of a research guide is to inspire the required vision for research in the research scholar. He was sorry to see that the egg-heads in the academic field are hardly interested in serious study and intellectual work and are more given to earning money and developing vested interests.

Third Symposium : The theme was- Pitfalls in the path of research on history. The discussion started on the note as to how we should evaluate how much of the source material available to us is solitary, unilateral, self-praising, propagandist and fallacious. It is the bounden duty of a researcher that he should cut across the myths created by the vested interests and should expose the pitfalls dug by the selfish under the cover of authority or under the guise of religion, community, race, language or region, etc. It is a challenge to the

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute. Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

enlightened thinkers how they should muster courage to expose the myths publicised by the vested interests.

Dr. N. P. Joshi, the then Director of the State Museum, initiated the discussion. He emphasised that the researcher should himself study the original sources and should shun the tendency of jumping to conclusions on the basis of secondary references or superficial knowledge. It is necessary that the researcher should have sufficient resources, and should have patience to examine the material himself, as also discretion to draw conclusions.

The discussion veered round to the point that the myths which have got currency through fiction, should be duly checked up so that the truth may not be lost. If the facts are not separated from fiction, history will be reduced to mythology. Events in that case will be so much smeared with faith, superstition and imagination that the facts of history will be lost for ever.

Summing up, Dr. J. P. Jain said that history is an extensive subject, and all the aspects of human endeavour should be taken into account while writing history. While analysing the source material we should keep in view that historical accounts are often distorted due to sectarian zeal or propaganda of vested interests. A researcher on history must have the capacity to properly analyse the available material.

Fourth Symposium : The theme was– Appraisal of the sources of the history of India. The discussion started on the note that the history of India for nearly last six thousand years is known in a chronological sequence. No other land in the world can claim such a long history. The sources of history are multifarious. Study and analysis of ancient literature, material turned out by archaeological excavations, epigraphs, seals and coins, literature and epigraphs about India found outside – all this material brought out during the last two hundred years is helpful in depicting the history of our land. But all this varied source material is not being duly appraised by our researchers and historiographers. It is necessary that in this appraisal bias should be shunned and stress should be on discretion. But it is regrettable that those who are charged with guiding research, are not doing their job sincerely. In the research on ancient history certain myths are being cultivated due to sectarian bias with a view to establish the superiority of a particular sect or to project its oldness. Certain interests have played a part in the presentation of mediaeval history. The sources depended upon for the history of that period are mostly chronicles written under official partronage, the principal object of which was to whet communal passions; the people's literature has only been scarcely used in the reconstruction of history of that period. As regards the modern period the favourite theme of the historiographers has been to depict the superiority of British rule, to follow the British norms and to denigrate Indianism. Our historiographers are shy of analysing the circumstances which enabled the handful of Europeans, specially the British, to fix their rule over this vast land. Whatever hypotheses were presented in view of the freedom struggle, are

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

even more misleading. The history of post-independence period is being dealt with in a pathetic and ridiculous manner. Those in power are planting such myths even in school text-books which are not facts and also do not stand to reason. All this makes us think as to how we should properly appraise the source-material of all periods of the history of India and while appraising it how we should prevent the vested interests in power from corrupting history.

The discussion was initiated by Dr. R. C. Sharma, the then Director of the State Museum. According to him, the difficulty is that the researcher does not take to original sources and also does not try to reconcile the contemporary social scene from the literary references. The Gupta coins of the Bayana hoard can be best deciphered with reference to the Raghuvamsa. The image of the Buddha at Mathura is found only in meditation pose because the Indian genius looked upon the Buddha as divine and supernatural, whereas he was portrayed as a man of this world at Gandhara, and this difference in depiction denotes the difference of mental traits in the devotees of the two places. To properly interpret the epigraphs it is necessary to have proper knowledge and comparative study of ancient scripts and languages. Iron was found in the trench exhuming Painted Grey Ware at Alamgirpur but the then Archaeological Officer was adamant that iron should not be found with P. G. Ware; the greatest impediment in the path of research is adamancy. The guide should kindle the passion for research in the researcher so that the process of research may keep going.

The discussion veered round to the point that bias and prejudice should be shunned and stress should be on discretion, different methods should be used, as necessary, in the reconstruction of history, falsehoods propagated in political or communal interest should be exposed, and comparative assessment should be made while appraising the source material.

Summing up, Dr. J. P. Jain said that the researcher should have proper knowledge of the different traditions. It is wrong to say that one tradition is historical and the other is fiction. It is also not possible to draw a final conclusion from the antiquities now available because all the material does not come out at once. Writing history is a discipline which requires a detached, scientific and analytical approach and comparative appreciation. It is not proper to ignore any literature by branding it as sectarian.

Fifth Symposium : The theme was – Distinction between myth and history. The discussion began on the note that the challenge before the enlightened thinkers today is as to how history should be distinguished from myth, the coming generation should become iconoclast to expose the myths, and a wholesome vision be developed.

Dr. N. K. Devraj, formerly Professor of Philosophy at the Banaras Hindu University, initiated the discussion. He emphasised that it is always neecessary to fight the myths. It is not proper to be biased to call a particular period glorious. There was republicanism in Ancient India, but it could not grow here – its causes should be analysed. It would be a myth to equate modern democratic system with ancient republicanism. Not

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute. Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

only as regards history but prejudice is noticed also in the case of philosophy. Swami Dayanand and other reformers who lived in the past one century suffered from an inferiority complex, but we are influenced more by sentiments and biases than by reason and reality while appraising their work. It is possible to improve the standard of public morality only if we develop such a scientific research temperament which would bring forth the reality by discovering the truth and exposing the myth.

The discussion veered round to the point that it is a matter of regret that despite so much talk of religion in our country, the moral standards are falling. Truth is subjective and religion lies in following the truth in one's conduct. The puranic lores and traditional accounts should be properly analysed so that fact may be sifted from fiction.

Summing up, Dr. J. P. Jain referred to the definition of history in the Indian traditional literature, and said that we should, keeping away from prejudices, analyse the traditional accounts and modern literature and news-chronicles with a research-based scientific approach so that we may get to the facts and present history in proper perspective.

In all the symposia, the subject was introduced by Dr. Shashi Kant, who was also the reporter. Dr. N. P. Joshi, Dr. A. P. Singh, Dr. R. K. Dikshit, Dr. S. L. Pandey, Dr. R. C. Sharma, Dr. (Miss) Usha Mathur, Dr. (Miss) Kiran Maral, Mrs. Priyamvada Jindal and Messrs. Narbadeshwar Chaturvedi, A. P. Jain, K. C. Gorawala, R. K. Jain, K. G. Gore, V. N. Jindal, J. S. Jain, K. N. Pandey, A. Sen-Gupta, B. B. Sircar, Shailendra Rastogi and G. C. Jain participated in the discussions.



CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

The Book being released

विमोच्य पुस्तक

Political and Cultural History of Mid-North India (From earliest times to 1248 A.D.)

The Work	24
पुस्तक परिचय	25
Summary	26
सार-संक्षेप	32
Appreciation	37
समीक्षा	38
The Author	39
लेखक	40

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute. Melukote Collection

Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Project. Funding: Pattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

The Work

POLITICAL AND CULTURAL HISTORY OF MID-NORTH INDIA covers the journey of man from palaeolithic stage to 13th century A.D., in the terrain around the confluence of the Ganga and Yamuna, conventionally known as the Vatsa Janapada with its base at Kausambi.

It was presented as a thesis for the degree of DOCTOR OF PHILOSOPHY in the department of Ancient Indian History and Archaeology at the Lucknow University, and has been approved for publication by the Indian Council of Historical Research.

The study has been divided into 12 chapters, dealing with historical geography, political history, religion, civilisation, art, numismatics and epigraphy. Each chapter has the abstract at the beginning, and notes and references at the end. It takes into account relevant literary notices and archaeological discoveries as well as the researches made till now.

Determination of the territorial limits of ancient Janapadas with reference to topographical landmarks,
Date of the Mahabharata War,
Chronological tangle of 6th-4th centuries B.C.,
Dismemberment of the Maurya Empire,
The Mitras and the Maghas of Kausambi,
The Ranakas,
Sacrificial ritualism, and
Growth of civilisation,

are some of the important factors which transgress the regional limits and are crucial to the history of India as a whole. Detailed treatment of art forms, coin types, seals and sealings, and inscriptions, found in the region, is also helpful in greater understanding of the Indian panorama.

Exhaustive bibliography presents the available source material in shape. Chronology, summary and index are useful additions.

Two Maps, illustrating Ancient Mid-North India and Ancient India respectively, with notes, help in tracking the topography and getting a spectrum of sequences.

108 Illustrations, with descriptive notes, portray important antiquities.

Language - English

First edition 1987

Published by : Neha Prakashan, 1415, Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-110 009 (India)
Ph. 7110689

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digit...

पुस्तक परिचय

प्रस्तुत ग्रन्थ में मध्य-उत्तर भारत के राजनैतिक एवं सांस्कृतिक इतिहास का पाषाण युग से १३वीं शती ई० तक विवेचन किया गया है। यह गंगा-यमुना के संगम के आस-पास का प्रान्तर है जो पारम्परिक रूप से वत्स जनपद जिसका केन्द्र विन्दु कौशाम्बी नगरी थी, के नाम से अभिज्ञात है।

लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्त्व विभाग में इसे डाक्टर ऑफ़ फिलास्फी की उपाधि के लिये शोध-प्रबंध के रूप में प्रस्तुत किया गया था, तथा भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद ने इसे प्रकाशन हेतु अनुमोदित किया है।

अध्ययन को १२ अध्यायों में विभक्त किया गया है जिनमें ऐतिहासिक भूगोल, राजनैतिक इतिहास, धर्म, सभ्यता, कला, सिक्कों एवं मुद्राओं, तथा अभिलेखों, का विवेचन किया गया है। प्रत्येक अध्याय के प्रारम्भ में उसकी रूपरेखा है और अंत में टिप्पणी एवं संदर्भ हैं। सुसंगत साहित्यक संदर्भ तथा पुरातात्त्विक खोजों एवं अब तक हुयी शोधों को इस में संदर्भित किया गया है।

प्राचीन जनपदों की प्रादेशिक सीमाओं का भौगोलिक चिन्हों के संदर्भ से विनिश्चितीकरण,
महाभारत युद्ध का समय,
छठी से चौथी शती ईसा-पूर्व के काल-क्रम का समाधान,
मौर्य साम्राज्य का विघटन,
कौशाम्बी के मित्र एवं मघ राजे,
राणक सामंत,
याज्ञिक क्रिया-काण्ड, और
सभ्यता का विकास,

कुछ ऐसे महत्त्वपूर्ण विन्दु हैं जो क्षेत्रीय सीमाओं से बाधित नहीं हैं और समग्र भारत के इतिहास के लिये महत्त्व रखते हैं। कला शैलियों, सिक्कों के विभिन्न प्रकार, मुद्राओं एवं मुद्रिकाओं, और अभिलेखों, जो कि इस क्षेत्र में पाये गये हैं, का विशद विवेचन भी भारतीय ऐतिहासक दृश्य को सुबोध बनाने में सहायक है।

उपलब्ध स्रोत साधनों को एक क्रम से ग्रन्थ/संदर्भ सूची में दिया गया है। कालानुक्रमणिका, सार-संक्षेप और नामानुक्रमणिका, उपयोगी परिशिष्ट हैं।

प्राचीन मध्य-उत्तर भारत (वत्स जनपद) और प्राचीन भारत (भारतवर्ष) को क्रमशः चित्रित करने के लिये दो मानचित्र दिये गये हैं जिन पर टिप्पणियां भी दी गयी हैं। मानचित्र स्थानों को चीन्हने में और ऐतिहासिक क्रम का दृश्यांकन करने में सहायक हैं।

१०८ चित्र जिनका विवरण भी दिया गया है, महत्त्वपूर्ण पुरावशेषों को चित्रित करते हैं।

भाषा - अंग्रेजी
प्रथम संस्करण १९८७
प्रकाशक : नेहा प्रकाशन, १४१५, डा० मुकर्जी नगर, दिल्ली–११०००९ (भारत)
फोन–७११०६८९

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute. Melukote Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri. Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

Chapter-Scheme

Chapter I – The Vatsa Janapada
II – Early History
III – Mahajanapada Vatsa
IV – The Kingdom of Kausambi
V – The Maghas and other pre-Gupta Rulers
VI – Later Hsitory (till conquest by the Turks)
VII – Religion
VIII – Civilisation
IX – Art
X – Numismatics
XI – Epigraphy
XII – The Place of Vatsa in Indian History

अध्याय-विन्यास

अध्याय – १–वत्स जनपद
२–प्रारम्भिक इतिहास
३–महाजनपद वत्स
४–कौशाम्बी राज्य
५–मघ और गुप्त-पूर्व राजे
६–परवर्ती इतिहास (तुर्कों द्वारा विजय तक)
७–धर्म
८–सभ्यता
९–कला
१०–सिक्के एवं मुद्रायें
११–अभिलेख
१२–भारतीय इतिहास में वत्स जनपद का स्थान

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE: Digit...

SUMMARY

The aim and scope of the present study is to reconstruct the political and cultural history of Mid-North India, in essence the Vatsa Janapada of ancient India, from the earliest times to about the middle of the 13th century A.D., on the basis of the archaeological and literary evidence available.

The Vatsa Janapada was situated in the Madhyadesa of Bharatavarsha, with its capital at Kausambi (mod. Kosam in the Allahabad district) on the northern bank of the Yamuna. On the basis of the political map of India in the 6th century B.C. as known from the Buddhist and Jain sources and the dramas of Bhasa, it may be inferred that it lay along the banks of the Yamuna in the lower Ganga-Yamuna Doab extending westward up to the Pandu-Ganga and Sengar-Yamuna junctions and eastward up to the Sangam itself, bounded on the north by the Ganga, on the east by the Karamnasa, on the south by the Son and on the west by the Ken, and covering parts of the modern districts of Kanpur Dehat, Fatehpur, Allahabad, Banda, Mirzapur, Varanasi, Ghazipur and Rewah, between the parallels of lat. 24° 4' and 26° 2' N. and long. 80° and 84° E. It was surrounded by the Janapadas of Kosala, Kasi, Magadha, Anga, Kalinga, Chedi, Avanti, Kuru and Panchala, in a rather cyclic order, and was well connected with important political and trade centres of ancient India through highways and inland waterways.

Nearly a hundred sites of historical importance have already been brought to light as a result of explorations during the past one hundred years or so, and they have yielded sufficient material to enable reconstruction of the ancient history of the region. Kausambi and Bhita have responded most generously to the spade of the excavator and have proved to be rich mines of valuable information.

The ancient sites discovered so far suggest that this region formed one of the earliest habitats of man and saw the successive evolution of Palaeolithic, Mesolithic, Neolithic and Chalcolithic civilisations in India. Its Chalcolithic people were in frequent communication with their counterparts in Western India. It appears from the traditional accounts that Vatsa was under the Kasi Kingdom for the most part in the times of yore. The archaeological evidence brought forth at Kausambi seems to suggest that the Aryan tribe of the Vasas should have settled here within a century or two prior to the Mahabharata War which took place in the 15th century B.C.

On the destruction of Hastinapur, the Kuru king Nichakshu, sixth in descent from Parikshit, shifted his capital to Kausambi in *c.* 13th-12th century B.C., and henceforth twenty-three more Kuru kings ruled from Kausambi till it was absorbed in the Magadhan empire. Of them, Satnanika II and his son Udayana lived in the 6th century B.C.

Bits of information about the personality and performances of Udayana can be gleaned from the classical Sanskrit literature as well as from the sectarian literature of the Jains,

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute. Melukote Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Buddhists and Brahmins. His romance with Vasavadatta, the daughter of King Pradyota of Avanti, finds a popular echo in the ancient Indian literature. Udayana seems to have ascended the throne in *c.* 555 B.C. The regrouping of the then existing states began swiftly thereafter and within a decade or so, an all-powerful Magadha emerged to the east, and an equally powerful Avanti to the west, of Vasta. His marriage with the sister of King Darsaka of Magadha, suggests that he lived through the reign of Ajatasatru. The excavations at Kausambi have revealed that the rampart and the palace were rebuilt during his time.

The Kuru king of Vatsa seems to have been made a vassal by Mahanandin in *c.* 467 B.C., whose son Mahapadma in 424 B.C. even ended the vassalage and made Vatsa a province of the Magadhan empire. Under the Mauryas the defences of the city and palace of Kausambi seem to have been rebuilt on the pattern laid down by Kautilya. The edicts of Asoka suggest that officers of the rank of Mahamatra held the charge of the city of Kausambi and possibly his second queen Kaluvaki had made that city her residence.

The Maurya empire began to disintegrate soon after the death of Asoka in *c.* 236 B.C. The Pataliputra and Ujjayini branches seem to have united under Samprati for some time but on his death they again tore asunder and it gave an opportunity to some of the servants of the empire to assert their independence, *e.g.*, at Mathura, Ahichchhatra, Kausambi and Yugasaila, or to gain in influence, as did the Senapati in Vidisa and the Sachiva in Vidarbha. A correlation of the different traditions and numismatic evidence suggests that the Satavahanas were the successors of the Mauryas in the Suvarnagiri province, and the Sungas, in the Ujjayini province, while the Kanvas succeeded the Sungas in the Vidisa region, and that these successors of the Maurya empire had hardly anything to do with Pataliputra and Kausambi. Cogent evidence is yet to be found to connect the rulers with *mitra*-ending names known from coins from Mathura, Ahichchhatra, Ayodhya and Kausambi, with the Sungas.

The independent kingdom of Kausambi, seems to have been founded by Sudeva in *c.* 219 B.C. on the death of Samprati. Twenty-eight rulers, known from coins and inscriptions, seem to have ruled this kingdom in the post-Samprati and pre-Kanishka period. Of them, Bahasatimita, possibly a prince of the Mathura house, was the most important as he in league with the king of Ahichchhatra who was his maternal grandfather, ended the Maurya dynasty in Pataliputra and also seized Kausambi from the successor of Sudeva early in the 2nd century B.C. Another important ruler was Rajamitra who lived in the 1st century B.C. and performed seven Soma sacrifices possibly including the Purushamedha on the Syenachiti the remains of which have been uncovered at Kausambi.

The Kushana king Kanishka I appears to have led a campaign of conquest in the east soon after his accession in 78 A.D. and encamped for some time in Kausambi, but early in Huvishka's reign, by the year 40 (A.D. 118), Asvaghosha seems to have asserted his independence in the Kausambi-Varanasi area. A decade or so later, Bhimasena from the

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization

Baghelkhand tract replaced Asvaghosha. Bhimasena's descendents, the so-called Magha kings, then held sway over Kausambi and the region around till the close of the 3rd century A.D. Thereafter the Naga king Ganendra of Padmavati appears to have held sway for some time, and finally, Sri Rudra or Rudradeva occupied it on the eve of the Aryavarta Wars waged by Samudragupta in *c.* 330 A.D.

After its conquest by Samudragupta, Kausambi and the region around continued to be a part of the Gupta empire till the last days of the empire except for the brief spell of devastation by Toramana Huna. After the finishing off of the Gupta power by Yasodharman, the destiny of this region was linked with that of the masters of Kanyakubja (Kannauj) and successively, the Maukharis, Harsha, Yasovarman, the Ayudhas, the Gurjara-Pratiharas and the Gahadavalas held sway over it. The intrusions of Muktapida from Kashmir in the time of Yasovaraman, and of the Kalachuris and the Palas in the interregnum between the Pratiharas and the Gahadavalas, were short-lived. After the Gahadavala power had been finished by the Turks towards the close of the 12th century A.D., the fight was continued by the Ranaka chiefs with their strongholds at Kara and near Kausambi till 1248 A.D. when the region finally passed into the hands of the Turkish Sultan of Delhi. The region around Kalinjar continued to be a part of the Chandella kingdom since its seizure by Yasovarman in the second quarter of the 10th century A.D.

There is sufficient literary and archaeological evidence to show the important part played by the Vatsa region in shaping the major religious systems of India, as also bearing on the worship of Mother Goddess, Yaksha and Naga. After Nichakshu had shifted to Kausambi, a sort of academy of Vedic learning seems to have been set up there, and Proti Kausurubinda Auddalaki, a Vedic teacher, possibly belonged to it. An unmistakable evidence about the prevalence of sacrificial ritualism at Kausambi has been found in the shape of a Syenachiti used for performing the Purushamedha towards the beginning of the Christian era. The megaliths at Kotia also seem to remind of some sacrificial rites. There is also evidence of syncretism between Vedic ritualism and Saivism, as well as of association of Saivism with the Naga cult; and one of the oldest lingams comes from Bhita. The Vaishnava remains at Garhwa provide interesting evidence of syncretism between Vaishnavism and Saktism, between the cults of Rama and Krishna, and between Vaishnavism and Buddhism.

Kausambi finds much mention in the Jain traditional accounts, and some of the important events in Mahavira's life also refer to that city. The place was frequented by the Jain teachers in the post-Mahavira period, and it also seems to have been connected with the early literary activity of the Jains.

The Buddha had spent three rainy seasons in the Vatsa region, and some of his important discourses were delivered here. The Kausambi monks were also the cause of several important rules of monastic discipline. The Ghositarama at Kausambi continued to be an important centre of Buddhism for about one thousand years since the days of the Buddha; its ruins have been excavated in the 1950's. Besides Kausambi, Bhita, Deoriya, Mankuar, Ahraura, Bharhut and Bandhogarh also appear to have been important centres of Buddhism.

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute. Melukote Collection

With the help of the stone implements, pottery, and miscellaneous clay, stone, metal, bone and shell objects, brought to light so far, the growth of civilisation can be traced in this region and the cultural strains detected to our own times. Kausambi and Sahajati (Bhita) were the main trade centres, and the trade was well organised through different categories of traders and guilds of artisans and producers. The Sreshthis occupied an important position. The affairs of guilds and of cities and villages were regulated through corporate bodies, with which official functionaries were only occasionally associated. The usual male attire consisted of a dhoti, scarf and turban, but the warriors wore tunic or tight-buttoned coat and long boots. The women wore sari, a garment to cover the upper part, and a veil over the head. They also bedecked the different parts of their body with various items of jewellery, and were form-conscious, fond of cosmetics and refined in tastes. Life was generally gay, and the cities were beautifully planned and full of merchandise, edibles and entertainments.

The gradual evolution of the city defence-complex from the middle of the 2nd mill. B. C. to the middle of the 1st mill. A. D. may be observed at Kausambi as a result of the excavations of the rampart. The fort at Kara and the hillfort at Kalinjar are the typical examples of the post-Gupta fort architecture. The excavations at Kausambi have also revealed the evolution of the palace-complex in ancient India. The excavations at Kosam and Bhita also throw interesting side-light on building of private and public houses and market places. The stupas uncovered in the Ghositarama and the one at Bharhut, provide typical examples of the Buddhist stupas. The plan of the Ghositarama uncovered during the excavations at Kausambi shows a gradual evolution for over one thousand years and is the earliest most complete and preserved picture of a Buddhist monastic establishment. Among the typical examples of rock-cut architecture may be noted the Jain nishidya at Pabhosa datable early in the 2nd century B. C., the Buddhist cave-dwellings at Bandhogarh relating to the 2nd century A. D. and the Saiva shrine (Nilakantha Temple) at Kalinjar dating back to the Gupta period but finished in 1090 A. D. The typical examples of masonry temples are furnished by the Vaishnava temple at Garhwa and the Saiva temples at Barha Kotra and near Mau, all datable in the 12th-13th centuries A. D.

Of the sculptures, the Asokan pillars marked with lustrous polish are the earliest. The wide assortment of sculptures includes Jain Ayagapatta, asanapatta and images, Buddhist productions at Bharhut, tablet of homage, Bodhisattva images and Buddha images, Siva lingams and images of Siva-Parvati, and images of Vishnu and his incarnations, and of the Trinity of Gods, as well as the Krishna legends in relief, besides some miscellaneous objects of interest.

The terracotta, both figurines in round and mouldings in relief on plaques, have been found in large numbers, belonging to *c.* 1000 B.C. —A.D. 1000, mostly from Kosam and Bhita. They provide a fine mirror of society, and show a gradual evolution of the technique of clay modelling from early hand-made to mould-made and finally to hand-made with natural mouldings.

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute. Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

Ornaments were made of copper, bronze, gold, shell, glass, semi-precious stones and precious stones, but not of silver, as the available objects seem to suggest. A wide variety of ornaments were used by both men and women. Beads, which were used for various purposes, were made of shell, glass, coral, carnelian, topaz, agate, lapis-lazuli and gold, and were sometimes painted by means of a chemical process.

The coins found in the region include punch-marked coins of silver and copper, uninscribed cast coins, coins bearing the name of a city or a trade guild, and those bearing the name of a ruler. The names of most of the rulers of the post-Asoka and pre-Kanishka period, as also of the post-Kanishka and pre-Samudragupta period, are known only from these coins.

The seals and sealings of clay, semi-precious stone, metal and ivory have also been found in large numbers, often inscribed with the name of the owner and bearing certain symbols in the field. They range in time from *c.* 3rd century B.C. to 10th century A.D. and include religious, corporate, official and private seals which throw important sidelight on the political and cultural history.

More than a hundred inscriptions have also been found, dating from *c.* 260 B.C. to 1248 A.D., and they help solve many a problem in the history of not only Vatsa, but of India generally. The Ahraura Edict of Asoka has made it possible to correctly interpret his Minor Rock Edict I. His Schism Edict corroborates the literary accounts about his patronage of Buddhism. The Pabhosa Cave Inscriptions of Ashadhasena throw valuable light on the post-Asoka history of Northern India. The Yupa Inscription of Rajamitra indicates the performer of the Purushamedha at Kausambi. The Allahabad *prasasti* of Samudragupta is the only full account of that ruler's achievements. The inscription of Uddaladevi provides a most welcome clue to the identification of Rana Dalki-wo-Malki of the Muslim chroniclers. Lastly, the copper-plate grant of Lakshmana provides an interesting instance of the use of the Gahadavala era.

Taken as a whole, the Vatsa Janapada with its amazing variety of evidence, its pivotal position in political developments which were vital in shaping the political history of ancient India due to its peculiar geographical situation, its contribution to the growth of Indian religions, and its continuous efforts at enriching the cultural facets of Indian life from the very dawn of civilisation to the last days of our period under study, holds a place in Indian History which can be called distinguished and can well be envied by some of the other ancient Janapadas.

—

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

सार-संक्षेप

प्रस्तुत अध्ययन में उपलब्ध पुरातात्त्विक और साहित्यिक साक्ष्य के आधार पर मध्य-उत्तर भारत जो प्राचीन भारत में वत्स जनपद के नाम से अभिज्ञात था, के प्राग्-ऐतिहासिक काल से १३वीं शती ई० तक के राजनैतिक एवं सांस्कृतिक इतिहास को व्यवस्थित कर प्रस्तुत किया गया है।

वत्स जनपद भारतवर्ष के मध्यदेश में अवस्थित था और इसकी राजधानी यमुना नदी के उत्तरी तट पर स्थित कौशाम्बी नगरी थी जिसकी पहचान इलाहाबाद जिले के कोसम ग्राम से की जाती है। बौद्ध एवं जैन साहित्य तथा भास के नाटकों में प्राप्त ज्ञातव्य के अनुसार भारत के छठी शती ई० पू० के राजनैतिक मानचित्र के आधार पर यह प्रतीत होता है कि वत्स जनपद यमुना नदी के उभय तटों पर गंगा-यमुना दोआब के निचले भाग में स्थित था। दोआब में पश्चिम की ओर इसका प्रसार पांडु-गंगा और सेंगर-यमुना संगम तक था, और इसकी सीमाओं को उत्तर में गंगा, पूर्व में करमनासा, दक्षिण में सोन तथा पश्चिम में केन नदियां आवृत्त करती थीं। अक्षांश २४°४' व २६° २' उ० तथा देशान्तर ८०° व ८४° पू० के मध्य स्थित कानपुर देहात, फतेहपुर, इलाहाबाद, बांदा, मिर्जापुर, वाराणसी, गाजीपुर और रींवा के वर्तमान जिलों का अधिकांश भूभाग इसके अन्दर समाविष्ट था। कोसल, काशी, मगध, अंग, कलिंग, चेदि, अवन्ति, कुरु और पञ्चाल जनपद उसे प्रायः वृत्ताकार व्यूह में घेरे हुए थे और थल मार्गों एवं अन्तर्देशीय जल मार्गों द्वारा प्राचीन भारत के महत्त्वपूर्ण राजनैतिक एवं व्यापारिक केन्द्रों से इसका व्यवस्थित सम्पर्क था।

प्रायः गत सौ वर्षों में की गयीं खोजों के फलस्वरूप इस प्रदेश में ऐतिहासिक महत्त्व के लगभग एक-सौ स्थल प्रकाश में आ चुके हैं, और उन स्थलों से ऐसी काफी सामग्री मिली है जिसकी सहायता से इस प्रदेश के प्राचीन इतिहास का पुनर्निर्माण किया जा सकता है। कौशाम्बी और भीटा में बड़े पैमाने पर पुरातात्त्विक खुदाई की गई है और वहां खुदाई द्वारा ऐतिहासिक दृष्टि से अति मूल्यवान विविध सामग्री प्राप्त हुई है।

अब तक प्रकाश में आये प्राचीन स्थल यह सूचित करते हैं कि यह प्रदेश मानव के प्राचीनतम आवास-स्थलों में से एक था और यहां भारत की पूर्व-पाषाण युगीन, मध्य-पाषाण युगीन, नव्य-पाषाण युगीन एवं ताम्र-पाषाण युगीन सभ्यताओं का क्रमिक विकास हुआ था। यहां के ताम्र-पाषाण युगीन लोगों का पश्चिम भारत में बसे अपने समवर्तियों से भी सहज सम्पर्क था। पौराणिक अनुश्रुतियों से ऐसा प्रतीत होता है कि प्राचीन काल में वत्स प्रदेश प्रायः काशी राज्य के अधीन रहा। कौशाम्बी में प्रकाश में आया पुरातात्त्विक साक्ष्य यह सूचित करता प्रतीत होता है कि वत्सों की आर्य जाति यहां महाभारत युद्ध (१५वीं शती ई० पू०) के सौ-दो-सौ वर्ष पहले ही आकर बसी होगी।

हस्तिनापुर के विनाश के उपरान्त लगभग १३वीं-१२वीं शती ई० पू० में परीक्षित् के छठे वंशज कुरुराज निचक्षु ने कौशाम्बी को अपनी राजधानी बनाया और तत्पश्चात २३ अन्य कुरु राजाओं ने कौशाम्बी से ही राज्य किया जब तक कि उसका विलय मगध साम्राज्य में नहीं हो गया। उक्त राजाओं में से शतानीक द्वितीय और उसका पुत्र उदयन छठी शती ई० पू० में विद्यमान थे।

लौकिक संस्कृत साहित्य एवं जैन, बौद्ध तथा ब्राह्मणीय धार्मिक साहित्य में उदयन के व्यक्तित्व एवं कार्य-कलापों से सम्बन्धित कितने ही प्रसंग मिलते हैं। अवन्ति के राजा प्रद्योत की पुत्री वासवदत्ता के साथ उसके प्रणय की कथा प्राचीन भारतीय साहित्य में विशेष रूप से लोकप्रिय थी। उदयन लगभग ५५५ ई० पू० में सिंहासनारूढ़ हुआ प्रतीत होता है। तत्पश्चात ही उस समय विद्यमान राज्यों का विघटन तेजी से प्रारम्भ हो गया

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

और प्राय: एक दशक के भीतर ही वत्स के पूर्व में सर्वशक्ति-सम्पन्न मगध राज्य का उदय हुआ और पश्चिम की ओर उतने ही शक्तिशाली अवन्ति राज्य का। मगध-राज दर्शक की बहन के साथ उसका विवाह यह सूचित करता है कि वह अजातशत्रु के राज्यकाल की समाप्ति के बाद भी विद्यमान था। कौशाम्बी में किये गये उत्खनन यह प्रकट करते हैं कि उसके राज्यकाल में नगर प्राचीर तथा राजप्रासाद का पुनर्निर्माण किया गया था।

लगभग ४६७ ई० पू० में मगधराज महानन्दिन् ने वत्स के कुरु राजा को अपना करद राजा बना लिया प्रतीत होता है। ४२४ ई० पू० में उसके पुत्र महापद्म ने करद राजा की व्यवस्था भी समाप्त कर दी और वत्स प्रदेश को मगध साम्राज्य का प्रत्यक्ष अधीनस्थ एक प्रान्त ही बना लिया। मौर्यों के राज्यकाल में कौशाम्बी की नगर-प्राचीर एवं प्रासाद-प्राचीर का कौटिल्य द्वारा निर्णीत प्रणाली के अनुसार पुनर्निर्माण हुआ प्रतीत होता है। मौर्य सम्राट अशोक के शासनादेश यह भी सूचित करते हैं कि कौशाम्बी नगर के प्रशासक महामात्र पदवी के अधिकारी होते थे और उसकी द्वितीय रानी कालुवाकी ने इस नगर को अपना निवास-स्थान भी बना लिया था।

लगभग २३६ ई० पू० में अशोक की मृत्यु के तुरंत बाद ही मौर्य साम्राज्य विच्छिन्न होने लगा। सम्प्रति के राज्यत्व में कुछ समय के लिए मौर्यवंश की पाटलिपुत्र और उज्जयिनी शाखाओं का एकीकरण हो गया प्रतीत होता है परन्तु उसकी मृत्यु के बाद पुन: वे अलग-अलग हो गईं जिससे साम्राज्य के कुछ सेवकों को यह अवसर मिल गया कि वे अपनी स्वतन्त्र सत्ता स्थापित कर लें यथा मथुरा, अहिच्छत्रा, कौशाम्बी और युगशैल में, अथवा अपना प्रभाव बढ़ा लें जैसा कि विदिशा में सेनापति और विदर्भ में सचिव ने किया। विभिन्न अनुश्रुतियों एव मुद्रा सम्बन्धी साक्ष्य के समन्वय से ऐसा सूचित होता है कि सुवर्णगिरि प्रान्त में सातवाहन और उज्जयिनी प्रान्त में शुङ्ग मौर्यों के उतराधिकारी हुए, और यह भी कि मौर्य साम्राज्य के इन उत्तराधिकारियों का पाटलिपुत्र एवं कौशाम्बी से शायद ही कोई सम्बन्ध था। मथुरा, अहिच्छत्रा, अयोध्या एवं कौशाम्बी से प्राप्त सिक्कों के मित्र-नामान्त वाले राजाओं का शुङ्गों से सम्बन्ध स्थिर करने योग्य सुनिश्चित साक्ष्य अभी उपलब्ध नहीं है।

सम्प्रति की मृत्यु के उपरान्त लगभग २१९ ई० पू० में सुदेव द्वारा कौशाम्बी के स्वतन्त्र राज्य की स्थापना की गई प्रतीत होती है। सम्प्रति-पश्चात और कनिष्क-पूर्व काल में, जैसा कि सिक्कों और अभिलेखों से विदित होता है, २८ राजाओं ने इस राज्य पर शासन किया प्रतीत होता है। उनमें सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण बहसतिमित था। वह सम्भवत: मथुरा के नवोदित राजवंश का कुमार था और उसने अपने नाना अहिच्छत्रा के राजा के साथ मिलकर पाटलिपुत्र से मौर्य वंश का उच्छेद किया था तथा दूसरी शती ई० पू० के प्रारम्भ मे ही सुदेव के उत्तराधिकारी से कौशाम्बी छीन ली थी। एक अन्य महत्त्वपूर्ण राजा राजमित्र था जो पहली शती ई० पू० में विद्यमान था; उसने सात सोमयज्ञ किये थे जिनमें कौशाम्बी के उत्खनन में प्रकाश में आये श्येनचिति के अवशेषों से सम्बद्ध पुरुषमेध यज्ञ भी सम्भवत: सम्मिलित था।

७८ ई० में अपने राज्यारोहण के तुरंत बाद ही कुषाणवंशी राजा कनिष्क प्रथम ने पूर्व दिशा में विजय अभियान किया प्रतीत होता है और उसने कुछ समय कौशाम्बी में भी बिताया प्रतीत होता है। परन्तु हुविष्क के राज्यकाल के प्रारम्भ में संवत् ४० (११८ ई०) के पहले ही कौशाम्बी-वाराणसी क्षेत्र में अश्वघोष ने अपनी स्वतन्त्र सत्ता स्थापित कर ली प्रतीत होती है। एक दशक अथवा उसके कुछ ही बाद बघेलखंड प्रान्तर से भीमसेन ने आकर अश्वघोष को भी अपदस्थ कर दिया। कौशाम्बी तथा उसके निकटवर्ती प्रदेश पर भीमसेन के वंशजों, तथाकथित मघ राजों, का आधिपत्य तीसरी शती ई० के अन्त तक रहा। तत्पश्चात कुछ समय के

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection

लिए पद्मावती के नाग राजा गणेन्द्र का आधिपत्य रहा प्रतीत होता है और अन्ततः लगभग ३३० ई० में समुद्रगुप्त द्वारा आर्यावर्त्त युद्धों में विजय प्राप्त करने के समय यह प्रदेश श्रीरुद्र या रुद्रदेव के आधिपत्य में था।

समुद्रगुप्त द्वारा विजय किये जाने के पश्चात तोरमाण हूण द्वारा किये गये विनाश के अल्पकालीन अन्तराल को छोड़कर कौशाम्बी तथा निकटवर्ती प्रदेश गुप्त साम्राज्य के अन्तिम दिनों तक उसी का अंग बना रहा। यशोधर्मन् द्वारा गुप्त सत्ता की समाप्ति के पश्चात इस प्रदेश का भाग्य कान्यकुब्ज (कन्नौज) के राजवंशों के इतिहास के साथ जुड़ गया और यहां एक-दूसरे के बाद क्रमशः मौखरियों, हर्ष, यशोवर्मन्, आयुधों, गुर्जर-प्रतिहारों तथा गाहडवालों का आधिपत्य रहा। यशोवर्मन् के समय में कश्मीर के राजा मुक्तापीड़ का अभियान तथा प्रतिहारों एवं गाहडवालों के मध्य अन्तराल में कलचुरियों और पालों के अभियान अल्प-कालिक थे। १२वीं शती ई० के अन्त में तुर्कों द्वारा गाहडवाल सत्ता के समाप्त कर दिये जाने के उपरान्त १२४८ ई० तक जब कि यह प्रदेश अन्ततः दिल्ली के तुर्की सुलतानों के अधिकार में चला गया, कड़ा और कौशाम्बी के निकट अपने गढ़ों से राणक सामन्तों ने स्वातन्त्र्य समर जारी रखा। १०वीं शती ई० के द्वितीय चतुर्थांश में कालिंजर पर यशोवर्मन् द्वारा अधिकार कर लिये जाने के बाद कालिंजर का निकटवर्ती प्रदेश चन्देल राज्य का ही अंग बना रहा।

समुचित साहित्यिक एवं पुरातात्त्विक सामग्री उपलब्ध है जो यह सूचित करती है कि भारत के प्रधान धर्मों के विकास में वत्स प्रदेश का विशिष्ट योगदान रहा और वह यह भी संकेत करती है कि वहां अम्बा, यक्ष और नाग पूजा का प्रचलन भी था। निचक्षु द्वारा कौशाम्बी को अपनी राजधानी बना लिये जाने के बाद वैदिक विद्या की कोई पीठ भी वहाँ स्थापित हो गई प्रतीत होती है और वैदिक गुरु प्रोति कौसुरबिन्द औद्दालकि संभवतः उसी पीठ के स्नातक थे। कौशाम्बी में याज्ञिक कर्मकाण्ड के प्रचलन के स्पष्ट प्रमाण के रूप में श्येनचिति के अवशेष प्रकाश में आये हैं। ईस्वी सन् के प्रारम्भ के लगभग इस चिति का प्रयोग पुरुषमेध यज्ञ करने के लिए किया गया था। कोटिया में प्राप्त मेगालिथ भी किसी याज्ञिक क्रिया से ही सम्बन्धित प्रतीत होते हैं। इस प्रदेश में वैदिक कर्मकाण्ड एवं शैवमत के पारस्परिक समन्वय तथा शैवमत के नागपूजा से सम्बन्धों के प्रमाण भी मिले हैं। प्राप्त प्राचीनतम शिवलिंगों में से एक लिंग भीटा से मिला है। गढ़वा में प्राप्त वैष्णव अवशेष वैष्णव मत एवं शाक्तमत, राम-पूजा एवं कृष्ण-पूजा तथा वैष्णव मत एवं बौद्ध धर्म के बीच पारस्परिक समन्वय के संकेत सूचित करते हैं।

जैन पौराणिक अनुश्रुति में कौशाम्बी का बहुधा उल्लेख आता है, और महावीर के जीवन की कतिपय मुख्य घटनाओं के प्रसंग से भी इस नगर का उल्लेख आता है। महावीर के बाद के युग में भी यहां जैन गुरुओं का काफी आवागमन रहा, और ऐसा भी प्रतीत होता है कि जैनों के प्रारम्भिक साहित्य प्रणयन से भी इसका सम्बन्ध रहा।

बुद्ध ने वत्स प्रदेश में तीन वर्षावास किये थे। उनके कुछ महत्त्वपूर्ण प्रवचन भी यहीं हुए थे। विनय के कितने ही महत्त्वपूर्ण नियमों का हेतु भी कौशाम्बी का भिक्षु संघ ही था। बुद्ध के बाद भी लगभग एक हजार वर्ष पर्यन्त कौशाम्बी में स्थित घोसिताराम बौद्धधर्म का एक प्रमुख केन्द्र बना रहा। इस विहार के अवशेषों का उत्खनन १९५० ई० के दशक में किया गया है। कौशाम्दी के अतिरिक्त भीटा, देवरिया, मानकुंअर, अहरौरा, भारहुत और बान्धोगढ़ इस प्रदेश में बौद्ध धर्म के अन्य महत्त्वपूर्ण केन्द्र थे।

अब तक प्रकाश में आये पत्थर के विविध उपकरणों, मिट्टी के पात्रों और मिट्टी, पत्थर, धातु, अस्थि एवं शंख-सीपी के बने भांति-भांति के व्यंजनों की सहायता से इस प्रदेश के मानव सभ्यता के विकास के क्रम को जाना जा सकता है और यह भी देखा जा सकता है कि वर्तमान काल में भी उस संस्कृति के कौन से अंश प्रतिभासित हो रहे हैं। कौशाम्बी और सहजाति (भीटा) यहाँ के प्रमुख व्यापारिक केन्द्र थे तथा व्यापारियों के विभिन्न

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

वर्गों एवं कारीगरों व उत्पादकों की श्रेणियों के माध्यम से व्यापार की सुव्यवस्थित योजना थी। श्रेष्ठि सम्मानित थे। व्यवसायिक श्रेणियों तथा नगरों एवं ग्रामों के निगमों का संचालन पंचायती व्यवस्था के अनुसार होता था और उनके मामलों में राज्य के अधिकारियों का हस्तक्षेप यदा-कदा ही होता था। पुरुषों का परिधान सामान्यत: धोती, चादर (उत्तरीय) और पगड़ी (उष्णीष) थे परन्तु योद्धा लोग कसा बटनदार कोट और लम्बे जूते पहनते थे। स्त्रियां साड़ी पहनती थीं, अपने वक्ष पर अंगिया धारण करती थीं और सिर पर पल्ला ढंकती थीं। अपने शरीर के विभिन्न अंगों को वे विविध आभूषणों से अलंकृत करती थीं, शारीरिक सौष्ठव के प्रति सजग थीं, शृगार-प्रसाधनों की शौकीन थीं और उनकी रुचि परिष्कृत थी। जन-जीवन सामान्यत: आमोद-प्रमोदमय था। नगर सुनियोजित थे और उनमें व्यापारिक माल, भोज्य पदार्थों एवं मनोरंजन के साधनों की प्रचुरता थी।

कौशाम्बी में नगर-प्राचीर की खुदाई के परिणामस्वरूप लगभग द्वितीय सहस्राब्द ई० पू० के मध्य से प्रथम सहस्राब्द ई० के मध्य के बीच हुए नगर की किलेबन्दी के क्रमिक विकास का अनुमान लगाया जा सकता है। कड़ा का किला और कालिंजर का पहाड़ी किला गुप्त-पश्चात युग के दुर्ग-स्थापत्य के विशिष्ट उदाहरण हैं। कौशाम्बी में हुए उत्खनन से प्राचीन भारत में प्रासाद-स्थापत्य के विकास पर भी प्रकाश पड़ता है। कोसम और भीटा में की गई खुदाई से निजी एवं सार्वजनिक भवनों तथा बाजार-हाट के निर्माण की विधि पर भी प्रकाश पड़ा है। घोसिताराम के अवशेषों में प्रकाश में आये स्तूप तथा भारहुत का स्तूप बौद्ध स्तूप-स्थापत्य के विशिष्ट उदाहरण हैं। कौशाम्बी में खुदाई के फलस्वरूप घोसिताराम का जो नक्शा प्रकाश में आया है वह उक्त विहार के हजार वर्षों में हुए क्रमिक विकास को प्रकट करता है और यह बौद्ध विहारों का प्राचीनतम अत्यधिक पूर्ण एवं संरक्षित अधुनाज्ञात चित्र प्रस्तुत करता है। शैलकृत (चट्टान में काटकर बनाये गये) स्थापत्य के विशिष्ट उदाहरणों में लगभग दूसरी शती ई० पू० में निर्मित पभोसा स्थित जैन निषिद्या, दूसरी शती ई० में बनी बान्धोगढ़ स्थित बौद्ध आवास-गुफायें और गुप्त काल में निर्मित परन्तु १०९० ई० में अन्तिम रूप प्राप्त कालिंजर स्थित नीलकण्ठ मन्दिर के नाम से विख्यात शिवालय को गिना जा सकता है। ईंट-चूने से बने मन्दिरों के विशिष्ट उदाहरण गढ़वा का वैष्णव मन्दिर और बड़ा कोटरा में एवं मऊ के निकट स्थित शैव मन्दिर हैं जो सभी १२वीं-१३वीं शती ई० में निर्मित हैं।

मूर्ति कला के अवशेषो में चमकीली पालिश वाले अशोक के पाषाण स्तम्भ प्राचीनतम हैं। जैनों के आयाग-पट्ट, आसनपट्ट और मूर्तियां, बौद्धों के आर्यपट्ट, बोधिसत्त्व एवं बुद्ध की मूर्तियाँ तथा भारहुत से प्राप्त प्रस्तरांकन, शिवलिंग और शिव-पार्वती की मूर्तियां, विष्णु और उसके अवतारों की मूर्तियां, त्रिदेवों की मूर्तियाँ और कृष्ण की लीलाओं का प्रस्तरांकन इस प्रदेश में प्राप्त मूर्तिकला के विविध उदाहरण प्रस्तुत करते हैं।

विशेष रूप से कोसम और भीटा से लगभग १००० ई० पूर्व से १००० ई० के बीच निर्मित बहुत सी मृण्मूर्तियाँ मिली हैं जिनमें कुछ तो स्वत: पूर्ण मूर्तियाँ हैं और कुछ सांचे द्वारा बनाये गये पट्ट हैं जिन पर विविध आकृतियाँ अंकित हैं। ये मृण्मूर्तियाँ सामाजिक जीवन की सुन्दर झाँकी प्रस्तुत करती हैं। इनसे मिट्टी में मूर्ति ढालने की कला के क्रमिक विकास का भी परिचय मिलता है कि किस प्रकार प्रारम्भ में मूर्तियाँ हाथ से बनाई जाती थीं, फिर साँचे से बनाई जाने लगीं और अन्तत: हस्त-कौशल द्वारा स्वाभाविक गढ़न प्रदान की जाने लगी।

अब तक प्राप्त वस्तुओं से ऐसा प्रतीत होता है कि आभूषण तांबे, कांसे, सोने, शंख-सीपी, हाथी-दांत, कांच, मूल्यवान पाषाणों ओर रत्नों के बनाये जाते थे परन्तु चाँदी के नहीं बनाए जाते थे। विभिन्न प्रकार के आभूषणों का प्रयोग स्त्री और पुरुष दोनों ही करते थे। मनकों (गुरियों) का कितनी ही प्रकार से प्रयोग किया जाता था और

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute. Mululkote Collection

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

वे शंख-सीपी, कांच, मूँगा, कार्नेलियन, टोपाज, अगेट (सुलेमानी पत्थर), वैडूर्य (नीलम) और सोने के बनाए जाते थे तथा कभी-कभी रासायनिक प्रक्रिया द्वारा उन्हें चित्रित भी किया जाता था।

जो सिक्के इस प्रदेश में प्राप्त हुए हैं उनमें चाँदी व ताँबे के आहत (पंच-मार्क) सिक्के, बिना अभिलेख के ढले हुए सिक्के, नगर-निगम या श्रेणी के नाम से अंकित सिक्के तथा राजा के नाम से अंकित सिक्के सम्मिलित हैं। अशोक-पश्चात व कनिष्क-पूर्व तथा कनिष्क-पश्चात व समुद्रगुप्त-पूर्व युग के अधिकांश राजाओं का नाम केवल इन्हीं सिक्कों के माध्यम से ज्ञात हुआ है।

मिट्टी, जवाहिरातों, धातु और हाथी-दाँत की बनी बहुत सी मुद्राएं भी मिली हैं जिन पर प्रायः मुद्रा के स्वामी का नाम उत्कीर्ण है और कुछ चिह्न भी अंकित हैं। ये मुद्राएं लगभग तीसरी शती ई० पू० से १०वीं शती ई० तक की हैं और इनमें धार्मिक, नैगमिक, राजकीय एवं निजी, सभी प्रकार की मुद्राएं सम्मिलित हैं जो राजनैतिक एवं सांस्कृतिक इतिहास पर महत्त्वपूर्ण प्रकाश डालती हैं।

लगभग २६० ई० पूर्व से १२४८ ई० तक के एक-सौ से भी अधिक अभिलेख यहां मिले हैं जो वत्स के ही इतिहास की नहीं वरन् सम्पूर्ण भारतीय इतिहास की कितनी ही गुत्थियों को सुलझाने में सहायता प्रदान करते हैं। अशोक के अहरौरा से प्राप्त अभिलेख ने उसके प्रथम लघु शिलालेख का सही आशय स्पष्ट करने में सहायता दी है। उसके संघ भेद अभिलेख ने उसकी बौद्ध धर्म को संरक्षण प्रदान करने से सम्बन्धित साहित्यिक अनुश्रुतियों की पुष्टि की है। आषाढ़सेन के फ्भोसा की गुफा में उत्कीर्ण लेखों ने अशोक-पश्चात उत्तरी भारत के इतिहास पर महत्त्वपूर्ण प्रकाश डाला है। राजमित्र का यूप-अभिलेख कौशाम्बी में सम्पन्न पुरुषमेध यज्ञ के होने की सूचना देता है। समुद्रगुप्त की इलाहाबाद-प्रशस्ति ही उसके कार्यकलापों का एकमात्र पूर्ण विवरण प्रस्तुत करती है। मुसलमान इतिहासकारों द्वारा उल्लिखित राजा दल्कि-वो-मल्कि को चीन्हने के लिए उद्दलदेवी का अभिलेख एक अत्यन्त वांछनीय सूत्र प्रस्तुत करता है। लक्ष्मण का अभिलेख गाहडवाल संवत् के प्रयोग का एक अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है।

अपनी विविध प्रचुर सामग्री, भौगोलिक अवस्थिति से उद्भूत प्राचीन भारत के राजनैतिक इतिहास के निर्माण में अपनी आधारिक स्थिति, भारतीय धर्मों के विकास में अपने योगदान, और सभ्यता के प्रारम्भ से ही हमारे शोधाधीन समय के अन्तिम दिनों तक भारतीय जन-जीवन को समृद्ध करने के लिए अपने निरन्तर प्रयास के कारण समग्र दृष्टि से देखने पर भारतीय इतिहास में वत्स जनपद का अपना एक विशिष्ट एवं स्पृहणीय स्थान है।

——

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

Appreciation

The thesis is excellent. It is very well planned and admirably executed. It takes into account all the archaeological discoveries recently made as well as the researches made till now.

The material at the author's disposal and examined by him has enabled him to solve many a knotty problem as well as to modify some of the current views, adding at the same time much useful new information. He has presented the whole in a choronological sequence in an eminently readable manner.

The division into chapters, sub-headings and marginal titles is logical. It is at the same time helpful to the reader in following and remembering the facts presented.

It is a worthy piece of scholarship, a valuable addition to the existing literature on the subject and a distinct contribution to the history of Ancient India.

—Dr. B. Ch. Chhabra
formerly Joint Director-General of the Archaeological Survey of India, and Professor & Head of the Department of Ancient Indian History, Culture & Archaeology, Punjab University, Chandigarh

Interpretations of the facts are scientific. This is the first work in which the political and cultural history of the ancient Vatsa Janapada has been attemped in an exhaustive and critical manner.

—Porf. K. D. Bajpai
formerly Tagore Professor & Head of the Department of Ancient Indian History, Culture & Archaeology, University of Saugar, Sagar

A comprehensive work dealing with the history and culture of the region was a desideratum. The author has accomplished the task very creditably. It makes a valuable contribution to Indological Studies.

—Dr. R. K. Dikshit
formerly Professor & Head of the Department of Ancient Indian History and Archaeology, and Dean, Faculty of Arts, Lucknow University

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute. Mel...

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

समीक्षा

शोध-प्रबंध उत्कृष्ट है। यह बहुत सुनियोजित है और सराहनीय रुप से लिखित है। इसमें हाल में हुयी पुरातात्त्विक खोजों एवं अब तक हुयी शोधों का समाकलन किया गया है।

लेखक को जो सामग्री उपलब्ध थी और जिसका उन्होंने परीक्षण किया है उसने उन्हें बहुत सी ऐतिहासिक समस्याओं का समाधान करने में तथा प्रचलित धारणाओं को संशोधित करने में और साथ ही बहुत सी नयी एवं उपयोगी सूचनायें प्रस्तुत करने में सहायता दी है। उन्होंने अपने प्रबंध को एक कालानुक्रम तारतम्य में एवं अत्यंत पठनीय शैली में प्रस्तुत किया है।

अध्यायों में, उपशीर्षकों में एवं पार्श्व-शीर्षों में विभाजन युक्ति-युक्त है। साथ ही यह पाठक को जो तथ्य प्रस्तुत किये गये हैं उनका अनुसरण करने और उन्हें याद रखने में सहायक होता है।

यह विद्वत्ता का एक सुयोग्य उदाहरण है, विषय पर उपलब्ध साहित्य में एक उपयोगी सम्पूर्ति है और प्राचीन भारत के इतिहास में एक विशिष्ट योगदान है।

—डा० बहादुर चन्द छाबड़ा
भारतीय पुरातात्त्विक सर्वेक्षण के भूतपूर्व संयुक्त महानिदेशक, एवं पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़, के प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग के भूतपूर्व प्रोफ़ेसर एवं अध्यक्ष

तथ्यों का निर्वचन वैज्ञानिक है। यह पहला ग्रन्थ है जिसमें प्राचीन वत्स जनपद के राजनैतिक और सांस्कृतिक इतिहास का विवेचन समग्र रुप में एवं समीक्षात्मक शैली में किया गया है।

—प्रो० कृष्ण दत्त बाजपेयी
सागर विश्वविद्यालय, सागर, के प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग के भूतपूर्व टैगोर प्रोफ़ेसर एवं अध्यक्ष

इस क्षेत्र के इतिहास एवं संस्कृति पर एक विशद ग्रन्थ अपेक्षित था। लेखक ने यह कार्य बहुत ही सराहनीय ढंग से सम्पादित किया है। भारतीय विद्या के अध्ययन में यह एक महत्त्वपूर्ण योगदान है।

—डा० राम कुमार दीक्षित
लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्त्व विभाग के भूतपूर्व प्रोफ़ेसर एवं अध्यक्ष, तथा कला संकाय के भूतपूर्व अध्यक्ष

——

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

The Author

Dr. SHASHI KANT (b. 1932) had a brilliant academic career, winning S. Vardachariar Gold Medal and Dr. Radha Kumud Mookerji Endowment Scholarship in his University days, and excelling at the Public Service Commissions' examinations. He did M.A. in History in the first division and Diploma in Russian with distinction in 1953, and was awarded Ph.D. by the Lucknow University in 1969.

Since 1952 he has contributed a number of articles on historical and cultural subjects, and initiated discussions, in reputed journals, periodicals and newspapers, Indian as well as foreign, in English and Hindi; participated in seminars and workshops; and himself organised symposia and seminars.

His work – **The Hathigumpha Inscription of Kharavela and the Bhabru Edict of Asoka – A Critical Study**, published in 1971, was widely acclaimed and extensively reviewed in India as well as outside, and it finds a place in the curriculum of the Australian National University and the Magadha University. The only authoritative work on the subject, it has run out of print.

His other work – **Kausambi** (in Hindi), is also out of print.

Presently a Joint Secretary to the Government of Uttar Pradesh, he belongs to that minority of civil servants who combine scholarship with administration, and is a recipient of State honour. Under his direction the Itihasa-Manishi honour for eminent historians was instituted in 1979 by the Ananta-Jyoti Vidyapitha.

An erudite scholar, with a keen sense for sifting the right material, Dr. Shashi Kant combines the artifice of a researcher with fluidity of diction that makes the subject highly intelligible. He seldom sets his pen upon anything unless there is some thing original to contribute.

Address : Jyoti Nikunj, Charbagh, Lucknow–226019 (U.P., India)

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute. Mel

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

लेखक

डा० शशि कान्त (ज० १९३२ ई०) एक प्रखर विद्यार्थी थे और विश्वविद्यालय में अध्ययन के समय उन्हें श्रीनिवास वर्दाचारियर स्वर्णपदक तथा डा० राधा कुमुद मुकर्जी इन्डाओमेन्ट स्कालरशिप से सम्मानित किया गया था, और लोक सेवा आयोगों द्वारा आयोजित प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं में उन्होंने सफलता प्राप्त की थी। उन्होंने १९५३ में इतिहास विषय में एम०ए० प्रथम श्रेणी में और रुसी भाषा में डिप्लोमा विशेष योग्यता के साथ उत्तीर्ण किये थे, तथा लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा उन्हें १९६९ में पी-एच० डी० की उपाधि से सम्मानित किया गया था।

१९५२ से ही वह ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर लेख लिखते रहे हैं और उन्होंने लब्ध-प्रतिष्ठ भारतीय एवं विदेशी पत्र-पत्रिकाओं एवं समाचार-पत्रों में अंग्रेजी और हिन्दी में परिचर्चाओं का सूत्रपात किया है, विचारगोष्ठियों में भाग लिया है और स्वयं संगोष्ठियों एवं विचारगोष्ठियों को आयोजित किया है।

खारवेल के हाथीगुम्फा अभिलेख और अशोक के भाब्रू लेख के समीक्षात्मक अध्ययन पर १९७१ में उनकी पुस्तक अंग्रेजी में प्रकाशित हुयी थी जिसका विद्वत समाज में प्रभूत समादर किया गया और उसकी समीक्षायें भारत एवं बाहर की पत्र-पत्रिकाओं में विशद रुप से प्रकाशित हुयीं। यह पुस्तक आस्ट्रेलियन नेशनल यूनीवर्सिटी और मगध विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों में सम्मिलित है। अपने विषय पर प्रामाणिक यह ग्रन्थ अब अनुपलब्ध है।

उनकी दूसरी पुस्तक "कौशाम्बी" हिन्दी में प्रकाशित हुयी थी जो भी अब अनुपलब्ध है।

वर्तमान में वह उत्तर प्रदेश शासन में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं, और राज्य कर्मचारियों के उस अल्प समुदाय के हैं जो विद्वत्ता एवं प्रशासन का सहयोग करते हैं; उन्हें राज्य सरकार द्वारा सम्मानित भी किया गया है। उनके निर्देशन में विशिष्ट इतिहासकारों को सम्मानित करने हेतु इतिहास-मनीषी सम्मान का प्रारम्भ अनन्त-ज्योति विद्यापीठ द्वारा १९७९ में किया गया था।

सही सामग्री की छानबीन करने की दृष्टि से युक्त डा० शशि कान्त एक तीक्ष्ण विद्वान हैं जो शोधकर्त्ता की क्रिया के साथ शैली की सहजता को संयुक्त करते हैं ताकि विषय अधिकाधिक सुबोध बन सके। वह किसी विषय पर तभी लिखते हैं जब कुछ मौलिक योगदान अपेक्षित होता है।

पता : ज्योति निकुंज, चारबाग, लखनऊ–२२६ ०१९ (उ०प्र०, भारत)

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

अनन्त-ज्योति विद्यापीठ
Ananta-Jyoti Vidyapitha



उद्देश्य एवं कार्यक्रम	Objects and Programmes	42
विश्व-जिज्ञासा क्लब	Vishva-Jijnasa Club	46
कान्त बाल केन्द्र	Kant Bal Kendra	48
विद्वान-मनीषी अभिनन्दन	Felicitation of Scholars and Intellectuals	54
प्रवर समिति	Executive Committee	62

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute. Mulabagal

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

अनन्त-ज्योति विद्यापीठ

उद्देश्य एवं कार्यक्रम

लखनऊ नगर के कतिपय मनीषी चिन्तकों द्वारा वार्ता, चर्चा, एवं साहित्य के अनुशीलन के माध्यम से बौद्धिक जिज्ञासा की प्रवृत्ति को प्रेरित, व्यवस्थित और परिपुष्ट करने के उद्देश्य से २५ मार्च, १९६१ ई०, को **विश्व-जिज्ञासा क्लब** के नाम से एक गोष्ठी प्रारम्भ की गयी थी। इस गोष्ठी के अंतर्गत विभिन्न सामयिक और सांस्कृतिक विषयों पर चर्चायें तथा साहित्यिक संगोष्ठियां आयोजित की गयीं। २३ जुलाई, १९७० ई०, को **कान्त बाल केन्द्र** के नाम से एक बाल विद्यालय की स्थापना भी की गयी और उसमें इस बात पर विशेष आग्रह रखा गया कि हमारे बच्चे जागरूक नागरिक और उपयोगी मानव बन सकें, उनमें अपनी भाषा और संस्कृति के लिये गर्व हो, और नैतिक मूल्यों के प्रति अपेक्षित निष्ठा उनके चरित्र का सहज अंग बन जाये। जो भावना इन कार्यक्रमों को प्रारम्भ करने के पीछे थी, उसको एक सोद्देश्य संस्थागत रूप देने की दृष्टि से दिनांक ६ अक्तूबर, १९७१ ई०, को **अनन्त-ज्योति विद्यापीठ** के विधिवत गठन हेतु एक ज्ञापन तैयार किया गया और उसमें १५-सूत्रीय उद्देश्य स्थिर किये गये। यह ज्ञापन सोसाइटीज़ रजिस्ट्रेशन ऐक्ट के अधीन पंजीकरण हेतु समितियों के निबंधक, उत्तर प्रदेश, को प्रस्तुत किया गया और दिनांक २९ अक्बतूर, १९७१ ई०, को निबंधन सम्पन्न हुआ।

विद्यापीठ के विधिवत गठन के पश्चात शैक्षणिक एवं बौद्धिक कार्यक्रमों को एक सुनियोजित आयाम देने के लिये अनन्त-ज्योति विद्यापीठ प्रवर समिति निरंतर प्रयत्नशील रही है। विद्यापीठ के उद्देश्य विशद हैं, और वह शिशु स्तर से शोध स्तर तक के बौद्धिक क्रियाकलापों को आवृत्त करते हैं। संस्थापकों का यह मूल आग्रह है कि विद्यापीठ के क्रियाकलाप धन अथवा सत्ता से प्रभावित नहीं होंगे, और शिक्षा, शोध, चिन्तन, साहित्य एवं कला के क्षेत्र में राष्ट्रीय अपेक्षाओं एवं अंतर्राष्ट्रीय सद्भावना तथा विशुद्ध मानवीय मूल्यों के आधार से नये प्रतिमान प्रस्तुत करेंगे।

कान्त बाल केन्द्र के नाम से जो विद्यालय स्थापित किया गया है उसमें उपरोक्त भावना के परिप्रेक्ष्य में शिक्षा का माध्यम हिन्दी रखा गया है। अंग्रेजी भाषा अनिवार्य विषय है और उसका स्तर भी वही है जो तथाकथित अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों में होता है, परन्तु 'इंगलिश मीडियम' इस स्कूल में नहीं थोपा गया है। नैतिक शिक्षा, सुलेख, सांस्कृतिक अभिरुचि और स्वाभिमान एवं अनुशासन पर आग्रह है। यह संताप का विषय है कि जनता का वह वर्ग जो सम्पन्न है और स्वयं को प्रबुद्ध कहलाना चाहता है, शिक्षा के इस प्रकार के पक्ष में नहीं है वरन् वह अपने बच्चों को ऐसी संस्थाओं में भेजने के लिये आतुर रहता है जहां शुद्ध व्यवसायिकता के आधार पर और ऐसे वातावरण में शिक्षा दी जाती है जहां राष्ट्रीय चेतना तथा सांस्कृतिक मूल्यों का स्खलन होता है और अभिभावकों को अवहेलना एवं अवमानना भी सहनी होती है।

१२ फरवरी, १९७९ ई०, को विद्यापीठ द्वारा विद्वान-मनीषियों के अभिनन्दन का एक विशिष्ट कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। यह निश्चय किया गया कि इतिहास की शोध के साधक विद्वानों को **इतिहास-मनीषी** के सार्थक विशेषण से सम्मानित किया जाये और इतिहास-मंजूषा एवं शाल तथा श्रीफल भेंट करके उनका अभिनन्दन किया जाये। इस अभिनन्दन के लिये अर्हता के निम्नलिखित मापदण्ड निर्धारित किये गये: अभिनन्दनीय विद्वान भारतीय मनीषा के ऐसे विशिष्ट प्रतिनिधि हों जिनका समस्त जीवन इतिहास शोधन में लगा हो, जो

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

वयोवृद्ध हों, जिनका कृतित्व विशद भी हो और सारभूत भी हो, जिनका व्यक्तित्व प्रेरणादायक हो, और जो वृद्ध-वय में भी शोध कार्य एवं साहित्य साधना में स्वान्त: सुखाय लगे हों। इस योजना की विशिष्टता यह निर्धारित की गयी कि यह विद्वानों का विद्या-प्रेमियों द्वारा सम्मान किये जाने का आयोजन हो जिसमें धन और सत्ता के व्यामोह से परे विशुद्ध स्नेह और गुणानुराग का आधार हो। १२ फरवरी, १९७९ ई०, को प्रथम अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया और उसमें भारतीय इतिहास एवं संस्कृति के वयोवृद्ध अधिकारी विद्वान डा० ज्योति प्रसाद जैन और डा० राम कुमार दीक्षित को सम्मानित किया गया। १२ फरवरी, १९८२ ई०, को द्वितीय अभिनन्दन समारोह में प्रोफ़ेसर चरन दास चटर्जी, डा० बहादुर चन्द छाबड़ा और प्रोफ़ेसर कृष्ण दत्त बाजपेयी को सम्मानित किया गया।

विद्यापीठ के उद्देश्य मात्र इतिहास तक ही सीमित नहीं हैं, अत: प्रवर समिति द्वारा यह निश्चय किया गया कि अन्य विषयों के विद्वानों एवं अन्य मनीषियों को भी विद्यापीठ द्वारा सम्मानित किया जाना चाहिये तथा उदीयमान प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया जाना चाहिये। यह भी निश्चय किया गया कि भारतीय इतिहास और संस्कृति के प्रति समर्पित विदेशी विद्वानों का भी सम्मान किया जाये। तदनुसार इस वर्ष इतिहास-मनीषी-सम्मान के अतिरिक्त अन्य विशिष्ट मनीषियों का अपने-अपने क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियों के लिये अभिनन्दन किया जा रहा है और उदीयमान प्रतिभाओं की अभिशंसा की जा रही है, तथा दो विदेशी विद्वानों को भी सम्मानित किया जा रहा है।

विद्यापीठ के अभीप्सित भावी कार्यक्रम :—

१- इतिहास पर एक द्वैभाषिक (हिन्दी एवं अंग्रेजी) जर्नल का प्रकाशन जो वर्तमान में इतिहास विषयक किसी स्तरीय पत्रिका के अभाव को पूरा करने में उपयोगी हो; प्रस्तुत अंक उसका प्रवेशांक है।

२- भारतीय इतिहास, पुरातत्त्व, कला एवं संस्कृति से संबंधित शोध साहित्य की पंचवर्षीय संदर्भ-सूची का प्रणयन एवं प्रकाशन जो द्वैभाषिक (हिन्दी-अंग्रेजी) होगी और पांच वर्ष की निर्दिष्ट अवधि में प्रकाशित सम्पूर्ण सामग्री को संदर्भित करेगी।

३- इतिहास, संस्कृति, साहित्य, कला और पुरातत्त्व से सम्बंधित शोध प्रायोजनाओं पर मार्गदर्शन, जिसके लिये भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं तद्प्रभृति संस्थाओं से सम्बद्धता प्राप्त की जायेगी।

४- इतिहास-मनीषी विद्वानों के कृतित्व के वर्गीकृत संकलन का सम्पादन एवं प्रकाशन जिसके अन्तर्गत डा० ज्योति प्रसाद जैन के अंग्रेजी में शोध-पत्रों का संकलन सम्प्रति प्रकाश्य है।

५- शोध-परक ग्रन्थों का प्रणयन, सम्पादन और प्रकाशन जिसके अन्तर्गत निम्नलिखित ग्रन्थ सम्प्रति प्रकाश्य हैं : डा० शशि कान्त कृत— **संस्कृति के आयाम**, और A Critique on India, तथा उनके द्वारा सम्पादित- Mahavira-Jainism-Ahimsa; एवं डा० (श्रीमती) बीना जैन का शोध-प्रबन्ध- Guild Organisation in Northern India.

६- विद्यापीठ के उद्देश्यों के अनुरूप विद्यालयों का प्रसार जिसके अन्तर्गत गोमती-पार क्षेत्र में एक बाल विद्यालय विचाराधीन है।

——

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute. Mulabagal

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

ANANTA-JYOTI VIDYAPITHA
Objects & Programmes

An association under the name of Vishva-Jijnasa Club was started by some intellectuals of the city of Lucknow on March 25, 1961, with a view to promote, regulate and inspire intellectual curiosity through talks, discussions and studies. Discussions were held on various topical and cultural topics and literary sittings were also held. An infants' school under the name of Kant Bal Kendra was also set up on July 23, 1970, with the emphasis that our children may develop into awakened citizens and useful human beings, they should have legitimate pride in their language and culture, and sincerity to the moral values should be a natural part of their character. With a view to give a purposive institutional form to the objects underlying the initiation of these programmes a memorandum was prepared for the formal constitution of the Ananta-Jyoti Vidyapitha on Oct. 6,1971, and 15-point objects were defined in it. The memorandum was presented to the Registrar of Societies, Uttar Pradesh, for registration under the Societies Registration Act, and the society was duly registered on Oct. 29, 1971.

Since the formal constitution of the Vidyapitha, the Ananta-Jyoti Vidyapitha Executive Committee has been endeavouring to give a well organised form to its educational and intellectual programmes. The objects of the Vidyapitha are wide and they cover educational and intellectual activities from the infant stage to the research stage. The primary insistence of the founders is that the activities of the Vidyapitha will not be influenced by money or authority, and they will set new standards in the field of education, research, thought, literature and art on the basis of national requirements and international good-will, as also pure human values.

In view of the above objective the medium of education is Hindi and cultural environment is purely Indian in the school set up under the name of 'Kant Bal Kendra'. English is a compulsory subject and its standard is also similar to that in the so-called English medium schools but the English medium has not been imposed in this school. There is emphasis on moral education, hand-writing, cultural background, self-respect and discipline. It is a matter of concern that many of those who are well-off and deem themselves to be enlightened are not in favour of such education, instead they are eager to send their children to such institutions where education is imparted on purely commercial lines and in an atmosphere where national spirit and cultural values are dissipated and the guardians have also to suffer indifference and humiliation.

The Vidyapitha started a specific programme to felicitate scholars and intellectuals on Feb. 12, 1979. It was decided that the scholars devoted to research on history should be honoured with the meaningful appellation of Itihasa-Manishi and should be felicitated by presenting the Itihasa-Manjusha, shawl and coconut. The following criteria were laid down for eligibility : the scholar should be a distinguished representative of Indian

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

intelligentsia who has devoted all his life to research pertaining to history, who is elderly, whose work is vast as well as substantial, whose personality can be a source of inspiration, and who is engaged in research work and studies even at the elderly age for the very pleasure of it. The distinguishing feature of this programme was laid down that it should be an act of giving honour to the scholars by the lovers of learning on the basis of pure affection and appreciation of virtue, without being tainted with the power of money or authority. At the first felicitation programme held on Feb. 12, 1979, Dr. Jyoti Prasad Jain and Dr. Ram Kumar Dikshit, reputed authorities on Indian history and culture, were accorded this honour. At the second felicitation programme held on Feb. 12, 1982, Prof. Charan Das Chatterjee, Dr. Bahadur Chand Chhabra and Prof. Krishna Dutt Bajpai were accorded this honour.

The field of the Vidyapitha is not restricted to history alone and therefore the Executive Committee decided that scholars and intellectuals in other disciplines should also be honoured by the Vidyapitha and upcoming talents should be duly encouraged. It was also decided that foreign scholars devoted to the study of Indian history and culture, should also be honoured. Accordingly, this year, besides conferring the honour of Itihasa-Manishi, intellectuals in other disciplines are also being honoured for distinguished contribution in their respective field and new talents are being given appreciation for their specific achievements, and two foreign scholars are also being honoured.

The sought-after future programmes of the Vidyapitha are :—

1. Publication of a bilingual journal (Hindi and English) on History, which should make up for the deficiency of a standard journal on history; the instant issue is its introductory number.
2. Preparation and publication of quinquennial bibliography of Indian history, art, archaeology and culture; it will be in Hindi and English, and will give a reference index of all the published material during a specified period of 5 years.
3. Guidance on research projects pertaining to history, culture, literature, art and archaeology; affiliation will be sought from the Indian Council of Historical Research, University Grants Commission, and similar authorities.
4. Editing and publication of classified compilation of the works of scholars who are honoured as Itihasa-Manishi; to begin with, a collection of Dr. J. P. Jain's research papers in English will be published.
5. Preparation, editing and publication of research-oriented works; the following works will be shortly published :— 'संस्कृति के आयाम' and 'A Critique on India', written by Dr. Shashi Kant, and 'Mahavira-Jainism-Ahimsa', edited by him, and 'Guild Organisation in Northern India', the thesis of Dr. (Mrs.) Beena Jain.
6. Opening of schools in conformity with the Vidyapitha objectives; one more infants' school will be opened, preferably in the trans-Gomti area.

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

विश्व-जिज्ञासा क्लब

क्लब की प्रथम बैठक २५ मार्च, १९६१, को हुई थी। इसका उद्देश्य बौद्धिक जिज्ञासा को जागृत करना था और उसमें किसी भी विषय पर चर्चा किये जाने पर प्रतिबन्ध नहीं था। जिन वक्ताओं ने वार्तायें दी उनमें डा० श्यामलाल पाण्डेय, श्री अमृतलाल नागर, डा० हर्ष नारायन, डा० राम सुशील सिंह, डा० ज्योति प्रसाद जैन, श्री आनन्द झा, डा० (श्रीमती) सरला शुक्ला, कु० मालती चटपार, श्री ई० टी० पिन्च, श्री रामगोपाल, श्री श्रीराम श्रीवास्तव, फ़ादर लियो डिसूज़ा और डा० शशिकान्त उल्लेखनीय हैं। जिन विषयों पर चर्चा की गयीं उनमें निम्नलिखित विषय उल्लेखनीय हैं :

१- मातृभाषा के अतिरिक्त अन्य भारतीय भाषाओं को सीखने की आवश्यकता,
२- एकता की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि,
३- विविधता में एकता,
४- भारतीय संस्कृति का त्रैविध्य,
५- भारतीय संस्कृति में जैनधर्म,
६- भारतीय संस्कृति में सूफ़ी विचारधारा,
७- भारतीय भौतिकवाद,
८- उत्तरी सीमान्त के निर्धारक प्राचीन आश्रम,
९- वेश्यावृत्ति - कारण और निदान,
१०- नारी की अदृष्यता,
११- अहिंसा की उपादेयता,
१२- संयुक्त राज्य अमरीका में सामाजिक जनतंत्र,
१३- पाकिस्तान की समस्या,
१४- स्वास्थ्य चर्चा,
१५- नक्षत्रों का प्रभाव, और
भारत में उपलब्ध राजनैतिक विचारों के अध्ययन और वस्तुपरक मूल्यांकन तथा भारतीय राजनयिक विचारकों के काल-क्रमानुसार मूल्यांकन का कोई व्यवस्थित प्रयास नहीं किया गया था। डा० पाण्डेय ने सर्वप्रथम समस्त सामग्री का संकलन, विश्लेषण और मूल्यांकन एक वैज्ञानिक वस्तुपरक शैली में और कालक्रम के आधार पर भारतीय राजनीति शास्त्र प्रणेताओं पर अपने ग्रन्थ में किया है। अतीतकालीन मनु से लेकर १७ वीं शताब्दी के अनन्तदेव तक सभी भारतीय राजशास्त्र प्रणेताओं के राजनीतिक चिन्तन का समाकलन इस ग्रन्थ में किया गया है।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

उनके द्वारा विषय का प्रस्तुतिकरण मात्र शास्त्रीय नहीं है वरन् उन्होंने सामान्य पाठक के लिये भी विषय को सहज बनाने का प्रयास किया है। उनके ग्रंथ विद्वानों और विषय के गंभीर अध्येताओं के लिये महत्त्वपूर्ण संदर्भ-ग्रन्थ हैं। पुस्तकों के अतिरिक्त हिन्दी और अंग्रेजी में उन्होंने प्रायः ५५ शोध-पत्र/लेख विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित किये हैं। अपने अंग्रेजी के लेखों में उन्होंने हिन्दी के अपने मूल ग्रन्थों में प्राप्त निष्कर्षों को संक्षिप्त रूप से प्रस्तुत किया है। हिन्दी में वैज्ञानिक और वस्तुपरक शैली में इस विषय का प्रस्तुतिकरण डा० पाण्डेय की एक बहुत ही श्रेयपूर्ण उपलब्धि है।

डा० पाण्डेय का मार्गदर्शन अनन्त-ज्योति विद्यापीठ के शैक्षणिक और बौद्धिक कार्यक्रमों में प्रारम्भ से ही प्राप्त होता रहा। वह एक मनस्वी अध्येता, गहन चिन्तक और सौम्य व्यक्ति थे तथा लेखन-चिन्तन के क्षेत्र में उदीयमान प्रतिभाओं को सदैव प्रेरित और प्रोत्साहित करते थे। उन्हें इतिहास-मनीषी सम्मान से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया था परन्तु यह हमारा सौभाग्य नहीं रहा कि उनके जीवन-काल में उनका अभिनन्दन कर पाते। आज विद्यापीठ प्रवर समिति डा० पाण्डेय का मृत्योपरान्त इतिहास-मनीषी सम्मान से सत्कार करती है और उनकी पवित्र स्मृति के प्रति अपनी विनयावनत श्रद्धांजलि निवेदित करती है।

Dr. Shyam Lal Pandey

Dr. Pandey was born on June 9, 1906 A.D., in Village Pedahatha in the Hardoi district, and left for heavenly abode on Jany. 18, 1987 A. D., at Lucknow. He had his early schooling in the village. From secondary stage onwards he had his education at Lucknow, and he also made this city his abode. He did M. A. in History and also in Political Science, and also took Ph. D. and D. Litt. from the Lucknow University.

He entered the teaching profession in 1928 and from 1945 to 1965 he worked as principal of three Higher Secondary Schools. As a conscientious teacher he continued his pursuit of learning and his higher education attainments were supplementary to his teaching career.

He has rendered singular services to the cause of the National Language – Hindi. As a Member of the Court of the Lucknow University he moved the resolution that dissertations for doctorate may also be submitted in Hindi in subjects other than the languages. He himself presented his thesis for Ph. D. in Political Science in Hindi and the Executive Council of the University congratulated him for presenting the first thesis in Hindi in 1949. He was also awarded the Silver Jubilee Gold Medal for the best research work in that academic session. Again, he presented his thesis for D. Litt. in Hindi in the Department of Ancient Indian History and Archaeology in 1963, and was also awarded the Gopaldas Memorial Gold Medal for this work

He took up with missionary zeal the task of producing authentic works on Ancient Indian Polity in Hindi, and as a member of the Expert Committee appointed by the Government of India for drafting a lexicon in Hindi, he made valuable contribution as regards the terms relating to Political Science.

Besides his scholastic contribution, he also took active interest in the social, cultural and educational activities of the city, e. g., he was president of the Arya Samaj and member of the D. A. V. College and Balika Vidyalaya managing committees, and was also associated with the Geeta Satsang, Gandhi Bhawan and Ramayana Samiti.

CC-0. Bhagavad Ramanuja National R

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

There had not been a systematic effort to study and appraise the political thought in India and to make a chronological assessment of the Indian political thinkers. Dr. Pandey for the first time made a substantial effort to collect, analyse and appreciate all this material in a scientific objective style and on a chronological basis in his work on the Indian Political Thinkers. It seeks to cover the entire gamut of political thought from Manu of the hoary past to Anantadeva who lived in the 17th century A. D.

His presentation of the subject has been not mere pedantic, but he has tried to make the subject lucid for the lay reader as well, and his works are important reference books for scholars and serious students of the subject. Besides books, he also contributed some 55 papers in Hindi and English to different journals. In his papers in English he summed up his conclusions made in the original works which are all in Hindi. The presentation in a scientific and objective manner of this subject in Hindi is a very creditable achievement of Dr. Pandey.

The Ananta-Jyoti Vidyapitha had been receiving the guidance of Dr. Pandey in its educational and intellectual programmes from the very beginning. He was a serious student, a profound thinker and a gentleman who always inspired and encouraged the youngsters to think and write. It had been decided to confer on him the Itihasa-Manishi honour but it was not our privilege to felicitate him during his life-time. This day the Vidyapitha Pravara Samiti confers the Itihasa-Manishi honour on Dr. Pandey posthumously and pays its humble tributes to his sacred memory.

Works कृतियां

१- जनतंत्रवाद (रामायण महाभारत कालीन) (१९५०)
२- शुक्र की राजनीति (१९५२)
३- मनु का राजधर्म (१९५४)
४- भीष्म का राजधर्म (१९५५)
५- कौटिल्य की राज्य-व्यवस्था (१९५६)
६- भारतीय राजशास्त्र प्रणेता (१९६४)
७- वेदकालीन राज्य-व्यवस्था (१९७१)
८- वैदिक ऋषि
९- वैदिक ब्रह्मवादिनी
१०- कणिक

Select Opinions विशिष्ट अभिमत

"शुक्र की राजनीति" :- A study made for the first time with a balanced view and attempt to properly assess the material.

—Dr. Vasudev Sharan Agrawal

After the establishment of Indian Republic it has become necessary that not only the Indians but the world at large should be acquainted with the culture and multi-lateral progress of Ancient India. This book of Dr. Pandey is admirable in this respect.

—Dr. B. M. Sharma

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

डा० बहादुर चन्द छाबड़ा



डा० छाबड़ा का जन्म ३ अप्रैल, १९०८ ई०, को पेशावर के निकट कोहाट नामक स्थान (जो कि अब पाकिस्तान में है) में हुआ था। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा हाफ़िज़ाबाद, गुजरांवाला और हरीपुर हज़ारा में हुयी थी। उनकी उच्च शिक्षा पंजाब विश्वविद्यालय के अंतर्गत लाहौर कालेज, लाहौर, में हुयी थी। उन्होंने १९२६ में संस्कृत में शास्त्री परीक्षा सम्मान सहित उत्तीर्ण की, १९३० में हिन्दी में प्रभाकर परीक्षा सम्मान सहित उत्तीर्ण की तथा १९३१ में एम० ए० और एम० ओ० एल० की परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। १९३४ में डा० जे० पी० वोगेल के मार्गदर्शन में उन्होंने हालैन्ड के लीडेन विश्वविद्यालय से पी-एच० डी० की उपाधि प्राप्त की थी।

अगस्त १९३५ में उन्होंने भारतीय पुरातात्त्विक सर्वेक्षण में सेवा-योजन किया और उनकी प्रथम नियुक्ति ऊटकमण्ड में एसिस्टेन्ट सुपरिन्टेन्डेन्ट (एपिग्राफी) के पद पर हुई। १९६५ में सेवानिवृत्त होने तक वह क्रमशः सुपरिन्टेन्डेन्ट, गवर्मेन्ट एपिग्राफिस्ट और पुरातात्त्विक सर्वेक्षण के संयुक्त महानिदेशक के पदों पर पदोन्नत हुए। १९४९ में वह कुछ समय के लिए दि हेग में भारतीय दूतावास में सांस्कृतिक अटैची भी रहे। चंडीगढ़ स्थित पंजाब विश्वविद्यालय ने उन्हें प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति और पुरातत्त्व के विभाग का गठन करने के लिए १९६५ में आमंत्रित किया और चार वर्ष वह वहां पर प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष के रूप में कार्यरत रहे। उन्होंने काफी भ्रमण किया है और वह रोम विश्वविद्यालय के, इन्डोनेशिया के जकार्ता, बान्डुंग, सुर्बाया और डान पिसार विश्वविद्यालयों के, हवाई विश्वविद्यालय के, सेवेन सीज़ विश्वविद्यालय के और सान डीगो विश्वविद्यालय के विज़िटिन्ग प्रोफेसर रहे हैं।

अखिल भारतीय प्राच्य सम्मेलन के १९५५, १९६५ और १९७५ के अधिवेशनों में वह क्रमशः पुरातत्त्व एवं भारतीय इतिहास, वृहत्तर भारत और दक्षिण एशियाई अध्ययन प्रभागों के अध्यक्ष रहे। वह लीडेन के कर्न इन्स्टीट्यूट तथा पेरिस के एकोले फ्रान्काई द एक्सट्रीम-ओरिएन्ट के अवैतनिक संवाददाता और पांडिचेरी के अशोक मौर्य एण्ड पल्लव हिस्टॉरिकल ट्रस्ट के अवैतनिक निदेशक भी रहे।

शोध छात्र उनसे मार्गदर्शन प्राप्त करते रहे हैं और प्रायः एक दर्जन विद्यार्थियों ने उनके मार्ग-दर्शन में डॉक्ट्रेट की उपाधियाँ प्राप्त की हैं।

डा० छाबड़ा ने लगभग २०० लेख और शोध-पत्र अंग्रेजी, हिन्दी और संस्कृत में, पुरातत्त्व, पुरालेख, मुद्राशास्त्र, इतिहास और वृहत्तर भारत के सम्बन्ध में, भारत में तथा विदेशों में प्रकाशित पत्र-पत्रिकाओं में, प्रकाशित किए हैं। प्रमुख विषय पुरालेख और दक्षिण-पूर्व एशिया में भारतीय संस्कृति का प्रसार रहे हैं। पल्लव राज्यकाल में भारतीय संस्कृति के प्रसार पर शोध ग्रन्थ के अतिरिक्त उनका महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ गुप्त राजाओं के शिलालेखों पर है जो 'कॉरपस इन्स्क्रिप्टोनम इन्डीकेरम' के खण्ड तीन के पुनरीक्षित संस्करण के रूप में प्रकाशित हुआ है। उन्होंने संस्कृत में बहुत सी कविताएं लिखी हैं जिनका संकलन पुष्पहासः के नाम से प्रकाशित हुआ है।

एशियाटिक सोसाइटी, एपिग्राफिकल सोसाइटी ऑफ़ इन्डिया और सान डीगो की एपिग्राफिक सोसाइटी द्वारा वह फ़ेलो के रूप में सम्मानित हैं। ३ फरवरी, १९७९, को उन्हें ताम्रपत्र भेंट किया गया था तथा ८ अगस्त,

CC-0. Bhagavad P

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

१९७९, को पुरातत्त्व-विशारद की उपाधि उन्हें बंगलौर में प्रदान की गयी थी। उन्हें १९८४ में उनके मित्रों और प्रशंसकों द्वारा "स्वस्ति श्री" अभिनन्दन ग्रन्थ भेंट किया गया था।

डा० छाबड़ा का भारतीय विद्या के अध्ययन में योगदान बहुत ही सारभूत रहा है जो विषय के गम्भीर अध्येताओं को नयी दिशा प्रदान करता है। संस्कृत के प्रति उनका अनुराग और एक पुरालेखविद् के रूप में उनका दीर्घकालीन अनुभव उनके लेखन को विशिष्ट प्रामाणिकता प्रदान करते हैं। अनन्त-ज्योति विद्यापीठ का यह सौभाग्य था कि उसके द्वारा उन्हें १२ फरवरी, १९८२, को इतिहास-मनीषी सम्मान से सम्मानित किया गया। वह अभी भी साहित्य साधना में संलग्न हैं। वह एक विनयशील व्यक्ति हैं और जैसा कि सभी महान विद्वानों का स्वभाव है उन्हें उक्त सम्मान स्वीकार करने में संकोच था जो कि उनके द्वारा निम्नलिखित श्लोक में निवेदित है:

केयंरीतिमीषामधमासत्कारहतकानाम् ।
उपदीसन्ति मनुष्यं यदास्यतेषुस्पृहानास्ति ।।

पता : पी-६, हौज खास एन्क्लेव, नई दिल्ली–११० ०१६

Dr. B. Ch. Chhabra

Dr. Chhabra was born on April 3, 1908 A. D., at Kohat near Peshawar (now in Pakistan). He had his early education at Hafizabad, Gujranwala and Haripur Hazara. He had his higher education at the Lahore College, Lahore, under the Punjab University. He did Shastri in Sanskrit, with honours, in 1926, Prabhakar in Hindi, with honours, in 1930, and M. A. and M. O. L. in 1931, with first position. He did Ph.D. in 1934 from the State University of Leyden, Holland, under the guidance of Dr. J. Ph. Vogel.

He joined the Archaeological Survey of India in August 1935 as Assistant Superintendent (Epigraphy) at Ootacamund, and rose to the positions of Superintendent, Government Epigraphist of India, and Joint Director-General of the A. S. I. before he retired in 1965. He also served as Cultural Attache in the Embassy of India at The Hague in 1949. He was called by the Punjab University at Chandigarh to organise its Department of Ancient Indian History, Culture and Archaeology in 1965 and worked there for four years as Professor and Head of the Department.

He has widely travelled and has been Visiting Professor to the University of Rome, Universities of Djakarta, Bandung, Surabaya and Dan Pisar in Indonesia, University of Hawaii, University of the Seven Seas and University of San Diego (U. S. A.).

He had been President of the Archaeology and Indian History, Greater India and South-East Asian Studies, sections of the All India Oriental Conference in 1955, 1965 and 1975 respectively. He was also honorary correspondent of the Kern Institute, Leiden (Holland), and the Ecole Francaise D' Extreme-Orient, Paris (France). He was honorary Advisor of Shri Jaya-Chamarajendra Art Gallery, Mysore, and honorary Director of the Asoka Maurya and Pallava Historical Trust, Pondicherry.

Research scholars have been receiving his guidance and more than a dozen scholars have received Doctorate degrees.

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

Dr. Chhabra has contributed nearly two hundred articles and research papers in English, Hindi and Sanskrit, on Archaeology, Epigraphy, Numismatics, History and Greater India in journals and periodicals published in India and abroad. His major contribution is in the field of epigraphy and expansion of Indian culture in South-East Asia. Besides the **Expansion of Indo-Aryan Culture During Pallava Rule**, his major contribution is the revised edition of the **Corpus Inscriptionum Indicarum Volume III (Inscriptions of the Early Guptas).** He has composed several poems in Sanskrit and they are collected in the **Pushpahasah.**

Dr. Chhabra has been conferred the fellowship by the Asiatic Society, the Epigraphical Society of India and the Epigraphic Society of San Diego. On Feb. 3, 1979, he was presented a Copper-Plate and on August 8, 1979, was conferred the title of Puratattva-Visharada at Bangalore. He was presented the Felicitation Volume Svasti Sri by his friends and admirers in 1984.

The contribution of Dr. Chhabra in the field of Indological studies has been very substantial, which gives new direction to the serious students of the subject. His love for Sanskrit and his life-long experience as an epigraphist have invested his contributions with authenticity. It was the privilege of the Ananta-Jyoti Vidyapitha to confer on him the **Itihasa-Manishi** honour on Feb. 12,1982. He is still active with his literary pursuits. He is a modest man and was shy of accepting the honour, as do all great man of learning.

Address : P-6, Hauz Khas Enclave, New Delhi-110 016

Important Publications महत्त्वपूर्ण कृतियां

1- Expansion of Indo-Aryan Culture during Pallava Rule (as evidenced by inscriptions) (enlarged edition, 1965)
2- Antiquities of Chamba States (Vol. II)
3- Diplomatic of Sanskrit Copper-plate Grants
4- An Anthology of Sanskrit Inscriptions
(साहित्यरत्नकोशे अभिलेखसंग्रहः)
5- Bhojacharita of Sri Rajavallabha (edited jointly with S. Sankara-Narayanan with English introduction, notes and appendices)
6- Museums and Democracy
7- Epigraphia Indica, Volumes XXVI & XXVII (edited and prepared indices)
8- Annual Reports on Indian Epigraphy for 1945-1946, 1946-47 and 1947-48
9- Inscriptions of the Early Guptas (revised Vol. III of the Corpus Inscriptionum Indicarum) (Collab. Dr. D. R. Bhandarkar and G. S. Gai) (1982)
10- Catalogue of the Gupta Gold Coins in the National Museum, New Delhi (1986)
11- पुष्पहासः (Anthology of Sanskrit poems) (1985)
12- लोकोक्तियाँ और मुहावरे (हिन्दी)

CC-0. Bhagavad Ramanuja National R

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

डा० राम कुमार दीक्षित

डा० दीक्षित का जन्म १३ मई, १९०८ ई०, को पेशावर (जो अब पाकिस्तान में है) में हुआ था और वह ५ दिसम्बर, १९७९ ई०, को लखनऊ में दिवंगत हुए। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा पेशावर में हुयी थी तथा माध्यमिक स्तर से आगे की समस्त शिक्षा लखनऊ में हुयी। १९३३ में उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से इतिहास विषय में एम० ए० की परीक्षा प्रथम श्रेणी में प्रथम स्थान पर उत्तीर्ण की तथा गोपाल चन्द्र मुकर्जी स्वर्ण-पदक अर्जित किया और एल-एल० बी० की परीक्षा भी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। उक्त विश्वविद्यालय द्वारा १९५३ में उन्हें पी-एच० डी० की उपाधि प्रदान की गयी तथा गोपालदास स्मारक स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। वह १९३३-३६ में लखनऊ विश्व-विद्यालय के इतिहास विभाग में रिसर्च फ़ैलो रहे, तत्पश्चात बीकानेर स्थित डूंगर कालेज में १९३६-४० में प्राध्यापक रहे, १९४०-४१ में लखनऊ विश्वविद्यालय में अस्थायी प्रवक्ता रहे, और १९४१-४३ में कानपुर में कान्यकुब्ज इण्टर कालेज के वाइसप्रिंसिपल रहे।

१९४३ में उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय में अध्यापन प्रारम्भ किया और इतिहास विभाग में प्राचीन भारतीय इतिहास के प्रवक्ता के पद पर नियुक्त हुए, तथा १९५५ में रीडर के पद पर प्रोन्नत हुए। १९५८ में वह प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्त्व विभाग में प्रोफ़ेसर एवं अध्यक्ष नियुक्त किये गये, तथा १९६८-७० में वह कला संकाय के अध्यक्ष भी रहे। १९७० में अधिवर्षता प्राप्त करने के पश्चात् विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा उन्हें तीन वर्ष के लिये रिसर्च प्रोफेसर नियुक्त किया गया।

उनके मार्गदर्शन में १७ शोध-छात्रों ने पी-एच० डी० की उपाधि और तीन ने डी० लिट्० की उपाधि प्राप्त की।

वह शैक्षणिक क्रिया-कलापों से सक्रिय रूप से सम्बद्ध थे और यू० पी० हिस्टॉरिकल सोसाइटी के १९५४ से १९७९ तक अवैतनिक सचिव रहे। वह मध्य प्रदेश इतिहास परिषद के संस्थापक भी थे तथा गोरखपुर अधिवेशन में आल इण्डिया न्यूमिस्मेटिक कान्फ्रेन्स के अध्यक्ष निर्वाचित किये गये थे। वह उ० प्र० संग्रहालय परामर्शदात्री परिषद, उ० प्र० राज्य पुरातत्त्व परामर्शदात्री परिषद, उ० प्र० मुद्रा समिति, सेन्ट्रल एडवाइज़री बोर्ड ऑफ आर्कलॉजी, भारत सरकार की वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली की स्थायी समिति, इण्डियन हिस्ट्री कांग्रेस, न्यूमिस्मेटिक सोसाइटी ऑफ़ इण्डिया, और आल इण्डिया ओरिएन्टल कान्फ्रेन्स, के सदस्य थे।

डा० दीक्षित ने शताधिक लेख एवं शोध-पत्र प्रकाशित किए थे और कुछ महत्त्वपूर्ण पुस्तकें भी लिखी थी। कन्नौज और कुशीनगर पर उनकी लघु-पुस्तिकायें तथा सह-लेखन में लिखित उत्तर प्रदेश के बौद्ध केन्द्रों का परिचय, सूचनावर्धक है। उनका वृहद् शोध-ग्रन्थ जेजाकभुक्ति के चन्देलों के इतिहास पर है और दो भागों में है। भाग-एक में राजनैतिक इतिहास पर प्रकाश डाला गया है तथा भाग-दो में प्रशासन एवं संस्कृति पर। अपनी मृत्यु के दिन तक वह कार्यरत थे और स्मृति ग्रन्थों में राजनैतिक व्यवस्था के ऊपर ग्रन्थ का प्रणयन कर रहे थे।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

डा० दीक्षित एक स्नेहशील अध्यापक थे जो सदैव ही अपने विद्यार्थियों को अध्ययन और लेखन के लिए प्रोत्साहित करते थे। उनकी पाठन शैली चित्रात्मक एवं रोचक थी ताकि जिज्ञासु विद्यार्थी की अभिरुचि प्रतिमा शास्त्र तथा प्राचीन भारतीय स्मारक और भूगोल जैसे शुष्क विषयों में जागृत हो सके। यह अनन्त-ज्योति विद्यापीठ का सौभाग्य था कि वह १२ फरवरी, १९७९, को उन्हें इतिहास-मनीषी सम्मान से सम्मानित कर सकी। यह दुःख की बात है कि वह अब हमारे बीच नहीं हैं। विद्यापीठ प्रवर समिति उनकी स्मृति के प्रति अपनी विनम्र श्रद्धांजलिनिवेदित करती है।

उनके एक शिष्य, श्री रमाकान्त जैन, के उनके मृत्यु-दिवस पर उद्गार :—

आज एक इतिहास-मनीषी स्वयं इतिहास हो गया।
कल तक जो वर्तमान था आज अतीत हो गया।
किन्तु क्या हम उसे भुला बैठेंगे ?
उसकी स्मृति को बिसरा बैठेंगे ?
नहीं, नहीं, यह इतना आसान नहीं हैं।
उनकी सौम्य स्नेह मूर्ति मन मन्दिर में प्रतिष्ठित रहेगी,
इतिहास अध्ययन की सतत प्रेरणा देती रहेगी।
राम की तरह "राम कुमार" अमर होंगे इतिहास में,
"राम" की ज्ञान ज्योति जगती रहेगी संसार में।

Dr. R. K. Dikshit

Dr. Dikshit was born on May 13, 1908 A. D., at Peshawar (now in Pakistan), and left for heavenly abode on Dec. 5, 1979 A. D., at Lucknow. He had his early education at Peshawar, but from the secondary stage onwards all his education was done at Lucknow. He did M. A in History in first division with first position, winning Gopal Chandra Mookerjee Gold Medal, and also LL. B. in the first division, in 1933, from the Lucknow University. He was also awarded the degree of Ph. D. in 1953 by that University and was also presented the Gopal Das Memorial Gold Medal for his thesis.

He was a Research Fellow in the Department of History in the Lucknow University during 1933-36, then a teacher in the Doongar College at Bikaner during 1936-40, a temporary lecturer in the Lucknow University during 1940-41, and Vice-Principal, Kanyakubja Inter College, Kanpur during 1941-43, before he finally joined the Lucknow University teaching faculty in 1943.

In 1943 he was appointed Lecturer of Ancient Indian History in the Department of History, and was promoted as Reader in 1955. In 1958 he was appointed Professor and Head of the Department of Ancient Indian History and Archaeology, and was also Dean, Faculty of Arts. during 1968-70. On his superannuation in 1970 he was appointed Research Professor by the Univerity Grants Commission for three years.

Under his guidance 17 scholars got Ph. D. and 3 got D. Litt.

CC-0. Bhagavad Ramanuja N...

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

He was actively associated with academic activities, and was Honorary Secretary of the U.P. Historical Society from 1954 to 1979. He was also the founder of the Madhya Pradesh Itihasa Parishad, and was elected President of the All India Numismatic Conference at its Gorakhpur session. He was also a member of the U. P. Museums Advisory Board, U. P. State Archaeological Advisory Board, U. P. Numismatic Committee, Central Advisory Board of Archaeology, Standing Committee on Scientific and Technical Terminology (Government of India), Indian History Congress, Numismatic Society of India, and All India Oriental Conference.

Dr. Dikshit had written more than a hundred articles and research papers, and some important books. His monographs on **Kannauj** and **Kushinagar**, in Hindi, and **Buddhist Centres in Uttar Pradesh** (Co-authored), are informative. His *magnum opus* **The Candellas of Jejakabhukti** is in two parts, Part I dealing with Political History and Part II, with Administration and Culture. At the time of his death he was still working on the **Political System in the Smritis**.

Dr. Dikshit was an affectionate teacher who always encouraged his students to study and write. His method of teaching was illustrative and interesting so that the student could develop interest in such obtruse subjects as Iconography, Ancient Indian Monuments and Geography.

It was the privilege of the Ananta-Jyoti Vidyapitha to confer the honour of Itihasa-Manishi on him on Feb. 12, 1979. It is sad that he is no longer with us. The Vidyapitha Pravara Samiti takes this opportunity to pay its humble tributes to his sacred memory.

——

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

डा० ज्योति प्रसाद जैन



डा० जैन का जन्म ६ फरवरी, १९१२ ई०, को उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के ग्राम ख्वाजा नगला में हुआ था। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा मेरठ में हुयी और उच्च शिक्षा मेरठ तथा आगरा में। उन्होंने १९३३ में सेंट जान्स कालेज, आगरा, से बी०ए० की परीक्षा उत्तीर्ण की और मेरठ कालेज, मेरठ, से १९३५ में एल-एल० बी० की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की तथा १९३६ में इतिहास एवं राजनीति शास्त्र विषय में एम० ए० की परीक्षा प्रथम स्थान पर उत्तीर्ण की। यह दोनों कालेज आगरा विश्वविद्यालय के अंतर्गत थे। १९५६ में आगरा विश्वविद्यालय ने प्राचीन भारत के इतिहास के जैन स्रोतों पर उनके शोध-प्रबंध पर उन्हें पी-एच० डी० की उपाधि प्रदान की।

उन्होंने विविध प्रकार के व्यवसाय किये यथा वकालत, अध्यापन, व्यापार और राजकीय सेवा, परन्तु अध्ययन, शोध तथा लेखन के प्रति उनका उत्साह कभी भी कम नहीं हुआ। उनके अध्ययन का क्षेत्र जैनविद्या के संदर्भ से भारतीय विद्या रहा है और वह इतिहास, संस्कृति, साहित्य, कला, धर्म और दर्शन को आवृत्त करता है। वह प्रारम्भ से ही सामाजिक कार्य के प्रति आकृष्ट हो गये थे और १९२८ में कांग्रेस सेवा दल की सदस्यता स्वीकार कर राष्ट्रीय आंदोलन में सम्मिलित हो गये थे। १९३१ में असहयोग आंदोलन के बाद उन्होंने अपना ध्यान पूरी तरह अध्ययन की ओर लगाया क्योंकि राष्ट्रीय आन्दोलन के लिये ज्ञान और शिक्षा को प्रथम प्राथमिकता दिया जाना अभीष्ट था। उन्होंने पुन: राजनीति की ओर ध्यान नहीं दिया परन्तु अपने समय और शक्ति को समाज सुधार के आंदोलनों में लगाया। राष्ट्र भाषा हिन्दी के प्रति उनका प्रेम और उसको समृद्ध करने के लिये उनके प्रयास कभी भी शिथिल नहीं हुये, उसके बाद से जब कि वह आगरा में हिन्दी प्रचारिणी सभा के संपर्क में आये थे और उन्होंने १९३२ में हिन्दी साहित्य सम्मेलन की साहित्य-विशारद परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की थी।

१९५८-७२ में उत्तर प्रदेश के डिस्ट्रिक्ट गज़ेटियर्स के संकलन अधिकारी एवं उपसम्पादक के रूप में उन्होंने गज़ेटियर्स की रूपरेखा सुनिश्चित की और प्राय: १५ गज़ेटियर्स के इतिहास - अध्याय को स्वयं ही लिखा।

वह बहुत सी अखिल भारतीय सामाजिक, सांस्कृतिक और शोध संस्थाओं से सम्बंधित रहे हैं। वह भारतीय ज्ञानपीठ मूर्ति देवी ग्रंथमाला के सम्पादक हैं, भारतीय ज्ञानपीठ के न्यासी सदस्य हैं, वैशाली के प्राकृत शोध संस्थान के पार्षद हैं और वाराणसी के श्री स्याद्वाद महाविद्यालय के उपाध्यक्ष हैं। वह तीर्थंकर महावीर स्मृति केन्द्र समिति के संस्थापक सदस्य हैं और उसकी कार्यकारिणी के सदस्य तथा उसके शोध कार्यक्रमों एवं पुस्तकालय के निदेशक हैं। अपने स्वयं के पुस्तक-संग्रह की व्यवस्था तथा साहित्यिक कार्यक्रमों के व्यवस्थित संचालन के लिये उन्होंने स्वयं भी एक ट्रस्ट बनाया है। शोध छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान करने में वह सदैव ही तत्पर रहते हैं और कितने ही छात्रों ने अपने शोध कार्य में उनका मार्गदर्शन एवं सहायता प्राप्त की है।

भारतीय विद्या के क्षेत्र में उनके विद्वत्तापूर्ण योगदान के लिये ७ फरवरी, १९५७, को लखनऊ में श्री जैन धर्म प्रवर्द्धिनी सभा द्वारा उनका सार्वजनिक अभिनन्दन किया गया था। पुन: अखिल विश्व जैन मिशन के भोपाल अधिवेशन में इतिहास-रत्न की मानद उपाधि से उनका २९ अप्रेल, १९५८, को सम्मान किया गया था

CC-0. Bhagavad Ramanuja M...

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

और १९७४ में श्री वीर निर्वाण भारती द्वारा मेरठ में उनको विद्यावारिधि की उपाधि प्रदान की गयी थी। १४ दिसम्बर, १९८६, को दिल्ली में अहिंसा इन्टरनेशनल द्वारा उन्हें डिप्टीमल जैन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वह कितनी ही अखिल भारतीय संस्थाओं के सदस्य हैं जैसे कि दिगम्बर जैन परिषद, जैन महासमिति और जैन मिलन, तथा विभिन्न स्थानीय संस्थाओं से सम्बद्ध हैं।

उन्होंने एक सहस्त्र से भी अधिक लेख तथा शोध पत्र हिन्दी और अंग्रेजी में, भारत में और भारत के बाहर प्रकाशित किये हैं, और आकाशवाणी और दूरदर्शन से प्रसारण किये हैं। उन्होंने ८० से भी अधिक पुस्तकों का प्रणयन किया है, जिनमें से कुछ बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। उनका प्रथम लेख १९३२ में जब वह विद्यार्थी ही थे, प्रकाशित हुआ था। १९५४ से १९८३ तक जैन संदेश के शोधांक का उन्होंने सम्पादन किया और ५१ शोधांक प्रकाशित किये। वह अभी भी क्रियाशील हैं और दी 'जैना एन्टीक्वेरी/जैन सिद्धान्त भास्कर के सम्पादक हैं तथा उनके सम्पादकत्व एवं निर्देशन में लखनऊ से एक त्रैमासिक शोध-पत्रिका **शोधादर्श** भी प्रकाशित की जा रही है।

भारतीय इतिहास और संस्कृति तथा इतिहास के जैन स्रोत और जैन धर्म पर डा० जैन एक अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा के अधिकारी विद्वान हैं। प्राचीन भारतीय इतिहास के जैन स्रोतों पर उनका अकेला प्रामाणिक ग्रन्थ है और विद्वत् जगत में उस का प्रभूत समादर किया गया है। उनका दूसरा महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ **भारतीय इतिहास : एक दृष्टि** है जो भारतीय इतिहास के अध्ययन को दक्षिण भारत के प्रति और बौद्ध एवं ब्राह्मणीय स्रोतों के अतिरिक्त अन्य स्रोतों के प्रति न्याय करके नया आयाम प्रदान करता है। जैनों के धर्म एवं संस्कृति पर अंग्रेजी में उनकी पुस्तक बहुत ही लोकप्रिय हुयी है और उसके तीन संस्करण समाप्त हो गये हैं।

उनके आशीर्वाद से ही विभिन्न बौद्धिक और शैक्षणिक कार्यक्रम प्रारम्भ किये गये थे जिन्होंने बाद को अनन्त-ज्योति विद्यापीठ के रुप में संस्थागत स्वरूप धारण किया। एक विद्वान के रूप में गहन, एक शोधक के रुप में वस्तु-परक और चिन्तक के रुप में प्रगतिशील परन्तु पारम्परिक दृष्टिकोण से विच्छिन्न नहीं, ज्ञान के कोष में डा० जैन का योगदान बहुतों के लिए स्पृहा अपितु प्रेरणा का स्रोत है। वह विद्यापीठ के अध्यक्ष हैं और उसके मार्गदर्शक हैं। विद्यापीठ प्रवर समिति ने अपने प्रथम अभिनन्दन समारोह में १२ फरवरी, १९७९, को उन्हें इतिहास-मनीषी सम्मान से सम्मानित करने का निश्चय किया था और पर्याप्त संकोच के पश्चात वह इसके लिये तैयार हुए थे।

डा० जैन की कृतियों की एक संदर्भसूची फरवरी १९७९ में **डा० ज्योति प्रसाद जैन कृतित्व परिचय** पुस्तक में प्रकाशित की गयी थी और पंचवर्षीय अनुपूरक १९८४ में प्रकाशित किया गया था। ६ फरवरी, १९८७, को उनके अमृत महोत्सव पर प्रकाशित **पुष्पांजलि** में एक अर्धशताब्दी से अधिक के उनके कृतित्व की समीक्षा की गयी है।

उनके एक प्रशंसक श्री प्रसन्न कुमार दीक्षित 'शेखर' के उद्‌गार

प्रखर मनीषी हैं इतिहास के, संस्कृति के हैं ज्ञानी।
उन ज्योतिर्मय ज्योति प्रसाद की वन्दनीय है वानी ।।
मानव के मानस को देकर भारतीय चिर दर्शन।
किया सतत आलोकित युग को करके विद्या-अर्जन ।।
जिनका ज्योतिर्मय है जीवन, उनका है प्रिय अभिनन्दन।
उनके ज्ञान ध्यान अरु तप को शतशत चिर वन्दन ।।

पता : ज्योति निकुंज, चारबाग, लखनऊ–२२६०१९

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

Dr. Jyoti Prasad Jain

Dr. Jain was born on Feb. 6, 1912 A. D., at village Khwaja Nagla in the Meerut district of Uttar Pradesh. He had his early education at Meerut and higher education at Meerut and Agra. He did B. A in 1933 from the St. John's College, Agra, and LL. B. in 1935 in first divison and M. A. in History-cum-Political Science with first position, in 1936, from the Meerut College, Meerut, under the Agra University. In 1956 he was awarded Ph. D. by the Agra University on his thesis– "The Jaina Sources of the History of Ancient India."

He had a variety of vocations, *e. g.*, law, teaching, business and government service, but his passion for study, research and writing never ebbed. His field of specialisation has been Indology with particular reference to Jainology, and covers history, culture, literature, art, religion and philosophy.

Early in his life he was drawn to social work and in 1928 he also joined the National Movement by enrolling himself in the Congress Seva Dal. After the Non-co-operation Movement in 1931 he devoted himself to study because knowledge and education ought to be the first priority in any national upsurge. He never looked back to politics, but he gave his energies to movements of social reform. His love for the National Language, Hindi, and efforts at enriching it, never mellowed down ever since he was associated with the Hindi Pracharini Sabha at Agra and his taking the Sahitya–Visharada examination of the Hindi Sahitya Sammelan in 1932 and passing it in the first division.

As Compilation Officer and Sub-Editor of the District Gazetteers of Uttar Pradesh during 1958–72, he set the pattern for the Gazetteers and wrote History chapter of some fifteen Gazetteers.

He has been associated with several all-India social, cultural and research institutions. He is the Editor of the Bharatiya Jnanapith Moorti Devi Granthmala, Member-Trustee of the Bharatiya Jnanapith, Member of the Executive Council of the Prakrit Research Institute (Vaishali) and Vice-President of Sri Syadvada Mahavidyalaya (Varanasi). He is also a founder member of the Tirthankara Mahavira Smriti Kendra Samiti, U. P., and a member of its executive and Director of its research activities and library. He has himself set up a Trust to manage his personal library and carry on his academic activities. He is always helpful to the research scholars and many scholars have availed of his guidance and assistance in their research work.

For his scholarly contribution to the field of Indology he was accorded a public ovation by the Jain Dharma Pravardhini Sabha at Lucknow on 7.2.1957, was decorated with Itihasa-Ratna at the Bhopal Session of the World Jain Mission on 29-4-1958, was conferred the Vidyavaridhi title by Sri Veer Nirvana Bharati at Meerut in 1974, and was presented the Deputymal Jain Award by the Ahimsa International at Delhi on Dec. 14, 1986.

He is a member of several all-India bodies such as the Digambar Jain Parishad, Jain Mahasamiti and Jain Milan, and is associated with several local associations and institutions.

He has written more than a thousand articles/research papers in Hindi and English in journals, periodicals and newspapers published in India and abroad, and has broadcast from

CC-0. Bhagavad Ramanuja M...

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

the AIR and TV. He has also written more than 80 books, some of which are very important. His first article was published in 1932 when he was a student. From 1958 to 1983 he edited the research supplement of the Jain Sandesh and brought out 51 Shodhanka. He is still active and is the editor of The Jaina Antiquary/Jain Sidhanta Bhaskar. A research quarterly, Shodhadarsh, is being published under his editorship and guidance from Lucknow.

Dr. Jain is the internationally reputed authority on Indian history and culture with particular reference to the Jaina sources and Jainism. **The Jaina Sources of the History of Ancient India** is the only authentic work on the subject and has been widely acclaimed in the academic circles. His another important work **Bharatiya Itihasa : Ek Dristi** gives a new dimension to the study of Indian History by doing justice to South India and to sources other than the Buddhist and Brahmanical. His **Religion and Culture of the Jains** has been very popular and its three editions have run out; it is an epitome on Jainism, simple and lucid in style but comprehensive in treatment.

It was with his blessings that the various intellectual and educational activities were initiated which took the institutional form of the Ananta-Jyoti Vidyapitha. Thorough as a scholar, objective as a researcher, and progressive as a thinker though conventional in his approach, his contribution to the fund of knowledge is a matter of envy, albeit of inspiration, to many. He is the Chairman of the Vidyapitha and its guiding force. The Vidyapitha Pravara Samiti took the opportunity of honouring him and prevailed upon him to accept the Itihasa-Manishi honour, despite his great reluctance, on Feb. 12, 1979, at its first felicicitation function.

A bibliography of Dr. Jain's works and writings was published in the **Dr. Jyoti Prasad Jain Krititva Parichaya** in February 1979 and its quinquennial supplement was issued in 1984. The **Pushpanjali** issued on his Amrita Mahotsava on Feb. 6,1987, contains appreciation of his work over the past more than half-a-century.

Address : Jyoti Nikunj, Charbagh. Lucknow–226019

Important Works महत्त्वपूर्ण कृतियां

1. The Jaina Sources of the History of Ancient India, 100. B. C.–900 A. D. (1964)
2. Religion and Culture of the Jains (1975, 1977, 1983)
3. Bhagwan Mahavira : Life, Time and Teachings (1983)
4. Jainism through the Ages
5. हस्तिनापुर (1955)
6. प्रकाशित जैन साहित्य (प्रस्तावना तथा सम्पादन) (1958)
7. भारतीय इतिहास : एक दृष्टि (1961, 1966)
8. तीर्थंकरों का सर्वोदय मार्ग (1974)
9. प्रमुख ऐतिहासिक जैन पुरुष और महिलायें (1975)
10. भगवान महावीर स्मृति ग्रन्थ (सम्पादित) (1975)
11. आदितीर्थ अयोध्या (1979)
12. युग-युगों में जैन धर्म

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

Select Opinions विशिष्ट अभिमत

सिद्धान्ताचार्य पं० कैलाशचन्द्र शास्त्री—

डा० ज्योति प्रसाद जैन जी ऐसे व्यक्ति हैं जिनमें गुणीजनों के प्रति प्रमोदभाव है और गुणीजनों का उनके प्रति प्रमोदभाव है। किन्तु वे गीता के उस स्थितिप्रज्ञ की तरह हैं जिसका कार्य करने में विश्वास है, किन्तु उसके फल की ओर से उदासीनता है। साहित्य-सेवा भी एक व्यसन है और वह व्यसन जिसे लग जाता है वह छूटता नहीं है। फिर वह "स्वान्तः सुखाय" हो जाता है। डा० ज्योति प्रसाद जी भी उन्हीं साहित्य व्यसनियों में से हैं।

पं० अमृत लाल शास्त्री—

आप लिखते हैं, खूब लिखते हैं, अच्छा लिखते हैं और जो भी लिखते हैं वह प्रमाणों पर आधृत रहता है—यह सोचकर मैं मन ही मन सदा प्रसन्नता का अनुभव करता हूं। जैन समाज के वरिष्ठ लेखक स्वनामधन्य प्रेमी जी, मुख्तार साहब, उपाध्ये जी और डा० हीरालाल जी अब नहीं रहे। उनके रिक्त स्थानों की पूर्ति आप सफलतापूर्वक कर रहे हैं।

डा० वासुदेव शरण अग्रवाल—

शोधांक देखकर आश्चर्य और प्रसन्नता हुई। आपने ३२ पृष्ठों के इस अंक को उपयोगी सामग्री से भर दिया है। इसे देखकर पुराने जैन भास्कर पत्र का स्मरण हो आया। जैन सामग्री का सुसमीक्षित सम्पादन इस पत्र के द्वारा सुलभ होता रहा तो निस्सन्देह आप जैन विद्या की महती और स्थायी सेवा करेंगे। जैन भण्डारों में हस्तलिखित ग्रन्थों की और भारतीय संग्रहालयों में पुरातत्त्व की जो अथाह सामग्री भरी है, उन दोनों पर आपने ध्यान दिया है। निस्सन्देह इस पत्र के पीछे बहुत ही सुलझा हुआ मस्तिष्क कार्य कर रहा है।

Dr. B. Ch. Chhabra—

The contribution of the Jaina sources to the making of the history of our great nation during the epoch-making millennium of 100 B. C. to A. D. 900, is of vital importance. But it has only lacked proper research and application. Dr. J. P. JAIN, who is an erudite scholar of Indian history and culture, makes good the loss and applying his scholarship to this hitherto neglected yet important field, he has indicated, classified and objectively assessed the Jaina sources of the history of India. He has fixed the dates of the Mahavira Era, the Vikrama Era, the Earlier Saka Era and the Saka Era as well as the dates of important Jaina authors and literary works, and thus cleared much of the fog that masks Indian chronology, both political and cultural.

Prof. G. Brahmappa—

I read thrice your monumental **Religion and Culture of the Jains.** The language you have adopted in this work is picturesque. The style is simply attractive. The subject matter is clear. Your book is a rainbow among modern works regarding Jainism.

——

CC-0. Bhagavad Ramanuja Math

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

डा० आर्थर लेवेलिन बाशम

डा० बाशम का जन्म १९१४ ई० में इंगलैन्ड में एसेक्स में लिटन नामक स्थान पर हुआ था और उनका स्वर्गवास २७ जनवरी, १९८६ ई०, को भारत में कलकत्ता नगर में हुआ। उन्होंने लंदन विश्वविद्यालय के अंतर्गत स्कूल ऑफ़ ओरियेन्टल एण्ड अफ्रीकन स्टडीज से प्रो० एल० डी० बारनेट के मार्गदर्शन में आजीवक सम्प्रदाय के इतिहास और दर्शन पर १९५० में पी-एच० डी० की उपाधि प्राप्त की थी। १९६५ में लंदन विश्वविद्यालय ने उन्हें डी० लिट्० की उपाधि से सम्मानित किया था। १९६९ में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने डी० लिट्० की मानद की उपाधि से और १९७५ में नालन्दा महाविद्यालय ने विद्यावारिधि की मानद उपाधि से उन्हें सम्मानित किया था। १९७५ में बी० सी० लॉ स्वर्णपदक उन्हें प्रदान किया गया था और १९८५ में एशियाटिक सोसाइटी द्वारा उन्हें ऑनरेरी फेलो के रूप में अंगीकार किया गया था।

१९४८ से १९६५ तक डा० बाशम ने लंदन विश्वविद्यालय में अध्यापन कार्य किया। तत्पश्चात् वह आस्ट्रेलिया चले गये और वहाँ आस्ट्रेलियन नेशनल यूनीवर्सिटी, कैनबरा, में प्राच्य सभ्यता (एशियाई सभ्यता) विभाग का व्यवस्थापन किया तथा उक्त विभाग में १९६५ से १९८० तक वह प्रोफेसर एवं अध्यक्ष रहे। सेवानिवृत्ति के बाद वह भारत आगये और १९८५ में एशियाटिक सोसाइटी, कलकत्ता, में स्वामी विवेकानन्द प्रोफेसर के पद पर प्रतिष्ठित रहे।

वह प्राय: भारत आते रहते थे। अखिल भारतीय प्राच्य सम्मेलन के कई अधिवेशनों में उन्होंने भाग लिया था तथा अखिल भारतीय संस्कृत परिषद में व्याख्यान देने के लिये वह लखनऊ भी आये थे। कुषाणकाल से संबंधित सम्मेलनों में भी उन्होंने भाग लिया था।

डा० बाशम "दि वन्डर दैट वाज़ इन्डिया" नामक अपने ग्रन्थ से सुविख्यात हैं। भारतीय इतिहास और संस्कृति में उनकी अभिरुचि निरंतर बनी रही। एक समय था कि भारतीय विश्वविद्यालयों में प्राचीन भारतीय इतिहास के बहुत से प्रोफेसर लंदन विश्वविद्यालय में उनके विद्यार्थी रहे थे। वह सदैव ही प्रोत्साहन देते थे, इतिहास के ब्रिटिश पक्ष की आलोचना का समादर करते थे, और विचार-विनिमय तथा साक्ष्य एवं तर्क से पुष्ट मतभेद का स्वागत करते थे। इसका एक उदाहरण डा० शशि कान्त की खारवेल के हाथीगुम्फा अभिलेख और अशोक के भाब्रु लेख पर पुस्तक है जिसकी प्रस्तावना उन्होंने लिखी है।

भारतीय इतिहास और संस्कृति के गंभीर अध्ययन, इतिहास लेखन के प्रति समर्पण तथा इस देश के प्रति प्रेम के लिये डा० बाशम को इतिहास-मनीषी सम्मान से सम्मानित करने का निश्चय अनन्त-ज्योति विद्यापीठ प्रवर समिति ने किया था। परन्तु उनके जीवन काल में उनका अभिनन्दन करने का सुयोग हमें नहीं मिल सका। आज विद्यापीठ प्रवर समिति डा० बाशम का मृत्योपरान्त इतिहास-मनीषी सम्मान से सत्कार करती है और उनकी पवित्र स्मृति के प्रति अपनी विनयावनत श्रद्धांजलि निवेदित करती है।

Dr A. L. Basham

Dr. Basham was born in 1914 A. D. at Lytton, Essex, in England, and he left for heavenly abode on Jany. 27, 1986 A. D., at Calcutta in India. He did Ph. D. from the School of Oriental and African Studies, London University, under the supervision of Prof. L. D. Barnett, on the History and Doctrines of the Ajivakas, in 1950. The University of London awarded him the Degree of D. Litt. in 1965. He was conferred Hon. D. Litt.

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

by the Kurukshetra University in 1969 and Vidyavaridhi by the Nalanda Mahavidyalaya in 1975, was awarded the B. C. Law Gold Medal in 1975, and was adopted as Hony. Fellow by the Asiatic Society in 1985.

Dr. Basham taught at the University of London from 1948 to 1965. He moved to Australia and orgnised the Department of Oriental Civilisations (Asian Civilisation) at the Australian National University, Canberra, as Professor and Head of the Department from 1965 to 1980. On retirement, he made India his home and in 1985 chaired the Swami Vivekananda Professorship at the Asiatic Society, Calcutta.

He had been often to India, had participated in several sessions of the All India Oriental Conference, and had also visited Lucknow to deliver lecture at the Akhil Bharatiya Sanskrit Parishad. He also participated in the conferences on the Kushana Age.

Dr. Basham is widely known for his 'The Wonder that was India'. His interest in Indian History and Culture sustained throughout. Many professors of Ancient Indian History in the Indian Universities at one time, had been his students at the University of London. He was always encouraging, appreciated criticism of the British view of history, and welcomed discussion and honest difference of opinion backed by evidence and reason. His Foreword to Dr. Shashi Kant's 'The Hathigumpha Inscription of Kharavela and the Bhabru Edict of Asoka – A Critical Study' is a case in point.

The Ananta-Jyoti Vidyapitha Pravara Samiti had decided to confer on Dr. Basham the honour of Itihasa-Manishi for his indepth study of Indian history and culture, his devotion to historiography and his love for this country, but the Supreme Will did not allow us the privilege of honouring him in person. This day the Vidyapitha Pravara Samiti confers the Itihasa-Manishi honour on Dr. Basham posthumously and pays its humble tributes to his sacred memory.

Works कृतियां

1- History and Doctrines of the Ajivakas (1951)
2- The Wonder that was India (1954)
3- The Indian Sub-continent in Historical Perspective (1955)
4- Studies in Indian History and Culture (1964)
5- Aspects of Ancient Indian Culture (1966)
6- Papers on the Date of Kanishka (ed.) (1968)
7- The Civilisations of Monsoon Asia (ed.) (1974)
8- A Cultural History of India (ed.) (1975)
9- Evolution of Hinduism from the Rigveda to the Bhagavadgita

——

CC-0. Bhagavad Ramanuja M...

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

डा० जनार्दन दत्त शुक्ला



डा० शुक्ला का जन्म १ जुलाई १९१५ ई०, को बाँदा में हुआ था और वह १९ अप्रैल, १९८५ ई०, को लखनऊ में स्वर्गवासी हुये। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा बाँदा में हुयी और उच्च शिक्षा उन्होंने इलाहाबाद, लंदन और आक्सफोर्ड के विश्वविद्यालयों में प्राप्त की। उन्हें १८३४-१९४७ के बीच अखिल भारतीय सेवाओं के भारतीयकरण तथा उसके प्रशासन पर प्रभाव विषयक शोध-प्रबन्ध पर इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा डी० फिल० की उपाधि प्रदान की गयी थी।

१९३९ में उनकी नियुक्ति इन्डियन सिविल सर्विस में हुयी और वह यू० पी० संवर्ग को आवंटित किये गये। अपने सेवाकाल में उन्होंने विभिन्न महत्त्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। वह कितने ही जिलों में जिलाधिकारी रहे, गोरखपुर, फैजाबाद और इलाहाबाद मंडलों में आयुक्त रहे, आई० ए० एस० ट्रेनिंग स्कूल के वाइस प्रिंसिपल रहे, भारत सरकार में सप्लाईज एण्ड डिस्पोजल के उप-महानिदेशक रहे, लंदन स्थित भारतीय दूतावास में स्टोर्स के महानिदेशक रहे, और राजस्व परिषद तथा उ० प्र० कृषि-औद्योगिक निगम के अध्यक्ष रहे। १९७३ में वह सेवानिवृत्त हुये। अपने सुदीर्घ प्रशासनिक अनुभव के कारण उन्हें १९८० में राष्ट्रपति शासन के दौरान राज्यपाल का सलाहकार नियुक्त किया गया। तत्पश्चात् उन्हें जिलास्तरीय प्रशासन सुधार आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया और अपनी मृत्यु के समय वह उसी पद पर कार्यरत थे।

उन्होंने भारत भर में भ्रमण किया था और कोई १५ विदेशों में भी यात्रा की थी। इतिहास में उन्होंने अपनी अभिरुचि को बनाये रखा, इसके अतिरिक्त वह समाजशास्त्र, नृशास्त्र, तुलनात्मक धर्म, दर्शन, तत्त्वज्ञान, जीवनी और यात्रा-संस्मरणों में भी रुचि रखते थे तथा उन्होंने इस्लाम का विशेष अध्ययन किया था। वह रामचरितु मानस से भक्तिपूर्वक जुड़े थे। समय-समय पर उन्होंने इन विषयों पर लेख लिखे, आकाशवाणी और दूरदर्शन पर वार्तायें प्रसारित कीं तथा पुस्तकों की समीक्षा की। भारतीय संस्कृति की पृष्ठभूमि को समझने के लिये उन्होंने संस्कृत का भी अध्ययन किया और वह उर्दू शायरी का भी आनन्द लेते थे।

रोनाल्ड हन्ट और प्रो० हैरिसन द्वारा संपादित 'दि डिस्ट्रिक्ट आफिसर इन इन्डिया' में उनका योगदान है। उन्होंने भारत में राज्य एवं जिला प्रशासन पर और अखिल भारतीय सेवाओं के भारतीयकरण एवं प्रशासन पर उसके प्रभाव पर प्रामाणिक ग्रन्थों का प्रणयन किया। उनके संस्मरण एवं समीक्षाओं से संबंधित पुस्तक उनके जीवनकाल में प्रकाशित नहीं हो सकी।

वह सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों से सक्रिय रूप से सम्बद्ध थे। १९७५ में उन्होंने 'भारतीय संस्कृति पर जैन धर्म का प्रभाव' विषयक संगोष्ठी में लोक-संस्कृति से संबंधित सत्र की अध्यक्षता की थी और 'भारतीय संस्कृति पर महावीर का प्रभाव' पर आकाशवाणी से वार्ता प्रसारित की थी। वह इलाहाबाद यूनीवर्सिटी हिस्टॉरिकल सोसाइटी के तथा रामायण मेला समिति के अध्यक्ष थे। वह सर्वधर्म मिलन के भी संरक्षक थे और उसके द्वारा प्रकाशित "वे टु पीस" का सम्पादन उन्होंने किया था जिसमें भारत में प्रचलित महत्त्वपूर्ण धर्मों के विषय में प्रामाणिक लेखों का संग्रह है और उसमें उन्होंने स्वयं भी हिन्दू धर्म पर अपना विद्वतापूर्ण लेख दिया है।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

कठिन शासकीय दायित्वों के बावजूद डा० शुक्ला ने अपनी बौद्धिक अभिरुचि को बनाये रखा और वह इतिहास, दर्शन तथा धर्मों के एक सुप्रसिद्ध विद्वान थे। अखिल भारतीय सेवाओं के भारतीयकरण से संबंधित उनका वृहत् ग्रन्थ एक बहुत ही प्रमाणपुष्ट और सहजतापूर्वक लिखा गया ग्रन्थ है जिसकी उपेक्षा आधुनिक इतिहास अथवा लोक प्रशासन का कोई विद्यार्थी नहीं कर सकता।

उनमें आई० सी० एस० की तमक अवश्य थी परन्तु उन्होंने उसे कभी भी व्यक्तिगत संबंधों में नहीं आने दिया। डा० शुक्ला एक भव्य एवं गरिमामय व्यक्तित्व के धनी थे। वह कभी मान नहीं करते थे परन्तु सदैव ही विनम्रता एवं विशालहृदयता प्रदर्शित करते थे। अनन्त-ज्योति विद्यापीठ प्रवर समिति ने उनका इतिहास-मनीषी सम्मान से सम्मानित करने का निश्चय किया था, परन्तु हमें उनके जीवन-काल में उनका अभिनन्दन करने का सुयोग नहीं मिल सका। आज विद्यापीठ प्रवर समिति डा० शुक्ला का मृत्योपरान्त इतिहास-मनीषी सम्मान से सत्कार करती है और उनकी पवित्र स्मृति के प्रति अपनी विनयावनत श्रद्धांजलि निवेदित करती है।

Dr. J. D. Shukla

Dr. Shukla was born on July 1, 1915 A. D., at Banda, and left for heavenly abode on April 19, 1985 A. D., at Lucknow. He had his early education at Banda, and prosecuted higher studies at the Universities of Allahabad, London and Oxford. He was awarded D. Phil. on his dissertation on 'Indianisation of All India Services and its impact on Administration (1834-1947)', by the Allahabad University.

He Joined the Indian Civil Service in 1939 and belonged to the U. P. Cadre. He held various charges as District Magistrate and Collector of several districts, Commissioner of Gorakhpur, Faizabad and Allahabad divisions, Vice-Principal of the I. A. S. Training School, Deputy Director-General of Supplies and Disposals in the Government of India, Director-General of Stores at the Indian High Commission (London), and Chairman of the Board of Revenue and the U. P. Agro-Industrial Corporation before he retired in 1973. Because of his long administrative experience he was called back and appointed Adviser to the Governor during the President's Rule in 1980, and was later assigned the Chairmanship of the District Level Administration Reforms Commission and died in harness.

He had travelled widely all over India and visited some 15 foreign countries. He kept up his interest in History, was interested in sociology, anthropology, comparative religion, philosophy, metaphysics, biography and travellogue, and had made a special study of Islam. He was devoutly attached to the Ramacharit Manasa. Occasionally he wrote articles, gave talks on the Radio and Television, and reveiwed books on these subjects. He studied Sanskrit to get at the root of Indian Culture, and relished Urdu poetry.

He contributed to 'The District Officer in India', edited by Ronald Hunt and Prof. Harrison, and wrote the following works :

1. State and District Administration in India (1976), and
2. Indianisation of All India Services and its impact on Administration (1982).

CC-0. Bhagavad Ramanuja M...

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

His 'Reminiscences and Reviews' could not be published during his life-time.

He was actively associated with cultural and literary activities. He presided over the Folk-culture session of the Seminar on 'The Impact of Jainism on Indian Culture', and also gave a talk on 'The Impact of Mahavira on Indian Culture' on the AIR, in 1975. He was president of the Allahabad University Historical Society, and of the Ramayana Mela Samiti. He was also a Patron of the Sarva Dharma Milan and edited its 'Way To Peace' which is a compilation of authentic articles on major religions in India, besides contributing his own masterly piece on Hinduism.

Despite onerous official responsibilities Dr. Shukla kept up his intellectual pursuits, and was an eminent scholar of history, philosophy and religions. His magnum opus 'The Indianisation of the All-India Services' is a very well documented and thoroughly written work which no student of Modern History or Public Administration should ignore.

There was an I. C. S. hauteur no doubt, but he never allowed it to intervene in personal relations. Dr. Shukla was a man of grace and dignity; he was never arrogant but always exhibited a sense of humility and magnanimity. The Ananta-Jyoti Vidyapitha Pravara Samiti had decided to confer on him the honour of Itihasa-Manishi, but we could not have the privilege of doing it during his life-time. This day the Vidyapitha Pravra Samiti confers the Itihasa-Manishi honour on Dr. Shukla posthumously and pays its humble tributes to his sacred memory.

—

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

डा० बैज नाथ पुरी



डा० पुरी का जन्म लखनऊ में २५ जनवरी, १९१६ ई०, को हुआ था। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा एवं उच्च शिक्षा भी लखनऊ में ही सम्पन्न हुयी। लखनऊ विश्वविद्यालय से उन्होंने इतिहास विषय में बी० ए० (ऑनर्स) और एम० ए० किया तथा एल-एल० बी० की परीक्षा उत्तीर्ण की, और इंगलैन्ड स्थित आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से एम० लिट्० और डी० फिल० की उपाधियां प्राप्त कीं।

लखनऊ विश्वविद्यालय में प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्त्व के प्रवक्ता के रूप में उनकी नियुक्ति १९४५ में हुयी और १९६० तक वहीं पर उन्होंने अध्यापन कार्य किया। इस बीच १९५०-५१ में आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में संस्कृत के बोडेन प्रोफ़ेसर के डिप्टी के रूप में भी कार्य किया। जनवरी १९६१ में उनकी नियुक्ति नेशनल एकेडेमी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, मसूरी, में भारतीय इतिहास एवं संस्कृति के प्रोफ़ेसर के पद पर हुयी और वह वहां मार्च १९७१ तक कार्यरत रहे। मार्च १९७१ में लखनऊ विश्वविद्यालय में प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्त्व विभाग के अध्यक्ष एवं प्रोफ़ेसर के पद पर उनकी नियुक्ति हुयी। १९७६ में अधिवर्षता प्राप्त करने पर वह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की योजना के अंतर्गत १९८१ तक रिसर्च प्रोफ़ेसर के रूप में कार्यरत रहे।

उनके मार्गदर्शन में एक शोध-छात्र ने डी० लिट्० और पाँच शोध-छात्रों ने पी-एच० डी० की उपाधि लखनऊ विश्वविद्यालय से प्राप्त की।

१९५९ में इन्डियन हिस्ट्री कांग्रेस के प्राचीन भारतीय प्रभाग की, १९६६ में अखिल भारतीय प्राच्य सम्मेलन के दक्षिण-पूर्व एशिया प्रभाग की, और १९७५ में 'भारतीय संस्कृति में जैन विचारधारा' संगोष्ठी के कला सत्र की, उन्होंने अध्यक्षता की। यूनेस्को की 'मध्य एशिया का इतिहास एवं सभ्यतायें' नामक प्रायोजना के सम्पादक मंडल के सदस्य के रूप में उनकी नियुक्ति १९८० में हुयी और १९८३ में वह सम्पादक मंडल के उपाध्यक्ष नियुक्त किये गये। वह १९८१ में भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद के फ़ेलो निर्वाचित हुये और १९८४ में उसकी कार्य-पालिका के सदस्य नियुक्त हुये। वह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रोफ़ेसर एमेरिटस भी हैं।

यूरोप और भारत मे उन्होंने काफी भ्रमण किया है और विभिन्न विश्वविद्यालयों में भारतीय इतिहास एवं संस्कृति पर व्याख्यान दिये हैं, तथा कुषाण काल में मध्य एशिया के इतिहास से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लिया है।

डा० पुरी एक विपुल लेखक के रूप में ख्याति प्राप्त हैं। 'एन्साइक्लोपीडिया ब्रिटेनिका' (१९७४) में उनके दो लेख प्रकाशित हैं और २०० से भी अधिक शोध पत्र/लेख विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं मे समय-समय पर प्रकाशित होते रहे हैं, तथा अंग्रेजी और हिन्दी में प्रायः दो दर्जन पुस्तकें भी उन्होंने लिखी हैं।

उनका कार्य क्षेत्र विशद है। पातञ्जल महाभाष्य, गुर्जर-प्रतिहारों और कुषाणों के इतिहास, तथा भारतीय प्रशासन के इतिहास के वह विशेषज्ञ हैं। सम्प्रति वह खत्रियों का इतिहास, नवीन भारत एवं उसका अतीत, और भारतीय प्रवृत्ति में धर्मनिरपेक्षता पर ग्रन्थों का प्रणयन कर रहे हैं।

CC-0. Bhagavad Ramanuja M...

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

डा० पुरी के सभी ग्रन्थ ठोस विद्वत्ता, वस्तुपरक मूल्यांकन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से पूरित हैं। विद्वत् समाज में उनका समादर हुआ है और युवा पीढ़ी के लिये वे प्रेरणा के स्रोत रहे हैं। ये सभी ग्रंथ एक सहज शैली में लिखे गये हैं और विद्यार्थियों, राजनीतिक विश्लेषकों तथा इतिहासज्ञों के लिये उपयोगी हैं। डा० पुरी के संस्मरण उस काल और समाज जिसमें वह रहे हैं, पर एक रोचक टीका है।

उनके ग्रंथों की समीक्षा रायल एशियाटिक सोसाइटी के जर्नल, स्कूल ऑफ़ ओरियेन्टल एण्ड अफ्रीकन स्टडीज़ के बुलेटिन तथा अन्य विदेशी और भारतीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हुई हैं और इतिहास के सुप्रसिद्ध विद्वानों यथा डा० ए० एल० बाशम, प्रो० आर० घीर्षमान और प्रो० के० ए० निज़ामी द्वारा उनकी अभिशंसा की गयी है।

भारतीय मनीषा को अन्तर्राष्ट्रीय अभिस्वीकृति प्रदान कराने में सक्षम, भारतीय इतिहास के उपेक्षित पक्षों को उजागर करने में समर्थ, अपने कार्य के प्रति निष्ठावान और अपने विद्यार्थियों के प्रति स्नेहशील, डा० पुरी सदैव ही स्मरणीय रहेंगे। भारतीय इतिहास, पुरातत्त्व और संस्कृति के क्षेत्र में उनके विद्वत्तापूर्ण योगदान के लिए डा० पुरी को आज इतिहास-मनीषी सम्मान से सम्मानित करते हुए अनन्त-ज्योति विद्यापीठ प्रवर समिति स्वयं को गौरवान्वित अनुभूत करती है।

पता—बी-५८, सेक्टर-ए, महानगर, लखनऊ-२२६००६

Dr. B. N. Puri

Dr. Puri was born on January 25, 1916 A.D., at Lucknow. He had his early schooling as well as higher education in the city of his birth. He did B.A (Hons.) and M.A. in History and LL.B. from the Lucknow University, and took M. Litt. and D. Phil. from the Oxford University in England.

He joined the Lucknow University in 1945 as Lecturer in Ancient Indian History and Archaeology, and taught there till 1960. In the meantime he also worked for a year (1950-51) at the Oxford University as Deputy to the Boden Professor of Sanskrit. He was appointed Professor of Indian History and Culture at the National Academy of Administration, Mussoorie, in January 1961, and worked there till he came back to his *alma mater* to head the Department of Ancient Indian History and Archaeology in March 1971. On his superannuation in 1976 he continued to be Research Professor under the University Grants Commission scheme till 1981.

Under his guidance, one scholar obtained D.Litt. and five scholars obtained Ph.D. from the Lucknow University.

He presided over the Ancient India section of the Indian History Congress (1959), the South-East Asia section of the All India Oriental Conference (1956) and the Art session of the Seminar on Jain Thought in Indian Culture (1975); was appointed Member in 1980 and Vice-Chairman in 1983 of the Board of Editors of the UNESCO Project on the History and Civilizations of Central Asia; was elected fellow in 1981 and Member of the Governing Body in 1984 of the Indian Council of Historical Research and is Professor Emeritus of the Kurukshetra University.

He has extensively travelled and lectured at various Universities in Europe and India,

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

and participated in international conferences on the History of Central Asia in the Kushana period.

Dr. Puri has been a prolific writer, contributed two articles to the **Encyclopaedia Brittanica** (1974) and over two hundred research papers/articles in different journals, and written more than two dozen books in English and Hindi.

His field of specialisation encompasses a wide range. He is an authority on the Patanjala Mahabhashya, the history of the Gurjara-Pratiharas and the Kushanas, and the history of Indian Administration. Currently he is working on : History of the Khattries, The New India and the Past, and Secularism in Indian Ethos (ICHR Project).

The works of Dr. Puri bear the mark of sound scholarship, objective assessment and scientific approach. They have been very well received in the scholarly world and have been a source of inspiration to the younger generation. They have been written in a lucid style and have been useful for students, political analysts and historians. His Memoirs would be remembered as an interesting commentary on the times and society he has lived in.

Dr. Puri will always be remembered as a scholar who could get international recognition for Indian scholarship, who has been competent to bring forth certain ignored aspects of Indian History, who has been sincere to his job and who has been affectionate to his students. The Ananta-Jyoti Vidyapitha Pravara Samiti feels honoured in conferring on Dr. Puri this day the honour of Itihasa-Manishi for his scholarly contribution to the cause of scholarship in Indian History, Archaeology and Culture.

Address : B-58, Sector-A, Mahanagar, Lucknow - 226006.

Works कृतियां

(1) India in the time of Patanjali (1957, 1968)
(2) History of the Gujara-Pratiharas (1957, 1981)
(3) India as described by Early Greek Writers (1939, 1966)
(4) India in Classical Greek Writings (1962)
(5) India under the Kushanas (1965)
(6) Kusahana Bibliography (1977)
(7) Early History of Indian Administration in Assam (1968)
(8) Histoy of Indian Administration, Vol. I (1968)
(9) History of Indian Administration, Vol. II (1975)
(10) History of Indian Administration, Vol. III (1981)
(11) Some Aspects of the Evolution of Indian Administration (1980)
(12) Cities of Ancient India (1966)
(13) Indian History - Review (1960)
(14) A Study of Indian History (1970)
(15) Social, Cultural and Economic History of India (in collaboration) (1974)
(16) The Changing Horizon – A Professor's Memoirs (1983)
(17) History of the Indian Freedom Movement, 1857-1947
(18) Buddhism in Central Asia

CC-0. Bhagavad Ramanuja M...

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

(19) पुरातत्त्व विज्ञान (1952, 1964, 1973)
(20) भारतीय संस्कृति के मूल तत्त्व (1958)
(21) भारतीय इतिहास एवं संस्कृति (1958)
(22) भारत और कम्बुज (1958)
(23) दक्षिण-पूर्व एशिया में भारतीय संस्कृति का प्रसार (1962, 1964, 1975)
(24) मध्य एशिया में भारतीय संस्कृति (1981)

Select Opinions विशिष्ट अभिमत

INDIA IN THE TIME OF PATANJALI is solid piece of research work and welcome as a very useful volume on life in Ancient India as depicted in the Mahabhashya.

—Journal of the Royal Asiatic Society, London, 1959

HISTORY OF THE GURJARA-PRATIHARAS is marked by thoroughness, impartiality and critical acumen, and will long remain the standard study of the subject.

—Prof. A. L Basham, London

INDIA UNDER THE KUSHANAS is an exceedingly well written and well documented book throwing fresh light on the Kushanas.

—Prof. R. Ghirshman, Paris

HISTORY OF INDIAN ADMINISTRATION, Vol. I, is certainly the best extant work on the subject of Ancient Indian Administration.

—Bulletin of the School of Oriental & African Studies, London, 1970

HISTORY OF INDIAN ADMINISTRATION, Vol. II, is most exhaustive and well documented work on the subject of Mediaeval Indian Administration.

—Prof. K. A. Nizami, Aligarh

——

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

प्रो० कृष्ण दत्त वाजपेयी

प्रो० वाजपेयी का जन्म १० दिसम्बर, १९१७ ई०, को रायबरेली जिले के ग्राम रायपुर में हुआ था। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा रायबरेली में हुयी और उच्च शिक्षा वाराणसी में। उन्होंने इतिहास विषय में एम०ए०परीक्षा प्रथम श्रेणी में प्रथम स्थान पर काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से १९४२ में उत्तीर्ण की थी और दयाराम साहनी स्वर्णपदक प्राप्त किया था। १९४५ में उन्होंने टैक्सिला स्कूल ऑफ़ आर्कियोलॉजी से पुरातत्त्व में डिप्लोमा प्राप्त किया था।

१५ जनवरी, १९४४, को उन्होंने संयुक्त प्रांत सरकार (अब उ०प्र० शासन) के अंतर्गत प्राविन्शियल म्यूज़ियम (अब राज्य संग्रहालय) लखनऊ, में कस्टोडियन के पद पर सेवा योजन किया। अप्रैल १९४६ में वह आर्कियोलॉजिकल म्यूजियम (अब राजकीय संग्रहालय) मथुरा, के क्यूरेटर नियुक्त किये गये और वहां क्यूरेटर/निदेशक के पद पर सितम्बर १९५८ तक वह कार्यरत रहे। १९५१-५३ में लगभग दो वर्ष वह उत्तर प्रदेश के पुरातत्त्व अधिकारी रहे। सितम्बर १९५८ में उनकी नियुक्ति सागर विश्वविद्यालय में प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग के अध्यक्ष पद पर हुई और सितम्बर १९६३ में वह टैगोर प्रोफ़ेसर नियुक्त किये गये जिस पद पर वह दिसम्बर १९७७ में सेवानिवृत्त होने तक कार्यरत रहे। १९६६-६८ में वह कला संकाय के अध्यक्ष भी थे तथा फरवरी १९७३ में उनकी प्रोन्नति सीनियर प्रोफ़ेसर के पद पर हुयी। सेवानिवृत्ति के पश्चात भी एक वर्ष वह विज़िटिंग प्रोफ़ेसर रहे।

उनके मार्गदर्शन में ४८ शोध छात्रों ने पी-एच० डी० की उपाधि और दो शोध-छात्रों ने डी० लिट्० की उपाधि प्राप्त की।

वह शैक्षणिक जीवन में बहुत ही सक्रिय रहे हैं और एपिग्राफिकल सोसाइटी ऑफ इन्डिया, न्यूज़िस्मेटिक सोसाइटी ऑफ़ इन्डिया, इण्डियन आर्किलॉजिकल सोसाइटी, तथा इण्डियन हिस्टॉरिकल एण्ड कल्चरल सोसाइटी के अध्यक्ष रहे हैं। १९७८ से वह भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद के सदस्य हैं। भारत के सांस्कृतिक केन्द्रों पर पुस्तक-माला के वह सम्पादक हैं और भारतीय इतिहास एवं संस्कृति के विश्वकोष की प्रायोजना के परामर्शदाता हैं।

उन्हें मुद्राशास्त्र के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिये न्यूमिस्मेटिक सोसाइटी ऑफ़ इण्डिया द्वारा नेलसन राइट पदक प्रदान किया गया और मानद फ़ेलों के रूप में अंगीकार किया गया। मध्य प्रदेश में पुरातत्त्व के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिये एशियाटिक सोसाइटी द्वारा उन्हें रामप्रसाद चान्दा पदक से सम्मानित किया गया। उन्होंने मध्य प्रदेश में ऐरन, त्रिपुरी, तुमैन और मल्हार में पुरातात्त्विक उत्खनन कराया तथा प्रदेश भर में विस्तार से पुरातात्त्विक सर्वेक्षण कराया और सागर विश्वविद्यालय में उन्होंने हरि सिंह गौड़ आर्किलॉजिकल म्यूज़ियम की भी स्थापना की।

उनकी विशेषज्ञता का क्षेत्र विस्तृत है और छठी शताब्दी ईसा-पूर्व से ६०० ई० तक का प्राचीन भारतीय इतिहास, गुप्त कालीन एवं उसके पूर्व कालीन मुद्राशास्त्र, प्राचीन भारतीय कला एवं स्थापत्य, प्राग्ऐतिहासिक

CC-0. Bhagavad Ramanuja M...

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

पुरातत्त्व, भारत का ऐतिहासिक भूगोल तथा प्राचीन पुरालेख, को आवृत्त करता है। उन्होंने ६२ पुस्तकों का प्रणयन किया है और ८०० से भी अधिक लेख एवं शोधपत्र विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित किये हैं। प्रोफ़ेसर वाजपेयी प्राचीन भारतीय इतिहास, कला, मुद्राशास्त्र, पुरालेख तथा पुरातत्त्व के लब्ध-प्रतिष्ठ अधिकारी विद्वान हैं। इस वृद्ध वय में भी वह कार्यशील हैं और व्याख्यान देने तथा संगोष्ठियों में अध्यक्षता करने के लिये यात्रा करते रहते हैं।

प्रो० वाजपेयी ने सदैव ही अपने विद्यार्थियों को और युवा पीढ़ी को आगे बढ़ने तथा ज्ञान के क्षेत्र में योगदान करने के लिये प्रेरित और प्रोत्साहित किया है। स्वयं अपने कार्य क्षेत्र में तथा युवा पीढ़ी को प्रेरित करने में उनका योगदान चिरस्मरणीय रहेगा। यह अनन्त-ज्योति विद्यापीठ प्रवर समिति का सौभाग्य रहा कि उसने प्रो० वाजपेयी को १२ फरवरी, १९८२, को इतिहास-मनीषी सम्मान से सम्मानित किया।

पता : एच-१५, पद्माकर नगर, मकरोनिया, सागर–४७० ००४

Prof. K. D. Bajpai

Prof. Bajpai was born on Dec. 10, 1917A.D., in village Raipur in the Rae Bareli district. He had his early education in Rae Bareli and higher education at Varanasi. He did M.A. in History in Ist division with Ist position, winning Dayaram Sahni Gold Medal, in 1942 from the Banaras Hindu University. In 1945 he took Diploma in Archaeology from the Taxila School of Archaeology.

He joined service under the U.P. Government on January 15, 1944, as Custodian of the Provincial Musem (now State Museum), Lucknow. He was appointed Curator of the Archaeological Museum (now Government Museum), Mathura, in April 1946 and worked as such till September 1958, when he switched over to University service. For about 2 Years during 1951-53 he also worked as Archaeological Officer, U.P. In September 1958 he joined the University of Saugar as Head of the Department of Ancient Indian History, Culture and Archaeology, and was appointed Tagore Professor in September 1963 which post he held till his retirement in December 1977. He worked as Dean, Faculty of Arts, during 1966-68 and was Senior Professor from February 1973 onwards. On retirement he continued to be the Visiting Professor for one year.

Under his guidance 48 scholars have taken Ph. D. and two scholars have taken D. Litt.

He has been very active in the academic life and has been the President of the Epigraphical Society of India, Numismatic Society of India, Indian Archaeological Soeiety, and Indian History and Culture Society. He has been a member of the Indian Historical Research Council since 1978. He is Editor of the Cultural Centers of India series and Advisor on Encyclopaedia of Indian History and Culture.

He was awarded Nelson Wright Medal by the Numismatic society of India and was also adopted as its honorary Fellow for his special contribution to numismatics. He was awarded Ram Prasad Chanda Medal by the Asiatic Society for his outstanding work on archaeology in Madhya Pradesh. In that State he had conducted excavations at Eran, Tripuri, Tumain and Malhar, as also extensive explorations. He also set up Hari Singh Gour Archaeological Museum at the University of Saugar.

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

His field of specialisation is extensive and covers Ancient Indian History from 6th century B.C. to 600 A.D., Numismatics from the earliest times to Gupta period, Ancient Indian Art and Architecture, Proto-historic Archaeology, Historical Geography of India and Epigraphy (Ancient period). He has written 32 books and published over 800 articles/research papers in different journals and periodicals. Professor Bajpai is an acknowledged authority on Ancient Indian history, art, numismatics, epigraphy and archaeology. Even at this advanced age he is very active and tours extensively to deliver lectures and preside over seminars and workshops. Prof. Bajpai has always encouraged his students and younger generation to come up and contribute to the field of learning. His contribution both as regards his own field of work as well as his shaping of the younger generation, will be long remembered. It was the privilege of the Ananta-Jyoti Vidyapitha Pravara Samiti to confer on Prof. Bajpai the Itihasa-Manishi honour on Feb. 12, 1982.

Address : H/15, Padmakar Nagar, Makronia, Sagar-470 004

Important works महत्त्वपूर्ण कृतियां

1- Archaeology in Uttar Pradesh
2- Development of Buddhism in Uttar Pradesh (Colab. N. Dutt)
3- Buddhist Centres in Uttar Pradesh
4- Sagar Through the Ages
5- The Numismatic Studies
6- Archaeology of Central India
7- Malhar
8- भारतीय व्यापार का इतिहास
9- युग-युगों में उत्तर प्रदेश
10- मथुरा (उ० प्र० शासन 1955, मैक्मिलन 1980)
11- अहिच्छत्रा
12- ब्रज का इतिहास (2 भाग)
13- उत्तर प्रदेश में बौद्ध धर्म का विकास (सहलेखक नलिनाक्ष दत्त)
14- उत्तर प्रदेश का सांस्कृतिक इतिहास
15- प्राचीन भारत का इतिहास (सह० विमल चन्द्र पाण्डेय)
16- भारतीय संस्कृति में मध्य प्रदेश का योगदान (सह० श्याम कुमार पाण्डेय)
17- मध्य प्रदेश का पुरातत्त्व
18- भारतीय वास्तुकला का इतिहास
19- प्राचीन भारत का विदेशों से सम्बन्ध
20- ऐतिहासिक नगर तुमैन
21- प्राचीन भारत में संघटित जीवन (अनुवाद)
22- भारतीय आद्य इतिहास का अध्ययन (अनु०)
23- भारतीय पुरालेखशास्त्र (अनु०)
24- भरत नाट्यशास्त्र (अनु०)

CC-0. Bhagavad Ramanuja M

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

डा० नीलकंठ पुरुषोत्तम जोशी



डा० जोशी का जन्म ११ अप्रैल, १९२२ ई०, को बम्बई में हुआ था। उनकी शिक्षा वाराणसी में सम्पन्न हुई। उन्होंने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से १९४३ में बी० ए०, १९४५ में एम० ए० और १९४६ में बी० टी० की परीक्षायें उत्तीर्ण की। १९५६ में उसी विश्वविद्यालय द्वारा उन्हें पी-एच० डी० की उपाधि से भी सम्मानित किया गया।

उन्होंने १९४६ में प्राविन्शियल म्यूज़ियम (अब राज्य संग्रहालय), लखनऊ, में कस्टोडियन के पद पर सेवायोजन किया। उनका प्रथम अनुराग अध्यापन के प्रति था और १९५१ में वह इतिहास विषय में असिस्टेन्ट प्रोफ़ेसर के पद पर गवर्नमेन्ट संस्कृत कालेज, वाराणसी, चले गये। बाद को १९५८ में जब उस कालेज का उच्चीकरण संस्कृत विश्वविद्यालय (अब सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय) में हो गया तो उनकी नियुक्ति पुराणेतिहास के सहायक प्रवक्ता के पद पर हुयी और उन्हें संस्कृत विश्वविद्यालय संग्रहालय की स्थापना का कार्य भी उसके संग्रहालय-अध्यक्ष के रूप में सौंपा गया। १९६३ में उनकी नियुक्ति आर्किलोजिकल म्यूज़ियम (अब राजकीय संग्रहालय), मथुरा, में संग्रहालय-अध्यक्ष के पद पर हुई। १९६७ में वह राज्य संग्रहालय, लखनऊ, में निदेशक के पद पर प्रोन्नत होकर आये और वहीं से १९८० में सेवानिवृत्त हुये।

सेवानिवृत्ति के पश्चात वह अपना सम्पूर्ण समय अध्ययन में ही लगाते हैं और अपने उन ग्रन्थों को पूरा कर रहे हैं जिनके लिये वह सरकारी कार्य की व्यस्तता के कारण समय नहीं निकाल पाये थे। उन्होंने १९८१ में संयुक्त राज्य अमरीका में फिलाडेल्फिया में हुयी शिव पर विचार-गोष्ठी में भाग लिया और मिनियापोलिस में भारतीय कला पर हुयी विचार-गोष्ठी की अध्यक्षता की। उसी वर्ष उन्होंने दिल्ली में कुषाण कला पर अंतर्राष्ट्रीय विचार-गोष्ठी की भी अध्यक्षता की। १९८२ में उन्हें महाराज सयाजीराव विश्वविद्यालय, वडोदरा (बड़ौदा), ने विज़िटिंग फ़ैलो के रूप में आमंत्रित किया। गत वर्ष वह बर्लिन में हुयी भारतीय कला पर विचार-गोष्ठी की अध्यक्षता करने पश्चिम जर्मनी भी गये और विगत फरवरी में उन्होंने खजुराहो में हुयी खजुराहो कला पर अंतर्राष्ट्रीय विचार-गोष्ठी में भाग लिया तथा उसकी अध्यक्षता की।

सेवाकाल में उन्हें १९७६ में सर्वश्रेष्ठ अधिकारी पुरस्कार से सम्मानित किया गया, १९७० में बिहार राष्ट्र भाषा परिषद द्वारा उन्हें व्याख्यान देने के लिये आमंत्रित किया गया और १९७१ में बर्लिन में उन्होंने भारतीय विद्या पर आयोजित सभा में भाग लिया। राज्य संग्रहालय के निदेशक के पद पर अपनी कार्यावधि में उन्होंने बहुत से नये कार्यक्रम चालू किये– जैन, बौद्ध और ब्राह्मणीय कला पर प्रदर्शनियां आयोजित की, संग्रहालय में व्याख्यान माला प्रारम्भ की, और बच्चों तथा सामान्य जनता के लिये सचल संग्रहालय का कार्यक्रम बनाया। वह कंकाली टीला (मथुरा) के प्राचीन जैन स्तूप की प्रतिकृति भी इस प्रकार बनाना चाहते थे कि उसमें लखनऊ संग्रहालय में बहुलता से उपलब्ध वहां के पुरावशेषों को यथास्थान प्रदर्शित किया जा सके। जैन कला एवं स्थापत्य पर भारतीय ज्ञानपीठ से प्रकाशित दोनों खंडों के प्रणयन में भी उन्होंने उन्मुक्त सहयोग प्रदान किया था।

डा० जोशी का विषय उपलब्ध मूर्तियों, प्राचीन साहित्य, पुराणों, महाकाव्यों और विभिन्न सांस्कृतिक अनुश्रुतियों के परिप्रेक्ष्य में उत्तरी भारत की कला और मूर्ति-विज्ञान का अध्ययन है। उनका विशिष्ट विषय प्राचीन

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

जैन और ब्राह्मणीय मूर्ति-विज्ञान है। उन्होंने समय-समय पर २०० से भी अधिक शोध-पत्र भारत में और भारत के बाहर प्रकाशित विभिन्न शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित किये हैं, और अंग्रेजी, हिन्दी तथा मराठी में प्राय: एक दर्जन महत्त्वपूर्ण पुस्तकें लिखी हैं।

उन्होंने १९६९-८० में बुलेटिन ऑफ़ म्यूज़ियम्स एण्ड आर्किलॉजी इन यू० पी० का और १९८६ में जैन-निबंध-माला का सम्पादन किया। आजकल वह राज्य संग्रालय लखनऊ में ब्राह्मणीय मूर्तियों का कैटालॉग भाग २ और उत्तर भारतीय मूर्ति-विज्ञान पर एक समग्र ग्रन्थ जिसे वह हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में लिख रहे हैं, के प्रणयन में लगे हैं।

जो कुछ भी वह बोलते हैं और लिखते हैं उसमें डा० जोशी की पैठ तलस्पर्शी होती है और अपने विषय पर उनका अप्रतिम अधिकार होता है। वह लखनऊ की सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों से सक्रिय रूप से सम्बद्ध रहते थे। स्थानीय महाराष्ट्र समाज के वह सक्रिय सदस्य थे और उन्होंने मराठी मंच के लिये नाटक लिखे थे तथा स्वयं अभिनय भी किया था। अनन्त-ज्योति विद्यापीठ के बौद्धिक कार्यक्रमों से उनका निकटस्थ सम्पर्क था।

विद्वत्ता के धनी, विनीत, अग्रजों के प्रति सम्मानपूर्ण और शोध एवं लेखन के क्षेत्र में अनुजों के प्रति स्नेह-शील, तथा श्रेय के प्रति निर्लोभ, डा० जोशी एक ऐसे तपस्वी सारस्वत का प्रतिनिधित्व करते हैं जो सदैव ही स्मरणीय रहेंगे। भारतीय इतिहास, कला एवं मूर्ति-विज्ञान के क्षेत्र में उनके विद्वत्तापूर्ण योगदान के लिये डा० जोशी को आज इतिहास-मनीषी के सम्मान से सम्मानित करते हुये अनन्त-ज्योति विद्यापीठ प्रवर समिति स्वयं को गौरवान्वित अनुभूत करती है।

पता : सी० के० १/१३, भोंसला मंदिर, पटनी टोला, वाराणसी–२११ ००१

Dr. N. P. Joshi

Dr. Joshi was born on April 11, 1922 A. D., at Bombay. He had his education at Varanasi, and did B. A., M. A. and B. T. from the Banaras Hindu University in 1943, 1945 and 1946 respectively. He was also awarded Ph. D. in 1956 by that University.

He joined the Provincial Museum (now State Museum) at Lucknow in 1946 as Custodian. His first love was teaching and in 1951 he shifted to the Government Sanskrit College, Varanasi, as Assistant Professor of History. Later in 1958, when that College was upgraded as Sanskrit University (now Sampurnanand Sanskrit Vishvavidyalaya) he was appointed Assistant Professor of Puranetihasa and was also assigned the task of setting up the Sanskrit University Museum as its Curator. In 1963 he was appointed Curator of the Archaeological Museum (now Government Museum), Mathura. In 1967 he was promoted as Director of the State Museum, Lucknow, and retired from there in 1980.

After retirement he devoted himself wholly to studies and completing the works for which he could not spare time due to official routine. He participated in the Symposium of Siva at Philadelphia and chaired the Semimar on Indian Art at Miniapolis, in the U.S.A., in 1981. The same year he also chaired the International Seminar on Kushana Art at Delhi. In 1982 he was invited by the Maharaja Sayaji Rao University, Vadodara (Baroda), as Visiting Fellow. Last year he visited West Germany to chair the Seminar on Indian Art at Berlin, and last February he participated in and chaired the International Seminar on the Khajuraho Art at Khajuraho.

While in service he merited the Best Officer's Award in 1976, was invited by the Bihar Rashtra Bhasha Parishad to deliver lectures in 1970 and participated in the Indologen

CC-0. Bhagavad Pa...

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

Tagung at Berlin in 1971. During his tenure as Director of the State Museum, he initiated several new programes, *e. g.*, organised exhibitions on Jain, Buddhist and Brahmanical art, started lecture series in the Museum, and devised the Museum-on-wheels for school children and general public. He wanted to recreate the ancient Jain Stupa of Kankali Tila (Mathura), properly placing the antiquities from that site, in which the Lucknow Museum is very rich, and also extended whole-hearted co-operation in the production of two volumes on Jain Art and Architecture, published by the Bharatiya Jnanapith.

The field of Dr. Joshi is art and iconography of North India in the light of sculptures, classical literature, Puranas, epics and different cultural traditions. The special field of his work is the early Jain and Brahmanical Iconography. He has published more than 200 papers in various research journals both in India and abroad from time to time and has written some one dozen valuable books in English, Hindi and Marathi.

He edited the **Bulletin of Museums and Archaeology in U. P.** during 1969-80 and the **Jaina-Nibandhamala** in 1986.

He is at present working on—

(1) Catalogue of Brahmanical Sculptures in the State Museum, Lucknow, Pt. II, and
(2) North Indian Iconography – a comprehensive work on the subject being done both in English and Hindi.

Dr. Joshi has an in-depth approach in, and a rare command over, the subject in whatever he speaks or writes. He was actively associated with the social, cultural and academic life of Lucknow. He was an active member of the local Maharashtra Samaj, and wrote for, and played at, the Marathi stage. He was also intimately associated with the intellectual programmes of the Ananta-Jyoti Vidyapitha.

A man of great scholarship and humble demeanour, always respectful to those who are senior in scholarship and affectionate to those who are coming up in the field of research and writing, and never craving for credits, Dr. Joshi represents an image of Tapasvi-Saraswata who will always be adorable. The Ananta-Jyoti Vidyapitha Pravara Samiti feels honoured in conferring on Dr. Joshi this day the honour of Itihasa-Manishi for his scholarly contribution to the cause of scholarship in Indian History, Art and Iconography.

Address : C. K. 1/13, Bhonsala Mandir, Patanit Tola, Varanasi-221 001

Works कृतियां

(1) Mathura Sculptures (1966)
(2) Ancient Uttarapatha (1968)
(3) Catalogue of the Gandhara Sculptures in the State Museum, Lucknow (1969)
(4) Catalogue of the Brahmanical Sculptures in the State Museum, Lucknow, Pt. I. (1972)
(5) Iconography of Balarama (1979)
(6) Matrkas in Kusana Art (1986)
(7) मथुरा की मूर्ति कला (1965)
(8) कुषाण कालीन विष्णु प्रतिमायें (1969)
(9) प्राचीन भारतीय मूर्ति-विज्ञान (1977)
(10) भारतीय मूर्ति-शास्त्र (मराठी) (1979)
(11) भारतीय व्यायाम-विद्या का इतिहास
(12) Rukmini-Mangala (edited)

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

पंडित राम रतन

पंडित जी का जन्म मुरादाबाद जिले के ढाडौल ग्राम में ११ नवम्बर, १९०२ ई०, को हुआ था। उन्होंने इस असार संसार से ३ अक्तूबर, १९८६ ई०, को मेरठ में विदा ली।

उनकी नियमित शिक्षा जैन अनाथाश्रम, दिल्ली, में हुयी थी। वह आजन्म ब्रह्मचारी रहे और जैन श्रावक का सादा जीवन उन्होंने व्यतीत किया। उनका हस्तलेख बहुत सुन्दर था और मुद्रण के प्रचार के पहले हस्तनिर्मित काग़ज पर शास्त्र-पुराणों की प्रतियाँ मेरठ तथा उसके आसपास के जैन मंदिरों के शास्त्र-भंडारों के लिए वह बनाया करते थे।

१९२१-२९ के दौरान वह जैन मंदिरो से संलग्न पाठशालाओं में आगरा, सरधना और हस्तिनापुर में अध्यापक रहे। १९२९ में वह मेरठ शहर आ गये और वहीं बस गये।

१ मई, १९२९, को उन्होंने मोहल्ला तीरगरान स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में पाठशाला प्रारम्भ की जिसमें कुल चार शिशु थे और उनमें से एक (श्री अमीचन्द) अब इलेक्ट्रा लि० के अध्यक्ष हैं। पाठशाला अब विद्यानन्द जैन जूनियर हाई स्कूल के नाम से विख्यात है और एक स्वतंत्र भवन में स्थित है।

पंडित जी धार्मिक प्रवृत्ति के थे। वह जैन शास्त्रों का अध्ययन करते थे और सभाओं में उनका वाचन एवं प्रवचन करते थे। वह बच्चों को धार्मिक शिक्षा देने के लिएउत्सुक रहते थे ताकि उनमें नैतिक मूल्यों के प्रति बोध जागृत हो। अपने जीवन के अंतिम समय तक वह प्रातः जूनियर हाई स्कूल में अध्यापन करते रहे और सायंकाल जैन शिक्षा सदन में धार्मिक शिक्षा देते रहे।

पाठशाला गुरुओं की परम्परा के वह अंतिम प्रतिनिधि थे जो अपने शिष्यों को सादगी, धार्मिकता और विनम्रता से प्रभावित करते थे। यह जानकारी प्राप्त होने पर कि उनके किसी शिष्य ने किसी क्षेत्र में सफलता प्राप्त की है, उन्हें वास्तविक आनन्द होता था। दसियों वर्ष के बाद मिलने पर भी वह अपने शिष्यों को पहचान लेते थे और उन्हें आशीर्वाद देते थे जिससे कि शिष्य को भी उस छोटी सी पाठशाला का स्मरण हो आता था जहां उसने शिक्षा का प्रारम्भ किया था।

अनन्त-ज्योति विद्यापीठ प्रवर समिति ने परम्परागत पाठशाला गुरुओं के प्रतिनिधि के रुप में पँडित जी का अभिनन्दन करने का निश्चय किया था, परन्तु उनके जीवन-काल में उसका सुयोग हमें नहीं मिल सका। आज विद्यापीठ प्रवर समिति पंडित जी का मृत्योपरान्त सत्कार करती है और उनकी पवित्र स्मृति के प्रति अपनी विनम्र श्रद्धांजलि निवेदित करती है।

CC-0. Bhagavad Ramanuja...

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

Pt Ram Ratan

Panditji was born on Nov. 11, 1902 A. D., at village Dhadol in the Moradabad district, and left this carnal world on Oct. 3, 1986 A. D., at Meerut.

He had his formal education at the Jain Orphanage, Delhi. He remained a bachelor and led a simple life of a Jain layman. He had a beautiful handwriting and before the printer acquired popularity he used to make copies of the scriptures on hand-made paper for the Shastra Bhandaras attached to Jain Temples in and around Meerut.

During 1921-29 he served at Agra, Sardhana and Hastinapur as a teacher in the Pathshalas attached to Jain temples. In 1929 he came to Meerut City and finally settled there.

On May 1, 1929, he started the Pathshala in the Digambara Jain temple in Mohalla Teergaran, with only 4 pupils one of whom (Mr. Amichand Jain) is now the Chairman of the Electra Ltd. The Pathshala is now known as the Vidyanand Jain Junior High School and is housed in an independent building.

Panditji was religious minded. He used to study the scriptures, and read out and elaborate them to public audiences. He was keen to impart religious instrucion to children with a view to give them an understanding of the moral values. Till his last days he taught at the Junior High School in the morning and imparted religious instruction at the Jain Shiksha Sadan in the evening.

He was the last representative of the Pathshala gurus who impressed their pupils with their simplicity, piety and humility. He felt real joy on learning if any of his pupils had made a mark in any field. Even after a lapse of decades he would recognise and bestow his blessings, and it would transport the pupil back to the little Pathshala where he had learnt the rudiments of 3 R's.

The Ananta-Jyoti Vidyapitha Pravara Samiti had decided to felicitate Panditji as a true representative of the old school Pathshala teachers, but we could not have the good fortune of doing it in his life-time. This day the Vidyapitha Pravara Samiti confers the honour on Panditji posthumously and pays its humble tributes to his sacred memory.

——

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

श्री मानिक लाल घोष



श्री घोष का जन्म २९ जुलाई, १९०७ ई०, को बहराइच में हुआ था। उनकी शिक्षा इलाहाबाद में हुयी। उन्होंने १९२८ में यू० पी० सचिवालय में सेवायोजन किया था। १९४७ में वह व्यवहारिक पुस्तकालयाध्यक्ष के कार्य का अध्ययन करने के लिए इंग्लैन्ड गये और उन्होंने ब्रिटिश म्यूज़ियम लाइब्रेरी, लंदन, में प्रशिक्षण प्राप्त किया। इंग्लैन्ड से वापस लौटने पर यू० पी० सचिवालय के पुस्तकालयाध्यक्ष के पद को जिस पर वह कार्यरत थे, राजपत्रित स्तर प्रदान किया गया। उ० प्र० सचिवालय के पुस्तकालयाध्यक्ष के पद से वह १९६२ में सेवानिवृत्त हुए। पुस्तकालय विज्ञान में उनकी अभिरुचि बनी रही और १९७४ में पुस्तकालय विज्ञान में हुए विकास को देखने के लिए वह पुन: यूनाइटेड किंगडम गये।

१९७४ से ही वह विभिन्न समाचार-पत्रों एवं पत्रिकाओं में प्राय: अंग्रेजी में, और कभी-कभी बंगला में, लिखते रहे हैं। वह एक बहुमुखी लेखक हैं और प्राय: सभी विषयों पर लिखते हैं परन्तु उन्हें कविता, हास्य और व्यंग्य लिखना अधिक प्रिय है। दि पायनियर, नेशनल हेराल्ड, नर्दर्न इन्डिया पत्रिका, दि स्टेट्समैन, शंकर्स वीकली, इलस्ट्रेटेड वीकली, दि इन्डियन एक्सप्रेस और अमृत बाजार पत्रिका के पाठक 'ब्रोकन विंग' के 'एम० जी०' या 'एम० घोष' से भली भाँति परिचित हैं। १९४९–५१ की अवधि में उन्होंने यूनाइटेड किंगडम के पुस्तकालयों पर कई लेख लिखे थे। १९७१ में 'रीमर' तथा 'साइन्स ऑफ दि टाइम्स' के स्तम्भ और १९७९ में 'हैमर एण्ड टाँग्स' स्तम्भ उन्हीं की कृति थे।

उनकी हास्य भावना और व्यंग्य प्रतिभा उनकी कविताओं, लेखों और टिप्पणियों को एक सुखद पाठ्य बना देते हैं जो साथ ही तथ्यपरक और प्रबुद्ध भी होते हैं।

श्री घोष दैनिक पत्रों में अपने लेखन से लोगों को सामाजिक एवं राजनैतिक विषयों पर विचार करने के लिए प्रेरित करके और इस प्रकार जनमत को संगठित करके बौद्धिक जीवन को आपूरित करते रहे हैं। वह पुस्तकालय आंदोलन के एक अग्रणी कार्यकर्ता रहे हैं और पुस्तकालयाध्यक्ष के व्यवसाय को जो प्रतिष्ठा उत्तर प्रदेश में अब प्राप्त है, उसका बहुत कुछ श्रेय उनके सत्प्रयासों को है। बौद्धिक जगत में उनकी श्रेय उपलब्धियों के लिए अनन्त-ज्योति विद्यापीठ प्रवर समिति आज मनीषी श्री घोष का सत्कार और अभिनन्दन करती है।

पता : ब्रोकन विंग, ७-सी/३, सरोजनी नायडू मार्ग, लखनऊ–२२६००१

CC-0. Bhagavad Pa...

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

Mr. M. Ghosh

Mr. Ghosh was born on July 29, 1907 A. D., at Bahraich. He had his education at Allahabad. He joined service in the U. P. Secretariat in 1928. In 1947 he went to England to study practical Librarianship and got his training at the British Museum Library, London. On his return from England the post of Librarian of the U. P. Secretariat Library which he was holding, was accorded the Gazetted status. He retired from the post of Librarian of the U. P. Secretariat Library in 1962. His interest in Library Science sustained and he again visited the U. K. in 1974 to see the latest developments in Library Science.

He has been writing since 1949 in different newspapers and periodicals, mostly in English and sometimes in Bengali. He is a versatile writer and he writes practically on all subjects but loves to write poetry, humorous sketches and satire. The readers of The Pioneer, National Herald, Northern India Patrika, The Statesman, Shankar's Weekly, Illustrated Weekly, The Indian Express and Amrit Bazar Patrika, are quite familiar with 'M. G.' or 'M. Ghosh' of the Broken Wing. He wrote a series of articles on libraries in the U. K. during 1949-51. For some time he contributed to the 'Roamer' and 'Signs of the Times' columns in 1971 and to the 'Hammer and Tongs' column in 1979.

His sense of humour and penchant for satire make his poems, articles and skits a pleasant reading which is at the same time informative and enlightening.

Mr. Ghosh through his writings in the daily papers has been adding to the intellectual life by making people think on social and political issues and thereby in formulating public opinion. He has been a pioneer in the Library movement and the prestige that attaches to the profession of librarian now in Uttar Pradesh is much due to his efforts. This day the Ananta-Jyoti Vidyapitha Pravara Samiti honours and felicitates Mr. Ghosh, the intellectual *par excellence*, for his creditable achievements in the field of intellect.

Address : Broken Wing, 7C/3, Sarojini Naidu Marg (Havelock Road), Lucknow-226001

——

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

श्री आनन्द स्वरूप मिश्रा

श्री मिश्रा का जन्म फर्रुखाबाद ज़िले के ग्राम सराय मीरन में २६ फरवरी, १९०८ ई०, को हुआ था। उनकी शिक्षा सराय मीरन, बांदा, इलाहाबाद और लखनऊ में हुयी। इलाहाबाद विश्वविद्यालय से १९२७ में उन्होंने बी० ए० की परीक्षा उत्तीर्ण की और लखनऊ विश्वविद्यालय से १९२९ में एल-एल० बी० की परीक्षा उत्तीर्ण की।

कुछ समय तक उन्होंने इलाहाबाद में वकालत की, परन्तु १९३३ में यू० पी० सेक्रेटेरिएट के वित्त विभाग में उनकी नियुक्ति हो गयी। कुछ समय के लिये उन्होंने इन्सपेक्टर जनरल ऑफ सिविल हास्पिटल्स के कार्यालय में लेखाधिकारी के पद पर भी कार्य किया। अधीक्षक के पद पर चयन होने पर वह सचिवालय वापस लौट आये और उप सचिव के पद उच्चस्तरीय पद तक उनकी पदोन्नति हुयी। उप सचिव के पद से उन्होंने १९६४ में अवकाश ग्रहण किया।

उन्होंने ५५ वर्ष की आयु में स्वेच्छा से सेवानिवृत्ति इस उद्देश्य से प्राप्त की थी कि वह पुन: वकालत करेंगे और अपना समय पुस्तकों के प्रणयन में लगायेंगे। उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में एडवोकेट के रुप में उन्होंने सेवा सम्बन्धी मामलों में ही अपना उपयोग लगाया और सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष भी उपस्थित हुए।

श्री मिश्रा का व्यसन अध्ययन और लेखन रहा है। जब पहले उन्होंने वकालत शुरु ही की थी तभी कोर्ट फीस ऐक्ट और सूट्स वैल्यूएशन ऐक्ट पर कमेन्ट्री लिखी थी जिसकी तत्कालीन उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों तथा सर तेजबहादुर सप्रू सरीखे वकीलों ने सराहना की थी। सेवाकाल में उन्होंने नाना-साहब पर पुस्तक लिखी थी, जो उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रकाशित की गयी थी; इसका मराठी अनुवाद भी महाराष्ट्र शासन द्वारा प्रकाशित किया गया है।

सेवानिवृत्ति के बाद वह विधि पर तथा इतिहास एवं संस्कृति पर पुस्तके लिखते रहे हैं। ये पुस्तके संदर्भ एवं निर्देश पुस्तकाओं के रुप में प्रशासनिक तथा न्यायिक सेवाओं के सदस्यों के लिये महत्त्वपूर्ण हैं और राज्य कर्मचारियों के लिए सामान्य रुप से उपयोगी हैं। न्यायिक औचित्य के सिद्धान्तों एवं व्यवहारों पर उनकी पुस्तक उच्च न्यायालय के भूतपूर्व न्यायाधीश श्री रमेशचन्द्र देव शर्मा के अनुसार एक न्यायाधीश के लिए अपेक्षित न्यायालय में तथा व्यक्तिगत जीवन में न्यायिक औचित्य के प्राय: प्रत्येक पक्ष पर प्रकाश डालती है। एक अन्य भूतपूर्व न्यायाधीश तथा वर्तमान में उ० प्र० में लोक आयुक्त श्री मुर्तजा हुसेन ने यह भी स्वीकार किया है कि यदि पहले उन्होंने इस पुस्तक को पढ़ा होता तो अधीनस्थ न्यायिक सेवा तथा बाद में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रुप में उनका कृतित्व काफी बेहतर रहा होता।

श्री मिश्रा नैषधीय-चरितम् के कर्त्ता सुप्रसिद्ध कवि श्री हर्ष के वंशज हैं, उस महाकवि तथा उनके समय और संरक्षक के विषय में श्री मिश्रा ने दो पुस्तके लिखी हैं। उन्होंने अपनी आत्मकथा के रुप में भी निबन्ध लिखा है।

अध्यात्म बिद्या तथा धर्म के तुलनात्मक अध्ययन में भी उनकी रुचि है। पैगम्बर मोहम्मद के ऊपर लिखी गयी उनकी पुस्तक में इस्लाम के पुरस्कर्ता के जीवन और कृतित्व के संबंध में संवेदनात्मक दृष्टि परिलक्षित होती है।

CC-0. Bhagavad Pa

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

सचिवालय अधिकारी के रुप में श्री मिश्रा की प्रतिष्ठा एक नियमबद्ध, गहन तथा प्रखर अधिकारी के रुप में थी। उक्त सेवा अभी भी उनसे प्रेरणा ग्रहण करती है। लेखक के रुप में उन्होंने अपनी सेवाकाल के लगभग ३० वर्ष के अनुभव को राज्य कर्मचारियों के लिए लेखबद्ध किया है, और जब भी निर्वचन या प्रक्रिया की समस्या उपस्थित होती है तो उनकी पुस्तकों से मार्गदर्शन प्राप्त किया जाता है। अनन्त-ज्योति विद्यापीठ प्रवर समिति आज विद्वान-मनीषी श्री मिश्रा का ज्ञान एवं विद्वत्ता के क्षेत्र में उनके सारभूत योगदान के लिए सत्कार और अभिनन्दन करती है।

पता : १५, दुर्गापुरी (ब्लन्ट स्क्वायर), लखनऊ-२२६००४

Mr. A. S. Misra

Mr. Misra was born on February 26, 1908 A. D., at Village Sarai Miran in the Farrukhabad district. He had his education in Sarai Miran, Banda, Allahabad and Lucknow. He did B. A. from the Allahabad University in 1927 and LL. B. from the Lucknow University in 1929.

For some time he practised law at Allahabad, but in 1933 he joined the U. P. Secretariat in the Finance Department, and for some time worked also as Accounts Officer in the Office of the Inspector- General of Civil Hospitals. On his selection as Superintendent he came back to the Secretariat and rose to the high position of Deputy Secretary, from which post he retired in 1964.

He took voluntary retirement at the age of 55 with a view to re-enter the legal profession and devote himself to writing books. As an Advocate at the Lucknow Bench of the High Court he specialised in service matters and also appeared before the Supreme Court.

The first passion of Mr. Misra has been study and writing. As a young lawyer he wrote "Commentary on the Court Fees Act and the Suits Valuation Act", and it was highly praised by the then Justices of the High Court and other legal luminaries such as Sir Tej Bahadur Sapru. During the service period he wrote "Nana Saheb Peshwa and the Fight for Freedom". It was published by the U. P. Government, and its Marathi translation has also been published by the Government of Maharashtra.

Since retirement he has devoted himself to writing books on law as well as history and culture. His books are valuable as reference and guide books for the members of administrative and judicial services, as also the government servants in general. His book o Judicial Propriety, as summed up by Mr. R. C. Deo Sharma, a former Judge of the High Court, covers almost every aspect of judicial propriety in court as well as in the private life of a Judge. Mr. Mirza Murtaza Hussain, a former Judge and presently Lok Ayukta in U.P., found the book to be an exhaustive and scholarly treatise on the topic, and he was not shy in admitting that had he read this book earlier, his performance as a member of subordinate judiciary and also as a Judge of the High Court might have been much better.

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

Mr. Misra traces his descent from Sri-Harsh, the famous author of 'Naishadhiya Charitam'. He has written two books about the great poet and his times and patron. He has also written an auto-biographical account under the title 'Living Without Malice'.

Spiritual pursuit and comparative study of religions also engage his attention. In 'The Prophet, His Graces and Glorious End', he has presented a sympathetic understanding of the life and work of the founder of Islam.

As a Secretariat Officer Mr. Misra had the reputation of being meticulous, thorough and brilliant. His example still inspires the Service. As an author he has put forth his experience of nearly thirty years in service for the benefit of government servants and his books are frequently referred when there is any point of difficulty in interpretation and procedure. The Ananta-Jyoti Vidyapitha Pravara Samiti this day honours and felicitates Mr. Misra, the scholar and intellectual *par excellence*, for his substantial contribution in the field of learning and scholarship.

Address : 15, Durga puri (Blunt Square), Lucknow–226004

Works' कृतियां

(1) Commentary on the Court Fees Act and the Suits Valuation Act
(2) Government Servants' Companion
(3) Officers' Companion
(4) Law of Speaking Orders
(5) Law of Bias and Malafides
(6) Law of Character and Integrity Rolls
(7) Commentary on the U. P. Public Services Tribunals Act, 1976
(8) How to write Judgments
(9) Principles and Practice of Judicial Propriety
(10) Nana Saheb Peshwa and the Fight for Freedom
(11) The Prophet, His Graces and Glorious End
(12) कन्नौज का इतिहास और महाराजा जयचन्द की सत्य कथा
(13) महाकवि श्रीहर्ष और उनका महान संस्कृत काव्य नैषधीय-चरितम्

———

CC-0. Bhagavad Pa...

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

श्री राम गोपाल



श्री राम गोपाल का जन्म मुरादाबाद जिले के ग्राम अगवानपुर में १२ अगस्त, १९१२ ई०, को हुआ था। उनकी नियमित संस्थागत शिक्षा सम्भव न हो सकी और एम० ए० की परीक्षा भी उन्होंने व्यक्तिगत अभ्यर्थी के रूप में उत्तीर्ण की। अपने जीवन के प्रारम्भ में वह पत्रकारिता की ओर आकर्षित हुये और उन्होंने विभिन्न अंग्रेजी दैनिक-पत्रों के संवाददाता के रूप में कार्य किया, तथा १९५३ में वह यू० पी० वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के अध्यक्ष भी निर्वाचित हुये। बाद में कुछ समय वह इलाहाबाद से प्रकाशित 'दी लीडर' के सहायक सम्पादक भी रहे। परन्तु शीघ्र ही उन्होंने पत्रकारिता को व्यवसाय के रूप में छोड़ दिया और स्वान्तः सुखाय पुस्तक लेखन का कार्य प्रारम्भ किया तथा लखनऊ में आवासित हुये।

विगत ३०-वर्षों में उन्होंने प्रायः २० पुस्तकें भारतीय इतिहास तथा राजनीति पर लिखी हैं। •आजकल वह भारतीय स्वतंत्रता की वास्तविकताओं पर एक ग्रन्थ का प्रणयन कर रहे हैं। उनकी सभी पुस्तकें उनके निजी प्रयास का फल है, जिसमें उन्होंने किसी दूसरे की सहायता अथवा मार्ग-दर्शन प्राप्त नहीं किया। उनके सभी ग्रन्थ विशेष रूप से सुलिखित और संदर्भित हैं और वह किसी भी विश्वविद्यालय के अध्यापक के योग्य उच्च कोटि के शोध कार्य का मान रखते हैं।

लोकमान्य तिलक पर उनकी पुस्तक की समीक्षा ब्रिटिश बुक न्यूज में, भारत की भाषा समस्या पर उनकी पुस्तक की समीक्षा टाइम्स आफ इन्डिया में और बंगाल में ब्रिटिश आधिपत्य तथा भारत में ब्रिटिश राज्य पर पुस्तकों की समीक्षा टाइम्स लिटरेरी सप्लिमेन्ट में प्रकाशित हुयी थीं जिसमें इन ग्रन्थों को अपने विषय पर शोध पूर्ण एवं प्रामाणिक बताया गया।

भारतीय मुसलमानों के राजनीतिक इतिहास विषयक उनकी पुस्तक की समीक्षा आधुनिक भारतीय इतिहास के अधिकारी विद्वान एल० एफ० रशब्रुक-विलियम्स ने इन्टरनेशनल अफ़ेयर्स में करते हुये श्री राम गोपाल की सम्पूर्ण लेखन शैली का स्पष्ट विवेचन किया है और कहा है कि श्री राम गोपाल यद्यपि विवादशील प्रकार के उन कठोर पत्रकारों में से हैं जिन्होंने भारतीय पत्राकारिता को राष्ट्रीय आंदोलन की सफलता में एक शक्तिशाली भूमिका प्रदान की थी, उन्होंने ऐतिहासिक विषयों पर कतिपय उत्कृष्ट पुस्तकें पर्याप्त वस्तुपरकता के साथ लिखी हैं। वस्तुपरकता के गुण की अपेक्षा से उक्त ग्रन्थ एक अति कठोर परीक्षा है जिसकी कि कल्पना की जा सकती थी क्योंकि एक उत्तर प्रदेश वासी यदि मुस्लिम राजनीति के विषय में दूसरे सम्प्रदाय का होते हुये इतनी वस्तुपरकता के साथ लिख सकता है तो वह किसी भी विषय पर वस्तुपरकता के साथ लिख सकता है। निष्पक्षता बनाये रखने के लिये लेखक ने अति परिश्रम किया है और चूँकि यह ग्रन्थ बहुत श्रमसाध्य शोध का परिणाम है तथा बहुत ही सुलिखित है, यह सावधानीपूर्वक अध्ययन के योग्य है।

इन्दिराकालीन भारत पर पुस्तक के प्रणयन में उनकी वस्तुपरकता और साहस श्लाघनीय हैं और वह उन्हें वर्तमान घटनाओं के राजनैतिक टीकाकारों तथा इतिहासकारों की प्रथम पंक्ति में ला खड़ा करते हैं।

श्री राम गोपाल राजनैतिक जीवन में भी सक्रिय रहे हैं; वह भारतीय क्रान्ति दल के संस्थापकों में से थे

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

तथा उसके प्रथम उपाध्यक्ष थे, और उ० प्र० विधान परिषद के सदस्य भी रहे हैं, परन्तु शीघ्र ही राजनैतिक क्रियाकलापों के प्रति उनको वितृष्णा हो गयी क्योंकि उन्होंने देखा कि राजनीति बौद्धिक लोगों के लिये उचित व्यवसाय नहीं है। पुनः वह अध्ययन, शोध और लेखन में लग गये।

भारतीय इतिहास के ब्रिटिश काल तथा स्वतंत्रता-पश्चात काल, और भारत की वर्तमान राजनीति, संविधान तथा भाषा समस्या के अध्येताओं के लिये उनके ग्रन्थ महत्त्वपूर्ण बने रहेंगे। अनन्त-ज्योति विद्यापीठ प्रवर समिति आज विद्वान-मनीषी श्री राम गोपाल का स्वतन्त्र चिन्तन और विद्वत्ता के क्षेत्र में सारभूत योगदान के लिए सत्कार और अभिनन्दन करती है।

पता : शान्ति सदन, मोती नगर, लखनऊ-२२६००४

Mr. Ram Gopal

Mr. Ram Gopal was born on August 12, 1912 A.D., in village Agwanpur in the Moradabad district. He could not have regular institutional education and did M.A. also as a private candidate. Early in his life he was drawn to journalism and worked as a correspondent for different English Dailies; and was elected President of the U.P. Working Journalists Union in 1953. Later he was Assistant Editor of The Leader, Allahabad. But soon he gave up journalism and took up the self-help project of writing books, and for good settled at Lucknow.

During the last thirty years he has written some twenty books on Modern Indian History and Polity. He is currently working on 'Indian Freedom : Rhetorics and Realities'. All his books are the result of his personal effort only, not aided or guided by any body. His works are very well written and fully documented, and would have done credit to any don of a University as high class research work.

It was reviewed in the British Book News (Oct. 1966) that his "**Lokmanya Tilak** is indispensable to students of Modern Indian History. Well written, comprehensive and authoritative it unfolds Tilak's life vividly and with compassion."

The Times of India (20-8-1967) commented on his **Linguistic Affairs of India**– "Ram Gopal is a journalist, political worker and author. The book reflects the merits and drawbacks of these roles. It is a readable book with lucid style and interesting details, with all view-points objectively considered and with historical data judiciously presented".

While reviewing in the International Affairs (July 1960) his **Indian Muslims : A Political History**, L.F. Rushbrook-Williams, the reputed authority on Modern Indian History, candidly sums up the merits of Mr. Ram Gopal's authorship : "Mr. Ram Gopal, although a doughty journalist of the controversial type which made Indian journalism a powerful factor in the success of the nationalist movement, has written some excellent books on historical subjects with considerable objectivity. The work under notice is about as stiff a test of this quality as could be devised; because a U.P. man who can write objectively about Muslim politics while belonging to the other community can probably write objectively about anything. The author has taken the greatest possible pains to maintain impartiality; and since

CC-0. Bhagavad P

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

this book is the product of much industrious research and is exceedingly well written, it deserves – and will no doubt receive- careful study".

His objectivity and courage in **India under Indira** is creditable and it brings him in the first line of political commentators and historians of current events.

Mr. Ram Gopal had also been active in political life and was one of the founders and the first Vice-President of the Bhartiya Kranti Dal, and had a term as member of the U.P. Legislative Council in 1960's. But he was soon disillusioned, and to his chagrin, found that politics was no vocation for intellectuals. He reverted to his passion of studying, research and writing.

For all students of the British Period and the Post-Independence Period of Indian History, and the current polity, constitution and linguistic problem of India, his books are a valuable reading. The Ananta-Jyoti Vidyapitha Pravara Samiti this day honours and felicitates Mr. Ram Gopal, the scholar and intellectual *par excellence,* for his substantial contribution to free thinking and scholarship.

Address : Shanti Sadan, Moti Nagar, Lucknow–226 004

Works कृतियां

(1) Lokmanya Tilak – A Biography (1955, 1966)
(2) Indian Muslims – A Political History, 1858-1947
(3) British Rule in India – An Assessment
(4) How the British Occupied Bengal – A Corrected Account of the 1756–1765 Events
(5) Trials of Nehru
(6) How India Struggled for Freedom
(7) India– China– Tibet Triangle
(8) Indo–Pakistan War and Peace
(9) Spotlight on Democracy in India
(10) Indian Politics from Crown Rule to Independence
(11) Linguistic Affairs of India
(12) Man and Reason
(13) Undemocratic Elements in the Indian Constitution
(14) India under Indira
(15) India : The People and their Secular State
(16) भारतीय राजनीति – विक्टोरिया से नेहरू तक
(17) जवाहर लाल नेहरू के मुकदमे
(18) स्वतंत्रता से पूर्व हिन्दी के संघर्ष का इतिहास
(19) भारतीय मुसलमानों का इतिहास
(20) लोकमान्य तिलक की जीवनी

———

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

श्री रामेश्वर प्रसाद दुबे

श्री दुबे का जन्म लखनऊ में ७ दिसम्बर, १९१२ ई०, को हुआ था। उनकी शिक्षा लखनऊ में ही हुयी और उन्होंने १९३७ में इतिहास विषय में एम० ए० की परीक्षा लखनऊ विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की। उसके बाद वह वर्धा में स्थित अखिल भारतीय ग्रामोद्योग संघ में समाज सेवा एवं ग्रामोद्योग के प्रशिक्षण के लिये चले गये जहाँ उन्हें महात्मा गाँधी और सुभाष चन्द्र बोस के सान्निध्य का अवसर प्राप्त हुआ जिन्होंने उनके व्यक्तित्व पर प्रभूत प्रभाव डाला। तीन वर्ष तक वह सोख्ता आश्रम, गंगाघाट, में कुटीर उद्योग के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत रहे तथा आसफपुर और रणीवां के ग्रामोद्योग आश्रमों में भी उन्होंने कार्य किया।

१९४१-४२ में उन्होंने गवर्नमेन्ट ट्रेनिंग कालेज, इलाहाबाद, में प्रशिक्षण लिया और १९४२ में एल० टी० की परीक्षा उत्तीर्ण की। तत्पश्चात वह डी० ए० वी० इन्टर कालेज, लखनऊ, में अध्यापक के पद पर नियुक्त हुये जहाँ वह सितम्बर १९४७ तक कार्यरत रहे। इस बीच उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से १९४६ में एल-एल० बी० की परीक्षा भी उत्तीर्ण की। सितम्बर १९४७ में वह राजकीय सेवा में आ गये। राजकीय सेवा के दौरान उन्होंने सचल प्रशिक्षण केन्द्रों के प्रमुख निर्देशक, सहायक परियोजना कार्यपालक अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, तकनीकी सहायक (सामाजिक शिक्षा) और प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी के पदों पर कार्य किया। प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी के पद से वह दिसम्बर १९७० में सेवानिवृत्त हुये। सेवानिवृत्ति के पश्चात लगभग १० वर्ष उन्होंने वकालत की परन्तु इस व्यवसाय की रीतियों से वह अपना समन्वय नहीं कर सके।

अपने विद्यार्थी जीवन से ही उन्हें शारीरिक शिक्षा में विशेष अभिरुचि थी और व्यायाम तथा मुक्केबाजी में उन्होंने पदक भी प्राप्त किये थे। अध्यापक के रूप में उन्होंने सदैव ही खेल खेलने और व्यायाम करने के लिये प्रोत्साहित किया।

वह एक धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं। नैतिक मूल्यों के प्रति उनका विशेष अनुराग है। उन्होंने सामाजिक और शैक्षणिक समस्याओं पर लेख भी लिखे हैं और उनकी इच्छा एक ऐसी पुस्तक लिखने की है जो हिन्दू समाज में जागरुकता और आत्म-सम्मान ला सके परन्तु उनका गिरता हुआ स्वास्थ्य इसमें बाधक हो रहा है।

श्री दुबे एक बहुत ही सम्मानित अध्यापक थे क्योंकि उन्हें अपने विद्यार्थियों से स्नेह था और वह उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन स्वान्तः सुखाय देते थे। वह अपने विद्यार्थियों को सदा ही आगे बढ़ने के लिये प्रोत्साहित करते थे और उनकी सफलता पर आनन्दित होते रहे हैं। अनन्त-ज्योति विद्यापीठ प्रवर समिति आज मनीषी श्री दुबे का उनके विशिष्ट गुणों के लिए सत्कार और अभिनन्दन करती है।

पता : ४, मारवाड़ी गली, अमीनाबाद, लखनऊ-२२६ ०१८

——

CC-0. Bhagwat [illegible]

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

Mr. R. P. Dube

Mr. Dube was born on Dec. 7, 1912 A. D., at Lucknow. He had his education in Lucknow and did M. A. in History in 1937 from the Lucknow University. Then he went to the All India Village Industries Association, Wardha, for training in social service and village industries. There he had the opportunity to come into contact with Mahatma Gandhi and Subhash Chandra Bose, who had a great impact on him. For three years he worked as Superintendent of Cottage Industries at the Sokhta Ashram, Ganga Ghat, and also of village industries Ashrams at Asafpur and Raniwa.

In 1941-42 he joined the Government Training College, Allahabad, and took L. T. in 1942. He was then appointed teacher in the D. A. V. Inter College, Lucknow, and worked there till September 1947 when he entered Government Service. In the meantime he had done LL. B. from the Lucknow University in 1946. During his period of service under the U. P. Government he worked as Chief Instructor of the Mobile Training Squads, Assistant Project Executive Officer, Block Development Officer, Technical Assistant (Social Education) and Extension Training Officer from which post he retired in December 1970. After retirement, for nearly ten years he practised law but could not reconcile himself to the professional mores.

From his college days he was interested in physical education and had won medals in gymnastics and boxing. As a teacher he always encouraged his students to play games and do physical exercise.

He is a religious man and puts a premium on moral values. He has occasionally written on social and educational problems, and wants to write a book with a view to awaken the conscience and self-respect of the Hindus, but his failing health is causing hinderance.

Mr. Dube was a very respected teacher since he had affection for his students and gave them necessary guidance spontaneously. He always encouraged his students to go ahead and has felt real joy on their success. The Ananta-Jyoti Vidyapitha Pravara Samiti this day honours and felicitates Mr. Dube, the intellectual *par excellence*, for his distinctive virtues.

Address : 4, Marwari Gali, Aminabad, Lucknow-226018.

——

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

श्री राम निहोर चतुर्वेदी



श्री चतुर्वेदी का जन्म ४ अगस्त, १९१३ ई०, को जौनपुर जिले के ग्राम रामपुर खुर्द में हुआ था। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा मड़ियाहु स्थित तहसील प्राइमरी स्कूल में हुयी और वर्नाकुलर फ़ाइनल परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात वह उच्चतर शिक्षा के लिये वाराणसी चले गये। उन्होंने बी० ए०, इतिहास विषय में एम० ए० और बी० टी० की परीक्षायें काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की।

१९४१-४४ के दौरान वह डी० ए० वी० इन्टर कालेज, वाराणसी, में और तत्पश्चात १९४४ से १९५१ तक डी० ए० वी० इन्टर कालेज, लखनऊ, में इतिहास के अध्यापक रहे। १९५१ में उनकी नियुक्ति श्री गांधी विद्यालय इन्टर कालेज, बछरावां, जिला रायबरेली, में प्रिन्सिपल के पद पर हुयी और वहीं से वह १९७४ में सेवानिवृत्त हुये।

वर्तमान में वह गंगादीन रामकुमार इण्टर कालेज, रामगढ़ (जिला जौनपुर), के अध्यक्ष हैं। ध्यान-योग और आसनों में उनकी विशेष अभिरुचि है।

उन्होंने १९४७ में "विश्व इतिहास की झांकी" पुस्तक लिखी थी जो उ० प्र० माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा इण्टर कक्षाओं के लिये निर्धारित की गयी थी। उन्होंने सैन्य विद्रोह से पूर्व के समाचार-पत्रों तथा सैन्य विद्रोह से पहले देशी प्राथमिक शिक्षा, पर लेख भी प्रकाशित किये थे।

एक अध्यापक के रूप में वह अपने विद्यार्थियों द्वारा बहुत सम्मानित थे क्योंकि उनकी शिक्षा के प्रति वह सावधान रहते थे और उनके प्रति सदैव ही स्नेहशील रहते थे। उनके विद्यार्थी उन्हें अब भी स्मरण करते हैं और एक अध्यापक के रूप में जिन्होंने अपना समस्त जीवन शिक्षा के कार्य के लिये समर्पित किया है, उनके प्रति यही सर्वोत्तम श्रद्धांजलि है। अनन्त-ज्योति विद्यापीठ प्रवर समिति आज मनीषी श्री चतुर्वेदी का अध्यापन के प्रति अप्रतिम निष्ठा के लिए सत्कार और अभिनन्दन करती है।

पता : ग्राम रामपुर खुर्द, डाकखाना जन्घई बाज़ार, जिला जौनपुर

——

CC-0. Bhagavad Ram...

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

Mr. R. N. Chaturvedi

Mr. Chaturvedi was born on Aug. 4, 1913 A.D., in Village Rampur Khurd in the Jaunpur district. He had his early schooling at the Tahsil Primary School at Mariahu, and having passed the Vernacular Final Examination he shifted to Varanasi for further education, and did B.A., M.A. in History, and B.T. from the Banaras Hindu University.

He worked as Lecturer in History at the D.A V. Inter College, Varanasi, during 1941-44 and then at the D.A.V. Inter College, Lucknow, from 1944. In 1951 he was appointed Principal of Shri Gandhi Vidyalaya Inter College, Bachhrawan, Distt. Rae Bareli, from where he retired in 1974.

Presently he is President of the Gangadin Ramkumar Inter College, Ramgarh (Distt. Jaunpur). He is specially interested in Dhyana-Yoga and Asanas.

He wrote a text book on World History (विश्व इतिहास की झांकी) in 1947 which was approved by the U.P. Board of High School and Intermediate Education for Inter Classes. He had published papers on 'Press before the Mutiny' and 'Indigenous Elementary Education before the Mutiny'.

As a teacher he was highly respected by his students because he showed concern for their studies and was always affectionate towards them. He is still remembered by his students and that is the best tribute to him as a teacher who has devoted all his life to the cause of education. The Ananta-Jyoti Vidyapitha Pravara Samiti this day honours and felicitates Mr. Chaturvedi, the intellectual *par excellence,* for his exemplary sincerity to his job as a teacher.

Address : Village Rampur Khurd, P.O. Janghai Bazar, Distt. Jaunpur

——

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

श्री वीर नन्दन जिन्दल



श्री जिन्दल का जन्म ६ मई, १९१५ ई०, को लखनऊ में हुआ था। उनकी समस्त शिक्षा लखनऊ में ही हुयी। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से १९३६ में बी० एस-सी० और १९३८ में एल-एल० बी० किया।

१९३८-४१ के दौरान उन्होंने लखनऊ में वकालत की। तत्पश्चात वह बैंक व्यवसाय में चले गये और १९४२ में उन्होंने भारत बैंक लि० में सेवायोजन किया तथा दिल्ली, मथुरा, गोरखपुर और इन्दौर में ब्रांच मैनेजर के पद पर कार्य किया। १९५४ में वह लखनऊ बैंक लि० के प्रबंध निदेशक नियुक्त हुये और १९७६ तक कार्यरत रहे जब कि रिजर्व बैंक की नयी बैंक नीति के कारण उक्त बैंक को बनारस स्टेट बैंक में विलीन करना पड़ा। १९७६-७८ की अवधि में वह मोदी समूह द्वारा मोदी रबड़ लि० के क्षेत्रीय मैनेजर के पद पर आर्थिक मैनेजमेन्ट में अपने विशिष्ट ज्ञान की दृष्टि से आमंत्रित किये गये। मार्च १९७८ में वह अंततः नियमित सेवा से निवृत्त हो गये। तब से एक विचारपूर्ण नागरिक के रूप में वह अपना समय अध्ययन और लेखन में ही व्यतीत करते हैं।

वह लखनऊ के सामाजिक जीवन में सक्रिय रहे हैं। वह इण्टरनेशनल क्लब और जैन मिलन के कोषाध्यक्ष हैं तथा ह्यूमनिस्ट यूनियन के उपाध्यक्ष हैं।

१९४० से ही श्री जिन्दल 'पाठकों के पत्र' स्तम्भ के अंतर्गत दैनिक समाचार-पत्रों में पत्र लिखते रहे हैं। दि पायनियर, नेशनल हेराल्ड, नर्दर्न इण्डिया पत्रिका और टाइम्स ऑफ़ इण्डिया के पाठक उनसे सुपरिचित हैं। वह सभी सामयिक विषयों पर लिखते हैं और वर्तमान घटनाओं, धार्मिक कठमुल्लापन और सामाजिक समस्याओं पर स्पष्ट एवं तर्कपूर्ण विचार प्रस्तुत करते हैं। अपने पत्रों के द्वारा जो अब १००० से भी ऊपर हैं, उन्होंने कितने ही विवाद प्रेरित किये और लोगों को सोचने के लिये प्रोत्साहित किया है। विचारों के संवहन में और लोगों को सोचने तथा अपने विचार व्यक्त करने के लिये प्रेरित करने में उनका योगदान समाचार-पत्रों के अग्र-लेखों से कम नहीं रहा है। अनन्त-ज्योति विद्यापीठ प्रवर समिति आज मनीषी श्री जिन्दल का प्रबुद्ध चिन्तन के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सत्कार और अभिनन्दन करती है।

पता : अजिताश्रम, गनेश गंज, लखनऊ–२२६ ०१८

CC-0. Bhagavad Ra...

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

Mr. V. N. Jindal

Mr. Jindal was born on May 6, 1915 A.D., at Lucknow. All his education was done at Lucknow. He did B.Sc. in 1936 and LL.B. in 1938 from the Lucknow University.

During 1938-41 he practised law at Lucknow. Then he shifted to the Banking profession, and joined the Bharat Bank Ltd. in 1942 and served as its Branch Manager at Delhi, Mathura, Gorakhpur and Indore. In 1954 he joined the Lucknow Bank Ltd. at Lucknow as Managing Director and continued as such till 1976 when that Bank was wound up because of the new banking policy of the Reserve Bank of India. During 1976-78 he was invited by the Modis to work as Regional Manager of the Modi Rubber Ltd .at Lucknow in view of his expertise in financial management. In March 1978 he finally retired from regular employment, and since then he is spending his leisure in reading and writing as a thoughtful citizen.

He has been active in the social life of Lucknow. He is Treasurer of the International Club and the Jain Milan, and Vice-President of the Humanist Union.

Mr. Jindal has been contributing letters to the Readers' Forum of the daily newspapers since 1940. The readers of The Pioneer, National Herald, Northern India Patrika and Times of India are quite familiar with him. He writes practically on all topical matters, and puts forth his views on current events, religious fanaticism/fundamentalism and social problems candidly and rationally. Through his letters which number over a thousand, he has often initiated controversies and made people think. In floating ideas and in provocating people to think and express, his contribution has not been less than that of the Leader writers of newspapers. The Ananta-Jyoti Vidyapitha Pravara Samiti this day honours and felicitates Mr. Jindal, the intellectual *par execellence*, for his contribution to conscientious thinking.

Address : Ajitashram, Ganesh Ganj, Lucknow-226 018

—

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

डा० भगीरथ मिश्र



डा० मिश्र का जन्म २० जुलाई, १९१५ ई०, को कानपुर में हुआ था। उनकी प्राथमिक शिक्षा ग्राम सेंठा में हुयी और माध्यमिक स्तर से स्नातक स्तर तक की शिक्षा कानपुर में हुयी। वह एक प्रखर छात्र थे और १९३५ में संयुक्त प्रांत में हाईस्कूल परीक्षा में उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया था तथा तत्पश्चात इण्टरमीडिएट की परीक्षा में भी योग्यता सूची में स्थान प्राप्त किया था। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से हिन्दी विषय में एम०ए० की परीक्षा प्रथम श्रेणी में तथा प्रथम स्थान पर १९४१ में उत्तीर्ण की। १९४५ में उन्होंने फ्रेन्च भाषा में डिप्लोमा किया तथा उन्हें लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा पी-एच० डी० की उपाधि प्रदान की गयी।

उनकी नियुक्ति लखनऊ विश्वविद्यालय में १९४३ में हिन्दी विभाग में प्राध्यापक के पद पर हुयी और १९५२ में रीडर के पद पर प्रोन्नति हुयी। पुणे विश्वविद्यालय में हिन्दी के प्रोफ़ेसर के पद पर उनकी नियुक्ति १९६० में हुयी और तत्पश्चात १९६६ से १९७७ तक उन्होंने सागर विश्वविद्यालय में प्रोफ़ेसर तथा हिन्दी विभाग के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। १९७३ और १९७५ में वह सागर विश्वविद्यालय में कार्यवाहक कुलपति कुछ समय के लिये रहे। १९७९ में उस्मानिया विश्वविद्यालय तथा १९८० में विक्रम विश्वविद्यालय में वह विज़िटिंग प्रोफ़ेसर भी थे।

उनके मार्गदर्शन में ७५ शोध छात्रों ने पी-एच० डी० की उपाधि और १०-शोध छात्रों ने डी० लिट्० की उपाधि के लिये कार्य किया।

वह एक प्रतिष्ठित विद्वान हैं जिन्हें १९६७ में भारतीय हिन्दी परिषद का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया था, तथा हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग द्वारा 'साहित्य वारिधि' और 'साहित्य वाचस्पति' की मानद उपाधियाँ तथा विक्रम-शील विश्वविद्यालय द्वारा 'विद्यासागर' की मानद उपाधि प्रदान की गयी। वर्तमान में वह ललित कला मंडल, सागर, के अध्यक्ष हैं।

डा० मिश्र के विशिष्ट विषय काव्य-शास्त्र, साहित्य-समीक्षा, मध्यकालीन हिन्दी काव्य और तुलसीदास हैं। हिन्दी की विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं और स्मारिकाओं में उन्होंने समय-समय पर २०० से भी अधिक लेख/शोध-पत्र प्रकाशित किये हैं। अपने विषय के वह प्रामाणिक विद्वान हैं और उनके द्वारा लिखी गयी पुस्तकें विभिन्न विश्व-विद्यालयों के स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में सम्मिलित हैं। उनकी छः पुस्तकें उत्तर प्रदेश शासन, मध्य प्रदेश शासन और बिहार राष्ट्र भाषा परिषद द्वारा पुरस्कृत हैं।

काव्य-शास्त्र और साहित्य समीक्षा पर डा० मिश्र के ग्रन्थ अपने विषय के सर्वाधिक प्रामाणिक ग्रन्थ हैं। हिन्दी साहित्य में उन्होंने आधुनिक समीक्षा की शैली को प्रवृत्त किया और समीक्षा की पारम्परिक शैली से उसका समन्वय किया। वह एक सफल अध्यापक रहे हैं और उनके विद्यार्थी अब तक उनके द्वारा कठिन विषय को सरल सुबोध शैली में प्रस्तुत किया जाना याद करते हैं। हिन्दी भाषा को साहित्य-समीक्षा तथा काव्य-शास्त्र के विज्ञान और तकनीक से समृद्ध करने में उनका योगदान निरंतर स्मरणीय रहेगा और इन विषयों के गंभीर अध्ययन हेतु अध्येताओं के लिये उनका कृतित्व मार्गदर्शन करता रहेगा। अनन्त-ज्योति विद्यापीठ प्रवर समिति आज विद्वान-मनीषी डा० मिश्र का विद्वत्ता के क्षेत्र में उनके सारभूत योगदान के लिए सत्कार और अभिनन्दन करती है।

पता : एच–९, पद्माकर नगर, मकरोनिमा, सागर (म० प्र०)–४७० ००४

CC-0. Bhagavad P

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

Dr. Bhagirath Mishra

Dr. Mishra was born on July 20, 1915 A. D., at Kanpur. He had his early schooling at Village Saintha, and from secondary stage to graduation he had his education at Kanpur. He had a brilliant educational career securing first position at the High School Examination from U.P. in 1935 and also securing a position in the merit list at the Intermediate Examination. He did M. A. in Hindi in 1941 from the Lucknow University, securing first division with first position. In 1945 he did Diploma in French, and was awarded Ph. D. by the Lucknow University.

He joined the Lucknow University as Lecturer in Hindi in 1943 and was promoted as Reader in 1952. He was appointed Professor of Hindi in the Pune University in 1960, and worked as Professor and Head of the Hindi Department in the Saugar University from 1966 to 1977. In 1973 and 1975 he also worked as Acting Vice-Chancellor of the Saugar University. He was Visiting Professor to the Osmania University in 1979 and to the Vikram University in 1980.

75 scholars have worked under his guidance for Ph. D and 10 for D. Litt.

He is a celebrated scholar, who was elected President of the Bhartiya Hindi Parishad in 1967 and has been awarded Honoris Causa Degrees of 'Sahitya Varidhi' and 'Sahitya Vachaspati' by the Hindi Sahitya Sammelan, Prayag, and of 'Vidya Sagar' by the Vikram-Shila Vishwavidyalaya. Presently he is President of the Lalit Kala Mandal, Sagar.

Dr. Mishra specialises in poetics and criticism, Mediaeval Hindi poetry and Tulsidas. He has contributed more than 200 papers to various Hindi journals and commemoration volumes from time to time. He is an authority on his subject and the books written by him are included in the graduation and post-graduation curriculum of the different Universities. Six of his books merited prizes from the Governments of Uttar Pradesh and Madhya Pradesh and the Bihar Rashtra Bhasha Parishad.

The works of Dr. Mishra on poetics and criticism are the most authentic on the subject in Hindi. He has introduced the technique of modern criticism and synchronised it with the traditional modes of criticism, in Hindi literature. He has been a successful teacher and his students fondly recollect his exposition of a terse subject in a lucid and easy style. His contribution to enriching the Hindi language with science and technique of criticism and poetics will long endure and will continue to inspire the students for serious study of these subjects. The Ananta-Jyoti Vidyapitha Pravara Samiti this day honours and felicitates Dr. Mishra, the scholar and intellectual *par execellence*, for his substantial contribution to scholarship.

Address : H–9, Padmakar Nagar, Makronia, Sagar (M. P.)-470 004

Works कृतियाँ

(१) हिन्दी काव्यशास्त्र का इतिहास (१९४८)
(२) हिन्दी रीति साहित्य (१९५२)
(३) तुलसी रसायन (१९५४)
(४) काव्य शास्त्र (१९५६)
(५) नामदेव की हिन्दी पदावली (१९६२)
(६) निराला काव्य का अध्ययन (१९६७)
(७) काव्य मनीषा (१९६७)
(८) आधुनिक हिन्दी काव्य (१९७१)
(९) महाकवि तुलसीदास और युग संदर्भ (१९७२)
(१०) हिन्दी भाषादर्श (१९७७)
(११) हिन्दी व्युत्पत्ति कोष
(१२) पाश्चात्य काव्यशास्त्र
(१३) नया काव्यशास्त्र
(१४) सीता कथा

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

श्री महेश्वर पाण्डेय

श्री पाण्डेय का जन्म १९ सितम्बर, १९१६ ई०, को वाराणसी जिले के गौरा ग्राम में हुआ था। उन्होंने चौबेपुर से वर्नाकुलर हिन्दी की परीक्षा उत्तीर्ण की और तत्पश्चात उच्च शिक्षा के लिए वह वाराणसी चले गये। प्रारम्भ से ही गणित उनका प्रिय विषय था और उन्होंने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से १९४१ में गणित विषय में एम० ए० की परीक्षा उत्तीर्ण की।

१९४४ में उनकी नियुक्ति डी० ए० वी० इन्टर कालेज, लखनऊ, में गणित के प्राध्यापक के पद पर हुयी और वह १९७७ में सेवानिवृत्त होने तक उसी संस्था में कार्यरत रहे। उन्होंने १९६८ में स्थिति विज्ञान पर एक पुस्तक भी इन्टर कक्षाओं के लिए लिखी थी।

माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में ट्रेड यूनियन कार्यक्रमों की ओर वह बहुत शीघ्र ही आकर्षित हो गये थे और १९६८ में अखिल भारतीय माध्यमिक शिक्षक महासंघ के अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे जिस पद पर १९७८ तक कार्यरत रहे। वह उ० प्र० माध्यमिक शिक्षक संघ के भी अध्यक्ष रहे हैं और १९७०–७५ की अवधि में शिक्षकों एवं राज्य कर्मचारियों की समन्वय समिति के भी अध्यक्ष थे।

लखनऊ के शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से १९७० मे वह उ० प्र० विधान परिषद के सदस्य निर्वाचित हुए थे और १९७६ तक सदस्य रहे थे। पुन: १९८४ में उसी निर्वाचन क्षेत्र से वह विधान परिषद के सदस्य निर्वाचित हुए थे।

शिक्षकों मे ट्रेड यूनियन आंदोलन के विधायकों में श्री पाण्डेय आग्रणी हैं और उनके पर्याप्त संख्या में अनुयायी हैं। शिक्षकों के लिये बहुत से लाभ और सुविधायें प्राप्त करने में वह सफल हुए हैं और शिक्षकों के प्रति की गयी उनकी सेवायें चिरस्मरणीय रहेंगी।

अध्यापक के रूप में श्री पाण्डेय अपने विद्यार्थियों के प्रति सदैव ही स्नेहशील रहते थे और गणित जैसे दुरूह विषय को उनके लिये सुबोध एवं रुचिकर बनाने का प्रयास करते थे। उन विद्यार्थियों के प्रति उनकी सहानुभूति रहती थी जो गणित से घबड़ाते थे और वह उन्हें उस विषय के प्रति अभिरुचि जागृत करने के लिए प्रोत्साहित करते थे। अनन्त-ज्योति विद्यापीठ प्रवर समिति आज मनीषी श्री पाण्डेय का उनके श्लाघनीय कृतित्व के लिए सत्कार और अभिनन्दन करती है।

पता : १२, लश्करी रकाबगंज, लखनऊ–२२६ ०१८

CC-0. Bhagavad P

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

Mr. Maheshwar Pandey

Mr. Pandey was born on Sept. 19, 1916 A.D., in Village Gaura in the Varanasi district. He did Vernacular Middle from Chaubepur and then shifted to Varanasi for further educaton. Mathematics was his favourite subject from the very beginning and he did M. A. in Mathematics from the Banaras Hindu University in 1941. He joined the D. A. V. Inter College, Lucknow, as Lecturer in Mathematics in 1944 and served this institution till he retired in 1977. He also wrote a book on Statics for the Inter classes in Hindi in 1968.

He was soon drawn to the Trade Union activities in the field of secondary education, and was elected President of the All India Secondary Teachers Federation in 1968, and continued as such till 1978. He was also President of the U. P. Secondary Teachers Associaton, and of the Teachers and Government Employees Co-ordination Committee during 1970–75.

He was elected member of the U.P. Legislative Council from the Teachers' Constituency, Lucknow, in 1970 and completed his term in 1976. He was again elected from the same constituency in 1984.

Mr. Pandey is one of the architects of of the trade union movement among the teachers and has a considerable following. He has been able to get many benefits for the teachers, and his services to the teachers will be long remembered.

As a teacher Mr. Pandey was always affectionate to his students, and would make the obtruse mathematics intelligible and interesting to them. He was sympathetic to those who felt scared of mathematics and encouraged them to get a liking for it. The Ananta-Jyoti Vidyapitha Pravara Samiti this day honours and felicitates Mr. Pandey, the intellectual *par excellence*, for his distinguished work.

Address : 12, Lashkari Rakabganj, Lucknow–226 018

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

डा० हरबर्ट गुन्थर



डा० गुन्थर का जन्म १७ मार्च, १९१७ ई०, को जर्मनी में हुआ था। उन्होंने १९३९ में म्यूनिख विश्वविद्यालय से भारतीय दर्शन और भाषा शास्त्र में पी-एच० डी० की उपाधि प्राप्त की और, पुनः, १९४३ में वियना विश्वविद्यालय से भारतीय दर्शन में पी-एच० डी० की उपाधि प्राप्त की। द्वितीय विश्व युद्ध के अशांतिपूर्ण काल में वह आस्ट्रिया में रहे और १९४३ से वियना विश्वविद्यालय में डोज़ेन्ट के पद पर कार्यरत रहे।

१९५० में वह भारत आये और लखनऊ विश्वविद्यालय में रूसी भाषा के असिस्टेन्ट प्रोफ़ेसर के पद पर उनकी नियुक्ति की गयी। १९५६ में बौद्ध धर्म के असिस्टेन्ट प्रोफ़ेसर के पद पर उनकी नियुक्ति वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय में हुयी।

१९६४ में वह भारत से चले गये और कनाडा में सास्केछवान विश्वविद्यालय में सुदूर-पूर्व के अध्ययन से संबंधित विभाग के अध्यक्ष तथा प्रोफ़ेसर नियुक्त हुये। १९८४ में प्रोफेसर एमेरिटस के रूप में वहाँ से वह सेवानिवृत्त हुये। १९७१ में वह येल विश्वविद्यालय और टोरन्टो विश्वविद्यालय में विज़िटिंग प्रोफेसर थे। सास्केछवान विश्वविद्यालय द्वारा उन्हें १९८३ में डी० लिट्० की उपाधि से सम्मानित किया गया।

डा० गुन्थर बौद्ध धर्म के सुविख्यात विद्वान हैं और उन्होंने तिब्बती बौद्ध धर्म पर विशेष अध्ययन किया है। अभी भी वह इस विषय पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते रहते हैं। उनकी मातृ-भाषा जर्मन है, वह रूसी भाषा के अध्यापक रहे हैं, और संस्कृत, पालि तथा तिब्बती भाषाओं में निष्णात हैं। अंग्रेजी, जर्मन और इतालवी भाषाओं में वह सहजतापूर्वक लिखते हैं। सास्केछवान विश्वविद्यालय में सुदूर-पूर्व से संबंधित विषयों पर पाठ्यक्रम का व्यवस्थापन उन्होंने ही किया था जो उनकी सेवानिवृत्ति के पश्चात अब बंद हो गया है।

प्राच्य विद्या से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में डा० गुन्थर के ८० से भी अधिक विद्वत्तापूर्ण लेख प्रकाशित हुये हैं। एन्साइक्लोपीडिया ब्रिटानिका और एन्साइक्लोपीडिया ऑफ़ रिलीजन्स में भी उनके लेख सम्मिलित हैं। उनकी २० महत्त्वपूर्ण पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं और इस समय वह बौद्ध दर्शन में संकोचन एवं कर्तृत्ववाद पर एक पुस्तक का प्रणयन कर रहे हैं।

लखनऊ में अपने आवास के दौरान उन्होंने अपने विद्यार्थियों को अध्येता प्रकार के पाठ्येतर क्रियाकलापों में भाग लेने के लिये प्रोत्साहित किया और वह श्रमण कल्चर स्टडी सर्किल के अध्यक्ष भी थे। बुद्ध बिहार और उसके साहित्यक कार्य-कलापों से भी वह सम्बद्ध थे। उनके विद्यार्थी अभी भी उन्हें एक ऐसे अध्यापक के रूप में स्मरण करते हैं जो मित्रवत व्यवहार करते थे, सदा मुस्कराते रहते थे और न तो स्वयं आक्रोश में आते थे और न ही किसी के प्रति कठोर बात कहते थे तथा जिनके साथ बैठकर अध्ययन करना एक आनन्द-दायी अनुभव था। अनन्त-ज्योति विद्यापीठ प्रवर समिति आज विद्वान-मनीषी डा० गुन्थर का विद्वत्ता के क्षेत्र में सारभूत योगदान और भारतीय संस्कृति के प्रति अगाध प्रेम के लिए सत्कार और अभिनन्दन करती है।

पता : १३२०-१३ स्ट्रीट ईस्ट, सास्काटून, सास्केछवान, कनाडा

CC-0. Bhagavad P

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

Dr. Herbert Guenther

Dr. Guenther was born on March 17, 1917 A. D., in Germany. He did Ph. D. in 1939 from the Munich University in Indian Philosophy and Linguistics and, again, in 1943 from the Vienna University in Indian Philosophy. During the turbulent period of the Second World War he lived in Austria and was a Dozent at the Vienna University from 1943.

He came to India in 1950 and was appointed Assistant Professor of Russian in the Lucknow University. In 1956 he joined the Varanasi Sanskrit University as an Assistant Professor of Buddhism.

He left India in 1964 and joined the University of Saskatchewan in Canada as Professor and Head of the Deparment of Far Eastern Studies, from where he retired in 1984 as Professor Emeritus. He was a Visiting Professor to the Yale University and to the Toranto University in 1971. He was awarded the degree of D. Litt. in 1983 by the University of Saskatchewan.

Dr. Guenther is a well known scholar of Buddhism and has specialised in the field of Tibetan Studies. He still supervises a select group of students in this field. His mother-tongue is German, he taught Russian, and is well versed in Sanskrit, Pali and Tibetan, and writes with equal fluency in English, German and Italian. He organised the courses in Far Eastern Studies at the University of Saskatchewan, which have been discontinued since his retirement.

Dr. Guenther has published more than 80 scholarly articles in international journals devoted to Oriental Studies, including contributions to the Encyclopaedia Britannica and the Encyclopaedia of Religions. 24 of his valuable works have since been published and at present he is working on "From Abhidharma to rDzogs-Chen : Reductionism and Creativity in Buddhist Thought".

During his stay at Lucknow he encouraged his students to take part in extra-curricular activities of scholarly type and was President of the Sramana Culture Study Circle. He was also associated with the Buddha Vihar and its literary activity. He is still remembered by his students as a teacher of friendly disposition, always smiling and never getting hurt or meaning hurt, with whom it was a pleasure to study and learn. The Ananta-Jyoti Vidyapitha Pravara Samiti this day honours and felicitates Dr. Guenther, the scholar and intellectual *par excellence*, for his subsatntial contribution to scholarship and great love for Indian culture.

Address : 1320-13th Street East, Saskatoon, Saskatchewan, Canada

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

Works कृतियां

(1) Das Seelenproblem in alteren Buddhismus (1949)
(2) Yuganaddha – The Tantric View of Life (1952)
(3) Der Buddha und seine Lehre (1956)
(4) Philosophy and Psychology in the Abhidharma (1957, 1974)
(5) Sgam-po-pa—The Jewel Ornament of Liberation (1959, 1971; paperback-1970, 1971; Italian trans., 1976).
(6) The Life and Teaching of Naropa (1963, 1971; Italian trans., 1976)
(7) Tibetan Buddhism without Mystification (1966)
(8) The Royal Song of Saraha (1969)
(9) Treasures on the Tibetan Middle Way (1971)
(10) Buddhist Philosophy in Theory and Practice (1972)
(11) The Tantric View of life (1972)
(12) Tantra als Lebens – Anschauung (1974)
(13) The Dawn of Tantra (Co-author Chogyam Trungpa) (1975)
(14) La Concezione Tantrica della Vita (1975)
(15) Mind in Buddhist Psychology (Co-author Leslie S. Kawamura) (1975)
(16) Kindly Bent to Ease Us, Part One : Mind (1975)
(17) Kindly Bent to Ease us, Part Two : Meditation (1976)
(18) Kindly Bent to Ease us, Part Three : Wonderment (1976)
(19) Tibetan Buddhism in Western Perspective (1977)
(20) La Mente nella Psicologia Buddhista (1977)
(21) The Dynamics of Being : rDzogs-Chen Process Thinking (1983)
(22) Looking Deeper : A Swan's Questions & Answers (1983)
(23) Martrix of Mystery : Scientific and Humanistic Aspects of rDzogs-Chen Thought (1984)
(24) The Creative Vision

(No. 16, 17, 18 and 22 are translations from the Tibetan texts.)

——

CC-0. Bhagavad P

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

डा० नन्द किशोर देवराज

डा० देवराज का जन्म ३ जून १९१७ ई०, को रामपुर में हुआ था। हाई-स्कूल तक उनकी शिक्षा रामपुर में हुयी। इन्टर, बी० ए० और शास्त्री की परीक्षायें उन्होंने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की। १९३७ में बी० ए० की परीक्षा में उन्होंने विश्वविद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया और अंग्रेजी में सम्मान अर्जित किया। इलाहाबाद विश्वविद्यालय से दर्शन विषय में प्रथम श्रेणी में एम० ए० की परीक्षा उत्तीर्ण की तथा उसी विश्वविद्यालय से १९४२ में डी० फिल० की उपाधि भी प्राप्त की। लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा उन्हें १९५६ में डी० लिट्० की उपाधि से सम्मानित किया गया।

१९४२ से १९४८ तक आरा, छपरा और मुरादाबाद के विभिन्न डिग्री कालेजों में प्राध्यापक के रूप में उन्होंने कार्य किया। १९४८ से १९६० तक लखनऊ विश्वविद्यालय के दर्शन विभाग में पहले लेक्चरर के रूप में और बाद को असिस्टेन्ट प्रोफेसर के रूप में उन्होंने कार्य किया। १९६० में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में उनकी नियुक्ति भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति के प्रोफेसर तथा भारतीय दर्शन एवं धर्म विभाग के अध्यक्ष के रूप में हुयी और वह १९६७-७२ में उस विश्वविद्यालय के दर्शन विभाग में विशेष अध्ययन केन्द्र के निदेशक एवं अध्यक्ष भी रहे। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्ति के पश्चात वह १९७७-७८ में सागर विश्वविद्यालय में और १९८३-८४ में हवाई विश्वविद्यालय में विज़िटिंग प्रोफेसर रहे। वर्तमान में वह शिमला स्थित इन्स्टीट्यूट ऑफ़ एडवान्स्ड स्टडी में सीनियर फ़ैलो हैं।

वह यूरोप, एशिया और अमेरिका के बहुत से देशों में भ्रमण कर आये हैं और विभिन्न विश्वविद्यालयों में उन्होंने दर्शन, धर्म एवं संस्कृति पर व्याख्यान दिये हैं। वह नेशनल लेक्चरर और नेशनल फ़ैलो रहे हैं, साहित्य अकादमी पुरस्कार के निर्णायक मंडल के सदस्य रहे हैं, 'फिलास्फी ईस्ट एण्ड वेस्ट' पत्रिका के भारतीय सम्पादक रहे हैं, होनोलूलू स्थित इन्स्टीट्यूट ऑफ़ रिलीजन एण्ड सोशल चेन्ज के निदेशक रहे हैं, और १९६४ में अखिल भारतीय दर्शन परिषद के अध्यक्ष रहे हैं, तथा उन्होंने भारतीय दर्शन कांग्रेस के अधिवेशनों में कितनी ही बार अध्यक्षता की है।

उनके मार्गदर्शन में ३० से भी अधिक शोधकर्ताओं ने पी-एच० डी० की उपाधि के लिये कार्य किया है।

दर्शन के क्षेत्र में उनका विशिष्ट विषय अद्वैत वेदान्त, मूल्यों का सिद्धांत और सौन्दर्य-शास्त्र रहे हैं। इसके अतिरिक्त वह साहित्य समीक्षक भी रहे हैं और स्वयं भी उन्होंने रचनात्मक लेखन काव्य और उपन्यास के रूप में किया है। लगभग ६० शोध-पत्र विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं मे उनके प्रकाशित हो चुके हैं। उनकी कई पुस्तकें उ० प्र० शासन द्वारा पुरस्कृत हैं। दर्शन पर १२ ग्रन्थ, ८ काव्य संग्रह, ८ उपन्यास और ४ ग्रन्थ साहित्य समीक्षा पर वह प्रकाशित कर चुके हैं, और सम्प्रति भारतीय दर्शन में मानववाद, तथा स्वतंत्रता, रचनात्मकता एवं मूल्यांकन, पर विवेचनात्मक पुस्तकों का तथा उपालम्भ–पत्रिका काव्य का वह प्रणयन कर रहे हैं।

डा० देवराज इस ओर भी सचेष्ट रहे हैं कि साहित्य समीक्षा और दर्शन सम्बन्धी लेखन के लिये उपयुक्त माध्यम का प्रकाशन हो। १९५२-५६ में उन्होंने 'युगचेतना' के नाम से एक पत्रिका प्रारम्भ की और उसे सम्पादित किया; यह पत्रिका साहित्य समीक्षा से विशेष रूप से संबंधित थी। काशी विश्वविद्यालय में अपने

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

आवास के दौरान उन्होंने 'आन्वीक्षकी' के नाम से एक पत्रिका प्रकाशित की जो विशेष रूप से दर्शन से संबंधित थी। वर्तमान में वह साहित्य समीक्षा और दर्शन से संबंधित एक त्रैमासिक पत्रिका हिन्दी में 'युग साक्षी' के नाम से निकाल रहे हैं।

डा० देवराज जहाँ भी रहे वहां सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतविधियों में क्रियाशील रहे और उन्होंने अपने विद्यार्थियों तथा मित्रों को बराबर सोचने और लिखने के लिये प्रेरित किया। एक दार्शनिक चिन्तक के रूप में उन्होंने परम्परागत भारतीय दर्शन का विवेक-सम्मत विवेचन किया है और उसका आधुनिक संदर्भ में मूल्यांकन किया है। एक चिन्तक और लेखक के रूप में डा० देवराज के मूल गुण बौद्धिक जिज्ञासा और पद्य एवं गद्य में रचनात्मक काव्य रहे हैं। हिन्दी साहित्य और भारतीय दर्शन के प्रति उनका योगदान स्थायी महत्त्व का है, और हिन्दी साहित्य के प्रेमियों तथा भारतीय दर्शन एवं चिन्तन के गंभीर अध्येताओं द्वारा सदा स्मरण किया जायेगा। अनन्त-ज्योति विद्यापीठ प्रवर समिति आज विद्वान-मनीषी डा० देवराज का उनकी दर्शन और साहित्य के क्षेत्र में श्रेष्ठ उपलब्धियों के लिए सत्कार और अभिनन्दन करती है।

पता : ५२, बादशाहनगर, लखनऊ-२२६००७

Dr. N. K. Devaraja

Dr. Devaraja was born on June 3, 1917 A D., at Rampur. His early education up to High School was done at Rampur. Inter, B.A. and Shastri he did from the Banaras Hindu University. At B.A. he topped in the University with honours in English, in 1936 He did M.A. in Philosophy from the Allahabad University in first division, and also took D. Phil. from that University in 1942. He was awarded D. Litt. by the Lucknow University in 1956.

During 1942 to 1948 he worked as Lecturer in Degree Colleges at Arrah, Chhapra and Moradabad. From 1948 to 1960 he worked as Lecturer and, later as Assistant Professor, in the Department of Philosophy at the Lucknow University. He was appointed Professor of Indian Civilization and Culture and Head of the Department of Indian Philosophy and Religion at the Banaras Hindu University in 1960, and was Head and Director, Centre of Advanced Study in Philosophy, in that University during 1967–72. After his retirement from the B.H.U. he was Visiting Professor at the Saugar University in 1977-78 and at the University of Hawaii in 1983-84. He is at present Senior Fellow at the Institute of Advanced Study, Simla.

He has travelled widely and visited several countries in Europe, Asia and America, and delivered lectures on Philosophy, Religion and Culture at several Universities. He was a National Lecturer and a National Fellow, a Member of the Panel of Judges for Sahitya Academy Awards, Indian Editor of "Philosophy East and West", Director of the Institute of Religion and Social Change, Honolulu and President of the Akhil Bhartiya Darshan Parishad in 1964, and has presided several times in the sessions of the Indian Philosophical Congress.

More than 30 scholars have worked under his supervision for Ph. D.

In Philosophy his field of specialization is Advait Vedanta, theory of values, and aesthetics. Besides, he specialises in literary criticism and is himself a creative writer, composing

CC-0. Bhagwat D

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

poetry and writing fiction. He has also published about 60 papers in different journals. Several of his books merited prize from the Government of Uttar Pradesh. He has published 12 books on philosophy, 8 anthologies of poems, 8 novels and 4 books on literary criticism. At the moment he is working on–

(1) Humanism in Indian Thought
(2) Freedom, Creativity and Value
(3) उपालम्भ पत्रिका (काव्य)

Dr. Devaraja was also anxious to provide a medium for literary criticism and writings on philosophy. He founded and edited 'Yuga Chetana' during 1952-56; it was devoted to literary criticism. During his stay at the B.H.U. he founded and edited 'Anvikshiki; it was devoted to philosophy At present, he is busy in bringing out a quarterly journal devoted to literature, criticism and thought, in Hindi, under the title "Yuga-Sakshi."

Wherever Dr. Devaraja has lived, he has been active in the cultural and academic life, and has always encouraged his students and friends to think and write. As a thinker he has made his mark through judicious treatment of the traditional Indian philosophy and its evaluation in modern context. Intellectul quest and creative fiction in poetry and prose are the salient features of Dr. Devaraja as a thinker and writer. His contribution to Hindi literature and Indian thought is of a permanent value and will always be taken note of by the lovers of Hindi literature and serious students of Indian philosophy and thought. The Ananta-Jyoti Vidyapitha Pravara Samiti this day honours and felicitates Dr. Devaraja, the scholar and intellectual *par excellence*, for his creditable achievements in the field of philosophy and literature.

Address : 52, Badshahnagar, Lucknow–226 007

Works कृतियां

(1) An Introduction to Sankara's Theory of Knowledge (1962)
(2) The Philosophy of Culture (1963)
(3) The Mind and Spirit in India (1967)
(4) Hinduism and Christianity (1969)
(5) Philosophy, Religion and Culture (1974)
(6) Hinduism and the Modern Age (1975)
(7) Indian Philosophy Today (edited (1975)
(8) Towards A Theory of Person (1985)
(9) पूर्वी और पश्चिमी दर्शन (1945)
(10) भारतीय संस्कृति : महाकाव्यों के आलोक में (1958, 1979)
(11) संस्कृति का दार्शनिक विवेचन (1957,72)
(12) भारतीय दर्शन (सम्पादित) (1983)

कविता—

(1) प्रणय गीत (1939)
(2) जीवन रश्मि (1948)

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

(3) धरती और स्वर्ग (1954)
(4) उर्वशी ने कहा (1960)
(5) इतिहास पुरुष (1964)
(6) इला और अमिताभ (1974)
(7) सुबह के बाद (1975)
(8) आहत आत्माएं (1978)

उपन्यास—

(1) पथ की खोज (1952, 1978)
(2) बाहर-भीतर (1954)
(3) रोड़े और पत्थर (1958)
(4) अजय की डायरी (1960, 1970)
(5) मै, वे और आप (1969)
(6) दोहरी आग की लपट (1973)
(7) दूसरा सूत्र (1978)
(8) न भेजे गये पत्र (1985)

समीक्षा—

(1) छायावाद का पतन (1948) (छायावाद उत्थान-पतन पुनर्मूल्यांकन, 1975)
(2) साहित्य चिन्ता (1950)
(3) आधुनिक समीक्षा (1954)
(4) साहित्य समीक्षा और संस्कृति बोध (1956)

CC-0. Bhagwat P

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

श्री लक्ष्मी कान्त श्रीवास्तव

श्री श्रीवास्तव का जन्म ३१ दिसम्बर, १९१७ ई०, को वाराणसी में हुआ था। उनकी शिक्षा वाराणसी, इलाहाबाद और लखनऊ में हुयी और उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से बी० ए० तथा एल-एल० बी० की परीक्षायें उत्तीर्ण की।

यू० पी० लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रतियोगितात्मक परीक्षा में सफल होने पर उन्होंने यू० पी० सचिवालय में प्रवर वर्ग सहायक के पद पर १९४० में सेवा प्रारम्भ की और उप सचिव के उच्च पद तक पदोन्नति प्राप्त की। सेवानिवृत्ति के पश्चात वह लगभग २ वर्ष अवध विश्वविद्यालय में वित्त अधिकारी भी रहे।

नवम्बर, १९७७ से वह शौकिया वकालत कर रहे हैं और लोक सेवा अधिकरणों तथा उच्च न्यायालय में सेवा संबंधी मामलों में वकालत करते है।

सचिवालय के अधिकारी के रूप में उनकी प्रतिष्ठा एक कर्त्तव्यनिष्ठ, सत्यनिष्ठ और कार्यकुशल अधिकारी की थी। वह अपने अधीनस्थ कर्मियों के प्रति सदैव संवेदनपूर्ण रहते थे और उनके सहकर्मी उनसे कार्यक्षमता की प्रेरणा ग्रहण करते थे। अनन्त-ज्योति विद्यापीठ प्रवर समिति आज मनीषी श्री श्रीवास्तव का उनके मानवीय गुणों के लिए सत्कार और अभिनन्दन करती है।

पता : सी–१०४७, बी सेक्टर, महानगर, लखनऊ – २२६००६

Mr. L. K. Shrivastava

Mr. Shrivastava was born on Dec. 31, 1917 A.D., at Varanasi. He had his education at Varanasi, Allahabad and Lucknow, and did B. A. and LL. B. from the Lucknow University.

He joined the U. P. Secretariat as an Upper Division Assistant in 1940 on qualifying at the competitive examination conducted by the U. P. Public Service Commission, and rose to the high position of Deputy Secretary. On retirement he continued as Finance Officer of the Avadh University for about two years.

Since Nov. 1977 he is practising law as a hobby, appears before the Public Service Tribunals and High Court, and specialises in Service matters.

As an Officer of the Secretariat Service he had the reputation of being conscientious, upright and efficient. He was always considerate to his juniors and they imbibed the work culture from him. The Ananta-Jyoti Vidyapitha Parvara Samiti this day honours and felicitates Mr. Shrivastava, the intellectual *par excellence*, for his humane qualities.

Address: C-1047, B Sector, Mahanagar, Lucknow-226006

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

श्री अजित प्रसाद जैन

श्री जैन का जन्म १ जनवरी, १९१८ ई०, को मेरठ में हुआ था। उनकी शिक्षा आगरा और मेरठ में हुयी और उन्होंने १९३६ में आगरा विश्वविद्यालय के अंतर्गत मेरठ कालेज, मेरठ, से बी० ए० की परीक्षा उत्तीर्ण की।

स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने के शीघ्र बाद ही उनकी नियुक्ति शिमला में सेना मुख्यालय पर हो गयी और वहाँ उन्होंने १९३६-३९ की अवधि में कार्य किया। यू० पी० सचिवालय परीक्षा में जिसका आयोजन प्रथम बार यू० पी० लोक सेवा आयोग द्वारा किया गया था, सफल होने पर १९३९ में उनकी नियुक्ति यू० पी० सचिवालय में हुयी और सचिवालय के संवर्ग के लिये तब उपलब्ध उप सचिव के उच्चतम पद तक उनकी पदोन्नति हुयी। १९७६ में सेवानिवृत्ति के पश्चात वह १९८० तक उत्तर प्रदेश संस्कृत अकादमी के अवैतनिक कोषाध्यक्ष रहे।

यू० पी० आयुर्वेदिक एवं यूनानी पद्धति पुनर्गठन समिति के सहायक सचिव के रूप में १९४७-४८ में और पुनः १९४९-५० में यू० पी० आयुर्वेदिक एवं यूनानी कालेज पुनर्गठन समिति के सचिव के रूप में तथा आयुर्वेदिक एवं यूनानी निदेशालय में विशेष कार्याधिकारी के रूप में उन्होंने भारतीय चिकित्सा पद्धतियों के प्रति विशिष्ट सेवायें की हैं। इन पद्धतियों की शिक्षा के स्तरीकरण तथा इन पद्धतियों के चिकित्सकों की राजकीय सेवा में अभिस्वीकृति एवं प्रास्थिति का श्रेय बहुधा उन्हीं को जाता है।

१९७४-७६ की अवधि में अपने कार्यों के अतिरिक्त उन्होंने श्री महावीर निर्वाण समिति के उप सचिव का कार्य भी किया और उक्त स्थिति से उन्होंने उत्तर प्रदेश शासन के स्तर पर तीर्थंकर महावीर की २५००वीं निर्वाण जयन्ति का आयोजन कराया। श्री महावीर निर्वाण समिति के उत्तराधिकारी के रूप में तीर्थंकर महावीर स्मृति केन्द्र समिति, उत्तर प्रदेश, का गठन १९७६ में किया गया और श्री जैन ने उसके संस्थापक-मंत्री के रूप में उसे संस्थागत रूप प्रदान किया तथा उसके पुस्तकालय को व्यवस्थित किया। यह एक पंजीकृत संस्था है और इसका पुस्तकालय इस प्रदेश में जैन साहित्य का एक वृहत् पुस्तकालय है।

अपने विद्यार्थी जीवन से ही श्री जैन सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बहुत सक्रिय रहे हैं। वह सचिवालय राजपत्रित अधिकारी संघ से भी सक्रिय रूप से सम्बद्ध रहे थे। वह जैन शिक्षा संस्थान और अग्रवाल कालेज के प्रबन्ध से भी सम्बद्ध रहे हैं। वह उत्तर प्रदेश दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र समिति के संयुक्त मंत्री हैं और उ० प्र० सार्वजनिक पुस्तकालय संघ के अध्यक्ष हैं। अनन्त-ज्योति विद्यापीठ के कार्यक्रमों से वह सक्रिय रूप से सम्बद्ध रहे हैं और उनके सुझाव उसकी गतिविधियों को बढ़ाने में सदैव ही सहायक रहे हैं।

श्री जैन अध्येता प्रवृत्ति के हैं और प्रायः समाचार-पत्रों एवं पत्रिकाओं में लिखते रहे हैं तथा आकाशवाणी से भी वार्तायें प्रसारित करते रहे हैं। ५ वर्ष तक उन्होंने हिन्दी साप्ताहिक 'जैन गजट' का प्रकाशन भी किया है। तीर्थंकर महावीर स्मृति केन्द्र समिति के तत्त्वाधान में वह हिन्दी में एक त्रैमासिक शोध पत्रिका 'शोधादर्श' का प्रकाशन कर रहे हैं।

अपने सेवाकाल में श्री जैन अपनी सेवा के सर्वाधिक सक्षम सदस्यों में माने जाते थे और उनके सहकर्मी उनके साथ कार्य करने में आनन्द का अनुभव करते थे क्योंकि उनका व्यवहार मधुर, सहयोगपूर्ण और भद्र होता था। चिकित्सा की आयुर्वेदिक और यूनानी पद्धतियों के प्रति की गयी उनकी सेवायें, समाज तथा शिक्षा के प्रति की गयी उनकी सेवायें और तीर्थंकर महावीर स्मृति केन्द्र समिति एवं उसके शोध पुस्तकालय के व्यवस्थापन के प्रति की गयी उनकी सेवायें चिरस्मरणीय रहेंगी। अनन्त-ज्योति विद्यापीठ प्रवर समिति आज मनीषी श्री जैन का उनकी श्रेय उपलब्धियों के लिए सत्कार और अभिनन्दन करती है।

पता : पारस सदन, आर्यनगर, लखनऊ-२२६ ००४

CC-0. Bhagavad P

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

Mr. Ajit Prasad Jain

Mr. Jain was born on Jan. 1, 1918 A. D., at Meerut. He had his education at Agra and Meerut, and did B. A. from the Meerut College, Meerut, under the Agra University, in 1936.

Soon after graduation he joined the Army Head Quarters at Shimla and worked there during 1936-39. Having been successful at the U. P. Secretariat Examination, conducted by the U. P. Public Service Commission for the first time, he joined the U. P. Secretariat at Lucknow in 1939, and rose to the highest position of Deputy Secretary then available to the cadre. After retirement in 1976, he continued as Honorary Treasurer of the U. P. Sanskrit Academy till 1980.

As Assistant Secretary to the U. P. Ayurvedic and Unani Systems Reorganisation Committee in 1947-48, and again as Secretary to the U. P. Ayurvedic and Unani Colleges Reorganisation Committee in 1949-50, and as Officer on Special Duty in the Ayurvedic and Unani Directorate, he rendered singular services to the cause of the indigenous systems of medicine. Much credit goes to him for the standardisation of education in these systems, and for the recognition and status of the practitioners of these systems in the Government Service.

During 1974-76 he worked as Deputy Secretary to Sri Mahavira Nirvana Samiti, in addition to his other duties, and in that capacity he organised the 2500th Anniversary celeberations of Tirthankara Mahavira's Nirvana at the U P. Government level. Tirthankara Mahvira Smriti Kendra Samiti, Uttar Pradesh, succeeded to the official Sri Mahavira Nirvana Samiti, in 1976 and Mr. Jain as its founder-Secretary has given it an institutional form and organised its library. It is a registered society and its library is a premier library of Jain literature in this State.

Mr. Jain has been very active in the social and cultural activities from his student days. He was actively associated with the Secretariat Gazetted Officers Association, and has been associated with the management of the Jain Shiksha Sansthana and Agrawal College. He is Joint Secretary of the U. P. Digambara Jain Tirtha-Kshetra Committee and President of the U. P. Public Libraries Association. He has also been actively associated with the activities of the Ananta-Jyoti Vidyapitha, and his suggestions have always been helpful.

Mr. Jain has a studious temperament, and has often contributed to newspapers and periodicals and also broadcast from the All India Radio. For about five years he published a Hindi weekly, 'Jain Gazette'. He is publishing a research quarterly in Hindi entitled 'Shodhadarsh' under the aegis of the Tirthankara Mahavira Smriti Kendra Samiti.

During his service career Mr. Jain was considered to be one of the most competent members of the Service, and his juniors loved to work under him because of his swet disposition, helpful attitude and gentle behaviour. His services to the cause of the Ayurvedic and Unani systems of medicine will be long remembered, as also his services to the society and education and his contribution to the making of the Tirthankara Mahavira Smriti Kendra Samiti and its research library. The Ananta-Jyoti Vidyapitha Pravara Samiti this day honours and felicitates Mr. Jain, the intellectual *par excellence*, for his creditable achievements.

Address : Paras Sadan, Arya Nagar, Lucknow–226004.

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

श्री ज्ञान चन्द जैन

श्री जैन का जन्म ८ फरवरी, १९१८ ई०, को जौनपुर में हुआ था। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा लखनऊ में हुयी और लखनऊ विश्वविद्यालय से १९३६ में उन्होंने बी० ए० की परीक्षा उत्तीर्ण की। १९३८ में उन्होंने आगरा विश्वविद्यालय से एल-एल० बी० की परीक्षा तथा १९४१ में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से हिन्दी विषय में एम० ए० की परीक्षा उत्तीर्ण की।

जब वह इन्टरमीडिएट के छात्र ही थे तभी से उन्हें पुस्तकें पढ़ने तथा हिन्दी में कहानियाँ लिखने का शौक था। उनकी प्रारम्भिक कहानियाँ १९३५-३६ में 'हंस', 'माधुरी' और 'चाँद' जैसी प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रकाशित हुयी थीं।

एल-एल० बी० करने के बाद उन्होंने वकालत नहीं की वरन् वह पत्रकारिता की ओर आकर्षित हुये और इलाहाबाद में हिन्दी दैनिक 'भारत' के लिये उन्होंने कार्य किया। १९४१-४३ में उन्होंने स्वतंत्र पत्रकार के रूप में कार्य किया और लेखन को ही अपनी वृत्ति के रूप में अंगीकार किया। परन्तु १९४३ में वह पुन: दैनिक 'भारत' में समाचार सम्पादक के पद पर नियुक्त हो गये। एसोसियेटेड जर्नल्स लि० के प्रबन्ध निदेशक श्री फ़ीरोज़ गाँधी के आग्रह पर वह लखनऊ चले आये और उन्होंने अक्तूबर १९४७ में हिन्दी दैनिक 'नवजीवन' का प्रकाशन प्रारम्भ किया तथा वह उस पत्र से १९७६ तक सम्बद्ध रहे। १९७७-८० के दौरान और पुन: १९८४ से वह अग्र लेखक के रूप में दैनिक 'स्वतंत्र भारत' से सम्बद्ध रहे हैं।

कहानी लेखन के उनके व्यसन और पत्रिकारिता के व्यवसाय ने उन्हें हिन्दी के प्रति आकर्षित किया और यद्यपि हाई-स्कूल के बाद हिन्दी उनका विषय नहीं रहा था तो भी उन्होंने एम० ए० करने के लिये हिन्दी विषय को ही चुना। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में शोध-छात्र के रूप में उन्होंने 'पृथ्वीराज रासो' पर कार्य किया परन्तु वह अपने शोध कार्य को अपने व्यवसायिक कार्य एवं पारिवारिक दायित्वों के कारण पूरा नहीं कर सके, तथापि उन्होंने रासो का शब्दकोष बनाया और उसके तीन अध्यायों का अनुवाद किया।

१९३८ से वह एक कार्यकारी पत्रकार रहे हैं। प्रारम्भ में 'भारत' से, बाद को 'नवजीवन' से और अब 'स्वतंत्र भारत' से सम्बन्ध ने उनके लेखन में राष्ट्रीय दृष्टिकोण को पुष्ट किया है और उन्हें हिन्दी में पत्रकारिता के विशेषज्ञ के रूप में प्रतिष्ठित किया है। गढ़वाल विश्वविद्यालय द्वारा १९८० में उन्हें पत्रकारिता विभाग व्यवस्थित करने के लिये आमंत्रित भी किया गया था।

सामयिक घटनाओं तथा कथा साहित्य के साथ ही श्री जैन इतिहास के भी गंभीर अध्येता रहे हैं। प्राय: आकाशवाणी पर उनके नाटक और वार्तायें प्रसारित होती रहती हैं जो सदैव ही ज्ञानवर्धक होती हैं। 'निगन्ठ ज्ञातपुत्र' शीर्षक के अंतर्गत उन्होंने तीर्थंकर महावीर की जीवनी का प्रणयन किया है जो १९७७ में प्रकाशित हुई; महावीर के जीवन और समय का यह एक वस्तुपरक मूल्यांकन है।

श्री जैन एक भद्र पत्रकार रहे हैं जिन्होंने कभी अभिमान नहीं किया। अपने व्यवसाय के प्रति निष्ठा के

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

अतिरिक्त वह निरंतर ही अध्येता रहे और डा० ज्योति प्रसाद जैन, पं० अमृतलाल नागर तथा बाबू भगवती चरण वर्मा प्रभृति विद्वानों एवं साहित्यकारों के घनिष्ठ मित्र रहे। उन्होंने सदैव ही युवा पीढ़ी को लेखन के लिये तथा साहित्यिक एवं विद्वता के क्षेत्र में प्रतिष्ठा पाने के लिये प्रोत्साहित किया। अनन्त-ज्योति विद्यापीठ प्रबर समिति आज विद्वान-मनीषी श्री जैन का हिन्दी पत्रकारिता और साहित्य के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए सत्कार और अभिनन्दन करती है।

पता : शिखर भवन, टाट पट्टी, यहियागंज, लखनऊ-२२६००३

Mr. Gyan Chand Jain

Mr. Jain was born on Feb. 8, 1918 A.D., at Jaunpur. He had his schooling at Lucknow and did B. A. from the Lucknow University in 1936. He did LL. B. in 1938 from the Agra University and then M. A. in Hindi from the Allahabad University in 1941.

He developed the hobby of reading books and writing stories in Hindi when he was a student of Intermediate. His early stories were published during 1935-36 in the reputed Hindi journals, such as, 'Hans', 'Madhuri' and 'Chand'.

After doing LL.B. he did not join the legal profession but was drawn to journalism and worked for the Hindi Daily 'Bharat' at Allahabad. During 1941–43 he worked as a freelance journalist, with writing as his profession, and joined the Daily 'Bharat' again in 1943, now as News Editor. On request from Mr. Firoze Gandhi, the Managing Director of the Associated Journals Limited, he came to Lucknow and started the publication of the Hindi Daily 'Navjeevan' in Oct. 1977, and was associated with this paper till 1976. During 1977–80 and again since 1984 he has been associated with the 'Swatantra Bharat' as Leader Writer.

His passion for writing stories and his entry into the profession of journalism drew him to Hindi, so much so that he chose Hindi for doing M. A. although it was not his subject after High School. He also worked on the 'Prithvi-Raja-Raso' as Research Scholar at the Allahabad University but could not complete his research work because of the pressures of his profession and family obligations. However, he prepared the dictionary of the 'Raso' and also translated three of its chapters.

He has been a Working Journalist since 1938. His association with the 'Bharat' and later with the 'Navjeevan' and now with the 'Swatantra Bharat', has given a nationalist orientation to his writings and has established him as an expert of journalism in Hindi. He was called by the Garhwal University to organise its Department of Journalism in 1980.

Mr. Jain has been a serious student of history, besides current events and story literature. He is often on the AIR and his talks and features are always illuminating. His work on the life of Tirthankara Mahavira entitled "Nigantha Jnataputra", in Hindi, was published in 1977, and it is one of the objective evaluations of the life and times of Mahavira.

CC-0. Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

Mr. Jain has been a gentleman journalist, never posing any airs. Besides his profession, he has been a student throughout and has been a close friend of the literary and scholarly luminaries, such as Dr. Jyoti Prasad Jain, Pt. Amrit Lal Nagar and Babu Bhagwati Charan Verma. He has always encouraged the younger generation to write and find a place in the literary and scholarly circles. The Ananta-Jyoti Vidyapitha Pravara Samiti this day honours and felicitates Mr. Jain, the scholar and intellectual *par excellence*, for his distinguished contribution in the field of Hindi journalism and literature.

Address : Shikhar Bhawan, Tat Patti, Yahia Ganj, Lucknow–226003

Works कृतियां

1. यौवन की भूल (मोपासां के "पिएर एत ज्यों" का अनुवाद) (1935)
2. कहानी कला (Co-author Vinod Shankar Vyas) (1936)
3. महाभारत कथा (For the Neo-Literates) (1940)
4. पूनो की रात (Selected best European Stories) (1941)
5. यूरोप की सर्वश्रेष्ठ कहानियां
6. स्त्रियों की समस्याएँ (Anthology of Mahatma Gandhi's Articles (Co-editor Ramnath Suman) (1942)
7. संसार की सर्वोत्तम कहानियाँ (1945)
8. स्त्री और पुरुष (Translation of Leo Tolstoy's Relation in Sexes) (1945)
9. संक्षिप्त मेरी कहानी (Abbreviation of Jawahar Lal Nehru's Autobiography)
10. भारतीय प्रशासन (Trans. of Prof. G. N. Joshi's book on Indian Administration) (1960)
11. स्वाधीनता का सिंहनाद (Collection of Moti Lal Nehru's Speeches) (1963)
12. भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम का इतिहास (Trans. of Ram Gopal's History of Indian Freedom Struggle) (1974)
13. क्षेमेन्द्र और उनका समाज (By Dr. Moti Chand) (Edited) (1984)
14. निगन्ठ ज्ञातपुत्र (1977)

CC-0. Bhagavad Ramanuja M...

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

श्री ज्ञानेन्द्र मोहन सिन्हा



श्री सिन्हा का जन्म २२ जनवरी, १९१९ ई०, को बिजनौर में हुआ था। उनकी शिक्षा बिजनौर, देहरादून और मेरठ में हुयी। उन्होंने १९३८ में आगरा विश्वविद्यालय के अंतर्गत मेरठ कालेज, मेरठ, से बी० ए० की परीक्षा उत्तीर्ण की।

यू० पी० लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रतियोगितात्मक परीक्षा में सफल होने के फलस्वरूप उनकी नियुक्ति १९४० में यू० पी० सेक्रेटेरियेट सुपीरियर सर्विस में सहायक के पद पर हुयी। वह संयुक्त सचिव के उच्च पद तक पदोन्नत हुये। संयुक्त सचिव का पद सचिवालय सेवा संवर्ग को उनकी अधिवर्षता आयु प्राप्त करने के कुछ ही समय पूर्व उपलब्ध हुआ था। अगस्त १९७७ में लगभग सात माह की सेवा वृद्धि का उपभोग करने के पश्चात वह सेवानिवृत्त हुये।

१९५२ और १९५७ में हुये प्रथम और द्वितीय सामान्य निर्वाचन प्रशासन के लिये विशेष महत्त्व के अनुभव थे और निर्वाचन विभाग के अधीक्षक के रूप में श्री सिन्हा अपनी कार्य कुशलता एवं कठिन परिश्रम के लिये मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की सराहना के पात्र रहे।

१९६६ में वह उत्तर प्रदेश शासन के मुख्यालय पर प्रोटोकॉल अधिकारी के पद पर नियुक्त किये गये और सेवानिवृत्ति तक इस कार्य को सम्पादित करते रहे। वह यू० पी० सैनिक स्कूल सोसाइटी के जनरल सेक्रेटरी और नेहरू इन्स्टीट्यूट ऑफ़ मान्टेनियरिंग के संयुक्त सचिव एवं कोषाध्यक्ष भी रहे। १९६२ में राज्य सेवा संवर्ग में नियुक्ति के पश्चात उन्होंने पर्वतीय विकास विभाग, मुख्यमंत्री सचिवालय, सतर्कता विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग, प्रोटोकॉल विभाग और गोपन विभाग में महत्त्वपूर्ण पदों पर कार्य किया।

सामान्य प्रशासन विभाग में उप सचिव के पद पर जब वह कार्यरत थे तो उन्होंने उन राजकीय कर्मचारियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत करने की योजना को मूर्त रूप दिया जिन्होंने सरकारी कार्य को उत्कृष्ट रूप से करते रहने के साथ ही अन्य क्षेत्रों में सराहनीय उत्कृष्ट कार्य किया था। इस योजना का उद्घाटन २ अक्तूबर, १९७२ ई०, को हुआ था।

बचपन से ही श्री सिन्हा की रुचि विभिन्न धर्मों की शिक्षाओं का अध्ययन करने की रही। वह अपने साथी मानवों के लिए नैतिक कर्त्तव्यों के प्रति सदैव जागरूक रहे हैं। उन्होंने भारत में जनसंख्या की वृद्धि और जनसाधारण की निर्धनता की समस्याओं पर विशेष अध्ययन किया है। उन्हें अध्ययन का शौक है और वह अपने विचार स्पष्ट रीति से व्यक्त करते हैं। अपने सेवाकाल में वह कठिन एवं सतत परिश्रम और योग्यतापूर्वक कार्य करने के लिये विख्यात रहे और शिष्टाचार के प्रति सजग रहे। वह एक भद्र अधिकारी थे जिनका उनके उच्चस्थ अधिकारी सम्मान करते थे और अधीनस्थ कर्मी आदर करते थे। सेवानिवृत्ति के पश्चात वह अपना समय अध्ययन और सेवा कार्य में लगाते रहे हैं। अनन्त-ज्योति विद्यापीठ प्रवर समिति आज मनीषी श्री सिन्हा का उनके विशिष्ट मानवीय गुणों के लिए सत्कार और अभिनन्दन करती है।

पता : १६-सी, शान्ति मार्ग, महानगर विस्तार, लखनऊ-२२६००६

CC-0. Kashi Vidyapeeth Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri. International Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

Mr. G. M. Sinha

Mr. Sinha was born on Jan. 22, 1919 A. D., at Bijnor. He was educated at Bijnor, Dehradun and Meerut. He did B. A. from the Meerut College, Meerut, under the Agra University, in 1938.

He took the competitive examination conducted by the U P. Public Service Commission and on its result he was appointed as Assistant in the U. P. Secretariat Superior Service in 1940. He rose to the high position of Joint Secretary made available to Secretariat Cadre a little before his superannuation and retired in Aug. 1977 after enjoying an extension of seven months.

The first and second General Elections, held in 1952 and 1957 respectively, were a trying experience for the administration and Mr. Sinha as Superintendent of the Elections Department earned the admiration of the Chief Electoral Officers for efficiency and hard work.

He was appointed Protocol Officer at the Head Quarters of the Uttar Pradesh Government in 1966 and held this assignment till his retirement. He also worked as General Secretary of the U. P. Sainik Schools Society, and as Joint Secretary and Treasurer of the Nehru Institute of Mountaineering. Since his appointment to State Service in 1962 he held important charges in the Hill Development Department, Chief Minister's Secretariat, Vigilance Department, General Administration Department, Protocol Department and Confidential Department.

As Deputy Secretary in the General Administration Department he gave shape to the scheme of honouring Government Servants who excelled in other fields also besides excellent performance on the Government job, and the scheme was formally inaugurated on Oct. 2, 1972.

Mr. Sinha was interested in learning the tenets of different religions from his childhood. He has always been conscious of the moral obligations towards fellow human beings. He has made a special study of the problem of growth of population and the poverty of the people of India. He has a hobby for studies and expresses his views in a forthright manner. During his service career he was known for hard, strenuous and meritorious work, and was particular about etiquette. He was a gentleman officer who was respected by his superiors and was held in high esteem by his subordinates. Since retirement he devotes his time to studies and service of the fellow beings. The Ananta-Jyoti Vidyapitha Parvara Samiti this day honours and felicitates Mr. Sinha, the intellectual *par excellence*, for his distinctive humane qualities.

Address : 16-C, Shanti Marg, Mahanagar Extension, Lucknow-226 006

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

डा० अमर पाल सिंह



श्री सिंह का जन्म ७ जनवरी, १९२० ई०, को फैजाबाद जिले के ग्राम बैरगा में हुआ था। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा गाँव की पाठशाला में हुयी और उन्होंने अकबरपुर से हाई-स्कूल तथा फैजाबाद से इन्टरमीडिएट की परीक्षायें उत्तीर्ण की। उच्च शिक्षा के लिये वह इलाहाबाद विश्व-विद्यालय में प्रविष्ट हुये और वहां से उन्होंने अंग्रेजी साहित्य में एम० ए० किया। वह पत्रकारिता की ओर आकर्षित हुये और १९४५ में उन्होंने लखनऊ में अंग्रेजी दैनिक 'नेशनल हेराल्ड' में सेवायोजन किया। जब १९४७ में 'नवजीवन' का प्रकाशन प्रारम्भ हुआ तो वह उस हिन्दी दैनिक में चले गये और १९५६ तक उसके सम्पादकीय विभाग में कार्यरत रहे। लखनऊ में आवास के दौरान उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से एल-एल० बी० की परीक्षा उत्तीर्ण की, रूसी भाषा और जर्मन भाषा में डिप्लोमा परीक्षायें उत्तीर्ण की और हिन्दी विषय में एम० ए० किया तथा हिन्दी साहित्य में ही पी-एच० डी० की उपाधि भी प्राप्त की।

१९५६ में उनकी नियुक्ति भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में हो गयी और वह वहाँ १९७९ तक कार्यरत रहे। समाचार सम्पादक, सूचना अधिकारी तथा उप-निदेशक के रूप में वह प्रायः लखनऊ और मुख्यालय दिल्ली में नियुक्त रहे।

डा० सिंह का शोध-प्रबंध 'तुलसी-पूर्व राम साहित्य' १९६५ में प्रकाशित हुआ था। हिन्दी में तुलसीदास से पहले के राम संबंधी साहित्य से संबंधित महत्त्वपूर्ण संदर्भ सामग्री इस प्रबंध में संकलित और विवेचित है जो कि ऐतिहासिक, साहित्यिक एवं भाषा-शास्त्र की दृष्टि से उपयोगी है।

उनकी निम्नलिखित पुस्तकें प्रकाशनाधीन हैं :—

१—कृष्ण चन्द्रिका (कृष्ण भक्ति से संबंधित पद्य रचनाओं का संकलन)

२—वन्दे मातरम् (३ भाग में) (१५०० ई० से १९४७ ई० तक हिन्दी पद्य, लोक-गीत और उर्दू पद्य में उपलब्ध देशभक्ति से प्रेरित रचनाओं के तीन संकलन)

राष्ट्र भाषा के प्रति प्रेम और देश भक्ति ने उन्हें ऐसे समय हिन्दी पत्रकारिता की ओर आकर्षित किया जब कि वह आर्थिक दृष्टि से आकर्षक नहीं थी। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में उन्होंने एक पत्रकार के रूप में विशेष प्रतिष्ठा प्राप्त की। कभी-कभी उनके लिये एक सरकारी पत्रकार के रूप में कार्य करना रुचिकर नहीं होता था क्योंकि वह उनके अंदर के व्यवसायिक पत्रकार की निष्ठा से सामंजस्य नहीं कर पाता था। एक निष्ठावान पत्रकार के रूप में उनके लिये आपात्कालीन प्रेस-नियंत्रण वास्तव में कठिन समय था।

श्री सिंह अनन्त-ज्योति विद्यापीठ की स्थापना और उसके कार्यकलापों से क्रियात्मक रूप से सम्बद्ध रहे हैं और वह विद्यापीठ के उप पीठ-प्रमुख भी हैं।

वर्तमान में वह अपना समय अध्ययन में ही लगाते हैं, और हिन्दी पत्रकारिता के इतिहास तथा स्वतंत्रता आंदोलन में उसकी भूमिका पर एक पुस्तक का प्रणयन कर रहे हैं। अनन्त-ज्योति विद्यापीठ प्रवर समिति आज विद्वान-मनीषी डा० सिंह का पत्रकारिता और हिन्दी साहित्य के क्षेत्र में सारभूत योगदान के लिए सत्कार और अभिनन्दन करती है।

पता : ५०९/५८, पुराना हैदराबाद, लखनऊ–२२६ ००७

CC-0. Indira Gandhi National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

Dr. Amar Pal Singh

Dr. Singh was born on January 7, 1920 A.D., at village Beraga in the Faizabad district. He had his early schooling in the village school and did High School from Akbarpur and Intermediate from Faizabad. For higher education he enrolled himself at the Allahabad University and did M.A. in English. He was drawn to journalism and joined the English Daily 'National Herald' in 1945. When the 'Navjeevan' was started in 1947 he shifted to this Hindi Daily and continued to work in its editorial department till 1956. During his stay at Lucknow he joined the Lucknow University and did LL.B., Diplomas in Russian and German languages and M.A. in Hindi, and also took the degree of Ph.D. in Hindi.

In 1956 he joined the Government of India in the Ministry of Information and Broadcasting and worked there till 1979 as News Edittor, Information Officer and Deputy Director, mostly at Lucknow and the head-quarters at New Delhi.

Dr. Singh's thesis 'Tulasi-Purva Rama Sahitya', was published in 1965. It gives valuable reference material relating to the literature on Rama prior to Tulasidas, in Hindi and is useful from the historical, literary and linguistic points of view.

His books awaiting publication are :

(1) कृष्ण चन्द्रिका (anthology of devotional poems devoted to Krishna)

(2) वन्दे मातरम्, तीन भाग (three anthologies of patriotic poetry in Hindi, folk-songs, and poetry in Urdu, from 1500 A.D. to 1947 A.D.)

His love of the National Language and his sense of patriotism brought him to Hindi journalism at a time when it was not remunerative. As a journalist he left his mark in the Ministry of Information and Broadcasting. It was sometimes not very palatable to him to work as a Government journalist because it sought to kill the professional journalist in him. The emergency censorship was a really trying time for him as a conscientious journalist.

Dr. Singh has been actively associated with the founding and the programmes of the 'Ananta-Jyoti Vidyapitha' and is its Vice-President.

At present he is devoting all his time to studies and is working on the history of Hindi journalism and its relevance to freedom movement. The Ananta-Jyoti Vidyapitha Pravara Samiti this day takes the opportunity to honour and felicitate Dr. Singh, the scholar and intellectual *par excellence*, for his substantial contribution in the field of journalism and Hindi literature.

Address : 509/58, Old Hyderabad, Lucknow–226 007

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

डा० गिरिजा शंकर मिश्रा

डा० मिश्रा का जन्म १५ नवम्बर, १९२१ ई०, को लखनऊ में हुआ था। उनकी समस्त शिक्षा लखनऊ में हुयी। १९४२ में उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से इतिहास विषय में एम० ए० की परीक्षा उत्तीर्ण की और १९५५ में पाश्चात्य इतिहास में पी-एच० डी० की उपाधि प्राप्त की। उनके शोध-प्रबंध का विषय था - ब्रिटिश विदेश नीति और भारतीय प्रकरण (१७८३-१८१५)।

१९४४ में पाश्चात्य इतिहास के लेक्चरर के रूप में उनकी नियुक्ति लखनऊ विश्वविद्यालय में हुयी तथा १९५८ में असिस्टेन्ट प्रोफ़ेसर के पद पर प्रोन्नति हुयी, और १९६१ में वह पाश्चात्य इतिहास विभाग के प्रोफ़ेसर एवं अध्यक्ष नियुक्त किये गये। इस पद पर १९८२ तक वह कार्यरत रहे। इस बीच उन्होंने एक वर्ष के लिये विधि संकाय के अध्यक्ष के रूप में और चार वर्ष कला संकाय के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। १९७५ से १९८१ तक वह प्रो-वाइसचांसलर भी रहे तथा १९७८ और १९८१ में कार्यवाहक कुलपति के रूप में भी उन्होंने कार्य किया।

उनके मार्गदर्शन में ८ शोध छात्रों ने पी-एच० डी० की उपाधि के लिये और एक शोध छात्र ने डी० लिट्० की उपाधि के लिये कार्य किया।

वह इंगलैन्ड, पूर्वी जर्मनी और उत्तरी कोरिया हो आये हैं। उनका विशिष्ट विषय पाश्चात्य इतिहास है जिसमें यूरोप, ब्रिटेन और अमरीका का इतिहास सम्मिलित है। उनके शोध-पत्र यू० पी० हिस्टॉरिकल सोसाइटी के जर्नल में प्रकाशित हुये हैं।

डा० मिश्रा उन थोड़े से भारतीय विद्वानों में से हैं जिन्होंने ब्रिटेन के इतिहास पर लिखने का साहस किया। एक अध्यापक के रूप में वह अपने विद्यार्थियों के बीच अपनी अध्यापन शैली के लिये तथा विषय को सुबोध तथा रुचिकर बनाने के लिये प्रिय रहे। अनन्त-ज्योति विद्यापीठ प्रवर समिति आज विद्वान्-मनीषी डा० मिश्रा का उनके विद्वता और अध्यापन के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए सत्कार और अभिनन्दन करती है।

पता : ७६, बादशाह बाग, लखनऊ-२२६ ००७

...rch Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

Dr. G. S. Misra

Dr. Misra was born on Nov. 15, 1921 A. D., at Lucknow. All his education was done at Lucknow. He did M. A. in History in 1942 and Ph. D. in Western History in 1955 from the Lucknow University. His thesis was on 'British Foreign Policy and Indian Affairs (1783-1815).'

He joined the Lucknow University as Lecturer in Western History in 1944, was promoted as Assistant Professor in 1958, and was appointed Professor and Head of the Department of Western History in 1961 and worked as such till 1982. In the meantime he worked as Dean, Faculty of Law, for a year and as Dean, Faculty of Arts, for four years, was Pro Vice-Chancellor from 1975 to 1981, and also worked as Acting Vice-Chancellor in 1978 and 1981.

Under his guidance 8 scholars worked for Ph. D. and one scholar, for D. Litt.

He has been to England, East Germany and North Korea. His field of specialization is Western History, including European, British and American History. His research papers were published in the Journal of the U. P. Historical Society.

Dr. Misra is one of the few Indian scholars who have dared to write on British History. As a teacher he always attracted the attention of his students by his style of teaching and making the subject intelligible as well as interesting. The Ananta-Jyoti Vidyapitha Pravara Samiti this day honours and felicitates Dr. Misra, the scholar and intellectual *par excellence*, for his distinguished contribution in the field of scholarship and education.

Address : 76, Badshah Bagh, Lucknow-226007

Works कृतियाँ

(1) A History and Guide to Pindari Glacier (1949)
(2) British Foreign Policy and Indian Affairs, 1783-1815 (1963)
(3) A Survey of Modern British History (Tudor Age) (1963)

——

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

डा० हर्ष नारायन

डा० हर्ष नारायन का जन्म बलिया जिले के बांसडीह नामक कस्बे में १ नवम्बर १९२२ ई०, को हुआ था। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा बांसडीह, रसड़ा और बलिया में हुयी। १९४१ में हाई-स्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात उन्हें कुछ समय के लिये अपनी नियमित शिक्षा छोड़नी पड़ी परन्तु ज्ञान के प्रति अनुराग ने उन्हें अपना अध्ययन चालू रखने के लिये प्रेरित किया और उन्होंने सतीश चन्द्र कालेज, बलिया, से बी० ए० की परीक्षा उत्तीर्ण की तथा तत्पश्चात १९४९ में नागपुर विश्वविद्यालय से संस्कृत विषय में एम० ए० की परीक्षा उत्तीर्ण की। उन्हें लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा १९६७ में भारतीय दर्शन में पी-एच० डी० की उपाधि प्रदान की गयी।

वह एक स्वनिर्मित व्यक्ति हैं जिन्होंने अपना जीवन जून १९४३ में बलिया कलेक्ट्रेट में लिपिक के पद पर सेवा से प्रारम्भ किया। १९४९ में यू० पी० सेक्रेटेरियट सर्विस परीक्षा में सफल होने पर उन्होंने लखनऊ में उ० प्र० सचिवालय में नवम्बर १९५० में सेवायोजन किया और वहां वह अगस्त १९६३ में अधीक्षक के राजपत्रित पद पर प्रोन्नत हुये तथा उस पद पर मार्च १९७१ तक कार्यरत रहे। उन्होंने अप्रैल १९७१ में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में दर्शन विभाग में लेक्चरर के पद पर नियुक्त होने पर अपने को अध्यापन व्यवसाय से सम्बद्ध किया। अप्रैल १९७९ में उनकी नियुक्ति उत्तर-पूर्वी पर्वतीय विश्वविद्यालय, शिलांग, में दर्शन विभाग में रीडर के पद पर हुई और वहीं से वह जून १९८३ में सेवानिवृत्त हुये। अप्रैल १९८४ से अप्रैल १९८५ की अवधि में वह अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में दर्शन विभाग में विज़िटिंग प्रोफ़ेसर रहे और मार्च १९८६ में गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरद्वार, में विज़िटिंग फ़ैलो रहे। उन्हें भारतीय दर्शन कांग्रेस के चंडीगढ़ अधिवेशन में १९८२ में बुद्ध जयन्ति व्याख्यान देने के लिये भी आमंत्रित किया गया था।

उनके मार्गदर्शन में पाँच शोध छात्रों ने पी-एच० डी० की उपाधि और दो ने एम० फिल० की उपाधि प्राप्त की।

डा० नारायन के विशिष्ट विषय न्याय-वैशेषिक तत्त्वशास्त्र, बौद्ध धर्म, वैदिक साहित्य, आधुनिक भारतीय चिन्तन, मार्क्सवाद, हिन्दू धर्म, इस्लाम, और प्राचीन एवं मध्यकालीन भारतीय इतिहास एवं संस्कृति, हैं। वर्तमान में वह इस्लाम पर एक पुस्तक का प्रणयन कर रहे हैं और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की एक परियोजना पर भी कार्य कर रहे हैं। उन्होंने हिन्दी साहित्य कोष, उर्दू इन्साइक्लोपीडिया तथा इन्साइक्लोपीडिया ऑफ इन्डियन फिलासफी में महत्वपूर्ण लेख दिये हैं। उनके ५ ग्रन्थ प्रकाशित हो चुके हैं और २ प्रकाश्य हैं।

प्रारम्भ से ही डा० हर्ष नारायन की अध्ययन में गंभीर रुचि रही है और उन्होंने संस्कृत तथा फारसी भाषाओं का भी विशेष अध्ययन इस दृष्टि से किया ताकि वह अपने विषय से सम्बन्धित मूल स्रोतों को स्वयं देख सकें। एक भिन्न व्यवसाय में होते हुये भी उन्होंने अपना अध्ययन चालू रखा, और वह उन थोड़े से सचिवालय अधिकारियों में से हैं जो अपने शोध कार्य में लगे रहे और पी-एच० डी० के लिये जिन्होंने अपना शोध-प्रबंध पूरा किया। लखनऊ में अपने आवास के दौरान उन्होंने 'लखनऊ अकादमी' की स्थापना की और बौद्धिक

National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

विचार-विनिमय के लिये साप्ताहिक गोष्ठियाँ प्रारम्भ कीं। वह 'विश्व-जिज्ञासा क्लब' और 'अनन्त-ज्योति विद्यापीठ' से भी सम्बद्ध रहे। वह अपने उदार दृष्टिकोण के कारण दर्शन जैसे विवादास्पद विषय में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में अध्यापक के रूप में सफल रहे।

डा० हर्ष नारायन की पुस्तकों की समीक्षा दर्शन और इतिहास विषय से संबंधित विभिन्न विदेशी और भारतीय पत्रिकाओं में हुयी है, और मौलिक दृष्टि के लिये उनकी सराहना की गई है। उनकी पुस्तकों में विषय की तर्कपूर्ण प्रस्तुति है और वे अपने विषय के प्रामाणिक ग्रन्थ माने जाते हैं। उनका लेखन प्राय: लीक से हटकर है और उसमें विषय की गहरी पैठ के अतिरिक्त वस्तुपरक मूल्यांकन है। डा० हर्ष नारायन उन सभी के लिये प्रेरणा का स्रोत बने रहेंगे जिन्हें ज्ञान के प्रति गहरी अभिरुचि है। उनके व्यक्तित्व ने यह प्रदर्शित किया है कि कठिनाई और वातावरण का अभाव ज्ञान के मार्ग में कोई अवरोध नहीं होता यदि व्यक्ति बौद्धिक खोज के लिये सन्नद्ध है। अनन्त-ज्योति विद्यापीठ प्रवर समिति आज विद्वान-मनीषी डा० हर्ष नारायन का उनके विद्वत्ता और मौलिक चिन्तन के क्षेत्र में सारभूत योगदान के लिए सत्कार और अभिनन्दन करती है।

पता : ४२/५८, रामरतन बाजपेयी मार्ग, ला० उमराव सिंह पार्क, नरही, लखनऊ-२२६००१

Dr. Harsh Narain

Dr. Harsh Narain was born on Nov. 1, 1922 A. D., at Bansdih in the Ballia district. He had his early education at Bansdih, Rasra and Ballia. After doing High School in 1941 he had to discontinue regular studies for some time but his passion for learning goaded him to pursue his studies and he did B. A. from the S. C. College, Ballia, and then M. A. in Sanskrit from the Nagpur University in 1949. He was awarded the degree of Ph. D. in Indian Philosphy by the Lucknow University in 1967.

He is a self-built man who made humble beginnings in June 1943 by entering into service as a clerk in the Ballia Collectorate. Having been successful at the U. P. Secretariat Service Examination in 1949 he joined the U. P. Secretariat at Lucknow in Nov. 1950 where he was promoted to the Gazetted post of Superintendent in Aug. 1963 and worked as such till March 1971. He shifted to the teaching profession in April 1971 on his appointment as Lecturer in the Department of Philosophy at the Banaras Hindu University. In April 1979 he was appointed Reader in the Department of Philosophy at the North-Eastern Hill University, Shillong, from where he retired in June 1983. During April 1984–April 1985 he was Visiting Professor in the Department of Philosophy at the Aligarh Muslim University and in March 1986 he was Visiting Fellow to the Gurukul Kangri University, Hardwar. He was also invited to deliver the Buddha Jayanti Lecture at the Chandigarh session of the Indian Philosophical Congress in 1982.

Under his guidance 5 scholars were awarded Ph. D. and 2 were awarded M. Phil.

The field of specialization of Dr. Narain is wide and covers Nyaya-Vaiseshika metaphysics, Buddhism, Vedic lore, modern Indian thought, Marxism, Hinduism, Islam, and Ancient and Mediaeval Indian history and culture. At present, he is writing a book on Islam and is also working on a project of the U. G. C. He has contributed valuable articles to the

...ing. Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

Hindi Sahitya Kosh, Urdu Encyclopaedia and the Encyclopaedia of Indian Philosophy. Five of his works have been published and two are in hand.

From the very beginning Dr. Harsha Narain had a passion for studies and he mastered the classical languages of Sanskrit and Persian so that he may go through the original sources concerning his subject. Despite a different vocation he continued his studies and is one of the few Secretariat Officers who persevered in their research work and completed the dissertation for Ph. D. During his stay at Lucknow he founded the Lucknow Academy and started weekly sittings for intellectual discussion. He was also associated with the Vishva-Jijnasa Club and the Ananta-Jyoti Vidyapitha. It is his catholic approach that made him successful as a teacher at the Banaras Hindu University as well as at the Aligarh Muslim University in a controversial subject like Philosophy.

The works of Dr. Harsh Narain have been extensively reviewed in various foreign and Indian journals on Philosophy and History, and have been appreciated for original approach. His works are marked with rational presentation and are authentic readings on the subject. His writings are often off the beat and present deep understanding of the subject coupled with objective assessment. Dr. Harsh Narain would inspire all those who have a passion for learning and knowledge. He has proved that adversity and absence of environment are no impediments in the path of knowledge if one is sincerely devoted to intellectual quest. The Ananta-Jyoti Vidyapitha Pravara Samiti this day honours and felicitates Dr. Harsh Narain, the scholar and intellectual *par excellence*, for his distinguished contribution in the field of scholarship and original thinking.

Address: 42/59, Ram Ratan Vajpai Marg, Lala Umrao Singh Park, Narahi, Lucknow-1

Works कृतियां

(1) Evaluation of Dialectic in Western thought (1973)
(2) सिर्र-ए अकबर सहित उपनिषत् समुच्चय (१९७५)
(3) Evaluation of the Nyaya-Vaiseshika Categoriology (1976)
(4) Discovery of Marx (1981)
(5) Facets of Indian Religio-Philosophic Identity (1983)
(6) The Madhyamika Mind
(7) Discovery of Islam

——

...Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

डा० सरयू प्रसाद अग्रवाल

डा० अग्रवाल का जन्म ९ नवम्बर, १९२२ ई०, को इलाहाबाद जिले के सिरसा कस्बे में हुआ था। उनकी शिक्षा लखनऊ में हुयी। लखनऊ विश्वविद्यालय से उन्होंने १९४१ में बी० ए० की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की और हिन्दी विषय में स्वर्ण-पदक प्राप्त किया, तथा १९४३ में हिन्दी विषय में एम० ए० की परीक्षा, और साथ ही एल्-एल० बी० की परीक्षा भी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की एवं एम०ए० में प्रथम स्थान प्राप्त किया। १९४९ में उन्हें पी-एच० डी० की उपाधि हिन्दी विषय में तथा १९६३ में डी० लिट्० की उपाधि भाषा विज्ञान विषय में लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की गयी। उनके डी० लिट्० के शोध-प्रबन्ध पर उन्हें बोनर्जी पुरस्कार द्वारा भी सम्मानित किया गया। उन्होंने फ्रेन्च भाषा में प्रोफ़िशियेन्सी परीक्षा भी उत्तीर्ण की। कलकत्ता विश्वविद्यालय से तुलनात्मक भाषा-विज्ञान विषय में एम० ए० की परीक्षा भी उन्होंने १९४५ में उत्तीर्ण की और प्रथम स्थान प्राप्त किया।

पी-एच०डी० के लिये उनके शोध-प्रबन्ध का विषय 'अकबरी दरबार के हिन्दी कवि' था और डी० लिट्० के लिये 'अवध के स्थान-नामों का भाषा-वैज्ञानिक अध्ययन'।

उनकी नियुक्ति लखनऊ विश्वविद्यालय में भाषा विज्ञान के लेक्चरर के पद पर १९४६ में हुयी। उनकी प्रोन्नति १९५६ में रीडर के पद पर हुयी और १९६६ में प्रोफ़ेसर के पद पर। अप्रैल १९७६ में भाषा-विज्ञान विभाग का गठन हुआ और वह उसके अध्यक्ष नियुक्त किये गये, तथा इसी पद से वह जून १९८३ में सेवानिवृत्त हुये।

उनके मार्गदर्शन में ४७ छात्रों ने पी-एच० डी० के लिये और ३ छात्रों ने डी० लिट्० के लिये कार्य किया।

वह भारत सरकार की भाषा-विज्ञान शब्दावली समिति के विशेषज्ञ सदस्य रहे हैं तथा संघ लोक सेवा आयोग की चयन समितियों के, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की हिन्दी व्याकरण समिति के और विभिन्न विश्वविद्यालयों की रिसर्च डिग्री समितियों तथा पाठ्यक्रम समितियों के सदस्य भी रहे हैं। वह भारतीय भाषाओं के केन्द्रीय संस्थान की परामर्शदात्री समिति के सदस्य भी रहे हैं और आगरा स्थित कन्हैयालाल मुन्शी संस्थान के भाषा विज्ञान के शीत विद्यालय के सकाय सदस्य भी रहे हैं।

उनका विशिष्ट विषय हिन्दी भाषा और उसकी बोलियों का शैलीपरक तथा व्याकरणात्मक अध्ययन है। मुख्य अन्वेषक के रूप में उनके मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की एक वृहद् शोध परियोजना - अवधी भाषी क्षेत्रों का सर्वेक्षण और अवधी शब्दकोष - पूरी की जा चुकी है। उनके मुख्य सम्पादकत्व में साहित्यिक अवधी का शब्द कोष और जनपदीय अवधी का शब्दकोष भी तैयार किये जा रहे हैं। इस समय वह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की परियोजना–अवधी के स्थान-नामों का सामाजिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक अध्ययन – पर कार्य कर रहे हैं।

प्रतिष्ठित हिन्दी पत्रिकाओं में वह समय-समय पर हिन्दी साहित्य और भाषा शास्त्र पर लेख लिखते रहते हैं। १९४४ में ही उनका एक वृहत् निबन्ध महापात्र नरहरि और उनके काव्य पर प्रकाशित हुआ था। उनके अन्य वृहद् निबन्ध 'शिशु भाषा का विकास', 'राष्ट्र भाषा हिन्दी का विकास' और 'भावनात्मक एकता के प्रतीक अमीर खुसरो' प्रकाशित हुए हैं। उनके छः ग्रन्थ भी प्रकाशित हैं।

डा० अग्रवाल हिन्दी भाषा के भाषा विज्ञान के अधिकारी विद्वान हैं और उन्होंने अवधी बोली का विशेष अध्ययन किया है। साहित्यक अवधी और जनपदीय अवधी के जो शब्दकोष वह सम्पादित कर रहें हैं, वे हिन्दी साहित्य और भाषा विज्ञान के अध्येताओं के लिये विशेष उपयोगी होंगे। अनन्त-ज्योति विद्यापीठ प्रवर समिति आज विद्वान-मनीषी डा० अग्रवाल का हिन्दी भाषा-विज्ञान के क्षेत्र में सारभूत योगदान के लिए सत्कार और अभिनन्दन करती है।

पता : बी–७२ (ए), निराला नगर, लखनऊ–२२६ ००७

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

Dr. S. P. Agrawal

Dr. Agrawal was born on Nov. 9, 1922 A.D., at Sirsa in the Allahabad district. He had his education at Lucknow. He did B.A. from the Lucknow University in 1941 in first division (securing gold medal in Hindi), M.A. in Hindi and LL.B. in 1943 in the first division, securing first position in M.A. He was awarded Ph.D. in Hindi in 1949 and D. Litt. in Linguistics in 1963 by the Lucknow University. His D. Litt. thesis merited the Bonnerji Prize. He also did Proficiency in French. He also took M.A. in Comparative Philology from the Calcutta University, securing first position, in 1945.

His dissertation for Ph.D. was on the Hindi poets of the court of Akbar, and his thesis for D.Litt. was 'A Linguistic Study of the Place Names of Avadh'.

He joined the Lucknow University as Lecturer in Linguistics in 1946, was promoted as Reader in 1956 and as Professor in 1966. In April 1976 the Department of Linguistics was created and he was appointed its Head, which assignment he carried on till his superannuation on June 30, 1983.

47 scholars have worked for Ph.D. and 3 for D.Litt. under his guidance.

He has been an Expert Member of the Government of India's Terminology Commitee on Linguistics, of the Selection Committees of Union Public Service Commission, of the U.G.C. Hindi Grammer Committee and of the Research Degree Committee and Board of Studies of various Universities, as also a member of the Advisory Committee of the Central Institute of Indian Languages, and a Faculty Member of the Winter School of Linguistics, K.M. Institute, Agra.

His field of specialisation is Stylistic and Grammetical Study of Hindi Language and Dialects. A major research project of the U.G.C., 'Survey of Avadhi-speaking Areas and Compilation of Avadhi Dictionary', has been completed under him as Chief Investigator. A dictionary of literary Avadhi and also a dictionary of folk Avadhi are being compiled under his chief editorship. He is also busy with the U.G.C. Project on Socio-Cultural and Historical Study of the Place-names of Avadh.

He has been occasionally contributing articles on Hindi Literature and Linguistics in reputed Hindi journals. In 1944 he published his long essay on Mahapatra Narhari and his poetry. His other long essays are on the development of infant language, development of National Language Hindi, and Amir Khusro as the symbol of emotional integration. Six of his works have been published.

Dr. Agrawal is an authority on the linguistics of Hindi language, and has made a special study of the Avadhi dialect. The dictionaries of literary Avadhi and folk Avadhi, which he is editing, will be of great use to the students of Hindi Literature and Philology. The Ananta-Jyoti Vidyapitha Pravara Samiti this day honours and felicitates Dr. Agrawal, the scholar and intellectual *par excellence*, for his substantial contribution in the field of Hindi linguistics.

Address : B-72 (A), Nirala Nagar, Lucknow-226 007

Works कृतियां

(1) अकबरी दरबार के हिन्दी कवि (1953) (4) अवध के स्थान-नामों का भाषा-वैज्ञानिक अध्ययन (1967)
(2) प्राकृत विमर्श (1957) (3 Editions) (5) कविवर गंग और उनका काव्य (1974)
(3) भाषा विज्ञान और हिन्दी (1959) (3 Editions) (6) कविवर रहीम और उनका काव्य (1974)

Books mentioned at no. 1,2, and 4 have merited prizes from the Government of Uttar Pradesh.

Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

श्री कैलाश नाथ गोयल

श्री गोयल का जन्म २५ नवम्बर, १९२३ ई०, को आगरा में हुआ था। एम० ए० स्तर तक की उनकी समस्त शिक्षा आगरा में ही हुयी। वह एक मेधावी छात्र थे और १९४२ में गणित विषय में एम० ए० की परीक्षा उन्होंने आगरा विश्वविद्यालय (जो उस समय संयुक्त प्रान्त, मध्य प्रान्त, अजमेर और राजपूताना का क्षेत्रीय विश्वविद्यालय था) से प्रथम श्रेणी में प्रथम स्थान पर उत्तीर्ण की। १९४४ में लखनऊ विश्वविद्यालय से उन्होंने एल-एल० बी० की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की।

१९४६-४७ में यू० पी० जूडिशियल सर्विस परीक्षा में उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया और जनवरी १९४८ में वह प्रदेशीय न्यायिक सेवा में सेवायोजित हुये। उनका सेवाकाल भी समान रूप से उज्जवल रहा और वह अपनी सेवा के उच्चतम सोपान तक पहुंचे। सितम्बर १९७२ से मार्च १९७८ तक वह उत्तर प्रदेश शासन में न्याय सचिव एवं विधि परामर्शी थे और इसके बाद उनकी नियुक्ति इलाहाबाद उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के पद पर हुयी। उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में न्यायाधीश के पद पर उन्होंने मार्च १९७८ से जून-१९८५ तक कार्य किया।

उच्च न्यायालय से सेवानिवृत्त होने के पश्चात उनकी नियुक्ति अवैतनिक सदस्य के रूप में भारत के विधि आयोग में की गयी और कुम्भ दुर्घटना से सम्बन्धित जाँच के लिये नियुक्त एक-सदस्यीय आयोग के रूप में भी उन्होंने कार्य किया। वर्तमान में वह न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, उ० प्र०, के निदेशक हैं।

राजकीय कार्य के प्रति पूर्ण निष्ठा तथा कठिन उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने के साथ ही उन्होंने लिखने-पढ़ने की अपनी अभिरुचि को बनाये रखा। उनके विशेष अध्ययन का क्षेत्र विधि है और विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं तथा लॉ-जर्नल्स में विधिक विषयों पर लेख लिखने तथा आकाशवाणी और दूरदर्शन से इन विषयों पर सुबोध वार्तायें प्रसारित करने के अतिरिक्त उन्होंने विधि के ऊपर तीन महत्त्वपूर्ण पुस्तकें भी लिखी।

वर्तमान में वह 'मोघास प्लीडिन्गस' और 'मोघास इण्डियन कन्वेयेन्सर' को पुनरीक्षित कर रहे हैं और सरकारी सेवकों आदि के संबंध में विधि संबंधी अपनी पुस्तक को भी परिवर्धित कर रहे हैं।

भोपाल गैस दुर्घटना पर उनके लेख इस संबंध में विधिक स्थिति को स्पष्ट करते हैं। उनकी प्रकाशित पुस्तकें अपने विषय पर सर्वाधिक प्रामाणिक ग्रन्थ हैं और सभी लॉ-जर्नल तथा सम्मान्य विधि-विशेषज्ञों द्वारा उनकी प्रशंसात्मक समीक्षा की गयी है। प्रशासनिक विधि पर हिन्दी में उनकी प्रथम पुस्तक है और वह लेखक की अपने विषय के प्रति ही नहीं वरन् राष्ट्र भाषा के प्रति भी निष्ठा को प्रकट करती हैं। इस प्रकार की प्रामाणिक पुस्तकें यदि हिन्दी में लिखी जायेंगी तो राष्ट्र भाषा अपने उचित आसन पर स्थापित हो सकेगी।

श्री गोयल न्यायिक सेवा और उच्च न्यायालय पीठ के बहुत ही प्रखर सदस्य रहे हैं। विधि परामर्शी के रूप में दिये गये उनके अभिमतों से अभी भी शासन मार्गदर्शन प्राप्त करता हैं। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में उनके निर्णय उनकी अवधि के सर्वोत्तम माने गये हैं। ये सभी निर्णय तर्क, निष्पक्षता और मानवीयता से पुष्ट हैं। असंदिग्ध निष्ठा, सूक्ष्म प्रज्ञा और सज्जनतापूर्ण व्यवहार के धनी व्यक्ति के रूप में वह निरंतर ही न्यायाधिकारियों तथा विधि-विशेषज्ञों के लिये प्रेरणा के स्रोत बने रहेंगे। अनन्त-ज्योति विद्यापीठ प्रवर समिति आज विद्वान-मनीषी श्री गोयल का न्यायिक प्रशासन और विधि-विज्ञान के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए सत्कार और अभिनन्दन करती है।

पता : बी-२४३६, हास्पिटल रोड, इन्दिरा नगर, लखनऊ-२२६ ०१६

IRS-MoE. Digitization: eGangotri.

Mr. K. N. Goyal

Mr. Goyal was born on November 25, 1923 A. D., at Agra. All his education upto M. A. was done at Agra. He was a brilliant student and did M. A. in Mathematics in 1942 from the Agra University (which then covered U. P., C. P., Ajmer and Rajputana), securing first division with first position. He did LL. B. from the Lucknow University in 1944 in first division

Having topped at the U. P Judicial Service Examination in 1946-47, he joined the State Judicial Service in January 1948. His service career was equally brilliant and he rose to the highest position. He was Judicial Secretary-cum-Legal Remembrancer to Uttar Pradesh Government from September 1972 to March 1978, and was elevated to the Bench and served as Judge of the Allahabad High Court, Lucknow Bench, from March 1978 to June 1985.

On retirement from the Bench he was appointed Honorary Member of the Law Commission of India, and constituted the one-man Commission of Inquiry into the Kumbh Tragedy. Presently he is Director of the Judicial Training and Research Institute, U. P.

Despite his onerous duties and full devotion to official work, he kept up his passion for reading and writing. His field of specialization is Law, and besides contributing articles on legal topics in periodicals, newspapers and Law Journals, and delivering talks on the AIR and TV, he has written three valuable books on Law.

At present he is busy revising the "Mogha's Pleadings" and the "Mogha's Indian Conveyancer", as also his own "Law relating to Government Servants etc."

His articles on the Bhopal Gas Tragedy succinctly bring out the legal position. His published books are the most authentic works on the subject and they have been appreciatively reviewed in all the Law Journals and by big jurists. His is the first book in Hindi on the Administrative Law, and it is an evidence of the author's sincerity not only towards the subject but also to the National Language. Such authentic books when written in Hindi, will put the National Language on its rightful pedestal.

Mr. Goyal had been a very brilliant member of the Service and the Bench. His opinions as Legal Remembrancer still hold water and provide valuable guidelines to the administration. His judgments as the Judge of the High Court have been acclaimed as the best during his tenure as Justice, and they were always marked with reason, impartiality and humaneness. A man of unimpeachable integrity, fine intelligence and gentle demeanour, he will continue to be a source of inspiration to the Judges and Jurists. The Ananta-Jyoti Vidyapitha Pravara Samiti this day honours and felicitates Mr. Goyal, the scholar and intellectual *par excellence*, for his distinguished contribution to judicial administration and jurisprudence.

Address : B-2436, Hospital Road, Indira Nagar, Lucknow-226 016

कृतियां

(1) Law relating to Government Servants and Servants of other Authorities (1962)
(2) प्रशासनिक विधि (1981)
(3) Commentary on Administrative Tribunals Act (1986)

Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

डा० नासिर अली खान

डा० खान का जन्म १६ सितम्बर, १९२५ ई०, को लखनऊ में हुआ था। उनके पिताजी के स्थानान्तरणीय सेवा में होने के कारण उनकी प्रारम्भिक शिक्षा व्यवधान पूर्ण रही। १९४४ में उन्होंने जॉर्ज इस्लामिया कालेज, गोरखपुर, से इन्टरमीडिएट किया। उच्चतर शिक्षा के लिए वह इलाहाबाद चले गये और वहाँ १९४७ में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से उन्होंने बी० ए० की परीक्षा दर्शन-शास्त्र में ऑनर्स के साथ उत्तीर्ण की। तदनन्तर वह लखनऊ चले आये और लखनऊ विश्वविद्यालय से १९५० में मनोविज्ञान विषय में एम० ए० की परीक्षा प्रथम श्रेणी में प्रथम स्थान के साथ उत्तीर्ण की। उन्हें १९६३ में लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा समाज-शास्त्र में पी-एच० डी० की उपाधि उनके शोध-प्रबन्ध, "विवाह प्रथा के परिवर्तित हो रहे प्रकार", पर प्रदान की गयी।

उन्होंने यू०पी० सिविल सेक्रेटरियेट परीक्षा, १९४९, में सफलता प्राप्त करके १९५० में यू०पी० सचिवालय में सेवायोजन किया और उप सचिव के उच्च पद तक प्रोन्नति प्राप्त की। १९८० में अस्वस्थता के आधार पर उन्होंने सेवा से निवृत्ति ले ली।

बागवानी श्री खान का प्रिय शौक है और उनके घर को पुष्प-उद्यान कहा जा सकता है। विद्यार्थी के रूप में ही वह होनहार थे और ज्ञान के प्रति अनुराग ने उन्हें सचिवालय में सेवारत होते हुए भी गंभीर अध्ययन के लिए प्रेरित किया जिसके फलस्वरूप वह पी–एच० डी० के लिए अपना शोध-प्रबंध पूरा कर सके। उनके तीन ग्रन्थ प्रकाशित हैं।

डा० खान सचिवालय अधिकारियों के उस अल्प समूह के हैं जिन्होंने अध्ययन के प्रति अपना अनुराग बनाये रखा और ज्ञान के कोष में मौलिक योगदान किया। एक सहकर्मी और अधिकारी के रूप में वह सदैव ही अत्यंत सज्जन और नि:संकोच सहायता करने वाले थे। डा० खान, डा० हर्ष नारायन और डा० शशिकान्त, एक ऐसा त्रिकुट है जिन्होने उत्तर प्रदेश सचिवालय सेवा की गरिमा को उन्नत किया है।

डा० खान का यह कथन कि एक सचिवालय कर्मी को कोई सम्मानित करेगा, किसने सुना है क्योंकि वे तो आते और जाते रहते हैं और पत्रावलियों के समुद्र में एक कम्पन भी नहीं छोड़ जाते, उनकी सादगी का उदाहरण है। वास्तव में ऐसा नहीं है। सचिवालय सही अर्थों में शासन का मस्तिष्क है और नियमों की विशिष्ट जानकारी, सरकारी प्रक्रियाओं का विविध अनुभव तथा विषय को प्रस्तुत करने में निपुणता के कारण सचिवालय कर्मी सर्वाधिक शक्तिमान को भी कानून और औचित्य के सम्मुख झुका सकता है और अपने अविवेक को सही करने अथवा उसके लिये उत्तरदायित्व लेने के लिए प्रेरित कर सकता है। जिन लोगों ने डा० खान को सचिवालय में कार्य करते देखा है वह सरकारी मामलों में उनके साहसी और निर्भीक व्यवहार से सुपरिचित हैं। वह अपनी सेवा के विशिष्ट प्रतिनिधि के रूप में सदैव ही स्मरण किये जायेंगे। अनन्त-ज्योति विद्यापीठ प्रवर समिति आज विद्वान-मनीषी डा० खान का बौद्धिकता के प्रति विशिष्ट आग्रह के लिए सत्कार और अभिनन्दन करती है।

पता : ४७, सदर बाजार, कैन्टोन्मेन्ट, लखनऊ–२२६ ००२

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

Dr. N. A. Khan

Dr. Khan was born on Sept. 16, 1925 A.D., at Lucknow. His early schooling was disturbed because of his father's transferable job. In 1944 he did Intermediate from the George Islamia College, Gorakhpur. For higher education he moved to Allahabad and did B. A. with Honours in Philosophy from the Allahabad University, in 1947. Then he moved to Lucknow and did M. A. in Psychology from the Lucknow University in 1950, securing first division with first position. He was also awarded Ph. D. in Sociology on his thesis "The Changing Pattern of Marriage" in 1963 by the Lucknow University.

He joined the U. P. Secretariat in 1950, having been successful at the U. P. Secretariat Examination, 1949, and rose to the high position of Deputy Secretary to Government. In 1980 he retired voluntarily from service on grounds of health.

Gardening is Dr. Khan's favourite pastime, and his home can be called a garden of flowers.

As a student he showed promise, and his love for knowledge made him do serious studies while in service at the Secretariat, so much so that he could complete his dissertation for Ph. D. His published works are :

(1) The Changing Pattern of Marriage (1963)
(2) The Psycho-dynamics of Human Relations (1963)
(3) The Emerging New Pattern of Marriage (1963)

Dr. Khan belonged to that small minority of Secretariat officers who kept up their passion for studies and made original contribution to the fund of knowledge. As a colleague and officer he was always a fine gentleman, ungrudgingly helpful. Dr. Khan, Dr. Harsh Narain and Dr. Shashi Kant make a trio who have raised the stature of the Uttar Pradesh Secretariat Service and endowed it with the aura of intellectual competence.

It is Dr. Khan's modesty to say, "Who ever heard of honouring a Secretariat employee? They come and go, leaving not a ripple in the ocean of files". But it is not so exactly. Secretariat is, in fact, the brain of the government, and with his vast knowledge of rules and regulations, varied experience of official procedures and mastery over diction the Secretariat employee can make the mightiest to bow to law and propriety and persuade him to make amends for his indiscretion or own responsibility. Those who have known Dr. Khan working in the Secretariat, can testify to his bold and fearless approach in matters official. He was a doyen of the Service and will always be remembered. The Ananta-Jyoti Vidyapitha Pravara Samiti this day honours and felicitates Dr. Khan, the scholar and intellectual *par excellence*, for his exceptional devotion to intellectual pursuits.

Address : 47, Sadar Bazar, Cantonment, Lucknow–226 002

Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

डा० सुधांशु कुमार जैन

डा० जैन का जन्म मुरादाबाद जिले के अमरोहा कस्बे में २० जून, १९२६ ई०, को हुआ था। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा उनके गृह-नगर सिओहारा में एक मुस्लिम मदरसे में हुयी। उन्होंने हाई स्कूल की परीक्षा दिगम्बर जैन हाई स्कूल, बड़ौत, से दी और इन्टरमीडिएट की परीक्षा मेरठ कालेज, मेरठ, से। उन्होंने बी०एस-सी० और तत्पश्चात १९४६ में वनस्पति-शास्त्र में एम०एस-सी० इलाहाबाद विश्वविद्यालय से किया तथा एम० एस-सी० में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पूना (पुणे) विश्वविद्यालय द्वारा उन्हें १९६३ में वनस्पति शास्त्र में पी-एच० डी० की उपाधि प्रदान की गयी।

१९५६ में उन्होंने भारतीय वानस्पतिक सर्वेक्षण में सेवायोजन किया और उक्त संस्थान में वैज्ञानिक श्रेणी प्रथम, वैज्ञानिक वरिष्ठ श्रेणी प्रथम, उप निदेशक और सयुक्त निदेशक के पदों पर कार्य करने के उपरान्त १९७६ में उनकी नियुक्ति निदेशक के पद पर हुयी। १९८३ में वहाँ से सेवानिवृत्त होने पर उन्हें दो वर्ष के लिये नेशनल इन्वायरनमेन्ट फ़ैलो नियुक्त किया गया। आजकल वह वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद के एमेरिटस साइन्टिस्ट हैं और राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान, लखनऊ, में ऐसे वानस्पातिक संसाधनों पर शोध कार्य कर रहे हैं जिनका पूरा उपयोग नहीं किया गया है।

उनके मार्गदर्शन में ८ शोध छात्रों को पी-एच० डी० की उपाधि प्राप्त हुयी।

डा० जैन का विशेष विषय पौध विज्ञान है जिसके अन्तर्गत प्राकृतिक पौध सम्पदा का सर्वेक्षण, उपयोग और संरक्षण आते हैं। उन्हें नेशनल एकेडेमी ऑफ़ साइंसेज़ द्वारा १९६६ में विज्ञान संबधी उत्कृष्ट प्रकाशन पर और इण्डियन बॉटेनिकल सोसाइटी द्वारा १९८२ में उत्कृष्ट वैज्ञानिक शोध पर स्वर्ण पदक प्रदान किये गये थे। १९८२ से वह इण्डियन नेशनल साइन्स एकेडेमी के फ़ैलो हैं, तथा अन्य विभिन्न भारतीय एवं अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक संस्थाओं के भी फ़ैलो हैं, और एथनो-बॉटनी पर अंतर्राष्ट्रीय आयोग के अध्यक्ष हैं। उन्होंने बहुत से प्रतिष्ठित संस्थानों में जिनमें हारवर्ड विश्वविद्यालय भी सम्मिलित हैं, अपने विषय पर व्याख्यान दिये हैं।

डा० जैन ने २५ से भी अधिक ऐसे पौधों की खोज की है जिनका वैज्ञानिकों को कोई ज्ञान नहीं था और कोई २० पौधे अब उन्हीं के नाम से विख्यात हैं यथा जैनिया, जैनाई, सुधांशुई। वह अंग्रेजी और हिन्दी में अपने विषय पर लिखते रहते हैं। विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक पत्रिकाओं में उनके २०० से भी अधिक वैज्ञानिक शोध-पत्र प्रकाशित हुये हैं। उनके द्वारा स्वयं लिखित अथवा सह-लेखन में लिखित २७ ग्रन्थ प्रकाशित हो चुके हैं।

डा० जैन ने अपने विषय में विशिष्ट ख्याति अर्जित की है। उन्होंने राष्ट्रीय वानस्पतिक सर्वेक्षण, भारतीय वानस्पतिक शास्त्र, तथा सामान्य रूप में विज्ञान के प्रति उत्कृष्ट सेवा की है और वैज्ञानिक संसार में राष्ट्रीय वानस्पतिक सर्वेक्षण को जो आदरास्पद स्थान प्राप्त है उसका श्रेय उन्हीं को है। उनकी शोधों ने शताब्दियों से चले आ रहे संशयों एवं गलत धारणाओं को दूर किया हैं और बहुत से विदेशी लेखकों ने मात्र उन्हीं के निष्कर्षों को यह कहकर उद्धृत किया है कि डा० जैन के उत्कृष्ट निष्कर्षों तथा विश्वसनीय तथ्यों के आगे कुछ नहीं कहा जा सकता। उन्होंने राष्ट्र भाषा हिन्दी को भी वनस्पति शास्त्र पर प्रामाणिक पुस्तके लिखकर समृद्ध करने का प्रयास किया है।

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

डा० जैन ने वनस्पति विज्ञान के प्रति महती सेवायें की हैं और अब भी कर रहे हैं। नये पौधों को खोज कर जो उनके नाम से ही जाने भी जाते हैं तथा अन्य वृहद् एवं महत्त्वपूर्ण योगदान के द्वारा वनस्पति विज्ञान के क्षेत्र में उन्होंने अपने लिये एक सुनिश्चित स्थान प्राप्त कर लिया है। इस वर्ष उन्हें इण्डियन बॉटेनिकल सोसाइटी का अध्यक्ष भी निर्वाचित किया गया है। अनन्त-ज्योति विद्यापीठ प्रवर समिति आज डा० जैन का वनस्पति विज्ञान के क्षेत्र में सारभूत योगदान के लिए सत्कार और अभिनन्दन करती है।

पता : ए–२६, माल एवेन्यू कालोनी, लखनऊ–२२६ ००१

Dr. S. K. Jain

Dr. Jain was born on June 20, 1926 A.D., at Amroha in the Moradabad district. His early education was done in his home town of Seohara in a Muslim school and he did High School from the Digambara Jain High School, Baraut, and Intermediate from the Meerut College, Meerut. He did B.Sc. and, then, M.Sc. in Botany in 1946, securing first position, from the Allahabad University. He was awarded Ph.D. in Botany by the Poona (Pune) University in 1963.

He joined the Botanical Survey of India in 1956 and worked there as Scientist Class One, Scientist Senior Class One, Deputy Director and Joint Director, before he was appointed Director in 1976. On retirement in 1984 he was appointed National Environment Fellow for two years, and is at present Emeritus Scientist of the Council of Scientific and Industrial Research, and is working at the National Botanical Research Instiute, Lucknow, on under-utilized plant resources.

8 scholars have been awarded Ph.D. under his guidance.

Dr. Jain's field of specialization is Plant Science : Natural Plant Wealth, its survey and utilization, as also its conservation. He was awarded Gold Medals for outstanding science publication by the National Academy of Sciences in 1966, and for outstanding scientific work by the Indian Botanical Society in 1982. Since 1982 he is a Fellow of the Indian National Science Academy, and is also Fellow of several Indian and international scientific societies, and Chairman of the International Commission on Ethno-Botany. He has delivered lectures in many reputed institutions, including the Harvard University.

Dr. Jain has discovered more than 25 plants entirely new to science and the known biological wealth of this earth, and some 20 plants have also been named after him, *e. g.*, Jainia, Jainii, Sudhanshui.

He writes in English as well as in Hindi. Over 200 scientific papers have been published by him in different national and international scientific journals. Some 27 books written by himself or in co-authorship have since been published.

Dr. Jain has earned recognition in his field. He is known to have rendered meritorious service to the National Botanical Survey, Indian Botany and the Science in general and is credited to have been responsible for giving the Botanical Survey the serene respectability in the scientific world. Some of his research findings have cleared doubts and misinformations of centuries, and many foreign monographers have just reproduced his conclusions, saying

Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

that nothing can be added to Jain's excellent conclusions and convincing data. He has also sought to enrich the National Language, Hindi, with authentic works on Botany.

Dr. Jain has rendered and still continues to render great service to the science of Botany, and has carved for himself a definite niche in the field of Botany by discovering new plants which are named after him, besides his other voluminous and valuable contribution. This year he has also been elected President of the Indian Botanical Society. The Ananta-Jyoti Vidyapitha Pravara Samiti this day honours and felicitates Dr. Jain, the scholar and intellectual *par excellence*, for his substantial contribution to the science of Botany.

Address : A-26, Mall Avenue Colony, Lucknow-226 001

Works कृतियां

(1) वनस्पति कोश
(2) कुछ परिचित पेड़ (1967)
(3) औषधीय पौधे (1968)
(4) पौधों का नामकरण (Co-author Satya Jain) (1981)
(5) अनावृत बीजी की आंकरीली (Co-author Satya Jain) (1982)
(6) पौधे और पर्यावरण (1983)
(7) भारत की वनस्पति (Compilation) (Co-editor U.N. Mudgal) (1984)
(8) Index to the Flora of Upper Gangetic plains (1952)
(9) Grasses of the Upper Gangetic Plains- Panicoideae- Part-I (1961) (Co-author)
(10) Grasses of the Upper Gangetic Plains- Panicoideae- Part-II (1964) (Co-author)
(11) Flora of Rajasthan (1964) (Co-author)
(12) Medicinal Plants (1968) (IV Edn. 1983)
(13) A Handbook of Field and Herbarium Methods (1976) (Co-author)
(14) Garnotieae Flora of India (1979) (Co-author)
(15) Threatened Plants of India (1980) (Co-author)
(16) Orchidauae-Genus Coelogyne, Flora of India (1980) (Co-author)
(17) Glimpses of Indian Ethno-Botany (1981) (Edited)
(18) Conservation of Tropical Plant Resources (1983) (Co-Editor)
(19) An Assessment of Threatened Plants of India (1983) (Co-editor)
(20) Botany of Some Tiger Habitats in India (1983) (Co-editor)
(21) Material for a Catalogue of Threatened Plants of India (1981) (Co-editor)
(22) An Inventory of Orchidaceae in India (1984) (Co-author)
(23) Bibliography of Ethno-botany (1984) (Co-author)
(24) The Indian Plant Red-Data Book I (1984) (Co-editor)
(25) Beautiful Trees and Shrubs of Calcutta (1984) (Co-author)
(26) Threatened and Ending Orchids of Sikkim and North-Eastern India (1984) (Co-author)
(27) Poaceae- Tribe Isachneae-Flora of India (1984) (Co-author)

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

श्री विश्वम्भर नाथ



श्री विश्वम्भर नाथ का जन्म ४ दिसम्बर, १९२८ ई०, को लखनऊ में हुआ था। उनकी समस्त शिक्षा लखनऊ में ही हुयी। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से इतिहास विषय में एम० ए० की परीक्षा प्रथम श्रेणी में १९४८ में उत्तीर्ण की और १९५० में एल-एल० बी० की परीक्षा भी प्रथम श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुये उत्तीर्ण की। १९५३ में उन्होंने फ्रेन्च भाषा में प्रोफ़िशियेन्सी सर्टीफ़िकेट परीक्षा उत्तीर्ण की।

१९४९-५३ की अवधि में उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय में प्राचीन भारतीय इतिहास के प्राध्यापक के रूप में कार्य किया। आई० ए० एस० परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर १९५३ में उन्होंने भारतीय पुलिस सेवा में सेवायोजन किया। अपनी सेवा के क्षेत्र में उन्होंने महानिदेशक के उच्चतम पद तक प्रोन्नति प्राप्त की और दिसम्बर १९८६ में अधिवर्षता के समय वह महानिदेशक, होमगार्ड्स, उ० प्र०, थे। वह भारतीय पुलिस सेवा के उत्तर प्रदेश संवर्ग के प्रखर अधिकारियों में से रहे हैं, और उनकी दीर्घकालीन तथा सराहनीय सेवाओं के लिये उन्हें पुलिस पदक तथा राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया गया है।

उनका विशेष अभिरुचि का विषय ज्योतिष है।

श्री विश्वम्भर नाथ एक अध्ययनशील विद्यार्थी थे और लखनऊ विश्वविद्यालय में अध्यापन के दौरान उन्होंने अपने कठिन परिश्रम तथा नियमपूर्वक कार्य करने के गुणों से अपने विद्यार्थियों को प्रभावित किया। उनके उदाहरण ने उनके विद्यार्थियों को प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं में बैठने के लिये भी प्रेरित किया। एक अध्यापक के रूप में और पुनः एक पुलिस अधिकारी के रूप में वह एक मौन कार्यकर्ता रहे हैं जो दिखावे से बराबर बचते रहे। उनके मौन कार्य, कर्त्तव्यनिष्ठा और अपने कार्य के प्रति समर्पण ने उन्हें जब वह विश्वविद्यालय में अध्यापन का कार्य करते थे तो अपने विद्यार्थियों का प्रिय-भाजन बनाया और बाद को जब उन्होंने भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी के रूप में कार्य किया, अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं सिपाहियों का भी प्रिय-भाजन बनाया। अनन्त-ज्योति विद्यापीठ प्रवर समिति आज मनीषी श्री विश्वम्भर नाथ का उनके विशिष्ट गुणों के लिए सत्कार और अभिनन्दन करती है।

पता : बी–११६, सेक्टर–सी, महानगर, लखनऊ–२२६ ००६

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

Mr. V. Nath

Mr. Nath was born on Dec. 4, 1928 A.D., at Lucknow. All his education was done at Lucknow. He did M.A. in History from the Lucknow University in 1948 in first division, and LL.B. in 1950 also in first division securing first position. He also took Proficiency Certificate in French in 1953.

During 1949-53 he taught Ancient Indian History as a Lecturer at the Lucknow University. On the results of the I.A.S. etc. examination he joined the Indian Police Service in 1953. During his service career he rose to the highest position of the Director-General and at the time of his superannuation in December 1986 he was Director-General, Home Guards, U. P. He has been one of the brilliant officers of the U. P. cadre of the Indian Police Service, and for his long and admirable services he was awarded the Police Medal and the President's Medal.

His special interest is in astrology.

Mr. Nath was a studious student and during his stay at the Lucknow University he impressed his students by his own quality of hard work and methodicity. His example also inspired them to take the competitive examinations. As a teacher as well as a Police Officer he has been a quiet worker who avoided pretentious appearance. His quiet work, sincerity and devotion to the job endeared him to his students when he taught at the University and later his subordinates and men-in-uniform when he worked as an officer of the prestigious Indian Police Service. The Ananta-Jyoti Vidyapitha Pravara Samiti this day honours and felicitates Mr. Nath, the intellectual *par excellence*, for his adorable qualities.

Address : B-116, Sector-C, Mahanagar, Lucknow-226 006

——

Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

श्री नरेश चन्द्र जैन

श्री जैन का जन्म २६ सितम्बर, १९३२ ई०, को इलाहाबाद में हुआ था। उनकी सभी शिक्षा इलाहाबाद में हुयी। उन्होंने १९५३ में अर्थशास्त्र विषय में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से एम० ए० किया और १९५४ में गवर्नमेन्ट ट्रेनिंग कालेज से एल० टी० किया। बाद में उन्होंने तेलुगु भाषा में डिप्लोमा भी किया।

इलाहाबाद में दो वर्ष अध्यापक के रूप में कार्य करने के उपरान्त उन्होंने १९५६ में लखनऊ में उ० प्र० सचिवालय में सेवायोजन किया। वर्तमान में वह कार्मिक विभाग में अनु सचिव हैं।

अपने विद्यार्थी जीवन से ही श्री जैन सामाजिक कार्य में सक्रिय रूप से भाग लेते रहे हैं। वह लखनऊ के सामाजिक जीवन में बहुत सक्रिय हैं। वह जैन मिलन लखनऊ के मंत्री हैं, भारतीय जैन मिलन के क्षेत्रीय अध्यक्ष हैं, दिगम्बर जैन हायर सेकेन्डरी स्कूल, लखनऊ, के अध्यक्ष हैं, तथा तीर्थंकर महावीर स्मृति केन्द्र समिति, उ० प्र०, के संयुक्त मंत्री हैं।

अनन्त-ज्योति विद्यापीठ के कार्यकलापों से भी श्री जैन सक्रिय रूप से सम्बद्ध रहे हैं और सदा ही उनका उन्मुक्त सहयोग प्राप्त होता रहा है। अनन्त-ज्योति विद्यापीठ प्रवर समिति आज मनीषी श्री जैन का अभिनन्दन करती है और उनके उन्मुक्त सहयोग की अभिशंसा करती है।

पता : ४४३, राजेन्द्र नगर, लखनऊ–२२६ ००४

Mr. Naresh Chandra Jain

Mr. Jain was born on Sept. 26, 1932 A.D., at Allahabad. All his education was done at Allahabad. He did M. A. in Economics from the Allahabad University in 1953 and L.T. from the Government Training College, Allahabad, in 1954. He also later took Diploma in Telegu.

Having worked as a teacher at Allahabad for 2 years he joined the U. P. Secretariat at Lucknow in 1956. He is presently Under Secretary to Government in the Karmik Department.

From his student days Mr. Jain has been taking active interest in social work. He is very active in the social life of Lucknow. He is Secretary of the Jain Milan, Lucknow, Zonal President of the Bhartiya Jain Milan, President of the Digamber Jain Higher Secondary School, Lucknow, and Joint Secretary of the Tirthankara Mahavira Smriti Kendra Samiti, U. P.

Mr. Jain has also been actively associated with the activities of the Ananta-Jyoti Vidyapitha, and his co-operation has always been spontaneous. The Ananta-Jyoti Vidyapitha Pravara Samiti this day takes the opportunity to felicitate Mr. Jain, the intellectual *par excellence*, and put on record its deep appreciation for the co-operation extended by him.

Address : 443, Rajendra Nagar, Lucknow–226 004

Mahakosha Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

श्री काशीनाथ गोपाल गोरे

श्री गोरे का जन्म वाराणसी में ३ जून, १९३६ ई०, को हुआ था। उनकी शिक्षा वाराणसी और लखनऊ में हुयी। १९५४ में उन्होंने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से बी० ए० की परीक्षा उत्तीर्ण की। १९५२ में हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग की साहित्य रत्न परीक्षा भी उत्तीर्ण की। १९६४ में उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से एल्-एल० बी० की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की और स्वर्ण पदक प्राप्त किया। १९६६ में उन्होंने भातखंडे संगीत महाविद्यालय, लखनऊ, से संगीत विशारद किया और १९७१ में दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा की तेलगु कोविद परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की।

वह लखनऊ १९५५ में आये और ७ मई, १९५५, को उन्होंने उ० प्र० सचिवालय में सेवायोजन किया। वर्तमान में वह सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उप निर्वाचन निदेशक एवं अनु सचिव के पद पर कार्यरत हैं।

अध्ययन के प्रति अपनी अभिरुचि उन्होंने बनाये रखी और उसी के फलस्वरूप सेवारत रहते हुये उन्होंने एल-एल० बी०, तेलगु कोविद तथा संगीत विशारद की परीक्षायें उत्तीर्ण की। वह संस्कृत भाषा में निष्णात हैं और संस्कृत में कविता भी करते हैं तथा ज्योतिष में भी उनकी रुचि है। उनकी अभिनय में भी रुचि है और उन्होंने मराठी के कई नाटकों में अभिनय किया है तथा उनका निर्देशन किया है।

सामाजिक दृष्टि से भी वह काफी सक्रिय हैं। सचिवालय में सचिवालय हिन्दी परिषद के संस्थापक सदस्यों में से वह थे और उसके उपाध्यक्ष भी थे। लखनऊ महाराष्ट्र समाज के वह एक सक्रिय सदस्य हैं और उसके अध्यक्ष रह चुके है।

श्री गोरे अनन्त-ज्योति विद्यापीठ के कार्यकलापों से भी सक्रिय रूप से सम्बद्ध रहे हैं और उसके सम्परीक्षक हैं। अनन्त-ज्योति विद्यापीठ प्रवर समिति आज मनीषी श्री गोरे का अभिनन्दन करती हैं और उनके उन्मुक्त सहयोग के लिए उनकी अभिशंसा करती है।

पता : ई–५१, महानगर विस्तार, लखनऊ–२२६ ००६

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

Mr. K. G. Gore

Mr. Gore was born on June 3, 1936 A.D., at Varanasi. He had his education at Varanasi and Lucknow. He did B.A. in 1954 from the Banaras Hindu University. He also did Sahitya Ratna in 1952 from the Hindi Sahitya Sammelan, Prayag. In 1964 he took LL.B. from the Lucknow University in first division, winning a Gold Modal. He did Sangit Visharad in 1966 from the Bhatkhande College of Hindustani Music, Lucknow, and Telegu Kovid in first division from the Dakshin Bharat Hindi Prachar Sabha in 1971.

He came to Lucknow in 1955 and joined the U.P. Secretariat on May 7, 1955. He is presently Assistant Chief Electroral Officer-cum-Deputy Director of Elections-cum-Under Secretary to Government.

He kept up his passion for studies, so much so that he did LL.B., Telegu Kovid and Sangit Visharad while in service. He is a master of Sanskrit and sometimes composes in Sanskrit, and has interest in astrology. He is also interested in histrionics and has acted in, and directed, plays in Marathi.

He is also socially quite active. In the Secretariat he was one of the founding members and Vice-President of the Sachivalaya Hindi Parishad. He is also an active member of the Lucknow Maharashtra Samaj and has been its President.

Mr. Gore is also actively associated with the activities of the Ananta-Jyoti Vidyapitha, and is its Auditor. The Ananta-Jyoti Vidyapitha Pravara Samiti this day takes the opportunity to felicitate Mr. Gore, the intellectual *par excellence*, and put on record its deep appreciation for the co-operation extended by him.

Address : E-51, Mahanagar Extension, Lucknow–226 006

——

Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

डा० रमेश चन्द्र शर्मा

डा० शर्मा का जन्म २९ जुलाई, १९३६ ई०, को हुआ था। उन्होंने काशी हिन्दु विश्वविद्यालय से १९५७ में प्राचीन भारतीय इतिहास एवं संस्कृति विषय में एम० ए० की परीक्षा उत्तीर्ण की और उन्हें १९८३ में कलकत्ता विश्वविद्यालय द्वारा पी-एच०डी० की उपाधि प्रदान की गयी। उन्होंने पुरातत्त्व में प्रशिक्षण प्राप्त किया, संग्रहालय विज्ञान में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया, और संग्रहालय की वस्तुओं के संरक्षण के विषय में विशेष दिशा-ज्ञान प्राप्त किया।

नवम्बर १९५७ में वह भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण में एक्सप्लोरेशन असिस्टेन्ट के पद पर नियुक्त हुए और उन्होंने बुलन्दशहर जिले में गांव-गांव घूमकर पुरातत्त्व-अवशेषों का सर्वेक्षण किया और कुछ महत्त्वपूर्ण प्राचीन स्थलों की खोज की, और उज्जैन तथा आलमगीरपुर में पुरातात्त्विक उत्खनन में भी भाग लिया।

जून १९६० में उनकी नियुक्ति राज्य संग्रहालय लखनऊ में सहायक संग्रहालय-अध्यक्ष के पद पर हुयी। जनवरी १९६९ में मथुरा के पुरातात्त्विक संग्रहालय में संग्रहालय-अध्यक्ष/निदेशक के पद पर उनकी पदोन्नति हुई और मई १९८० में वह राज्य संग्रहालय, लखनऊ, में निदेशक के पद पर प्रोन्नत हुये। जनवरी १९८६ में उनका चयन भारतीय संग्रहालय, कलकत्ता, के निदेशक के प्रतिष्ठित पद पर हुआ और वर्तमान में वह उसी पद पर कार्यरत हैं।

मथुरा में सेवा-अवधि के दौरान सौंख में पुरातात्त्विक उत्खनन (१९६९-७४) और मथुरा संग्रहालय का शताब्दी समारोह (जनवरी १९७४) उनकी प्रमुख उपलब्धियां थीं। १९७५-८० की अवधि में उन्होंने पश्चिमी क्षेत्र, उ० प्र०, के लिये पुरावशेषों एवं कला सम्पदा के क्षेत्रीय अधिकारी के रूप में भी कार्य किया। राज्य संग्रहालय में निदेशक के पद पर रहते हुये उन्होंने पुरातत्त्व दीर्घाओं को पुनः व्यवस्थित किया, प्रो० वासुदेव शरण अग्रवाल स्मारक व्याख्यान माला प्रारम्भ की, बुलेटिन ऑफ़ म्यूज़ियम्स एण्ड आर्किलॉजी का सम्पादन किया, पुरावशेषों की कई प्रदर्शनियाँ की और कुषाण काल की कला पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का संयोजन किया। भारतीय संग्रहालय में अपने वर्तमान पद पर वह संग्रहालय की उन्नति एवं विकास के लिये कार्यकारी योजना बना रहे हैं।

वह इंगलैन्ड, फ्रांस, जर्मनी, बेल्जियम, इटली, हालैन्ड, स्विट्जरलैन्ड और जापान का भ्रमण कर आये हैं। विभिन्न संस्थाओं में तथा आकाशवाणी और दूरदर्शन पर भारतीय कला एवं संस्कृति के विभिन्न पक्षों पर उनके व्याख्यान/वार्तायें होती रही है। हिन्दी और अंग्रेजी में उनके ६० शोध-पत्र तथा ७५ स्फुट लेख विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में समय-समय पर प्रकाशित होते रहे हैं। वह वृन्दावन रिसर्च इन्स्टीट्यूट के जर्नल, इन्डियन म्यूज़ियम बुलेटिन और मानस-वार्ता-माला से सम्पादक के रूप में भी सम्बद्ध रहे हैं।

कला, स्थापत्य, पुरातत्त्व, संस्कृति, ललितकला, प्रतिमाविज्ञान, संग्रहालय-विद्या, पुरालेख और संस्कृत, विषयों में वह विभिन्न विश्वविद्यालयों के परीक्षक रहे हैं, तथा बोर्ड ऑफ़ स्टडीज़ के सदस्य और विश्वविद्यालय एवं लोक सेवा आयोग में अध्यापकों तथा संग्रहालयाध्यक्षों के चयन के लिये विशेषज्ञ नियुक्त किये जाते रहे हैं। कानपुर विश्वविद्यालय के वह अनुमोदित शोध मार्गदर्शक हैं और विभिन्न विश्वविद्यालयों के डाक्ट्रेट के लिये शोध-प्रबन्ध के परीक्षक रहे हैं। डा० शर्मा का शोध-प्रबन्ध, बुद्धिस्ट आर्ट ऑफ़ मथुरा, प्रारम्भिक बौद्ध कला एवं

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रतिमा विज्ञान पर एक प्रामाणिक ग्रन्थ है। उन्होंने मथुरा के प्राचीन स्थलों की सूची भी बनाई है जिसमें पुरावशेषों के आधार पर स्थानों का महत्त्व स्पष्ट किया है।

अपने लखनऊ आवास की अवधि में वह अनन्त-ज्योति विद्यापीठ के कार्य-कलापों से सम्बद्ध रहे थे, और अन्यथा भी वह लखनऊ की सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय रहे थे।

संग्रहालय विद्या के क्षेत्र में डा० शर्मा ने अपना विशिष्ट स्थान बना लिया है। उनमें अपेक्षित दूरदृष्टि, सूत्रपात्र-क्षमता और कार्य-कुशलता है और निश्चय ही उनके निर्देशन में भारतीय संग्रहालय की गणना विश्व के सर्वश्रेष्ठ संग्रहालयों में की जा सकेगी। अनन्त-ज्योति विद्यापीठ प्रवर समिति आज विद्वान-मनीषी डा० शर्मा का विद्वत्ता के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए सत्कार और अभिनन्दन करती है।

पता : भारतीय संग्रहालय, २७, जवाहरलाल नेहरू रोड, कलकत्ता–७०००१६

Dr. R. C. Sharma

Dr. Sharma was bron on July 29, 1936 A.D. He did M.A. in Ancient Indian History and Culture from the Banaras Hindu University in 1957, and was awarded the degree of Ph.D. by the University of Calcutta in 1983. He has had training in field archaeology, specialised training in museology, and orientation course in preservation of museum objects.

He joined the Archaeological Survey of India as Exploration Assistant in November 1957, and made a village-to-village survey of antiquarian remains in the Bulandshahr district and discovered several important early sites, and also participated in excavations at Ujjain and Alamgirpur.

In June 1960 he joined the State Museum, Lucknow, as Assistant Curator. In January 1969 he was promoted as Curator/Director, Archaeological Museum at Mathura, and in May 1980 he was promoted as Director of the State Museum, Lucknow. In January 1986 he was selected for the prestigious post of the Director of Indian Museum, Calcutta, which assignment he holds at present.

The excavations at Sonkh (1969-74) and the Centenary celebration of the Museum in January 1974 were his major achievements during his stay at Mathura. He also worked as Zonal Officer of Antiquities and Art Treasures Scheme (Western Zone, U.P.) during 1975-80. During his Directorship at the State Museum he reorganized the archaeological galleries, instituted Prof. V.S. Agrawala Memorial Lectures, edited Bulletin of Museums and Archaeology, organised several exhibitions of antiquities, and convened the International Seminar on the Art of the Kushana Age. In his present assignment at the Indian Museum he is busy with a work plan for improvement.

He has visited England, France, Germany, Belgium, Italy, Holland, Switzerland and Japan. He has delivered lectures in different institutions, and has been on the Radio and T.V. speaking on different aspects of Indian art and culture. 60 research papers and 75 articles, in Hindi and English, have been published in journals and periodicals from time to time. He has also been associated with the Journal of the Vrindavan Research Institute, Indian Museums Bulletin and Manasa-Varta-Mala, as editor.

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

He has been an examiner of several Universities in art, architecture, archaeology, culture, fine arts, iconography, museology, epigraphy, and Sanskrit, and also a member of the Board of Studies and an Expert Member for selection of teaching staff and curatorial staff of Universities and Public Service Commissions. He is also an approved research guide of the Kanpur University, and has been an examiner of doctoral theses of several Universities.

The *magnum opus* of Dr. Sharma, Buddhist Art of Mathura, published in 1984, is his doctoral thesis and is a widely acknowledged work on the early Buddhist art and iconography. He has also prepared the Site List of Mathura, explaining the nature of sites on the basis of finds.

During his stay at Lucknow, he was associated with the activities of the Ananta-Jyoti Vidyapitha, and was also otherwise active in the cultural life of Lucknow.

Dr. Sharma has already made a place for himself in the field of Museology. He has imagination, initiative and competence, and under his directorship the Indian Museum is sure to count among the world's best museums. The Ananta-Jyoti Vidyapith Pravara Samiti this day honours and felicitates Dr. Sharma, the scholar and intellectual *par excellence*, for his distinguished contribution to scholarship.

Address : Indian Museum, 27, Jawahar Lal Nehru Road, Calcutta–700 016

Works कृतियाँ

(1) Catalogue of the Gandhara Sculptures in the State Museum Lucknow (Co-author) (1969)
(2) जैन तीर्थ कंकाली (1971)
(3) Mathura Museum Introduction (1971)
(4) मथुरा संग्रहालय परिचय (1971)
(5) Mathura Museum and Art (1976)
(6) Buddhist Art of Mathura (1984)

—

...ge and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

डा० (श्रीमती) प्रभा गुप्ता

डा० प्रभा गुप्ता का जन्म ५ दिसम्बर, १९३६ ई०, को बिहार प्रदेश के जमालपुर कस्बे में हुआ था। उनकी शिक्षा कलकत्ता, वाराणसी और लखनऊ मे हुयी। उन्होंने १९५७ में लखनऊ विश्वविद्यालय से मनोविज्ञान विषय में एम० ए० की परीक्षा प्रथम श्रेणी में और प्रथम स्थान पर उत्तीर्ण की। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के रिसर्च फैलो के रूप में उन्होंने व्यवसायी तथा अव्यवसायी महिलाओं में चिन्ता एवं सुरक्षा विषय पर शोध कार्य किया और १९६४ में लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा उन्हें पी-एच० डी० की उपाधि प्रदान की गयी।

जून १९८५ में लखनऊ विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान विभाग के प्रोफ़ेसर और अध्यक्ष पद पर नियुक्त होने के पूर्व वह पिछले २० वर्षों से लेक्चरर और रीडर के रूप में कार्य कर चुकी थीं। उनके पर्यवेक्षण में पाँच शोध-छात्रों ने पी-एच० डी० की उपाधि अर्जित की। शिक्षण कार्य हेतु वह जापान, केनाडा और घाना भी हो आई हैं। व्यक्तित्व मनोविज्ञान की वह विशेषज्ञ हैं। उनके ५० से भी ऊपर शोध-पत्र भारतीय एवं विदेशी पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुये हैं।

उनकी दो पुस्तकें हिन्दी में प्रकाशित हुयी है—

१—अधिगम मनोविज्ञान (१९७४)

२—शब्दावली विभेदक के उपयोग (१९७८)

इस समय वह युवकों के सांस्कृतिक मूल्यों, महिला मनोवैज्ञानिकों के योगदान, और विदेशों में डेपुटेशन के दौरान सामंजस की समस्याओं पर तीन पुस्तकों का प्रणयन कर रही हैं।

१९८६ के प्रारम्भ में हुये इन्डियन साइन्स कांग्रेस के अधिवेशन में डा० प्रभा गुप्ता को मनोविज्ञान प्रभाग का रिकार्डर १९८७-८९ की अवधि के लिये चयनित किया गया। इस पद पर चयनित होने वाली वह प्रथम महिला मनोवैज्ञानिक हैं। अनन्त-ज्योति विद्यापीठ प्रवर समिति आज विद्वान-मनीषी डा० (श्रीमती) प्रभा गुप्ता का अभिनन्दन करती है और एक महिला मनोवैज्ञानिक के रूप में अग्रणी होने के लिए उनकी अभिशंसा करती है।

पता : बी—३४, सेक्टर बी, अलीगंज हाउसिंग कालोनी, लखनऊ–२२६ ०२०

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. ...Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

Dr. (Mrs.) Prabha Gupta

Dr. Prabha Gupta was born on December 5, 1936 A.D., at Jamalpur in Bihar. She received her education at Calcutta, Varanasi and Lucknow. She did M.A. in Psychology in 1957, obtaining first division with first position, from the Lucknow University. As a Research Fellow of the University Grants Commission she worked on "Anxiety and security in professinal and non-professional women" and was awarded Ph. D. by the Lucknow University in 1964.

She worked as Lecturer and Reader for 20 years before she was appointed Professor and Head of the Department of Psychology in Lucknow University in June 1985. Five scholars have obtained Ph. D. under her guidance. She has been to Japan, Canada and Ghana on educational assignments. Her field of specialisation is Psychology of Personality. She has contributed over 50 research papers in Indian and foreign journals.

Two of her books in Hindi have been published :

(1) अधिगम मनोविज्ञान (1974)

(2) शब्दार्थ विभेदक के उपयोग (1978).

Currently she is working on :

(1) Cross-Cultural Youth Values

(2) Contribution of Women Psychologists

(3) Adjustment Problems during Foregin Deputations.

At the Indian Science Congress held early in 1986 she was elected Recorder, Psychology Section, for 1987-89. She is the first woman psychologist to be elected to this post. The Ananta-Jyoti Vidyapitha Pravara Samiti this day felicitates Dr. (Mrs.) Prabha Gupta, the scholar and intellectual *par excellence*, and places on record its appreciation for her being the leading lady psychologist.

Address : B-34, Sector B, Aliganj Housing Colony, Lucknow-226 020

Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

डा० (कु०) उषा माथुर

डा० उषा माथुर का जन्म १ नवम्बर, १९३८ ई०, को लखनऊ में हुआ था और उनकी समस्त शिक्षा भी इसी नगर में हुयी। उन्होंने हिन्दी साहित्य में, तथा पुनः, भाषा विज्ञान में एम० ए० की परीक्षा उत्तीर्ण की, और १९६८ में "भारतेन्दु की खड़ी बोली का भाषा विश्लेषण" शोध-प्रबन्ध पर पी-एच० डी० की उपाधि तथा १९७८ में "भारतेन्दु-पूर्व खड़ी बोली का भाषा विश्लेषण" पर डी० लिट्० की उपाधि लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा उन्हें प्रदान की गयी।

पी-एच० डी० के लिये रिसर्च फ़ैलो-शिप उन्हें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रदान की गयी थी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के रिसर्च एसोशियेट के रूप में १९८१-८४ की अवधि में उन्होंने क्राइस्ट चर्च कालेज, कानपुर, में अध्यापन कार्य किया, और १९८५ से रिसर्च साइन्टिस्ट "ए" के रूप में लखनऊ विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग में कार्यरत हैं।

खड़ी बोली का भाषा-वैज्ञानिक अध्ययन उनके अनुसंधान का विशिष्ट विषय है। इसके अतिरिक्त संगीत में उनकी अभिरुचि है और सितार वादन में निपुण हैं। मॉरिशस और नयी दिल्ली में हुये विश्व हिन्दी सम्मेलनों में भी वह सम्मिलित हुई थीं, और लिन्ग्विस्टिक सोसाइटी ऑफ़ इन्डिया, नागरी प्रचारिणी सभा तथा भारतीय हिन्दी परिषद की आजीवन सदस्य हैं। भारतीय समाज विज्ञान अनुसंधान परिषद की ओर से उन्होंने "नीलामी बोली-एक सामाजिक एवं भाषा विश्लेषणात्मक अध्ययन" प्रायोजना पर कार्य किया है और भारतीय साक्षरता परिषद की ओर से "प्रौढ़ों का शब्द संसार" नामक प्रायोजना पर कार्य किया है।

नवम्बर १९८५ में केन्द्रीय हिन्दी संस्थान द्वारा उन्हें भारतेन्दु के गद्य पर विशेष व्याख्यान देने के लिये आमंत्रित किया गया था। "खड़ी बोली के शब्द कोए का सामाजिक एवं भाषा-वैज्ञानिक अध्ययन" नामक प्रायोजना पर वह रिसर्च साइन्टिस्ट "ए" के रूप में कार्य कर रही हैं।

वह समय-समय पर भाषा विज्ञान, सामाजिक समस्याओं और हिन्दी साहित्य पर लेख विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं तथा समाचार-पत्रों में लिखती रही हैं और लघु कथायें भी लिखती रही हैं, तथा आकाश-वाणी द्वारा वार्ता देने के लिये भी उन्हें आमंत्रित किया जाता रहा है।

डा० उषा माथुर एक सक्षम शोधार्थी हैं। उन्होंने अपने विषय का अध्ययन पर्याप्त श्रम एवं सूझ-बूझ के साथ किया है। उनके डी० लिट्० के शोध-प्रबन्ध पर पटना विश्वविद्यालय के प्रोफ़ेसर देवेन्द्रनाथ शर्मा ने यह अभिमत दिया था कि वह शोध-प्रबंध अपवादों के अंतर्गत स्थान पाने का अधिकारी है; शोध की तात्विक पद्धति का प्रयोग करते हुये प्रबन्ध में जो कुछ प्रतिपादित किया गया है वह तर्क और प्रमाण से पुष्ट है।

उनकी "प्राचीन कथायें : नई प्रेरणायें" डा० शशि कान्त के अभिमत में लोक साहित्य के क्षेत्र में एक बहुत ही उपयोगी योगदान है, इसके अतिरिक्त कि वह भाषा-वैज्ञानिक अध्ययन के लिये उपयोगी है।

अनन्त-ज्योति विद्यापीठ प्रवर समिति आज विद्वान-मनीषी डा० (कु०) उषा माथुर का अभिनन्दन करती हैं और भाषा-विज्ञान एवं हिन्दी साहित्य के क्षेत्र में उनके कर्मठ योगदान की अभिशंसा करती है।

पता : हर निवास, ४७, कानपुर रोड, लखनऊ-२२६०१९

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

Dr. (Miss) Usha Mathur

Dr. Usha Mathur was born on Nov. 1, 1938 A. D., at Lucknow and had all her education in the city of her birth. She did M. A. in Hindi Literature and also in Linguistics, and was awarded Ph. D., in 1968, on the linguistic study of the Khari Boli of Bharatendu, and D. Litt., in 1978, on the linguistic study of Khari Boli prior to Bharatendu, by the Lucknow University.

She was granted Research Fellowship for doing Ph.D. and Senior Research Fellowship for doing D. Litt. by the University Grants Commission. As a Research Associate of the University Grants Commission she worked at the Christ Church College, Kanpur, during 1981-84, and since 1985 she is working as Research Scientist 'A' in the Department of Hindi at the Lucknow University.

Besides her field of specialisation in the linguistics relating to the Khari Boli, she has a taste for music and is proficient in Sitar. She has attended the World Hindi Conventions held in Mauritius and at New Delhi and is a Life Member of the Linguistic Society of India, Nagari Pracharini Sabha and Bharatiya Hindi Parishad. She was also entrusted with the project on 'Neelami Boli - a socio-linguistic study' by the Indian Council of Social Science Research, and the project on the 'Vocabulary of the Adults' by the India Literacy Board, and was also invited to deliver special lecture on the prose of Bharatendu by the Central Hindi Institute in November 1985.

The project allotted to her as Research Scientist 'A' is 'the Socio-linguistic study of the Vocabulary of Khari Boli'.

She has occasionaly contributed papers/articles on linguistics, social problems, and Hindi literature, and also short stories, to various periodicals and newspapers, and has been invited by the All India Radio to deliver talks.

Dr. Usha Mathur is a promising scholar who has pursued her subject with industry and intelligence. Prof. Devendra Nath Sharma of the Patna University has observed in his evaluation of her D. Litt. thesis that it deserves to be placed among exceptions; the thesis is supported with reason and evidence.

As regards her प्राचीन कथायें : नई प्रेरणायें, Dr. Shashi Kant has found it to be a very useful addition to the folk literature besides being valuable as a linguistic study.

The Ananta-Jyoti Vidyapitha Pravara Samiti this day felicitates Dr. (Miss) Usha Mathur, the scholar and intellectual *par excellence*, and places on record its appreciation for her dexterous contribution to linguistics and Hindi literature.

Address : Har Nivas, 47, Kanpur Road Lucknow-226019

Works कृतियां

१-भारतेन्दु की खड़ी बोली का भाषा विश्लेषण (१९७१)
२-प्राचीन कथायें; नई प्रेरणायें (१९८३)
३-खड़ी बोली - विकास के आरम्भिक चरण
४-खड़ी बोली और भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
५-नीलामी बोली
६-प्रौढ़ों का शब्द संसार

Digitized by IKS MoE. Digitization: eGangotri

डा० विनय कुमार जैन

डा० जैन का जन्म २० अगस्त, १९४५ ई०, को आगरा में हुआ था। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा अगरा में हुयी, परन्तु माध्यमिक स्तर से आगे समस्त शिक्षा लखनऊ में हुयी। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से १९६६ में प्राणि-शास्त्र विषय में एम०एस-सी० किया और १९६८ में रूसी भाषा में डिप्लोमा प्राप्त किया। १९८४ में उन्हें लखनऊ विश्व-विद्यालय द्वारा पी-एच०डी० की उपाधि प्रदान की गयी। उनका शोध विषय लखनऊ जिले में १९८०-८२ के बीच किये गये फाइटो-नेमाटोड्स (पौधों के लिये हानिकर कीट) के सर्वेक्षण पर आधारित है।

एक वर्ष उन्होंने शिया डिग्री कालेज में अध्यापन कार्य किया और उसके बाद १९७० से वह श्री जय नरायन डिग्री कालेज, लखनऊ, में प्राणि-शास्त्र के लेक्चरर के रूप में कार्यरत हैं।

वह नेमाटोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ़ इन्डिया के सदस्य हैं, विश्व विद्यालय अनुदान आयोग की लघु प्रायोजना जो लखनऊ जिले के फाइटो-नेमाटोड्स के पर्यावरणीय अध्ययन से संबंधित है, के प्रभारी हैं और 'हिन्दी व्याख्यान माला' से सम्बद्ध हैं। 'हिन्दी व्याख्यान माला' द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तरों के लिये हिन्दी में प्राणि-शास्त्र की वैज्ञानिक शब्दावली तैयार की जा रही है। डा० जैन कीट-विज्ञान विशेषज्ञ हैं और इनका विशिष्ट विषय उन कीटों के अध्ययन से संबंधित हैं जो पौधों पर पराजीवी हैं और कृषि को हानि पहुँचाते हैं।

उनके प्राय: एक दर्जन शोध-पत्र विभिन्न वैज्ञानिक पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुये हैं। उनकी दो पुस्तकें भी प्रकाशित हैं। 'प्राणि-शास्त्र' पर उनकी पुस्तक प्रकाशनाधीन है और इस समय वह 'पशु शरीर-क्रिया के सिद्धान्त' पर एक पुस्तक का प्रणयन कर रहे हैं।

डा० जैन ने अपने शोध कार्य के लिये कीट-विज्ञान के प्राय: उपेक्षित विषय को चुना है। यह विषय कृषि के दृष्टिकोण से प्रभूत महत्त्व का है। उनकी आकांक्षा है कि वह प्राणि-शास्त्र पर प्रामाणिक वैज्ञानिक पुस्तकों का प्रणयन हिन्दी भाषा में करें। वह एक उदीयमान युवा वैज्ञानिक हैं जिनमें अपने कार्य के लिये प्रभूत क्षमता है, और वह अपने कार्य तथा अपने विद्यार्थियों के प्रति निष्ठावान हैं। अनन्त-ज्योति विद्यापीठ प्रवर समिति आज उदीयमान विद्वान-मनीषी डा० जैन का अभिनन्दन करती है और प्राणि विज्ञान में सारभूत योगदान हेतु कृत-संकल्पता के लिए उनकी अभिशंसा करती है।

पता : ३९, पटेलनगर, लखनऊ–२२६००५

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

Dr. V. K Jain

Dr. Jain was born on August 20, 1945 A. D., at Agra. He had his early schooling at Agra but all his education from the secondary stage onwards was done at Lucknow. He did M. Sc. in Zoology in 1966 and Diploma in Russian in 1968 from the Lucknow University. He was awarded Ph. D. by the Lucknow University in 1984 on his Thesis "Morphological Studies of Some Plant Parasitic Nematodes of Lucknow". It embodies the results of the survey of Lucknow district for phytonematodes during 1980-82.

For a year he taught at the Shia Degree College and since 1970 he is working as Lecturer in Zoology at Sri Jai Narain Degree College, Lucknow.

He is a member of the Nematological Society of India, is In-charge of the minor U. G. C. Project on Taxonomic and Ecological Studies of Phytonematodes of Lucknow district, and is associated with 'Hindi Vyakhyan Mala', an organization engaged in preparing scientific terminology of Zoology in Hindi for degree and post-graduate standards. His field of specialization is Nematology which deals with the study of plant parasitic nematodes (round worms).

He has published a dozen papers in different scientific journals. Two of his published books are :

(1) Studies in Invertebrate Zoology (1968)

(2) Animal Physiology and related Bio-Chemistry (1972).

His book on "Zoology" is under publication, and he is currently working on 'Principles of Animal Physiology'.

Dr. Jain has taken up the rather neglected field of Nematology which is of immense use from the agricultural point of view. He has a desire to enrich the Hindi language with authentic scientific works on Zoology. He is a young scientist of great promise, sincerely devoted to his work and his students. The Ananta-Jyoti Vidyapitha Pravara Samiti this day felicitates Dr. Jain, the promising scholar and intellectual *par excellence*, and places on record its appreciation for his determination to make substantial contribution to the science of Zoology

Address : 39, Patel Nagar, Lucknow-226005.

——

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

डा० (कु०) इन्दु राय

डा० इन्दु राय का जन्म ८ सितम्बर, १९५२ ई०, को लखनऊ में हुआ था। उनकी समस्त शिक्षा लखनऊ में हुई। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से १९७३ में हिन्दी विषय में एम० ए० की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की और स्वर्ण-पदक प्राप्त किया, १९७५ में रूसी भाषा में डिप्लोमा परीक्षा प्रथम श्रेणी में प्रथम स्थान के साथ उत्तीर्ण की, और १९८१ में पी-एच० डी० की उपाधि प्राप्त की। पी-एच० डी० के लिये उनकी शोध का विषय "२०वीं शताब्दी के हिन्दी जैन महाकाव्य" था। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के रिसर्च एसोशियेट के रूप में वह लखनऊ विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग से सम्बद्ध हैं और इस समय डी०लिट्० के लिए "जैन साहित्य में कृष्ण कथा" पर कार्य कर रही हैं।

वह हिन्दी में जैन साहित्य पर विशेष रूप से अध्ययन कर रही हैं, और विभिन्न शोध-पत्रिकाओं में उनके प्राय: एक दर्जन लेख प्रकाशित हो चुके हैं।

विश्व-भारती विश्वविद्यालय के डा० राम सिंह तोमर ने उनके द्वारा शोध-प्रबन्ध में प्राप्त निष्कर्षों को सुदृढ़ अध्ययन पर आधारित माना है तथा भाषा और शैली का स्तर ऊँचा बताया है। काश्मीर विश्वविद्यालय के डा० रमेश कुमार शर्मा का भी यह मत है कि दिये हुये विषय पर जो शोध कार्य किया गया है उसमें उनकी साहित्यिक अभिरुचि तथा अंतर्दृष्टि का आभास मिलता है। शोध-प्रबन्ध में इस शताब्दी में हिन्दी में लिखे गये ९ महाकाव्यों का अध्ययन किया गया है। इन महाकाव्यों के लेखक मोतीलाल मार्तन्ड, वीरेन्द्र प्रसाद जैन, धन्य कुमार जैन, अनूप शर्मा, रघुवीर शरण मित्रा, साध्वी मंजुला और अभय कुमार जैन हैं। इनमें से एक काव्य प्रथम तीर्थंकर ऋषभ के संबंध में है, एक काव्य २३वें तीर्थंकर पार्श्व के संबंध में है, और शेष अंतिम तीर्थंकर महावीर के संबंध में हैं।

युवा लेखिका ने शोध कार्य के लिये विशिष्ट क्षमता प्रदर्शित की है। वह अपने कार्य के प्रति निष्ठावान हैं, और सामग्री जुटाने में तथा विषय के विद्वानों से परामर्श प्राप्त करने में पूर्ण श्रम करती हैं। जिस प्रायोजना पर वह इस समय कार्य कर रही हैं उससे कृष्ण कथा के संबंध में अवश्य ही महत्त्वपूर्ण सामग्री प्रकाश में आयेगी। अनन्त-ज्योति विद्यापीठ प्रवर समिति आज उदीयमान विद्वान-मनीषी डा० (कु०) इन्दु राय का अभिनन्दन करती है और उनकी शोध कार्य के प्रति लगन के लिए अभिशंसा करती है।

पता : जैन कुटीर, ३, सदर बाजार, लखनऊ-२२६ ००२

...ch Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

Dr. (Miss) Indu Rai

Dr. Indu Rai was born on September 8, 1952 A. D., at Lucknow. All her education was also done at Lucknow. She did M. A. in Hindi in 1973 in first division winning a Gold Medal, Diploma in Russian in 1975 in first division obtaining first position, and Ph. D. in 1981 on the Hindi Jain Epics of the 20th Century, from the Lucknow University. As a Research Associate of the University Grants Commission she is attached to the Hindi Department of the Lucknow University, and she is working on the 'Krishna Lore in Jain Literature' for D. Litt.

She is devoting herself to the study of Jain literature in Hindi and has contributed about a dozen papers to different research journals.

Dr. Ram Singh Tomar of the Vishva-Bharati University, found the conclusions drawn by her as based on deep study, and the standard of diction and style to be high. Dr. Ramesh Kumar Sharma of the Kashmir University was also impressed by her literary taste and insight into the subject of her research. The work is a study of nine poetic works of this century, written in Hindi, by Motilal Martand, Virendra Prasad Jain, Dhanya Kumar Jain, Anoop Sharma, Raghuveer Sharan Mitra, Sadhvi Manjula and Abhay Kumar Jain. Of them, one is about Rishabha the first Tirthankara, one is about Parshva the 23rd Tirthankara, and the remaining ones are about Mahavira the last Tirthankara.

The young scholar is showing promise. She is sincere and devoted to her work and takes all pains to get material as well as scholarly advice. Her current project should surely throw valuable light on the Krishn lore. Ananta-Jyoti Vidyapitha Pravara Samiti this day felicitates Dr. (Miss) Indu Rai, the promising scholar and intellectual *par excellence*, and places on record its appreciation for her devotion to research work.

Address : Jain Kutir, 3, Sadar Bazar, Lucknow-226 002

——

...ritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

श्रीमती सुधा जिन्दल

श्रीमती सुधा जिन्दल का जन्म १८ दिसम्बर, १९५२ ई०, को मुरादाबाद जिले के अमरोहा नगर में हुआ था। स्नातकोत्तर स्तर तक उनकी शिक्षा अमरोहा में ही हुयी। उन्होंने १९७२ में आगरा विश्वविद्यालय के अंतर्गत जगदीश सरन हिन्दु डिग्री कालेज, अमरोहा, से राजनीति-शास्त्र में एम० ए० की परीक्षा प्रथम श्रेणी में द्वितीय स्थान पर उत्तीर्ण की थी। १९७३ में श्री आलोक जिन्दल के साथ विवाह के पश्चात वह गृहिणी बन गयीं, तथापि उन्होंने अपना अध्ययन जारी रखा और १९७६ में आगरा विश्वविद्यालय के अंतर्गत के० जी० के० कालेज, मुरादाबाद, से एल-एल० बी० की परीक्षा उत्तीर्ण की। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय में राजनीति-शास्त्र विभाग में पी-एच० डी० के लिये छठी संसद के क्रियाकलापों पर शोध प्रायोजना पर भी कार्य प्रारम्भ किया।

वह संगीत में निपुण हैं और नाटक में उनकी विशेष अभिरुचि है। निम्नलिखित नाटकों की पटकथा उन्होंने स्वयं लिखी, उनमें स्वर दिया और उनका निर्देशन किया :

१–पथ भूले पथिक (दहेज की सामाजिक कुप्रथा पर)
२–मुक्ति-पथ के पथिक (बाहुबलि की जीवनी पर आधारित)
३–भगवान महावीर का धर्म-चक्र-प्रवर्तन।

ये सभी नाटक रवीन्द्रालय में मंचित किये गये थे। उन्होंने मैथिलीशरण गुप्त द्वारा रचित 'पंचवटी' का भी मंचन हेतु सम्पादन किया है और दूरदर्शन लखनऊ पर उसका निर्देशन किया है। तीर्थंकर महावीर के जीवन और संदेश पर दूरदर्शन से अमृत-विचार के अन्तर्गत प्रसारणार्थ वृत-चित्र की पट कथा भी उन्होंने लिखी है। आकाशवाणी और दूरदर्शन पर विचार-चर्चा में भी वह भाग लेती हैं तथा लखनऊ की सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भी सक्रिय हैं।

एक गृहिणी होते हुये जो अपने दो बच्चों का स्नेह पूर्वक लालन-पालन करती हैं और एक कर्त्तव्यनिष्ठ बहू तथा निष्ठावान पत्नी के रूप में अपने कर्त्तव्यों का निर्वाह करती हैं, श्रीमती जिन्दल रचनात्मक कार्य के लिये भी समय निकाल लेती हैं और अपने घर में एक सुसंस्कृत परिवेश बनाये हुये हैं। वह अपने साहस और लगन के लिये बधाई की पात्र हैं और लखनऊ के सांस्कृतिक एवं साहित्यिक जीवन के लिये वह एक उपलब्धि हैं। अनन्त-ज्योति विद्यापीठ प्रवर समिति आज उदीयमान विद्वान-मनीषी श्रीमती सुधा जिन्दल का अभिनन्दन करती है और उनके कला-प्रेम तथा सृजन के प्रति उत्साह के लिए उनकी अभिशंसा करती है।

पता : अजिताश्रम, गनेश गंज, लखनऊ–२२६ ०१८

...Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

Mrs. Sudha Jindal

Mrs. Sudha Jindal was born on Dec. 18, 1952 A.D, at Amroha in the Moradabad district. Her education upto the post-graduation stage was done at Amroha. She did M.A. in Political Science from the Jagdish Saran Hindu Degree College, Amroha, under the Agra University, in 1972, in first division with second position. After her marriage to Mr. Alok Jindal in 1973 she turned to home-keeping, but continued to study and did LL. B. in 1976 from the K.G.K. College, Moradabad, under the Agra University. She also took up the research project on 'The working of the Sixth Parliament' in the Department of Political Science at the Lucknow University for Ph.D.

She is quite at home with Music, and has a special interest in drama. She herself did the script for, gave music in, and directed, the following plays :

(1) पथ भूले पथिक (on the social evil of dowry)
(2) मुक्ति-पथ के पथिक (on the life of Bahubali)
(3) भगवान महावीर का धर्म-चक्र-प्रवर्तन (on the first sermon of Tirthankara Mahavira)

which were staged in the Ravindralaya. She also edited the 'Panchavati' of Maithili Saran Gupta for stage-play and directed it for the Doordarshan, Lucknow. She has also done the script for the Amrit-Vichar feature on the life and message of Tirthankara Mahavira in Hindi for Doordarshan. Lucknow. She also takes part in discussions on the AIR and TV, and is otherwise active in the social and cultural life of Lucknow.

Being a housewife, bestowing loving care on her two little children and doing all that a dutiful dauther-in-law and a sincere wife ought to do, Mrs. Jindal still finds time to do creative work and presents a cultural environment in her home. She deserves congratulations for her courage and perseverence, and should be an asset to the cultural and literary life of Lucknow. The Ananta-Jyoti Vidyapitha Pravara Samiti this day felicitates Mrs. Sudha Jindal the promising scholar and intellectual *par excellence*, and places on record its appreciation for her love of art and zeal for creativity.

Address : Ajitashram, Ganeshganj, Lucknow–226 018

...and IRS-MoE. Digitization: eGangotri.

डा० (कु०) सुधा जैन



डा० सुधा जैन का जन्म २ सितम्बर, १९५४ ई०, को लखनऊ में हुआ था और उनकी समस्त शिक्षा भी लखनऊ में ही हुयी। हाई स्कूल परीक्षा से ही उनकी प्रतिभा मुखर होगई, और एम० एस-सी० तक की सभी परीक्षायें उन्होंने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की तथा राष्ट्रीय छात्रवृत्ति प्राप्त की। १९७४ में रसायन-शास्त्र में बी० एस-सी० (ऑनर्स) और एम० एस-सी० के लिये उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया। इसके पूर्व वह महिला विद्यालय की छात्रा थीं। उन्होंने जर्मन भाषा में प्रोफ़िशियेन्सी परीक्षा भी उत्तीर्ण की। १९८० में उन्हें पी-एच० डी० की उपाधि प्रदान की गई।

१९७६ से ही वह केन्द्रीय औषधि शोध संस्थान में कार्यरत हैं। दिसम्बर १९८४ में उन्हें औषधिक रसायन-शास्त्र पर शोध कार्य के लिये वैज्ञानिकों के केन्द्रीय समूह में ले लिया गया। उनके अनुसंधान का विशिष्ट विषय प्राकृतिक उत्पादनों का रसायन-शास्त्र और जीव-विज्ञान शास्त्र है। राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय महत्त्व की वैज्ञानिक पत्र-पत्रिकाओं में उनके प्राय: ३० शोध-पत्र प्रकाशित हुये हैं।

वैज्ञानिक अनुसंधान के लिये उन्होंने एक ऐसा क्षेत्र चुना है जिसमें भारत में अभी बहुत कम कार्य हुआ है। विकसित देशों में यह विज्ञान चिकित्सा-विज्ञान का आवश्यक अंग बन चुका है। यह प्रसन्नता का विषय है कि वैज्ञानिक अनुसंधान के इस क्षेत्र में डा० सुधा जैन निष्ठापूर्वक लगी हुयी हैं। १९८५ में इन्डियन नेशनल साइन्स एकेडेमी द्वारा इनको एक युवा वैज्ञानिक के रूप में भी सम्मानित किया गया है। अनन्त-ज्योति विद्यापीठ प्रवर समिति आज उदीयमान विद्वान-मनीषी डा० (कु०) सुधा जैन का अभिनन्दन करती है और वैज्ञानिक शोध कार्य में निष्ठापूर्वक लगे रहने के लिए उनकी अभिशंसा करती है।

पता : धन कुन्ज, राजा बाज़ार, लखनऊ–२२६ ००३

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

Dr. (Miss) Sudha Jain

Dr. Sudha Jain was born on September 2, 1954 A.D., at Lucknow, and had all her education here. She showed promise from High School itself, passing all the examinations upto M.Sc. in first division, and holding National Scholarship. She was a student of Mahila Vidyalaya before she entered the Lucknow University in 1974 to do B.Sc. (Hons.) and M.Sc. in Chemistry. She also passed Proficiency Examination in German Language. She was awarded Ph. D. in 1980.

She has been working in the Central Drug Research Institute since 1975 as Junior Research Fellow, Senior Research Fellow, Post-Doctoral Fellow and Research Associate. In December 1984 she was taken on the Scientists Pool for research on Medicinal Chemistry. Her field of specialisation covers Chemistry of Natural Products, Bio-Synthesis of Natural Products, Radio-Chemical Synthesis, and Synthesis of compounds of Biological and Bio-Synthetic interest. She has published about 30 papers in reputed scientific journals of national and international importance.

She has taken up a new field of scientific inquiry in which very little work has been done in India so far. In advanced countries this scientific investigation has become a necessary adjunct to clinical science. It is heartening that Dr. Sudha Jain is sincerely devoting herself to research work in this field. She has been given recognition by the Indian National Science Academy as a Young Scientist in 1985. The Ananta-Jyoti Vidyapitha Pravara Samiti this day felicitates Dr. (Miss) Sudha Jain, the promising scholar and intellectual *par excellence*, and places on record its appreciation for her sincere devotion to scientific investigation.

Addrss : Dhan Kunj, Raja Bazar, Lucknow–226 003

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

...ding. Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

डा० (श्रीमती) बीना जैन

डा० बीना जैन का जन्म २५ दिसम्बर, १९५६ ई०, को मिर्जापुर जिले में अवस्थित चुर्क में हुआ था। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा चुर्क और ओबरा में हुयी। इलाहाबाद विश्वविद्यालय से उन्होंने बी० ए० किया और प्राचीन भारतीय इतिहास में एम० ए० की परीक्षा उत्तीर्ण की। भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद द्वारा उन्हें रिसर्च फ़ैलोशिप प्रदान की गयी और उत्तर भारत में निगम संगठन पर शोध-प्रबन्ध पर १९८४ में उन्हें लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा पी-एच० डी० की उपाधि प्रदान की गयी। उनका शोध-प्रबन्ध भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद द्वारा प्रकाशनार्थ भी अनुमोदित कर दिया गया है।

शोध-कर्ता के रूप में तथा प्राचीन भारत के आर्थिक इतिहास के गंभीर अध्येता के रूप में उन्होंने अपनी क्षमता प्रदर्शित की है।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय के डा० यू० एन० राय ने उनके शोध-प्रबन्ध को विगत वर्षों में अन्य विश्वविद्यालयों से परीक्षण हेतु प्राप्त प्रबंधों में सर्वोत्तम निर्णीत किया है। सागर विश्वविद्यालय के डा० बैजनाथ शर्मा ने भी इस प्रबन्ध को वास्तविक योगदान माना है जिसमें सामग्री का चयन विवेकपूर्वक किया गया है।

प्रकाशित होने पर यह शोध-प्रबन्ध प्राचीन भारत के आर्थिक इतिहास पर उपलब्ध साहित्य में एक उपयोगी योगदान होगा। मुस्लिम-पूर्व युग में उत्तर भारत में आर्थिक निगमों के सम्बन्ध में यह पहला सम्पूर्ण प्रबन्ध है। अनन्त-ज्योति विद्यापीठ प्रवर समिति आज उदीयमान विद्वान-मनीषी डा० (श्रीमती) बीना जैन का अभिनन्दन करती है और शोध-कार्य के प्रति आग्रह के लिए उनकी अभिशंसा करती है।

पता : द्वारा डा० कमल कुमार जैन, वैज्ञानिक अधिकारी, राष्ट्रीय सांस्कृतिक सम्पदा संरक्षण प्रयोगशाला, अलीगंज स्कीम, लखनऊ–२२६ ०२०

Dr. (Mrs.) Beena Jain

Dr. Beena Jain was born on Dec. 25, 1956 A.D., at Churk in the Mirzapur district. She had her early education at Churk and Obra. She did her B.A., and then M.A. in Ancient Indian History, from the Allahabad University. She was granted Research Fellowship by the Indian Council of Historical Research, and has been awarded Ph.D. on her thesis "Guild Organisation in Northern India (from earliest times to 1200 A.D.)", in 1984, by the Lucknow University. Her dissertation has also been approved for publication by the Indian Council of Historical Research recently.

She has shown promise as a research worker and serious student of economic history of Ancient India. Dr. U. N. Rai of the Allahabad University adjudged her thesis as the best of all the dissertations which were sent to him by other universities for examination during recent years. Dr. Baijnath Sharma of the Sagar University also held it as a genuine contribution characterised by judicious selection of material.

The thesis when published will be useful addition to the literature on the economic history of Ancient India. It is the first comprehensive work on economic guilds in Northern India in the pre-Muslim period. The Ananta-Jyoti Vidyapitha Pravara Samiti felicitates Dr. (Mrs.) Beena Jain, the promising scholar and intellectual *par excellence*, and places on record its appreciation for her devotion to research work.

Address : C/o Dr. K. K. Jain, Scientific Officer, National Laboratory for Conservation of Cultural Properties, Aliganj Scheme, Lucknow–226 020

...Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

चयनिका
Anthology of Poems

भावना गान 174

सरस्वती–वन्दना 174

राष्ट्र–वन्दना 175

Ode to Bharat 176

आदमी से प्यार कर लो 177

दुःख भी मानव की सम्पत्ति है 177

जीवन–चक्र 178

सपनों का राही 179

शाश्वत राग 179

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

Eight poems have been collected here. 'Bhavana Gana', or 'Resolve Song', has been adapted from the 'Meri Bhavana' of the late Jugal Kishore Mukhtar 'Yugvir.' It expresses the resolve to mould our conduct in accordance with the eternal moral values. In view of the specifically secular and moral exposition in it, this song has been adopted as the daily 'Prayer Song' in the **Kant Bal Kendra** run by the **Ananta-Jyoti Vidyapitha.**

'Sarasvati-Vandana', or 'Ode to Sarasvati', is a composition by the late Suryakant Tripathi 'Nirala'. Sarasvati symbolically represents knowledge and art, and in the Indian tradition she is recognised as the guardian deity of learning. In this composition of 'Nirala' the traditional symbolism has been graphically portrayed, and this poem has a special significance in Hindi literature from that point of view.

W. Crooke, *The Popular Religion and Folklore of Northern India*, Vol. I, p. 112.

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

Vārāha, general view, 10th cent. A. D. No 0.84

CC-0. Bhagavad Ramanuja National

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.



Sapta Māṛkās on the back of Vārāha figure No. 0.84

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

4. *Skanḍa Purāṇa, Kaumārikakhanda,* 66.53-54.
5. *Garuḍa Purāṇa*, English Trans. by M. M. Dutt, p. 92.
   For other goddesses see p. 380-82.
   Garuḍa Purāṇa, 134.3, 4, 6.
6. *Devī Mahātmya*, VIII, 15.21.
   Garuḍa Purāṇa, 134.3-4.
7. *Matsya Purāṇa*, 178.89.
8. *Devi Purāṇa*, 118.4.
9. Rao Gopinath, *Elements of Hindu Iconography*, p. 382-83.
10. *Devi Mahātmya*, VIII, 13-23.
11. *Ibid.*

CC-0. Bhagavad Ramanuja National R

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

लखनऊ संग्रहालय का गुप्तकालीन स्वर्ण मुद्राकोष

इन्दुप्रकाश पाण्डेय

राज्य संग्रहालय, लखनऊ में सिक्कों का विशाल संकलन है, जिसमें सोने, चाँदी, ताँबे और मिश्रित धातु सभी प्रकार के विभिन्न युगों के सिक्के हैं। इनका समय लगभग ८वीं शती ई० पू० से लेकर आधुनिक काल तक है। स्वर्ण सिक्कों का भी संग्रहालय में अच्छा प्रतिनिधित्व है। यद्यपि ये सिक्के बहुत पहले ही संग्रहालय में प्राप्त हो गये थे, परन्तु २० वर्ष के लम्बे अन्तराल तक ये विद्वानों के अध्ययनार्थ उपलब्ध नहीं हो सके।[1] १९८० में ही इनसे निकट का परिचय प्राप्त करने का अवसर मिला। तदुपरान्त इनका औपचारिक परीक्षण मूर्धन्य मुद्राविद् डा० परमेश्वरी लाल गुप्त द्वारा किया गया।

यहाँ पर विभिन्न युगों के स्वर्ण सिक्के विद्यमान हैं। इनके अध्ययन से तत्कालीन आर्थिक स्थिति एवं कलात्मक अभिरुचि का सहज आभास प्राप्त होता है। गुप्तकाल (ल० चौथी श० ई० से छठी श० ई० तक) इस दृष्टि से विशेष महत्वपूर्ण है।

अब तक मुद्राशास्त्र के अध्ययन से ज्ञात होता है कि गुप्त सम्राटों ने २१ प्रकार के सिक्के चलाये[2]। सम्भव है कि भविष्य में इनके कुछ अन्य प्रकार भी उपलब्ध हो सकें। यहां पर इन मुद्रा प्रकारों में से १८ प्रकार सुरक्षित हैं और अब तक अधिगृहीत गुप्त स्वर्ण सिक्कों की संख्या तीन सौ चौदह है। इस दृष्टि से इस युग के मुद्राशास्त्र के अध्ययन के लिए संग्रहालय का संकलन बहुत समृद्ध माना जा सकता है।[3] इस संकलन के बारे में अभी तक कोई अद्यावधि सूची उपलब्ध नहीं है। अवश्य ही श्री सी० जे० ब्राउन ने १९२० में उस समय तक उपलब्ध सिक्कों की एक सूची[3अ] तैयार की थी जिसमें कुछ स्वर्ण मुद्राओं को ही समाविष्ट किया गया था, किन्तु इसके पश्चात न केवल सिक्कों की संख्या में वृद्धि हुई अपितु अनेक महत्वपूर्ण तथ्य भी प्रकाश मे आये।

सिक्कों का प्रचलन गुप्तवंश के बहुत पहले हो चुका था। इसमें ईसा पूर्व की शताब्दियों में चलने वाली आहतमुद्राओं का वास्तविक उद्देश्य अभी स्पष्ट नहीं है। गुप्त सम्राटों के पूर्ववर्ती भारतीय यूनानी तथा कुषाण राजाओं ने यद्यपि पर्याप्त सुन्दर और विविध प्रकार की मुद्राओं का प्रचलन किया, परन्तु उनमें विदेशीपन का

श्री इन्दुप्रकाश पाण्डेय, प्राविधिक सहायक, राज्य संग्रहालय, लखनऊ।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National R...

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

भाव पूर्णतः निहित है तथा उनके लेख भी प्रायः अभारतीय लिपियों में हैं। पंचाल एवं सातवाहन नरेशों ने सिक्कों पर भारतीय लिपि ब्राह्मी में लेख भी लिखवाये, किन्तु उनमें न तो कलात्मकता है और न ही नापतौल की एकरूपता।

गुप्त सम्राटों की स्वर्ण मुद्राएं कलात्मकता, मौलिकता और विविधता में अग्रणी हैं। साथ ही कुछ प्रारम्भिक सिक्कों को छोड़कर भारतीय परम्परा का ही प्रतिनिधित्व करती है। तीसरी श० ई० के मध्य से पाँचवी श० ई० के अन्त तक के नरेशों में श्री गुप्त (ल० २७० ई०—२९० ई०), घटोत्कचगुप्त (ल० २९० ई०—३०५ ई०), चन्द्रगुप्त प्रथम (ल० ३०५ ई०—३२५ ई०), काचगुप्त (ल० ३२५ ई० ३३० ई०), समुद्रगुप्त (ल० ३३० ई० —३७० ई०), रामगुप्त (ल० ३७० ई०—३७५ ई०), चन्द्रगुप्त द्वितीय (ल० ३७५ ई०—४१४ ई०), कुमारगुप्त प्रथम (ल० ४१४ ई०—४५५ ई०), स्कंदगुप्त (ल० ४५५ ई०—४६७ ई०), पुरुगुप्त, नरसिंहगुप्त, द्वितीय कुमारगुप्त, बुधगुप्त, प्रकाशादित्य और विष्णुगुप्त आदि के नाम उल्लेखनीय हैं[४]। इनमें से प्रथम दो को छोड़कर शेष सभी के किसी न किसी प्रकार के सिक्के उपलब्ध होते हैं। प्रस्तुत लेख में यहाँ उपलब्ध मुद्रा प्रकारों में से प्रत्येक के प्रतिनिधि स्वरूप सिक्के को सम्यक विवेचित करने का प्रयास किया गया है और गुप्त स्वर्ण मुद्रा संकलन की एक सूची भी राजा और उनके प्रकारों को दर्शाती हुई दे दी गई है।[५]

चन्द्रगुप्त प्रथम

गुप्तवंश को साम्राज्य रूप में प्रतिष्ठित करने का प्रथम श्रेय इसी राजा को जाता है, जिसने 'महाराजाधिराज' की उपाधि से अपने को विभूषित किया। इसके पूर्वज-पितामह श्रीगुप्त और घटोत्कच मात्र एक सामन्त की स्थिति में रहे थे और 'महाराज' की उपाधि तक ही सीमित थे जिससे वे किसी प्रकार की मुद्रा प्रचलित न कर सके।[६] सम्भवतः चन्द्रगुप्त प्रथम की सम्राट उद्‌बोधक उपाधि के साथ ही प्रथम गुप्त मुद्रा प्रचरित हो पायी।

(१) राजारानी प्रकार (पं० सं० ४४३४ भार; ७.४६ ग्रा०)

चन्द्रगुप्त प्रथम द्वारा चलाया गया यह गुप्तवंश का प्रथम सिक्का माना जाता है[७] और मात्र एक ही प्रकार में उपलब्ध है। इस मुद्रा का इस वंश के इतिहास में अत्यधिक महत्व है, क्योंकि लिच्छवि गणतंत्र की कन्या कुमार देवी के वैवाहिक सम्बन्ध से ही चन्द्रगुप्त गुप्तवंश की स्वतन्त्र स्थापना करने में सफल हुआ था।[८]

फलक स्थित सिक्के का परिचय निम्नवत है— (फलक १, १)

पुरोभाग : प्रभामण्डलयुक्त राजा और रानी आमने सामने खड़े हैं। राजा आभूषण युक्त, बटनदार नुकीला कोट तथा पतलून पहने हैं, बाँयें हाथ में राजदण्ड लिये हुए दाहिने हाथ से रानी को कोई वस्तु प्रदत्त करते हुए चित्रित किया गया है। बांयी ओर खड़ी रानी हार, कुण्डल, और कंकण युक्त है। वह साड़ी और उत्तरीय धारण किये हुए दाहिना हाथ कटि पर रखे राजा द्वारा प्रस्तुत वस्तु[९] को देख रही हैं। ऊपर दोनों के सिर के

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

मध्य अर्धचन्द्र और नीचे दोनों के घुटनों के मध्य तीन बिन्दु द्रष्टव्य हैं। राजा की बांयी भुजा के नीचे 'चन्द्र' और दण्ड के बाहर 'गुप्त' लिखा है और रानी के बिल्कुल पीछे अस्पष्ट लेख 'कुमार देवी' प्राप्त होता है।

पृष्ठभाग : प्रभामण्डला देवी साड़ी, चोली, हार, भुजबन्द, और कंकणयुक्त दाहिने हाथ में पाश और बांयें हाथ में कार्तुकोपिया लिये दक्षिणाभिमुख धराशायी सिंह पर सम्मुख बैठी है।[10] दाहिनी ओर ऊँपर चिन्ह है और बांयी ओर वर्तुलाकार लेख 'लिच्छवयः' प्राप्त होता है।

इस लेख से विदित होता है कि लिच्छवियों का गुप्त साम्राज्य की स्थापना में कितना महत्व था।[11] परन्तु यह किन परिस्थितियों में सम्भव हुआ, इस पर डा० पो० एल० गुप्त का विचार है कि लिच्छवि नरेश निःसन्तान रहे होंगे और मृत्युपर्यन्त उन्हें कोई सन्तान प्राप्त नहीं हुई होगी जो सत्ता की वैधानिक अधिकारी होती। राजनैतिक परिस्थितियों ने चन्द्रगुप्त को लिच्छवि शासन सम्भालने के लिये अवसर दिया होगा और साथ ही यह भी आवश्यक समझा गया कि राजा के साथ रानी का भी पूरा अधिकार हो, क्योंकि सत्ता की वैधानिक अधिकारिणी तो लिच्छवि कुमारी ही थी।[12]

काचगुप्त

गुप्तवंश में इस राजा का अस्तित्व विवादास्पद है। कुछ विद्वान इसे समुद्रगुप्त के अनुज[13] अथवा सौतेले[14] भाई के रूप में स्वीकार करते हैं। इसका सिक्का मुद्राकला और लेख की दृष्टि से समुद्रगुप्त के दण्डधारी सिक्के से बहुत कुछ साम्य रखता है। इस आधार पर स्मिथ महोदय इसे समुद्रगुप्त के ही समीपवर्ती मानते हैं।[15] और अब यह सर्व सम्मत से स्वीकार किया जाता है कि काच राजा का काल गुप्त राज्य के आरम्भ में ही हो सकता है, क्योंकि इसके सिक्के प्रायः चन्द्रगुप्त प्रथम और समुद्रगुप्त के साथ ही मिलते हैं।[16]

(१) चक्रध्वज प्रकार (पं० सं० ११६७८, भार ७.५३ ग्रा०)—

फलक स्थित सिक्के का वर्णन इस प्रकार है— (फलक १, २)

पुरोभाग : प्रभामण्डल युक्त, हार, कंकण, भुजबन्द और कुण्डल धारण किये हुए, लम्बा नुकीला कोट और पतलून, पहने, दाहिने हाथ से आहुति देते हुए और बांयें हाथ से चक्रयुक्त दण्ड लिये, राजा वामाभिमुख खड़ा है। बांयी भुजा के नीचे लम्बवत् लेख 'काच' और वर्तुलाकार अस्पष्ट और अपूर्ण लेख ' का चो·····भि रु त्त म ज·····' (काचो गाम वजित्य कर्मभिरुत्तमै जयति) प्राप्त होता है।

पृष्ठभाग : प्रभामण्डला देवी, वामाभिमुख, गोलाकार चटाई पर खड़ी है। उसके दाहिने हाथ में नाल युक्त पुष्प तथा बांयें कट्यावलम्बित हाथ में कार्नुकोपिया है जो बांयें कंधे पर आधारित है। देवी, साड़ी, कंचुकी, हार, कुण्डल, कंकण युक्त है। दायें हाथ के नीचे चिह्न और सिक्के के दाहिनी ओर अपूर्ण लेख '·· व र ज च्छ ता' (सर्वराजोच्छेता) द्रष्टव्य है।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National R

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

समुद्रगुप्त

गुप्त मुद्रा का विधिवत् प्रसार सम्राट समुद्रगुप्त द्वारा प्रारम्भ हुआ क्योंकि उसके पिता का सम्राटत्व बहुत अल्प अवधि का था। जिन राजनीतिक परिस्थितियों में चन्द्रगुप्त प्रथम मात्र एक ही प्रकार की मुद्रा को जन्म दे सका, वह अब जाती रही। समुद्रगुप्त 'लिच्छवि दौहित्र' था और साथ ही उसमें अदम्य शौर्य और उत्साह का संचार था जिसके कारण वह गुप्त साम्राज्य को दृढ़तापूर्वक विस्तृत कर सका। अपनी लम्बी शासनावधि में उसने गुप्त मुद्रा को अनेक नये आयाम दिये, जिसने भावी संततियों के लिये विविधता के द्वार खोल दिये। उसने ६ प्रकार की मुद्राएं प्रचलित करायीं।

(१) दण्डधारी प्रकार (पं० सं० ११६८६; भार ७.५७ ग्रा०)

यह सिक्का सम्भवतः राजदण्ड की प्रतिष्ठा स्वरूप प्रचलन में आया। यद्यपि यह कुषाणों का अनुकरण मात्र था, पर मुद्राकार भारतीयता[१७] के लिये यहाँ प्रयत्नशील दिखाई पड़ते हैं। समुद्रगुप्त के इन सिक्कों की लोकप्रियता का अनुमान उनकी प्रचुर मात्रा में प्राप्ति से लगाया जा सकता है। इन सिक्कों के नामकरण के विषय में विद्वानों में अनेक मत हैं। स्मिथ महोदय ने इसे 'जैवलिन प्रकार', अॅलन ने 'ध्वजधारी' प्रकार माना है जब कि डा० छाब्रा और डा० गुप्ता इसे 'राजदण्ड' मानकर 'दण्डधारी' प्रकार कहना उचित समझते हैं और यही नामाभिधान अधिक उपयुक्त जान पड़ता है।

फलक स्थित सिक्के का वर्णन निम्नवत् है— (फलक १, ३)

पुरोभाग : प्रभामण्डल युक्त राजा कुण्डल, कंकण, हार और भुजबन्द आभूषणों के साथ चित्रित है। वह लम्बा नुकीला कोट और पाजामा पहने हुए है जो बिन्दुओं से विभूषित है, दाहिने हाथ से अग्निकुण्ड में आहुति डाल रहा है और बांयें हाथ में राजदण्ड लिये हुए है। दांयें हाथ की कलाई के ऊपर गरुड़ ध्वज अंकित है। बांयें हाथ के नीचे लम्बवत् लेख 'समुद्र' और इसी ओर दण्ड से बाहर अधूरा लेख "····त विजयो जित·····" (समर शत वितत विजयो जित रिपु रजितो दिवं जयति) देखा जा सकता है।

पृष्टभाग : विन्दु विभूषित वर्तुल में प्रभामण्डला देवी सम्मुख चारपाई पर बैठी है। वह साड़ी, उत्तरीय और कंकण से युक्त हैं, केश घुंघराले बिन्दुओं के रूप में हैं। दाहिने हाथ में पाश और वांया हाथ कटि पर है जिसमें कार्नुकोपिया बांयें कन्धे के सहारे टिका है। दाहिने हाथ के ऊपर चिन्ह और सिक्के के दाहिनी ओर लम्बवत् लेख 'पराक्रम' द्रष्टव्य है।

(२) धनुर्धारी प्रकार (पं० सं० ११८०५; भार ७.३३ ग्रा०)

समुद्रगुप्त की इस मुद्रा में भारतीयता को अपनाने का पूर्ण आग्रह दृष्टिगोचर होता है। फिर भी वह उसके दण्डधारी प्रकार का परिवर्तित रूप मात्र है।[१८] इस सिक्के के दो उपप्रकार उपलब्ध होते हैं—एक जिसमें वह एक हाथ से हवन कर रहा है और दूसरे हाथ में धनुष है तथा दूसरे प्रकार में वह हवन करने के स्थान पर बाण लिये है।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

फलक में विद्यमान सिक्का निम्नवत् है— (फलक १, ४)

पुरोभाग : प्रभामण्डल युक्त राजा, दण्डधारी की तरह वस्त्र धारण किये हुए, बांयें हाथ के धनुष को ऊपरी सिरे से पकड़े हुए, दांये हाथ से आहुति डालता हुआ चित्रित किया गया है। ठीक इसके ऊपर गरुड़ अंकित है और उसके ऊपर धुंधला अर्धचन्द्र द्रष्टव्य है। राजा की बांयी भुजा के नीचे लम्बवत् लेख 'स मु द्र' है। वर्तुलाकार लेख जो अस्पष्ट एवं अधूरा है, दाहिनी ओर सिर के पीछे से प्रारम्भ होता है—'अ प्र र थ व ज त्य ···· दं व जयत' (अप्रतिस्थो विजित्य क्षितिं सुचरितैः दिवं जयति) लेख का 'त' अक्षर अविद्यमान है।

पृष्ठभाग : प्रभामण्डला, सर्ववस्त्र एवं आभूषण युक्त घुंघराली अलकों वाली देवी अर्धपर्यंक आसन में चौकी पर बैठी हैं। पैर के नीचे गोलाकार बिन्दुओं वाली चटाई द्रष्टव्य है। दाहिने हाथ में पाश और बांयें में कार्नुकोपिया दिखाई पड़ रहा है और दायें हाथ के ऊपर ही चिह्न है। सिक्के के दायीं ओर मुद्रालेख 'अ प्र ति र थ' (अप्रतिरथः) विद्यमान है।

(३) परशुधारी प्रकार (पं० सं० ११६७१; भार ७.३७ ग्रा०)

यह सिक्का समुद्रगुप्त के परशुविक्रम का प्रतीक है और उसकी अच्छी मुद्राकला के अनुभव को दर्शाता है। विदेशी प्रभाव को त्यागने की प्रवृत्ति के निरन्तर प्रयास का यह फल है। पुरोभाग के दृश्य से लगता है कि यह उसके युद्धस्थल निरीक्षण का चित्र है। पीछे खड़ा वामन सैनिक वेशभूषा में कभी-कभी देखा जा सकता है जिससे उसके युद्ध विजय का समाचार देने की स्थिति का आभास होता है। पृष्ठभाग में भारतीयकरण की दृष्टि से अधिक सफल प्रयास मालूम होता है, जहाँ देवी के हाथ से कार्नुकोपिया हटाकर कहीं-कहीं कमल का अंकन मिलता है। इससे प्रकट होता है कि मुद्राकारों ने उसे लक्ष्मी का रूप देकर पैरों तले कमलासन भी प्रतिष्ठित कर दिया।

फलक स्थित सिक्के का वर्णन निम्नवत् है— (फलक १, ५)

पुरोभाग : प्रभामण्डल युक्त, वामाभिमुख, राजा त्रिभंग मुद्रा में, समस्त आभूषण एवं वस्त्रों से अलंकृत, दायाँ हाथ कमर पर रखे, बांये हाथ में परशु लिये खड़ा है और दाहिने खड़े वामन को देख रहा है। राजा के बांयी ओर कमर से कटार लटक रही है। ऊपर दोनों के मध्य चन्द्रध्वज प्रतिष्ठित है तथा नीचे राजा का नाम 'स मु (द्र)' लिखा है। राजा और परशु के बीच नीचे लम्बवत् 'गुप्त' मिलता है। वर्तुलाकार अपूर्ण लेख 'कृ ता न्त पर·····र ज ज ता जि तः' (वृतान्तपरशर्जुयत्यजित राज जेताजितः) द्रष्टव्य है।

पृष्ठभाग : सिंहासनारूढ़ प्रभामण्डला देवी (लक्ष्मी) वस्त्र-आभूषणों से युक्त, दाहिने हाथ में पाश और बांयें में खिलती हुई कमल कली लिये चित्रित की गई हैं। दाहिने हाथ के ऊपर चिह्न और दाहिनी ओर लम्बवत् लेख 'कृतान्त परशु' मिलता है। पैरों तले पूर्ण विकसित कमल चरणपीठ रूप में प्रतिष्ठित है।

(४) वीणाधारी प्रकार (पं० सं० १०७२४; भार ७.५१ ग्रा०)

महान् सम्राट के संगीत प्रेम का यह अनुपम उदाहरण है। प्रयाग-प्रशस्ति में उसे गाननैपुण्य में तुम्बुरु

CC-0. Bhagavad Ramanuja National D

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

और नारद[१९] से भी अधिक बताया गया है। इस सिक्के पर सर्वथा भारतीय भावना का रूपांकन हुआ है। पुरोभाग में महाराजा ऊँची पीठ वाले पर्यंक पर वीणा[२०] बजाते दर्शनीय हैं। उनकी भावविभोरता मानों वीणा के तारों से तादात्म्य स्थापित कर रही हो।

फलक स्थित सिक्के की पहिचान निम्नवत् है— (फलक १, ६)

पुरोभाग : प्रभा मण्डल युक्त राजा, हार, कुण्डल, विन्दु विभूषित टोपी और जाँघिया पहने पर्यंक पर अर्धपर्यंक मुद्रा में आसीन चित्रित है, वीणा गोदी में लिये हुए दाहिने हाथ से उसे सम्हाले हैं और बांया हाथ वाद्य को बजा रहा है। पर्यंक के नीचे 'सि' लिखा है। वर्तुलाकार अधूरा लेख पर्यंक के पीछे से शुरू होकर उसके मुख के समक्ष समाप्त होता है—'·····रा जा धि रा ज श्री ·····द्र गुप्त :' (महाराजाधिराज श्री समुद्रगुप्तः)।

पृष्ठभाग : प्रभामण्डला देवी हार, कंकण, भुजबन्द, साड़ी और चोली पहने, दाहिने हाथ में पाश, बांयें कट्यावलम्बित हाथ में कार्नुकोपिया, जो बांये कन्धे पर आश्रित है, लिए हुए है और मोढ़े पर वामाभिमुख बैठी है। बांयीं ओर सुन्दर मुद्रालेख द्रष्टव्य है—'स मु द्र गुप्तः'।

(५) अश्वमेध प्रकार[२१] [पं० सं० ३९७७; भार ७.४७ ग्रा०]—

यह सिक्का सम्राट के चक्रवर्तित्व की अभिव्यक्ति करता है। हिन्दू परम्परा में अश्वमेध[२२] सार्वभौमिक प्रभुता के लिये आवश्यक माना जाता था और सम्भवतः इसी परिप्रेक्ष्य में समुद्रगुप्त द्वारा इस मुद्रा का सूत्रपात किया गया।

प्रयाग प्रशस्ति में समुद्रगुप्त के दिग्विजय की घोषणा की गई है और आशा की जाती है कि इसके फलस्वरूप उसने इस यज्ञ को चिरस्मरणीय स्वरूप देने के लिये इस मुद्रा प्रकार[२३] की अवतारणा की और प्रचुर मात्रा में इन्हें तैयार कराया। ये सिक्के प्राचीन भारत की मुद्राकला के उत्कृष्ट नमूने हैं। निश्चय ही ये कुशल कलाकारों की उपज है जिन्हें इस अश्वमेध के महत्व का पूर्ण ज्ञान था।

फलक के सिक्के का वर्णन इस प्रकार है— (फलक २, १)

पुरोभाग : हृष्ट-पुष्ट जीनरहित अश्व बांयी ओर दो स्तर की बनी वेदी पर लगे यज्ञ-यूप (स्तम्भ) के समक्ष खड़ा है। उसके सिर के ऊपर से पीठ तक यूप में लगी पताका फहरा रही है। अश्व के पिछले हिस्से के ऊपर अर्धचन्द्र और उसके पेट के नीचे 'सि' लिखा है। वर्तुलाकार अपूर्ण लेख उसकी पीठ के ठीक ऊपर द्रष्टव्य है लेख—'र ज धि रा ज पृ थ वी म जि त्वा दिवं·····' (राजाधिराजा पृथ्वीम जित्वा दिवं जयत्या हृत वाजिमेधः)।

पृष्ठभाग : प्रभामण्डला देवी[२४] सम्पूर्ण आभूषण एवं वस्त्रों से युक्त दाहिने कन्धे पर दाहिने हाथ से चँवर धारण किये, बांयें लटकते हाथ में पट्ट (वस्त्र) या पाश सदृश वस्तु लिये हुए, बिन्दुयुक्त गोलाकार चटाई पर वामाभिमुख खड़ी है। उसके समक्ष पताके सहित 'शक्ति' प्रदर्शित है। दाहिनी ओर लम्बवत् लेख—'अश्वमेध पराक्रमः' प्राप्त होता है।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

(६) व्याघ्रनिहन्ता प्रकार[२५] (पं० सं० ३१७४; भार ७.४९ ग्रा०)–

सम्राट समुद्रगुप्त का यह सिक्का न केवल उनके शौर्य और पराक्रम को प्रदर्शित करता है, वरन् कलात्मकता की दृष्टि से भी यह पूर्ण भारतीयता का प्रतीक है। यह प्रकार समुद्रगुप्त के दुष्प्राप्य सिक्कों में आता है। विदेशी वस्त्रों का परित्याग कर यहाँ पूर्णरूप से भारतीय वेशभूषा को अपनाया गया है।

फलक स्थित सिक्के का विवरण निम्न प्रकार है— (फलक २, २)

पुरोभाग : चुस्त बनियान और घुटनों तक धोती पहने, हार, कंकण, भुजबन्द और कुण्डल युक्त, राजा बांयी ओर गिरते हुए व्याघ्र को कान तक धनुष की प्रत्यंचा को बांये हाथ से खींचे हुए, मारने को उद्यत है। दाहिनी ओर अर्धवर्तुल में लेख – 'व्याघ्र पराक्रमः' द्रष्टव्य है।

पृष्ठभाग : हस्तिमुख मकर पर आरूढ़, वस्त्राभूषणा, देवी (गंगा)[२६] वामाभिमुख खड़ी हैं। दाहिना हाथ फैला हुआ है और बायें हाथ में लम्बी नाल वाला कमल लिये हैं। बांयी ओर पताका के साथ सुन्दर चन्द्रध्वज (देखिये, पृ० ९६) प्रदर्शित है तथा दांयी ओर अर्ध वर्तुलाकार लेख 'राजा समुद्रगुप्तः' द्रष्टव्य है।

चन्द्रगुप्त द्वितीय

गुप्त साम्राज्य को सुप्रतिष्ठित करने में द्वितीय चन्द्रगुप्त का अप्रतिम योगदान रहा है। इस युग में परम्परागत चली आती मुद्राओं के अतिरिक्त मुख भाग पर परिवर्तन व परिवर्धन के साथ अनेक नये दृश्यों का समावेश किया गया। इस प्रकार चन्द्रगुप्त द्वितीय द्वारा प्रचालित सात[२७] प्रकार की मुद्रायें अब तक प्राप्त हुयी हैं। नवीन प्रकार में 'चक्रविक्रम'[२७अ] मुद्रा लखनऊ संग्रहालय में नहीं है।

(१) दण्डधारी प्रकार (पं० सं० ११७२९; भार ७.७६ ग्रा०)—

यह सिक्का इस राजा के दुर्लभ प्रकारों में आता है। अभी तक धारणा थी कि यह केवल समुद्रगुप्त के समय में ही लोकप्रिय हुए थे और इनको परवर्ती गुप्त राजाओं में ख्याति नहीं मिल सकी,[२८] परन्तु अब तक द्वितीय चन्द्रगुप्त के इस प्रकार के सात सिक्के ज्ञात हो चुके है—तीन सिक्के भारत कला भवन में और दो किसी व्यक्तिगत संग्रह में बताये जाते हैं।[२९] यहाँ के संकलन में भी दो सिक्के उपलब्ध हैं। इसके दो उपप्रकारों में दूसरे के पृष्ठभाग के चित्रण को डा० पी० एल० गुप्त 'बैकुण्ठ नारायण' का अंकन मानते हैं,[३०] जो कि अधिक समीचीन लगता है। जब कि अल्टेकर और मुखर्जी महोदय इसे 'पर्यंक स्थित राजा-रानी' मानकर एक स्वतन्त्र प्रकार की प्रतिष्ठा करते हैं।[३१] यहाँ के संकलन में यह उप प्रकार उपलब्ध नहीं हैं।

फलक स्थित सिक्के का परिचय निम्नवत् है— (फलक २, ३)

पुरोभाग : प्रभामण्डल युक्त राजा, हार, कंकण, भुजबन्द तथा कुण्डल के साथ लम्बा नुकीला कोट (आधी बांह वाला) और पाजामा पहने वामाभिमुख खड़ा है। दाहिने हाथ से आहुति डालता हुआ, बाँये में राजदण्ड लिये

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

चित्रित है। दायें कन्धे के ठीक सामने गरुड़ अंकित है, बांयी भुजा के ठीक नीचे लेख 'चन्द्र' है और वर्तुलाकार लेख अस्पष्ट है।

पृष्ठभाग : सिंहासन पर सम्मुख बैठी देवी दांये हाथ में पाश और बायें में कार्नुकोपिया लिए हुए चित्रित की गई है। बांयी ओर गले की सीध में चिह्न अंकित है और दाहिनी ओर लम्बवत् लेख 'परम भागवत' विद्यमान है।

(२) धनुर्धारी प्रकार (पं० सं० ३१५२; भार ७.८३ ग्रा०)—

चन्द्रगुप्त द्वितीय ने अपने पिता के इस प्रकार में विविधताओं को जोड़कर अनेक उपप्रकारों की सर्जना की। पुरोभाग के लेख और आकृति की चेष्टाओं में किंचित परिवर्तन से इनकी संख्या में पर्याप्त वृद्धि हुई। किसी-किसी सिक्के में तो राजा के शारीरिक अवयवों का इतना सुन्दर प्रदर्शन हुआ है कि उसे देखकर यूनानी कला में प्रदर्शित मांसल देह की स्मृति हो आती है।[३२]

फलक स्थित सिक्का इस प्रकार है—

(फलक २, ४)

पुरोभाग : वामाभिमुख, प्रभामण्डल युक्त, हार, कंकण, भुजबन्द और कुण्डल धारण किये राजा चुस्त बनियान और जांघिया (हाफ पैन्ट) पहने हैं तथा दाहिने हाथ से अग्नि कुण्ड में आहुति डाल रहा है। बांये हाथ से धनुष को ऊपर पकड़े हुए है। उसके बांयी ओर कमर से सटी हुई कटार तथा लम्बा कमरबन्द द्रष्टव्य है। दोनों पैरों के मध्य एक वस्त्र लटक रहा है। दाहिने पैर में घुटने के नीचे से वस्त्र का एक छल्ला सा दिखाई देता है। सम्भवतः यह राजसी वेशभूषा के अङ्ग के रूप में प्रयुक्त हुआ है। टोपी की जगह शिरोवेष्टन ने ले ली जान पड़ती है। सिक्के के बायीं ओर गरुड़ध्वज है जिसमें पताका लहरा रही है। धनुष के मध्य में 'चन्द्र' लेख दर्शनीय है। वर्तुलाकार लेख कटा हुआ है।

पृष्ठभाग : विन्दु विभूषित वर्तुल में प्रभामण्डला देवी (लक्ष्मी) कुण्डल, हार, कंकण तथा भुजबन्द धारण किये है जिसमें से फीते निकल रहे हैं, साड़ी और उत्तरीय पहने, पूर्ण विकसित कमल पर पद्मासन लगाये बैठी चित्रित है। दांये हाथ में पाश और बांये में सनाल विकसित कमल लिये है। बांयी ओर गर्दन की सीध में चिह्न और दाहिनी ओर लम्बवत् लेख 'श्री विक्रम' विद्यमान है।

(३) अश्वारोही प्रकार (पं० सं० ३१३५; भार ७.८५ ग्रा०)—

गुप्त मुद्रा क्षेत्र में चन्द्रगुप्त द्वितीय ने इस नवीन विधा का सूत्रपात किया। सम्भवतः यह उसकी कुशल अश्वसंचालन दक्षता का अभिव्यंजक है। श्री माहेश्वर जोशी उसके इस रूप की 'कल्कि अवतार' से तुलना करते हैं।[३३] घोड़े की गति की दिशा के आधार पर इसके दो प्रकार माने जाते हैं—एक जिसमें अश्व दांयी ओर और दूसरा जिसमें वह बांयी ओर गतिशील है। सम्राट इसमें कभी तलवार तो कभी धनुष लिये चित्रित होता है।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

फलक स्थित सिक्के का परिचय निम्नवत् है— (फलक २, ५)

पुरोभाग : सुसज्जित अश्व, जो बांयी ओर गतिशील है, पर वटनदार कोट, पाजामा, हार, कुण्डल, भुजबन्द पहने राजा सवार है। बांया हाथ कमर से लटकी तलवार की मूंठ पर है। कमरबन्द पीछे की ओर उड़ रहा है। दाहिने हाथ (जो अदृश्य है) से राजा घोड़े की लगाम पकड़े हुए है। वर्तुलाकार लेख प्रारम्भ में कटा हुआ एवं अस्पष्ट है। लेख के अन्त में '.....रा ज श्री च न्द्र गुप्तः' (परम भागवत महाराजाधिराज श्री चन्द्रगुप्तः) प्राप्त होता है।

पृष्ठभाग : प्रभामण्डला, वस्त्राभूषणा लक्ष्मी देवी दाहिने हाथ में पाश तथा बांये हाथ में सनाल कमल लिये मोढ़े पर बैठी हैं बांयी ओर गर्दन की सीध में चिह्न तथा दाहिनी ओर लम्बवत् लेख— 'अजित विक्रमः' प्राप्त होता है।

(४) सिंहनिहन्ता प्रकार पं० सं० ३९७६४; भार ७.८६ ग्रा०)—

इस सिक्के पर राजा के ओज और पौरुष का चित्रण हुआ है। चन्द्रगुप्त द्वितीय ने इसमें अपने पिता के 'व्याघ्रनिहन्ता' को परिवर्तित कर 'सिंहनिहन्ता' का रूप दे दिया गया जो कि लोकप्रियता की दृष्टि से बहुत प्रसिद्ध हुआ। इसमें कलात्मकता और विविधता का अनुपमेय संगम देखने को मिलता है।

पुरोभाग पर सामान्य रूप से राजा द्वारा धनुष-बाण से सिंह को मारने की तीन स्थितियों का वर्गीकरण स्मिथ महोदय द्वारा किया गया है—सिंह से डटकर मुकाबला करते हुए, सिंह को कुचलते हुए और तीसरे सिंह द्वारा प्रत्याक्रमण के लिये लौटते हुए। परन्तु सिक्कों पर एक स्थिति और देखने को मिलती है, जिसमें भयभीत सिंह बुरी तरह भागता हुआ चित्रित होता है। पृष्ठभाग में सिंहवाहिनी देवी दुर्गा रूप में प्रतिष्ठित लगती हैं। यहाँ के एक अद्वितीय[३४] सिक्के (देखिये फलक २, ६) पर राजा सिंह को तलवार से मारते दिखाया गया है।

फलक के सिक्के का विवरण निम्नवत् है— (फलक ३, १)

पुरोभाग : राजा समस्त अभूषण युक्त, चुस्त बनियान और धोती पहने, दाहिने हाथ में धनुष लिये और बांयें हाथ से उसकी प्रत्यंचा कान तक खींचे, गिरते हुए मुंह फैलाये सिंह को मारने को उद्यत हैं। गत्यात्मकता के कारण कमर पट्ट लहरा गया है। वर्तुलाकार लेख ठप्पे से बाहर चला गया है, केवल बांयी ओर धनुष और सिंह के मुंह के बीच में अधूरा लेख '.....ह विक्रमः' (नरेन्द्र चन्द्रः प्रथित रणो रणे जयत्य जय्यो भुवि सिंह विक्रमः) मिलता है।

पृष्ठभाग : वस्त्राभूषणा, प्रभामण्डला, वामाभिमुख देवी, सिंह पर सम्मुख बैठी हैं दाहिने हाथ में पाश और बांये में सनाल कमलकली दृष्टिगत हो रही है। दाहिनी ओर लेख 'सिंह विक्रमः' द्रष्टव्य है।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National R...

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

(५) छत्र प्रकार (पं० सं० ११६३२; भार ७.८१ ग्रा०)—

चन्द्रगुप्त द्वितीय की यह एक नवीन कलाभिव्यक्ति है। इसका प्रादुर्भाव सम्भवतः उसके प्रासाद में किसी परम्परागत अनुष्ठान के अवसर को दर्शाने के लिये किया गया जान पड़ता है। यहाँ पर सम्राट के लम्बे घुँघराले केश और मांसल शरीर का सराहनीय प्रदर्शन कलाकार ने किया है। पीछे खड़ा छत्रधारी संस्कृत साहित्य में वर्णित छत्रधारिणी या चामरधारिणी की याद दिला रहा है।[१५] पृष्ठभाग में देवी का भव्य अंकन हुआ है।

फलक स्थित सिक्का इस प्रकार है — (फलक ३, २)

पुरोभाग : भारतीय वेशधारी राजा, त्रिभंगमुद्रा में केयूर, कंकण, हार और कुण्डल पहने, दाहिने हाथ से यज्ञ-कुण्ड में आहुति डालता हुआ बांये हाथ में तलवार लिये चित्रित है। दाहिनी ओर पीछे छत्रधारिणी राजा के सिर पर छत्रछाया किये झुकी खड़ी है। वर्तुलाकार लेख ठप्पे से बाहर चला गया है।

पृष्ठभाग : प्रभामण्डला, हार, कंकण, कुण्डल और भुजबन्द धारण किये, विशेष प्रकार का लहँगा और चोली पहने देवी (लक्ष्मी) दांये हाथ में पाश और बांये हाथ में लम्बी नाल वाला कमल लिये बांयी ओर गतिमान चित्रित की गयी है। दांया पैर जमीन पर और बांया एड़ी से उठा हुआ ऐसा सजीव दृश्यांकन मुद्राकार द्वारा किया गया है, मानो देवी मन्दगति से जा रही है। दाहिनी ओर लेख 'विक्रमादित्य' द्रष्टव्य है।

(६) पर्यंक प्रकार[१६] (पं० सं० ५६१४; भार ७.७९ ग्रा०)

सम्राट के विश्राम क्षणों का अंकन इस मुद्रा द्वारा दर्शाया गया जान पड़ता है। डा० अल्टेकर का विचार है कि ये सिक्के उसके पिता के वीणाधारी सिक्के के अनुकरण पर तैयार किये गये हैं। दोनों सिक्कों में राजा अनावृत्त, अर्धनग्न शरीर पर्यंक पर बैठा है। समुद्रगुप्त के सिक्के में वह वीणा बजाता चित्रित किया गया है, जब कि इसमें राजा केवल आराम से बैठा मात्र है।

पर्यंक प्रकार के सिक्कों में कम से कम पाँच मुद्रा प्रकार पाये जाते हैं और प्रत्येक में कहीं न कहीं वैभिन्य अवश्य दिखाई पड़ता है। जिससे लगता है कि ये सभी अलग-अलग ठप्पे से तैयार किये गये हैं। कला की दृष्टि से यह एक मधुर चित्रण बन पड़ा है।

फलक स्थित सिक्के का चित्रण निम्नवत् है— (फलक ३, ३)

पुरोभाग : आभूषणयुक्त, वामाभिमुख राजा, धोती पहने पर्यंक पर सम्मुख नग्न शरीर बैठा है। दांये हाथ में सनाल पुष्प और बांया हाथ पर्यंक पर अवलम्बित नीचे की ओर लटक रहा है। पर्यंक के नीचे एक पीकदान द्रष्टव्य है। दाहिनी ओर वर्तुलाकार अधूरा एवं अस्पष्ट लेख 'प र म भा ग व त·····' मिलता है।

पृष्ठभाग : प्रभामण्डला देवी, कमलासन युक्त चौकी पर एक पैर लटकाये तथा दूसरा पैर चौकी पर रखे वामाभिमुख प्रसन्न मुद्रा में बैठी है। विशेष सराहनीय है उसका शरीर सौष्ठव और उसमें केश विन्यास, जो जूड़े के

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

रूप में है तथा बाजूबन्द, जिसके बड़े-बड़े फीते स्पष्ट लटक रहे हैं। दाहिने हाथ में लम्बा सनाल कमल, जो ठीक उसके मुँह के समक्ष है और बांया हाथ सीधे नीचे जाता हुआ चौकी पर टिका है। इतना स्पष्ट और लुभावना नारी चित्रण सिक्कों पर कम ही देखने को मिलता है ; चौकी के नीचे आयत का अंकन और दाहिनी ओर बड़ा ही कलात्मक सुलेख 'विक्रमादित्यः' देखने को मिलता है। लेख में 'क' और 'त्य' अक्षर की रेखाओं को ऐसा सीधा किया गया है कि लगता है वे देवी और लेख के मध्य की विभाजक रेखा हो।

कुमारगुप्त प्रथम

गुप्त मुद्राओं को इस युग में पुष्पित-पल्लवित होने का पूर्ण अवसर मिला। कुमारगुप्त ने अपने पूर्वजों के मुद्रा प्रकारों को ज्यों का त्यों जारी रखा। साथ ही ६ नवीन मुद्राओं की सृष्टि की, जो कला के उत्कृष्ट उदाहरण मानी जाती हैं। परन्तु कला के विकास की यह कड़ी कहीं-कहीं टूटती नजर आती है और किन्हीं-किन्हीं सिक्कों पर तो यह ह्रास सोचनीय अवस्था में पहुंच गया है। फिर भी कुमारगुप्त ने चौदह प्रकार के सिक्कों की अवतारणा की। उसकी कुछ मुद्रायें तो दुर्लभ कोटि की हैं।

संग्रहालय संकलन में उसके राजा-रानी[३७], वीणाधारी[३८], छत्र[३९], गजारोही[४०] और गजारोही सिंहनिहन्ता[४१] प्रकार उपलब्ध नहीं हैं।

(१) धनुर्धारी प्रकार (पं० सं० ३६९०२; भार ८.१८ ग्रा०]—

अपने पितामह और पिता द्वारा चलायी गयी इस मुद्रा को कुमारगुप्त ने भी जारी रखा। परन्तु जो सुन्दर विविधता हमें चन्द्रगुप्त द्वितीय के धनुर्धारी सिक्कों पर मिलती है, उसका यहाँ नितान्त अभाव दृष्टिगत होता है। साथ ही कला की दृष्टि से जो शारीरिक सन्तुलन उसके पिता की इन मुद्राओं पर देखने को मिलता है, वह यहाँ कुछ बेडौल हो चला है। हाँ लेख और धनुष की स्थिति में परिवर्तन के साथ कई उपमुद्रा प्रकार अवश्य देखने को मिलते हैं।

फलक स्थित सिक्के का वर्णन निम्नवत् है— (फलक ३, ४)

पुरोभाग : प्रभामण्डल युक्त, वामाभिमुख राजा हार, कुण्डल, भुजबन्द तथा घुटने तक धोती और बहुत चिपका हुआ नुकीला कोट पहने हुए हैं जिससे उसका मांसल शरीर झलक रहा है, दाहिने हाथ में बाण और बांये हाथ से धनुष को ऊपर से पकड़े हुए खड़ा चित्रित है। लम्बे घुंघराले केश नीचे को कढ़े हैं। गरुड़ध्वज दाहिने हाथ के पीछे तथा बांये हाथ के नीचे अर्धचन्द्र और उसके नाम का प्रथम अक्षर 'कु' द्रष्टव्य है। वर्तुलाकार अधूरा लेख 'ज य ति म ह त .....' (जयति महीतलं श्री कुमार गुप्तः सुधन्वी) प्राप्त होता है।

पृष्ठभाग : प्रभामण्डला लक्ष्मी खिले कमल पर पद्मासन मुद्रा में बैठी हैं। वह दाहिने हाथ में पत्रयुक्त सनाल कमल लिये हैं तथा बांया हाथ बांयी जाँघ पर अवलम्बित है। आभूषणों में विशेषकर करधनी यहाँ स्पष्ट चित्रित है। दाहिनी ओर लेख 'श्रीं महेन्द्रः' प्राप्त होता है।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National R...

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

[२] असिधारी प्रकार [पं० सं० ३९८०३; भार ८.०५ ग्रा०]—

कुमारगुप्त प्रथम की यह एक नवीन उत्पत्ति है। परन्तु लगता है कि पूर्वजों के 'दण्डधारी' परम्परा का यह एक संशोधित रूप है। पूर्वोक्त मुद्रा और इसमें मात्र केवल इतना अन्तर है कि राजा ने बांये हाथ के दण्ड को त्याग कर उसमें तलवार ले रखी है। इस सम्भावना को भी नहीं अस्वीकार किया जा सकता कि यह उसकी असिचालन की दक्षता के परिचायक रूप में प्रचलित की गयी हो।

फलक स्थित सिक्का इस प्रकार है— (फलक ३, ५)

पुरोभाग : प्रभामण्डल युक्त वस्त्राभूषणों से सजा राजा वामाभिमुख, दाहिने हाथ से यज्ञकुण्ड में आहुति डालते हुए तथा बांया हाथ कट्यावलम्बित तलवार की मूठ पकड़े हुए खड़ा चित्रित है। दाहिने हाथ के पीछे फीतायुक्त गरुड़ध्वज है जिस पर पंख फैलाये गरुड़ का भव्य चित्रण है। वर्तुलाकार लेख के कुछ अक्षर 'गाम व ··' दिखाई पड़ते हैं और शेष लेख (गाम वजित्य सुचरितै कुमार गुप्तो दिवं जयति) अस्पष्ट एवं ठप्पे से बाहर चला गया है। गरुड़ के सिर पर लेख का अन्तिम अक्षर 'ति' स्पष्ट है।

पृष्ठभाग : कण्ठहार, कुण्डल, कंकण, चोली और साड़ी पहने देवी विकसित कमल पर पद्मासन मुद्रा में बैठी है। दाहिने हाथ में पाश और बांया हाथ जांघ पर स्थित सनाल कमल लिये हुए हैं। जो ठप्पे से बाहर चला गया है। बांयी ओर गर्दन की सीध में चिह्न स्पष्ट है। दाहिनी ओर का 'श्री कुमार गुप्तः' लेख पूर्णतः ठप्पे से बाहर चला गया है।

[३] अश्वारोही प्रकार [पं० सं० २२६६; भार ८.१५ ग्रा०]—

यद्यपि यह मुद्रा उसके पिता के अश्वारोही के अनुकरण पर ही बनायी गई है, परन्तु इसमें कला सौन्दर्य अपनी निखार पर आया है। घोड़े के पुष्ट अङ्गों-प्रत्यङ्गों का सन्तुलन, उसकी साज-सज्जा और उसकी गत्यात्मकता से पूरा चित्र सजीव हो उठा है। पृष्ठभाग में भी मोर को अंगूर खिलाती हुई देवी का मनोहारी चित्रण हुआ है। लेख और अश्व की दिशा के आधार पर इसके कई उपप्रकार उपलब्ध होते हैं।

फलक स्थित सिक्का निम्नवत् है— (फलक ३, ६)

पुरोभाग : सुसज्जित, दांये गतिशील अश्व पर प्रभामण्डल युक्त राजा चुस्त वेशभूषा पहने बैठा है। दाहिने (अदृश्य) हाथ से लगाम पकड़े और बांया हाथ कटि पर आधारित है तथा कमरपट पीछे लहरा रहा है। वर्तुलाकार लेख के कुछ अक्षर '·····त ल म्व र ·····' (पृथ्वी तलाम्बर शशी कुमार गुप्तो जयत्यजितः) घोड़े के सामने दिखाई पड़ते हैं।

पृष्ठभाग : प्रभामण्डला, सर्वाभूषणा, भारतीय वेश युक्त देवी मोढ़े पर वामाभिमुख बैठी है और दांये हाथ से अंगूर के गुच्छे को सम्मुख मोर को खिला रही है। बांया हाथ कमर से नीचे सनाल कमल पकड़े लटक रहा है। इसी ओर सुस्पष्ट लेख 'अजित महेन्द्रः' द्रष्टव्य है।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

[४] सिंह निहन्ता प्रकार [पं० सं० ११५८६; भार ८.१४ ग्रा०]—

यह मुद्रा कुमारगुप्त ने अपने पिता चन्द्रगुप्त द्वितीय के इसी प्रकार के सिक्के के आधार पर ढलवायी। सामान्यतः उसके इस प्रकार में अपने पूर्ववर्ती सिक्के की तुलना में कला की दृष्टि से अनेक कमियां देखने को मिलती हैं। राजा और सिंह की आकृतियों का वह सशक्त अंकन इनमें दृष्टिगोचर नहीं होता। मुख भाग के अंकन में यद्यपि अनेक रूपता दिखलाने का प्रयास किया गया है। धनुष बाण से सिंह को मारते हुए तो इसके सिक्के प्रायः मिल जाते हैं, पर बिना अस्त्र-शस्त्र के उसे मारने का यहाँ प्रस्तुत दृश्य दुर्लभ एवं अनूठा है।

फलक स्थित सिक्का इस प्रकार है— (फलक ४, १)

पुरोभाग : केवल घुटने तक धोती पहने, नग्न बदन, आभूषण युक्त राजा, दाहिनी ओर छटपटा कर गिरते हुए सिंह को घूर रहा है तथा उसका दाहिना पैर आगे बढ़ा हुआ है। सिंह मुंह फैलाये हुए प्रत्याक्रमण को उद्यत है। सिंह के ऊपर वर्तुलाकार लेख के कुछ अक्षर जो स्पष्ट नहीं हैं।

पृष्ठभाग : प्रभामण्डला, कण्ठहार, कंकण, केयूर, कुण्डल तथा साड़ी और कंचुकी पहने देवी का सुन्दर चित्रण है। देवी के आसन की विशेषता है कि दक्षिणाभिमुख सिंह की पीठ पर कमलासन है और उस पर वह वामाभिमुख दांया पैर मोड़े हुए और बांया पैर नीचे लटकाये अर्धपर्यंक मुद्रा में विराजमान है। उसका दांया हाथ सम्भवतः अभय मुद्रा में ऊपर उठा हुआ है और बांये हाथ में लम्बा सनाल कमल द्रष्टव्य है। दांयें अर्धवर्तुल में राजा की उपाधि 'श्री महेन्द्र सिंह' विद्यमान है।

[५] व्याघ्र निहन्ता प्रकार [पं० सं० ३१६६; भार ८,०९ ग्रा०]—

पितामह समुद्रगुप्त के इस प्रकार को कुमारगुप्त ने पुनः प्रतिष्ठित किया, जब कि उसके पिता चन्द्रगुप्त द्वितीय के समय में इसका प्रचलन बन्द हो गया था। समुद्रगुप्त और इसकी मुद्रा में बहुत साम्य है। केवल मुद्रा-लेख में थोड़ा अन्तर देखने को मिलता हैं। पृष्ठभाग में देवी मकर वाहिनी है और वह किंचित सामने झुकी हुई इसी राजा के 'अश्वारोही' मुद्रा के सदृश मोर को खिला रही है।

फलक स्थित सिक्के का वर्णन इस प्रकार है— (फलक ४, २)

पुरोभाग : प्रभामण्डल एवं आभूषण युक्त, धोती पहने, नग्नबदन, राजा दांयें हाथ से धनुष और बांये से उसकी प्रत्यंचा खींचे बांये गिरते हुए बाघ को कुचल रहा है। व्याघ्र दो तिहाई ठप्पे से बाहर चला गया है। बांयी ओर धनुष की नोक के ऊपर लेख के दो अक्षर 'श्री मां ·····' (श्री मां व्याघ्र पराक्रमः) तथा बांये हाथ के नीचे अर्धचन्द्र और 'कु' द्रष्टव्य है।

पृष्ठभाग : प्रभामण्डला देवी, जो भारतीय वेश में है, सामने की ओर किंचित झुकी हुई मकर (जो ठप्पे से बाहर चला गया है) पर खड़ी है और दाहिने हाथ से मोर (जो ठप्पे से कट गया है) को कुछ चुगा रही है। बांया हाथ सनाल कमल लिये कटि पर अवलम्बित है। मोर के ठीक ऊपर चिह्न विद्यमान है। इसी ओर अर्ध-वर्तुलाकार अस्पष्ट लेख 'कुमारगुप्तोधिराजा' उल्लेखनीय है।

CC-0. Bhagavad Ramanuja Nation...

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

[६] खड्गनिहन्ता प्रकार [पं० सं० १०४४०; भार ८.०७ ग्रा०]—

कुमारगुप्त प्रथम की यह मुद्रा उसकी आखेटप्रियता की प्रतीक है। इतने छोटे ठप्पे में इतना बड़ा दृश्य भरना इस युग के मुद्रा कलाकार की निपुणता का द्योतक है। यह मुद्रा इस राजा के दुर्लभ प्रकारों में कही जाती है।बयानानिधि से इस प्रकार के चार सिक्के प्राप्त हुए थे जिसमें से एक आजकल भारत कला भवन में है[४३] प्रस्तुत सिक्का लखनऊ संग्रहालय के लिए १९४८ में खरीदा गया था।[४३]

फलक स्थित सिक्के का परिचय निम्न है— (फलक ४, ३)

पुरोभाग : दक्षिणाभिमुख अश्वारूढ़ राजा (स्पष्ट नहीं है) नीचे गैंडे को मारने के लिए प्रयत्नशील हैं। गैंडा पूंछ उठाये और मुंह फैलाये प्रत्याक्रमण के लिए गतिशील दीखता है। अश्व उससे डर कर अपना मुंह ऊपर उठाये जान पड़ता है। गैंडे का चित्रण सजीवता से हुआ है। दाहिनी ओर अस्पष्ट एवं अधूरा लेख 'भर्त्ता खड्ग त्राता·····।'

पृष्ठभाग : मकरवाहिनी गंगा द्विभंग[४४] मुद्रा में वामाभिमुख खड़ी है। आभूषण तो स्पष्ट हैं पर अधोवस्त्र[४५] या तो पारदर्शी है या फिर लँहगे की नीवि खुली हुई है जिससे उसका अधोभाग अनावृत है, पैरों की मांसलता से भी इसका अनुमान लगाया जा सकता है। मकर के नथुने से सनाल कमल निकलता हुआ दिखलाई पड़ता है जो कि देवी को भेंट प्रदान करता हुआ सा लगता है। दाहिना हाथ सामने की ओर सीधा निकलता हुआ, उँगलियों से किसी चीज को संकेत करता है।[४६] बांया हाथ सीधा नीचे लटक रहा है। इसी ओर छत्रधारिणी स्त्री का अंकन है जो छत्र को देवी के सिर के ऊपर रखने के प्रयास में थोड़ा दाहिने झुक सी गई प्रतीत होती है। नारी का वक्ष स्पष्ट है। बांयी ओर अर्धवर्तुल में लेख 'श्री महेन्द्र खड्गः' द्रष्टव्य है।

[७] मयूर [कार्तिकेय] प्रकार [पं० सं० ११५८४; भार ८.०५ ग्रा०]—

गुप्त मुद्रा कला को कुमारगुप्त की यह एक अभिनव देन है। सम्भवतः परम्परागत देव सेनापति कार्तिकेय (कुमार) के प्रति अपनी सत्यनिष्ठा[४६] को प्रदर्शित करते हुए उसने इसका निर्माण कराया। डा० अल्टेकर पृष्ठभाग के कार्तिकेय के अंकन के आधार पर इसे कार्त्तिकेय प्रकार कहते हैं, परन्तु डा० गुप्त इसे गुप्त मुद्राओं की चित्रांकन परम्परा को निर्धारित करते हुए मयूर प्रकार कहना उपयुक्त समझते हैं।[४७] स्मिथ महोदय ने भी इसके लिए यही नामाभिधान प्रयुक्त किया था। यह नाम अधिक तर्कसंगत प्रतीत होता है।

फलक स्थित सिक्के का वर्णन निम्नवत् है— (फलक ४, ४)

पुरोभाग :—प्रभामण्डल एवं आभूषण युक्त, धोती पहने, नग्नबदन राजा की शरीर रचना बहुत सुन्दर बन पड़ी है। वामाभिमुख राजा का दाहिना हाथ कोहनी के ऊपर मुड़ा हुआ कुछ लिए हुए है और सामने नृत्य करते मोर को देख रहा है। बांया हाथ कमर पर है। सम्पूर्ण दृश्य कला का उत्कृष्ट नमूना है। वर्तुलाकार लेख ठप्पे से बाहर चला गया है।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

पृष्ठभाग : आभूषण युक्त, नग्नबदन कार्तिकेय, नृत्यरत मयूर पर आसीन हैं। दाहिना हाथ अभयमुद्रा में है और बांये हाथ में शक्ति (भाला) लिये हुए हैं, जो बांये कन्धे पर टिकी है। मोर एक वेदी पर खड़ा चित्रित है। दृश्य बहुत ही मनोरम है। दाहिनी ओर अस्पष्ट लेख है।

[८] अश्वमेध प्रकार [पं० सं० १०५६१; भार ८.१० ग्रा०]—

कुमारगुप्त के ये सिक्के दुष्प्राप्य हैं[४८], साहित्य में उसके अश्वमेध करने का कहीं उल्लेख नहीं मिलता, परन्तु इन सिक्कों का साक्ष्य यह सिद्ध करता है कि उसने 'अश्वमेध' यज्ञ किया था। कला की दृष्टि से ये सिक्के इसके पितामह (समुद्रगुप्त) के अश्वमेध प्रकार के सिक्कों से निम्न कोटि के हैं। यद्यपि घोड़े की साज-सज्जा का बड़ा ध्यान रखा गया है। फिर भी समुद्रगुप्त के नंगे अश्व की तुलना में ये पीछे हैं। पृष्ठभाग पर देवी की आकृति स्थूल एवं अनावश्यक झुकी हुई चित्रित है।

फलक स्थित सिक्का निम्नवत् है— (फलक ४, ५)

पुरोभाग : दक्षिणाभिमुख, सुसज्जित अश्व की पूंछ तथा सिर ठप्पे से बाहर चले गये हैं और यज्ञ यूप (स्तम्भ) का निचला भाग उसके मुँह के नीचे स्थित है। यूप से बँधी पताका का कुछ भाग घोड़े के ऊपर उड़ता दिखाई दे रहा है। वर्तुलाकार लेख ठप्पे से बाहर चला गया है। केवल कुछ अस्पष्ट अक्षर घोड़े के पेट के नीचे देखे जा सकते हैं।

पृष्ठभाग : बिन्दु वर्तुल में प्रभामण्डला देवी (विजया)[४९] वामाभिमुख, दाहिने हाथ से चामर पकड़े हैं जो उनके दाहिने कन्धे पर टिकी है, बांया हाथ नीचे लटकता हुआ पट्ट लिये है। देवी के सम्मुख पताका युक्त शक्ति विद्यमान है। दांयी ओर अर्धवर्तुल में अस्पष्ट लेख 'श्री अश्वमेध महेन्द्रः' द्रष्टव्य है।

[९] अप्रतिघ प्रकार [पं० सं० ११४०३; भार ७.८४ ग्रा०]—

यह कुमारगुप्त की सर्वथा नवीन मुद्रा है, जिसके रहस्य और सार्थकता को लेकर विद्वानों में गहरा मत-भेद है। इसके पुरोभाग की तीन आकृतियों में बीच की पुरुषाकृति है, पर उसके दांये और बांये आकृतियों की अभी तक कोई सर्वमान्य पहचान नहीं हो सकी है। हार्न ले महोदय मध्याकृति को बुद्ध का चित्रण मानते हैं और पार्श्व आकृतियों से उनकी उपासिकायें।[५०] प्रो० मिराशी का कहना है कि मध्य में साधु खड़ा है और दोनों पार्श्वों में क्रमशः राजा-रानी।[५१] मजूमदार महोदय के अनुसार बीच की आकृति शिव की है और उनके बगल में नन्दी (मानवरूप) और पार्वती का चित्रण है।[५२] स्मिथ महोदय बीच की आकृति को राजा और पार्श्व चित्रणों को उनकी दो रानियां मानते हैं।[५३] अॅलन महोदय इस पूरे चित्र को ही भारतीय परिवेश का नहीं मानते।[५४] अल्टेकर महोदय मध्याकृति को कुमारगुप्त तथा पार्श्व आकृतियों को क्रमशः सेनापति और रानी का चित्रण मानते हैं। उनका सुझाव है कि राजा सन्यास के लिए तत्पर है। उसके इस प्रण को त्यागने के लिये उसकी रानी और सेनापति उसे राजी करने का प्रयास कर रहे हैं। पृष्ठभाग का लेख 'अप्रतिघ' भी इसकी पुष्टि कर रहा है।[५५]

CC-0. Bhagavad Ramanuja Nation LD

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

डा० डी० सी० सरकार भी मध्याकृति को कुमारगुप्त और पार्श्व आकृतियों को उसके दैवी शुभचिन्तक मानते हैं।[16] अब प्रायः मध्याकृति को कुमारगुप्त माना जाता है जिसकी पुष्टि भी पुरोभाग के 'कुमार' लेख से हो जाती है। सिक्के का पूर्ण रहस्य पुरोभाग के वर्तुलाकार लेख को स्पष्ट पढ़ लेने के बाद ही प्रकाश में आ सकता है।

फलक स्थित सिक्के का वर्णन निम्नवत् है— (फलक ४, ६)

पुरोभाग : उष्णीश युक्त कुमारगुप्त हाथ जोड़े मध्य में खड़ा है। उसके दाहिनी ओर की पुरुषाकृति का दाहिना हाथ उसे इंगित करता हुआ उठा है और उसके बांयी ओर की नारी आकृति का बांया हाथ कमर पर है तथा दाहिने उठे हाथ से कुछ समझाने का प्रयास कर रही है। ऊपर बांये राजा और पुरुषाकृति के बीच गरुड़ध्वज तथा दांये राजा और नारी आकृति के मध्य अर्धचन्द्र स्पष्ट है। दांयी ओर नारी और राजा के पैरों के मध्य 'कुमार' तथा बांयी ओर पुरुष और राजा के मध्य पैरों के मध्य 'गुप्त' लिखा है। वर्तुलाकार लेख बोधगम्य नहीं है।

पृष्ठभाग : भव्य लक्ष्मी का साक्षात् चित्रण यहाँ दर्शनीय है। जल से निकले शतदल कमल पर प्रभामण्डला, वस्त्राभूषणा देवी पद्मासन लगाये विराजमान है। सिर पर उष्णीश है। दाहिना हाथ अभयमुद्रा में ऊपर उठा हुआ सनाल कमल युक्त है। बांया हाथ कट्यावलम्बित है। बांयी ओर हाथ की सीध में चिह्न तथा दाहिनी ओर गर्दन के पास अर्धचन्द्र और अर्धवर्तुल लेख 'अप्रतिघ' विद्यमान है।

स्कन्दगुप्त

गुप्तों की उन्नत मुद्रा कला में यहाँ से ह्रास का युग प्रारम्भ होता है। इसका एक कारण तो यह मालूम पड़ता है कि स्कन्दगुप्त ने बड़े ही नाजुक दौर में गुप्त शासन की बागडोर सम्भाली थी। उसके भीतरी और जूनागढ़ के अभिलेखों[17] से पता चलता है कि कुमारगुप्त के अन्तिम शासन में पुष्यमित्रों, शकों और हूणों के आक्रमण से गुप्त साम्राज्य की नींव हिल गयी और किस प्रकार उसने एक वीर सपूत की भाँति तीन रात निरन्तर धरती पर सोकर गुप्त-राजकुल की प्रतिष्ठा बचायी और फिर भी उत्तर-पश्चिम का कुछ भाग उसके हाथ से जाता रहा। ऐसे में वह नवीन मुद्राओं के विषय में सोच भा कैसे सकता था। यही बहुत है कि उसने अपने अल्पशासन में पूर्वजों के कुछ मुद्रा प्रकारों—धनुर्धारी, छत्र[18], और अश्वारोही[19] को जारी रख सका। उसके 'राजा और लक्ष्मी' प्रकार की मुद्रा के विषय में आगे चर्चा की जायगी। यहाँ संकलन में उसके दो प्रकार उपलब्ध होते हैं।

[१] धनुर्धारी प्रकार [पं० सं० ७१०४; भार ८.४९ ग्रा०]—

स्कन्दगुप्त द्वारा चलाया गया यह सिक्का उसके पूर्वजों का अनुसरण मात्र है।

फलक स्थित सिक्का निम्नवत् है— (फलक ५, १)

पुरोभाग : वामाभिमुख, प्रभामण्डल युक्त राजा नुकीला कोट, चुस्त पाजामा पहने दाहिने हाथ में बाण और बांये हाथ में धनुष को ऊपर से पकड़े खड़ा है। बांयी भुजा के नीचे 'स्कन्द' और दाहिने हाथ के पीछे गरुड़ध्वज द्रष्टव्य है। वर्तुलाकार लेख ठप्पे से बाहर चला गया है।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

पृष्ठभाग : पूर्ण विकसित कमल पर पद्मासन लगाये प्रभामण्डला, आभूषणा देवी दाहिने हाथ में पाश और सनाल कमल युक्त बांये हाथ को जांघ पर रखे सम्मुख बैठी हैं । बांयी ओर गर्दन की सीध में गुप्त चिह्न के अवशेष और दाहिनी ओर अर्धवर्तुल में स्पष्ट लेख 'श्री स्कन्दगुप्तः' विद्यमान है।

[२] राजा-लक्ष्मी प्रकार [पं० सं० ६९३५; भार ८.६२ ग्रा०]–

इस सिक्के के नामाभिधान को लेकर विद्वानों में मतभेद है। डा० गुप्त इसे 'राजा-रानी' प्रकार मानते हैं।[६०] परन्तु अलन[६१] और अल्टेकर[६२] महोदय इसे 'राजा-लक्ष्मी' प्रकार संज्ञा देते हैं। पुरोभाग के सम्पूर्ण दृश्य[६३] को समग्र रूप से विश्लेपित करने पर इसे 'राजा-लक्ष्मी' नाम से अभिहित करना अधिक समीचीन प्रतीत होता है।

फलक स्थित सिक्का निम्नवत् है— (फलक ५, २)

पुरोभाग : सिक्के में राजा बांये हाथ में बाण और दांये में धनुष लिए, भारतीय वस्त्र-आभूषण धारण किये, नग्न बदन, दक्षिणाभिमुख बांयी ओर खड़ा है। दाहिनी ओर देवी वामाभिमुख, उठे हुए हाथ से कोई चीज[६४] राजा की ओर दिखाते हुए, नीचे लटकते हाथ में लम्बा सनाल कमल लिये खड़ी चित्रित है। राजा वस्तु को ध्यान से देख रहा है। दोनों के मध्य गरुड़ध्वज विराजमान है। वर्तुलाकार लेख के कुछ अक्षर ज य त·····न्वी' (जयति महीतल) स्कन्द गुप्तः सुधन्वी) प्राप्त होते हैं।

पृष्ठभाग : प्रभामण्डला देवी इसी राजा के धनुर्धारी प्रकार के सदृश विराजमान है और दाहिनी ओर का लेख 'श्री स्कन्द गुप्तः' भी ठीक उसी प्रकार है।

स्कन्दगुप्त के उत्तराधिकारी

स्कन्दगुप्त के बाद जो गुप्त राजा आये उनको किसी निश्चित वंशक्रम में अभी तक नहीं रखा जा सका, क्योंकि इस काल का कोई ऐसा ठोस साक्ष्य अभी तक नहीं प्राप्त हुआ जिससे अकाट्य वंशक्रम निर्धारित हो सके। इस सम्बन्ध में प्राप्त लेख भी अलग-अलग राजाओं की सूचना देते हैं। अल्टेकर महोदय इस क्रम को इस प्रकार रखते हैं—पुरुगुप्त, घटोत्कचगुप्त, नरसिंहगुप्त, कुमारगुप्त द्वितीय, बुद्धगुप्त, विष्णुगुप्त और प्रकाशादित्य।[६५] परन्तु डा० गुप्त इस क्रम में पहले कुमारगुप्त द्वितीय और दूसरे बुद्धगुप्त को मानते हैं तथा बुद्ध गुप्त और नरसिंहगुप्त के मध्य वैन्यगुप्त (पुत्र कुमारगुप्त द्वितीय), चन्द्रगुप्त तृतीय[६६], समुद्रगुप्त द्वितीय[६७] और प्रकाशादित्य को रखते हैं। वे इनके क्रम आगे या पीछे होने का सुझाव देते हैं। इसके पश्चात नरसिंहगुप्त के पुत्र कुमारगुप्त तृतीय और उसके पुत्र विष्णुगुप्त ने सम्भवतः अन्तिम गुप्त शासक के रूप में राज्य किया।[६८]

मुद्रा के क्षेत्र में इन राजाओं का कोई नवीन योगदान नहीं है। ये पूर्व गुप्तों के धनुर्धारी प्रकार को ही जीवित रख सके। अपवाद स्वरूप केवल प्रकाशादित्य की 'अश्वारोही सिंहनिहन्ता' मुद्रा का उल्लेख किया जा

CC-0. Bhagavad Ramanuja National P

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

जकता है। इन राजाओं का काल अन्तर और बाह्य द्वन्द का समय था। अतः इस युग में कला और धातु की शुद्धता में निरन्तर ह्रास होता चला गया।

कुमारगुप्त द्वितीय [पं० सं० ११६२७; भार ६.१७ ग्रा०]—

स्कन्दगुप्त के बाद कुमारगुप्त द्वितीय ने शासन सम्भाला। परन्तु स्कन्दगुप्त से इस राजा के क्या सम्बन्ध थे, ज्ञात नहीं है।

फलक स्थित सिक्के का परिचय निम्नवत् है— (फलक ५, ३)

पुरोभाग : राजा स्कन्दगुप्त के धनुर्धारी सिक्के के सदृश खड़ा है। बांयी भुजा के नीचे 'कु' और उसके ऊपर अर्धचन्द्र स्पष्ट दिखाई पड़ता है।

पृष्ठभाग : देवी भी स्कन्द के ही धनुर्धारी के समान चित्रित की गई है। दांयी ओर विरुद के कुछ अक्षर 'क म·····' (क्रमादित्यः) देखे जा सकते हैं।

बुधगुप्त [पं० सं० ११६००; भार ९.३४ ग्रा०]—

बुधगुप्त पुरुगुप्त का पुत्र था, परन्तु डा० गुप्त का कहना है कि सम्भवतः पुरुगुप्त कभी शासक न हो पाया।

फलक स्थित सिक्का इस प्रकार है— (फलक ५, ४)

पुरोभाग : सम्पूर्ण चित्र विकृत सा है। राजा पूर्व सिक्के के ही भाँति दिखाया गया है केवल कमर बन्द गोल छल्ले के रूप में भिन्न है। बांये भुजा के नीचे के अक्षर पहचानने में कठिनाई है, परन्तु अल्टेकर महोदय इस सिक्के को बुधगुप्त के होने का सुझाव देते हैं।[६९] दाहिनी ओर वर्तुलाकार लेख (परहितकारी राजा जयति दिवं श्री बुधगुप्त विक्रमादित्यः) के कुछ अक्षर प्राप्त होते हैं।

पृष्ठभाग : पूर्व सिक्के की ही तरह है, परन्तु देवी की आकृति पूर्णतयः विकृत है। दाहिने हाथ का पाश ठप्पे से बाहर चला गया है। दांयीं ओर अस्पष्ट अक्षरों वाला लेख 'श्री विक्रमः' विद्यमान है।

समुद्रगुप्त द्वितीय [पं० सं० ११४०२; भार ८.७८ ग्रा०]—

संग्रहालय संकलन[७०] में सुरक्षित इस सिक्के को डा० गुप्त अब तक प्राप्त एक मात्र मुद्रा मानते हैं। उनके अनुसार इसका भार इतना अधिक है कि इसे पूर्व समुद्रगुप्त का सिक्का (भार ७.३३ ग्रा०) नहीं माना जा सकता। कालक्रम में वह इसे बुधगुप्त के बाद रखते हैं।[७१] परन्तु भार की दृष्टि से इसे कुमार गुप्त द्वितीय (भार ९.१७ ग्रा०) के पहले होना चाहिये, क्योंकि इस काल में प्रायः यह देखने में आता है कि राजाओं के सिक्कों में उत्तरोत्तर भार वृद्धि होती गई है। यह सिक्का यहाँ पर प्रथम बार प्रकाशित हो रहा है।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

फलक स्थित सिक्के का वर्णन इस प्रकार हैं— (फलक ५, ६)

पुरोभाग : राजा कुमारगुप्त द्वितीय के सिक्के की भाँति चित्रित है। दाहिने हाथ के पीछे गरुड़ध्वज है और बांयी भुजा के नीचे 'समुद्र' लेख प्राप्त होता है।

पृष्ठभाग : देवी का चित्रण पूर्व सिक्के की ही तरह है। बांयी ओर सिर की सीध में गुप्त चिह्न के अवशेष मालूम पड़ते हैं। दाहिनी ओर उसकी उपाधि के कुछ अस्पष्ट अक्षर 'प र क ·····' होने की सम्भावना है।

प्रकाशादित्य

इस राजा का नाम अभी तक ज्ञात नहीं था, केवल उसकी 'प्रकाशादित्य' उपाधि से ही उसे जाना जाता था। परन्तु कुछ वर्ष पहले श्री के० एस० शुक्ल ने उन्नाव जिले से प्राप्त 'प्रकाशादित्य' के अश्वारोही सिंहनिहन्ता' सिक्के के पुरोभाग पर 'भानुगुप्त' पढ़ा हैं।[७३] डा० टी० पी० वर्मा इसे एरण अभिलेख का भानुगुप्त मानकर 'प्रकाशादित्य' के पहचान सम्बन्धी विवाद की समाप्ति करते हैं, परन्तु उक्त सिक्के का फोटो बहुत ही अस्पष्ट है[७३] और इसके आधार पर किसी सार्थक निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सकता। साथ ही मूल सिक्के का भी कहीं पता नहीं है जिससे कि स्थिति स्पष्ट हो सके।

अभी तक उसकी उक्त मुद्रा से ही भेड़ा शास्त्री परिचित थे। परन्तु इस काल में सामान्यतया प्रचलित इसकी धनुर्धारी मुद्रा का न मिलना एक असामान्य बात थी। सौभाग्य से इसकी एक धनुर्धारी मुद्रा यहाँ के संकलन[७४] में सुरक्षित है, जो नीचे वर्णित की जा रही हैं।

[१] धनुर्धारी प्रकार [पं० सं० ११६२६; भार० ९.४३ ग्रा०[

फलक स्थित सिक्का इस प्रकार है-- (फलक ६, १)

पुरोभाग : प्रभामण्डल युक्त राजा पूर्व सिक्के की ही भांति चित्रित हुआ है। दांयी ओर वर्तुलाकार लेख के कुछ अस्पष्ट अक्षर 'प र·····' द्रष्टव्य हैं।

पृष्ठभाग : प्रभामण्डला देवी, आभूषणयुक्त, पूर्ववत् चित्रित की गई हैं। ऊपर बांयी ओर चिह्न स्पष्ट है और दाहिनी ओर लेख 'श्री प्रकाश·····' प्राप्त होता है।

[२] अश्वारोही सिंहनिहन्ता प्रकार [पं० सं० ६३६४; भार ९.३५ ग्रा०]-

परवर्ती गुप्तकाल में ऐसी मौलिक मुद्रा देखने को नहीं मिलती। सम्भवतः यह कुमारगुप्त प्रथम के 'खड्ग निहन्ता' का नया स्वरूप है जिसमें अश्वारोही द्वारा तलवार से गैंडे के स्थान पर सिंह का शिकार किया जा रहा है।[७५] पूरा दृश्य अत्यन्त रोचक अभिव्यक्ति के साथ है। एक बात जो इस सन्दर्भ में विशेष उल्लेखनीय है, वह है गुप्तों के अवनति काल में भी विशुद्ध[७६] सोने के सिक्के का चलाया जाना।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

फलक स्थित सिक्का निम्नवत् है—

(फलक ६, २)

पुरोभाग : टोपी पहने, अश्वारोही राजा सिंह को मारने के लिए नीचे की ओर किंचित झुका हुआ है और पीछे गिरते हुए सिंह के मुंह में तलवार घुसी हुई सी प्रतीत होती है। वर्तुलाकार लेख के कुछ अस्पष्ट अक्षर बांयी ओर घोड़े और राजा के सिर के मध्य देखे जा सकते हैं।

पृष्ठभाग : देवी का चित्रण पूर्ववत् है। दाहिनी ओर अधूरा लेख 'श्री प्रकाशा:.....' (श्री प्रकाशादित्य:) द्रष्टव्य है।

नरसिंहगुप्त [पं० सं० १००६८; भार ६.४७ ग्रा०]–

पुरुगुप्त के तीन पुत्रों में से एक था। बुधगुप्त का उल्लेख हम पूर्व पृष्ठों में कर चुके हैं और तीसरा पुत्र वैन्यगुप्त माना जाता है।[७७]

फलक स्थित सिक्का इस प्रकार है—

(फलक ५, ५)

पुरोभाग : प्रभामण्डलयुक्त राजा, पूर्व धनुर्धारी सिक्कों की तरह चित्रित है; बांयी भुजा के नीचे 'न र' तथा दोनों पैरों के मध्य 'ग्रे' लिखा है। वर्तुलाकार लेख अस्पष्ट है।

पृष्ठभाग : पूर्व सिक्के की तरह देवी दिखाई गई है, परन्तु उसकी आकृति यहाँ स्थूल है। सिर पर केशों का जूड़ा देखा जा सकता है। दाहिनी ओर का लेख बिल्कुल अस्पष्ट है।

विष्णुगुप्त [पं० सं० ११४०१; भार ६.५४ ग्रा०, हैमिल्टन संग्रह:]–

संभवत: गुप्तवंश के अंतिम शासक के रूप में यह कुमारगुप्त तृतीय का पुत्र था।[७८]

फलक स्थित सिक्का निम्नवत् है—

(फलक ६, ३)

पुरोभाग : राजा पूर्व धनुर्धारी सिक्कों की तरह चित्रित है। राजा के शरीर को हृष्ट-पुष्ट दिखाने का प्रयास किया गया है। गरुड़ध्वज स्पष्ट नहीं है। राजा की बांयी भुजा के नीचे 'विष्णु' लेख प्राप्त होता है, वर्तुलाकार लेख ठप्पे से बाहर चला गया है।

पृष्ठभाग : देवी पूर्व सिक्के की तरह प्रदर्शित की गई हैं। लेख बिल्कुल स्पष्ट नहीं है। सम्पूर्ण अंकन धुँधला सा है।

गुप्तों की मुद्रा अनुकृतियाँ

गुप्त राजाओं का काल भारतीय संस्कृति में एक आदर्श युग था। विशेष कर मुद्राक्षेत्र में उन्होंने जो प्रभुत्व स्थापित किया, वह भावी राजवंशों[७९] के लिए एक उदाहरण बन कर रह गया। गुप्तोत्तर अनेक राजाओं

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

ने उनके सिक्कों के अनुकरण पर अपने सिक्के बनवाये, परन्तु इन सिक्कों को देखने से ज्ञात होता है कि इन पर बनी आकृतियाँ, चिह्न आदि कितने विकृत होते गये हैं।

इनके बाद के समीपवर्ती राजाओं में जिनके अनुकृति सिक्के हमें प्राप्त होते हैं, वे है—भीमराज, हरिगुप्त, जयगुप्त, वीरसेन, जयनाग, समाचारदेव और शशांक आदि।[८०] वीरसेन[८१] की एक मुद्रा यहाँ के संकलन[८२] में भी है।

इनके अतिरिक्त पूर्वी बंगाल (वर्तमान बांग्लादेश)[८३] से बहुतायत संख्या में ऐसे सिक्के पाये गये हैं जो गुप्तों की बहुत ही भद्दी अनुकृति कहे जा सकते हैं। ऐसा ही एक सिक्का पहली बार श्री पी० के० भट्टाचार्य को पश्चिमी बंगाल से मिला है।[८४] इन सिक्कों के मुख भाग पर साधारणतया धनुष-बाण लिए राजा की आकृति और एक ध्वज[८५] प्राप्त होता है लेख के रूप में कभी-कभी 'श्री'[८६] मिलता है।

संकलन स्थित सिक्के[८७] का वर्णन इस प्रकार है-- (फलक ६, ४)

पुरोभाग : मोटे बिन्दुओं के वर्तुल में प्रभामण्डलयुक्त राजा दाहिने हाथ में बाण और बांये में धनुष लिए खड़ा है। दाहिने हाथ के पीछे शंखध्वज है। बांयी ओर शंखध्वज और राजा के सिर के मध्य 'श्री' लिखा है। बांयी भुजा के नीचे 'श्री' लिखा मालूम पड़ता है। राजा के पैर की अँगुलियाँ फैली-फैली दिखायी गई हैं।
पृष्ठभाग : नारी आकृति देवी रूप में बड़ी विकृत है। दक्षिणाभिमुख हाथ में फल[८८] जैसी कोई वस्तु लिए हुए हैं। दांयी ओर लेख के बहुत ही अस्पष्ट अक्षर प्राप्त होते हैं।

BULLETIN OF MUSEUMS & ARCHAEOLOGY IN U.P

अंक : ४५-४६
जून-दिसम्बर १९९०

No. 45-46
June-December 1990

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research ...

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and...

CC-0. Bhaggyad Pa...

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS MoE

संग्रहालय - पुरातत्व पत्रिका

BULLETIN OF MUSEUMS & ARCHÆOLOGY IN U P

अंक ४५-४६
NO. 45-46

जून-दिसम्बर, १९९०
JUNE-DEC. 1990

संग्रहालय पुरातत्व पत्रिका

Bulletin of Museums & Archaeology



राज्य संग्रहालय, लखनऊ

CC-0. Bhagavad Ramanuja Mutt

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

सम्पादक मण्डल

प्रधान सम्पादक	निदेशक, सांस्कृतिक कार्य विभाग, उ० प्र०, लखनऊ
कार्यकारी सम्पादक	निदेशक, राज्य संग्रहालय, लखनऊ
सह सम्पादक	निदेशक राज्य पुरातत्व संगठन, उ० प्र०, लखनऊ
सह सम्पादक	निदेशक, राजकीय संग्रहालय, मथुरा
सह सम्पादक	निदेशक, राजकीय संग्रहालय, अल्मोड़ा
सह सम्पादक	निदेशक, राजकीय संग्रहालय, झांसी
प्रकाशक	सांस्कृतिक कार्य विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ
कार्यालय	राज्य संग्रहालय, लखनऊ–२२६००१ फोन—२३५५४२

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Hertag

सम्पादकीय

यह अत्यन्त हर्ष का विषय है कि संग्रहालय पुरातत्व पत्रिका का अंक ४५-४६ (संयुक्तांक) मान्य विद्वानों के सम्मुख है। यद्यपि इसके प्रकाशन की निश्चित तिथि कुछ अपरिहार्य कारणों से टल चुकी है और पत्रिका अद्यावधि होने में कुछ पिछड़ गयी है, किन्तु अब हम इसके लिये सतत् प्रयासरत हैं कि इस ख्याति प्राप्त पत्रिका को अद्यावधि किया जा सके।

पत्रिका का ध्येय अप्रकाशित शोध सामग्री को प्रकाश में लाना तथा संग्रहालय एवं पुरातत्व के क्षेत्र में चल रहे शोध कार्यों के परीक्षण के लिये विद्वानों के समक्ष प्रस्तुत करना है। जहां तक ध्येय के पहले अंश का सम्बन्ध है, यह निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि इसके पूर्व प्रकाशित उपर्युक्त पत्रिका के अन्य अंकों द्वारा विविध प्रकार की शोध-सामग्री प्रकाश में लाने का प्रयास किया गया है।

वर्तमान शोध पत्रिका में मुद्रण हेतु शोध लेख प्रस्तुत करने के लिये हम उन सभी विद्वानों के आभारी हैं, जिन्होंने अपना शोध पत्र प्रेषित कर पत्रिका के लिये सामग्री उपलब्ध करायी। इस अंक में भारतीय इतिहास, पुरातत्व, प्रतिमा विज्ञान एवं कलाकृतियों का सत्यापन आदि विभिन्न विषयों पर महत्वपूर्ण लेख मुद्रित कराये गये हैं तथापि शोध के उच्चतम स्तर तक पहुंचने में कुछ अधिक समय लगना स्वाभाविक है। इस अंक में कुल २२ शोध पत्र प्रकाशित कराये गये हैं।

सदैव यह प्रयास किया जाता है कि मुद्रण में त्रुटियां न हों फिर भी मुद्रण सम्बन्धी कुछ त्रुटियाँ रह जाना स्वाभाविक है जिसके लिये मुझे खेद है।

प्रस्तुत अंक भारतीय इतिहास, पुरातत्व एवं संग्रहालय परिवार के उद्भट विद्वान् स्वर्गीय प्रो० कृष्णदत्त बाजपेयी जी को सादर समर्पित है। प्रो० बाजपेयी

CC-0. Bhagavad Ramanuja N

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

का मार्गदर्शन सदैव संग्रहालय को समय-समय पर मिलता रहा है किन्तु यह संग्रहालय परिवार का दुर्भाग्य है कि १०, जून, १९९२ को इस महान् विभूति को ईश्वर ने हमारे मध्य से उठा लिया। ईश्वर से हमारी यही प्रार्थना है कि मृतक आत्मा को शान्ति प्रदान करें।

पत्रिका के कलेवर में सदैव यथा सम्भव सुधार करना ही हमारा ध्येय रहता है। हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि पत्रिका का यह वर्तमान अंक भी विद्वानों द्वारा समादृत होगा। यदि किंचित मात्र भी यह पत्रिका शोधार्थियों के लिये सहायक सिद्ध होती है तो हमारा प्रयास सार्थक होगा।

पत्रिका के प्रकाशन में श्री श्यामानन्द उपाध्याय ने प्रकाशन अनुभाग की बहुविध सहायता की है। उनका सहयोग एवं परामर्श सराहनीय है।

आपके नेक सुझावों का स्वागत है।

जितेन्द्र कुमार
कार्यकारी सम्पादक

२८ अक्टूबर, १९९२

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage

CONTENTS

सम्पादकीय		iii
K. D., My Old Friend Now—No More	Dr. B. N. Puri	vii
In Memorium—Prof. K. D. Bajpai		ix
New Horizon of the Gaṅgā Valley Copper Hoard Archaeology	Dr. Maheshwar P. Joshi	1
भीतरगाँव से प्राप्त एक महत्वपूर्ण मृण्मय फलक	श्री आर० सी० अग्रवाल	7
कन्नौज की दो विश्वरूप प्रतिमाएँ	डॉ० नीलकण्ठ पुरुषोत्तम जोशी	9
लंकावतार सूत्र—एक सांस्कृतिक अध्ययन	डॉ० अंगने लाल	13
The Minor Goddess Kumbhāṇḍī and The Devī Kūṣmāṇḍī	Dr. P. K. Agrawala	19
भारतीय संस्कृति	डॉ० देवराज	23
Origin and Antiquity of Intoxicating Drinks in India	Dr. Shyam Manohar Mishra	27
Concept of Jambūdvīpa Jātakas	Dr. U. N. Upadhyaya	33
Temple of Gaurī-Somanātha at Mandhata, Distt. Khandwā, M.P.	Dr. B. L. Nagarch	39
Development of the Brick Temples in Uttar Pradesh	Dr. Amar Singh	47
Excellent Feminine Beauty in the Terracottas	Dr. G. S. Bhadouria	55
लखनऊ संग्रहालय का नव प्राप्त अप्रकाशित मातृका पट्ट	श्री श्यामानन्द उपाध्याय	61
राम ग्राम की पहचान	डॉ० ओम प्रकाश लाल श्रीवास्तव एवं सुमन सिंह	65

CC-0. Bhagavad Ramanuja

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

कल्याणचन्द्र का अठागुली ताम्र पत्र—नवीन खोज	डॉ० विद्याधर एस० नेगी	
The Lysias—Antialkidas Coin	Dr. Prashant Srivastava	71
मत्स्य पुराण में सप्तांग सिद्धान्त और राज्य व्यवस्था	डॉ० एस० के० जायसवाल	81
तुन्ह्वांग में बौद्ध धर्म और संस्कृति	डॉ० श्रीमती यमुना लाल	87
प्रोषितभर्तृका	डॉ० ममता मिश्रा	95
नवीन शैव प्रतिमाएँ	श्री जितेन्द्र कुमार	101
जकसड़ से मिली दशावतार प्रतिमा का विश्लेषण	श्री चन्द्रभान उपाध्याय	107
Physical Verification of the Artifacts in Art and Archaeological Museum	Dr. Bansilal Malla	111
'दीघ निकाय'—एक सांस्कृतिक परिचय	श्रीमती मनोजनी देवी	115
		119

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage

Dr. B.N. Puri
M.A., M. Litt. (Oxon), Phil. (Oxon);
Emeritus Professor

B-58, Sector A
Mahanagar
Lucknow
Pin : 226006

K. D., my old friend—now no more

Krishna Datta Bajpai, affectionately called K.D. by me and some of his close friends, was very close to me. Our friendship could be traced to early forties, when he was Custodian at the Archaeological Section of the Lucknow Museum. A first class M.A. from the Banaras Hindu University with sound grounding in Ancient Indian History and Culture, Krishna Datta made full use of his talents for the few years he spent here before switching over to Mathura Museum as its Curator. It was in November, 1944 that we became very close to each other at Taxila, where we had joined the Archaeological Training Camp of the late Sir Mortimer Wheeler. Incidentally, we were tent-mates and experienced intense cold of December and January, of course with a warm feeling for each other. On return, we no doubt drifted into different directions, I joined the Lucknow University and he continued to be at his old post till promotion. His subsequent promotion to the University of Sagar as Head of the Department in the newly opened Department of Ancient Indian History brought me still closer to him. I had occasion to enjoy his hospitality several times either during my visit to him for lectures and Ph.D. viva as also on other occasions when we travelled together to attend the Indian History Congress sessions.

K.D was widely travelled in India from Kathmandu in Nepal to Kanyakumari in the south and from Gauhati in the east to Gujrat in the west. There was hardly any University which did not encroach upon his time and generosity for selections, or viva and also meetings of courses etc. He was so dependable and eqully reliable. This was equally

CC-0. Bhagavad Ramanuja Nidhi

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

true of his association with the the Archaeological Department of the Government of India as also of the States, and different Museums.

Prof. Bajpai did not spare any branch of Indology from the domain of his research--Epigraphy, Numismatics, Art and Architecture and even Museum-technique, Pre-history and Iconography. He was Sectional President and President of different Societies, an evidence of his popularity and also versatility.

He had not, however, restricted himself to the production of doctorates. He was very prolific and sympathetic to research conducted under his guidance and supervision, or as an examiner. This points to his depth and equally breadth in outlook.

Having attained Parinirvana on June 10, 1992, at Sagar, his place of residence, I can only offer my personal tribute to him, and wish peace to the departed soul.

B.N. Puri

29.10.1992

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

Prof. K. D. Bajpai
(1917—1992)

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage

In Memorium

Prof. K. D. Bajpai

Born—Raipur, Distt. Raebareli (U.P.) 10th December, 1917,

Education at Raebareli, Kanpur and B.H.U., Varanasi.

Died—10th June 1992, at Sagar, (M.P.)

Past Career

(i) Custodian—State Museum, Lucknow, 15.1.44 to 15.4.46.

(ii) Curator—Archaeological Museum, Mathura, 16.4.46 to 7.5.51.

(iii) Archaeological Officer, U.P., Lucknow, 8.5.51 to 31.3.53.

(iv) Curator (Director)—Archaeological Museum, Mathura, 1.4.53 to 17.9.58.

(v) Head of the Department of Ancient Indian History, Culture & Archaeology, University of Sagar from 18.9.58 till his retirement in 1977.

(vi) Tagore Professor & Head of the Department with effect from September 1, 1963.

(vii) Dean, Faculty of Arts (1966-68).

(viii) Senior Professor, February, 1973 to December, 1977.

(ix) Visiting Professor, University of Sagar, 14.12.77 to 13.12.78.

Knowledge of Languages

English, Hindi, Sanskrit, Pāli and Prākrit.

Research Guidance

Under his supervision Fifty Six (56) students of the Universities of Sagar, Bhopal, Rewa, Agra and Kanpur have obtained Ph.D. degree. Three candidates under his guidance have got D. Lit. degree.

CC-0. Bhagavad Ramanuja

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

Fields of Specialization

(1) Ancient Indian History from 6th cent. B.C. to c. 600 A.D.
(2) Numismatics (from the earliest times to the Gupta Period).
(3) Ancient Indian Art and Architecture.
(4) Proto-historic Archaeology.
(5) Historical Geography of India.
(6) Epigraphy (Ancient period).

Particulars of Honours Achieved

1. President of the *South-East Asia* and *History* sections of the All India Oriental Conference (twice 1958 & 1971).
2. President, Numismatic Society of India (1967).
3. President, All India History Congress (Ancient India, 1971).
4. Ex-Member of Central Board of Archaeology and its Standing Committee, Government of India.
5. Member of Advisory Board of Archaeology, Madhya Pradesh.
6. Ex. Member, Hindi Terminology Commission, Government of India.
7. Member of Academic Bodies of several Universities and Institutes of the Country.
8. President, Epigraphical Society of India (1979).
9. Chairman, Numismatic Society of India (1973-77).
10. President, Indian Archaeological Society (1979-80).
11. President; Indian History & Culture Society (1980).
12. Chairman, Epigraphical Society of India (Since 1980).
13. Member, Council of Indian Historical Research (Since 1978).

Publications/Books/Articles

1. Thirty-six (36) books on History, Culture & Archaeology.
2. Over 800 research papers.

Awards, etc.

1. Obtained Dayaram Sahni Gold Medal for standing first class first in the subject at the M.A. examination of B.H.U., 1942.

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

2. Obtained prizes from Government of U.P., Bihar and several learned bodies in the country on outstanding publications.

3. Obtained Nelson Wright Medal from the Numismatic Society of India for his special contribution in Numismatics.

4. Obtained R.P. Chanda Medal from the Asiatic Society for his outstanding work on Archaeology in Madhya Pradesh.

5. Selected by Government of India as Visiting Professor for the Buddhist University, Cambodia.

6. Had been honoured by the Numismatic Society of India as its Hon. Fellow.

7. Was offered Visiting Professorship in Archaeology by Central Government at the University of Kabul, Afghanistan.

8. The Punjab University, Chandigarh had recently offered him Visiting Professorship in Ancient Indian History.

9. Ex-Editor, Research Bulletin of Ancient Indian History & Archaeology, University of Sagar.

10. Ex-Editor, Journal of M.P. Historical Society.

11. Chief Editor of Prāchya Pratibhā, Bhopal.

12. Editor-cum-Supervisor, Hindi Translation Scheme, Government of India (1965-71).

13. Excavations at *four* major sites of Madhya Pradesh, *viz.*, Eran, Tripuri, Tumain and Malhar and explorations in major parts of Madhya Pradesh had been conducted under his direction and supervision.

14. Delivered UGC and other special lectures in about twenty Universities in India and also in Nepal.

15. Set up Hari Singh Gour Archaeological Museum attached to the Department. The Museum has been recognised by the Central and State Governments.

16. Organised All-India Seminars on Buddhism and Jainism during the Centenary Celebrations. Other Symposia were also arranged from time to time.

17. Served as Editor of the series of publication 'CULTURAL HISTORY OF INDIA'.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

18. Advisor of the project 'ENCYCLOPAEDIA OF INDIA : HISTORY AND CULTURE'.

19. Was honoured by the Nava Nālandā Mahāvihāra for his contribution to Buddhist Studies.

20. Member, Indian Council of Historical Research.

21. Member, Advisory Board, National Museum, New Delhi.

Compiler
S. N. Upadhayaya

State Museum, Lucknow

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

NEW HORIZON OF THE GAṄGĀ VALLEY COPPER HOARD ARCHAEOLOGY

Maheshwar P. Joshi

INTRODUCTION

Copper artefacts belonging to various chalcolithic cultures in India may be divided into three categories, namely :

1. Pre-Harappan cultures.
2. Harappan culture.
3. Non-Harappan cultures.

Among these three, the first two are interconnected and their origin is ascribed to the foreign elements from the west (Agrawal 1971 : ch. 4). In the third category we have all those non-Harappan cultures which are either somewhat contemporary or else later contemporary with the Harappan cultures, notably, Ganeshwar, Ahar, Malwa, Jorwe and the Copper Hoards of the Gaṅgā Valley. It is not yet clear whether the non-Harappan chalcolithic cultures owe their origin to the Harappans or else any other source. However, technologically the Copper Hoards of the Gaṅgā Valley enjoy a unique position, and there is a strong probability of their independent origin (cf. Lal 1951 : 24-25, 37; Agrawal 1971 : 205; Yule 1985 : 5). It is generally believed that the Chota Nagpur region in the east and the Rajasthan area in the west were the sources of the Copper Hoards (Lal 1951 : 25; Agrawal : 1971 : 202 f; Yule 1985 : 99). Till recently it was believed that the Gaṅgā Valley Copper Hoard culture was "concentrated in the Gaṅgā–Yamuna doab, eastern Chota Nagpur region, in southern Haryana-northern Rajasthan and at scattered sites in Madhya Pradesh" (Yule : 1985 : 95). However,

Dr. M. P. Joshi, Head of Deptt. of History Kumaon University Campus, Almora.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

recent discoveries of nine copper Anthropomorphs in Kumaon (U. P. Himalayas) adds new horizon to the Copper Hoard archaeology of the Gangā Valley.

ANTHROPOMORPHS FROM KUMAON

Haldwani-Almora figure (pl. I, fig. 1) : In 1986 a local journalist reported (*Amar Ujala*, May 8, 1986, Bareilly) presence of a copper Anthropomorph at Haldwani (district Nainital, U. P. Himalayas). Its owner Sri Sivaraj Saran Agrawal informed me that he purchased this artefact from one of the native villagers near Almora in 1940s when the former was running a metal workshop at almora town (district Almora, U. P. Himalayas). The Haldwani-Almora Anthropomorph measures 37.5 cm high and 34 cm wide at the extreme ends, and weighs approximately 5 kg. Its 'arms' are coiled and the length of the elongated 'feet' is almost equal to that of the body. Its 'head' portion is provided with a canopy like projection having "prominent ridge" on both sides "outlining the 'head' ". Though massive yet it has a slender look. There is plasticity in its execution. It displays high quality metalwork. While tracing the evolution of the copper Anthropomorphs, elsewhere, I have classified these figures into four basic types morphologically- (Joshi : forthcoming=a). The Haldwani-Almora type falls under type IV. It is similar to three anthropomorphic figures from Sheorajpur (figs. 2, 3, 4) and one each from Bisauli (fig 5) and Chandausi (fig. 6). All of these figures are cast in mould and then beaten out into the required shape.

Bankot figures (pl. II, fig. 7) : Tho Bankot figures were discovered by the author in March 1989 (Joshi : forthcoming *IAR*). These anthropomorphs were picked up by the local labourers from a rocky mountain slope at Bankot (district Pithoragarh, U. P. Himalayas). So far eight of them are known although villagers believe that there were a few more figures which the labourers seem to have disposed off as copper scrap. Of the eight figure two are in fragments.

The Bankot figures weigh between 2.5 kg and 3.5 kg including the fragmentary ones. However, the average weight of a fully intact figure is 3.25 kg. These figures have an elliptical 'head' like upper portion with straight out-stretched semi-cylindrical 'arm' like projections. The 'head' portion appears to have been provided with a cutting edge. The lower part of the figures has a slightly concave base with two cone like 'feet' projected in very low profile. These figures measure approximately 22 cm in height/ length, 29 cm in width/breadth, and 2 cm in thickness at the extreme ends.

The Bankot Anthropomorphs are cast in a tray like single open mould, as is evident from the flat surface on one face. Apparently the molten metal was poured into the open tray like mould and left to atmospheric cooling, hence wrinkled casting skin. No

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

beating has been done after casting as a result of which the entire body, including the core, is porous. In all probability. these artifacts were left unfinished. Morphologically the Bankot figures are similar to the Kiratpur (district Bulandshahar, U. P. fig. 8) which appears to be a smaller and lighter version of the Bankot figures. However, the 'arms' and the 'feet' of the Kiratpur figure are longer than those of the Bankot figures. According to the author's classification the Bankot and the Kiratpur figures fall in type I of the copper Anthropomorphs.

METALLURGY

Preliminary metal analysis of the Bankot Anthropomorphs carried out by Ms Manju Pant, Chemist, G. B. Pant Government Museum Almora, suggests 98% contents of copper, 1.22% of iron, and traces of arsenic[1]. This high percentage of copper suggests that no attempt at alloying were made. Presence of arsenic and iron seems to originate from the natural copper ore itself as impurities. However, words of precaution must be added while studying pre-protohistorical metallurgy of Indian artefacts specially when there are "cases in which different test figures from different scholars exist for the same piece" (Yule 1985 : 99). Since Bankot is situated in close proximity of the local copper mines, there is hardly any doubt that these figures were made from the local mines (Joshi : forthcoming–b).

IDENTIFICATION OF THE ANTHROPOMORPHS

The anthropomorphic figures have been variously identified as religious (Smith 1905 : 238) or cultic (Yule 1985 : 105) objects, anthropomorphic representation of ancestors (Gupta 1963 : 150), or deities like Sani (Dikshit 1968; Shukla 1980; R. C. Agrawal 1984) and *Śrī-vatsa* P. K. Agrawal 1967-68), weapons such as *vajra* (Despande 1969 : 81), Vedic–*vajra* (Das Gupta 1975) or missile with boomerang like property (Agrawal 1971 : 200) and multipurpose tool (Pant 1989 : 351). Alchins (1968 : 204; 1983 : 256) take these figures for a type of axe (*paraśu*) and add :

> "They bear some resemblance to 'anthropomorphic' sacrificial axes of iron and steel used by Santals and other tribal people of Chota Nagpur, but their actual function was more probably as some kind of ritual figures" (Alchins 1983 : 256).

I have elsewhere suggested (Joshi 1990 : 15) that the Anthroporph is a ritual axe and represents the earliest example of a personified axe. I have also discussed at length as to how a common celt transformed into an anthropomorphic figure in a separate study (Joshi : forthcoming–a). In ancient Indian literature celt/axe is termed as

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

paraśu. Therefore, I propose to identify this figure as *paraśu*-purusha (axe personified). I further venture to add here the mythology of brahmin Paraśu Rāma (Rāma—the wielder of *paraśu*) who in the pursuit of vanquishing the kshatriyas was humbled by kshatriya Dhanurdhara Rāma (Rāma—the archer) (Pargiter 1922 : 199-200). In connection to this it is significant to note that the implements found in the Copper Hoards of the Gaṅgā Valley do not include any noticeable number of arrow-heads. Does it suggest that the weapon of war of the authors of the Gaṅgā Valley Copper Hoards was predominantly axe ? If so, was Paraśu Rāma a generic term ? Did the axe wielders encounter the how wielding kshatriyas (the late Harappans ? or the P.G.W. folks ?) who extended their domain in the Gaṅgā Valley ? If so, in the mythology of Paraśu Rām-Dhanurdhara Rāma encounter can we read an historical event suggesting confrontation and ultimately reconciliation of two warring groups representing two types of technology ? Significantly Paraśu Rāma figures as the progenitor of certain communities in Deccan as well as Assam region—both being marginal areas from the view-point of Vedic culture.

CONCLUDING OBSERVATION

The anthropomorphic figures are the exclusive diagnostic artefacts of the Gaṅgā Valley Copper Hoards. So far some twelve examples of the Anthropomorphs have been reported from all over India (Yule 1985 : 52). With the exception of Manbhum (Bihar), Lothal (Gujrat) and Ambala (Haryana) figures, the remaining nine examples seem to belong to Gaṅgā-Yamuna *doab* in U. P. These twelve examples do not include the Kumaoni figures.

Presence of copper mines in Uttaranchal has been noted by several scholars (Niyogi 1917 : 62-63; Habib 1982 : 32; Agrawal 1971 : 146; Chakrabarti 1987 : etc.), but the source of copper of the Gaṅgā Valley Copper Hoards is believed to have been either Bihar or else Rajasthan (Lal 1951 : 25; Agrawal 1971 : 175, 202), Yule 1985 : 99). It needs to be revised in the light of recent discoveries of Haldwani-Almora and Bankot figures. It is worthwhile to add that the largest number of the anthropomorphs ever found in a hoard comes from Bankot (Kumaon). It follows that Kumaon also contributed to the techno—cultural make up of the Gaṅgā Valley Copper Hoard culture. Significantly, traditional copper working in Uttaranchal is still practised by the local Tamta community who might represent the lineal descendants of the authors of the Gaṅgā Valley Copper Hoards (Joshi 1987 711; 1990 : 14). I reserve this issue for a separate study (Joshi : forthcoming-b).

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Pl. I. Haldwani—Almora
Anthropomorph

Pl. II Bankot, Anthropomorphs

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.



(1) Haldwani—Almora



(2) Sheorajpur



(3) Sheorajpur

(4) Sheorajpur

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and ...



(5) Bisauli

(6) Chandausi



(7) Bankot



(8) Kiratpur

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

REFERENCES

Agrawal, D. P. 1971. *The Copper Bronze Age in India*, New Delhi.

Agrawal, P. K. 1968. "A prehistoric bronze anthropomorph in the Patna Museum and its inentification", *Purattva* 1, 1967-68 : 96-98.

Agrawal, R. C. 1984. "A unique copper anthromorph from heorajpur, Kanpur", *Bulletin of Museums and Archaeology in U. P.*, 33-34 : 9-10.

Alchin, Bridget and Raymond, 1968. *The Birth of Indian Civilization : India and Pakistan before 500 B.C.*, Harmondsworth.

——1983. *The Rise of Civilization in India and Pakistan*, New Delhi.

Amar Ujala. 8 May, 1986. Hindi Daily, Bareilly.

Chakrabarti, Dilip, K. 1987. "The Pre-industrial Mines of India", *Puratattva*, 16 1985-86) : 65-71.

Das Gupta, T. K. 1975. "Der Vajra, einevedische waffe". *Alt-und Neu-Indische Studien.* Seminar für Kultur und Geschichte Indiens an der Universitat Hamburg, 16 : 75-81.

Despande, M. M. 1969. Comments on Krishna Deva's paper, in Sinha, B, P. (ed.). *Potteries in Ancient India*, Patna.

Dikshit, K. N. 1968. "The Copper–Hoard in the light of recent discoveries", *Bulletin of Ancient Indian History and Archaeology*, II : 43-50.

Gupta, S. P. 1963. "Indian Copper Hoards : The problems of homogeneity, stages of development, origin, authorship and dating", *Journal of the Bihar Research Society*, XLIX (i-iv) - 147-66.

Habib, Irfan. 1982. *An Atlas of the Mughal Empire : Political and Economic Maps with Detailed Notes*, New Delhi.

Joshi, Maheshwar P. 1987. "Perspectives in social history of Kumaon" in B. M. Pande and B. D. Chattopadhyaya (eds). *Archaeology and History*, II : 709-26. Delhi.

——1990. *Uttaranchal (Kumaon–Garhwal) Himalaya : An Essay in Historical Anthropology*, Almora.

——Forthcoming—IAR. Report on the discovery of eight copper anthropomorphs. *Indian Archaeology*, 1988-89—*A Review*.

——Forthcoming—a. "The Authropomorphic figures in the Copper Hoard Culture of the Gaṅgā Valley".

——Forthcoming—b. "Copper–Hoards of the Gaṅgā Valley and Copper working in Kumaon Himalayas".

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

Lal, B. B. 1951. "Further Copper Hoards from the Gangetic Basin and a Review of the Problem" in *Ancient India*, 7 : 20-39.

Neogi, Panchanan. 1917. *Copper in Ancient India*. Reprinted 1979, Patna.

Pargiter, F. E. 1922. *Ancient Indian Historical Tradition*, reprinted 1972, Delhi.

Shukla, S. P. 1980. Copper Anthropomorphs : Some observations", paper presented to the Silver Jubilee Year Seminar, A. I. History & Archaeology, Allahabad University.

Smith, V. A. 1905. "The Copper Age and Prehistoric bronze implements of India", *Indian Antiquary*, XXXVI : 53-57.

Yule, P. 1985. *Metal Work of the Bronze Age in India*, München.

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

भीतरगाँव से प्राप्त एक महत्वपूर्ण मृण्यमय फलक

आर० सी० अग्रवाल

भारतीय शिल्प में कृष्ण-बलराम का अंकन शुंगकाल से ही उपलब्ध होता है। शुंगकालीन माथुरी कला की एक महत्वपूर्ण प्रतिमा राज्य संग्रहालय, लखनऊ की शोभा बढ़ा रही है। इस क्षेत्र में बलदेव द्वारा सूत लोमहर्षण अभिव्यक्ति भी उल्लेखनीय है।[1] कतिपय विद्वानों ने इस आशय का प्राचीनतम अंकन सोरपुर (मध्य प्रदेश) के लक्ष्मण मंदिर के द्वार स्तम्भ पर किया जाना माना है।[2] यहाँ आसन पर सूत विराजमान हैं और हल द्वारा अलीढ़मुद्रा स्थित बलराम उन पर प्रहार कर रहे हैं। श्री कृष्ण देव जी ने सीरपुर फलक को ईसा की छठी शती का स्वीकार किया है।[3] भागवत पुराण में तो "कुश", न कि हल, द्वारा प्रहार किए जाने का उल्लेख है। खजुराहो के शिल्पी ने भी इस संदर्भ में एक आकर्षक अंकन चन्देल कला में किया है।[4]

राजस्थान के प्राचीन कलाकार भी इस कथानक को प्रतिहार युगीन कला के माध्यम से प्रस्तुत करने में सफल रहे। जोधपुर जिले में "ओसियां" के प्रख्यात हरिहर मंदिर नं० २ में यह दृश्य अंकित है। धौलपुर (मध्य प्रदेश की सीमा पर चम्बल तट पर) से एक विशाल समकालीन (८वीं शती ईसवी) प्रस्तर शिला मिली थी जो भारत कला भवन, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रतिमा-कक्ष में प्रदर्शित है। यह भी इसी कथानक की पुष्टि करती है।[5] अभी हाल ही में हमें जयपुर दौसा क्षेत्र में "आबानेरी" के प्रख्यात ८वीं शती के हर्षत माता मन्दिर के अध्ययन का अवसर मिला था। यहाँ सभा मण्डप की छत के अन्दर गोलाकार स्थान पर ८वीं शती की कला की एक उत्कीर्ण शिला जड़ी है जिसमें हलधर बलराम अपने शस्त्र द्वारा "सूत लोमहर्षण" से संघर्ष करते हुए दिखाई देते हैं। यहां सूत द्वारा अपना बांया हाथ फैलाकर हल को रोकने का प्रयास किया है। यहाँ बलराम को बड़ी सशंक आलीढ़मुद्रा में प्रस्तुत किया गया है। आबानेरी को विवेच्य शिक्षा-फलक अभी तक अज्ञात एवं अप्रकाशित रहा है।

कुछ वर्ष पूर्व कानपुर जिले के विश्व विख्यात गुप्तकालीन इष्टिका मन्दिर (Brick temple) भीतर गांव के एक मृण्यमय फलक (३१ × ३२ सेन्टीमीटर) को सर्वप्रथम भाई आर० सी० सिंह, तत्कालीन निदेशक उत्तर प्रदेश पुरातत्व संगठन ने अपने शोध लेख में[6] प्रकाशित किया था जहां श्री सिंह द्वारा "कृष्ण के परशु

श्री आर. सी. अग्रवाल, भूतपूर्व निदेशक, पुरातत्व व संग्रहालय विभाग ८/१६२ मालवीय नगर, जयपुर-३०२०१७.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

द्वारा कंस की हत्या" पहचान की गई थी। इसी फलक को कालान्तर में विभाग के निदेशक श्री एम० जहीर, आई० ए० एस०[८] ने पृथक ग्रन्थ में प्रकाशित कर यह टिप्पणी की थी यहाँ सम्भवत: "कंसवध" या "मुष्टिक-चाणूर वध" सन्दर्भ अंकित है तथा कृष्ण तलवार द्वारा प्रहार कर रहे हैं। विवेच्य फलक में दोनों ही विद्वान् "हल" की ठीक पहचान न कर पाए जो सूत की गर्दन के पीछे चिपका सा है। वहाँ बलराम द्वारा सूत-लोमहर्षण का मर्दन किया जाना स्वीकार करना श्रेयस्कर होगा। इस दृष्टि से भीतर गाँव का उस मृण्यमय फलक भारतीय शिल्प में अपने वर्ग का प्राचीनतम प्रदर्शन (५ वीं शती ईसवी) करता है। कला की दृष्टि से तो यह आकर्षक नहीं है परन्तु बलराम कथानक की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यह तो बलराम द्वारा सूत लोमहर्षण पर प्रहार करना बताता है।

संदर्भ

१. भागवत पुराण में इस कथानक का विवरण उपलब्ध है।

२. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की वार्षिक रिपोर्ट, १९०९-१० पृष्ट ११ तथा आगे, चित्र II

३. ललित कला, भारत सरकार, बम्बई, वर्ष ७, १९६९, पृष्ट ८४

४. रामाश्रय अवस्थी, खजुराहो की देव प्रतिमाएं, आगरा, प्लेट ५३

५. देवेन्द्र हाण्डा, ओसियां : हिस्ट्री, आर्कियोलॉजी, आर्ट एण्ड आर्कीटैक्चर, दिल्ली, १९८४, पृष्ठ १२१ पाद टिप्पणी ९५

६. कृष्णदेव जी, ललित कला, ७, पृष्ठ ८४, प्लेट ३१ चित्र संख्या १ : आर० सी० अग्रवाल, छवि-१, भारत कला भवन काशी, चित्र संख्या ३३९

७. पुरातत्व संग्रहालय विभाग उत्तर प्रदेश शासन पत्रिका, राज्य संग्रहालय, लखनऊ वर्ष २, १९६८, पृष्ठ ३५ चित्र संख्या १७

८. एम० जहीर, द टैम्पुल ऑफ भीतर गांव, दिल्ली, १९८१, पृष्ठ ८५, प्लेट ६१

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

बलराम द्वारा सूतलोमहर्षण का मर्दन

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

कन्नौज की दो विश्वरूप प्रतिमाएँ

नीलकण्ठ पुरुषोत्तम जोशी

भारतवर्ष के कई नगरों की भाँति ईसवी सन् की सातवीं से बारहवी शताब्दी के बीच हर्ष, यशोवर्मन, आयुध, प्रतिहार, गहड़वाल तथा चन्देल शासकों के समय कन्नौज भी एक प्रमुख राजधानी एवं कला, विद्या, व्यापार तथा संस्कृति के एक केन्द्र के रूप में उभरता रहा, तथा भाग्य चक्र के उतार चढ़ाव भी देखता रहा। प्रतिहार काल (स० ७८०–९६० ई० स०) में कन्नौज का मूर्तिकला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान रहा है। इस काल की कुछ कलाकृतियाँ अमर और अप्रतिम हैं। इनमें से कतिपय तो समय समय पर विद्वानों द्वारा परखी जा चुकी हैं, पर कई अभी तक विस्मृति के गर्भ में ओझल हैं। इसी वर्ग में कन्नौज के कुतलूपुर—आज का मकरन्द नगर-क्षेत्र में स्थित 'राम-लक्ष्मण मन्दिर' में विद्यमान विश्वरूप विष्णु की दो प्रतिमाओं का भी समावेश होता है, जिनका न तो उचित मूल्यांकन ही हुआ है और न जिन्हें शासन या समाज के द्वारा समुचित सुरक्षा ही प्रदान की गई है। प्रस्तुत लेख में हम इन्हीं दो प्रतिमाओं का विवेचन करेंगे, जिन्हें हम कन्नौज के सुप्रसिद्ध चिकित्सक, स्थानीय पुरातत्व संग्रहालय के प्रमुख आधार स्तम्भ तथा कला पारखी डॉ० गोपालकृष्ण अग्निहोत्री के अकृत्रिम सहयोग से इलाहाबाद के विद्वान डॉ० अशर्फी लाल श्रीवास्तव के साथ अप्रैल १९८७ में भली भाँति देख सकें। इस कृतज्ञता-प्रकाश के बाद विवेच्य विषय की ओर मुड़ें।

बलुए पत्थर से बनीं अष्टभुज विष्णु की विश्वरूप वर्ग की ये दो प्रतिमाएँ आकार व अङ्कन में एक दूसरे से बहुत कुछ मिलती जुलती हैं तथा समय, असुरक्षा और असावधानी की मार सहते हुए भी पर्याप्त रूप से अच्छी अवस्था में हैं। कभी यहाँ तीन मूर्तियाँ थीं, जिन्हें 'राम', 'लक्ष्मण' और 'जानकी' के नामों से पहचानते थे। अब 'जानकी' तो किसी तस्कर रावण के हाथ में पड़ चुकी हैं; केवल बीच वाली मूर्ति 'राम' तथा दाहिनी ओर वाली अर्थात् 'लक्ष्मण' भर बची है। इस लेख में वर्णन की सुविधा के लिये हम भी इन मूर्तियों को 'राम' व 'लक्ष्मण' इन सांकेतिक नामों से सम्बोधित करेंगे। 'राम' आकार में १ मीटर, ७४ × ७८ से०मी० तथा 'लक्ष्मण' १ मीटर, ६३ × ८० सेमी० हैं। दोनों प्रतिमाओं में बहुत थोड़ी विभिन्नताएँ हैं, जिनकी ओर हम यथा स्थान संकेत करते रहेंगे, साधारण वर्णन उभय-सामान्य है।

डॉ० नीलकण्ठ पुरुषोत्तम जोशी, CK 1/13 भोसला मन्दिर, पत्नी टोला, वाराणसी।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

विश्वरूप विष्णु, अष्टभुज एवं बैकुण्ठ विष्णु का विकसित रूप है। महाभारत-हरिवंश-के अनुसार अष्टभुज विष्णु का अवतार कृतयुग में 'तारकामय संग्राम' के समय कालनेमि आदि राक्षसों से युद्ध करने के लिये हुआ था। अष्टभुज विष्णु के उल्लेख ब्रह्मपुराण, पद्मपुराण, बृहत्संहिता आदि ग्रन्थों में भी मिलते हैं। दक्षिण भारत के नागार्जुन कोण्डा नामक स्थान से प्राप्त ईसवी सन् की प्रारम्भिक शताब्दियों में लिखे गये किसी वसुषेण के लेख में 'अष्टभुज स्वामी' का उल्लेख है। तुलनात्मक ढँग से देखें तो अष्टभुज विष्णु के आयुधों में शंख, चक्र व गदा को छोड़कर काफी मतभिन्नता मिलती है। मूर्तिकला के क्षेत्र में ईसवी सन् की प्रारम्भिक शताब्दियों से ही मथुरा की कुषाण कला में अष्टभुज विष्णु के दर्शन होने लगते हैं (मथुरा सं० सं० १५, १०१०, ५ .३५५०)। गुप्तकालीन अष्टभुज विष्णु की अधिक प्रतिमाएँ ज्ञात नहीं हैं, पर उस काल तक पहुँचते पहुँचते एक दूसरे प्रकार की विष्णु प्रतिमा सामने आती है, जिसमें हाथ तो चार ही होते हैं पर सामान्य मुख के अतिरिक्त : गल बगल सिंह और व्रराह के मुख भी दिखलाई पड़ते हैं। 'बैकुण्ठ' नाम से पहचानी जाने वाली इस प्रकार की मूर्तियाँ पहले माथुरी कला में ही दिखलाई पड़ती हैं (उदा० मथुरा सं० सं० डी० २८) बाद में इनका प्रसार अन्यत्र भी हुआ, चौथे मुख के रूप में राक्षस मुख एवं अश्व मुख का संयोजन हुआ तथा वैकुण्ठ की शक्ति की प्रतिमाएँ भी बनने लगीं।

इन्हीं दो प्रकारों का सम्मिलित रूप 'विश्वरूप' है जिसकी नींव कुषाण काल में नहीं तो गुप्तकाल में अवश्य पड़ गई थी। गुप्तकालीन विश्वरूप में विष्णु के सिंह, मानव, वराह ये तीन मुख, आठ हाथ, देवगणों की नन्ही मूर्तियों से भरा प्रभामण्डल तथा उसे बांधने वाली रुद्र मुख-पंक्ति ये विशेषताएँ तो अवश्य ही दृष्टिगोचर होती हैं (मथुरा सं० सं० ४२-४३.२६८६, लखनऊ सं० सं० बी० २२३, जे० ६८३ सी)। इसी काल की आसनस्थ अष्टभुज विश्वरूप की प्रतिमाएँ शामलाजी (गुजरात) से भी मिल चुकी है।[1] इसके बाद की कड़ी कन्नौज की प्रतिहार कला में मिलती है। इसके चार उत्कृष्ट उदाहरण हमें ज्ञात हैं। इनमें से एक तो कई स्थानों पर प्रकाशित हो चुका है।[2] दूसरा नमूना, जिसका केवल ऊपरी भाग ही सुरक्षित है, चित्ररूप में सामने आ गया है।[3] शेष दो में से एक—हमारा सांकेतिक 'राम' भी कम से कम एक बार छप चुका है[4], किन्तु हमारी जानकारी के अनुसार 'लक्ष्मण' अभी तक अप्रकाशित हैं।

प्रतिहार कला के इन दो अमूल्य रत्नों की—मकरन्दनगर के सांकेतिक 'राम' व 'लक्ष्मण' की अधोलिखित विशेषताएँ ध्यान देने योग्य हैं :

(१) हाथों की संख्या तो आठ ही है, पर अब मुख तीन से बढ़कर पाँच हो गये हैं। बीच का तो मानवमुख है; बाँयी ओर सिंह और वराह के मुख तथा दाहिनी ओर कूर्म और मत्स्य का मुख है। मुकुट केवल मध्य मुख अर्थात मानव मस्तक पर ही दिखलाई पड़ता है।

(२) कम से कम सात हाथों में आयुध रहे होंगे, जिनमें से अब केवल गदा, खड्ग, कुण्डलित कमल, ढाल, चक्र भर बचे हैं। बाँयी ओर के खण्डित हाथ में धनुष्य भी था जिसका निचला भाग—धनुष्य-कोटि-अभी बचा है। सातवें हाथ में बाण अवश्य रहा होगा। 'लक्ष्मण' में दाहिनी ओर के चारों हाथ खण्डित हैं और बाँये में से एक कमर पर रखा है। 'राम' का आठवाँ हाथ जो अब खण्डित है, कदाचित कटि विन्यस्त ही रहा हो।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

(३) समपद स्थिति में खड़े 'राम' के दोनों पैरों को त्रिफणा युक्त नागपुरुषों ने अपने हाथों पर थाम रखा है। दोनों पैरों के बीच में पृथ्वी की नमस्कार मुद्रा में आवक्षमूर्ति है। 'लक्ष्मण' संज्ञक मूर्ति में विष्णु के दोनों पैर पृथ्वी के हाथों पर हैं।

(४) विष्णु के वस्त्राभूषण हलके और कलापूर्ण हैं तथा गुप्तकालीन परम्परा का पूर्ण निर्वहन करते हैं।

(५) विष्णु के अगल-बगल में दो स्त्रियाँ कमल को लिये हुए हैं, एक के पास चामर भी है। इन्हें विष्णु की पत्नियां श्रीदेवी व भूदेवी मानना अनुचित नहीं होगा।

(६) दाहिनी ओर की चामर-कमल-धारिणी स्त्री के पीछे आलीढ मुद्रा में एक धनुर्धर पुरुष है। यह अर्जुन है, जिसे भगवदगीता के अनुसार श्रीकृष्ण ने विश्वरूप दर्शन कराया था। इस प्रकार के अर्जुन का अंकन लखनऊ संग्रहालय की विश्वरूप प्रतिमा (लखनऊ सं० सं० एच्० १२४) में भी विद्यमान है।

(७) सन्दर्भगत दोनों प्रतिमाओं की एक और विशेषता है, जो अन्यत्र अपवाद रूप में ही देखी जाती है। वह है पृष्ठ-शिला पर गणेश का अङ्कन। 'राम' में अर्जुन के ठीक दूसरी ओर दक्षिणावर्तशुण्डा वाले द्विभुज गणेश खड़े हैं। 'लक्ष्मण' में प्रभामण्डल के बाह्यखण्ड पर गणेश के दर्शन होते हैं। विष्णु के साथ गणेश का अंकन अटपटा सा लगता है। सामान्यतः वह दिखलाई भी नहीं पड़ता, किन्तु लोक कला में निर्मित तीन छोटे विष्णु-फलकों पर वह विद्यमान है। एक फलक कन्नौज के पुरातत्व संग्रहालय (कन्नौज सं० सं० ७०७) में, दूसरा लखनऊ के संग्रहालय (सं० सं० ६६.१४२) में है। तीसरे के प्राप्ति की सूचना प्रकाशित हो चुकी है जो मेहम, जिला रोहतक हरियाणा से मिला है।

(८) विष्णु के अवतार रूप में बुद्ध का प्रमुखता से अंकन भी इन मूर्तियों की एक विशेषता है। दशावतारों में साधारणतया पृष्ठशिला के एक कोने में नन्हीं सी बुद्ध की आकृति विष्णु मूर्तियों में दिखलाई पड़ती है, किन्तु यहाँ भी प्रतिमा के मस्तक के ऊपर शिव के ठीक बाँयी ओर चीवर संघाटी धारण किये बुद्ध विद्यमान हैं, जिनके दाहिने हाथ में अभयाक्षमाला (अभय मुद्रा के साथ अक्षमाला) तथा बाँये हाथ में वस्त्र का छोर है। इस प्रकार का अंकन, कदाचित हर्ष के समय से जनमानस पर जो बौद्ध प्रभाव चला आ रहा था, उसी का फल हो।

(९) विश्वरूप प्रतिमा के निचले भाग के कोनों में पर्वत कन्दराओं में बैठे दाढ़ी और जटाजूट वाले ऋषियों को दिखलाया गया है जो 'राम' में आसनस्थ और 'लक्ष्मण' में नमस्कार मुद्रा में हैं।

(१०) विश्वरूप के विशाल प्रभामण्डल में देवसमूह का अंकन किया गया है, जिसका क्रम निम्नांकित है।

विष्णु के मस्तक के ठीक ऊपर अभयाक्षमाला और तुंबी लिये द्विभुज शिव और उनके अगल बगल में चषकधारी त्रिफण बलराम और बुद्ध हैं। शिव के ऊपर घट लिये त्रिमुख (चौथा पीछे होनें के कारण ओझल) ब्रह्मा और अगल बगल में परशुराम और राम हैं। ब्रह्मा के ऊपर अभयमुद्रा में घटधारी हयग्रीव विद्यमान हैं।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

यहाँ तक तो 'राम' व 'लक्ष्मण' में पूरी समानता है। बाद के अंकनों में किंचित अन्तर है, यद्यपि मूलतः बात एक ही है।

प्रथम 'लक्ष्मण' को लें। यहाँ हयग्रीव का मस्तक टूटा हुआ है। परशुराम के पीछे अश्वारूढ पताका-हस्त वायु, नर-वाहन नैऋत तथा मेष पर अग्नि हैं। बाँयी ओर धनुष्य-बाण वाले राम के पीछे गजारूढ इन्द्र, महिषारुढ यम तथा खड्ग और पाश लिये वरुण बने हैं।

दाहिनी ओर ऊपर से नीचे दूसरी, तीसरी और चौथी पंक्ति में क्रमशः ३, ५ व २ की संख्या में अभयाक्षमाला और त्रिशूल लिये ग्यारह रुद्र हैं। इसी प्रकार बाँयी ओर दूसरी तीसरी और चौथी पंक्ति में ३, ३, ३ की संख्या में ९ तथा पांचवी पंक्ति में केवल ३ मुख दिखला कर १२ की संख्या पूरी कर ली गई है। ये बारह आदित्य या सूर्य हैं।

'राम' संज्ञक प्रतिमा में प्रथम पंक्ति में दाहिनी ओर अश्वारुढ खड्गधारी वायु, तथा अभयाक्षमाला व व घट लिये दो पुरुष बने हैं। बाँयी ओर गजारूढ इन्द्र, मेषारूढ अग्नि और दण्डधर यम हैं। दाहिनी ओर दूसरी, तीसरी और चौथी पंक्ति में ४, ४, ३ की संख्या में एकादश रुद्र तथा ४, ४, ४ की संख्या में बारह सूर्य हैं।

स्पष्ट है कि इन देव समूहों में रुद्रों और आदित्यों का प्राधान्य है। विष्णु के दश अवतारों में मुखों के माध्यम से मत्स्य, कूर्म वराह और नृसिंह तथा प्रतिमाओं की सहायता से राम, परशुराम, संकर्षण, बुद्ध का अंकन किया गया है। वामन और कल्की की पहचान नहीं हुई।

भारतीय साहित्य में विष्णु द्वारा विश्वरूप एवं विराट् दर्शन के कई उल्लेख आये हैं। कौशल्या, यशोदा, परशुराम, बलि, कौरव सभा के कुछ लोग, काकभुशुण्डी आदि को विभिन्न रूपों में विश्वरूप के दर्शन हुए है; पर उनमें अर्जुन को दिखलाये गये विश्वरूप की गणना मुख्य है। विचाराधीन प्रतिमाओं में भी वही अभिप्रेत है। महाभारत के भीष्मपर्वान्तर्गत भगवद्गीता के ग्यारहवें अध्याय में इसका विस्तृत वर्णन है। वहाँ अन्यान्य देवताओं के साथ रुद्र, आदित्य तथा स्वस्ति वाचन करने वाले ऋषिगणों का भी उल्लेख है। निस्सन्देह प्रतिहार कालीन कलाकारों की छेनियों ने इन दो प्रतिमाओं के माध्यम से महाविष्णु के विराट् वैभव का हृद्य चित्रण किया है।

सन्दर्भ

१. U.P. Shah, *Sculpture from Shamalaji and Roda*, Baroda, 1960, Pls. 48, 50

२. K.M. Munshi, *Saga of Indian Sculpture*, Bombay 1957, Pls. 66; गोपाल कृष्ण अग्निहोत्री, **कन्नौज : पुरातत्व और कला**, कन्नौज, १९८०, फलक ९८

३. अग्निहोत्री, **कन्नौज०**, फलक ९९

४. अग्निहोत्री, **कन्नौज०**, फलक १००

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

१. विष्णु

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

चित्र–२. नागों के हाथों में श्रीचरण

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

चित्र–३. शिव, ब्रह्मा, हयग्रीव तथा बलराम-बुद्ध एवं परशुराम-राम

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

चित्र–४. प्रभा मण्डल, बायीं ओर का भाग

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

चित्र–५. शिव-ब्रह्मा, मस्तक विहीन हयग्रीव, राम-परशुराम

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.



चित्र–६. एकादश रुद्र

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.



चित्र–७. राम के पीछे इन्द्र, यम व वरुण

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

(१) × (२) गदा (३) खड्ग (४) कुण्डलित कमल (५) ढाल (६) चक्र (७) धनुष्य (केवल छोर) (८) शंख (९) चामर-कमल धारिणी (१०) कमल-धारिणी (११) भूदेवी, हाथ जोड़े हुए (१२) नाग (१३) नाग (१४) अर्जुन (१५) ऋषि (१६) ऋषि (१७) उठेघुंघर वाला पुरुष (१८) मत्स्यमुख (१९) कूर्म मुख (२०) सिंह मुख (२१) वराह मुख (२२) शिव (२३) ब्रह्मा (२४) ह्यग्रीव (२५) बलराम (२६) बुद्ध (२७) गणेश (२८) परशुराम (२९) राम (३०) गजारूढ इन्द्र (३१) महिषारूढ यम (३२) वरुण (३३) मेषारूढ अग्नि (३४) नैऋुत (३५) वायु (३६) एकादश रुद्र (३७) द्वादश आदित्य रुद्रमुख पंक्ति

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

लंकावतार सूत्र–एक सांस्कृतिक अध्ययन

अंगने लाल

'लंकावतार सूत्रम्' यद्यपि महायान का उच्च कोटि का दार्शनिक ग्रन्थ है तथापि ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से इसका महत्त्व कम नहीं है। इस ग्रन्थ के तीन संस्करण उपलब्ध हैं। प्रथम संस्करण जिसमें एक लाख गाथाएं हैं, दूसरे संस्करण में छत्तीस हजार गाथाएं हैं जिस पर बोधिसत्व नागार्जुन ने भाष्य लिखा था। तीसरा संस्करण सबसे छोटा है जिसमें मात्र एक हजार गाथाएं हैं। इस संस्करण को "लंकाहृदय" कहा गया है।[1]

लंकावतार सूत्र का रचना काल निर्धारित करना कठिन है। डॉ० सतीश चन्द्र विद्याभूषण का मत है कि लंकावतार सूत्र लगभग ३०० ई० में लिखा गया जबकि डॉ० सुजूको इस ग्रन्थ का एक भाग ४४३ ई० से पहले का मानते हैं परन्तु "धरणी और सगाथकम" अध्यायों को बाद का मानते हैं। डॉ एस० एस० बागची (शीतांशु शेखर बागची) के अनुसार आगम साहित्य के संकलन के बाद ही लंकावतार ग्रन्थ रूप में प्रकाश में आया होगा। इसके साथ ही सभी बातों पर विचार करके वे यह भी कहते हैं कि शायद यह ग्रन्थ प्रथम शताब्दी ई० अथवा उसके पहले संकलित हुआ हो[2]।

चीनी भाषा में लंकावतार-सूत्र के चार अनुवाद हुए हैं। पहला अनुवाद धर्मरक्ष द्वारा ४१२ और ४३३ ई० के मध्य हुआ। दूसरा अनुवाद गुणभद्र द्वारा ४३३ ई० में किया गया। तीसरा अनुवाद बौधिरुचि द्वारा ५१३ ई० में और चौथा अनुवाद शिक्षानन्द द्वारा ७०० और ७०४ ई० के मध्य किया गया था।[3]

इस प्रकार विभिन्न विद्वानों ने प्रथम शताब्दी ई० पू० से लेकर पांचवी शताब्दी के प्रथम चरण तक लंकावतार सूत्र का रचनाकार माना है। चूँकि बोधिसत्व नागार्जुन ने इस ग्रन्थ पर भाष्य लिखा था अतः उनके पूर्व अथवा उनके समय में इस ग्रंथ का अस्तित्व असंदिग्ध है। नागार्जुन सातवाहन शासक यज्ञश्री सातकर्णी अथवा उसके पूर्वगामी के समकालीन तथा उसके धर्म गुरू थे।[4] यज्ञश्री सातकर्णी का शासन काल १६५ ई० से १९५ ई० तक माना जाता है।[5] लंकावतार ग्रंथ नागार्जुन का उल्लेख करते हुए उन्हें दक्षिण का निवासी बताया है।[6] अतः इससे कुछ पूर्व ही लंकावतार सूत्र की रचना हुई होगी। इसका परिवर्धित संस्करण अवश्य गुप्त

डॉ० अंगने लाल, प्रोफेसर प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

साम्राज्य के पतन के बाद हुआ होगा क्योंकि ग्रन्थ गुप्तों का तथा हूणों के आक्रमण का भी दर्शन कराता है। लंकावतार सूत्र के "द्वितीय परिवर्त" में रावण ने तथागत बुद्ध से १०८ प्रश्न पूँछे हैं- जो इतिहास और संस्कृति से सम्बन्धित हैं।

अष्टोत्तरं प्रश्नशतं पृच्छामि यदती वरम्[७]

लंकावतार के दसवें परिवर्त में इतिहास पर प्रकाश डालने वाली एक मात्र गाथा इस प्रकार प्राप्त होती है—

मौर्या नन्दाश्च गुप्ताश्च ततो म्लेच्छा नृपायमा।
म्लेछान्ते शस्त्र संक्षोभः शस्त्रान्ते च कलियुगः ।।[८]

यहाँ पर मौर्यों को नन्दों के पहले बताया गया है जो भ्रमात्मक ही है क्योंकि यह निर्विवाद सिद्ध हो चुका है कि मौर्य राजवंश नन्दों के पश्चात् हुआ और अन्तिम नन्द शासक को मार करके ही नन्द साम्राज्य के ध्वंसावशेषों पर चन्द्रगुप्त मौर्य ने मौर्य साम्राज्य की आधारशिला रखी थी। संस्कृत बौद्ध ग्रन्थ दिव्यावदान में भी इसी प्रकार का ऐतिहासिक विभ्रम पाया जाता है जहाँ बिन्दुसार को नन्द का पुत्र[९] और पुष्यमित्र शुंग को मौर्य वंशी बताया गया है।[१०] यह भी इतिहास वेत्ताओं द्वारा अस्वीकार कर दिया गया है। नन्दों के बाद गुप्तवंश भी आया जैसा कि यह ग्रन्थ उल्लेख करता है। गुप्तों ने कुषाण वंश के पश्चात् साम्राज्य की स्थापना की। यह ज्ञात ही है कि गुप्त सम्राट् कुमार गुप्त प्रथम के शासन के अन्तिम वर्षों में हूणों तथा पुष्यमित्रों के भयंकर आक्रमण होने लगे थे।[११] सम्भवतः उनके साथ युद्ध करते हुए युद्ध भूमि में ही उन्हें वीरगति भी प्राप्त हुई थी।[१२] स्कन्दगुप्त के समय में भी हूणों के भयंकर आक्रमण होने लगे थे। इन्हीं आक्रमणकारी हूँण राजाओं को 'नृपाधमा' कहा गया है। स्कन्दगुप्त ने इन हूंणों (म्लेच्छों) के साथ साहसिक युद्ध किया था। हूणों के आक्रमणों की पुष्टि गुप्तकालीन अभिलेखों से भी होती है।

स्कन्दगुप्त के जूनागढ़ शिलालेख से पता चलता है कि वीर स्कन्दगुप्त ने हूंणों के मान भंग कर दिये थे। (आमूल भग्नदर्पा निर्वचना म्लेच्छ)[१३] ये आक्रमणकारी म्लेच्छ हूंण ही थे, जिनका उल्लेख स्कन्दगुप्त के ही भिटरी प्रस्तर स्तंभ अभिलेख में मिलता है। इस अभिलेख के वर्णन से उनके आक्रमण की प्रचण्डता का स्पष्ट आभास मिल जाता है। उनके आक्रमण से पृथ्वी थर्रा उठी थी। (धरा कम्पिता)[१४] यद्यपि स्कन्द गुप्त से वे पराजित हुए तथापि उन्होंने गुप्त साम्राज्य पर आक्रमण जारी रखे।[१५] और अन्त में अन्य अनेक कारणों के साथ ही म्लेच्छों (हूँणों) ने गुप्त साम्राज्य को पराभूत ही कर दिया।[१६]

लंकावतार सूत्र आगे यह भी बतलाता है कि म्लेच्छों के बाद देश में युद्धों में गिरावट आयेगी (म्लेच्छान्ते शस्त्र संक्षोभः)।[१७] अराजकता और कलह का यह युग राजपूत काल ही प्रतीत होता है। यदि ध्यान से देखा जाए तो मुगल साम्राज्य की स्थापना तक राजनैतिक एकता और सुदृढ़ता का अभाव दिखाई पड़ता है। ग्रन्थ यह भी बतलाता है कि इसके पश्चात् कलियुग का प्रारम्भ होगा। और कलियुग के समाप्त होते-होते सद्धर्म का लोप हो जायेगा।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

कलियुगान्ते लोकेषु सद्धर्मोहि न भावितः।[१८]

इस प्रकार लंकावतार सूत्र नन्द, मौर्य तथा गुप्त साम्राज्यों का उल्लेख तो करता ही है साथ ही म्लेच्छों के आक्रमणों के दुष्परिणामों का भी उल्लेख करता है।

बुद्ध ने स्वयं अपने मुख से कहा है कि मेरे निर्वाण के सौ वर्ष बाद व्यास होंगे जो महाभारत की रचना करेंगे। तत्पश्चात् पाण्डव, कौरव नन्द और मौर्य उत्पन्न होंगे। नन्द, मौर्य और गुप्त वंश के बाद अधम म्लेच्छ शासक होंगे म्लेच्छ शासन के पश्चात् उथल-पुथल होगी। उस उथल-पुथल के पश्चात् कलियुग प्रारम्भ होगा।[१९]

लंकावतार सूत्र केवल गौतम बुद्ध से ही परिचित नहीं है अपितु वह काश्यप ककुच्छन्द तथा कोनाक मुनि नामक पूर्व बुद्धों का भी उल्लेख करता है।[२०] इस प्रकार यह ग्रन्थ बौद्ध धर्म में प्रचलित अट्ठाइस बुद्धों को परम्परा की पुष्टि करता है। अतीत काल से इन्हीं बुद्धो की वन्दना नित्यप्रति की जाती है (ये च बुद्धा अतीता च)।

लंकावतार सूत्र में लंकापुरी का सुन्दर वर्णन प्रस्तुत किया गया है। यह नगरी भाँति-भाँति के रत्नों से विभूषित, रम्य और अलौकिक थी। नगर में शीतल जल वाले सुन्दर सरोवर थे। रत्नों की झालरें सजी हुई थी।[२१] नगर उत्तुंग प्रसादों के शिखरों और नगर उद्यानों से शोभायमान था। अशोक वाटिका (अशोक वानिका)[२२] बहुचर्चित उद्यान था। वास्तव में इससे वास्तुविदों की कुशलता का पता चलता है।

लंकावतार सूत्र से श्री लंका के ऐतिहासिक भूगोल पर भी प्रकाश पड़ता है। लंकामलय[२३] रत्न पर्तत[२४] तथा सुमेरु शृंग[२५] यहाँ के प्रमुख पर्वत थे। लंका मलय पर्वत को श्रेष्ठ पर्वत (गिरिवर)[२६] कहा गया। इसी पर्वत पर आसीन भगवान बुद्ध से राक्षसाधिपति रावण[२७] ने गतिशील और नेत्र प्रदान करने वाले सद्धर्म की याचना की थी।[२८] उस समय लंका में शश, खर, ऊष्ट वाजि (अश्व), विषाण, वच्यापुत्र आदि धर्म प्रचलित थे।[२९] इसीलिए रावण ने धर्माधर्म[३०] को पूँछते हुए अपने धर्म के विषय में पूँछा (धर्मःकतम्)[३१] लंकामलय पर्वत पर ही तथागत ने रावण को सद्धर्म का उपदेश दिया था। यह लंकामलय पर्वत दक्षिणी भारत के पश्चिमी घाट का ही भाग है जो समुद्र के पार उत्तरी लंका में दृष्टिगोचर होता है। इसे लंकापुरीमलय भी कहा गया है।[३२] लंका की राजधानी को लंकापुर[३३] कहते थे। महामानव बुद्ध ने रावण को महायान समझने के लिए पहले योगाचार[३४] का भी उपदेश किया जिसे सुनकर वह सपरिवार बौद्धधर्म का अनुयायी हो गया था।[३५]

चतुर्भुजी देवी पुरुषाकृति गरुड़ वाहन पर अर्धपर्यंकासन मुद्रा में विराजमान हैं। देवी अपने बायें अधः कर में गोलाकृति पदार्थ कदाचित मातुलिंग फल धारण किए हुए हैं। देवी का यह हाथ बायें मुड़े हुए पाद पर स्थित है। देवी का बायां ऊर्ध्व हस्त चक्रधारी है। देवी का दायाँ अधः कर वरद मुद्रा में है तथा बायाँ ऊर्ध्व कर पुष्पगुच्छ युक्त है। वैष्णवी देवी कर्णकुण्डल, कंठ हार आदि आभूषणों से अलंकृत हैं। उन्नत पयोधर एवं किरीट मुकुट से युक्त देवी की मूर्ति कहीं से भी खण्डित नहीं है। देवी की इस मूर्ति को रूपमण्डन[14] में वर्णित प्रतिमा लक्षण के लगभग अनुरूप निर्मित किया गया है। मात्र एक हाथ का लांक्षन भिन्न है।

माहेश्वरी

देवी द्विभुजी है। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि इस एक ही मातृका पट्ट में देवी वैष्णवी को चतुर्भुजी एवं माहेश्वरी को द्विभुजी निर्मित किया गया है। रूपमण्डन[15] में चतुर्भुजी माहेश्वरी मूर्ति का विवरण है। जबकि यहाँ ऐसा नहीं है। देवी का दायां हाथ त्रिशूलधारी है। अपने बायें हाथ से देवी शिशु को सहारा दिए जानु पर बैठाये हुए है। दायें पाद के सन्निकट वाहन वृषभ का स्पष्ट अंकन है। यहां भी देवी अर्धपर्यंकासन मुद्रा में विराजमान हैं। पाषाण निर्मित यह मातृकापट्ट अभी तक अप्रकाशित है।

राज्य संग्रहालय लखनऊ के एक अन्य मातृकापट्ट[16] में भी मात्र दो मातृकाओं कौमारी एवं इन्द्राणी को निर्मित किया गया है।[17]

उपर्युक्त विवेच्य मातृकापट्ट भी संग्रहालय के इस मातृकापट्ट से मिलता है।[18] अन्तर केवल इतना है कि इस वर्तमान अप्रकाशित मातृकापट्ट में वैष्णवी एवं माहेश्वरी का अंकन है।

सन्दर्भ

1. Marshall J. Mohenjodaro and Indus civilization Vol. 1 pp. 62-63.
स०पु०प० अंक, 27-28, जून-दिसम्बर, 1981, पृ० 69.

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

चित्र-1. वैष्णवी एवं माहेश्वरी, पूर्व मध्य काल, सं० पं० सं० 89.104

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

चित्र–२. कौमारी एवं इन्द्राणी, सं० पं० स० 66.228 ल० 9th–10th शती ई०

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

2. Mackey, E. Early Indus civilization, pp. 52-54.
3. Marshall, J. op. cit. vol. 1, p. 50, सं० पु० प० वही,
4. जोशी, एन०पी०, प्राचीन भारतीय मूर्ति विज्ञान पृ० 115.
5. Agrawala, V.S. Devīmāhatmya, Preaface (iii)
6. श्रीवास्तव, पंकजलता, 'हिन्दू तथा जैन प्रतिमा विज्ञान' 1990, पृ० 252.
7. यस्यदेवस्य यद्रूपं यथा भूषण वाहनम् ।
   तद्वदेवहि तच्छक्ति सुरान योद धुमाययौ ।।
   श्री दुर्गा सप्तशत्याम् ।।८।।१४।।
8. व० पु० अ० 27.
9. Rao, T.A.G., Elements of Hindu Iconography vol. I, Part II, pp. 382-383.
10. ब्रह्मेशगुह विष्णूनां तथेन्द्रस्य च शक्तयः ।
    शरीरेभ्यो विनिष्क्रम्य तदरूपैश्च चण्डिकाययुः ।।
    यस्य देवस्य यद्रूपं यथा भूषण वाहनम् ।
    तद्वदेवहितच्छक्तितर सुरान योद्धुमांययौ ।।
    देवीमाहत्म्य, ८।।१३.१४।।
11. ऋग्वेद, तीन, 7.1.
12. महाभारत, सभापर्व, ग्यारह, 34.
13. Dixit, S.K., The Mother Goddess, p. 194.
14. रूपमण्डनम्, 5, 66, पृ० 199
    'अपराजितपृच्छा' में भी गरूड़ासन वैष्णवी मूर्ति का विवरण है ।
15. वही, 5, 64, पृ० 199
16. संग्रहालय पंजीयन संख्या—66.228
17. BMA No. 27-28, June-Dec. 1981, pp. 78-79.
18. मातृका पट्ट संख्या 66.228 एवं उपर्युक्त विवेच्य मातृकापट्ट संख्या 89.104 की तुलना कीजिए ।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

रामग्राम की पहचान

ओम प्रकाश लाल श्रीवास्तव एवं
सुमन सिंह

प्राचीन काल में महा जनपदों के बाद पालिग्रन्थों में जिन 10 गणतन्त्रों का उल्लेख किया गया है उनमें कोलियों का "रामग्राम" भी एक है। दीघ निकाय पर बुद्ध घोष की टीका के अनुसार "कोलिय वंश" शाक्य-कन्या एवं काशी के राजा राम से उत्पन्न हुआ था[1]। उल्लेखनीय है कि शाक्यों को इक्ष्वांकुवंशी कहा गया है और दिव्यावदान में कोलिय इक्ष्वाकुवंशी बताये गये हैं,[2] जिससे पता चलता है कि उन पर मातृ-पक्ष का भी प्रभाव था। भगवान बुद्ध की राख प्राप्त करने के लिए कोलियों ने अपने को बुद्ध का सजातीय बतलाया था। काशी के राजा राम को नागवंशी राजा कहा गया है[3]। महापरिनिर्वाणसुत्त के अनुसार रामग्राम में भगवान बुद्ध के अवशेष पर बने स्तूप की रक्षा नाग करते थे[4]। यह सांकेतिक हो सकता है। नाग का तात्पर्य सर्प न होकर नागवंश अर्थात् काशी के राजा राम के वंश से हो सकता है। इससे यह संकेत मिलता है कि रामग्राम के कोलिय अपने को पैतृक वंश से सम्बन्धित मानते थे, यद्यपि कहीं-कहीं पर उन्हें मातृवंश से सम्बोधित किया गया है, जिसका उन्हें समय पर (भगवान बुद्ध के परिनिर्पाण के समय) लाभ भी प्राप्त हुआ था।

अधिकांश बौद्धग्रंथों में कोलियों की राजधानी को रामग्राम बताया गया है। संभवतः कोलियों ने अपने प्रथम पुरुष राम के आधार पर अपनी राजधानी का नाम "रामग्राम" रखा होगा। रामग्राम की स्थिति के बारे में विद्वानों में काफी मतभेद है। श्री एस० पी० एल० कार्लायल ने बस्ती जिले के 'रामपुर देवरिया" को राम-ग्राम बतलाया है लेकिन डा० राजबली पाण्डेय ने चीनी यात्री ह्वेनसांग की यात्रा—वर्णन का उल्लेख करते हुए कार्लायल के मत से असहमति व्यक्त की है। उनके अनुसार ह्वेनसांग ने स्तूप की स्थिति रामग्राम से दक्षिण-पूर्व बतलाई है, जबकि रामपुर देवरिया का स्तूप उत्तर-पूर्व में है। ऐसी स्थिति में डा० पाण्डेय ने रामग्राम को रामपुर देवरिया न मानकर गोरखपुर का वर्तमान "रामगढ़ ताल" माना है[5]। रामगढ़ ताल पर यद्यपि डा० पाण्डेय ने किसी स्तूप का अवशेष नहीं देखा था लेकिन उन्होंने सिंहली कथाओं के आधार पर यह कल्पना कर ली कि स्तूप रामगढ़ ताल में चला गया होगा। रामग्राम और रामगढ़ ताल के नामों की एकरूपता भी इस सम्बन्ध में उनके अनुमान में सहायक प्रतीत होती है, लेकिन रामग्राम के बारे में उनका मत स्वीकार नहीं किया जा सकता।

डा० ओम प्रकाश लाल श्रीवास्तव, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, पुरावशेष एवं बहुमूल्य कलाकृति, गोरखपुर।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

जनरल कनिंघम ने फाह्यान और ह्वेनसांग द्वारा दी गई दूरियों का विवेचन करके रामग्राम की पहचान गोरखपुर जिले में वर्तमान देवकली से की है[6], जो बांस गांव तहसील के अन्तर्गत कौड़ीराम से गोला जाने वाली सड़क पर स्थित है। यहाँ पर आज भी प्राचीन अवशेष एवं टीले मौजूद हैं। कनिंघम महोदय ने भी यह चर्चा की है कि सिंहली कथा के अनुसार रामग्राम का स्तूप गंगा में चला गया था और गंगा के माध्यम से समुद्र में गया जो नागों के द्वारा प्राप्त करके अपने राजा को दिया गया और उसने इस उपलक्ष्य में एक स्तूप बनवाया था। उनके अनुसार यह घटना 161 से 137 ई० पूर्व के बीच दुत्थगामिनी के राज्यकाल से सम्बन्धित है[7]। जल देवता नागों के द्वारा स्तूप बनवाने की घटना कल्पना मात्र लगती है। नागों के द्वारा स्तूप निर्माण की कथा के बारे में यही कहा जा सकता है कि सम्भवतः नागों अर्थात् नागवंशी क्षत्रियों से स्तूप का निर्माण कराया होगा अथवा इस रामग्राम के स्तूप को कभी कोई क्षति पहुंची होगी तो रामग्राम के ही नागवंशी राजाओं ने उसकी मरम्मत करवा दी होगी और बाद में यह कथा लंका के बौद्ध कथाओं से जुड़ गयी होगी। कनिंघम ने पुनः इस बात की चर्चा की है कि ई० पूर्व दूसरी शताब्दी के बहुत बाद फाह्यान और ह्वेनसांग ने रामग्राम में स्तूप को देखा था[8]। फाह्यान (पांचवी शताब्दी ई०) ने स्तूप के पास एक ताल की चर्चा की हैं, जिसमें पंखधारी नाग रहता था और स्तूप की रखवाली करता था। सातवीं शताब्दी में ह्वेनसांग ने वही स्तूप तथा स्वच्छ जल वाला तालाब देखा था जिसमें पंखधारी नाग रहते थे जो नित्य मानव रूप धारण करके पूजा करते थे। ह्वेनसांग ने नागों को मनुष्य रूप में परिवर्तित होते स्वयं ने देखा था अथवा नहीं, इस बारे में निश्चित रूप से तो कुछ कहा नहीं जा सकता लेकिन यह माना जा सकता है कि उस जलाशय में नाग रहते रहें होंगें और कोई भी मनुष्य नागों के डर से स्तूप को नुकसान नहीं पहुंचाता रहा होगा। उल्लेखनीय है कि दोनों चीनी यात्रियों ने अपनी यात्रा के दौरान रामग्राम में स्तूप को देखा था। यदि सिंहली कथा के अनुसार स्तूप ई० पूर्व की शताब्दियों में ही नदी में बह गया होता तो बाद में आने वाले ये यात्री किस प्रकार उस स्तूप को देखते। इस सन्दर्भ में यह भी उल्लेखनीय है कि इन यात्रियों ने रामग्राम में स्तूप के पास ताल देखने की चर्चा की है, नदी की नहीं, जिससे पता चलता है कि रामग्राम किसी नदी के किनारे नहीं बसा था। अतः नदी में स्तूप बहने की मात्र एक कल्पना है और सम्भवतः लंका में बने स्तूप को महत्व देने के विचार से कही गयी होगी।

ऐसी स्थिति में कनिंघम महोदय ने देवकली के रूप में रामग्राम की जो पहचान की है, सम्पूर्ण भौगोलिक परिस्थितियों पर विचार करने पर वही ठीक लगता है। डा० राजबली पाण्डेय ने रोहिणी तथा अचिरावती (राप्ती) के संगम के आगे राप्ती के दक्षिण कोलियों के गणतंत्र की कल्पना की है और उसे गोरखपुर तहसील के दक्षिण भाग और बांस गांव तहसील के पश्चिम भाग में माना है[9]। इस दृष्टि से भी यही देवकली और तीयर का क्षेत्र प्राचीन रामग्राम हो सकता है। यदि डा० पाण्डेय लंका के बौद्ध ग्रन्थों की स्तूप के नदी में बह जाने वाली कथा को विशेष महत्व न देते तो वे भी रामगढ़ ताल की चर्चा रामग्राम के रूप में नहीं करते। पुनः उन्होंने मौर्यों की राजधानी पिप्पलियन के सन्दर्भ में लिखा है कि यह स्थान वर्तमान गोरखपुर से लगभग 14 मील (20-22 कि०मी०) दक्षिण पूर्व में था। इसके दक्षिण-पश्चिम में उन्होंने कोलियों की चर्चा की है[10]। अतः इस दृष्टि से भी रामग्राम वर्तमान गोरखपुर में न होकर तीयर और देवकली ग्रामों के क्षेत्र में होना चाहिए। फाह्यान की सूचना के आधार पर कनिंघम ने कहा है कि पांचवीं शताब्दी ई० में यह स्थान उजड़ चुका था क्योंकि उसने यहाँ पर एक छोटी धार्मिक व्यवस्था देखी थी और सातवीं शताब्दी ई० में ह्वेनसांग ने भी वही स्थिति देखी थी जहाँ पर केवल एक ही भिक्षु रहा करता था[11]। बाद में यह गिर गया होगा और आज जो टीला वहाँ पर है उसके

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

आकार प्रकार के अनुसार उसे स्तूप का अवशेष कहा जा सकता है।

पांचवीं शताब्दी ई० तक रामग्राम के उजड़ जाने का संभवतः राजनैतिक कारण रहा होगा क्योंकि गणतंत्रों के बाद पुनः राजतंत्रों में रामग्राम को वह स्थान नहीं प्राप्त हो सका, जो कोलियों के समय में था। अजातशत्रु तथा अशोक के समय स्तूप-अवशेषों को प्राप्त करने का जो प्रयास किया गया होगा उससे रामग्राम भी अछूता नहीं रह सका होगा, भले ही वहां का स्तूप सातवीं शताब्दी ई० तक मौजूद रहा। देवकली के रामग्राम होने के बारे में हम यह भी कहना चाहेगें कि केवल वर्तमान देवकली ही पूरा रामग्राम नहीं हो सकता। वर्तमान देवकली और तीयर ग्राम तथा इसके बीच के क्षेत्र को मिलाकर पूरा रामग्राम रहा होगा जिसके चतुर्दिक परिखायें थीं और वे आज भी तालों (खजुहा, करपइचा आदि) के रूप में विद्यमान हैं। इनकी परिधि लगभग 5-6 कि०मी० रही होगी। ये रामग्राम (देवकली और तीयर) की सुरक्षा के लिये थीं। रामग्राम के पराभव के बाद पांचवीं-सांतवीं शताब्दी ई० तक ये परिखायें तालों के रूप में परिवर्तित हो गयी होंगीं जिनको फाह्यान और ह्वेनसांग ने देखा था।

इन स्थानों (तीयर, देवकली, कनइल, दुबौली, पटखौली आदि ग्रामों) के सर्वेक्षण के समय तीयर में रिंगवेल तथा एक मौर्यकालीन प्रस्तर-डिस्क[12] का टुकड़ा मिला है जिस पर सिंह का अंकन है। इस प्रकार तीयर की प्राचीनता मौर्य काल और उसके पूर्व की प्रमाणित होती है। यहां पर कई बड़े-बड़े कुषाणकालीन मृदभाण्ड प्राप्त हुए थे, जिनमें केवल एक ही पूर्ण रूपेण बचा है जिसकी ऊँचाई ८५ से०मी०, मुख का व्यास ३०-२६ से० मी० तथा परिधि २७५ से०मी० है। यह एक शिवमंदिर में सुरक्षित है। ये मृदभाण्ड प्राचीनकाल में अन्न भंडारण के काम में आते थे।

इस प्रकार कुषाण कालीन विशाल मृदभाण्डों के परिपेक्ष्य में सौहगौरा ताम्रपत्र[13] में उल्लिखित तियवन/तिघवन शब्द की चर्चा की जा सकती है, जिसके बारे में विभिन्न विद्वानों ने समय-समय पर त्रितत, त्रिघर, त्रिवेणी आदि का उल्लेख किया है लेकिन उनका विवेचन करना हमारा अभिनय नहीं है बल्कि इस गाँव के नाम तियर अथवा तीयर तथा ताम्रपत्र लेख के तियवन/तिघवन शब्द की ध्वनि साम्यता पर विचार करना है। यह स्थान बांस गांव (बसगमें) से मात्र 3-4 कि०मी० दूर है जो मौर्य काल की दृष्टि से बहुत अधिक दूर नहीं है। श्रावस्ती से जब आदेश जारी किया जा रहा है तब बांस गांव और तीयर को बहुत अधिक दूर नहीं कहा जा सकता। यह भी विचारणीय है कि बांसगांव उस समय अधिक आबादी वाला प्रमुख गांव रहा होगा। अतः आबादी के बीच प्रशासकीय भण्डारण न रखकर उससे सटे हुए कुछ ही दूरी पर अन्न भण्डारण की व्यवस्था की गयी होगी, जो तत्कालीन परिखाओं से घिरे होने के कारण अत्यन्त ही सुरक्षित रहा होगा। उल्लेखनीय है कि तीन परिखाओं के चिन्ह यहां पर विद्यमान हैं। अतः तीन परिखाओं अर्थात् तीन घेरों वाला यह तियवन/तिघवन क्षेत्र रहा होगा जिसके आधार पर ही इसका नाम तिघर अथवा तियर/तीयर चला आ रहा है। उल्लेखनीय है कि जब कोठगलानि की चर्चा की जा चुकी है जिसका सम्बन्ध कोष्ठागार से है ही तब पुनः तिघवन/तिघवन से तीन तलों अथवा तीन घरों वाले कोष्ठागार कहने का तात्पर्य समझ में नहीं आता। अन्न भण्डारण के लिए तो जितने स्थान की आवश्यकता होगी, उतना प्रयोग में लिया ही जायेगा। प्रशासन की ओर से तीन ही घरों अथवा तलों का उल्लेख उचित नहीं जान पड़ता।

देवकली ग्राम में प्राईमरी पाठशाला के पास एक गोलाकार टीला है जिसे आज पलिहर बाबा का स्थान

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

कहा जाता है। इस टीले, में प्राचीन ईटें हैं और प्राप्त ईटों के आधार पर कम से कम यह गुप्तकालीन अवशेष तो है ही। यहां पर उल्लेखनीय है कि ह्वेनसांग ने रामग्राम के दक्षिण-पूर्व में स्तूप देखा था और यह टीला तीयर और देवकली को मिलाकर पूरे क्षेत्र के दक्षिण-पूर्व में ही है। अतः अधिक सम्भावना है कि यह रामग्राम के स्तूप का अवशेष हो सकता है जिसकी पहचान उत्खनन के बाद अच्छी तरह की जा सकती है। देवकली में अन्यत्र एक वट वृक्ष के नीचे उत्तर-गुप्तकाल की एक खंडित सूर्य प्रतिमा स्थित है। इस स्थल को धर्माइत स्थल अर्थात् धर्मादित्य का स्थान कहा जाता है। धर्मादित्य स्थान का तात्पर्य सूर्य-स्थान से है। आज भी यहाँ पर सूर्य-सप्तमी को धार्मिक कृत्य किये जाते हैं। यहाँ पर गुप्तकालीन ईटों के मिलने से ऐसा अनुमान है कि ये ईटें गुप्तकालीन मंदिर में लगी रही होगीं, जिसका गर्भगृह ऊँचाई पर था। पूर्व की ओर इस मंदिर का दरवाजा था तथा गर्भगृह तक पहुंचने के लिए गोलाकार सीढ़ियाँ थीं। इस मंदिर में प्रदक्षिणा प्रथ के भी होने के चिन्ह विद्यमान हैं। गर्भ-गृह के ऊँचाई पर होने से ऐसा अनुमान है कि संभवतः इसके नीचे भी कोई पूर्वकालीन स्थापत्य रहा होगा। वर्तमान तीयर और देवकली के बीच के क्षेत्र में भी कहीं-कहीं पर दीवारों तथा मृदभाण्डों के अवशेष प्राप्त होते हैं जहां पर लोग खोद-खोद कर खेती करते हैं। इन अवशेषों के आधार पर कहा जा सकता है कि इस पूरे क्षेत्र में रामग्राम रहा होगा जिसके चतुर्दिक परिखाओं के होने से वह सुरक्षित था। ऐसी स्थिति में ही सम्भवतः अजातशत्रु रामग्राम के स्तूप को क्षति नहीं पहुंचा सका होगा।

इन परिखाओं के बाहर तीयर से दक्षिण दुबौली ग्राम में एक कुएं के अन्दर $40 \times 30 \times 10$ से०मी० के प्राचीन ईटें प्राप्त हुई हैं तथा पश्चिम में स्थिति कनइल ग्राम में प्राचीन मृदभाण्डों के टुकड़े एवं पटखौली ग्राम में शिव मंदिर में प्राचीन शिवलिंग मिला है जिसका यौनि मूत्र $120 \times 120 \times 75$ से०मी० आकार का है। टीले पर एक कच्ची मकान की दीवारों को सुरक्षित करने हेतु अनेक आकारों की प्राचीन ईटें लगी हुई हैं जो किसी अन्य प्राचीन स्थापत्य के अवशेष हैं। इनमें 22×5 से०मी० तथा 13×6 से० मी० आकार की गुप्त-कालीन अलंकृत ईटें हैं तथा कुछ अभिलिखित ईटें भी हैं जिन पर पहली-दूसरी शताब्दी ई० की ब्राह्मी लिपि में सिद्धं बा—(ब्राह्मण) अंकित है। इस क्षेत्र में इतने प्राचीन ईष्टिका अभिलेख पहली बार प्राप्त हुए हैं। इन ग्रामों के सर्वेक्षण से सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह उभर कर आया है कि वर्तमान तीयर और देवकली ही प्राचीन कोलियों का रामग्राम हो सकता है जिसके परिखा के बाहर भी प्राचीन अवशेष प्राप्त होते हैं जो इस क्षेत्र के इतिहास की दृष्टि से अत्यन्त ही महत्वपूर्ण हैं।

संदर्भ

1. पाण्डेय, राजबली : गोरखपुर जनपद और उसकी क्षत्रिय जातियों का इतिहास, पृ० 68।
2. वही, पृ० 65
3. वही, पृ० 68
4. वही, पृ० 69
5. वही, पृ० 71
6. कनिंघम, ए : द एन्शिएण्ट ज्योग्राफी आफ इण्डिया, पृ० 355

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

7. वही,
8. वही,
9. पाण्डेय, राजबली : गोरखपुर जनपद और उसकी क्षत्रिय जातियों का इतिहास पृ० 70
10. वही, पृ० 74
11. कनिंघम ए : द एन्शिएण्ट ज्योग्राफी आफ इण्डिया, पृ० 357
12. दिसम्बर, 1991 के सर्वेक्षण के बाद भी कृष्णानन्द त्रिपाठी ने दुबारा वहां जाकर इसकी खोज की
13. सरकार, डी० सी० : सलेक्ट इन्स्क्रिप्सन्स, पृ० 85

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

कल्याण चन्द्र का अठागुली ताम्रपत्र : नवीन खोज

विद्याधर एस० नेगी

उत्तर प्रदेश के तीन पर्वतीय जनपद क्रमशः नैनीताल, अल्मोड़ा एवं पिथौरागढ़ को मिलाकर बना भौगोलिक क्षेत्र कुमाऊँ कमिश्नरी के नाम से सर्वविदित है। आज बोलचाल में भी यह क्षेत्र 'कुमाऊँ' नाम से ही अभिहित किया जाता है।[1] कुमाऊँ के दक्षिणी भाग का निर्माण जहां तराई भावर क्षेत्र से हुआ है वहाँ उत्तर की ओर बढ़ते हुए पर्वतीय क्षेत्र में विभिन्न पर्वत श्रृंखलायें तथा ऊबड़-खाबड़ जमीन एवं जंगलों का बाहुल्य है। सुदूर उत्तरी सीमायें हिमाँच्छादित पर्वत श्रृंखला के रूप में इस क्षेत्र के लिये प्रहरी का कार्य सतत् करती रही हैं। इस प्रकार एक विषम भौगोलिक बनावट का यह भूक्षेत्र, भौगोलिक दृष्टि से जहां अपने आप में एक विशेषता वाला दिखलाई देता है, वहीं इन भौगोलिक परिस्थितियों के परिणामस्वरूप ही इस क्षेत्र की राजनीतिक अवस्थायें भी शेष भारत से कुछ भिन्न अवश्य रही हैं।

वस्तुतः मध्यकाल में कुमाऊँ की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर दृष्टिपात करने पर विदित होता है कि यहां पर सतत् स्थानीय राजवंशों का ही आधिपत्य रहा। यहां तक कि मुगलों के चरमोत्कर्ष के समय भी इस अंचल में, यहां के स्थानीय, "चन्द्र-राजवंश" के शासक अपनी स्वतन्त्रता बनाये रखने में सफल रहे, जिसके फलस्वरूप यहां की जनता को मुसलमानों के अत्याचारपूर्ण प्रशासन का सामना नहीं करना पड़ा। मुगल काल में कुमाऊँ पर शासन करने वाला प्रमुख राजवंश, "चन्द्र-राजवंश" ही था जिसने लगभग १३वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध से अपना शासन प्रारम्भ कर १७९० ई० तक, लगभग सम्पूर्ण कुमाऊँ पर शासन किया। इनकी प्रारम्भिक राजधानी काली कुमाऊँ (चम्पावत) थी। १६वीं शताब्दी ई० के द्वितीय चतुर्थांश में, चन्द्र नरेश भीष्म द्वारा प्रारम्भिक राजधानी "चम्पावत" को बदलकर अल्मोड़ा में राजधानी बनाने की अनुश्रुति बहुप्रचलित है।[2] लेकिन इसी बीच कुछ षड्यन्त्रकारियों द्वारा भीष्म चन्द्र का वध कर दिया गया और भीष्म चन्द्र का राजनैतिक उत्तराधिकारी, अल्मोड़ा राजधानी से शासन करने वाला चन्द्र नरेश, बाली कल्याण चन्द्र गद्दी पर बैठा।[3] बाली कल्याण के उपरान्त अल्मोड़ा राजधानी से चन्द्र शासकों ने अबाध गति से १७९० ई० तक कुमाऊँ पर शासन किया। लेकिन स्मरणीय रहे कि सन १७४३-४४ ई० में अल्पावधि के लिए, कुछ माह तक, कुमाऊँ पर रोहेले अपना आधिपत्य स्थापित करने में सफल रहे। इसके मूल में चन्द्र राजाओं के

डा० विद्याधर एस० नेगी, पुरातत्व संस्थान, २४ तिलक मार्ग, नई दिल्ली

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

दरबार में सत्ता प्राप्ति की आपसी होड़ के कारण राजनैतिक अस्थिरता का उत्पन्न होना था।[४] इसी राजनीतिक दांवपेंच का एक परिणाम रोहेला आक्रमण की सफलता थी।

रोहेला आक्रमण के समय कुमाऊँ का शासक राजा कल्याण चन्द्र था। अभी तक ज्ञात अभिलेखीय साक्ष्यों में कल्याण चन्द्र के राज्यारोहण की तिथि अंकित नहीं मिलती है। जहां तक कल्याण चन्द्र के शासनकाल का सम्बन्ध है, विभिन्न चन्द्र वंशावलियों के अनुसार[५] वह अजीत चन्द्र के पश्चात् गद्दी पर बैठा। एटकिंसन ने कल्याण चन्द्र का शासन काल, अजीत चन्द्र (१७२६-२९ ई०) के पश्चात् सन् १७३० ई० से १७४७ ई० माना है।[६] एटकिंसन ने कल्याण चन्द्र के प्रथम ज्ञात ताम्रपत्र की तिथि १७३१ ई० बतलायी है।[७] एटकिंसन के अनुसार कल्याण चन्द्र ने १७ वर्ष राज्य किया।[८] लेकिन हाल में कुछ महत्वपूर्ण अभिलेखीय सामग्री के प्रकाश में आने से कल्याण चन्द्र के शासन काल में कुछ अन्तर स्पष्ट नजर आता है। इस सन्दर्भ में उल्लेखनीय है कि अजीत चन्द्र के समय के अभिलेखीय साक्ष्यों से विदित होता है कि वह साके १६५३ (१७३१ ई०) में शासन कर रहा था।[९] इससे स्पष्ट है कि अजीत चन्द्र का राजनैतिक उत्तराधिकारी कल्याण चन्द्र १७३१ ई० में या उसके पश्चात् ही गद्दी पर बैठा होगा। कल्याण चन्द्र के शासन का अन्तिम ज्ञात ताम्रपत्र साके १६६८ (१७४६ ई०) का है।[१०] कल्याण चन्द्र के उत्तराधिकारी दीप चन्द्र का प्रथम ज्ञात ताम्रपत्र साके १६६९ (१७४७ ई०) का है।[११] उक्त विवरण से स्पष्ट है कि कल्याण चन्द्र ने न्यूनतम साके १६५३ (१७३१ ई०) से साके १६६८ (१७४६ ई०) अर्थात् १५ वर्ष तथा अधिकतम साके १६५३ (१७३१ ई०) से साके १६६९ (१७४७ ई०) तक कुल १६ वर्ष शासन किया।

कल्याण चन्द्र का शासन काल कुमाऊँ के इतिहास में एक ऐसा काल था, जबकि रोहेला आक्रमण का शिकार कुमाऊँ के निवासियों को बनना पड़ा। बाह्य एवं आन्तरिक परिस्थितियां इस आक्रमण के लिए जिम्मेदार थीं। रोहेला सरदार अली मुहम्मद खाँ पहले से ही, देवी चन्द्र द्वारा दाऊद खाँ के वध का बदला लेना चाहता था।[१२] दूसरी ओर यह एक ऐसा काल था जबकि मुगलों, मराठों एवं रोहेलों के मध्य राजनैतिक प्रतिस्पर्द्धा के कारण संघर्षपूर्ण स्थिति बनी हुई थी।[१३] और रोहेले कुमाऊँ को अपना स्थाई उपनिवेश बनाने के लिये नजर गड़ाये थे। इधर कुमाऊं में कल्याण चन्द्र के अत्याचारों से यहां की आन्तरिक स्थिति भी सन्तोषजनक एवं सामान्य न थी। कुछ चापलूस दरबारियों के सिखाये में आकर कल्याण चन्द्र ने ब्राह्मणों एवं क्षत्रियों पर अत्याचार किये।[१४] अनेक निर्दोष, योग्य एवं ईमानदार अधिकारियों एवं प्रभावशाली व्यक्तियों को दण्डित किया गया। इन्हीं प्रभावशाली व्यक्तियों में से हिम्मत सिंह रोतेला भी एक था, जो कि राजा कल्याण चन्द्र के अत्याचारों से त्रसित होकर नीचे तराई की ओर भागा और वहां सेना एकत्र कर राजा के विरुद्ध विद्रोह खड़ा किया। यद्यपि इस विद्रोह को कल्याण चन्द्र ने सफलतापूर्वक दबाया, परन्तु हिम्मत सिंह रोतेला हाथ न आ सका और वह भागकर रोहेलों के पड़ाव में आंवला पहुंचा।[१५] प्रतिशोध की अग्नि कल्याण चन्द्र को रोक न पाई और उसने आंवला में अपने आदमी भेज कर रोहेलों के पड़ाव में ही हिम्मत सिंह एवं उसके परिवार के लोगों की हत्या करवा दी।[१६] अपने शरणागत, हिम्मत सिंह रोतेला, के वध की इस घटना से क्रुद्ध होकर प्रतिक्रियास्वरूप रोहेला सरदार ने कुमाऊँ पर आक्रमण किया। यद्यपि कुमाऊँनी सरदारों ने इस आक्रमण का प्रतिरोध किया, लेकिन आन्तरिक राजनैतिक दीमक के कारण कुमाऊँनियों को कहीं भी सफलता नहीं मिली। अन्ततः रोहेलों ने चन्द्र राजधानी, अल्मोड़ा पर आसानी से अधिकार कर लिया।[१७] स्वयं राजा कल्याण चन्द्र जान बचाकर गढ़वाल की ओर भाग खड़ा हुआ।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.



कल्याण चन्द्र का अठागुली ताम्रपत्र

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

इस रोहेला आक्रमण का विस्तृत वर्णन एटकिंसन द्वारा प्रस्तुत किया गया है।[१८] इस सन्दर्भ में उल्लेखनीय है कि अध्ययनरत ताम्रपत्र, इस आक्रमण के विषय में कुछ रोचक एवं महत्वपूर्ण तथ्यों को उजागर करता है। जो कि एटकिंसन एवं उसके बाद के लेखकों के वृत्तान्तों में प्राप्त नहीं होता। इस ताम्रपत्र के अध्ययन से स्पष्ट विदित होता है कि रोहेला आक्रमण को निष्फल करने में तथा रोहेलों को कुमाऊँ से बाहर खदेड़ने में किसी एक व्यक्ति या परिवार विशेष का ही हाथ न था बल्कि कुमाऊँ के विभिन्न प्रभावशाली व्यक्तियों का अलग-अलग समय और अलग-अलग स्थानों में महत्वपूर्ण योगदान रहा।[१९] इतना ही नहीं कल्याणचन्द्रोदय काव्य से इस बात की स्पष्ट सूचना भी ज्ञात होती है। इस काव्य के अध्ययन से ज्ञात होता है कि रोहेला आक्रमण को निष्फल करने एवं रोहेलों से कुमाऊँ को मुक्त कराने के लिए समाज के विभिन्न वर्गों जैसे ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य एवं शूद्रों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसी प्रकार अनेक प्रभावशाली व्यक्तियों का नामोल्लेख भी इस काव्य में मिलता है।[२०]

अध्ययनरत ताम्रपत्र क. प्राप्तकर्ता समेर अधिकारी भी एक ऐसा ही प्रभावशाली व्यक्ति प्रतीत होता है जो कि "अठागुली" (बारामण्डल) क्षेत्र का निवासी था, जिसने अपने परिश्रम, साहस एवं बुद्धिमता से रोहेला आक्रमण के समय एक कुशलवीर पुरुष की भूमिका का निर्वाह किया और राजा तथा उसके परिवार की जान बचाकर उन्हें सकुशल सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया। समेर अधिकारी की इस सेवा से प्रसन्न होकर राजा कल्याण चन्द्र ने उसे, उसके निवास क्षेत्र "अठागुली" में "रौत"[२१] में भूमि प्रदान की। इसी आशय युक्त प्रदत्त यह ताम्रपत्र है।

अध्ययनरत ताम्रपत्र में लिपि एवं भाषागत दृष्टि से अनेक विशेषताएं दृष्टिगत होती हैं। जो कि निम्नवत् हैं—

१. 'क', व', 'ब' में, 'ध' और 'घ' में, 'ज', 'व', 'य', तथा कभी-कभी 'र' और 'त' में काफी समानता दिखलाई देती है।
२. कभी-कभी 'ट' और 'ठ' भी समान लगते हैं।
३. 'क' तथा 'फ' में अन्तर बहुत न्यून है।
४. प्रायः ('इ' की) बड़ी मात्रा का प्रयोग हुआ है। उदाहरणार्थ—'महाराजाधीराज', 'वीसी', 'फीरी', 'करी' आदि।
५. 'ख' के लिये सदा 'ष' का प्रयोग किया गया है।
६. ताम्रपत्र की लिपि नागरी, तथा भाषा कुमाऊँनी है।

मूलपाठ :

प्रस्तुत ताम्रपत्र का मूलपाठ निम्नवत है :—

१. 'महाराजाधीराज' श्री राजा कल्याण चन्द्र बहादुर देव ज्यू ले तमा पत्र

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

२. करी भुमी बगसी
३. समेर अधिकारी ले पाई मौ :
४. बारामण्डल अठागुली का गर्षा मै दाडीमा तलो मलो सीम पौडी सुदा
५. वीसी २४, भैंसोल वारपारवीसी ६, च्याली सेलाटाटीक सुदा वी—
६. सी ६, सतीयाली वीसी ४ १/२ जमा वीसी साडी तैतालीस थात करी
७. बगसी ईन गाउ लगतौ धुरा डंडा गाड घट लेष ईजर सुदा पायो रोहे—
८. ला बीजैपुर आया बटी रात दीन कोटा ढुंग सील गया फीरी फौज वी—
९. चलीया वटी रतारात कै हम पै आया डोला ली रतारात आ घा
१०. लागार्या आपु बोकि ली गया बोजा लगै लयाई ली गया हमरी चाकरी भली कै करी घेटी
११. हम छीया हतीछीना मै भला मानस और थाणादार लगाई राख छा रोहेला आया पर थाणा –
१२. दार भाजी पडा हूमरी चलाई गइसु मै सुकजाव घोड़ा आई नै पायो अपना पुठा कै वो—
१३. की बेर घेटी वटी तुंगेश्वर ली गयो डोला डांडी बोजा भली कै नीरभाई ली गया
१४. आ चलाई भया अपनी अस्लाहमन दी तै रौत की थात करी कमाई खाना सुं सर्वक—
१५. र अकर सर्व द्वंद वीसुद्ध गडेली पीटेली नाठ नठाली स्वर्ग को ढीडो पाताल की नी—
१६. धी वाजदार वजनीया वषरीया घोड्यालो कुकररालो साह रतगली को स—
१७. व टोडी पायो श्री राजा कल्याण चन्द्र देव ज्यु की संतती ले भुचाउनो समे—

बायें हासिया पर :

१. र अधीकारी की संतती ले भुवनों साक्षी महाराजकुमार श्री दी—
२. प चन्द्र गुसाई ज्यु श्री कीस्न सींग लला ज्यु प्राणनाथ पाडे पुरोहीत
३. हरीकीस्न पांडे गुरु हरीसींग लछीमी सींग गुसाई बगसी सीव दे—
४. व जोइसी रामदत्त अनुप सींग अधीकारी रुद्र हरीराम रा—
५. माकांत कीष्णदेव सीवदेव जोइसी लालमनी चौधरी भवानन्द जसे—
६. धर भंडारी हरीसींग सेज्याली कुमाऊँ का चार बुड़ा फुडता—
७. ल महरा लीषीतं हरीनंदन त्याडी साके १६६६ स्राव—
८. ण वदी ६ गुरौ मारफत हाजर मुकाम राजपुर कंडारीतं राई सींग सुदार कटोई।

दायें हासिये पर, ऊपर की ओर ;

१. रोहेलो आयो अलमो—

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

२. डा सु हम गड सु गया समे--

३. र ले बड़ी चाकरी करी तै रो—

बांयें हासिये के ऊपरी कोने पर :

१. त को बगसो हमरा सात

२ रया समेर की सेवा समजी

३. जो यो ले तै पर तलाक छन

दूसरी पंक्ति के किनारे (प्रथम व तीसरी) पंक्ति के मध्य :

१. श्री कुंवर कीस्न सींग लला ज्यु ।

अनुवाद (मूल पाठ का) :

ताम्रपत्र के मूलपाठ में अनेक ऐसे शब्दों का प्रयोग हुआ है जो कि अब प्रचलन में नहीं हैं। फिर भी हमने समकालीन विभिन्न ताम्रपत्रों एवं लिपिपत्रों के विश्लेषणात्मक अध्ययन के आधार पर एकत्र जानकारी को ध्यान में रखते हुए, उपर्युक्त मूल पाठ का अनुवाद प्रस्तुत करने का प्रयास किया है जो कि निम्नवत् है--

१. महाराजाधिराज श्री राजा कल्याण चन्द्र बहादुर देव जी ने ताम्रपत्र

२. जारी कर. भूमि प्रदान की

३ समेर अधिकारी ने भूमि प्राप्त की, मौजा

४. बारामण्डल अठागुली (अल्मोड़े जिले की बारामण्डल तहसील के अन्तर्गत अठागुली पट्टी आज भी विद्यमान है) का गर्खा (छोटी प्रशासनिक इकाई) में दाड़िमा (ग्राम का नाम), तल्ला मल्ला सीम (स्थान नाम) तथा खौड़ी (स्थान नाम) सहित

५. २४ बीसी (१ बीसी = २० नाली), भैसोल (स्थान नाम) वार-पार ६ बीसी, च्याली, सेला, टाटीक (सभी ग्राम नाम) सहित

६. ६ बीसी, सतीयाली, वर्तमान सत्याली (ग्राम नाम) की ४ १/२ बीसी, कुल साढे तैंतालीस (४३ १/२) बीसी 'थात'[२२] प्रदान

७. की गयी। इन गाँवों (ग्रामों) से लगे धुरा-डंडा,[२३] गाड़,[२४] घट,[२५] ईजर,[२६] लेख,[२७] सहित समेर को दिया गया

८. रोहेलों के बिजैपुर (भीमताल के निकट बीजैपुर या बिजीपुर नामक स्थान के किले में) आने के बाद रात दिन चलकर समेर अधिकारी कोटा ढुंग सील गये और फिर फौज

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

९. विचल जाने ('विचलियाबटी')[२८] अर्थात तितरबितर हो जाने के बाद रातोंरात हमारे पास आये, डोला लेकर आगे लंगे (चले)

१०. स्वयं डोला 'बोक' (उठाकर) ले गये। बोझा इत्यादि ले जाने का प्रबन्ध कर, हमारी सेवा भली-भांति की हम लोग घेटी (स्थान नाम)

११. में थे। हतछीना में हमारे आदमी (भला मानस)[२९] और थानेदार नियुक्त थे। रोहेलों के आते ही थानेदार

१२. भाग खड़े हुए और हम लोग 'गड' (गढ़वाल) की ओर चल पड़े। जब सुकजाव घोड़ा न आ सका[३०] तो अपनी पीठ में 'बोक' (ढो) कर

१३. घेटी से तुंगेश्वर (नामक स्थान गढ़वाल में विद्यमान है) ले गये, डोला-डांडी तथा बोझा (सामान) आदि ठीक प्रकार से ले गये।

१४. अपनी सारी असला (युद्ध सामग्री) समेर ने हमें दी। इस 'रौत' के उपलक्ष में (समेर को) कमा खाने के लिये थात प्रदान की गयी। सभी

१५. 'कर' मुक्त किये गये, सभी 'द्वंद' (विवाद) 'विशुद्ध' (ठीक) किये गये, गडेली-पिटेली, नाठ-नठ्याली, स्वर्ग को ढीठो, पाताल की निधि,

१६. बाजदार, बजनिया, बखरिया, घोड्यालो, कुकरालो, साह, रतगली आदि[३१]

१७. के लिये वसूले जाने वाले सभी 'कर' (टैक्सेज) समाप्त कर दिये गये। श्री राजा कल्याण चन्द्र देव जी की संतती (सन्तान) इस भूमि का उपभोग (समेर की सन्तान को) करने देंगी।

बायें हासिये पर :

१. समेर की सन्तानें इसका (प्रदत्त भूमि का) उपभोग करेंगी, साक्षी (गवाह) महाराजकुमार श्री

२. दीप चन्द्र गुसाई जी, श्री कृष्णसींग लला जी, प्राणनाथ पांडे पुरोहित

३ हरीकिस्न पांडे गुरु, हरीसींग गुसाई, बगसी (बख्शी) शिवदेव

४. जोशी, रामदत्त, अनूपसींग अधिकारी, रुद्र हरीराम रा—

५. माकांत कीष्णदेव सीदेव जोशी, लालमणी चौधरी, भवानन्द जसे ---

६. धर भंडारी, हरीसींग सेज्याली, कुमाऊँ का चार बुड़ा ('बुड़' बुढ़ा)[३२] फुड़ता—

७. ल (फड़त्याल), महरा, लिखितं (लेखक) हरीनंदन त्याड़ी (तिवारी) साके १६६६ स्राव—

८. ण वदी ६ गुरौ (गुरुवार) मारफत हाजर, मुकाम राजपुर कंडारीतं राई सींग सुदार कटोई

दायें हासिये पर ऊपर की ओर :

१. रोहेले (अल्मोड़ा) आये अल्मो—

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

२. ड़ा से हम लोग गढ़वाल की ओर गये। समेर
३. ने बड़ी सेवा की, जिसके लिये उसे

बाँये हासिये के ऊपरी कोने पर :

१. 'रोत' प्रदान की गयी, वह (समेर) हमारे साथ
२. रहा, समेर की सेवाओं के लिये प्रदत्त (इस भूमि को)
३. जो लेगा (अपृहृत करेगा), उसे 'तलाक' की सौगन्ध है।

दूसरी पंक्ति के किनारे (प्रथम व तीसरी पंक्ति के मध्य) :

१. श्री कुंवर कीस्न सींग लला ज्यु।

संदर्भ

१. कुमाऊँ के लिये कभी-कभी 'कुमायूँ' का प्रचलन होने लगा है। प्रायः मैदानी क्षेत्र के लोग, ही 'कुमायूँ' शब्द का उच्चारण एवं प्रयोग करते हैं। जबकि शुद्ध एवं मूल शब्द 'कुमाऊँ' है। चन्द्रकालीन अभिलेखों में सदैव 'कुमाऊँ' का ही प्रयोग मिलता है। तत्पश्चात गोरखों एवं अंग्रेजों के समय के अभिलेखीय साक्ष्यों में भी प्रायः 'कुमाऊँ' का प्रयोग इस अंचल के लिए किया गया है।

२. एटकिंसन, ई० टी० **द हिमालयन गजेटियर**, वाल्यूम-२, पार्ट-२, पृ० ३९, रिप्रिन्टेड—१९७३, कॉस्मो पब्लिकेशन दिल्ली---१,

३. वही।

४. वही, पृ०—५८० एवं आगे।

५. (अ) 'सीरा' (डीडी हाट क्षेत्र) से प्राप्त बहियों के अनुसार (प्राप्ति श्रोत—डा० रामसिंह एवं डा० नीरप्रभा के संकलन से)।
(आ) गल्ली से प्राप्त प्राचीन हस्तलिखित वंशावली (डा० एम० पी० जोशी के संकलन से प्राप्त)
(इ) एटकिंसन, ई०टी०—पूर्वोक्त, पृ० ५८३-८४

६. एटकिंसन—उक्त

७. वहीं पृ०—५८५ (पाद टिप्पणी)

८. वही

९. नेगी, विद्याधर—'कुमाऊँ का सामाजिक एवं आर्थिक इतिहास (११वीं शताब्दी से १८वीं शती तक)' **अप्रकाशित पी-एच०डी० शोध प्रबन्ध**; कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल, (अक्टूबर १९८८) पृ०—६३

१०. वही

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

११. वही

१२. विस्तार हेतु देखिये —एटकिंसन—पूर्वोक्त, पृ० ५८२

१३. जोशी, एम०पी०—'चम्पावत कॉपर प्लेट ऑफ किंग कल्याण चन्द्र', **स्वस्ति श्री**, डा० वी०सी० छावड़ा फिलीसिटेशन वाल्यूम पृ०—१५२, आगम प्रकाशन दिल्ली १९८४,

१४. एटकिंसन – पूर्वोक्त, पृ० ५८४-८५
पाण्डे, बदरीदत्त— **कुमाऊँ का इतिहास**, पृ०—३१९-२०, प्रेम कुटी अल्मोड़ा, १९३७,

१५. एटकिंसन-उपरोक्त, पृ०—५८५-८६

१६. वही

१७. वही, पृ०—५८७

१८. वही, पृ०— ५८६-८७

१९. एक उल्लेखनीय साक्ष्य के रूप में, चम्पावत क्षेत्र के निवासी अनूपसिंह तड़ागी को प्राप्त ताम्रपत्र महत्वपूर्ण है। विस्तार हेतु देखिये—जोशी, एम०पी०, पूर्वोक्त, पृ० १५१-५५

२०. रोहेला आक्रमण के समय, रोहेलों से संघर्ष करने वाले बहुत से वीर योद्धाओं का नामोल्लेख कल्याण चन्द्रोदय काव्य में मिलता है। उदाहरणार्थ-हरिराम ज्योतिर्विद, जयकृष्ण, शिवदेव, लक्ष्मीपति, लक्ष्मीसिंह (राजकुंवर), चन्द्रि सिंह, रणजीत सिंह, करालकेसरी सिंह, धर्मु, तेज सिंह, गज सिंह, हिम्मत सिंह, नरी, जिउण, सुरतानक, श्याम सिंह, जरानाहरसिंह, वीर बल्लभ आदि (कल्याण चन्द्रोदय काव्य) हस्तलिखित प्रति (सर्ग ६ श्लोक सं० ६, ७, ८, ९, २०, २२ एवं २३), प्राप्ति डा० एम० पी० जोशी के संकलन से)।

२१. 'रौत' प्रकार का भूमिदान समस्त 'करों' से मुक्त रहता है। डी० सी० सरकार के अनुसार युद्ध में वीरतापूर्वक लड़ते हुए मारे जाने (रक्त बहाने) के कारण मिलने वाली जागीर, 'रक्तपटक' कहलाती थी (इण्डियनइपिग्रेफिकल ग्लोजरी—पृ० २७५, मोतीलाल बनारसी दास, दिल्ली १९६६) कुमाऊँ में प्रचलित 'रौत' भी 'रक्तपट्टक' के समान ही प्रतीत होती है। लेकिन 'रौत' युद्ध में मारे जाने के अतिरिक्त राजा अथवा राज्य के लिए प्राणों की बाजी लगाकर की गयी सेवा हेतु अथवा किसी विशिष्ट राजकीय सेवा हुत जीवित व्यक्ति को भी दी जाती थी। (नेगी, विद्याधर-पूर्वोक्त पृ० ३१०)

२२. 'धात' का तात्पर्य जागीर अथवा भूमि से है।

२३. 'धुरा-डंडा' का तात्पर्य स्थानीय बोली में 'धुर-डान', से है, जो कि भूमि की प्राकृतिक बनावट के आधार पर, भूमि की कोटि का सूचक है। 'धुर-डान' ऐसे क्षेत्र के लिए प्रयुक्त है जिसमें कि खेती के योग्य भूमि का अभाव रहता है, 'धुरडान' कम ऊँचाई वाली पहाड़ियाँ कहलाती हैं जहां से लोग घास, लकड़ी लाते हैं तथा यहां पशुचारण भी होता है।

२४. 'गाड़' का तात्पर्य छोटी नदी नुमा नाले के लिये स्थानीय अंचल में प्रचलित है। इसके जल से सिंचाई एवं घराट (पनचक्की) आदि भी चलायी जाती हैं।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

२५. 'घट' का तात्पर्य 'घराट' (पनचक्की) से है।

२६. 'लेष' (लेख) का तात्पर्य घने जंगलों वाली समतल भूमि से है। आवश्यकतानुसार जंगल काटकर इसे कृषि योग्य बनाया जा सकता है। उसमें उपज अच्छी होती है।

२७. 'ईजर का तात्पर्य एक प्रकार की बंजरभूमि से है जिसमें हर तीसरे वर्ष या लम्बे अन्तराल में खेती की जा सकती है। (स्टोवैल, वी०ए०-अ-मैकुवल आफ द लैण्ड टिन्यूर्स आफ द कुमाऊँ डिविजन, प्रिफेस-८, सुपरिन्टेन्डेन्ट, प्रिंटिंग एण्ड स्टेशनरी, इलाहाबाद, १९६६

२८ 'विचलिया' का तात्पर्य स्थानीय भाषा के अनुसार 'विचल जाने' अर्थात् विचलित हो (बिखर) जाने से है।

२९. 'भला मानस' स्थानीय बोली में 'भल मैस' अर्थात् अच्छे आदमी यानी प्रभावशाली एवं प्रमुख व्यक्तियों के लिये प्रयुक्त हुआ है।

३०. 'मुकजाव' राजा के घोड़े का नाम प्रतीत होता है। संकट के समय संकीण पर्वतीय मार्ग पर भागते हुए मुख्य मार्ग से हटकर भी चलना पड़ा होगा। संकीर्ण मार्गों पर आज भी पशुओं को आसानी से नहीं चलाया जा सकता। इसलिये विकट मार्गों से घोड़ा न चल पाने के कारण राजा को अपनी पीठ में बिठाकर यानि स्वयं डोला-डांडि उठाकर समेरे अधिकारी ले गया होगा।

३१. 'गडेली, पिटेली, नाठ-नठ्याली, स्वर्ग को ढीडो, पाताल की निधि, बाजदार, बजनिया, घोड़ालो, कुकरालो, साह, रतगली', आदि ये सब विभिन्न प्रकारके 'कर' (टैक्सेज) हैं। (विस्तार हेतु देखिये—नेगी, विद्याधर—पूर्वोक्त, पृ० ४५१—आगे)

३२. चन्द्र प्रशासन के अन्तर्गत 'बुड़/बुढ़ा' एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक अधिकारी होता था। चम्पावत में 'चार-बूड़े', तड़ागी, कार्की, बोरा, एवं चौधरी, प्रारम्भिक चन्द्र प्रशासन में महत्वपूर्ण भूमिका रखते थे। यही चार बूड़ा आगे भी प्रयुक्त होने लगा, परन्तु राज्य विस्तार के साथ-साथ 'बुड़ों' की संख्या में भी वृद्धि होने लगी। स्थान-स्थान पर 'बुड़े' नियुक्त किये जाने लगे। लेकिन उत्तरवर्ती ताम्रपत्रों में भी चार बूड़ों का उल्लेख मिलने से ऐसा प्रतीत होता है कि केन्द्रीय प्रशासन में कुछ प्रभावशाली 'धड़े' के 'बुड़ों' को ही स्थान दिया जाता होगा और इनकी संख्या केवल चार ही रही होगी।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

THE LYSIAS—ANTIALKIDAS COIN

Prashant Srivastava

A coin bearing the name of Lysias on the obverse, and that of Antialkidas on the reverse, presents a very interesting, but difficult problem. The coin-type is being described below.

Obv. : Bearded bust of Herakles, to r.; Club over left shoulder. *Gk.* legend on three sides : ΒΑΣΙΛΕΩΣ (l). ΑΝΙΚΗΤΟΥ (top) ΛΥΣΙΟΥ. (r.)

Rev. : Egg-shaped caps (pilei) of the Dioskuri, surmounted by stars, and two palm branches between. *Kh.* legend : *Maharajasa* (r.) *Jayadharasa* (top) *Amtialikitasa* (l)[1]

Antialkidas is generally believed to belong to the family of Eukratides.[2] Gardner has expressed the view that because the common type of Antialkidas is Dioskuri, and because his portrait resembles Heliokles', Antialkidas has to be placed in the family of Eukratidas.[3] He however, remarks that the connection between Antialkidas and Lysias is obscure.[4] Scholars are not sure about the family of Lysias. Wilson places Lysias in the rival family of Euthydemos.[5] Rapson, too, on the basis of the type "bust of king wearing elephant's scalp : Herakles standing", which was struck by Lysias singly, and which is the characterstic type of Demetrios, places Lysias in the Euthydemid family.[6] Tarn regards Lysias as a grandson of Demetrios.[7] Narain also regards him as scion of the Euthydemid family.[8]

Lassen, however, places Lysias and Antialkidas in same family.[9] Cunningham also regards Lysias and Antialkidas as belonging to the same family and regards the former as the predecessor, and the father or elder brother of the latter.[10] Marshall[11] and Sircar,[12] too, are of the same view.

On the basis of the coin-types issued by Lysias and Antialkidas separately, the

Dr. Prashant Srivastava, Lecturer, Department of Ancient Indian History & Archaeology, Lucknow University.

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

view of Tarn and Narain, that Antialkidas belonged to the family of Eukratidas, and Lysias to the family of Euthydemos, seems to be quite convincing, though not final.

Earlier scholars regarded this coin-type as a joint-issue and it was generally taken to "denote the association of the younger prince in the government",[13] the 'younger prince' in this context being Antialkidas, for he occupies the inferior position on the reverse side of the coin and his name and titles are given in *Prākrit* in the *Kharoṣṭhi* script.[14] Rapson notices that on this joint-issue, Lysias is associated with Antialkidas,[15] but does not express any view regarding their relationship. Gardner, too, regards it as a joint coin.[16]

Tarn, who regards Lysias and Antialkidas as belonging to the rival *Yavana* families of Euthydemos and Eukratides,[17] takes this coin not as a joint coin,[18] but as a coin issued by Lysias alone and referring to, but not expressing, a *rapprochement*, "probably a treaty of permanent peace," "between the two *Yavana* factions, in view of the Saka menace already coming into view.[19] He suggests that when Heliokles occupied Bactria, some son of Demetrios maintained himself in some hill kingdom, and that Lysias, the son of this petty prince, entered into a treaty with Antialkidas and became an associate of some sort, though not a sub-king of Antialkidas, while he retained his hill kingdom. The coins bearing the names of Lysias and Antialkidas, being issued by Lysias alone, carry the name of Lysias in Greek on the obverse, though Antialkidas was probably the more powerful of the two.[20]

This hypothesis of Tarn, though very attractive, is not wholly satisfactory. Marshall has remarked,[21] "When a coin bears the names of kings without any indication of their relationship, it is natural to suppose that the king named on the obverse is the more important and senior of the two. It is hardly credible that a local princeling, reigning somewhere in the hills, would have the hardihood to relegate the great Antialkidas to an inferior position on the reverse of the coins which were struck in the latter's own mint and circulated in his own territories."

Whitehead has expressed doubt about this coin being in the nature of a joint-issue.[22] Narain was the first to express the possibility of this coin being a 'mule',[23] and he says, "In a period when the mints must have frequently passed from one king's possession to that of another, such a 'mule' is quite possible."[24]

Besides disagreeing with Tarn's view of a *rapprochement* between the rival Indo-Greek families, he "guesses" from the fact that Antialkidas overstruck the coins of Lysias, and Haliokles II, those of Philoxenos, that Lysias and Philoxenos had joined hands against the family of Eukratides.[25] If this suggestion is correct, this coin is most probably a 'mule',

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

The greatest difficulty in accepting this coin-type as a joint-issue is that on this coin, the name of Antialkidas, who was a ruler far greater than Lysias, occurs in the inferior position on the reverse, which scholars find "hardly credible".[26] However, if one regards this coin-type to have been issued in the initial days of the reign of Antialkidas, when Lysias might have been the more powerful of the two the inferior position of Antialkidas on the reverse side of the coin becomes quite understandable. Again, there might have been two kings of the name of Antialkidas. The first king of this name might not have been very powerful, but the second Antialkidas was very powerful, and it is this Antialkidas II who overstruck the coins of Lysias. The king who occupies the inferior position on the reverse of the coin-type of Lysias, then should be indentified as Antialkidas I.

Antialkidas II might have been a son or grandson, and a successor of the first king of that name. Father and son have been known to use the similar coin-type.[27] Grandfather and grandson, too, have been seen to use similar devices on their respective coins.[28] Father and son are also known to have assumed similar epithets. Both Menadar and his son Strato I are known to have assumed the titles of ΣΩΤΗΡ [29] and ΔΙΚΑΙΟΣ [30]. This can explain the use, by Antialkidas II, of the coin-type and the title *Jayadhara* of Antialkidas I, which occurs on the reverse of the coin in question, if the assumption of the existence of two kings named Antialkidas be accepted.

We would also like to state that the coins of Antialkidas in the Punjab Museum Collection[31] have in the obverse legend, the late forms of the letters Σ (C, Ɛ) and Ω (ω). Whitehead finds this "remarkable occurring so early," and says that these late forms of the letters are not found "in this series prior to the well-known copper coins of Nikias."[33] May it be suggested that these coins, too, belong to the second Antialkidas ?

It is true that on the Lysias-Antialkidas coin, both Lysias and Antialkidas are given full royal titles.[34] But the same is the case with the joint-issues of Azes and Azilises.[35] So this is no reason for not regarding this coin-type of Lysias and Antialkidas as a joint-issue.

Hence, we see that the joint nature of this coin-type cannot altogether be ruled out. Narain's suggestion that this coin-type is a 'mule' is logical; it is, however, equally

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

possible that this coin-type is a joint-issue. At the present state of our knowledge, it is not justifiable to rule out any theory.

REFERENCE

1. *CASE*, p. 198, pl. VIII, Fig. 4 : *BMC, GSKBI* p. 166, pl. XXXI, 2 : *CIGC*, p. 148, pl. XXIII, 13.
2. *CHI*, Vol. I, p. 504; Tarn, *GBI*, p. 314; Narain, *IG*, p. 102. This conclusion is drawn on the basis of the type "piloi of the Dioskuri", characterstic of the family of Eukratides.
3. *BMC, GSKBI*, p. xxxiv.
4. *Ibid.*
5. *Ariana Antiqua*, p. 277.
6. *CHI*, Vol. I, p. 504.
7. *GBI*, p. 314.
8. *IG*, pp. 102, 115-16.
9. Lassen places Lysias after Antialkidas. See *Bactrian and Indo-Scythian Coins*, English Translation, p. 131.
10. *NC*, Vol. VIII, 1843, p. 175; *CASE*, p. 211.
11. *Taxila*, Vol. I, pp. 36-37. He regards Lysias an the father of Antialkidas.
12. *AIU*, p. 116. He expresses the possibility of Lysias' being the father of Antialkidas. He places Lysias' reign between those of Heliokles and Antialkidas.
13. *CASE*, p. 211.
14. *Ibid.*
15. *CHI*, Vol. I, p. 504.
16. *BMC, GSKBI*, p xxxiv.
17. *GBI*, p. 314.
18. Narain *IG*, p. 116 and fn. 3, seems to misunderstand Tarn, and says that Tarn takes it as a "joint issue"
19. *GBI*, p. 315.
20. *Ibid.*, pp. 314-15.
21. *Taxila*, Vol. I, p. 36.
22. *NC*, 1947, pp. 32-33.
23. *IG*, p. 116.
24. *Ibid.*

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization

25. *Ibid.*, p. 117.

26. Marshall, *Taxila*, Vol. I, p. 36.

27. Compare Menander's coin no. 373, *PMC*, Vol. 1, p. 54, with Strato's coin no. 355, *ibid.*, p. 49.

28. Compare Euthydemos I's coin no. 16, *PMC*, Vol. I, p. 12, with Euthydemos II's coin no. 34, *ibid.*, p. 15.

29. *PMC*, Vol. I, p. 54, nos. 373-380 (Menander) and *ibid.*, pp. 50-51, nos. 360-62, 366-69 (Strato I).

30. *PMC*, Vol. I. 59, no. 481, p. 65, no. 525 (Menander) and *ibid.*, p. 49, no. 355, p. 50, no, 359 (Strato I).

31. *PMC*, Vol, I, p. 33, 172, Pl. III, and p. 36, no. 212, Pl. IV.

32. *Ibid.*, p. 33, fn. 1.

33. *Ibid.*

34. Lysias is ΒΑΣΙΛΕΩΣ ΑΝΙΚΗΤΟΣ and Antialkidas is *Maharaja jayadhara.*

35. The obverse legend is ΒΑΣΙΛΕΩΣ ΒΑΣΙΛΕΩΝ ΜΕΓΑΛΟΥ ΑΖΟΥ.

and the reverse legend is *Maharajasa rajarajasa Mahatasa Ayilishasa* (see *PMC*, Vol. I, p. 132).

Abbreviations used :

AIU —*The Age of Imperial Unity*, edited by R.C. Majumdar and A.D. Pusalkar.

BMC, GSKBI —*British Museum Catalogue of the Coins of the Greek and Scythic Kings of Bactria and India*, by Percy Gardner.

CASE —*Coins of Alexander's Successors in the East*, by Alexander Cunningham.

CHI —*Cambrige History of India*, Vol. I, edited by E.J. Rapson.

CIGC —*Corpus of Indo-Greek Coins*, by A.N. Lahiri.

GBI —*The Greeks in Bactria and India* by W.W. Tarn.

IG —*The Indo-Greeks*, by A.K. Narain.

PMC —*Catalogue of the Coins in the Punjab Museum, Lahore*, Vol. I, by R. B. Whitehead.

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

मत्स्य पुराण में सप्तांग सिद्धान्त और राज्य व्यवस्था

एस० के० जायसवाल

प्राचीन भारतीय इतिहास के अध्ययन में पुराणों की उपयोगिता अत्यन्त महत्वपूर्ण है। पुराण, जिसका शाब्दिक अर्थ प्राचीन है, में वह समस्त साहित्य मिलता है जिसके आधार पर इतिहास, धर्म, राजशास्त्र आदि की व्याख्या की जा सकती है। पुराणों के ऐतिहासिक महत्व को अनेक रूपों में स्वीकार किया गया है। इनमें भारत की प्राचीन सभ्यता और संस्कृति का धार्मिक आधार प्रस्तुत है। ये भारतीय संस्कृति की अमूल्य निधि हैं। उनके अध्ययन से स्पष्ट है कि ये वैदिक कथाओं, जन-श्रुतियों, सृष्टिविसृष्टि, प्रलय, मन्वंतर और राजवंश के प्रतीक हैं। इनमें भारतीय राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन के उत्कर्षों का गौरव निहित है।

ऐतिहासिक दृष्टिकोण से **मत्स्यपुराण** समस्त अट्ठारह महापुराणों में महत्वपूर्ण पुराण है जिसमें पृथ्वी पर हुए प्रलय का वर्णन है। यह पुराण विष्णु का मछली के रूप में अवतार लेने और पृथ्वी को सर्वनाश होने से बचाने का उल्लेख प्रस्तुत करता है। इसमें वर्णित "**मत्स्यावतार की कथा**[1] का ऐतिहासिक महत्व है। इसकी ऐतिहासिकता पर किसी प्रकार का संदेह इसलिए भी नहीं है क्योंकि इसका उल्लेख अनेक ऐतिहासिक ग्रन्थों **शतपथ ब्राह्मण, महाभारत, बाइबिल** और **कुरान** में भी मिलता है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह पुराण आन्ध्र -सातवाहन काल का है और पार्जिटर[2] के इस निष्कर्ष पर विश्वास किया जा सकता है कि इसकी रचना तृतीय शताब्दी ई० में हुई थी। इस पुराण से प्राचीन भारतीय राजशास्त्र व्यवस्था पर उचित प्रकाश पड़ता है।

राजशास्त्र व्यवस्था के अन्तर्गत राज्य के सप्तांग सिद्धांत को प्रायः समस्त राजशास्त्र प्रणेताओं द्वारा स्वीकार किया गया।[3] यह माना गया कि राज्य सात अंगों से मिलकर बना है और उनका क्रम महत्व के अनुसार ही रखा गया। **मत्स्य पुराण** में राजधर्म के अन्तर्गत राजनीति की विशद व्याख्या करते हुए राज्य के सातों अंगों का वर्णन इस प्रकार मिलता है :-

स्वाम्यमात्यौ जनपदो दुर्गे दण्ड स्तथैव च।
कोशो मित्रं च धर्मज्ञ सप्तांग राज्यमुच्यते ॥[4]

डॉ० एस० के० जायसवाल, रिसर्च एसोसीएट (यू०जी०सी०) डिपार्टमेन्ट ऑफ एनसीएण्ट इन्डियन हिस्ट्री एन्ड आर्क्योलॉजी, लखनऊ यूनिवर्सिटी, लखनऊ।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

अर्थात राज्य के सात अंग हैं :- स्वामी, अमात्य, जनपद, दुर्ग, दण्ड, कोश एवं मित्र ।

स्वामी (राजा) राज्य का प्रधान अंग है और सप्तांग युक्त राज्य का मूल है । राज्य तथा राज्यांगों का मूल होने के कारण उसकी रक्षा आवश्यक है[५] । राज्य के शेष छः अंगों की रक्षा भी राजा द्वारा होना आवश्यक है[६] । वह (राजा) प्रजारूपी वृक्ष की जड़ है और उसकी रक्षा से राष्ट्र की वृद्धि होती है[७] । राजा को बगुले की भांति अर्थ का चिन्तन करने वाला, सिंह की भांति पराक्रमी, भेड़िये के समान लूट-पाट करने वाला, खरगोश की तरह आवश्यकता पड़ने पर छिपकर रहने वाला, शूकर के सदृश दृढ़ प्रहार करने वाला मोर की भांति विचित्र आकार वाला, कुत्ते की तरह अनन्य भक्त वाला, कोकिल की तरह मृदुभाषी तथा कौए की भांति सशंकित स्वभाव वाला होना चाहिये[८] । राजा की इन महत्वपूर्ण योग्यताओं पर विशेष बल देने का कारण राज्य प्रशासन पर उसकी भूमिका का होना था । राज्य का कल्याण राजा की योग्यताओं पर ही निर्भर करता था । एक अन्य स्थान पर कहा गया है कि राजा को वेदवेत्ताओं से तीनों वेद, दण्डनीति, आन्वीक्षिकी (तर्कशास्त्र) तथा आत्मविद्या ग्रहण करनी चाहिए[९] । उसे रात दिन इंद्रियों पर विजय प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिये क्योंकि जितेन्द्रिय राजा ही प्रजाओं को वश में करने में समर्थ हो सकता है[१०] । वह वर्णाश्रम धर्म की व्यवस्था करने वाला, अपने धर्म से भ्रष्ट हुए लोगों को पुनः अपने-अपने धर्म में स्थापित कराने वाला तथा चारों आश्रमों की देख-रेख करने वाला होता है[११] । राज प्रशासन में प्रजा के प्रति अनुराग उत्पन्न करना अर्थात प्रजा-रंजन ही उसका प्रधान कर्तव्य समझा जाता था । इसका संकेत करते हुए कहा गया है कि राजा की लक्ष्मी उनकी प्रजा के अनुराग से ही उत्पन्न होने वाली होती है, इसलिये श्रेष्ठ राजाओं को पृथ्वी पर मानवों के प्रति प्रयत्न पूर्वक अनुराग करना चाहियें ।[१२]

प्राचीन भारत में राजा में दैवीय शक्तियों का समावेश स्वीकार किया गया और यह माना गया कि राजा की उत्पत्ति ही देवताओं के अंगों से हुई है । **मत्स्य पुराण** में भी इस सम्बन्ध में उल्लेख मिलता है कि ब्रह्मा ने समस्त प्राणियों की रक्षा के लिये तथा दण्ड का प्रयोग करने के उद्देश्य से देवताओं के अंशों को लेकर राजा की सृष्टि की है ।[१३] राजा के दैवीय गुणों के आधार पर उसके समस्त कार्यों को दैवीय रूप में स्वीकार किया गया। इस संदर्भ में **मत्स्य पुराण** में महत्वपूर्ण उल्लेख मिलते हैं । जिस प्रकार यमराज समय आने पर सभी शत्रु-मित्र को दण्ड प्रदान करते हैं उसी प्रकार राजा को प्रजा के साथ-व्यवहार करना चाहिये और यह राजा का यमव्रत बताया गया है ।[१४] जिस प्रकार वरूण द्वारा पाश से बंधे हुए लोग दिखायी देते हैं उसी तरह पापाचरण करने वाले को पाश बद्ध करने को **वरूणव्रत** की संज्ञा दी गयी है ।[१५] पूर्ण चन्द्र को देखकर जिस तरह मनुष्य में प्रसन्नता का भाव आता है उसी तरह जिसे देखकर प्रजा प्रसन्न होती हो वह राजा चन्द्रमा के समान है ।[१६] **अग्निव्रत** में राजा को पापियों, दुष्ट सामन्तों तथा हिंसकों के प्रति तेजस्वी एवं प्रतापशाली होने की सलाह दी गयी है ।[१७] पृथ्वी जिस प्रकार समस्त जीवों को धारण करती है उसी तरह राजा को भी सम्पूर्ण प्राणियों का पालन-पोषण करना चाहिये । यह राजा का **पार्थिवव्रत** है ।[१८] राजा को इन्द्र, सूर्य, वायु, यम, वरूण, चन्द्रमा, अग्नि तथा पृथ्वी के तेजोव्रत का आचरण करना चाहिये ।[१९] जिस तरह इन्द्र वर्ष के चार महीनों में वृष्टि करते हैं उसी प्रकार राजा को अपने राष्ट्र में स्वेच्छा से दान वृष्टि करनी चाहिये । यह राजा का **इन्द्रव्रत** है ।[२०] **सूर्यव्रत** के अन्तर्गत राजा को नित्य राज्य से उसी प्रकार कर ग्रहण करना चाहिये जिस तरह सूर्य आठ महीने तक अपनी किरणों से जल का अपहरण करते हैं ।[२१] जिस प्रकार मारूत समस्त प्राणियों में प्रवेश करके विचरण करता है उसी प्रकार

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

राजा को भी गुप्तचरों द्वारा समस्त प्राणियों में प्रविष्ट होना चाहिये। यह राजा का **मारूतव्रत** है।[२३] राज्य प्रशासन में राजा के कर्तव्य बहुत महत्वपूर्ण होते थे और उनका पालन करके ही श्रेष्ठ शासन व्यवस्था की स्थापना हो सकती थी। राजा पृथ्वी पर मनुष्य रूप में महान देवता था और उसका देवत्व उसके कार्यों में निहित था। विविध देवताओं के समान कार्य करने पर ही उसको उन देवताओं का स्वरूप प्रदान किया गया है।

अमात्य राज्य का दूसरा प्रधान अंग कहा गया है जिससे मंत्री का बोध होता है। राज्य की शासन व्यवस्था में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती थी। राजा अपने समस्त कार्यों का सम्पादन मंत्रियों के परामर्श से ही करता था। **मत्स्य पुराण** में उल्लेख मिलता है कि राज्य की रक्षा करने वाले राजा को अभिषेक के जल से सिर के भीगने के तुरन्त बाद सहायकों (मंत्रियों) की नियुक्ति करनी चाहिये क्योंकि राज्य उन्हीं पर प्रतिष्ठित रहता है।[२४] जो कार्य छोटे से भी छोटा है वह भी सहायकों के अभाव में अकेले व्यक्ति के लिए दुष्कर होता है फिर राज्य जैसे महान उत्तरदायित्वपूर्ण कार्य को राजा अकेले कैसे कर सकता है।[२५] राजा को उत्तम कुल में उत्पन्न, शूरवीर, उच्च जाति में उत्पन्न बलवान, सम्पन्न, रूपवान, सत्वगुण से युक्त, सज्जन, क्षमाशील, कष्ट सहिष्णु, उत्साही, धर्मज्ञ, प्रियभाषी, हितोपदेश के काल का ज्ञाता, स्वामिभक्त तथा यश के अभिलाषी पुरुष को सहायक (मंत्री) के पद पर नियुक्त करना चाहिये।[२६] राजा को मंत्रियों की मंत्रणा को गुप्त रखना चाहिये क्योंकि मंत्रणा के प्रकट होने से अनेक आपत्तियां प्रकट होने लगती हैं।[२७] मन्त्र ही राज्य का मूल है और राजा को सदैव उसे सुरक्षित रखना चाहिये।[२८] मन्तज्ञ मंत्री द्वारा दिया गया मन्त्र सभी सम्पत्तियों तथा सुखों को प्रदान करने वाला होता है।[२९] मन्त्र के छल से अनेक राजा विनष्ट हो चुके हैं।[३०] आकृति, संकेत, गति, चेष्टा, वचन, नेत्र तथा मुख के विकारों से अन्तः स्थित मनोभावों का पता लगता है। जिस राजा के मन का इन उपायों द्वारा कुशल लोग भी पता लगाने में सफल न हो सके वसुन्धरा उसी के वश में सदैव बनी रहती है।[३१] राजा को केवल एक व्यक्ति या एक ही साथ अनेक व्यक्तियों से मंत्रणा नहीं करनी चाहिये।[३२] वास्तव में एक व्यक्ति से की गयी मन्त्रणा राजा को गलत परामर्श की ओर ले जा सकती थी और राज्य का अहित होने का भय हो सकता था। इसी तरह अनेक मंत्रियों से एक साथ मंत्रणा करने से उसके प्रकट हो जाने का भय रहता था। मंत्रणा ही राज्य का मंत्र था और उसी पर दृढ़ एवं सुव्यवस्थित राज्य की कल्पना सम्भव थी। राज्य व्यवस्था के अन्तर्गत मंत्रियों की परामर्श पर राजा अपना ध्यान अवश्य केन्द्रित करता था क्योंकि इससे राज्य का कल्याण सम्भव था।

राज्य का तीसरा अंग **जनपद** था जिसका शाब्दिक अर्थ भूभाग है किन्तु भारतीय राजनीतिक दर्शन में इसका प्रयोग भूभाग और जनसंख्या दोनों के लिये किया गया है। **मत्स्य पुराण** में उल्लेख मिलता है कि राजा को अपने देश में निवास करना चाहिये।[३३] वह स्थान जहाँ वैश्य और शूद्र लोग अधिक मात्रा में रहते हों, जो शत्रुओं द्वारा हरण किये जाने योग्य न हो, जहां निरन्तर समानरूप से राजा के सुख-दुख के भागी एवं प्रेमीजन निवास करते हों इस प्रकार के देश में राजा को अपने सहायकों सहित निवास करना चाहिये।[३४] जिस तरह जनपद राज्य का मूलाधार है उसी प्रकार जनता जनपद की आधारशिला है। जनपद और जनता के अभाव में राज्य की कल्पना ही सम्भव नहीं है।

दुर्ग राज्य का चौथा अंग कहा गया है जिसके महत्व पर अनेक आचार्यों ने प्रकाश डाला है। **कौटिल्य** ने लिखा है कि यदि दुर्ग न हो तो कोष पर शत्रु सरलता से अधिकार कर सकता है। जिन राजाओं का दुर्ग सुदृढ़

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

होता है उन्हें परास्त करना सरल नहीं होता।[३४] दुर्ग राज्य की रक्षात्मक और आक्रामक शक्तियों का प्रतीक है। **मत्स्य पुराण** में छः प्रकार के दुर्गों का उल्लेख किया गया है— **धन्वदुर्ग, महीदुर्ग; नरदुर्ग, वृक्ष दुर्ग, जल दुर्ग** एवं **गिरि दुर्ग**।[३५] इन दुर्गों में गिरि दुर्ग को श्रेष्ठ कहा गया है।[३६] गिरि दुर्ग खाई, चहारदीवारी एवं तोप आदि सैकड़ों यंत्रों से घिरा होना चाहिये।[३७] उसमें किवाड़ सहित सुन्दर फाटक होना चाहिये जिससे हाथी पर बैठा हुआ पताका सहित राजा नगर में प्रविष्ट हो सके।[३८] दुर्ग में संगीतज्ञों और ब्राह्मणों के रहने का स्थान होना चाहिये।[३९] उसमें अनेक प्रकार के शस्त्रों से युक्त एवं हजारों को मारने में समर्थ योद्धाओं को रखना चाहिये क्योंकि उन्हीं से राज्य की रक्षा होती है।[४०] धनुष, तोमर, बाण, तलवार, कवच, लाठी, त्रिशूल आदि का संचय दुर्ग में होना चाहिये।[४१] सम्पूर्ण राज वस्तुओं को दुर्ग में गुप्त रूप से संगृहीत करना चाहिये।[४२] प्राचीन भारत में राज्य की सुरक्षा के लिये दुर्ग एक महत्वपूर्ण राज्यांग माना जाता था। सैन्य शक्ति का प्रयोग वहीं से भली-भांति हो सकता था।

राज्यांगों में पांचवां अंग कोष है। संचित कोष संकट काल में राज्य की रक्षा करता है। कोष की सुरक्षा करना राजा का उत्तरदायित्व है। राजा को अर्थ दोषों से बचने का संकेत **मत्स्य पुराण** में मिलता है। अर्थदोष दो प्रकार के बताये गये हैं—एक अर्थ का दोष और दूसरा अर्थ सम्बन्धी दोष।[४३] अपने दुर्ग के परकोटों तथा मूल दुर्ग आदि की उपेक्षा और अस्त व्यस्तता अर्थ सम्बन्धी दोष है और कुसमय में तथा कुपात्र को दिया गया दान एवं असत्कर्म का प्रचार अर्थ के दोष है।[४४] कोष के दूषित होने अथवा उसके अभाव में राजा जनशक्ति विहीन हो जाता था और ऐसे राजा का पतन निश्चित था।

दण्ड अथवा सेना को राज्य का छठा अंग कहा गया है। देश की व्यवस्था को सुचारू रूप से स्थापित रखने तथा बाहरी आक्रमणों से राज्य की सीमाओं को सुरक्षित रखने के लिये सेना की आवश्यकता होती है। **मत्स्य पुराण** में चतुरंगी सेना-हस्ति, रथ, अश्व एवं पैदल के अतिरिक्त गधे एवं ऊँटों की सेना को भी आवश्यक बताया गया है जिसका उपयोग विशेष रूप से ग्रीष्म ऋतु में हो सकता था।[४५] सैनिक संगठन का उद्देश्य देश रक्षा तथा राष्ट्र कण्टकों का विनाश करना है। राजा को देशकाल एवं त्रिकालज्ञ ज्योतिष से यात्रा की स्थिति को समझते हुए शत्रु को दण्ड देने के उद्देश्य से पुरोहित और मंत्रियों के परामर्श पर विजय यात्रा करनी चाहिये।[४६] राजा शत्रुओं का दमन तभी कर सकता था जब उसके पास शक्तिशाली सेना हो।

राज्य का सातवाँ और अंतिम अंग मित्र है। प्राचीन भारत में प्रत्येक राज्य की सुरक्षा शक्ति संतुलन से ही सम्भव थी जिसका तात्पर्य था कि राज्य अपने मैत्री पूर्ण सम्बन्ध इस प्रकार स्थापित करे कि शक्तिशाली राज्य का इस पर आक्रमण करने का साहस ही न हो। राज्य की सुरक्षा के लिए मित्र की आवश्यकता होती है। **मत्स्य पुराण** में मित्र तीन प्रकार के कहे गये हैं—प्रथम वे जो पिता-पितामह आदि के समय से मित्रता का व्यवहार करते चले आ रहे हैं, द्वितीय वे जो शत्रु के शत्रु हैं और तृतीय वे जो किन्हीं कारणों से बाद को मित्र बन गये। इन तीनों प्रकार के मित्रों में प्रथम प्रकार के मित्र को उत्तम बताते हुए उल्लेख किया गया है कि उनका आदर करना चाहिये।[४७]

राज्य के सप्तांग सिद्धान्त को स्वीकार करते हुए **मत्स्य पुराण** द्वारा राज्य व्यवस्था पर उचित प्रकाश पड़ता है। प्रशासन जैसा कठिन कार्य अकेले राजा द्वारा संभव नहीं हो सकता। उसके लिए राज्य पदाधिकारियों

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

की आवश्यकता होती है। राजा को **सेनापति**,[४८] **प्रतिहारी**,[४९] **दूत**,[५०] **सन्धिविग्राहिक**,[५१] **देशरक्षक**,[५२] **सारथि**,[५३] **धर्माध्यक्ष**,[५४] **लेखक**[५५] **द्वारपाल**,[५६] **धनाध्यक्ष**.[५७] **वैद्य**,[५८] **गजाध्यक्ष**,[५९] **अश्वाध्यक्ष**,[६०] **दुर्गाध्यक्ष**,[६१] **अस्त्राचार्य**,[६२] **अन्तः पुराध्यक्ष**,[६३] की नियुक्ति उनकी योग्यताओं को ध्यान में रखकर करनी चाहिये। उत्तम, मध्यम तथा अधम कार्यों को भली-भांति समझकर वैसे ही उत्तम, मध्यम, एवं अधम पुरुषों को सौंपना राजा का कर्तव्य कहा गया है।[६४] युद्ध से विमुख न होना, प्रजाओं का पालन तथा ब्राह्मणों की सेवा-यह तीनों कार्य राजा के लिये कल्याणकारी हैं।[६५] दुर्दशाग्रस्थ, असहाय, वृद्धों एवं विधवा स्त्रियों के योगक्षेम एवं जीविका का प्रबन्ध राज्य के हित में राजा द्वारा होना चाहिये।[६६] जिस प्रकार पालतू बछड़ा बलवान होने पर कार्य करने में समर्थ होता है, उसी प्रकार पालन-पोषण कर समृद्ध किया हुआ राष्ट्र भी भविष्य में उन्नति की ओर अग्रसर होता है।[६७]

अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में राजा को **साम, भेद, दान, उपेक्षा, दण्ड, माया** तथा **इन्द्रजाल** नामक सात नीतियों का प्रयोग करना चाहिये।[६८] जहां राजा के सम्मुख आन्तिरिक कोप और बाहरी कोप दोनों उपस्थित हों वहां आन्तरिक कोप सबसे भीषण और विषम परिस्थिति वाला होता है क्योंकि इससे राजा का विनाश सम्भव है।[६९] रानी, युवराज, सेनापति, अमात्य और राजकुमार द्वारा किया गया क्रोध आंतरिक कोप है।[७०] राजा को सदैव आंतरिक कोप की रक्षा करनी चाहिये।[७१] राजा के लिये चरों की नियुक्ति भी आवश्यक है।[७२] चरों की भांति राज्य के मूलाधार गुप्तचर हैं, इसलिये राजा को उनकी परीक्षा करके उनकी नियुक्ति करनी चाहिये।[७३] राजा के समस्त कार्य गुप्तचरों पर ही निर्भर हैं इस कारण राजा को उनके प्रति यत्नशील रहना चाहिये।[७४]

दण्डनीति का प्रयोग भी राजा को सोच समझकर करना चाहिये क्योंकि सब कुछ दण्ड पर ही प्रतिष्ठित है।[७५] यदि राज्य में दण्डनीति की व्यवस्था न हो तो बालक, वृद्ध, आतुर, सन्यासी, ब्राह्मण, स्त्री और विधवा सभी मात्स्यन्याय के अनुसार आपस में एक दूसरे को समाप्त कर देंगे।[७६] यदि राजा दण्ड की व्यवस्था नहीं करता है तो सभी लोग मर्यादा का उल्लंघन कर जायेंगे।[७७] दण्ड सभी के सो जाने पर जागता रहता है, अतएव बुद्धिमान लोग दण्ड को धर्म के रूप में स्वीकार करते हैं।[७८] राजा को धर्मशास्त्र के अनुसार ही दण्डनीति का प्रयोग करना चाहिये।[७९]

राजधर्म के अन्तर्गत भारतीय राज्य शास्त्र व्यवस्था का स्पष्ट उल्लेख **मत्स्य पुराण** में हुआ है। भारतीय राजनीति तथा शासन प्रणाली पर यथेष्ट प्रकाश डालने हेतु यह अमूल्य ग्रन्थ है। राजतन्त्र का स्वरूप, राजाओं के अधिकार एवं कर्तव्य, मंत्रियों का निर्वाचन एवं उनका महत्व, कर व्यवस्था, न्याय व्यवस्था, अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध, सैन्य-व्यवस्था, राज कर्मचारियों की नियुक्ति एवं उनके उत्तरदायित्व का वर्णन जिस तरह विस्तृत रूप से इस पुराण में हुआ है वह भारतीय राजशास्त्र के दृष्टिकोण से अत्यन्त महत्वपूर्ण है। राजतन्त्रात्मक व्यवस्था के अन्तर्गत राजा का प्रधान कर्तव्य प्रजारंजन बताया गया है जिसके लिये उसकी नियुक्ति हुई। इस संदर्भ में **मत्स्य पुराण** का यह उल्लेख बहुत महत्वपूर्ण है कि पृथ्वी का पालन करने वाले राजा के प्रति प्रजा का परम अनुराग हो जाता है। प्रजा के अनुराग से ही राजा को लक्ष्मी की प्राप्ति होती है और लक्ष्मीवान राजा को ही यश प्राप्त होता है–

> एवं महीं पालयतोऽस्य भर्तुर्लोकानुरागः परमो भवेत्तु।
> लोकानुराग प्रभवा च लक्ष्मीर्लक्ष्मीवतश्चापि परा च कीर्ति ॥[८०]

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

सन्दर्भ

१. मत्स्य पु०, अध्याय—१

2. Pargiter, Dynasties of the Kali Age, Introduction, p. XIII.

३. मनु० ९,२९४, कौ० अर्थ० ६, १, याज्ञ०, १,३५३, शुक्र० १,६१, कामन्दक १,१६,

४. मत्स्य पु०. २२०.१६,

५. वही २२०.२० सप्तांगस्यापि राजस्य मूलं प्रकीर्तितः । तनमूलत्वात् तथागंनां स तु रक्ष्यः प्रयत्नतः ।

६. वही २२०.२१

७. वही २१६.३४

८. वही २१५.६६-७१

९. वही २१५.५४

१०. वही २१५.५५

११. वही २१५.६३-६४

१२. वही २१५.६६

१३. वही २२६ १ दण्डप्रणयनार्थाय राजा सृष्टः स्वयम्भुवा ।
देवाभागानुपादाय सर्वभूतादिगुप्तये ।।

१४. वही २२६.४

१५. वही २२६.५

१६. वही २२६.६

१७. वही २२६.७

१८. वही २२६.८

१९. वही २२६.९

२०. वही २२६.१०

२१. वही २२६.११

२२. वही २२६.१२

२३. बही २१५.२ अभिषेकार्दशिरसा राज्ञा राज्यावलोकिना ।
सहायवरण कार्य तत्र राज्यं प्रतिष्ठितम् ।

२४. वही २१५.३

२५. बही २१५.४-६

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

२६. वही २२०.३१-३२
२७. वही २२०.३३
२८. वही २२०.३४ मन्त्रवित्साधि तो मन्त्रः सम्पतीनां सुखावहः ।
२९. वही २२०.३५ मन्त्रच्छलेन बहवो विनष्टाः पृथ्वीक्षितः ।
३०. वही २२०.३५-३६
३१. वही २२०.३७
३२. वही २१७.१
३३. वही २१७.२-५
३४. कौ० अर्थ० ८.१
३५. मत्स्य पु० २१७.६-७ धन्वदुर्गे महीदुर्गं नरदुर्गं तथैव च वार्क्ष चैवाम्बदुर्गं च गिरिदुर्गं व पार्थिव ।
सर्वेषामेव दुर्गाणां गिरि दुर्गं प्रशस्यते ।
३६. वही २१७.७
३७ वही २१७.८
३८. वही २१७.९
३९. वही २१७.२६
४०. वही २१७.२७-२८
४१. वही २१७.२९-३०
४२. वही २१७.४२
४३. वही २२०.११
४४. वही २२०.१२-१३
४५. वही २४०.१९-२०
४६. वही २४०.२७
४७. वही २४०.१७-१८
४८. वही २१५.१०
४९. वही २१५.११
५०. वही २१५.१२
५१. वही २१५.१६
५२. वही २१५.१७

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute. Melukote Collection

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

५३. वही २१५.२१
५४. वही २१५.२४
५५. वही २१५.२६
५६. वही २१५.३०
५७. वही २१५.३२
५८. वही २१५.३४
५९. वही २१५.३६
६०. वही २१५.३८
६१. वही २१५.३९
६२. वही २१५.४१
६३. वही २१५.४२
६४. वही २१५.४८
६५. वही २१५.६२
६६. वही २१५.६३
६७. वही २२०.४१-४३
६८. वही २२२.२
६९. वही २२२.७
७०. वही २२२.८-९
७१. वही २२२.११
७२. वही २१५.९४
७३. वही २१५.९५
७४. वही २१५.९६
७५. वही २२५.७
७६. वही २२५.९
७७. वही २२५.१०
७८. वही २२५.१५
७९. वही २२५.४
८०. वही २२०.४७

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

तुन्ह्वांग में बौद्ध धर्म और संस्कृति

श्रीमती यमुना लाल

यद्यपि मध्य एशिया के कुछ देशों में महामानव बुद्ध के उपदेश सम्राट् अशोक के समय में ही पहुंच चुके थे तथापि मध्य एशिया के विभिन्न देशों में बौद्ध धर्म के विस्तार का श्रेय कुषाण सम्राट् कनिष्क को ही है जिसने मध्य एशिया के अनेक देशों को जीता था।[1] मध्य एशिया के जिन देशों ने तथागत के लोक-सुखयन उपदेशों को अपनाया और उनका प्रचार-प्रसार किया उनमें अफगानिस्तान, खोतन कूचा, काशगर, सोंख, तूर्फान, तुन्ह्वांग आदि प्रसिद्ध हैं। इनमें भी तुन्ह्वांग की अपनी ही विशेषता है जो शताब्दियों तक बौद्ध धर्म की ही नहीं अपितु कला, साहित्य और संस्कृति की भी अभिवृद्धि करता रहा। तुन्ह्वांग में अजन्ता की कला नालन्दा की विधा-विविधता तथा एलोरा की गुहा विहार कला और सांची के तोरण कला को एक साथ देखा जा सकता है। इस लघु शोध निबन्ध में तुन्ह्वांग में बौद्ध धर्म और सस्कृति के माध्यम से वर्तमान बौद्ध जगत को उसकी देनों पर प्रकाश डाला गया है।

कूचा से पूर्व तूर्फान के पार चीन की सीमा के समीप तुन्ह्वांग प्रदेश स्थित था। यह एक प्रसिद्ध नगर भी था। यहां से बहुमूल्य पुस्तकों का एक विस्मृत प्राचीन पुस्तकालय प्राप्त हुआ है।

तुन्ह्वांग का इतिहास नया नहीं है। सन् १९८ ई० के जो लेख उत्खनन् में प्राप्त हुए हैं उनसे ज्ञात होता है कि उस समय यहाँ चीनी सैनिक छावनी थी। सम्राट् मिङ्ती के सेनापति पन्-चाऊ ने काशगर और खोतन को जीता था और कनिष्क को उधर आगे बढ़ने से रोका था। वह तुन्ह्वांग से भगवान बुद्ध की एक मूर्ति अपने साथ चीनी सम्राट् के लिये लाया था।[2]

सहस्र बुद्ध गुहा विहार

नगर में दक्षिण-पश्चिम ६ मील दूर नदी के पास लगी पहाड़ी की पंक्तियाँ हैं जिन्हें खोदकर गुफाएं बनाई गई हैं जो इतनी पास हैं कि मधुमक्खी का छत्ता सा प्रतीत होती हैं। इन्हें सहस्र बुद्ध या सहस्र बुद्ध गुहा विहार कहते हैं। ये गुफाएं चौथी शताब्दी के मध्य बनाई गई थीं जिस समय भारत में समुद्र गुप्त दिग्विजय कर रहा

[1] डॉ० श्रीमती यमुना लाल, आर० २५ संजयपुरम्, लखनऊ।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute. Melukote Collection

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

था।[3] सबसे पहले इसकी खोज सर स्टाइन ने १९०६ ई० में की थी। गुफाओं की यह शृंखला एक हजार गज से भी अधिक लम्बी है।[4]

गुफाएं और भित्ति चित्र

सहस्र बुद्ध गुहा विहार की दीवालों पर भित्ति चित्र बने हुए हैं।[5] ये चित्र यद्यपि छठवीं शताब्दी में बनाये गये थे फिर भी बिल्कुल ठीक दशा में सुरक्षित हैं। वस्तुतः ये भित्ति चित्र बौद्ध कला की जीवन्त निधि हैं।[6] गुफाएं लटकती भी मालूम पड़ती हैं क्योंकि पहाड़ी की संरचना ही ऐसी है। इन गुफाओं की पहली दो गुफाएं बौद्ध भिक्षुओं -- लो-चुन एवं फा-लिन ने ३९९ ई० में बनाई थीं।[7] ऊपरी गुफा मन्दिर में जाने के लिए सीढ़ियां हैं। ये गुफा मन्दिर एलोरा की स्मृति दिलाती हैं। मुख्य गुहा मन्दिर में पहुंचने के लिए एक प्रशस्त पथा जिसके रास्ते से ही हवा और प्रकाश भी अन्दर पहुंचता था। इसी भीतरी गुफा में ४५ फीट लम्बी चौकोर सद्धम्म देशना शाला थी। जो पूरी पहाड़ी को कोर कर बनाई गई थी। देशना सभा के बीच में एक विशाल बुद्ध मूर्ति है जिसके अगल-बगल में देवताओं की मूर्तियां हैं। इसमें 'प्रदक्षिणा पथ' भी है।

तुन्ह्वांग या मध्य एशिया का अजन्ता

तुन्ह्वांग गुफा विहार की दीवारें भित्ति चित्रों से सुसज्जित हैं जिनमें फूल-पत्ते तथा अन्य चित्र बने हैं। इन चित्रों को देखकर अजन्ता की गुफाओं का तुरन्त स्मरण हो आता है। यद्यपि ये गुफाएं और इनके चित्र अजन्ता की गुफाओं के समकालीन हैं तथापि अजन्ता की अपेक्षा अधिक सुरक्षित हैं।[8]

तुन्ह्वांग की गुफाओं के चित्रों को दो वर्गों में विभाजित किया जा सकता है—बुद्ध और बोधिसत्वों के चित्र तथा लौकिक जीवन से सम्बन्धित चित्र। यहां रेशमी पट्टों पर बने चित्र भी मिले हैं। जातक कथाओं के चित्रण भी प्राप्त हुए हैं।[9] इस प्रकार ये सांची के विशाल स्तूप के तोरण द्वारों की कला के अधिक समीप हैं।

तुन्ह्वांग पुस्तकालय

जिस समय सर स्टाइन सहस्र बुद्ध गुहा संघाराम की छान-बीन कर रहे थे, अकस्मात् उन्हें एक छोटी सी गुफा दिखाई दी। उन्होंने बड़ी उत्सुकता से पास जाकर उसे देखा और अन्तर्निहित सामग्री का निरीक्षण किया। गुफा हस्तलिखित ग्रन्थों और रेशमी पट्टों पर बने चित्रों से भरी हुई थी। ग्यारहवीं शताब्दी में वाह्य आक्रमण के संकट के समय इस गुफा को बन्द कर दिया गया था। और बाद में किसी को भी इस ग्रन्थागार का पता नहीं रहा। स्टाइन महोदय बहुत से हस्त लिखित ग्रन्थ तथा चित्र अपने साथ ले गये।

कालान्तर में इन्हीं गुफाओं से फ्रेंच विद्वानों ने भी बहुत से हस्तलिखित ग्रन्थ और चित्र प्राप्त प्राप्त किये। जो बाकी बचे उन्हें चीन सरकार की आज्ञा से पेकिङ्ग भेज दिया गया।[10]

१९०६-८ के बीच प्रो० पेलियो ने भी इस सहस्र बुद्ध गुहा विहार का भ्रमण किया। उन्होंने वहाँ के वाङ्ताओ बौद्ध भिक्षु से भी सम्पर्क किया जिसकी सहायता से ही सर स्टाइन ने उक्त पुस्तक भण्डार को खोजा था। वाङ्-ताओ की सहायता से जब महोदय पेलियो उसी के साथ सहस्र बुद्ध गुहा संघाराम का निरीक्षण कर

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

रहे थे तभी उन्हें भी एक पुस्तकों से परिपूर्ण गुफा का आभास हुआ।[11] उन्होंने उसको खोज-बीन कर देखा। उसमें हस्तलिखित पुस्तकों का अपार भण्डार प्राप्त हो गया। यह गुफा लगभग एक मीटर विस्तृत थी जिसमें चारों ओर हस्तलिखित ग्रन्थ भरे हुए थे। उनमें अधिकांश कुंडली बनाकर (लपेटकर) और कुछ मुड़े हुए पन्नों वर्तमान पुस्तकों की भांति बहुत ही सजाकर और संभालकर रखे गये थे। ये सभी ग्रन्थ चीनी, तिब्बती, उइगुरू और संस्कृत में लिखे हुए थे।[12]

तुन्ह्वांग पुस्तकालय या मध्य एशिया का नालन्दा

प्रो० पेलियो को जो ग्रन्थ-राशि इस गुफा से प्राप्त हुई थी उनमें से लगभग पन्द्रह हजार कुंडलीकृत ग्रन्थ थे।[13] इनमें से अधिकांश ग्रन्थ बौद्ध धर्म से सम्बन्धित थे।[14] शेष इतिहास, भूगोल, दर्शन साहित्य आदि से सम्बन्धित थे।[15] इस ग्रन्थ रत्नाकर को पाकर पेलियो इतने आनन्द विभोर हो उठे कि उन्होंने दो सप्ताह उन्हीं गुफाओं में बिताया।[16] प्रो० पेलियों और उनके साथियों ने तीन सप्ताह निरन्तर रूप से इन पुस्तकों की छान-बीन की। उनमें से ब्राह्मी लिपि तथा उइगुरू भाषा में लिखे हुए सभी ग्रन्थ अपने साथ ले जाने के लिये अलग छांट कर रख लिये। तिब्बती और चीनी में लिखे कुछ महत्वपूर्ण ग्रन्थ भी छांटे। इस प्रकार के चुने हुए ग्रन्थों की संख्या भी पाँच हजार थी।[17]

प्रो० पेलियो ने फरवरी १९०७ से मई १९०८ तक तुन्ह्वांग की इन्हीं गुफाओं में बिताया। यहां उन्हें जो सामग्री प्राप्त हुई उसकी पूरी सूची तैयार करने में तीन वर्ष का समय लगा। जापान से इन ग्रन्थों को प्रकाशित कराया गया।[18]

'पेलियो के बाद स्टाइन महोदय पुनः तुन्ह्वांग पहुंचे। वहाँ उन्होंने २४ सन्दूक हस्तलेख तथा चित्रपट, गोटों तथा दूसरी चीजों से भरी हुई ४ सन्दूकें पांच हजार रुपये देकर खरीदीं।[19] प्रो० सिल्वेन लेवी ने इसके विषय में लिखा है--

'स्टाइन ने जिस महान ग्रन्थ राशि को जमा किया, उस पर काम करने के लिये जातीयता के किसी झूठे अभियान ने बाधा नहीं डाली। उनमें से कुछ ग्रन्थों को डेन विद्वान् विल्हेलम टामस को दिया गया जिसने कि ओखेन के तुर्की शिलालेखों को पढ़ा था; कुछ मध्य एशिया के दूसरे परिगवेषक फान-ले-काक को दिया गया, जो जर्मन हैं। कुछ पूसिन को, जो बेल्जियन हैं और महायान बौद्ध धर्म के पारंगत माने जाते हैं। पेलियो को चीनी ग्रन्थों की सूची बनाने का काम दिया गया। ईसा की प्रारम्भिक शताब्दियों के काष्ठ पट्टिकाओं पर लिखे ग्रन्थों के सम्पादन करने का काम एक चीनी विद्वान् को दिया गया। सेनार्ट और बाबा बायर को खरोष्ठी में लिखी पट्टिकाओं के अध्ययन करने के लिए कहा गया। प्रो० गाथियो को सोग्डी में लिखे पन्ने दिए गए और सुखारी भाषा में लिखे पन्ने मुझे (लेवी को) मिले।'[20]

इस प्रकार बौद्ध केन्द्र तुन्ह्वांग से प्राप्त ग्रन्थागार के अवशेषों का अध्ययन करने के लिए चीन, योरोप और एशिया के प्रसिद्ध विद्वान जुटे थे। जापानी विद्वानों से भी इस भू-भाग में अनेक बौद्ध ग्रन्थों की खोज की थी। रेशमी पट्ट पर लिखित एक पुस्तक ती १२ गज लम्बी थी।[21]

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

तुन्ह्वांग भू-भाग पर भारतीय बौद्ध संस्कृति का व्यापक प्रभाव था। १०३५ ई० के पूर्व तुन्ह्वांग और उसके समीपवर्ती सभी प्रदेशों के लोग बौद्ध धर्म के अनुयायी थे। चीनी, सुन्डी, तिब्बती, तुर्की, उइगुरू भारतीय आदि कितने प्रकार के लोग वहां रहते थे जिन्होंने वहां की मिश्रित बौद्ध संस्कृति के निर्माण में बड़ा योगदान था।[२२]

इस प्रकार संक्षिप्त उपर्युक्त विवरण से यह स्पष्ट है कि यो तो मध्य एशिया के अधिकांश देशों में बौद्ध धर्म की प्रधानता थी फिर भी तुन्ह्वांग कुछ विशेष ही था। महामानव बुद्ध तथा उनके श्रावकों के प्रति वहां के लोग बहुत ही श्रद्धावन्त थे। उनके पुरातात्विक अन्वेषण से उपलब्ध विविध प्रचुर सामग्री भी यही सिद्ध करती है। आज बौद्ध धर्म के अनेक ऐसे ग्रन्थ जो भारत में विलुप्त हो गये थे, लेकिन मध्य एशिया के देशों से हस्त-लिखित रूप में प्राप्त हुए हैं। यहां अजन्ता और एलोरा की भित्ति-चित्र-कला तथा पर्वतों को काटकर बनाए गए विहार एवं चैत्य कला के दर्शन भी होते हैं। निस्सन्देह यह भगवान बुद्ध का अदण्ड और अशस्त्र पर आधारित करुणा और मैत्री से सम्बद्ध धर्मराज्य का विस्तार ही था।

तुन्ह्वांग की पुरातात्विक उपलब्धियों ने विश्व के बौद्धों को ही नहीं अपितु अन्य विद्वानों और चिन्तकों को भी सोचने-समझने के लिए बाध्य कर दिया है। यही तुन्ह्वांग की महती देन है।

संदर्भ

१. इलियट, हिन्दुइज्म एण्ड बुद्धिज्म जि० ३/१६७-६८
२. राहुल सांस्कृत्यायन, बौद्ध संस्कृति, पृ० २५९, सन् १६५२
३. वही पृ० २६१
४. सत्यकेतु विद्यालंकार, मध्य एशिया एवं चीन में भारतीय संस्कृति पृ० ११८-१६
५. वही पृ० ११९
६. बौद्ध संस्कृति, पृ० २६१
७. वही, पृ० २६३
८. म०ए०ची०भा०सं०, पृ० २६१
९. वही, पृ० २६२
१०. वही, पृ० ११९
११. म०ए०ची०भा०सं०, पृ० १२०
१२. बौ०सं०, पृ० २६४
१३. म०ए०ची०भा०सं० पृ० १२१
१४. बौ०सं०, पृ० २६४
१५. म०ए०ची०भा०सं० पृ० १२१

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS

१६. बौ०सं०, पृ० २६४
१७. म०ए०ची०भा०सं०, पृ० १२१
१८. बौ०सं०, पृ० २६५
१९. वही, पृ० २६४
२०. वही, पृ० २६५
२१. वही, पृ० २६५
२२. म०ए०ची०भा०सं०, पृ० १२१

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

प्रोषितभर्तृका

ममता मिश्रा

वाणिज्य-व्यापार, सैनिक अभियान अथवा किसी अन्य कारण से जो पुरुष दीर्घ प्रवास पर चले जाते थे, सन्यासी हो जाते थे अथवा लापता हो जाते थे, उनकी पत्नियों को प्राचीन भारतीय साक्ष्यों में **प्रोषित-भर्तृका**[1] **प्रोषितपतिका**[2], **गतपतिका**[3] तथा प्रोषितयोषिता[4] आदि कहा गया है। प्रारम्भिक धर्मशास्त्रों (धर्म एवं गृह्यसूत्र, मनुस्मृति) की रचना के समय तक महिलाओं की स्थिति में काफी गिरावट आ चुकी थी। धर्मशास्त्रकारों ने पतिपरायणता तथा इससे प्राप्त होने वाले तथाकथित पुण्यों को अनावश्यक महत्ता देकर स्त्रियों के मन में इन्हें कूट-कूट कर भर दिया था। पत्नी से पति के प्रति अंध-भक्ति एवं पूर्ण समर्पण की अपेक्षा की जाती थी। पति से पृथक होने पर उसका जीवन प्रयोजन एवं आकर्षणहीन हो जाता था, भले ही पति अयोग्य एवं पतित ही क्यों न हो। स्त्री की समस्त साज-सज्जा, सुख एवं प्रसन्नता पति को प्रसन्न एवं सन्तुष्ट रखकर अपनी ओर आकृषित करने के लिये ही होती थी। अतः पति की अनुपस्थिति की अवधि में पत्नी के लिये अपने समस्त सुखों, साज-शृंगार तथा प्रसन्नता तक का परित्याग कर सधवा एवं विधवा के बीच का जीवन बिताने का प्रावधान किया गया। इसीलिये भास[5] तथा कालिदास[6] ने ऐसी स्त्री के लिये **अविधवा** शब्द का प्रयोग किया है और हाल ने इसे जीवन एवं मरण के बीच की स्थिति कहा है[7]।

महाकाव्यों में **प्रोषित-पतिकाओं** के विषय में कहा गया है कि वे कज्जल, विलेपन, आभूषणों तथा फूल-मालाओं का प्रयोग नहीं करती थीं और न ही पैरों में महावर लगाती थीं[8]। वे मलिन वस्त्र धारण करती थीं, बालों को एक ही वेणी में बांधती थी तथा अधिक व्रत-उपवास करने के कारण कृशगात हो गई थी[9]। विष्णु के अनुसार **प्रोषितभर्तृका** को प्रतिकर्म अर्थात् अलंकरण एवं क्रीड़ादि से विरद रहना चाहिये और पर-पुरुषों के घर नहीं जाना चाहिये[10]। याज्ञवल्क्य ने साज-शृंगार, खेल-कूद एवं पर-पुरुष के घर जाने के अतिरिक्त उसके लिये उत्सव (विवाहादि), मेले (जनसमूह) में जाने और हास-परिहास करने का भी निषेध किया[11]। बृहस्पति ने उपर्युक्त प्रावधानों का मोटे तौर पर समर्थन करने के साथ-साथ प्रोषितपतिकाओं को नृत्य-संगीत, आमिष आहार एवं 'मद्यपान' से विरत रहने का निर्देश दिया[12]। अभिज्ञानशाकुंतल नाटक से भी हमें पता चलता है कि अपने पति दुष्यन्त से पृथक रहने की दीर्घावधि में शकुंतला धूल-धूसरित वस्त्र पहनती थी। अपने केशों को उसने एक

डॉ० (कु०) ममता मिश्रा, शोधछात्रा, प्रा० भा० इतिहास एवं पुरातत्त्व विभाग, ल०वि० वि०।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute. Melukote

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

ही वेणी में बांध दिया था। समस्त सुखों से वंचित रहकर प्रोषितपतिका के व्रत का पालन करने के कारण उसका शरीर अत्यन्त दुर्बल हो गया था[13]। कामसूत्र में भी इससे मिलता-जुलता विवरण प्राप्त होता है[14]।

विवेच्य कालावधि के साक्ष्यों में हालकृत गाथासप्तशती एवं कालिदासकृत मेघदूत में प्राप्य प्रोषितपतिकाओं विषयक विस्तृत विवरण विशेषतया उल्लेखनीय तथा तुलनीय है। यह विवरण संक्षेप में इस प्रकार है-

पति का प्रवास पर जाना पत्नी के लिये असह्य दुःख का कारण था[15] और प्रवास पर जाने के लिये निर्धारित तिथि के पहले ही पत्नी के शरीर एवं उत्साह में शैथिल्य आने लगता था[16]। विरह की अवधि में वह उत्तम भोजनादि एवं आकर्षक वस्त्राभूषणों का परित्याग कर मलिन-वस्त्र धारण करती थी[17]। वह अपने केशों को एक वेणी में बांध देती थी जिसे या तो पति वापस आने पर खोलता था अथवा पति के आगमन पर वह स्वयं खोल देती थी[18]।

प्रोषितपतिका की आंखों में सदैव उसका पति बसा रहता था और वह उसी के विषय में दिन-रात सोचा करती थी[19]। नींद न आने के कारण ग्रीष्म ऋतु की छोटी रातें भी उसे लम्बी तथा भारी लगती थीं[20] और स्वप्न में भी पति के दर्शन नहीं हो पाते थे[21]। हाल के अनुसार दीर्घ सांसे लेना, रोना तथा विरह के गीत गाना, यही वियोग, में स्त्रियों के मनोविनोद होते हैं[22]। कालिदास ने (पति के प्रवास के दिनों का गणित लगाकर) विरहिणी द्वारा (प्रवास के दिन) देहली पर रखे गये फूलों की गणना करना और मन में पति के सहवास का आस्वादन करना ही उसके मन-बहलाने के साधन बतलाये हैं[23]। प्रवास के दिनों की गिनती **प्रोषितपतिका** द्वारा अपने हाथ-पैरों की उंगलियों की बार-बार गणना कर[24], दीवार पर रेखायें खींचकर[25], पति के नामाक्षरों को बार-बार लिखकर[26] तथा फूलों को गिनकर[27] भी की जाती थी। पति के आगमन की प्रतीक्षा में विरहिणी पथिकों को आशा भरी आँखों से देखती रहती थी[28]। इस प्रकार के कष्टपूर्ण एवं आकर्षण-विहीन दिनचर्या के कारण प्रोषित भर्तृका का शरीर इतना कृश हो जाता था कि उसके वलय ढीले होकर भूमि पर गिर जाते थे[29]। वह आमिष-आहार एवं मदिरा का परित्याग कर देती थी[30]। परिणामस्वरूप उसकी वही दशा हो जाती थी जो धन के न रहने पर घर की और गोधन से रहित हो जाने पर बथान की[31] यक्षणी ने पति के सकुशल पुनरागमन की प्रतीक्षा में (घर के द्वार से लगे) गलियारे में दो मंगलकलश रख दिये थे[32] और मात्र-पति के दर्शन एवं मिलन के लिये ही मानो वह जीवन धारण कर रही थी[33]। क्योंकि स्त्री के यौवन-विभ्रम एवं विलास-प्रीतम के प्रवास करने पर प्रवास करते हैं और उसके वापस आने पर ये भी लौट आते हैं[34]।

पत्नी के वियोग में प्रवासी पति के भी संतप्त होने के कुछ विवरण प्राप्य हैं। मेघदूध में यक्ष अपने को **दूर-बन्धु** अर्थात् पत्नी से दूर कहता है और अपनी विरहणी पत्नी की कष्टपूर्ण स्थिति के विषय में कल्पना कर स्वयं दुःख और वेदना का अनुभव करता है तथा विविध प्रकार से इनकी अभिव्यक्ति करता है[35]। इसी प्रकार सीता के वियोग में राम[36] और शकुंतला के विरह में दुष्यन्त अत्यधिक संताप का अनुभव करते हुए दर्शाये गये हैं।[37] परन्तु इस प्रकार विवरण आदर्श पतियों के सन्दर्भ में ही प्राप्य हैं। सामान्यतया स्त्रियाँ ही विरह की अग्नि में जलती थीं। इस सन्दर्भ में हाल का कथन तर्कसंगत एवं यथार्थ है। उसके अनुसार पति के वियोग में पत्नी का कष्ट उठाना तथा मर-मिटने को तैयार रहना वास्तव में महिलाओं का दोष है[38]।

पुरुष-प्रधान पारिवारिक एवं सामाजिक व्यवस्था में पुरुष सामान्यतया स्त्रियों के सुख दुःख की अधिक

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS

चिन्ता नहीं करते थे। पत्नी की दीर्घकालिक अनुपस्थिति में पुरुषों के भी परस्त्रीगामी होने की संभावना होती है। किन्तु धर्मशास्त्रकारों ने इस तथ्य की पूर्णतया उपेक्षा की और उनके लिये कोई विशेष नियम नहीं बनाये, जबकि स्त्रियों के प्रति भेदभावपूर्ण दृष्टिकोण अपनाते हुए उनके लिये कठोर तथा काफी हद तक अमानवीय प्रावधान किये।

यहाँ यह प्रश्न भी विचारणीय है कि प्राचीन भारत में प्रचलित संयुक्त परिवार व्यवस्था में किसी पुरुष की अनुपस्थिति में उसकी स्त्री के लिये न तो कोई असुरक्षा की समस्या थी और न ही भरण-पोषण की। इसके अतिरिक्त पति-पत्नी एक साथ रहकर भी स्वच्छंदता से एक दूसरे से मिलकर प्रणयवार्ता अथवा अन्य प्रकार से मनोविनोद प्रायः नहीं कर पाते थे। तो फिर पति के प्रवास पर जाने पर क्या पत्नी सचमुच इतनी अधिक असहाय एवं शोक-विह्वल हो जाती थी, जितना उसे विभिन्न साक्ष्यों में दर्शाया गया है ?

प्रोषितपतिका-विषयक विवरणों में काफी हद तक एकरूपता पाई जाती है। विविध साक्ष्यों की सामग्री के विश्लेषण करने पर निम्नलिखित तथ्य उभरकर सामने आते हैं :—

१—प्रोषितपतिका के लिये साज-शृंगार का निषेध होने के कारण उसका शारीरिक आकर्षण काफी कम हो जाता था।

२—उसके लिये कामोद्दीपन में सहायता करने वाले आमिष भोजन तथा मादकपेय आदि का प्रयोग वर्जित था।

३—दूसरे के घरों में तथा उत्सव एवं मेले आदि में जाना भी प्रतिबंधित था।

४—व्रत-उपवास करने तथा संयमी जीवन बिताने का प्रावधान किया गया था।

इन नियमों का प्रावधान मुख्यतया **प्रोषितपतिका** के चरित्र-आचरण की रक्षार्थ किया गया था क्योंकि पति की दीर्घकालिक अनुपस्थिति में स्त्री की परपुरुष में आसक्ति हो जाने की संभावना रहती है।

विवेच्य कालावधि में पत्नी का पति का पूर्ण प्रभुत्व स्थापित हो चुका था और पत्नी, पति में ही अपना सब कुछ निहित मानती थी। पति के बिना उसका जीवन आकर्षणविहीन तथा निस्सार सा हो जाता था। अतः महिलायें पति की दीर्घकालिक अनुपस्थिति में अपने भोजन, हर्षोल्लास, सुख, वस्त्राभूषणों एवं केश-सज्जा आदि के प्रति उदासीन रहती थीं और केवल अति आवश्यक वस्त्राभूषण ही पहनती थीं **प्रोषितपतिकाओं** द्वारा धारण किये जाने वाले वलयों एवं पुष्पों या पत्रों से निर्मित कुंडलों के अनेक उल्लेख प्राप्य हैं।

साहित्यिक साक्ष्यों, भित्तिचित्रों तथा मूर्ति-शिल्पों आदि के अवलोकन से प्रमाणित है कि प्राचीन भारत में केश-प्रसाधन पर बहुत अधिक ध्यान दिया जाता था और बालों को तेल, आभूषणों एवं फूलों आदि से सुसज्जित कर विविध प्रकार के जूड़ों एवं वेणियों में बांधा जाता था। परन्तु **प्रोषित-भतृकाओं** के लिये सभी लेखकों ने तैलादि के प्रयोग का निषेध किया और केशों को एक ही वेणी में बांधने का प्रावधान किया। विरहिणी के लिये भूमि पर शयन करने का भी नियम था।

उपर्युक्त नियम एवं निर्देश किस सीमा तक व्यवहार में लाये जाते थे, इस विषय में निश्चित रूप से कुछ

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote, C...

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

भी कहना कठिन है। किन्तु पतिपरायणता के आदर्श के व्यापक प्रचार को ध्यान में रखते हुए यह अनुमान किया जा सकता है कि अधिकांश **प्रोषित-पतिकायें** आकर्षक वस्त्राभूषण नहीं धारण करती होंगी। व्रत-उपवास करने तथा सामान्य भोजन न करने के कारण उनका थोड़ा बहुत शारीरिक भार भी कम हो जाता होगा। स्त्रियाँ प्राय: अनपढ़ होती थीं। अत: वे अपने ढंग से प्रवास के शेष दिनों की गणना भी करती होंगी। किन्तु कवियों के ये विवरण कि उनके केशों की वेणी पति के पुनरागमन पर ही खुलती थी; वे इतनी अधिक कृशगात हो जाती थीं कि उनके वलय कलाई से निकलकर गिर जाते थे; वे दूसरों के घरों, विवाहादि संस्कारों तथा उत्सवों में नहीं जाती थीं, स्पष्टत: काल्पनिक तथा अतिरंजित हैं।

परन्तु व्यावहारिक पक्ष सैद्धांतिक पक्ष से कुछ भिन्न था। **पंचतंत्र**, **हितोपदेश** एवं **चतुर्भाणी** जैसे ग्रन्थों में ऐसी महिलाओं के अनेक विवरण प्राप्य हैं जो पति की अल्पकालिक अनुपस्थिति तक में पर पुरुषों में आसक्त हो जाती थीं। इस सन्दर्भ में नारद के निम्नलिखित प्रावधान **प्रोषित-पतिकाओं** के प्रति उनके सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण के द्योतक हैं। उनके अनुसार ब्राह्मण, क्षत्रिय एवं वैश्य जाति की संतानयुक्त **प्रोषितभर्तृकाओं** द्वारा प्रवासी पति के वापस लौटने के लिये क्रमश: ८ ६ तथा ४ वर्ष तक और नि:संतान को ४, ३ एवं २ वर्ष तक प्रतीक्षा करने के उपरान्त दूसरा विवाह करने में कोई दोष नहीं है। किन्तु उपर्युक्त परिस्थिति में शूद्रा स्त्री के दूसरे विवाह के लिये नारद ने कोई समय सीमा नहीं बतलाई है[१९]। इन प्रावधानों का कहां तक सामान्य प्रचलन था, यह अनुमान लगाने की बात है। निष्कर्षत: यह कहा जा सकता है कि **प्रोषितपतिकाओं** के लिये बनाये गये नियम प्रमाणित करते हैं कि विवेच्य कालावधि के समाज में पति से पृथक् महिलाओं की अपनी पहचान नहीं रह गई थी।

सन्दर्भ

१— विष्णुस्मृति, २५/६-१०; याज्ञ०, १/८४।

२— गाथासत्तसई, १/३६ तथा ३६ आदि।

३— वही, ४/१५

४— नारदस्मृति, १२/१००

५— स्वप्नवासवदत्ता, अंक २

६— भर्तुर्मित्रं प्रियमविधवे विद्धि मामम्बुवाहं,
तत्संदेशैर्हृदयनिहि तैरागतं त्वत्समीपम्। —मेघदूत, उत्तरार्द्ध, ३६

७— दुईगआ चिराअइ किं० सो मह पासमेदिददूण
गीविअमरणन्तर संठिआए अंदोलिए हिअमं ॥ —गाथा, उत्तरार्द्ध, ८४६

८— महाभारत, ३/६८/१३ तथा आगे; महाभारत, १३/१२३/१६-१७

६— रामायण, २/२६/२६-३०; ५/११/२; ५/१५-२०-२४; ५/१६/२०-२१

१०— भर्तरि प्रवसिते अत्रतिकर्मक्रिया। परगृहष्वनभिगमनम्। —विष्णु० २५/६-१०

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Hontag

११— क्रीड़ा-शरीरसंस्कारं समाजोत्सवदर्शनम् ।
हास्यं परगृहे यानंत्यजेत्प्रोषितभर्तृका ।। —याज्ञ०, १/८४

१२— प्रसाधनं नृत्य-संगीत—समाजोत्सवदर्शनम् ।
मांसमद्याभियोगं च न कुर्यात् प्रोषिते प्रभौ ।। —बृपस्पति०, २५/१३

राम के वियोग में सीता ने भी मदिरापान का परित्याग कर दिया था—

न रामेण विमुक्ता सा स्वप्तुमर्हति भामिनी ।
न भोक्तुं नाप्यलंकर्तुं न पानमुपसेवितुम् ।। —रामायण, ५/११/२

१३— वसने परिधूसरे वसाना नियमाक्षामुमुखी धृतैकवेणी ।
अति निष्करुणस्य शुद्धशीला मम दीर्घ-विरहव्रतं विभर्ति । —शाकुंतल०, ७/२१

१४— कामसूत्र, ४/१/४३-४४

१५— गाथा०, १/४६-४७ तथा ७६

१६— वही०, २/११; पूर्वमेघ, २ और २६; उत्तरमेघ, ३३

१७— गाथा०, १/३६; उत्तरमेघ, २६ और ८६४

१८— उत्तरमेघ, ३१-३२ तथा ३६

१६— गाथा०, २/३२-३३

२०— वही, उत्तर०, ८३६

२१— वही, ४/६७

२२— दी हुण्डाणीसासा रणरणओ रुज्जगग्गिरं गेअं ।
पिअविरहे जीविअवल्लहाण एसोच्चिअ विणोओ ।। —गाथा०, उत्तरार्ध, ८३७

२३— उत्तरमेघ, २७

२४— गाथा०, ४/७

२५— वही, ३/८

२६— वही, उत्तर०, ८३५

२७— पूर्वमेघ, ६; उत्तरमेघ, २७

२८— गाथा०, ४/२२

२६— गाथा०, २/३३; ३/५; पूर्वमेघ, २ तथा २९; उत्तरमेघ, ३३

३०— वही, १/६७; उत्तरमेघ, ३५

३१— वही, ७/६; उत्तरमेघ, २०

३२— गाथा० २/४०

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute. Melukote Collection

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

३३— वही, ४/३६

३४— वही, उत्तरार्ध, ८६५

३५— पूर्वमेघ, ६

३६— रघुवंश, १३/२६-३२

३७— शाकुंतल०, अंक—६

३८— गाथा०, ६/८६

३९— नारद०, १२/६८-१०१

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Hertag

नवीन शैव प्रतिमाएं

जितेन्द्र कुमार

सघन वनों, कल-कल करती नदियों एवं पर्वत शृंखलाओं के क्षेत्र का नाम बुन्देलखण्ड है। पाषाण काल से आदि मानव इस क्षेत्र में आवास करता आ रहा है। जिसका क्रमिक विकास यहाँ के प्राप्त उपकरणों से होता है। प्रतिहार एवं चन्देल राजाओं के काल से यह क्षेत्र अपनी कला के लिए विख्यात है। मूर्ति कला के क्षेत्र में तो यह अग्रणी ही है। जिस प्रकार गांधार व मथुरा कुषाण कला के लिए ख्याति प्राप्त है तथा गुप्त कला के लिए मथुरा व सारनाथ विश्व विख्यात हैं, उसी प्रकार चन्देल कला के लिए बुन्देलखण्ड और खजुराहो प्रसिद्ध है। खजुराहो चन्देल कला का उत्कृष्ट अनूठा केन्द्र है।

बुन्देलखण्ड में गुप्त काल तक प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर बौद्ध धर्म का विशेष प्रभाव था और महोबा, एरच (झांसी) तथा ढिकौली इसके केन्द्र थे। गुप्त काल में भी देवगढ़ का दसावतार मन्दिर ब्राह्मण मूर्ति कला एवं स्थापत्य कला का अद्वितीय उदाहरण है। गुप्त काल के बाद इस क्षेत्र में जैन व हिन्दू देव प्रतिमाओं की बहुलता है। बौद्ध धर्म का कोई भी उदाहरण महोबा को छोड़कर नहीं मिलता है। ऐसा लगता है कि प्रतिहार व चन्देल राजाओं के कुछ सामन्त निश्चय ही जैन धर्म से प्रभावित थे और इसी प्रभाव के परिणाम स्वरूप देवगढ़ सैरोनजी खुर्द, चांद पुर, धौरा, दुधई (ललितपुर) कचनेऊ (झांसी) आदि जैन धर्मांथ केन्द्र विकसित हुए। साथ ही साथ इन्हीं के समक्ष पाली, सैरौनजी खुर्द, (ललितपुर) रेवन, भदरवारा, गौरैया का ग्यारहा मन्दिर (झांसी) महोबा का कालिंजर हिन्दू धर्म के केन्द्र के रूप में विकसित हुए।

प्रस्तुत निबन्ध में भदरवारा, रेवन झांसी से प्राप्त कतिपय विशिष्ट शैव सम्प्रदाय की नवीन प्रतिमाओं का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत है।

शिवदूती

मत्स्य पुराण तथा श्री तत्व निधि में शिवदूती का उल्लेख आया है, श्री गोपीनाथ राव ने शिवदूती को 'शृगाल वदना' तथा (वहुबाहुयुता) बहुभुजी बताया है, लेकिन कही भी देवी के वाहन का उल्लेख नहीं आया है।

श्री जितेन्द्र कुमार, निदेशक, राजकीय बौद्ध संग्रहालय, गोरखपुर (उ०प्र०)।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute. Melukote Collecti

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

प्रस्तुत मूर्ति में देवी बीसभुजी हैं। दाहिनी ओर सबसे ऊपर के हाथ में क्रमशः अभय, हस्तमुद्रा, चक्र, डमरू, खेटक, शंख, पुष्पकली, अक्षमाला, कमण्डलु, पुष्प तथा कतिपय वस्त्र धारण किये हैं। बायीं ओर के हाथों में क्रमशः त्रिशूल, घण्टा अस्पष्ट वस्तु, कपाल, ढाल, वज्र, पुष्प, दण्ड मुष्टिका, सर्प तथा अज्ञात वस्तु आदि से युक्त देवी शृगाल मुखी है। ऊपरी भाग में माला लिए गंधर्व स्त्री-पुरुषों का चित्रण है। देवी अर्धपर्यंक आसन में बैठी है। देवी का वाहन सिंह चौकी के नीचे बैठा है। दोनों ओर सिंह पर आरूढ़ चतुर्भुजी (खंडित) देवियां बैठी है तथा दोनों ओर अनुचरी खड़ी हुई है। चौकी के नीचे भाग में नृत्य मुद्रा में अनेक मानव आकृतियां (खण्डित) दर्शायी गयी हैं।

उल्लेखनीय है कि मऊरानीपुर के आस-पास कई गांव में सियारी माता नाम के अनेक मन्दिर हैं। इससे भी इस बात की पुष्टि होती है कि यह देवी शिवदूती (जैकाली) ही है। चित्र सं० १

वीणाधर दक्षिण मूर्ति

शिव महान योगी तथा ज्ञान के देवता हैं पुराणों एवं आगमों के मतानुसार शिवसंगीत के भी आदि देवता हैं। ऐसा माना जाता है कि सभी विद्याओं का केन्द्र आशुतोष शिव ही है। प्रस्तुत मूर्ति दो स्तम्भों के मध्य बनी हुई है। शिव वीणा 'अंशुमदभेदआगम' के विवरण के अनुसार धारण किये है। लेकिन शेष विवरण किसी भी दक्षिण भारतीय ग्रन्थों के विवरण से मेल नहीं खाता, क्योंकि यहाँ शिव अपने दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में श्रीफल लिये हुये हैं, जबकि 'कामिकागम' में खेटक एवं ताड़ पत्र का उल्लेख आया है। ऐसा श्री गोपी नाथ राव का मत है। शिव जटा मुकुट धारी है। अन्य सामान्य आभूषण धारण किये हैं। चित्र सं० २

दुर्गा

दसभुजी देवी दुर्गा स्थानक है वे अपने दांये हाथों में क्रमशः चक्र, अंकुश धारण किये है शेष तीन हाथ खण्डित हैं। बांयें एक हाथ में घण्टा, शेष अन्य हाथ खण्डित है। देवी के सिर पर जटा मुकुट है उसके ऊपर मध्यकालीन प्रतिमाओं में दर्शायें जाने वाला अंकन मुकुट रखा हुआ है देवी अपने दोनों कानों में कुण्डल, गले में एकावली व हार, एवं बाँहों में बाजूबन्द एवं कंगन धारण किये हुए हैं। देवी के नीचे का भाग खण्डित है दोनों ओर एक-एक माला धारियों का अंकन है। चित्र सं० ३

रावणानुग्रह

अलंकृत प्रभा मण्डल के मध्य उमा माहेश्वर बैठे हैं। प्रतिमा के ऊपरी भाग में दाहिनी ओर ब्रह्मा पद्मासन में बैठे हुए हैं। बांयीं ओर चतुर्भुजी विष्णु अपने वाहन गरुड़ पर आरूढ़ हैं। उड़ते हुए गंधर्व अपने हाथों में गदा आकार की वस्तु लिए हुये दर्शाये गये हैं। दोनों के मध्य प्रभा मण्डल के ऊपर मुकुट बना हुआ है। शिव का दाहिना हाथ चिन मुद्रा में, जबकि दूसरे हाथ में नीलोत्पल धारण किये हैं। ऊपर के बाँये हाथ में त्रिशूल है, जबकि नीचे के बांयें हाथ से पार्वती का आलिंगन कर रहे हैं तथा पार्वती उनकी बांयें जंघा पर बैठी हैं। शिव की जटाओं से प्रवाहित होने वाली गंगा दाहिनी ओर बैठी स्त्री के पास गिरती हुई दिखायी गई हैं। देवी पार्वती के बांयी ओर एक चौरी धारिणी बैठी हुई दर्शायी गई है। शिव के पैरों के समीप दायें ओर गणेश दर्शाये गये हैं,

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization.

चित्र सं० १. शिव दूती

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

चित्र सं० २. वीणाधर दक्षिणा मूर्ति

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization.

चित्र सं० ३. दुर्गा

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collecti

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

चित्र सं० ४. उमा महेश्वर (रावणानुग्रह मूर्ति)

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri

गणेश के दाहिनी ओर का गण त्रिशूल लिए खड़ा है। बांयीं ओर कार्तिकेय माला लिए खड़े हैं, उनकी बाँयी ओर एक गण त्रिशूल लिए खड़ा है। पैरों के समीप देवता का वाहन नंदी बैठा है। जबकि देवी के नीचे उनका वाहन सिंह तथा दोनों के मध्य भृंगी ऋषी विराजमान हैं। नीचे रावण कैलाश को बलपूर्वक घुटनों के बल बैठा हुआ दर्शाया गया है। चित्र सं० ४

सन्दर्भ

१. राव, गोपीनाथ, एलीमेन्ट आफ हिन्दू आइकनोग्राफी।

२. राव, गोपीनाथ तदैव वालूम १, पार्ट २, पृ० ३६५।

३. बनर्जी, जे० एन०, डेवलपमेन्ट आफ हिन्दू आइकनोग्राफी।

४. श्रीवास्तव, एम० सी० पी०, मदर गाडेसेस।

५. सरस्वती, एस० के०, सर्वे आफ इण्डियन स्कल्पचर।

६. सहाय, माइनर हिन्दू, जैन, बौद्ध डिटीज।

७. त्रिवेदी, एस० डी०, बुन्देलखण्ड का पुरातत्व।

८. पाण्डेय, दीनबन्धु, नोट्स आन इण्डियन आइकनोग्राफी।

९. सरस्वती, एस०के०, सर्वे ऑफ इण्डियन स्कल्पचर्स वालूम २ भाग १, पृ०२८९-९०।

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

प्राचीन
और व
कल्की
होना
नामक
है। इ

तक
पूर्ण स
अवत
उसकी
परम्प

करने
आकी
क्षतिग्र
जकस
श्रीयुत
लखन
की

श्री च

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization.

जकसड़ से मिली दशावतार प्रतिमा का विश्लेषण

चन्द्रभान उपाध्याय

विष्णु को विभिन्न उद्देश्यों की पूर्ति के लिए समय-समय पर तरह-तरह के अवतार धारण करने पड़े। प्राचीन साहित्यिक ग्रन्थों में उनके पांच से लेकर उन्तालिस अवतारों तक की जानकारी प्राप्त होती है[1]। गरूड़[2] और वराह[3] पुराण में उल्लिखित उनके मत्स्य, कूर्म, वराह, नृसिंह, वामन, परशुराम, राम, कृष्ण, बुद्ध और कल्की इन दस अवतारों को काफी ख्याति मिली। सर्वविदित है कि अन्तिम और दसवाँ कल्की अवतार अभी होना बाकी है। विष्णु की सबसे पुरानी प्रस्तर-प्रतिमा द्वितीय शताब्दी ई० पू० की मध्य प्रदेश के 'मल्हार' नामक स्थान से मिली है[4]। प्राचीन भारत के शिल्पियों ने उन्हें द्विभुजी, चतुर्भुजी व अष्टभुजी अभिघटित किया है। इनमें उनके चतुर्भुजी रूप का बाहुल्य है।

कुषाण काल की मिली संकर्षण, कृष्ण, वराह और नरसिंह आदि मूर्तियों से ज्ञात होता है कि इस समय तक विष्णु के अवतारवाद को प्रस्तर-कला में प्रवेश मिल चुका था। यह दूसरी बात है कि उनकी अवतार-मालिका पूर्ण रूपेण आबद्ध न हो सकी थी। गुप्तकाल में विष्णु का अवतारवाद निश्चित रूप से दृढ़ मूल हुआ, पर उनके अवतारों की संख्या और नामों में वैभिन्नता बनी रही। कालान्तर में पुराशिल्पियों ने विष्णु की श्रीमूर्ति के साथ उसकी पृष्ठशिला पर दशावतारों का अंकन छठवीं शताब्दी ई० के अन्तिम चरण में शुरू कर दिया[5]। आगे यह परम्परा पूरे मध्य काल तक चलती रही।

राज्य संग्रहालय, लखनऊ के पुरा-प्रस्तर-कला संकलन में विष्णु की श्रीमूर्ति सहित अवतारों को प्रदर्शित करने वाली लगभग दो दर्जन से अधिक प्रतिमाएँ विद्यमान हैं। इनमें अधिकांश खण्डित अवश्य हैं, पर उनमें शेष आकरित विष्णु के अवतारों को देखा जा सकता है। कुछ ऐसी भी दशावतार मूर्तियां उपलब्ध हैं, जो कहीं से क्षतिग्रस्त नहीं हैं, बिल्कुल सुरक्षित हैं। वर्ष १९८९ में जनपद लखीमपुरखीरी के ब्लाक नकहा में स्थित जकसड़ गांव से खेत की जुताई करते समय अत्रालोच्य दशावतार प्रतिमा निकली थी जिसे वहाँ के ग्राम-प्रधान श्रीयुत प्रहलाद सिंह मौर्य ने संस्कृति व साहित्य के प्रबल प्रहरी श्री अवधेश शुक्ल की प्रेरणा से राज्य संग्रहालय, लखनऊ को उपहार स्वरूप प्रदान किया[6]। श्वेत-पीत प्रस्तर की बनी यह उत्कृष्ट प्रतिमा लगभग बारहवीं शती की रचना जान पड़ती है।

श्री चन्द्रभान उपाध्याय, राज्य संग्रहालय, लखनऊ—२२६००१

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

त्रिरथ-वाहिका पर मध्य में महाम्बुज पर खड़े शंख, चक्र, गदा व वरदहस्ता चतुर्भुजी विष्णु वस्त्राभूषणों से पूर्णालंकृत हैं। वह दोनों पैरों में नूपुर पहने हैं। मूर्तिकला के क्षेत्र में प्रथम बार प्रतिहार नरेशों के समय में पुराशिल्पियों ने पुरूष देवता के पैरों में नूपुर पहनाया। इससे पहले किसी पुरुष देवता के पैरों में नूपुर नहीं दिखायी पड़ता। श्रीमूर्ति के गले में ग्रैवेयक, मुक्ता यज्ञोपवीत और घुटनों तक की वनमाला सुशोभित है। विष्णु के कटि में मेखला, चारों हाथों में कंगन, भुजाओं में केयुरक, कानों के अलंकृत कुण्डल, शीश पर ऊँचा किरीट मुकुट शिल्पी ने बड़ी बारीकी से पहना रखा है। मस्तक के पीछे तीन पट्टियों में बना अति अलंकृत प्रभामण्डल दर्शाया गया है। विष्णु के भाल पर तिलक और वक्ष पर 'श्रीवत्स' अंकित है। महाभारत में एक कथा है कि दक्ष-यज्ञ को विध्वंस करने के बाद रुद्र ने बदरिकाश्रम में बैठे नारायण पर अपना त्रिशूल चलाया जिसे नारायण ने अपने वक्ष पर 'श्रीवत्स' के रूप में स्वीकार किया[9]।

विष्णु के अगल-बगल कटि में मेखला, हाथों में कंगन, भुजाओं में भुजबन्द, गले में ग्रैवेयक और कानों में कुण्डल पहने त्रिभंग मुद्रा में खड़ी चवँरधारी युगल मूर्तियां बनी हैं। सबसे नीचे उनके पैरों में अञ्जलिबद्ध आराधना-लीन दो भक्त युगल बैठे हैं। श्रीमूर्ति के प्रभा-मण्डल के ऊपर प्रतिमा-परिकर के सर्वोच्च भाग अर्थात 'शृंग' में मानों गगन में विचरते मालाधारी विद्याधर और गन्धर्वों को दिखाया गया है। त्रिरथी-वाहिका के प्रथम और तृतीय भाग में हाथ में घट लिये सम्मिश्रित पुरुष और स्त्री दोनों आकृतियों को अलग-अलग झरोखों में चित्रित किया गया है। यह अर्धपुरुष और स्त्री आकृतियां क्रमशः समुद्र और गंगा हो सकती हैं। दशावतारों के साथ इस प्रतिमा में परम्परागत ब्रह्मत्रयी को भी यथोचित स्थान दिया गया है। वाह्यशाखा की रथिकाओं में दाहिनी ओर त्रिमुखी व द्विभुजी ब्रह्मा और बायीं ओर त्रिशूलहस्ता द्विभुजी जटाजूटधारी शिव अभिघटित हैं। इनके नीचे गज और सिंह शार्दूलों का सुन्दर अलंकरण हैं।

वाह्य शाखा के दोनों कोनों पर दायीं ओर विष्णु के मत्स्य और बायीं ओर कूर्म अवतारों को चित्रित किया गया गया हैं। महाम्बुज पर आसीन मत्स्य के ऊपर शिवलिंग बना हैं और उसके अगल-बगल दो अनाभि मानवाकृतियाँ चित्रित हैं। मध्यकालीन दशावतार मूर्तियों में प्रायः महामत्स्य पीठपर शिवलिंग का अंकन देखने को मिलता है[8]। यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि उनके इस अवतार अर्थात महामत्स्य से शिवलिंग का क्या सम्बन्ध है? 'सुप्रभेदागम' में कहा गया है कि प्रलय के समय लिंग में सम्पूर्ण सृष्टि समा जाती है और पुनः सृजन काल में उसकी उत्पत्ति इसी से होती है[9]। इससे स्पष्ट है कि शिवलिंग 'सृष्टि की प्रलय और पुनः उसकी उत्पत्ति' इन दोनों भावों का द्योतक है। कहीं ऐसा तो नहीं है कि यहाँ शिल्पी शिवलिंग के माध्यम से एक तो महामत्स्य से जुड़े प्रलय को व्यक्त करना चाहता है और दूसरा यह कि इसी के माध्यम से प्रलय में शिव की उपस्थिति को भी दिखलाना चाहता हो। अतः प्रलय में शिव के विद्यमान रहने और मत्स्य रूप में विष्णु के अवतरित होने की कल्पना को मूर्त रूप देने के अभिप्राय में उसने यह चित्रण किया हो[10]। पौराणिक कथा भी है कि एक बार मत्स्य ने मनु से कहा था कि प्रलय की स्थिति में तुम्हारे (मनु) साथ सोम, चन्द्र, ब्रह्मा और मैं (मत्स्य) तथा चारों दिशायें, चार वेद, पुराण, ऋषि मार्कण्डेय, नदी नर्वदादि रहेगें और भगवान शिव भी सहायतार्थ साथ होंगें। यहाँ महामत्स्य के साथ शिव की उपस्थिति प्रलय में स्वीकारी गयी है।[11]

उल्लेखनीय है कि गोरखपुर जिले के खुखुण्डु नामक स्थान से लगभग ग्यारहवीं-बारहवीं शताब्दी की एक दशावतार प्रतिमा मिली है। यह प्रतिमा भी संयोग से राज्य संग्रहालय, लखनऊ के प्रस्तर-संकलन में

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

दशावतार विष्णु, ल० १२वीं शती ई०

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

जकरूड़ से

उपलब्ध है
बनाया है
में विष्णु
गदा को
है, शायद
इंगित कर

शिल्पी ने
आकृति उ
हुई छीना-
मन्थन से
सुरक्षित है
कच्छप की
अनुपम हैं

भी अपने
सुखासन
सुखासन
अभिघटि
शिल्पियों
कोण है
को विष्णु
शंख-चक्र-
शिल्पी ने
सिंह आदि
और स्वर्ग

१.

२.

CC-0. Bhagavad Ramanuja National Research Institute, Melukote Collection.

Funding: Tattva Heritage and IKS-MoE. Digitization: eGangotri.

उपलब्ध है[१३]। इस प्रतिमा में मत्स्यावतार का बड़ा विलक्षण चित्रण हुआ है। यहाँ शिल्पी ने एक खड़ा मत्स्य बनाया है और उसे मानवीय हाथ प्रदान किये हैं। मत्स्य अपने दाहिने हाथ में गदा पकड़े है। यहाँ मत्स्य के हाथ में विष्णु के अन्य आयुधों को छोड़ कर मात्र गदा का ही दिखलाया जाना विचारणीय है। पुराणों में विष्णु की गदा को 'वह्निशिखाकारा' और 'प्रदीप्तपावकोज्वला' कहा गया है'[१]। आग की लपट विनाशकारी होती है, शायद इसी भाव को लेकर शिल्पी परोक्ष रूप में यहाँ भी गदा के माध्यम से महाविनाश अर्थात प्रलय को इंगित करना चाहता है और उसमें प्रत्यक्ष रूप से अवतरित मत्स्य को दर्शाना चाहता है।

प्रतिमा में चित्रित कूर्मावतार भी बड़ा ही रोचक है। कच्छप महाम्बुज पर आसीन है। उसकी पीठ पर शिल्पी ने दो मानवाकृतियाँ बनायी हैं जिसमें एक आकृति कुछ लिए अपने एक हाथ को ऊपर उठाये है। दूसरी आकृति उसे छीनने का प्रयास कर रही है। देखकर लगता है कि शिल्पी मानों समुद्र-मन्थन से निकले 'अमृत' हेतु हुई छीना-झपटी का दृश्य अपनी आंखों से देखा था और उसे बिल्कुल वैसे ही यहाँ उतार दिया हो। समुद्र मन्थन से निकले रत्नों को चित्रित करने वाली आठवीं शताब्दी ई० की एक और प्रतिमा लखनऊ संग्रहालय में सुरक्षित है, जो प्रतापगढ़ के कालाकांकर नामक स्थान से प्राप्त हुई है। यहाँ कूर्मावतार के चित्रण में शिल्पी ने कच्छप की पीठपर लक्ष्मी और उनके पीछे समुद्र-मंथन का दृश्य दिखाया है।[१४] कूर्मावतार के दोनों दृश्य अपने में अनुपम हैं।

